Conclusion - It is quite clear from the foregoing discussion that mere presence of acts in the law books is not enough to curb the crime, unless affirmative actions are seriously initiated. Enactment of a law for dowry prohibition or restricting cruelty at matrimonial home could not change the attitude of a large number of men and women, socialized in a patriarchal culture. Similarly, success of the new Domestic Violence Act is also dependent on the attitudinal change in society. In this context, civil society has a critical role to play. In a country where women are socialized to consider marriage as 'essential' and domestic violence as 'normal' for the sake of her own and children's interest, the recent act may not particularly help those majority who often fail to recognize even their basic human rights. Furthermore, the dwindling rate of conviction ranging between 15 and 32 per cent in the domestic violence and dowry related cases is discouraging to those who hope for justice.

It is a fact that even educated and resourceful women have to run from pillar to post to get justice. Hence there remains serious concern about how the new law may be made effective to provide much needed justice to women coming from weaker sections. The stakeholders should generate motivation in public mind to abide by the laws, seek legal redress whenever required and stand by the suffering of women, apart from improving the infrastructure for the justice-delivery system. It is high time for the lawmakers, seeking to protect the rights of women in the domestic sphere, to create appropriate institutions and mechanisms to realize the cherished goal. Since Independence, we have witnessed a lot of official commitment to the cause of women in the form of a law drafted with all good intentions. But our experience tells us that all these are mere palliatives rather than curing the malady. The problem of dowry and domestic violence cannot be tackled without addressing the basic question of power inequality under patriarchy.

References :-

1. Caplan, Lionel. 2000. 'Bridegroom Price in Urban In-

dia: Class, Caste and 'Dowry Evil' Among Christians in Madras', in Patricia Uberoi (Ed.), Family, Kinship and Marriage in India (357-79). New Delhi: Oxford University Press.
2. Chowdhary, Manjaree. 1998. Miles to Go: An assessment of the enforcement hurdles in the implementation of the anti-dowry law in India', in Werner Menski (Ed.), South Asians and the Dowry Problem (151-162). Vistaar Publications: New Delhi
3. 2011, Child Marriage, Society and the Law: A Study in a Rural Context in West Bengal, India', International Journal of Law, Policy and the Family, 25 (2): 199-219.
4. Ray, Sawmya. 2006. Legal Constructions of Domestic Violence', Sociological Bulletin, 55 (3), September-December: 428-9.
5. The Times of India. 2018. Bahu Can't claim in-laws' property: HC', August 11, Page 9, Kolkata edition.
6. Saunders, Kriemild. 2004. Feminist Post-Development Thought. London: Zed Books
7. Martin SL, Tsui AO, Maitra K, Marinshaw R: Domestic violence in northern India. Am J Epidemiol. 1999, 150: 417-426.
8. Duvvury N, Nayak M, Allendorf K: Domestic Violence in India 4: Exploring Strategies, Promoting Dialogue. Men Masculinities and Domestic Violence in India: Summary Report of Four Studies. 2002, Wasington, D.C., International Centre for Research on Women
9. Hassan F, Sadowski LS, Bangdiwala SI, Vizcarra B, Ramiro L, De Paula CS, et al: Physical intimate partner violence in Chile, Egypt, India and the Philippines. Inj Control Saf Promot. 2004, 11: 111-116. 10.1080/15660970412331292333.
10. International Clinical Epidemiological Network: Domestic Violence in India: A Summary Report of a Mutlti-Site Household Survey. 2000, Washington, D.C., International Centre for Research on Women and the Centre for Development and Population Activities, Ref Type: Report
11. Jeyaseelan L, Kumar S, Neelakantan N, Peedicayil A, Pillai R, Duvvury N: Physical spousal violence against women in India: some risk factors. J Biosoc Sci. 2007, 39: 657-670. 10.1017/S0021932007001836.

****

वैश्विक महामारी संकट और मानवाधिकारों का बदलता परिदृश्य

डॉ. भारती लुणावत *

प्रस्तावना – आज एक अदृश्य वायरस कोविड 19 से संक्रमण के बचाव हेतु वैश्विक प्रयास निष्फल साबित हो रहे हैं। कोई नही जानता यह महामारी कितने और समय तक रहने वाली है तथा विश्व के कितने मनुष्यों और मानवता को प्रभावित करने वाली है। पूरी वैश्विक आधुनिक सभ्यता इसके निदान और निराकरण हेतु आज सामूहिक प्रयासों हेतु प्रतिबद्ध दिखाई पड़ती है, किंतु इसी बीच राजनीति विज्ञान की एक प्रमुख अवधारणा 'मानवाधिकार' आज आधुनिक विश्व सभ्यताओं के इन सामूहिक प्रयासों के तले दम घुटने को मजबूर हो चुकी है।

जहां कुछ समय पहले तक एक मनुष्य के मनुष्य होने के नाते, उसे गरिमामय जीवन प्रदान करने के नाते जो अधिकार दिए जाते हैं, उन मानवाधिकारों का संरक्षक पूरा विश्व था, किंतु विडंबना देखिए आज विश्व मानवता इन मानवाधिकारों को रौंदकर ही सभ्यता को विनाश से बचाने के लिए प्रतिबद्ध है। मनुष्य की निजता और उसके विचारों को केद रखना, उसे निश्चित आजीविका प्रदान करना, भरण–पोषण की व्यवस्था करना, उसकी शिक्षा, कृषि, व्यवसाय, उद्यमों का संरक्षण करना राज्य का प्रमुख कर्तव्य था, और आज सारी आधुनिक सभ्यता ही मिलकर मनुष्य के इन सभी मानवाधिकारों को मनुष्य के ही जीवन की रक्षा के लिए कुचलने को बेबस है।

इसी को दृष्टिगत रखते हुए वर्तमान में किस प्रकार से मानवाधिकारों के विभिन्न मुद्दों का किस किस रूप में उल्लंघन हुआ है जिन से बच पाने के लिए स्वयं मानवता भी अक्षम सिद्ध हो रही है, उनका संक्षिप्त विवेचन इस शोध पत्र में किया गया है। शोध पत्र का उद्देश्य यह है कि महामारी के इस काल में भी किस प्रकार से सरकार और प्रशासन मानवाधिकारों के प्रति सचेत रहें किस प्रकार से मनुष्य के जीवन को बचाते हुए उनकी जीवन उपयोगी आवश्यकता को पूर्ण कर सकें। उक्त शोध पत्र में विभिन्न समाचार पत्रो के माधयम से एवं विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार एवं आलेखों का विस्तृत अध्ययन कर चिंतन किया गया है।

महामारी के संक्रमण के दौर में मानवाधिकारों की स्थिति क्या है इसे समझने के लिए निम्न विचार प्रकट होते हैं

1. विश्व के अरबों लोग अब स्वतंत्रता हीं चाहते ,उन्हें घर में कैद कर दिया जाना आवश्यक है ताकि वे इस अदृश्य वायरस की चपेट में आने से बच सकें।
2. विश्व के करोड़ों लोग अब घूमने फिरने की आजादी से विमुख हैं, क्योंकि पब्लिक ट्रांसपोर्ट से लेकर प्रमुख उड़ानसेवाएं अंतर्राष्ट्रीय एवं राष्ट्रीय और घरेलू प्रमुख बस मार्ग यहां तक कि भारत जैसे विशाल देश की हजारों ट्रेनों का परिचालन बंद हो चुका है।
3. आप यदि घर से बाहर निकलने का छोटा सा भी प्रयास करते हैं तो प्रशासन अपने डंडे के जोर पर आपको घर के अंदर बैठने को मजबूर कर देने के लिए लालायित है।
4. मानवाधिकारों की विडंबना देखिए कि आज विश्व के मानवो की अपेक्षा प्रकृति के पशु और पक्षियों, जीव और जंतुओ को अधिक स्वतंत्रता और स्वच्छंदता प्राप्त हो गई है। विश्व के करोड़ों मनुष्य चिड़याघर में बंद उन निरीह पशु पक्षियों की भांति हो गए है जो अपने घर की वैभव पूर्ण अट्टालिका या छोटी –छोटी गैलरियो से घर के अंदर से झांक झांक कर बाहर के परिदृष्य का नजारा देखिने के लिए केवल उत्सुक है।
5. प्रकृति ने मनुष्य सभ्यता को उस मोड़ पर खड़ा कर दिया है, कि मानवाधिकारों से संबंधित सारे प्रश्न गौड़ हो चुके हैं ,वास्तव में आज मनुष्य की जान बचाना ही प्रमुख उद्देश्य है और मनुष्य के सारे मानवाधिकार दोराहे पर खड़े नजर आ रहे हैं।
6. कहां है वे मानवाधिकार जो मनुष्य की गरिमा और उसे स्वतंत्र और स्वच्छंद विचरण करने का अधिकार देते हैं।
7. कहां है वे मानवाधिकार जो मजदूरों को सैकड़ों किलोमीटर पैदल चलने को मजबूर कर देते हैं जबकि आज विश्व सभ्यता में एक से एक आधुनिक वाहनों का बोलबाला है।
8. कहां है वे मानवाधिकार जो भारत जैसे खाद्यान्न में आत्मनिर्भर देश के नागरिकों को भी दो वक्त की रोट प्रदान नही कर सकते।
9. कहां है मानवाधिकार जो एक कार्य करने वाले मजदूर, एक फसल उगाने वाले किसान, एक नवोन्मेषी उद्यमी को एक साहसी को उसके उद्योग, उसके कार्यस्थल पर जाने से रोक रहे हैं। कहां है वे मानवाधिकारों जो स्वतंत्र विश्व व्यापार की बात करते हैं।

यही सब बातें एक अदृश्य वायरस के कारण उस वायरस से भी अधिक सूक्ष्म हो चुकी हैं, किंतु फिर भी मानवाधिकार तो मानवाधिकार है। युद्ध काल में भी मानवाधिकारों का धयान रखा जाता है। चाहे यह युद्ध विश्व मानवता का इस अदृश्य वायरस के विरुद्ध है, किंतु इस युद्ध में भी मानवों की गरिमा, मनुष्यों की भूख, मनुष्यों के छोटे–छोटे बच्चे, स्त्रियों के मानवाधिकारों, आदि की हर संभव रक्षा का प्रण भी सरकार को करना चाहिए। जीवन के संकट के इस दौर में मानवाधिकारों को बचाने की जद्दोजहद किस हद तक कमजोर पड़ चुकी है यह प्रवासी मजदूरों, गरीब एवं निम्न वर्ग की वर्तमान स्थिति को देखकर पता चलता है। लॉक डाउन के प्रथम चरण में ही हजारों प्रवासी मजदूर विशेष रूप से बिहार एवं उत्तार प्रदेश से आने वाला गरीब तबका जो कि मुंबई, दिल्ली एवं अन्य महानगरों में अपने दैनिक मजदूरी के कार्यो से संबंधित रहता है और जो छोटी –छोटी दुकानों, रेहड़ियों, ढाबों एवं होटलों में कार्य करता है, उन सभी के लिए जीवन और आजीविका का

* सहायक प्राधयापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय, रतलाम (म.प्र.) भारत

संकट उपस्थित हो गया है, और इस संकट से निपटने में सभी राज्यों की सरकारें असफल दिखाई दे रही है। लॉक डाउन के द्वितीय चरण में भी मुंबई, दिल्ली से कई मजदूर पैदल सुदूर गांव की ओर पलायन करते दिखाई दिये। इन गरीब और निम्न वर्गों के जीवन और आजीविका के मानवाधिकारों का क्या होगा या भविष्य के गर्त में छुपा है।

मानवाधिकारों का संकट उन लोगों के लिए भी उपस्थित हो गया जो लोग जीवन के इस संकट से लोगों को बचाने के लिए सबसे आगे की पंक्ति में साहस के साथ खड़े हुए हैं। इनमें प्रमुख रूप से देश के डॉक्टर एवं अन्य चिकित्सा स्टाफ शामिल है। कोरोना वायरस संक्रमण का सबसे पहले सामना इन्हीं लोगों का हुआ किंतु यह स्वयं को संक्रमित होने से नही बचा सके क्योंकि देश में चिकित्सा से संबंधित सुविधाओं का अभाव है। आज भी चिकित्सा स्टाफ को हम पर्याप्त PPE Kit एवं अन्य सुरक्षा उपकरण पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने में असमर्थ रहे हैं । इसी का परिणाम है कि कोरोना संक्रमण में वृद्धि के आंकड़ों में कई डॉक्टर्स के नाम भी शामिल रहे।

इसी क्रम में लॉक डॉउन का पालन करने के लिए दिन रात सड़कों पर जुटे पुलिसकर्मियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के भी जीवन का अधिकार असुरक्षित हो गया, जब वे स्वयं संक्रमित इलाकों में जाने के कारण इस वायरस से संक्रमित हो गए। मध्य प्रदेश में ही कई पुलिस अधिकारी अपनी जान गवा चुके हैं एवं कई प्रशासनिक अधिकारियों एवं अन्य सहायक स्टाफ वायरस से संक्रमित पाए गये है।

महामारी संक्रमण के कारण हम अपने सफाई कर्मचारियों को भी सुरक्षित नही रख पाए हैं क्योंकि इस समय सफाई एवं सैनिटाइजिंग का कार्य अत्यधिक महत्वपूर्ण रहा है, किंतु इस हेतु तकनीकी एवं पर्याप्त सुरक्षा उपकरणों की अपर्याप्तता के कारण कई सफाई कर्मचारियों एवं उनके परिवारों को भी संक्रमण का सामना करना पड़ा है ।

कोरोना संक्रमण के प्रसार के प्रारंभ से ही शिक्षण संस्थानों को पूरी तरीके से बंद करने का फैसला लिया गया । विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा एवं विद्यालय एवं विश्वविद्यालयीन परीक्षा भी स्थगित कर दी गई है । ऐसे में विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग चिंतित है कि किस प्रकार से अपने पाठ्यक्रम पूर्ण कर पाएंगे विशेष रुप से तकनीकी पाठ्यक्रम जो पूर्ण रूप से अधूरे हैं। वहीं प्रतियोगी परीक्षाओं का दौर पुन: प्रारंभ होने में अभी अत्यधिक समय लगने की आशंका है। ऐसे में युवा वर्ग का भविष्य असुरक्षित है। कोटा, दिल्ली एवं जयपुर जैसे क्षेत्र जो प्रतियोगी परीक्षाओं के कोचिंग संस्थानों एवं उनसे संबंधित तैयारी करने वाले छात्रों से भरे होते थे ,वहां से राज्यों की सरकारों ने अपने छात्रों को निकाल कर सुरक्षित घर पहुंचा दिया है। अब आगे की भविष्य की रणनीति में किस प्रकार से पूरी कर पाएंगे यह निश्चित नही है ।

मनुष्य का एक महत्वपूर्ण अधिकार धार्मिक स्वतंत्रता से संबंधित होता है किंतु संकट के इस दौर में अंत:करण धर्म पूजा एवं उपासना आदि के अधिकार गोण हो चुके हैं। जहां नवरात्रि के दौरान अधिकांश मंदिरों के दरवाजे अपने भक्तों के लिए बंद है, वही रमजान जैसे महीने में भी मस्जिदों में नमाज प्रतिबंधित है। अमृतसर के स्वर्ण मंदिर सहित भारत के समस्त गुरुद्धारे, इसाई गिरजाघर एवं अन्य धार्मिक स्थल आज सूने है। प्रसिद्ध अमरनाथ यात्रा को भी स्थगित करने का निर्णय लिया गया है, बद्रीनाथ अमरनाथ जैसे विश्व प्रसिद्ध मंदिर अपने कपाट खुलने का इंतजार कर रहे हैं।

सबसे महत्वपूर्ण अधिकार जीवन एवं गरिमा का अधिकार है । किंतु वर्तमान दौर में महामारी के संक्रमण के कारण मृत शरीर भी अंतिम संस्कारों एवं गरिमामय तरीके से अंतिम यात्रा का अधिकार नही रह गया है।

विदेशों में ऐसी स्थितियां निर्मित हो रही है जिसमें सुरक्षा की दृष्टि से शव परिजनों को नहीं दिया जाकर अपने स्तर पर उनका अंतिम क्रिया सम्पन्न कराई जा रही है । स्पेन और इटली में तो ऐसी भयावह तस्वीर सामने आ रही है जिसमें शवों को सड़कों के किनारे एवं पार को परिजनों द्वारा छोड़ा जा रहा है।

विश्व में गरीबी के आंकड़े भयावह रूप से बढ़ने की संभावना जताई जा रही है । संयुक्त राष्ट्र के अनुसार विश्व के कई देशों में महामारी के संक्रमण के पश्चात अकाल एवं भुखमरी की संभावना है। एशिया और अफ्रीका के कई गरीब राष्ट्रों में लगभग 26.5 करोड़ भुखमरी से प्रभावित होंगे। ऐसे में इन देशों में मानवाधिकारों से संबंधित संकट भी उपस्थित होगा।

सर्वाधिक महत्वपूर्ण मानवाधिकार व्यक्ति के जीवन की रक्षा है। जिसमें संपूर्ण मानवता, विश्व के सभी देश अपने समस्त हर संभव प्रयास कर सारे संसाधानो को झोंक रहे हैं ,किंतु यह भी देखा जाना चाहिए कि एक युवा के जीवन का भी उतना ही अधिकार है जितना एक वृद्ध का संसाधानों की कमी के कारण उन्हें मरने के लिए नही छोड़ा जा सकता। अमीर एवं संभ्रांत लोगों के भी मानवाधिकार उतने ही आवश्यक है जितने की एक गरीब, मजदूर वर्ग और दिहाड़ी का कार्य करने वाले व्यक्ति के, इसलिए उसे सड़कों पर भूखा मरने के लिए नही छोड़ा जा सकता। यह याद रखना चाहिए कि किसानों के भी मानवाधिकार है, उनकी पकी हुई फसलों को सड़ने के लिए नही छोड़ा जा सकता।

मानवाधिकार रौंदे जाने के इस समय काल में एक और अद्भुत विडंबना सामने आई है। कुछ समय पूर्व तक यह देखा जा रहा था की स्त्रियों के मानवाधिकारों और बच्चों के मानवाधिकारों निरंतर संकट में थे। महिलाओं और बच्चों पर अपराधों का ग्राफ निरंतर बढ़ता जा रहा था। चोर ,हत्या, बलात्कार अन्य अपराधों से पूरा वैश्विक समाज चिंतित था। पर्यावरण प्रदूषण के कारण मानव सभ्यता अपने मूल अधिकार स्वच्छ प्रकाश, स्वच्छ हवा, स्वच्छ जलवायु ,स्वच्छ नदियों, स्वच्छ सागर के जल से वंचित थी, किंतु विडंबना देखिए, यदि इस महामारी संक्रमण के पिछले कुछ महीनों का आंकलन करेंगे तो मनुष्य के मानवाधिकारों पर चोट करने वाले इन सभी लक्षणों का आंकड़ा शून्य से 5 % तक ही रह गया है। महामारी से बचाव के दौरान दुनिया तेजी से परिवर्तित हो रही है। पृथ्वी की जलवायु ने अपनी रिपेयरिंग स्वत: कर ली है । नदियों का जल स्वच्छ हो गया है ,जो इटल की नहरे गंदे नाले में परिवर्तित हो गई थी उनमें तल तक स्वच्छ जल देखा जा सकता है । यमुना और गंगा जैसी नदियों में करोड़ों रुपए खर्च करने के उपरांत भी जो सफाई नही हो सकी वह मनुष्यों के आगमन को प्रतिबंधित कर देने के कारण कुछ ही दिनों में पूर्ण स्वच्छ हो गई है। वायु इतनी साफ है, प्रकाश इतना स्पष्ट है कि जालंधार जैसे शहर से 200 किलोमीटर दूर हिमालय की धोलावाड़ चोटियां स्पष्ट नजर आने लगी है तो इस विडंबना को क्या कहा जाए ।

निष्कर्षत: कोरोना वायरस की महामारी से उपजे संकट के दौरान यद्यपि संपूर्ण राज्यों की सरकारों का एक ही लक्ष्य है, व्यक्तियों का जीवन बचाना किंतु यह भी महत्वपूर्ण है इस उद्देश्य को पूरा करने में कही मानवाधिकारों का दायरा बहुत अधिक पीछे न छूट जाए। मनुष्य के जीवन के साथ ही जीवन की गरिमा भी आवश्यक रूप से बनाए रखी जानी चाहिए। ना केवल उसे जीवन के संकट से निकाला जाना चाहिए बल्कि आर्थिक, सामाजिक, मनोवैज्ञानिक दबावों से मुक्त किया जाना भी आवश्यक है।

एक बात स्पष्ट है कि इस महामारी से युद्ध के दौरान भी मानवाधिकारों का उल्लंघन किंचित भी नही होना चाहिए। मनुष्य की स्वतंत्रता को प्रतिबंधित किया जा सकता है, उसके जीवन की रक्षा के लिए उसे घर में बंद किया जा सकता है, इस वायरस से संक्रमित हुए लोगों को अलग-थलग किया जा सकता है, कुछ लोगों को स्वास्थ्य की दृष्टि से अलग रहने के लिए मजबूर किया जा सकता है। मनुष्यों को बाहर घूमने फिरने पर प्रतिबंधित किया जा सकता है, पब्लिक ट्रांसपोर्ट पर पूर्ण पाबंद लगाई जा सकती है, किंतु ऐसे में उसकी गरिमा, उसके जीवन का सम्मान करना मानवाधिकारों की दृष्टि से आवश्यक है। साथ ही सबसे महत्वपूर्ण इस महामारी में गरीबों एवं दिहाड़ी मजदूरों को सड़क पर नही छोड़ा जा सकता यदि एक भी व्यक्ति आज उसकी दो जून की रोटी कमाने में असमर्थ रहता है तो ऐसे में संपूर्ण मानवता, संपूर्ण प्रशासन का लक्ष्य होना चाहिए कि भारत और विश्व की लगभग आधी आबादी जो इस महामारी से संक्रमण काल में अपने जीवन को बचाने के साथ ही भविष्य की पूर्तियां करने में अक्षम होने की संभावना से चिंतित है जिनके पास आज अपने और अपने परिवार के भरण-पोषण के लिए आवश्यक संसाधन नही है ,उनकी उचित पूर्ति करना ही आज मानवाधिकारों का सर्वोच्च और अंतिम लक्ष्य होना चाहिए। साथ ही कुछ महीनों के उपरांत जब इस महामारी से निपटने में वैश्विक समुदाय को सफलता प्राप्त होगी उसके पश्चात मानवाधिकारों से निपटने का असल चेहरा सामने आएगा। देखना होगा कि किस प्रकार से सरकार तब मनुष्य के मानवाधिकारों का, उसके जीवन की गरिमा का, उसकी आर्थिक स्थिति का, उसके भविष्य की चिंताओं का कितना समाधान कर पाती है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. ई जनसत्ता 5 अप्रैल 2020
2. ई दैनिक जागरण 6 अप्रैल 2020
3. ई पाञ्चजन्य 19 अप्रैल 2020
4. ई इंडिया टुडे अप्रैल 2020
5. दैनिक भास्कर अप्रैल 2020

****

वर्तमान परिदृश्य और पत्रकारिता

डॉ. अनुसुइया अग्रवाल, डी.लिट्.*

प्रस्तावना – पत्रकारिता संप्रेषण की एक कला है। अपने विविध आयामों के माध्यम से विचारों एवं अभिव्यक्तियों को सरलता से संचार करने का श्रेय पत्रकारिता को है। यह मानव को निरन्तर संदेश देने वाली एक विलक्षण विधि है। रामकृष्ण रघुनाथ खाडिलकर के अनुसार– 'ज्ञान और विचार, शब्दों तथा चित्रों के रूप में दूसरे तक पहुँचाना ही पत्रकला है।' इसे एक वैज्ञानिक पद्धति भी कहा जा सकता है जो सुदूर विश्व की समस्त गतिविधियों और क्रियाकलापों से जनसाधारण को अवगत कराती है। एक देश की सभ्यता और संस्कृति को दूसरे देश में ले जाने का कार्य पत्रकारिता को ही जाता है। यह अपने भीतर शिक्षा, साहित्य, कला, संस्कृति, विज्ञान आदि सबको समेटे हुए है इसलिए यदि कहें कि पत्रकारिता विविध शक्तियों का समूह है तो गलत नहीं होगा। इन्द्र विद्यावाचस्पति लिखते हैं– 'पत्रकारिता पाँचवा वेद है जिसके द्वारा ज्ञान– विज्ञान संबंधी बातों को जानकर हम अपने बंद मस्तिष्क को खोलते हैं।' पत्रकारिता पूरी निर्भीकता, ईमानदारी और स्वतन्त्रता से कार्य करने वाली सत्य का अन्वेषक है। इसके माध्यम से समाज में निर्भीकता, स्पष्टवादिता है।

पत्रकारिता राष्ट्रीय चेतना की वाहक है। आज यह समूचे राष्ट्र के लिए एक प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य कर रही है। वर्तमान में पत्रकारिता सूचनाओं और समाचारों का संकलन मात्र न होकर मानव जीवन के व्यापक परिदृश्य को अपने भीतर समेटे हुए है। जीवन के आस– पास की वास्तविकता अथवा सूचना; जिसका संबंध मानव– जीवन से है; को ही समाचार का रूप देकर पाठकों तक पहुँचाने का कार्य पत्रकारिता करती है। हमारे जीवन में प्रतिदिन कुछ न कुछ सामान्य अथवा असमान्य रूप से घटता रहता है; इन्हीं घटनाओं में से मनुष्य की जानकारी अथवा दिलचस्पी के लिए कुछ का विवरण या वर्णन समाचार पत्र में दिया जाता है। ताकि जनसमुदाय को घटनाओं से अवगत कराया जा सके। उन घटनाओं के संबंध में उसकी राय जानी जा सके। उनके उचित– अनुचित के विश्लेषण की क्षमता को बढ़ाते हुए उन्हें उचित का समर्थन तथा अनुचित के विरोध के लिए प्रेरित किया जा सके। इस आधार पर इसे दैनिक घटनाओं का छायाचित्र भी कहा जा सकता है जो संक्षेप में विविध विषयों की जानकारी प्रस्तुत करता है किंतु सामान्य घटनाएँ, सूचनाएँ या क्रियाएँ समाचार नहीं बनती; उसका विशेष प्रयोजन या संदर्भ होना आवश्यक है। अमेरिकी पत्रकार वाल्टर लिपमैन के अनुसार– समाचार का मुख्य कार्य किसी घटना को चित्रित करना है किसी सत्य को चित्रित करना नहीं। पत्र का कार्य किसी घटना के रहस्य को उजागर करना है। प्रेस का मुख्य कार्य घटनाक्रम को यथातथ्य रखना है। यह सर्चलाइट के समान विभिन्न घटनाओं पर रोशनी डालता है तथा उन्हें उजागर करता है। आज यह कार्य जटिल, चुनौतीपूर्ण तथा व्यवसायिक हो चला है। क्योंकि समाचार लेखन और सत्य का उद्घाटन एक ही बात नहीं है। कभी– कभी समाचार सच्चाई को उजागर करता है तो कभी– कभी उस पर पर्दा भी डाल देता है। पत्रकार अरूण शौरी के शब्दों में– 'पत्रकारिता का मूल सरकार है। उसकी सामग्री का स्त्रोत सरकार है। तथा उसका पाठक भी सरकार है। सफल पत्रकार वह है जिसके अच्छे जनसंपर्क है तथा जो सरकार द्वारा दिये गये प्रेस नोट को शीघ्रता से बिना विचार किये प्रकाशित कर देता है।'

इस तरह पत्रकारिता संप्रेषण की एक कला है तो प्रेस वाक् एवं अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है जो आज राष्ट्र के लिए प्रेरक शक्ति के रूप में कार्य कर रही है। विचारों एवं जनहित से जुड़े संदेशों को सरलता से संचार करने यानि जन– जन तक पहुँचाने का श्रेय प्रेस को ही जाता है।

आज जब देश भर में कोरोना वायरस ने तेजी से फैलकर भयानक संकट उत्पन्न कर दिया है। कोरोना, लॉकडाउन और भविष्य को लेकर अनिश्चितताएं हम सभी के लिए तूफान बनकर आई हैं। इस आपातकाल में जब बाहर– भीतर सन्नाटा सा पसरा हुआ है; तो अखबार ही है जो हर सुबह.....सूरज की पहली किरण के साथ.....मन के भीतर पसरे भयानक संशय रूपी अंधकार और सन्नाटे को तोड़ता हुआ स्पन्दन और जीवन का संदेश देता हृदय को आशान्वित करता रहा। अभी तक सभ्यता और संस्कृति के संवाहक के रूप में इसे जाना जाता था जो शिक्षा, साहित्य, कला, विज्ञान आदि को अपने भीतर समेटे था किंतु अब सर्तकता, सावधानी, समझदारी से किस तरह अपने; फिर घर– परिवार, समाज, प्रांत और देश को सुरक्षित रखा जा सकता है....यह दायित्व बोध कराता गतिमान रहा पत्रकारिता का दिव्य अश्व। मानों घर का कोई बड़ा– बुजुर्ग, सियान बड़ी सुबह हमारे पास आकर हमें पुचकार जाता हो, भय मुक्त कर जाता हो, जीने की आस दे जाता हो, हमारे सिर पर अपना आशीर्वाद रख जाता हो। हमारे डरे, सहमें, घबराये मन को हौसला दे जाता हो। हमारी नासमझी के समय में हमें समझा जाता हो; किसी उदाहरण और सप्रमाणित आंकड़ों के साथ वर्तमान स्थिति की सत्यता को पूरी ईमानदारी के साथ हमारे सामने प्रस्तुत कर जाता हो।

सच कहूं, मैं ही क्यों हर कोई दुबका, सहमा, डरा हुआ जी रहा है आज। संकट की इस घड़ी में अपने साये से भी भय लग रहा है। संक्रमण का भय इतना प्रबल था कि मैने तो अपने घर पर अखबार डालने से मना कर दिया था कि उधर से धीर– गंभीर दिव्य वाणी कानों में गूंजी..... अखबार कोरोना नहीं लाता मैम जी; सहीं खबरें लाता है। लगा.....सच ही तो कहा। यह कमजोर मन तो कुछ भी सोंच बैठता है। और फिर किसी सजग पहरेदार की भांति बिना नागा के हर दिन घर पर अखबार आता रहा। सहीं खबरों के साथ। आत्मोन्नति की शिक्षा के साथ। निर्णय लेने की क्षमता की सुदृढ़ता के साथ। घर पर रहने का सदाचार और शिष्टाचार का पाठ पढ़ाता। यह वह समय था

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (हिन्दी अध्ययन एवं शोध केन्द्र) शा.म.व.स्नातकोत्तर महाविद्यालय, महासमुंद (छत्तीसगढ़) भारत

जब सोश्यल मीडिया पर भी कोरोना से जुड़े अनाधिकृत चर्चा पर प्रतिबंध था क्योंकि वहां समाचारों को सनसनीखेज या चटपटा बनाने की कोशिश में गलत बयानबाजी और टिप्पणी की संभावना थी; जो किसी व्यक्ति विशेष को ही नहीं अपितु किसी राष्ट्र की भावना को भी ठेस पहुंचा सकता था और हम आकुल थे पल- पल की खबर जानने को। तब यह अखबार ही था जो पूरे सद्भाव और लोकहित का ध्यान रख हमारी ऐसी हर भूख को शांत कर रहा था। हमें सजग और सतर्क कर रहा था।

कानून और पुलिस से वांछित निकटता के लिए टोल फ्री नंबर से लेकर उनके कामों और उनके द्वारा दिए जा रहे हर सुविधा से हमें अवगत कराता रहा तो हमें कानून के उल्लंघन किए जाने पर मिलने वाले दंड से बचने के लिए सावधान भी करता चला। सरकारी नीतियों और निर्णयों को जनसाधारण तक पहुँचाने का कार्य भी करता चला। संवेदनशील बनकर मानवीय पीड़ा और परेशानियों को रेखांकित करता तथा नैतिक मूल्यों की रक्षा की अपील करता चला। परिणामत: अनेक सेवाभावी संस्थाएँ, व्यक्ति, अधिकारी, कर्मचारी, चिकित्सक, कार्यकर्ता, राजनेता और तो और विद्यार्थी भी अपने- अपने स्तर पर आर्थिक मदद के लिए आगे आए। अखबार ने जान पर बन आए संकट की इस घड़ी में जगत् को तपोवन सा बना दिया जहां एक ही घाट पर सर्प, मयूर, हिरण और बाघ जैसे अलग- अलग प्रकृति के प्राणी अपना बैर- भाव और निजी स्वार्थ- लाभ को भूलकर एक साथ सेवा के लिए हाथ बढ़ाते चले और प्राणीमात्र की सेवा, रक्षा और सद्भाव प्रचार के लिए संकल्पबद्ध हो चले।

पत्रकारिता से जुड़े हर व्यक्ति ने अपने लिए स्वयं एक आदर्श आचार संहिता बना ली। जहां लोकहित के साथ लोक अभिरूचि को भी पूरा महत्व दिया जा रहा था। घड़ी परीक्षा की थी.....अखबार को एक कुशल नट की भांति सत्य का अनुसंधान करते हुए धैर्य की पतली रस्सी पर चलना था...वह चला और वीर योद्धा की भांति अंतिम समय तक डटा रहा। हे कर्मवीर! नमन् तुम्हें!!

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

भारिया जनजाति की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पद्धति पर शिक्षा के प्रभाव का अध्ययन

सृष्टि जोन*

प्रस्तावना – जनजातीय समुदाय प्राचीनकाल से वनों के मध्य निवासरत् रहे हैं। ये समुदाय आत्मनिर्भर रहा है जो कि अपनी सभी आवश्यकताओं के लिए वनों पर निर्भर रहे हैं। हमारे देश पर कई प्रकार के आक्रमण हुए इन आक्रमणों के कारण जनजातीय लोग अपने निवास से दूर जंगलों की ओर चले गये और वहीं कृषि कार्य एवं पशुपालन करने लगे जिससे नगरों से इनका संपर्क कम होने लगा। उन्होंने अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कुछ विशेष देशज चिकित्सा पद्धति का विकास किया। जनजाति चिकित्सा पद्धति के मुख्य रूप से दो रूपों का विकास हुआ, पहला जिसमें जनजाति समाज के धर्म, जादू एवं विश्वास के आधार पर तंत्र–मंत्र चिकित्सा पद्धति जिसमें एक गुनिया या ओझा झाड़–फूंक के माध्यम से बीमारी का उपचार करता है। दूसरा रूप वन औषधियों पर आधारित है जिसमें एक वैद्य बीमारी के लक्षणों के आधार पर किसी विशेष प्रकार की वन औषधी बीमार व्यक्ति को देता है। ये दोनों पद्धतियां ही लंबे समय से इस समाज में प्रचलित हैं। पहली पद्धति का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है और इससे जनजातियों में स्वास्थ्य के प्रति गंभीर समस्यायें उत्पन्न की है। दूसरी पद्धति बहुत कुछ आयुर्वेद पर आधारित है जिसे वैज्ञानिक परीक्षण की आवश्यकता है।

आजादी के बाद से सरकार ने सभी स्तरों पर विकास के लिए प्रयास किये हैं ऐसे में ग्रामीण क्षेत्रों में इसके दूरगामी प्रभाव दिखाई देते हैं सड़क एवं संचार साधनों ने जहां इन ग्रामीण एवं वनों से नगरों का संपर्क बढ़ाया है, ऐसे में स्वाभाविक रूप से वैश्विक महामारी एवं बीमारियां इन जनजाति क्षेत्रों में पहुंची है।

पहले से ही इन क्षेत्रों में कुपोषण, मातृ मृत्यु दर एवं बाल मृत्यु दर बहुत अधिक है। ऐसे में इन समुदायों में आधुनिक चिकित्सा पद्धति के प्रसार की महती आवश्यकता है।

भारिया जनजाति में शिक्षा के प्रसार के प्रभाव से स्वास्थ्य एवं चिकित्सा पद्धति पर क्या प्रभाव हुए हैं यही जानने के उद्देश्य से यह शोध कार्य किया गया है।

शोध के उद्देश्य – प्रस्तुत शोध अध्ययनके निम्नलिखित उद्देश्य निर्धारित किये गये थे –

1. भारिया जनजाति में स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की स्थिति पर शिक्षा के प्रभाव का अध्ययनकरना।
2. भारिया जनजाति की स्वास्थ्य एवं चिकित्सा की स्थिति से सुधार हेतु उपयुक्त सुझावों को प्रस्तुत करना।

शोध विधि :

1. शोध संरचना – प्रस्तुत शोध अध्ययनमें वर्णनात्मक शोध प्ररचना का प्रयोग किया गया है।

2. अध्ययन का समग्र – प्रस्तुत अध्ययन से समग्र छिंदवाड़ा जिले के पातालकोट क्षेत्र में निवासरत् भारिया जनजाति है।

3. अध्ययन की इकाई – प्रस्तुत अध्ययन की इकाई भारिया जनजाति का परिवार है।

4. निदर्शन विधि – प्रस्तुत शोध में उद्देश्यपूर्ण निदर्शन विधि से छिंदवाड़ा जिले के पातालकोट क्षेत्र से 50 भारिया जनजाति परिवारों को अध्ययन के लिए चयन किया गया है।

5. तथ्यों का संकलन –

प्राथमिक तथ्य – प्राथमिक तथ्यों का संकलन साक्षात्कार अनुसूची एवं अवलोकन के माध्यम से किया गया है।

द्वितीयक तथ्य – द्वितीयक तथ्यों का संकलन पुस्तकों एवं शोधपत्रों के आधार पर किया गया है।

6. तथ्यों का विश्लेषण – प्राथमिक तथ्यों का सारणीयन एवं सांख्यिकीय विश्लेषण किया गया है।

7. अध्ययन क्षेत्र – प्रस्तुत अध्ययनका क्षेत्र मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा जिले का पातालकोट क्षेत्र है।

तथ्यों का विश्लेषण – प्रस्तुत शोध अध्ययनके दौरान संकलित किये गये तथ्यों का विश्लेषण इस प्रकार है –

तालिका क्रमांक 01 – भारिया परिवार की दो पीढ़ियों में शिक्षा स्तर की तुलनात्मक स्थिति

क्र.	शिक्षा का स्तर	उत्तरदाता		उत्तरदाता के पिता	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
1	अशिक्षित	22	44	39	78
2	अक्षर ज्ञान (प्रौढ़ शिक्षा)	14	28	04	08
3	प्राथमिक शिक्षा	05	10	03	06
4	माध्यमिक शिक्षा	03	06	02	04
5	उच्चतर माध्यमिक शिक्षा	04	08	02	04
6	स्नातक	01	02	00	00
7	स्नातकोत्तर	00	00	00	00
8	तकनीकी शिक्षा	01	02	00	00
	योग	**50**	**100**	**50**	**100**

उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि वर्तमान में 44 प्रतिशत उत्तरदाता अषिक्षित है जबकि उत्तरदाता के पूर्व पीढ़ी में 78 प्रतिशत लोग अषिक्षित थे। वर्तमान में 28 प्रतिशत उत्तरदाता अक्षर ज्ञान रखते हैं लेकिन पूर्व की पीढ़ी में मात्र 08 प्रतिशत लोग ही अक्षर ज्ञान रखते थे। वर्तमान में 10 प्रतिशत उत्तरदाता प्राथमिक शिक्षा प्राप्त हैं जबकि पूर्व की पीढ़ी में 06 प्रतिशत लोग

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

ही प्राथमिक शिक्षा प्राप्त थे।

वर्तमान में 06 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने माध्यमिक शिक्षा पूर्ण की है जबकि पूर्व की पीढ़ी के मात्र 04 प्रतिशत लोगों ने माध्यमिक शिक्षा ग्रहण की थी।

वर्तमान में 08 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने उच्चतर माध्यमिक शिक्षा प्राप्त की थी जबकि पूर्व की पीढ़ी में 04 प्रतिशत लोग ही उच्चतर माध्यमिक शिक्षा प्राप्त थे।

वर्तमान 02 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने स्नातक तक शिक्षा ग्रहण की है जबकि पूर्व में कोई भी उत्तरदाता स्नातक तक शिक्षा प्राप्त नहीं थी। स्नातकोत्तर की शिक्षा न वर्तमान पीढ़ी के उत्तरदाता ने प्राप्त की है न ही पूर्व की पीढ़ी ने प्राप्त की थी।

वर्तमान में 02 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने तकनीकी शिक्षा प्राप्त की है जबकि पूर्व की पीढ़ी में किसी ने भी तकनीकी शिक्षा ग्रहण नहीं की थी।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि पूर्व की पीढ़ी की तुलना में भारिया जनजाति की वर्तमान युवा एवं प्रौढ़ पीढ़ी में शिक्षा की स्थिति बेहतर है।

तालिका क्रमांक 02 – भारिया परिवारों में चिकित्सा पद्धति की स्थिति

क्र.		पूर्व में		वर्तमान में	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
1	गुनिया/वैद्य	40	80	25	50
2	चिकित्सालय	10	20	25	50
	योग	**50**	**100**	**50**	**100**

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि पूर्व में 80 प्रतिशत भारिया परिवारों में गुनिया एवं वैद्य से बीमारी का उपचार कराया जाता था तथा 20 प्रतिशत परिवार ही गंभीर अवस्था में उपचार के लिए चिकित्सालय जाते थे। वर्तमान में 50 प्रतिशत परिवारों में अभी भी गुनिया एवं वैद्य से उपचार कराया जाता है तथा 50 प्रतिशत परिवारों में चिकित्सालयों से बीमारी का उपचार कराया जाता है।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शिक्षा के प्रसार से भारिया जनजाति में चिकित्सालय में बीमारी का उपचार कराने का प्रतिशत काफी बढ़ गया है।

तालिका क्रमांक 03 : परिवार नियोजन की स्थिति

क्र.	परिवार नियोजन	पूर्व में		वर्तमान में	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
1	हाँ	00	00	10	20
2	नहीं	50	100	40	80
	योग	**50**	**100**	**50**	**100**

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि पूर्व में किसी भी भारिया परिवार में परिवार नियोजन नहीं अपनाया गया था लेकिन वर्तमान में शिक्षा के प्रभाव से 20 प्रतिशत भारिया परिवारों में परिवार नियोजन अपनाया जा रहा है।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शिक्षा के प्रभाव से भारिया जनजाति परिवारों में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

तालिका क्रमांक 04 : गर्भवती महिलाओं के प्रसव स्थल की स्थिति

क्र.	प्रसव स्थल	पूर्व में		वर्तमान में	
		आवृत्ति	प्रतिशत	आवृत्ति	प्रतिशत
1	घर में	46	92	05	10
2	अस्पताल में	04	08	45	90
	योग	50	100	50	100

उपर्युक्त तालिका के विश्लेषण से स्पष्ट होता है कि पूर्व में 92 प्रतिशत भारिया परिवारों में घर में ही प्रसव कराया जाता था मात्र 08 प्रतिशत परिवारों में ही गंभीर अवस्था में अस्पताल में प्रसव कराया जाता था।

वर्तमान में 90 प्रतिशत भारिया परिवारों में अस्पताल में प्रसव कराया जा रहा है एवं 10 प्रतिशत परिवारों में अभी भी घरों में प्रसव हो रहे हैं।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि शासन के प्रयास एवं शिक्षा के प्रभाव से भारिया परिवारों में संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत अध्ययनमें तथ्यों के विश्लेषण के पश्चात् निम्नलिखित निष्कर्ष प्राप्त हुए हैं –

भारिया परिवारों की वर्तमान युवा पीढ़ी में पूर्व की पीढ़ी की तुलना में शिक्षा स्तर में सुधार हुआ है।

1. शिक्षा के प्रसार से भारिया जनजाति में चिकित्सालय में बीमारी का उपचार कराने के प्रतिशत में वृद्धि हुई है।
2. शिक्षा के प्रभाव से भारिया जनजाति परिवारों में परिवार नियोजन के प्रति जागरूकता बढ़ी है।
3. शिक्षा के प्रसार से भारिया परिवारों में संस्थागत प्रसव के प्रति जागरूकता बढ़ी है।

सुझाव:

1. भारिया जनजाति के विकास की संभावनाओं को एक नियोजित कार्ययोजना बनाकर क्रियान्वित किया जाना चाहिए।
2. भारिया बाहुल क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु भारिया विकास अभिकरण एवं अन्य विभागों को सामंजस्य पूर्वक कार्यक्रमों को सुचारू रूप से संचालित करना चाहिए।
3. भारिया गांवों तक चिकित्सा की सुविधायें पहुंचायी जानी चाहिए।
4. भारिया परिवारों में मातृ एवं बाल मृत्यु दर को कम करने के लिए विशेष व्यवस्था बनायी जानी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अटल, योगेश (1965) 'आदिवासी भारत' राजकमल प्रकाशन, दिल्ली
2. विद्यार्थी, ललित प्रसाद (1975) 'भारतीय आदिवासी' हिन्दी समिति, लखनऊ
3. आहूजा, राम (1994) 'सामाजिक समस्यायें' रावत पब्लिकेशन्स, जयपुर
4. दुबे, श्यामाचरण (1995) 'संक्रमण की पीड़ा' वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली
5. शुक्ला, हीरालाल (1997) 'आदिवासी अस्मिता और विकास', मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल

****

कश्मीर में आतंकवाद की समाप्ति हेतु कुटनीतिक, राजनीतिक एवं सैन्य स्तर पर किये गये प्रयास एवं सुझाव

डॉ. रजनी दुबे*

प्रस्तावना – कश्मीर के आतंकवाद को समाप्त करने हेतु द्विस्तरीय प्रयासों की आवश्यकता हैं। प्रथम आंतरिक। घरेलू एवं द्वितीय वाहन। कूटनीतिक।

कश्मीर का आतंकवाद अशिक्षा, बेरोजगारी, गरीबी पिछड़ने के कारण असंतुष्ट और नाराज कश्मीरियों का महज उग्र और हिंसक आंदोलन नहीं हैं, अपितु पाकिस्तान द्वारा कुन्सित मानसिकता के अंतर्गत भारत को कश्मीर से अलग करने का कुकृत्य हैं। इसलिये कठोर कदम उठाने की आवश्यकता हैं। आतंकवाद से धरती की रक्षा करने की आवश्यकता हैं।

आतंकवाद को समाप्त करने के लिये सरकार को एक साथ कई कदम उठाने पड़ेंगे, अन्यथा ये दीमक की भांति राष्ट्र की जड़ों को खा-खाकर खोखला कर देंगे। सरकार को आतंकवाद समाप्त करने के लिये एक व्यापक नीति अपनानी चाहिये जिसमें प्रत्येक पहलू पर विचार हो तभी देश की एकता और अखंडता सुरक्षित रह सकती हैं।

सीमा पर चौकियां स्थापित करना – पाकिस्तान से आतंकवाद का प्रशिक्षण लेकर घुसपैठ करने वाले आतंकवादी पहाडों और जंगलों से होकर भारत में प्रवेश करते हैं डोड़ा जिले की सीमा कश्मीर के अनंतनाग जिले के साथ लगती हैं पाकिस्तान में प्रशिक्षण देने के बाद आतंकवादी अत्याधुनिक हथियार लेकर इन्हीं रास्तों से प्रवेश कर जाते हैं। पर्याप्त संख्या में सीमा पर चौकियां स्थापित होने से घुसपैठ रूक जायेगी।

सीमा पर पुलिस बल बढ़ाने की व्यवस्था करना –आतंकवादी बारदातें करने के बाद सीमावर्ती हिमाचल प्रदेश, चंबा पांशी घाटी और जंगलों में छिप जाते हैं। सेना द्वारा अधिक खोजबीन करने पर अनेक आतंकवादी पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, उत्तर प्रदेश, आदि राज्यों में जाकर शरण लेते हैं, और वहां बम विस्फोट करते हैं। जम्मू-कश्मीर से लगे अन्य प्रदेशों की सीमा पर पुलिस गस्त तेज करने और चौकियां स्थापित करने से आतंकवादी अन्य प्रदेशों में जाकर वारदातें नहीं कर पाएंगे।

सेना को अधिक अधिकार प्रदान करना – आतंकवाद पर अंकुश लगाने में स्थानीय पुलिस समर्थ नहीं हैं। इसके मुख्यत: दो कारण हैं पहला तो यह कि अधिकांश स्थानीय पुलिसकर्मी आतंकवाद के समर्थक हैं और दूसरा यह कि इनके पास अत्याधुनिक हथियार नहीं हैं। वास्तव में सैनिक एवं अर्ध सैनिक बल ही इस आतंकवाद को समाप्त कर सकते हैं। जम्मू कश्मीर के 'कतिपय क्षेत्रों को सेना को सुपुर्द कर देना चाहिये एवं वहां का नागरिक प्रशासन सेना के निर्देशन में कार्य करेगा। सीमावर्ती क्षेत्र जहां नियंत्रण रेखा के पास सेना की तैनाती हैं तथा वह क्षेत्र जहां का नागरिक प्रशासन ठप हो गया हैं इस व्यवस्था हेतु सर्वाधिक उपयुक्त जगह हैं।'

प्रशासन और सुरक्षा बलों का आपसी समन्वय – स्थानीय प्रशासन पुलिस प्रशासन सेना एवं अर्धसैनिक बलों का आपस में समन्वय स्थापित होना चाहिए, ताकि वे सब मिलकर पूरी शक्ति के साथ कार्य कर सकें जिससे परिणाम भी अच्छे आयेगें। समन्वय के अभाव में जब सेना किसी आतंकवादी को पकड़ती हैं तो स्थानीय प्रशासन उसे छोड़ देता हैं। दूसरी बात है कि सेना को क्षेत्र की सही जानकारी नहीं रहने के कारण काम करने में कठिनाई होती हैं। आतंकवाद के खिलाफ अभियान चलाने के लिये समन्वय समिति बनाई जाये। जिसमें स्थानीय प्रशासन, पुलिस प्रशासन, सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की समिति बनाई जाये जो कि निश्चित समय अवधि में सामूहिक रुप से बैठक कर योजनायें बनाये।

प्रशासन को विशेष प्रशिक्षण देना – आतंकवाद की गतिविधियां तेज होने के कारण कई बार तो प्रशासन को यह समझ में नहीं आता कि वह क्या करें क्योंकि उन्हें तो सामान्य स्थिति में हो कार्य करने का प्रशिक्षण प्राप्त होता है, जिसके कारण आतंकवादी अपने उद्देश्य में सफल हो जाते हैं। प्रशासन को विशेष प्रशिक्षण देकर दक्ष बनाने की आवश्यकता हैं। आतंकवाद का मुकाबला किस प्रकार किया जायें आतंकवादी घटना होने पर कैसे कार्य करने चाहिए समाज को विस्थापित होने से किस प्रकार रोका जाये ऐसे अनेक विषयों का प्रशिक्षण प्रशासन के अधिकारियों को देना आवश्यक हैं। जिससे प्रशासन पंगु न बनकर गतिशील होकर कार्य करेगा।

नागरिक प्रशासन – शासन को परिवर्तनशील होना चाहिये ताकि नागरों और गांव में अधिक से अधिक लोगों की समस्या सुलझाने के लिये उन तक पहुंच सके उसे चाहिये कि-

1. वह सरकारी कर्मचारियों को पर्याप्त अधिकारों के साथ सुदूर गांव में भी लोगों की शिकायतें दूर करने के लिये भेजें।
2. जो समस्यायें न सुलझाई जा सकती हो उन पर एक पखवाड़े के भीतर ही पुर्नविचार करके उचित कदम उठाये जाने चाहिये।
3. सरकारी अधिकारियों को यह चाहिये शिक्षा तथा रोजगार की नवीन योजनाओं के विषय में लोगों को पूरी जानकारी दें और जो लोग उनका लाभ उठाना चाहे, उसकी सहायता भी करें। इस प्रकार प्रशासनिक सेवाओं को दूर ग्रामीण क्षेत्रों तक पहुँचाने से इस लोकप्रिय प्रशासन को बहुत लाभ होगा। वह उग्रवादियों के प्रभाव को बेकार कर अपनी सत्ता भलीभांति स्थापित कर पायेगा। तत्कालीन परिणामों से नागरिक संतुष्ट भी हो जाएंगे और आतंकवादियों के गैर कानूनी संगठनों की वजह सरकारी विभागों से संपर्क रखेंगे।

सैनिक छावनी की स्थापना – जम्मू कश्मीर की सामरिक, भौगोलिक और सामाजिक स्थिति इस प्रकार की है कि यह हमेशा से संवेदनशील हैं।

* प्राध्यापक (राजनीति विज्ञान) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

इसलिये केंद्र सरकार ने एक सैनिक छावनी स्थापित करने का निर्णय किया। क्षेत्र की आवश्यकता को देखते हुये हर जिले में छोटी छोटी छावनी बनाने की आवश्यकता हैं।

राष्ट्रीय चेतना का जागरण और संस्कारों का भारतीय करण – प्रारंभ से ही किसी भी सरकार ने कश्मीर में भारतीय मूल्यों को महत्व नहीं दिया। घाटी में इस्लाम मजहब की जनसंख्या निवास करती हैं, उनका शिक्षा एवं संस्कारों के माध्यम से भारतीयकरण करना जरूरी हैं। उनके दिलों में हिंदुस्तान, हिंदुस्तानी और हिंदू के प्रति प्यार एवं भक्ति का भाव पैदा करने की आवश्यकता हैं। जय भारत, भारत माता की जय, राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और भारतीय होने का गर्व हो इसके लिये अपेक्षित कदम उठाये जाने चाहिये। यह भाव जानना आवश्यक हैं कि राष्ट्र सर्वप्रथम हैं देशभक्ति मजहब से बड़ी हैं। पूरा भारत एक है और अपना देश हैं। राज्य की विधानसभा में भी राष्ट्रीय गान विद्यालयों में देशभक्ति के गीत, सरकारी भवनों एवं सार्वजनिक स्थलों पर महापुरुषों के प्रेरणादायक वाक्य लिखे जाने चाहिये।

वार्ता की सार्थकता एवं पंजाब पुलिस के तरीकों का प्रयोग – किसी भी जटिल समस्या को सुलझाने के लिए वार्ता अर्थात आपसी बातचीत की आवश्यकता पड़ती हैं। राज्य की समस्या के समाधान हेतु वार्ता के अनेक दौर चले हैं। लेकिन बातचीत केवल आतंकवादी नेताओं के साथ ही नहीं बल्कि आतंकवाद से संघर्षरत समाज के सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक नेताओं के साथ भी होनी चाहिये। पंजाब राज्य का उदाहरण देश के सामने है। जब राज्य में आतंकवाद समाप्त करने का दृढ़ संकल्प सरकार ने किया तो उसने आतंकवादियों से लंबी वार्तायें या एक तरफा संघर्ष विराम जैसे तरीके नहीं अपनाये। बल्कि वहां से संघर्षशील समाज को आतंकवाद के विरुद्ध तैयार करके आतंकवादियों को ढूंढ-ढूंढकर मारा और उनके नेताओं को शक्तिहीन बना दिया। परिणाम स्वरुप वहां फिर से अमन-चैन बहाल हुआ। पंजाब का आतंकवाद भी कश्मीर की भांति पाकिस्तान द्वारा प्रायोजित था। इसलिये वार्ता की सार्थकता पर विचार की योजना बनानी चाहिये।

अंतर्राष्ट्रीय एवं कूटनीतिक स्तर पर भी गंभीर प्रयासों की आवश्यकता है। भारतीय कूटनीतिज्ञों को पाकिस्तानी साजिशों का पर्दाफास करते हुये विश्व जनमत अपने पक्ष मे करना होगा तथा ज्यादा मित्रभाव न रखने वाले चीन जैसे पड़ोसी देशों से संबंधों को सुधारना होगा। इसके साथ ही साथ निम्न सुझावों पर भी विचार किया जा सकता हैं।

मानवाअधिकार – कश्मीर में मानवाधिकार एक महत्वपूर्ण विषय है और भारत गंभीरतापूर्वक इसकी ओर पूरा ध्यान देता रहा हैं। भारतीय सुरक्षा सेनाओं ने उग्रवादियों के विरुद्ध कम से कम बल प्रयोग किया हैं, केवल उतना ही जितना की सुरक्षा के लिये आवश्यक था। भारत को अपनी रक्षात्मक युद्ध त्यागकर कश्मीर तथा देश के अन्य भागों में मानवाधिकारों के क्षेत्र में अपनी उपलब्धियों के विषय में जोर से आवाज उठानी होगी। उसे राष्ट्रीय मानवाधिकार समिति की स्थापना के विषय में सबको बताना होगा, जिसका अपना स्वतंत्र अस्तित्व और जिसके अधिकार क्षेत्र में जांच करने की स्वायत्ताता हैं। भारत को चाहिये कि वह मानवाधिकारों के क्षेत्र में अपने प्रयासों को जारी रखें, ताकि पाकिस्तान को उसे बदनाम करने का अवसर ही ना मिलें।

मनोवैज्ञानिक युद्ध – घाटी में कई मुसलमान उग्रवादियों की विचारों से सहमत नहीं परंतु उन्हें डराया धमकाया जाता हैं संप्रदाय से उनका वहिष्कार कर दिया जाता है और कभी-कभी उनकी हत्या भी कर दी जाती हैं। असहिष्णुता इतनी तीव्र हो गई है कि नरमपंथी स्वयं को एक मनोवैज्ञानिक संघर्ष में घिरा पाते हैं। जब उनके साथ दुर्व्यवहार किया जाता है, उनकी संपत्ति का अनुचित लाभ उठाया जाता है या उनकी महिलाओं का अपमान किया जाता है तब भी किसी का कुछ कहने या करने का साहस नहीं होता।

आतंकवादियों को अपने विरोधियों को चुप कराने के लिये डराने धमकाने की युक्तियां बेकार कर दी जानी चाहिये। इलेक्ट्रॉनिक या अन्य संचार माध्यमों तथा कश्मीरी, उर्दू और अंग्रेजी में छपे इश्तहारों का भी पूरा उपयोग किया जाना चाहिये।

इसके अतिरिक्त दूरदर्शन, रेडियों तथा समाचार पत्रों द्वारा की घाटी की सारी जनता को उग्रवादियों द्वारा कश्मीरी मुसलमानों पर किये जाने वाले अत्याचारों की सूचना भी दी जानी चाहिये। यह बताना चाहिये कि किस प्रकार युवकों को झूठे वादे करके पहले उग्रवाद अपनाने के लिये बाध्य किया जाता है और फिर मरने के लिये छोड़ दिया जाता है। यह तथ्य प्रकाश में लाया जाना चाहिये कि किस प्रकार उग्रवादियों के नेता जनता के पैसों पर वैभव से रहते हैं, और किस प्रकार वे इतने अमीर हो गये हैं, जबकि साधारण जनता आतंकवाद के कारण आजीविका भी नहीं कमा पाती। निष्कर्षत: हम कह सकते हैं कि कश्मीर में आतंक से निपटाने के लिये 4 डी फार्मूले की आवश्यकता हैं। 4 डी यानि डॉयलॉग डेवलपमेंट, डिप्लोमेसी ओर डिफेंस के नाम से ही संभव कश्मीर घाटी में शांति बहाल संभव है।

डॉयलॉग– कश्मीर समस्या हल करने में अटल बिहारी वाजपेई की कूटनीति अब भी मौजूद हैं। उन्होंने पहली सैन्य ताकतों की बजाय 80 प्रतिशत तक फोकस कूटनीतिक और राजनीतिक तरीकों पर किया। टॉक बिटवीन टेलर फॉर्मूला यानी युद्ध और बातचीत दोनों साथ-साथ जारी रखी। बातचीत का यह प्रयास हर मोर्चे पर होना चाहिये। मसलन नई दिल्ली इलाहाबाद, नई दिल्ली कश्मीर के बीच निरंतर प्रभावी डॉयलॉग बना रहना चाहिये। संवाद में कभी की वजह से ही आतंक को जगह मिलती है। इसलिये 2000 के दशक में कारगिल, सांसद और अक्षरधाम पर हमलों के बीच 350 बार दोनों देशों के अधिकारी टेबल पर बैठे।

डिफेंस– कश्मीर में सेना का अहम रोल हैं। सेना ने 1971 की जंग में इस समस्या के हल का सबसे मजबूत मौका दिया। सेना को और ताकत देने के लिये अब हमें जरूरत हैं इजरायल मॉडल की तरह सैन्य टेक्नॉलॉजी पर ध्यान देने की। इस मॉडल में इजरायल जैसा छोटा सा देश अपनी सैन्य टेक्नोलॉजी को हथियार बनाये हुये हैं। इस सैन्य टेक्नॉलॉजी के डर से आतंकी यहां कुछ भी गलत करने से पहले हजार बार सोचते हैं। यह फायदा हमें भी मिल सकता हैं। इन सबके बीच में फोकस कश्मीर के लोगों और सेना के बीच के संबंधों के बेहतरी पर भी हो।

डेवलपमेंट– घाटी में आर्थिक-सामाजिक पहलूओं पर ज्यादातर सरकारों ने ध्यान नहीं दिया। यही वजह है कि राज्य में बेरोजगारी दर 21 प्रतिशत से ज्यादा हैं, जो देश में त्रिपुरा के बाद सबसे अधिक है। यहां 3866 लोगों पर महज एक डॉक्टर हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक प्रति हजार लोगो पर एक डॉक्टर होना चाहिये। राज्य में 23771 में से 76 प्रतिशत स्कूलों में बिजली नहीं हैं। बिना बिजली वाले स्कूलों के मामले में जम्मू कश्मीर में देश के 36 राज्यों में से 31 वें नंबर पर हैं। इन्हीं पिछड़ेपन की वजह से अलगाववादी युवाओं को आतंक से जोड़ने में सफल होते हैं।

डिप्लोमेसी – 72 सालों में इसी के जरिये सबसे ज्यादा बात बनती दिखी है। डिप्लोमेसी के दम पर ही पिछले दशक में दो बार हम कश्मीर समस्या

सुलझाने के करीब पहुंच गए थे। लेकिन मौजूदा सरकार में दोनों देशों के बीच एक भी स्ट्रकवर्ड कम्पोजिट डॉयलॉग नहीं हुआ। जबकि अटल जी शांति वार्ता न रोकने के पक्षधर थे। उनका एक ही मकसद रहा कि आतंकी हमलों के बीच भी शांति वार्ता और डिप्लोमेसी न रुकने पाये।

हमें दोनों देशों के बीच भी निरंतर डिप्लोमेसी जारी रखनी होगी।

शांति का अटल फार्मूला – 2001 में अटल जी और पाकिस्तानी राष्ट्रपति मुशर्रफ ने 4 सूत्रीय कश्मीर फॅार्मूला दिया था। एक्सपर्ट तक इसे अब तक का सबसे कारगर तरीका मानते हैं। भारत–पाकिस्तान के रिटायर्ड अफसरों के बीच करीब हर साल होने वाली टेक 2 वार्ता में इसे अपनाने की मांग उटती है। ये वार्ता किसी तीसरे देश मे होती है। यह फार्मूला है –

1. चरणबद्ध तरीकें से दोनो देया एल ओ सी से सेना कम करें।
2. जम्मू कश्मीर की सेना में बदलाव नहीं हो। यहां के लोगों को नियंत्रण रेखा के आर–पार जाने का हक हो।
3. जम्मू कश्मीर को स्वशासन की स्वायतता मिले।
4. जम्मू कश्मीर की देखरेख भारत, पाकिस्तान और कश्मीर को मिलकर बना एक संयुक्त तंत्र करे। अटल बिहारी वाजपेई ने कहा था–

'अभी तक जो खेल होता रहा। मौन का .....खून का ..... वो बंद होना चाहिये। बंदूक से मसले हल नहीं होगें, बंदूक से आदमी को मारा जा सकता है लेकिन बंदूक से उसकी भूख नहीं मिट सकती।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. जॉन ब्रे 'एशिया' रिसर्ड .....द्वारा सम्पादित पुस्तक द फयूचर आफ पालिटिकल वायलेक्स लुदन मेकलिन न प्रेस लि.1986
2. अरूण त्रिपाटी एवं अरूण पांडये मुस्लिम आतंकवाद बनाम अमेरिका नई दिल्ली वाणी प्रका.2002
3. आई.एल. द्वारोविट्ज 'द रूटिनाइजेशन आफ टेरेरिज्म' मार्या क्रेशन की पुस्तक टेरेरिज्म लेजिटीनेसी एडं पांवर (केन्कटीकर वेसलीमेन यूनी. प्रेस 1983)
4. आक्सफोर्ड इंग्लिश डिकशनरी वाल्यूम XI लंदन मार्यल डेकर 1998
5. भास्कर न्यूज/नई दिल्ली/जम्मू कश्मीर दिनांक 23 फरवरी 2019
6. अन्य समाचार एवं पत्रिकायें

****

अज्ञेय के काव्य में अभिजात्य-वर्ग के प्रति विद्रोह

डॉ. अनुकूल सोलंकी *

प्रस्तावना – सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन अज्ञेय बौध्दिक चिंतनशील व्यक्तित्व के धनी है। अज्ञेय काव्य में सभी वर्गो के प्रति समान दृष्टिकोण की छाप मिलती है। लेकिन प्रगतिवाद की तरह प्रयोगवादी कवि अज्ञेय में भी अभिजात्य वर्ग के प्रति तीव्र विरोध की चेतना प्रखर हो उठी है अज्ञेय मानते है कि अभिजात्श वर्ग ने अपनी

सुख-सुविधा के लिये अनेक दोशों को जन्म दिया।

इसलिए उनके काव्य में शोशित -जन के प्रति सच्ची सहानुभूति के दर्शन प्राप्त होते है। शैल सिन्हा के शब्दो में – 'अज्ञेय के काव्य में आभिजात्य वर्ग के प्रति तीव्र विद्रोह और पद-दलितो के प्रति सच्ची सहानुभूति के दर्षन होते है।'[1]

अज्ञेय अपने बौध्दिक मानस में मानते हैं कि 'दु:खी और सुखी की कोई आत्यंतिक श्रेणियॉ तो जीवन में हैं नहीं। दु:ख अपूर्णता, पीडा ये सर्वव्यापी है। गरीबो नें इनका ठेका नही लिया है।'[2]

आभिजात्य वर्ग के दर्प को उसके सुखों को अज्ञेय ने बखूबी जाना और पहचाना है। इसलिए शोशित-जन के विरूध्द आवाज भी खूबउठायी। आभिजात्य वर्ग के आततायी परिवेश को उसकी परिवृति को अज्ञेय ने पूरे दम-खम के साथ ललकारा है :-

'ठहर, ठहर आततायी! जरा सुन ले
मेरे कुध्द वीर्य की पुकार आज सुन जा
रागा तीत, दर्पस्फीत, अतल, अतुलनीय
मेरी अवेहलना की टक्कर सहार ले-
क्षण भर स्थिर खडा रह ले-
मेरे दृढ पौरूष की एक चोट सह ले।'[3]

मध्य वर्ग के सुदृढ आर्थिक सम्बन्धों पर अज्ञेय बखुबी कलम चलाते हैं। अज्ञेय का चिंतनशील मन उन्हें मध्यवर्ग में कवि रूप में त्रिशंकु सा बना देता हैं। निर्धन कवि असम्मान का पात्र बनता है और आत्म हनन का शिकार होने लगता हैं। अज्ञेय न तो धनी वर्ग के कवि है और न ही निर्धन वर्ग के। किन्तु अज्ञेय का मध्यवर्गीय बौद्धिक मन शोशित और शोषक के सम्बन्धों को अच्छी तरह पहचानता हैं। डॉ. नामवर सिंह के इस कथन को उचित नही समझा जा सकता है कि – 'इस तरह इस विद्रोही कवि का उच्च मध्यवर्ग तथा उसकी समाज व्यवस्था के प्रति साारा असंतोष और युयुत्सु-भाव अन्त में इस प्रस्ताव पर खत्म हुआ कि उसे संरक्षण प्राप्त हो। केवल इस टुकडे पर उच्च मध्यवर्ग का सारा अत्याचार और अपनी सारी पीडा भुलाई जा सकती है।'[4]

अज्ञेय इन सब से अलग होते हुए भी निजता का भाव कवि मन में, कवि जीवन में रखना चाहते है। अज्ञेय ने अनेक कविताओं में अभिजात्य वर्ग के प्रति तथा शोशित वर्ग के प्रति विद्रोहात्मक सूर कहा है 'बंदी -स्वप्न' की अधिकांश कविताऐं इसी विद्रोह को व्यावहारिक रूप प्रदान करती है

'सुनो तुम्हे ललकार रहा हूँ, सुनो घृणा का गान!
तुम जो भाई को अछूत कह वस्त्र बचा कर भागे,
तुम जो बहिने छोड़ बिलखती बढे जा रहे आगे!
रुक कर उत्तर दो, मेरा है अप्रतिहत आहावन
सुनो तुम्हे ललकार रहा हुँ सुनो घृणा का गान!

तुम, जो बड़े-बड़े गद्दों पर ऊँची दूकानों मे,
उन्हें कोसते हो जो भूखे मरते है खाने में,
तुम, जो रक्त चूस ठठरी को देते हो जल दान
सुनो, तुम्हे ललकार रहा हुँ सुनो घृणा का गान !

तुम जो महले में बैठे दे सकते हो आदेश
मरने दो बच्चे, ले आओ खींच पकड़कर केश!
नही देख सकते निर्धन के घर दो मुठ्ठी धान
सुनो तुम्हे ललकार रहा हुँ सुनो घृणा का गान!

तुम जो पा कर शक्ति कलम में हर लेने की प्राण
निंशक्तों की हत्या में कर सकते हो अभिमान!
जिनका मत है नीच मरे दृढ़ रहे हमारा स्थान,
सुनो तुम्हे ललकार रहा हुँ सुनो घृणा का गान!

तुम जो मंदिर में वेदी पर डाल रहे हो फूल,
और इधर कहते जाते हो जीवन क्या है! धूल
तुम जिसकी लोलुपता ने ही धूल किया उद्यान
सुनो तुम्हे ललकार रहा हुँ सुनो घृणा का गान!

सुनो तुम्हे ललकार रहा हूँ, सुनो घृणा का गान
तुम जो भाई को अछूत कह वस्त्र बचा कर भागे
तुम जो बहिने छोड़ बिलखती बड़े जा रहे आगे
रुक कर उत्तार दो मेरा है अप्रतिहित आह्वान
सुनो तुम्हे ललकार रहा हु सुनो घृणा का गान
तुम, सत्ताधारी, मानवता के शव पर आसीन,
जीवन के चिर रिपु, विकास के प्रतिद्धन्दी प्राचीन,
तुम, शमशान के देव सुनो यह रणभेरी की तान

* प्रभारी प्राचार्य, शासकीय महाविद्यालय, गुलाना, जिला शाजापुर (म.प्र.) भारत

आज तुम्हे ललकार रहा हु, सुनो घृणा का गान '[5]

कवि अज्ञेय का विद्रोहात्मक स्वर या विद्रोह की अधिकता कवि की अगणित जिव्हाओ की ज्वाल बन जाती है –

'मैं कृतान्त हुँ मेरी अगणित जिव्हाओ की ज्वाल,
जग की झूटी मृदुताओं की भस्मकरी विकराल!
आशा की इस मधु विडम्बना से ओ पागल जाग!
मेरा वरद हस्त देता है– आग आग बस आग!
मुझसे स्निग्ध ताप मत मांग'[6]

अज्ञेय कवि के रूप में अपनी ज्योति को अखंड रखना चाहते है, अज्ञेय चाहते है की उनके विद्रोह की यह शिखा सम्पूर्ण विश्व को आलोकित कर दे जो उचित भी कई जा सकती है –

'कर से कर तक, उर से उर तक, बढती जाओ ज्योति हमारी ,
छप्पर– तल से महल–शिखर तक चढती जाओ ज्योति हमारी'

+ + + + + + + +

कहीं बच गया हो कोई तो तू उसमें भी स्फूर्ति जगा दे –
विश्व कॅपा दे ज्योति !जगत में आग लगा दे ! आग लगा दे ।[7]

डॉ चन्द्रबलि सिंह उपर्युक्त इत्यलम की लिखी कवि अज्ञेय की कविताओं को केवल एक व्यक्ति का विद्रोह ही दिखता है, मानते है और कहते है –

यह विद्रोह एक व्यक्ति के अहं मात्र का विद्रोह है और उसका कोई विशेष सामाजिक महत्व नहीं समाजनिष्ट होकर वह समाज की उपेक्षा करता है

इस व्यक्तिगत अहं की सीमा के ऊपर विद्रोह भावना कुछ ही कविताओं में उठ पायी है। [8]

डॉ. चन्द्रबली सिंह का यह कथन सम्पूर्ण परिप्रेक्ष्य में उचित नहीं यह तर्क अनुचित है। क्योंकि विद्रोह किसी का भी हो सामाजिक महत्व रखता है ।

आग एक तिली से ही लगती है एक चिंगारी सम्पूर्ण को जलाकर भस्म कर देती है इसलिए उपर्युक्त कथन अत्युक्ति लगता है।

अज्ञेय की अनेक कविताओं में आभिजात्य – वादी विद्रोह स्पष्ट दिखाई देता है । अज्ञेय उच्च वर्ग में गहरें सूक्ष्म बाणो की, व्यंग्यो की वर्षा करते दिखाई देते है। उन्हें साम्यवादी विरोधी कहना अनुचित लगता है–

'डरो मत,शोशक भैया ,
पी लो ।
मेरा रक्त ताजा है
मीठा है
हुद्य है ।
पी लो, शोशक भैया,
डरो मत ।
शायद तुम्हें पचें नही–
अपना मेदा तुम देखो, मेरा क्या दोष है ।
मेरा रक्त मीठा तो है, पर पतला या हल्का भी हो
इसका जिम्मा मै तो नहीं ले सकता,
शोशक भैया !
जैसे सागर की लहर
सुन्दर हो यह तो ठीक ,
पर यह आश्वासन तो नहीं दे सकती कि
किनारे को लील नहीं
लेगी !

+ + + + + + + + + +

वह मैं नही, वह तो तुम्हारा मेरा सम्बन्ध है !
जो तुम्हारा काल है ।'[9]

अज्ञेय में कवि रूप में अभिजात्य –वर्ग के प्रति तीव्र विराध हैं और अभिजात्य –वर्ग की छलना के प्रति तीव्र रोष भरा है उन्होने स्पष्ट रूप से शोषक की भर्त्सना की है ।

'जो राज करें
उन्हैं गुमान भी न हो
कि उनके अधिकार पर
किसी को शक है
और जिन्हे मुक्त जीना चाहिये
और उन्हें अपनी कारा में
इसकी खबर ही न हो
कि उनका यह हक हैं।'[10]

अभिजात्यवादी शोषक अर्थव्यवस्था की ओर संकेत करते हुए एक कविता में कहा गया है कि समाज का सामान्य वर्ग भले ही अपनी इच्छा से अपनी धरती देने को तैयार हो या न हो परन्तु बर्बर लुटेरे उसे जबर्दस्तो खींच ही ले जायेंगे परन्तु इस निश्चित स्थिति के बाद भी अपनी इच्छा से अपने साधनो को दूसरों को न देना इसलिए भी जरूरी कि इस संघर्ष में होने वाली पीडा हमारे सांस्कृतिक विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगी ।

'पर दोगे तो
कैसे जानोगे दर्द के अभी तक
अनन्वेशित आयाम ?
क्योंकि दर्द के
अभी और बहुत आयाम हैं
बहुत आयाम है
जिन्हें संस्कृति उद्‌घाटित करती हैं ।'[11]

निष्कर्ष – निष्कर्ष रूप में कह सकते है कि अज्ञेय अभिजात्य–वर्ग के प्रति अपनी कविताऐं ऐसे ढंग से लिख पायें जितना कोई प्रगतिवादी कवि भी नहीं लिख पाया ।

विभिन्न कविताओं के माध्यम से स्पष्ट होता है कि अज्ञेय किसी विचारधारा से बॅधे नही वे सदैव विचारधारा का अतिक्रमण करते है । अज्ञेय साम्यवादी विचारधारा के हिमायती नहीं ऐसा आरोप अनुचित है वें सम्पुर्ण ढंग से देखने के अनुवर्ती है किसी एक पक्ष को लेकर चलना उनका कविकर्म नहीं हैं । डॉ.शैल सिन्हा के शब्दों में कह सकते है कि इस प्रकार देखा जा सकता आर्थिक व्यवस्था को सुधार की भावना तथा सामाजिक वैषम्य के अन्त की कामना अज्ञेय में सदैव प्रबल रही।[12]

संदर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. शैल सिन्हा – प्रयोगवाद और अज्ञेय पृ. 61
2. अज्ञेय डॉ.नामवर सिह की पुस्तक आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियों से उद्धृत पृ.139
3. अज्ञेय, इत्यलम पृ. 156
4. डॉ.नामवर सिह आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियॉ पृ.140

5. अज्ञेय- सदानीरा प्रथम भाग पृ.149-150
6. अज्ञेय - इत्यलम पृ. 70)
7. अज्ञेय - इत्यलम पृ. 60
8. चन्द्रबली सिंह लोकदृष्टि और हिंदी साहित्य पृ 88
9. अज्ञेय -बावरा अहेरी - पृए क्र.42-43
10. अज्ञेय - इन्द्रधनु रौंदे हुए ये - पृ. 30
11. अज्ञेय - अन्तरा पृ.85
12. डॉ. शैल सिन्हा-प्रयोगवाद और अज्ञेय पृ. 63

****

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 का उपभोक्ता जागरूकता बढ़ाने में महत्व

डॉ. शक्ति जैन*

प्रस्तावना – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 जिसे बने हुए 33 वर्ष पूरे हो चुके, 1986 में जब यह अधिनियम सामने आया तो यह भी उपभोक्ता के हितों की सुरक्षा व उपभोक्ता जागरूकता के लिए ही बनाया गया था। परन्तु धीरे–धीरे इसमें कई कमियां व समस्यायें आने लगी जिनमें प्रमुख रूप से कई वर्षो तक उपभोक्ता अदालतों में मामले लंबित रहना, उपभोक्ता आयोगों पर काम का बोझ, क्रेता–विक्रेता अनुबंध विक्रेता के पक्ष में झुका होना, प्रक्रिया लम्बी और महंगी तथा जटिल होना, अनुचित नियम एवं शर्ते, उपभोक्ता अदालतों में पदों का खाली रहना, जिन कर्मचारियों की नियुक्ति हो उन्हें न्यायिक प्रक्रिया का ज्ञान न होना, तथा सबसे बड़ी समस्या वर्तमान समय में बढ़ता ई–मार्केट, ई–कंपनियों का बाजार में आना आदि।

इन सभी कमियों के कारण वर्तमान में बदलते उपभोक्ता बाजार में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की प्रासंगिकता कम हो रही थी अत: उपभोक्ता के अधिकारों की हितों की सुरक्षा के लिए एवं उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों तथा जिम्मेदारी के सम्बन्ध में अधिक जागरूक बनाने की आवश्यकता को देखते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 को लाया गया तथा 09 अगस्त 2019 को यह देश में लागू किया गया।

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम – 2019 का मुख्य **उद्देश्य** उपभोक्ताओं की सुरक्षा और त्वरित न्याय का मिलना है। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना तथा समय पर प्रभावी व्यवस्था उपलब्ध कराने तथा उपभोक्ताओं के विवाद निपटाने के लिए प्राधिकरणों की स्थापना करना है।

उपभोक्ता की अधिनियम 2019 की प्रमुख वातें –

उपभोक्ता की परिभाषा– उपभोक्ता वह व्यक्ति जो अपने इस्तेमाल के लिए कोई वस्तु खरीदता है या सेवा प्राप्त करता है इसमें वह व्यक्ति शामिल नहीं है जो दो बार बेचने के लिए किसी वस्तु को हासिल करता है या व्यावसायिक उद्धेश्य के लिए किसी वस्तु या सेवा को प्राप्त करता है। इसमें इलेक्ट्रानिक तरीके, टेलीशापिंग, मल्टीलेबल मार्केटिंग या सीधे खरीद के जरिये किया जाने वाला सभी तरह का ऑफलाइन या ऑनलाइन लेन देन शामिल है। इस तरह इसमें ऑफलाइन व ऑनलाइन दोनों उपभोक्ता आयेंगे तथा अब उपभोक्ता कहीं से भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकता है उपभोक्ता के हिसाब से यह बड़ी राहत है पहले उपभोक्ता वही शिकायत दर्ज कर सकता था जहॉ विक्रेता अपनी सेवायें देता है। ई–कामर्स से बढ़ती खरीद को देखते हुए यह अच्छा कदम है क्योंकि इस मामले में विक्रेता किसी भी लोकेशन में अपनी सेवायें देते हैं इसके अलावा इस अधिनियम में उपभोक्ता वीडियो कान्फ्रेंसिंग के द्वारा भी सुनवाई करने की इजाजत है इसमें उपभोक्ता का पैसा व समय दोनों बचाता है।

उपभोक्ता के अधिकार – इस अधिनियम में उपभोक्ता के अधिकारों को स्पष्ट किया गया है :–

1. ऐसी वस्तुओं और सेवाओं की मार्केटिंग के खिलाफ सुरक्षा प्रदान करना जो जीवन व संपत्ति के लिए जोखिमपूर्ण है।
2. वस्तुओं और सेवाओं की गुणवत्ता, मात्रा, शुद्धता, मानक और मूल्य की जानकारी प्राप्त होना।
3. प्रतिस्पर्धा मूल्य पर वस्तु और सेवा उपलब्ध कराने का आश्वासन प्राप्त होना।
4. अनुचित या प्रतिबंधित व्यापार की स्थिति में मुआवजे की मांग करना।

केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (Central Consumer Protection Authority) (CCPA)– उपभोक्ता के अधिकारों को बढ़ावा देने, उनकी सुरक्षा करने, लागू करने, उपभोक्ता को होने वाले नुकसान को रोकने के लिए जॉच करने तथा जरूरत पड़ने पर हस्तक्षेप करने और उत्पाद वापिस लेने और पीड़ित उपभोक्ताओं द्वारा सामूहिक रूप से मुकदमा दायर करने की कार्यवाही शुरू करने के लिए केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण की स्थापना की गई यह प्राधिकरण इस अधिनियम की महत्वपूर्ण बिन्दु है। यह प्राधिकरण निम्न कार्य करता है –

1. व्यापार के अनुचित तरीकों की शिकायतों पर कार्यवाही।
2. उपभोक्ता अधिकारों के उल्लंघन की जांच, इन्वेस्टिगेशन और उपयुक्त मंच पर कानूनी कार्यवाही शुरू करना।
3. जोखिमपूर्ण वस्तुओं को रीकॉल करने या सेवाओं को विद्ड्रा करने के आदेश जारी करना, चुकाई गई कीमत की भरपाई करना और अनुचित व्यापार को बंद करना।
4. खतरनाक और असुरक्षित वस्तुओं और सेवाओं के प्रति उपभोक्ताओं की सेफ्टी नाटिस जारी करना।
5. झूठे या भ्रामक विज्ञापन को बंद करने या उसे सुधारने का आदेश जारी करना तथा जुर्माना लगाना। CCPA झूठे या भ्रामक विज्ञापन के लिए मैन्युफैक्चरर या एन्डोर्सर पर 10 लाख रूपये तक का जुर्माना लगा सकती है दो बारा अपराध की स्थिति में यह जुर्माना 50 लाख रूपये तक बढ़ सकता है। मैन्यूफैक्चरिंग को दो साल तक की कैद की सजा भी हो सकती है जो हर बार अपराध करने पर पांच वर्ष तक बढ सकती है। इसके अतिरिक्त CCPA भ्रामक विज्ञापनों में एन्डोर्सर को उस विशेष उत्पाद या सेवा को एक वर्ष तक एन्डोर्स करने में प्रतिबंधित भी कर सकता है। एक बार में ज्यादा बार अपराध करने पर प्रतिबंध की अवधि तीन वर्ष तक बढाई जा सकती है। तथा केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के पास भ्रामक विज्ञापन को हटाने का निर्देश देने का अधिकार है।

*प्राध्यापक (राजनीतिशास्त्र) शासकीय स्वशासी कन्या स्नातकोत्तर उत्कृष्टता महाविद्यालय, सागर (म.प्र.) भारत

अधिनियम की अन्य बातें :-

1. अधिनियम में उन लोगों के खिलाफ दण्डात्मक कार्यवाहियों को भी सूचीबद्ध करने का प्रावधान है जो नकली या मिलावटी वस्तुओं के उत्पाद का विनिर्माण, भंडारण, वितरण, बिक्री या आयात करते हैं।
2. किसी भी उत्पाद के कारण होने वाले नुकसान के लिए दावेदार के प्रति निर्माता की देयता निर्धारित कर 'उत्पाद देयता' कार्यवाही का प्रावधान किया गया है।
3. उपभोक्ता अदालतों में न्याय प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए जिला, राज्य और राष्ट्रीय आयोगों में मध्यस्थता केन्द्रों की स्थापना महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है उपभोक्मा संरक्षण अधिनियम 2019 के अनुच्छेद 74-80 में वैकल्पिक विवाद पिनटान तंत्र के रूप में मध्यस्थता का प्रावधान है। जिसका **उद्देश्य** मध्यस्थता के माध्यम से उपभोक्ता विवादों के समाधान के लिए विधायी आधार प्रदान करता है इस प्रकार यह प्रक्रिया कम बोझिल सरल व तेज होती है यह प्रक्रिया उपभोक्ता अदालतों के तत्वाधान में क्रियान्वित की जायेगी और राज्य सरकार तथा केन्द्र सरकार मध्यस्थता प्रकोष्ठ के गठन का फैसला करेगी। अधिनियम की धारा 74 में उल्लेख किया गया है कि राज्य सरकार एक उपभोक्ता मध्यस्थता प्रकोष्ट की स्थापना करेगी जो उपभोक्ता अदालतों और प्रत्येक क्षेत्रीयपीठ से होगा प्रत्येक उपभोक्ता मध्यस्थता प्रकोष्ठ त्रैमासिक रिपोर्ट तैयार कर सम्बद्ध जिला आयोग, राज्य आयोग या राष्ट्रीय आयोग को प्रस्तुत करेगा। मध्यस्थता प्रकोष्ठ पैनल का कार्यकाल में तेजी से न्याय हो इसके लिए मध्यस्थता प्रकोष्ठ का गठन एक महत्वपूर्ण स्थान रखता है।

ई-कामर्स के सम्बन्ध में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 की निम्न बातें रखी गयी हैं -

1. उपभोक्ता संरक्षण कानून में ई-कामर्स दिशा निर्देश अनिवार्य होगे जिसमें धनवापसी अनुरोध को सम्पन्न करने के लिए 14 दिन की समय सीमा शामिल होगी।
2. ई-कॉमर्स को अपनी बेवसाइट पर वस्तुओं और सेवाओं की आपूर्ति करने वाले विक्रेताओं का विवरण प्रदर्शित करने और उपभोक्ता शिकायतों को हल करने की प्रक्रियाकी बाध्यता होगी।
3. ई-कामर्स कंपनियों को यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता होगी कि ग्राहकों की व्यक्तिगत पहचान सम्बंधी जानकारी सुरक्षित रहे।
4. वस्तु वापसी, धन वापिसी, वस्तु बदलने वारंटी/गारंटी, वितरण/शिपमेंट, भुगतान के तरीके, शिकायत निवारण तंत्र आदि के बारे में विक्रेता और ई-कामर्स इकाई के बीच अनुबंध की शर्ते उपभोक्ताओं को सूचित व प्रकाशित की जानी चाहिए।
5. मैनुफैक्चरिंग में खामी या खराब सेवाओं में अगर उपभोक्ता को नुकसान होता है तो इसे बनाने वाली कंपनी को हर्जाना देना होगा इसके साथ उपभोक्ता को होने वाले नुकसान / हादसे का भी जुर्माना देना होगा जैसे मैन्युफैक्चरिंग में खराबी के कारण प्रेशर कुकर में कटने पर उपभोक्ता को चोट पहुंचती है तो उस हादसे के लिए कंपनी को प्रेशर कुकर की लागत के साथ नुकसान का हर्जाना भी देना होगा।
6. ई-कामर्स प्लेटफार्म में सेवा प्रदाता भी शामिल होगें। प्रोडक्ट की जवाबदेही अब मैनुफैक्चरर के साथ सर्विस प्रावाइडर और विक्रेताओं पर भी होगी।
7. ई-कामर्स कंपनियों पर डायरेक्ट सेलिंग पर लागू सभी कानून प्रभावी होंगे। जैसे अमेजन, फिलिपकार्ट, स्नेपडील जैसे प्लेटफार्म को विक्रेताओं के व्योरे का खुलासा करना होगा इसमें उनका पता, बेवसाइट, ई-मेल आदि शामिल हैं।
8. ई-कामर्स कंपनियों की जिम्मेदारी होगी कि वे सुनिश्चित करे कि उनके प्लेटफार्म पर किसी तरह के नकली उत्पाद विक्री न हो अगर ऐसा होता है तो कंपनी पर पैनल्टी लगेगी। यह कदम उठाना बहुत ही महत्वपूर्ण था क्योंकि ई-कामर्स प्लेटफार्म पर नकली उत्पादों की विक्री के मामले बढ़े हैं।

उपभोक्ता विवाद निवारण कमीशन (CDRCS) (Consumer Disputes Redressal Commissoin) - जिला राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर उपभोक्ता विवाद निवारण कमीशन का गठन किया गया है एक उपभोक्ता निम्न के सम्बन्ध में आयोग में शिकायत दर्ज करा सकता है :-

1. अनुचित और प्रतिबंधित तरीके का व्यापार
2. दोषपूर्ण वस्तु या सेवायें
3. अधिक कीमत वसूलना या गलत तरीके से कीमत वसूलना
4. ऐसी वस्तुओं या सेवाओं की बिक्री के लिए पेश करना जो जीवन और सुरक्षा के लिए जोखिमपूर्ण हो सकती हैं।

जिला CDRC के आदेश के खिलाफ राज्य CDRC में सुनवाई की जायेगी तथा राज्य CDRC के आदेश के खिलाफ राष्टीय CDRC में सुनवाई की जायेगी। अंतिम अपील का अधिकार सर्वोच्च न्यायालय का होगा।

CDRC का क्षेत्राधिकार

1. जिला CDRC उन शिकायतों के मामलों की सुनवाई करेगा जिनके वस्तुओं और सेवाओं की कीमत एक करोड़ रूपये से अधिक न हो।
2. राज्य CDRC उन शिकायतों के मामलों की सुनवाई करेगा जिनके वस्तुओं और सेवाओं की कीमत एक करोड़ रूपये से अधिक हो लेकिन 10 करोड़ से अधिक न हो।



3. 10 करोड़ रूपये से अधिक की कीमत की वस्तुओं और सेवाओं से सम्बन्धित शिकायत राष्टीय CDRC द्वारा सुनी जायेगी।
4. उपभोक्ता अदालतों में उपभोक्ता विवादों के मामलों में निर्णय देने की प्रक्रिया को सरल बनाने के **उद्देश्य** से कई प्रावधान किये गये हैं जैसे -

उपभोक्ता विवाद निवारण एजेंसियों के वित्तीय अधिकार क्षेत्र को बढ़ाना, शिकायतों के त्वरित निपटाने की सुविधा के लिए उपभोक्ता अदालतों में न्यूनतम सदस्य संख्या बढ़ाना, राज्य तथा जिला आयोग द्वारा अपने स्वयं के अदेशों की समीक्षा करने का अधिकार।

5. शिकायतों के त्वरित निपटाने की सुविधा के लिए सर्किट पीठ का गठन।
6. जिला अदालत के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति के लिए प्रक्रिया में सुधार
7. आन लाइन शिकायतें दर्ज करना तथा उसे उपभोक्ता अदालत में शिकायत दर्ज कराना जिसके अधिकार क्षेत्र में शिकायतकर्ता का निवास आता हो।

अधिनियम की उपयोगिता –

1. केन्द्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) के माध्यम से विधेयक में त्वरित न्याय की व्यवस्था की गयी है।
2. भ्रामक विज्ञापनों व मिलावट के लिए कठोर सजा का प्रावधान है ताकि इस तरह के मामलों में कमी आये।
3. दोषपूर्ण उत्पादों या सेवाओं को रोकने के लिए निर्माताओं और सेवादाताओं की जिम्मेदारी का प्रावधान होने से उपभोक्ताओं को छानबीन करने में अधिक समय खर्च करने की जरूरत नहीं होगी।
4. उपभोक्ता आयोग से सम्पर्क करने में आसानी और प्रक्रिया का सरलीकरण होना।

इस तरह यह अधिनियम उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 पर सुधार के रूप में आया है। इसकी बहुत ही अधिक आवश्यकता थी इस अधिनियम में त्वरित न्याय व उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा का ध्यान दिया गया है। इस नये कानून में उझअअ का गठन, भ्रामक व झूठे विज्ञापन पर नियम, मध्यस्थता प्रकोष्ठ का गठन, ई–कामर्स फर्मो और इलेक्ट्रानिक डिवाइस बेचने वाली कंपनियों के लिए दिये गये सख्त दिशा निर्देश इस अधिनियम की उपयोगिता को बताते हैं। अब आवश्यकता है कि उपभोक्ता जागरूक रहे और आवश्यकता पड़ने पर इस अधिनियम का लाभ उठाये। निश्चित है यह अधिनियम उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने व जागरूक करने तथा समय पर न्याय दिलाने में प्रभावी और मददशील होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. पत्रिका योजना दिसम्बर 2019
2. उपभोक्ता संरक्ष्ण एक्ट 1986, 2019 (भारत का राजपत्र)
3. PRS Legislative Research
4. www.drishtias.com
5. Economic Times App.

****

हैदराबाद के निजाम संग्रहालय में संग्रहित 18वीं–19वीं शताब्दी में निजाम परिधान के सन्दर्भ में

डॉ. आशीष गर्ग* साक्षी सिंहवाल**

प्रस्तावना – तेलंगाना के हैदराबाद में स्थित निजाम संग्रहालय पुरानी हवेली में स्थित है। यह संग्रहालय निजाम शासकों की बेशकीमती चीजों के लिये विश्व प्रसिद्ध है। इस हवेली के पूर्वी हलके में सीढ़ियों से चढ़ते ही आपको निजाम शासकों की शानो–शौकत दिखाई देनी आरम्भ हो जाती है। यह हैदराबाद के आखिरी निजाम मीर उस्मान अली खाँ के **240 फुट** लम्बे इमारती लकड़ी के **वार्डरोब** के बीच का हिस्सा है। इस दो मंजिला वार्डरोब को दुनिया का सबसे बड़ा वार्डरोब माना जाता है, जिसमें इनकी शाही पोशाकें, जूते, पगड़ियां ही नहीं वरन् आसिफ जाह खानदान के शानदार जेवरात और दुनिया भर से एकत्र की गयी अनोखी कलाकृतियों का आकर्षक संग्रह है।

अठ्ठारहवीं शताब्दी के प्रारम्भ में मुगल सम्राट औरंगजेब ने मीर कमरूद्दीन को दक्कन का वायसराय नियुक्त किया। योग्य एवं कर्मठ कमरूद्दीन को सन् 1713 में फर्रूखसियर ने 'निजात–उल–मुल्क–फतेह जंग' की उपाधि प्रदान की। उसके बाद से ही वे और उनके वंशज **'निजाम'** के नाम से अधिक लोकप्रिय हुए, जिससे तत्कालीन मुगल शासकों का प्रभाव धीरे–धीरे कम होने लगा और वे एक स्वतन्त्र शासक के रूप में राज करने लगे।

निजाम शासकों की जीवन–शैली एवं दरबार–पद्धति मुगलों से प्रभावित रहीं, ऐसा उनके लघु–चित्रों एवं छाया–चित्रों को देखकर लगता है, जो आज हैदराबाद के चौमोहल्ला महल, पुरानी हवेली, सालारजंग संग्रहालय, राजा दीन दयाल संग्रह एवं अनेक निजी संग्रहों में संग्रहित हैं। इन चित्रों में निजाम शासक मुगलों की ही भाँति जामा–पजामा–पटका–पगड़ी पहने दिखायी देते हैं। पुरूषों द्वारा पहने जाने वाले परिधान **'जामा'** वस्तुत: मध्य एशिया में पहने जाने वाले परिधान हैं, जो मुस्लिम शासनकाल से भारत में भी लोकप्रिय हुई। मध्यकालीन लघु–चित्रों में सभी मुगल राज 'जामा' पहने की दर्शाये गये हैं। राजाओं की रूचि के अनुसार समय–समय पर जामा की लम्बाई, घेरे इत्यादि में परिवर्तन होते रहे हैं। वस्तुत: जामा परिधान ऊपर से कसी हुई और नीचे से स्कर्ट की भाँति घेरदार होती थी और इसे वक्षस्थल पर बाँधने के लिये अनेक डोरियों का प्रयोग किया जाता था। कभी–कभी तो ये डोरियाँ इतनी लम्बी होती थी कि कमर तक लटकती थी। जामा के लिए ज्यादातर राजाओं ने सूती अथवा मलमल वस्त्र का प्रयोग किया, जिसका आयात निजाम परिवार मिस्र से करते थे, ताकि गर्मी में ये परिधान अधिक आरामदेह रहें। यूँ तो रेशम और जरी से बने ब्रोकेड वस्त्रों का उपयोग समय–समय पर, अवसर के अनुरूप किया जाता रहा है।

निजाम शासकों के चित्रों में उन्हें मलमल के घेरदार जामा और ब्रोकेड वस्त्रों को प्रदर्शित किया गया है। सम्भवत: इस समय तक आते–आते निजाम अपने धन–वैभव को दर्शाने लगे थे। निजाम महबूब अली पाशा का राज्याभिषेक सिर्फ सात वर्ष की उम्र में हुआ और उन्हें हरे रंग का मखमल का चोगा, जिस पर जरदोजी से कढ़ाई की गयी थी, पहना था। इसी प्रकार सातवें निजाम उस्मान अली ने सन् 1911 में अपने राज्याभिषेक के अवसर पर जो रेशम की लाल रंग की ब्रोकेड शेरवानी पहनी थी, वह अभी भी हैदराबाद के निजाम संग्रहालय में सुरक्षित है।

जामा, अचकन या शेरवानी के साथ **चूड़ीदार पजामा** ही निजाम शासकों की पसन्द रही। यद्यपि चूड़ीदार पजामा के अतिरिक्त चौड़े पाँवचे के पजामे का भी प्रयोग निजाम परिवार में हुआ है, जैसाकि चौमोहल्ला महल,

* पी.एच.डी. असिस्टेंट प्रोफेसर (ड्राइंग एंड पेंटिंग) फाइन आर्ट्स डिपार्टमेन्ट श्री राम कॉलेज, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत
** एम.एफ.ए. IVth सेमेस्टर (टैक्सटाइल) श्री राम कॉलेज, फाइन आर्ट्स डिपार्टमेन्ट, मुजफ्फरनगर (उ.प्र.) भारत

पुरानी हवेली एवं अन्य संग्रहालय के छवि-चित्रों में देखने को मिलता है।

मूल परिधानों के अतिरिक्त कमर पर कमरबन्द अथवा पटके का प्रयोग किया। छह फुट लम्बे और डेढ़ फुट चौड़े पटके को जामा के ऊपर दो से तीन बार कमर पर इस प्रकार लपेटा जाता था कि उसके पल्लू का एक हिस्सा सामने की ओर लटकता रहता था, जो पूरे परिधान को एक आकर्षक स्वरूप प्रदान करता था।

महबूब अली पाशा के समय से पटके के स्थान पर **बैल्ट** का प्रचलन अधिक हुआ, तभी तो उनके आभूषणों के संग्रह में सोने की बनी एक दर्जन से भी बैल्ट हैं। ये सभी बैल्ट सोने अथवा जरी के तार से बनी हुई हैं और बक्कल हीरे, मोती, पन्ना, माणिक से सुसज्जित हैं।

प्रारम्भिक निजाम शासकों ने सफेद रंग की पगड़ी का ही प्रयोग किया। कालान्तर में महबूब अली पाशा ने यूरोपीय हैट की ही भाँति सिली हुई पगड़ी पहननी प्रारम्भ की, जिसे '**दस्तार'** (तुर्की भाषा का शब्द) भी कहते है। अलग-अलग रंगों की दस्तार समाज के विभिन्न विशिष्ट व्यक्तियों की सामाजिक हैसियत की पहचान भी बनी। उदाहरणत: निजाम हमेशा **पीले रंग** की दस्तार पहनते थे, जिस पर मणियों से जड़ित '**सरपेंच'** लगा होता था, जिसे कोई अन्य व्यक्ति नहीं पहन सकता था। निजाम के पश्चात् सामाजिक स्तर पर पगाह परिवार को प्राय: गुलाबी पगड़ी में देखा जाता था और इसी प्रकार अन्य लोगों की भी पगड़ी का रंग निश्चित था।

जामा-पजामा-पटका-पगड़ी के प्रारम्भिक परिधान के अलावा महबूब अली पाशा के समय में यूरोपीय फैशन के अनुरूप कुछ परिवर्तन करते हुए दो नये परिधान फैशन में आये, जिन्हें **अचकन शेरवानी** कहते है। घेरदार जामा के स्थान पर कम घेर वाली इन दोनों परिधानों की लम्बाई भी कम की गई थी। जामा के सीधे कन्धे के कटाव के स्थान पर यूरोपीय कोट की भाँति अचकन एवं शेरवानी के कन्धे की कटाई थोड़ी झुकी हुई की गयी। चोगे के ढीले-ढाले परिधान की जगह टाइट फिटिंग वाली अचकन और शेरवानी का प्रचलन बढ़ा, जो आज भी बहुप्रिय परिधानों में से एक है।

निजाम के अनेक छाया–चित्रों, लघु–चित्रों एवं पुस्तकों की मद्द से ज्ञात होता है कि निजाम की बेगमें भी उन्हीं की तरह वस्त्र एवं जेवरात की शौकीन थी। उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर यह कहा जा सकता है कि निजाम शासकों की पत्नियों ने भी उन्हीं की भाँति मुगल बेगमों से प्रभावित होकर **पेशवाज–चूड़ीदार पजामा–चोली–दुपट्टा** को ही ज्यादा पहना। यद्यपि अंगरखी, कुर्ता एवं कुर्ती के अतिरिक्त साड़ी, चोली अथवा ब्लाउज का उपयोग भी निजाम बेगमों ने किया। उन्होंने पैठन, बनारस, चन्देरी, कश्मीर इत्यादि स्थलों के अतिरिक्त चीन से भी रेशम के कपड़े का आयात कर अपनी पसन्द के परिधान भी बनवायें। ब्रोकेड वस्त्रों के अतिरिक्त जरी, गोटे, किनारी का काम उस समय काफी लोकप्रिय हुआ और बेगमों के वस्त्रों में ज्यादा से ज्यादा उपयोग में लाया गया। मुस्लिम प्रभाव के अतिरिक्त पारम्परिक हिन्दू परिधानों जैसे– साड़ी, चोली का प्रयोग भी काफी हुआ। यहाँ पैठन, चन्देरी तथा बनारस से निरन्तर वस्त्रों का आयात हुआ करता था।

परिधान **'पेशवाज'** जामा की ही भाँति तंग चोली और खूब घेरदार स्कर्ट की भाँति बनी हुई होती थी, जिसे सम्भवत: निजाम बेगमों ने मुगल बेगमों से प्राप्त किया था। 'पेशवाज' की लम्बाई 'जामा' की भाँति अधिक नहीं बल्कि केवल घुटने तक ही हुआ करती थी। सफेद अथवा रंगीन मलमल की बनी हुई पेशवाज को प्राय: जरी की गोटा–किनारी इत्यादि से गले, कन्धे, घेरे एवं सामने की ओर आकर्षक ढंग से सजाने का प्रचलन काफी लोकप्रिय हुआ। चोली में सामने की ओर 'आई–हॉल' अर्थात् आँख के आकार का छेद हुआ करता था, जो अठ्ठारहवीं शताब्दी की पहाड़ी शैली के लघु–चित्रों में भी देखने को मिलता है।

निजाम बेगमें पेशवाज के अतिरिक्त **'अंगरखी'** परिधान भी पहना करती थी। पुरूषों द्धारा पहनी जाने वाले परिधान **'अंगरखा'** की ही भाँति अंगरखी होती थी, जिसकी लम्बाई कुछ छोटी हुआ करती थी। तंग चोली और घेरदार इस परिधान का ऊपरी हिस्सा यानि चोली गोलाकार सजी होती थी और पेशवाज की तरह उसमें कोई छेद (आई–हॉल) नहीं होता था। बेगमों के चित्रों को देखने से और उपलब्ध साक्ष्यों से ज्ञात होता है कि पेशवाज के साथ चूड़ीदार पजामा का चलन था। जरी–ब्रोकेड के इन चूड़ीदार पजामों पर प्राय: फूल–पत्ती के डिजाइन बने होते थे। बेगमों के पजामों में एक ओर खास बात होती थी कि उनके पाँवचे जरी की गोट अथवा किनारी से सजे होते थे।

निजाम बेगमों का दुपट्टा ओढ़ने का तरीका भी अत्यन्त आकर्षक होता था। इस दुपट्टे की लम्बाई–चौड़ाई उत्तर भारत की ओढ़नी से दोगुनी हुआ करती थी। उत्तर भारत में औरतें ज्यादातर ओढ़नी से वक्षस्थल और सिर को ढका करती थी, लेकिन दक्षिण भारत में उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर पता चलता है कि निजाम बेगमें प्राय: इस प्रकार दुपट्टा ओढ़ती थी कि उससे उनका पूरा शरीर एक प्रकार से ढक जाता था और दुपट्टे का एक छोर बंगाली साड़ी की भाँति सामने की ओर पूरी तरह खुला हुआ रहता था और अन्तिम छोर पर माणिक से जड़ित ब्रोच लटकन की भाँति जुड़ा रहता था। इस प्रकार से दुपट्टा ओढ़ने के तरीके को **'खड़ा दुपट्टा'** कहा जाता था। हाँलाकि कुछ चित्रों में उन्हें लंहगे पर दुपट्टे को साड़ी की ही भाँति लपेटे हुये दर्शाया गया है। कभी–कभी दुपट्टे को शॉल की तरह ओढ़े हुए भी दिखाया गया है। वर्तमान में भी इस फैशन का अनुसरण किया जा रहा है।

अठ्ठारहवीं–उन्नीसवीं शताब्दी में छोटी–छोटी और आगे से नुकीली एवं घुमावदार जूती का चलन आया था, तभी तो अनेक छाया–चित्रों में बेगमों को इस प्रकार की जूती पहने हुये दिखाया गया है। छोटी–छोटी जूतियाँ हों या बड़ा सा दुपट्टा या फिर वेलवेट के परिधान, जरदोजी का और सिल्क–

ब्रोकेड का काम सभी प्रकार के परिधानों में नजर आता है। उनमें रंगों एवं डिजाइनों का सुरूचिपूर्ण संयोजन देखने को मिलता है। सुर्ख रंगों का प्रयोग एवं ज्यादा फूल-पत्ती के डिजाइनों का प्रचलन भी निजाम शाही परिवार के परिधानों में नजर आता है।

खूब सारे जेवरातों और रंग-बिरंगे वस्त्रों से सुसज्जित निजाम एवं उनकी बेगमों के चित्रों को देखकर निजाम शासकों के वैभव एवं उनकी फैशन के प्रति रूचि का ज्ञान होता है, जिसे आज भी काफी हद तक अनुसरण किया जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. संग्रहाध्यक्ष, सुसज्जा एवं वस्त्र कला, राष्ट्रीय संग्रहालय, जनपथ, नई दिल्ली।
2. निजाम संग्रहालय, पुरानी हवेली, हैदराबाद (तेलंगाना)।
3. चौमोहल्ला महल संग्रहालय, हैदराबाद (तेलंगाना)।
4. 'ए गाइड टू हेरिटेज ऑफ हैदराबाद' , मधु वोट्रे , 01 सितम्बर 2010।

****

भारत की अर्थव्यवस्था पर माल एवं सेवाकर (जीएसटी) का प्रभाव

डॉ. राजीव कुमार झालानी* माधुरी रोजड़े **

शोध सारांश – माल एवं सेवाकर वस्तु एवं सेवाओं की आपूर्ति पर लगाया जाता है। जीएसटी में सभी प्रकार के करों जैसे – उत्पादन शुल्क, केन्द्रीय बिक्री कर और मूल्य वर्धित कर आदि को एक ही शासन के तहत लिया गया है। जीएसटी के तहत 3 टैक्स लागू है। सीजीएसीटी, एसजीएसटी, आईजीएसटी। माल एवं सेवाकर कर का परिचय देश के एक व्यापक अप्रत्यक्ष कर सुधार की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में अपेक्षित किया गया है, जो भारत की आर्थिक विकास का नेतृत्व करेगा। प्रस्तावित अध्ययन विभिन्न प्रकार के क्षेत्रों पर भारतीय अर्थव्यवस्था पर जीएसटी के प्रभावों को जानने के लिए किया गया है। अध्ययन कि प्रकृति खोजपूर्ण है और अध्ययन के लिए माध्यमिक डेटा का उपयोग किया गया है। डेटा विभिन्न प्रकार के पत्रिकाओं, समाचार पत्रों से एकत्रित किया हुआ है।

शब्द कुंजी – माल एवं सेवाकर, दोहरा माल एवं सेवाकर, भारतीय अर्थव्यवस्था, मूल्य वर्धित कर।

प्रस्तावना – जीएसटी एक विशाल अवधारणा है, जो किसी भी देश की आर्थिक वृद्धि को समर्थन और बढ़ावा देकर विशाल कर संरचना को सरल बनाती है। जीएसटी सभी वस्तु और सेवाओं के विनिर्माण, बिक्री और उपभोग को एक व्यापक कर श्रेणी में लाती है। माल एवं सेवाकर विधेयक है, जिसे संविधान विधेयक 2014 के रूप में भी जाना जाता है। भारत में माल एवं सेवाकर एक राष्ट्रीय स्तर पर लागू होने वाले मूल्यवर्धित कर की शुरूआत करता है। माल एवं सेवाकर उत्पादन के सभी चरणों पर अप्रत्यक्ष कर के रूप में वसूल किया जाता है जो कि कर प्रणाली में एकरूपता लाने के लिए है। इसमें जीएसटी का केन्द्र और राज्य करों के रूप में समामेलन किया गया है जो कि घरेलू बाजार एवं अंतर्राष्ट्रीय बाजार को बढ़ाने के साथ–साथ भारत की स्थिति को भी बढ़ाएगा। माल एवं सेवाकर उपभोक्ता स्तर पर भी कर का बोझ कम करेगा। इसके अंतर्गत इनपुट टैक्स क्रेडिट सिस्टम में यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता द्वारा एक स्तर पर कर के भुगतान करने पर दूसरे स्तर पर इनपुट टैक्स रिबेट प्रदान की जाती है। विभिन्न प्रकार के अप्रत्यक्ष जैसे केन्द्रीय स्तर पर उत्पादन शुल्क और सेवा कर और राज्य स्तर पर वैट जैसे कुछ करों के भुगतान से बचने के लिये जीएसटी इन करों को एकीकृत करेगा और पूरे देश में एक समान बाजार बनाएगा।

माल एवं सेवाकर का अर्थ – अप्रत्यक्ष करों के क्षेत्र में माल एवं सेवाकर एक नवीनतम अवधारणा के रूप में प्रस्तुत हुआ है। यह कर को माल एवं सेवाकर (GST) के रूप में भारत में प्रचलित हुआ है। इस कर के अंतर्गत जितनी बार भी माल बेचा जाता है या सेवाऐं प्रदान की जाती है इस पर यह कर वसूल किया जाता है अर्थात् किसी भी वस्तु एवं सेवाकर के लागत मूल्य में जो वृद्धि होती है उस पर यह कर वसूल किया जाता है एवं इस कर का अंतिम भार उपभोक्ता पर पड़ता है।

माल एवं सेवाकर के प्रकार –

1. **केन्द्रीय माल एवं सेवाकर (सीजीएसटी) –** यह भारत की केन्द्रीय सरकार के द्वारा वसूल किया जाता है एवं इस कर से वसूल की कर की सम्पूर्ण राशि पर केन्द्र का अधिकार होता है। माल एवं सेवाकर लागू होने से पहले केन्द्र सरकार द्वारा केन्द्रीय उत्पादन शुल्क एवं विभिन्न प्रकार के उपकर जैसे विशेष उत्पादन शुल्क, सीमा शुल्क आदि कर वसूल किये जाते थे।
2. **राज्य माल एवं सेवाकर (एसजीएसटी) –** यह कर देश की विभिन्न राज्य की ओर से वसूल किया जाता है। इस व्यवस्था के अन्तर्गत राज्यों को माल की बिक्री पर कर लगाने का अधिकार दिया गया। इस कर के लागू होने से वेट प्रवेश शुल्क अधिक कर समाप्त हो गये थे।
3. **एकीकृत जीएसटी (आईजीएसटी) –** अंतर्राज्यीय यानि दो राज्यों के बीच होने वाले माल एवं सेवाओं के आदान–प्रदान के साथ ही आयतों पर भी यह कर वसूल किया जाता है। यह कर केन्द्र सरकार के द्वारा एकत्रित किया जाता है और आगे इससे संबंधित राज्य की राज्य सरकार के बीच वितरित कर दिया जाता है। आईजीएसटी उस समय लगाया एवं वसूल किया जाता है जब किसी उत्पादन या सेवा को एक राज्य से दूसरे राज्य में ले जाया जाता है।

भारत में माल एवं सेवाकर के सकारात्मक प्रभाव :

1. माल एवं सेवाकर से भारत के राजस्व में वृद्धि होती है क्योंकि यह प्रत्येक व्यवहार में बढ़े हुए मूल्य पर कर वसूल किया जाता है और यह कर सरकार को मिलता है।
2. माल एवं सेवाकर अपनाने से कर के अपवंचन पर भी रोक लगी है।
3. माल एवं सेवाकर, उत्पादकों द्वारा माल एवं सेवा श्रृंखला में भुगतान किए गए करों के लिए क्रेडिट प्रदान करेगा। इससे उत्पादकों को विभिन्न पंजीकृत डीलरों से कच्चा माल खरीदने के लिए प्रोत्साहित होंगे।

भारत में माल एवं सेवा कर के नकारात्मक प्रभाव :

1. माल एवं सेवा कर में रिटर्न प्रस्तुति कम्प्यूटरों के द्वारा की जाती है जिसके साथ ही बहुत से छोटे व्यापारी बीजक–पत्र व हिसाब–किताब रखने से व ऑनलाईन प्रक्रिया से बचने का हमेशा प्रयत्न करते हैं।
2. माल एवं सेवा कर के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए केन्द्र व राज्य दोनों सरकारों को अपने स्तरों पर कर के प्रशासन के लिए कर्मचारियों को

* प्राचार्य, रूक्मादेवी पन्नालाल माहेश्वरी महाविद्यालय, इंदौर (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

ठीक तरह से प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

3. माल एवं सेवाकर एक नई कर प्रणाली है जिसे लोगों को इसे पूरी तरह समझने में कुछ समय और लगेगा।

साहित्य का पुनरावलोकन –

1. **विश्व बैंक (2018) –** 'जीएसटी इन इंडिया' ने सभी शोध के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला है कि भारतीय माल एवं सेवाकर प्रणाली दुनिया की सबसे जटिल कर प्रणाली है। इसकी उच्च कर की दरें व बड़ी कर की दर इसकी अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक प्रभाव डालती है।
2. **राठौड़ एम. (2019) –** इन्होंने अपने शोध में पाया कि जीएसटी एक भारत की अर्थव्यवस्था को विकसित बनाने में एक महत्वपूर्ण कदम है जो पूरे राष्ट्र को लाभान्वित करेगा।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत शोध की प्रकृति एक वर्णनात्मक प्रकृति है क्योंकि इस शोध में विभिन्न क्षेत्रों पर माल एवं सेवा कर के प्रभावों के बारे में बताया गया है और इसके सम्बन्ध में विभिन्न आंकडे ज़ीएसटी के बारे में प्रकाषित विभिन्न लेखों, शोध पत्रों एवं पुस्तकों के माध्यम से एकत्रित किये गये हैं।

अध्ययन का उद्देश्य :

1. माल एवं सेवाकर की अवधारणा समझने व अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव का अध्ययन करना इस शोध पत्र का उद्देश्य है।
2. माल एवं सेवा कर के सकारात्मक एवं नकारात्मक प्रभावों का अध्ययन करने के लिए।

1. आर्थिक गतिविधि पर प्रभाव – माल एवं सेवाकर आर्थिक गतिविधि पर सकारात्मक रूप से प्रभावित करता है या नहीं यह मूल्यांकन करना बहुत कठिन है। भारतीय प्रशासन की कर व्यवस्था यह मानती है। जीएसटी के साथ वह एक सही रास्ते पर कार्य कर रही है। भारतीय व्यापार कार्यकारी माल एवं सेवाकर के साथ एक आषावादी दृष्टिकोण से साझा करता है 'द इंडियन एक्सप्रेस' की एक रिपोर्ट में आईसीआईसीआई बैंक की सीईओ चंदा कोचर से यह कहा है। माल एवं सेवाकर परिवर्तनकारी संस्थनात्मक सुधार है, जिसे कई प्रकार के फायदे हैं व इन लाभों से एक राष्ट्रीय बाजार की स्थापना सुगम होती है व बेहद उत्पादकता होती है। माल एवं सेवाकर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा कदम साबित हो सकता है।

2. ऑटोमोबाइल सेवा पर माल एवं सेवाकर के प्रभाव – माल एवं सेवाकर लागू होने से पहले ऑटोमोबाईल उद्योग पर 30–45 प्रतिशत की बीच की कर का भुगतान किया जा रहा था। लेकिन यह कर प्रणाली लागू होने के बाद 18 प्रतिशत की निर्धारित दर से कर का भुगतान किया जो एक सकारात्मक प्रभाव डालती है। यह दर डीलरों, उपभोक्ताओं, निर्माता सबके लिए लाभदायक होगी। माल एवं सेवाकर लागू होने से ऑटोमोबाईल उद्योग में भारी उछाल देखा गया है।

3. उपभोक्ता वस्तुओं एवं सेवा पर प्रभाव – माल एवं सेवाकर लागू होने से माल व उपभोग भी कई वस्तु एवं सेवा पर इसके प्रभाव को देख सकते हैं। यह कर प्रणाली लागू होने से कुछ खाद्य वस्तु जो कर मुक्त थी उन वस्तु को कर की श्रेणी में रखा गया है और वस्तु कर योग्य थी उन्हें कर मुक्त कर दिया गया है। कुछ खाद्य उत्पादों पर 0 प्रतिशत लगता है परंतु कुछ सेवाओं पर 15 प्रतिशत से 18 प्रतिशत की वृद्धि देखी जा सकती है।

4. दवा उद्योग पर माल एवं सेवाकर के प्रभाव – मानव जीवन में दवायें एक जीवन दायनी औषधी का काम करती है। माल एवं सेवाकर लागू होने से दवा उद्योग पर प्रभाव देखा जा सकता है। कुछ दवाइयों पर 5 प्रतिशत की दर से कर लगाया जाता है और कुछ दवाइयों पर 12 प्रतिशत की दर से। इस दर में वह उत्पादन शुल्क विभिन्न प्रकार के कर को शामिल किया जाता है।

5. कपड़ा उद्योग पर प्रभाव – कपड़ा उद्योग पर माल एवं सेवाकर की दर 18 प्रतिशत से घटाकर 50 प्रतिशत कर दी गई है। जीएसटी के अंतर्गत एक प्रभाव यह भी है कि यहाँ इनपुट टैक्स क्रेडिट की व्यवस्था इसके अंतर्गत आएगी। यदि कोई पंजीकृत करदाता कंपोजिशन स्कीम से इनपुट खरीदता है, जो इसकी अनुमति नहीं है। यह पुंजीगत वस्तुओं पर चुकाए गए कर के लिए उपलब्ध है।

6. टेलीकॉम सेंटर पर माल एवं सेवाकर का प्रभाव – टेलीकॉल सेंटर पर दूर संचार सेवाओं पर माल एवं सेवाकर की दर 18 प्रतिशत कर दी गई है। जो पहले की दरों से बहुत अधिक है। इसका असर आम आदमी के बजट पर पड़ता है।

निष्कर्ष – भारत देश की अर्थव्यवस्था में दक्षता और समानता एक अच्छी कर प्रणाली के द्वारा ही लाई जा सकती है। एक अच्छी कर प्रणाली की आय के वितरण के साथ सरकार को राजस्व उत्पन्न करना चाहिए। माल एवं सेवाकर प्रणाली लागू होने से कराधान प्रणाली में सरलता और पारदर्शिता बन गई है। यह कर प्रणाली भारतीय अर्थव्यवस्था को आर्थिक विकास के लिए मजबूती प्रदान करेगा। माल एवं सेवाकर प्रणाली अप्रत्यक्ष कर प्रणाली में उपलब्ध सभी प्रकार की जटिलताओं को हल करेगा। यह विभिन्न प्रकार के उपभोक्ताओं, उत्पादकों व सरकार को राहत प्रदान करेगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Model of GST law
2. www.finmin.nic.in/report/model gstow draft.law
3. दैनिक भास्कर
4. टाईम्स ऑफ इण्डिया
5. इंडिया टुडे

****

Effects of mental health during Covid-19

Dr. Sonali Singh*

Abstract - We all know that Covid-19has an impact on the mental health of every person. As the coronavirus pandemic rapidly sweeps across the world, it is inducing a considerable degree of fear, worry and concern in the population at large and among certain groups in particular, such as older adults. Care providers and people with underlying health conditions.In public mental health terms, the main psychological impact to date is elevated rates of stress or anxiety. But as new measures and impacts are introduced – especially quarantine and its effects on many people's usual activities, routines or livelihoods – levels of loneliness, depression, harmful alcohol and drug use, and self-harm or suicidal behaviour are also expected to rise. In populations already heavily affected, such as Lombardy in Italy, issues of service access and continuity for people with developing or existing mental health conditions are also now a major concern, along with the mental health and well-being of frontline workers. As part of its public health response, WHO has worked with partners to develop a set of new materials on the mental health and psychosocial support aspects of COVID-19.

Looking after our mental health - As countries introduce measures to restrict movement as part of efforts to reduce the number of people infected with COVID-19, more and more of us are making huge changes to our daily routines. The new realities of working from home, temporary unemployment, home-schooling of children, and lack of physical contact with other family members, friends and colleagues take time to get used to. Adapting to lifestyle changes such as these, and managing the fear of contracting the virus and worry about people close to us who are particularly vulnerable, are challenging for all of us. They can be particularly difficult for people with mental health conditions. Fortunately, there are lots of things that we can do to look after our own mental health and to help others who may need some extra support and care.

Worries For Future - Peter Kinderman, a professor of clinical psychology at the University of Liverpool and a former chair and president of the British Psychological Society, has been researching into mental health and suffering. He believes that most people in Britain will be more concerned about their future, and the economy, opposed to the current pandemic.

"I think that the pandemic itself, the virus, is a significant challenge for people. But I think we understand that collectively and we're okay with that," Kinderman told Xinhua. He stresses that his main concern is how people will react to the future issues that arise - the knock-on effects of the pandemic: potential higher taxation, unemployment, and recession. These have all been factors in psychology studies on mental health after major world crises.

According to Kinderman, in previous pandemics like Black Death that ravaged Europe between 1347 and 1351, the social and psychological structures were challenged by the aftermath of that particular disease event.

The 1918 influenza pandemic also seemed to have major impacts on mental health across Europe, albeit findings have been tied in with the consequences of the World War .

"My real fear is that as we come out of this with significant numbers of people unemployed, very significant changes to working practices, a lot of people in financial difficulties, massive investments by the government using taxpayers' money that people will have to pay back ... the consequences for the economy and the social disruption that that causes will be where the major mental health, emotional, behavioural consequences form," Kinderman said. The professor believes that this could give rise to fear and anxiety in people across Britain, possibly giving way to depression.

Wellbeing Under Pressure - Many people across Britain, like Mitchell, are appearing to adapt to lockdown relatively well.

Mitchell has stuck to a routine of making sure to exercise everyday, stay in touch with friends and family, and have all of his chores done by the end of each day. He believes this has been key to keeping him relatively positive.

"Lots of my colleagues are doing research into the question: What is it about the current situation that you find difficult, or indeed uplifting and positive?" Kinderman said.

He said in broad terms the three strongest predictors of wellbeing are physical health, relationships and the sense of meaning and purpose.

***Assistant Prof. (Physical Education) JKP(P.G) College, Muzaffarnagar (U.P.) INDIA**

"The physical health is under threat at the moment - not only from the virus, but by lack of physical exercise," he said, adding that there is a strain on relationships as "we in lockdown are not seeing people nor can we talk about things in quite the same way".

"And the sense of meaning and purpose, and I think one of the things that is worrying about this period is a lot of people seem to be waiting."

Exiting Lockdown - Like many others, Mitchell said that he is conflicted in what he wants to happen next. He wants the lockdown to end, but also wants to make sure that it is safe to go out.

"As lockdown eases I think we're going to see a lot of very complicated but essentially normal human reactions to a really unusual situation," Kinderman said.

He believes that being in this conflicting state is emotionally difficult to process.

"When the lockdown does lift, I think those of us who've been paying attention will be worried about a second wave of infection. So we'll be keen to get out there and do things but we'll also be worried. We'll probably be making adjustments, so we'll probably be outdoors and interacting with people but wearing face masks.

Conclusion - Currently there are a number of studies being undertaken by psychologists to try and better understand how people are being mentally affected by the coronavirus pandemic. Another study, which Kinderman is lending his expertise to, is surveying over 90,000 people across Britain to see how they can identify which groups are more at risk and understand the effects of any potentially protective activities people could be engaging in - this will help to inform the advice people are given about how to stay well at home. But throughout his research on mental health and lockdown, Kinderman is keen to emphasise that humans always find a way to work together when under threat.

References :-

1. Anushree Gupta Updated May 24, 2020 | 14:00 IST After-effects of COVID-19 pandemic may trigger mental health issues, and it is worrisome
2. WHO briefing note – Mental health and psychosocial considerations during COVID-19outbreak [www.euro.who.int>healthtopic.
3. Wold health organization-Healthy At home-mental health,2020.

****

Management of Agricultural Waste

Dr. Sadhna Goyal*

Introduction - Waste is a valuable raw material located at a wrong place. It can be converted into useful products by making use of appropriate processing technology. Agriculture wastes are non edible oil seeds, waste from fruit and vegetable processing, bagasse and pressmud from sugar factories. Modern advances in science and technology have led to very profitable utilization of wastes and many of the developed and industrialized countries have taken great strides in this field. Utilization and recycling of wastes is a complex field where there is a meet for continued techno economic studies as a base for policy development to advance the government for short term as well as long term policies for action oriented programs. Because of the tremendous magnitude of the problem in India, there is a tremendous need of research and development work in the field of waste utilization to a level that can be implemented so as to add to the national wealth.

Observation - In the 21st century rural environment in most parts of the world has been transformed. Government has encouraged the adoption of modern verities of crops and modern breeds of life stock together with the associated packages of external inputs such as fertilizers, pesticides, antibiotics necessary to make there productive. Since agriculture has been modernized, inorganic fertilizers are being used on a large scale. As agriculture has developed there has also been as increase in the population of cattle and pigs. This has led to an increase in the number of cattle sheds. Poultries have also increased considerably. Intensive convert the solid wastes agricultural into compost manure by a process called vermiculture. Agriculture cellulosic waste such as bagasse and corn cobs can be converted into Glucose by a new technique developed in USA. In India for an efficient disposal of solids cellulosic waste in metropolitan cities to control soil pollution problems. Enzymatic degradation of agricultural waste is being carried out as the department of Microbiology Punjab university Chandigarh and department of Biochemistry Indian Agricultural Research Institute New Delhi. Indian plywood research institute Bangalore has developed a technology for manufacturing particle board from rice husk. The technology has emerged as one of the best solutions to shortage of wood. The board is a versatile substitute for wood in a wide range of applications. Tomato and potato peels can be used in making adhesives that can replace adhesive such as fevicol and other chemical glues. Intensive agriculture has led to increased the soil pollution. Extensive use of synthetic pesticides in pest control has had disastrous environmental side effects. Bio coal manufacture involves solidifying agriculture waste like bagasse and wheat straw through the process of Palletization. Other agriculture waste such a Soya bean, cotton and arhar stalks can also be used because they are also burnt away for want of an adequate technology to convert them into coal pellets for domestic and industrial use. The bio coal pellets are most suitable for paper mills, industrial boilers and brick kilns currently using hard cake. Banana leaves can be converted into the energy rich fuel. Banana leaves are source of renewable source of energy. In bio-methanation method leaves are digested with methane. Furfural is used as a medicine in insecticides is obtained from agriculture wastes such as corn cobs and oat hulls. Agriculture waste material like waste wool, pea nuts, skin walnut, tree barks and cotton effectively bind heavy metal like mercury and copper. Rice husk contains about 20% silica. When burnt silica contain increases to about 90% and form this about 99% pure precipitated silica is obtained. Silica is used as a filter in the manufacture of tires, to enhance the strength of rubber and in the manufacture of pesticides as anti caking agents. Carbohydrates are used as energy source in daily life. Corn also used in manufacture of packing material. Resent research in Indonesia has shown that urban wastage and bagasse from sugar cane can be used to generate electricity. This would also helping solving the problem of waste disposal and pollution created by sewage leakage.

Conclusion - Agriculture is a primary link between people and the environment. Biotechnology one of the many tools of agricultural result and development could support the mission of environmental protection, poverty, reduction and food security by helping to promote a sustainable agriculture centered on the small holder farms in the developing countries. Agriculture waste can be converted into useful material by simple technology.

***Professor (Chemistry) Govt. M.V.M., Bhopal (M.P.) INDIA**

References :-

1. Environmental studies Dr. S.M. Sexena, Dr. Seema Mohan , Pg 63, Kailash Pustak Sadan
2. Environmental education , Dr. R.N Rai, Pg 73, Goyal brother new Delhi
3. Environmental chemistry , B.K. Sharma ,2001
4. Environmental chemistry, A.K. Day 2010
5. Environmental chemistry, P.S. Sindhu, 2010

****

Overview Of Detection And Control Of Enviromentally Toxic Gases From Human Health Perspective

Dr. Rashmi Ahuja*

Abstract - Air is never found clean in nature due to natural and man-made pollution. Toxic gases are present in the atmosphere in concentrations that disturb the dynamic equilibrium in the atmosphere as well as causing damage to target and receptors. The inhalation of reactive gases and vapours can lead to severe damage of airways and lungs, compromising the function of respiratory system. Exposure to oxidizing, electrophilic, acidic or basic gases frequently occur in occupational and ambient environment. Corrosive gases and vapours such as chlorine, phosgene and chloropicrin were used as warfare agents and in terrorist acts. Chemical airways exposure is detected by the olfactory, gustatory and nociceptive sensory system. The utilization of advanced sensing techniques for detecting, indicating and monitoring toxic gases in industries and in the environment is very important for the health and safety. This review focuses on applications of electrochemical, semiconductors, catalytic field effect and catalytic gas sensors for the detection of toxic gases and discusses the recent discovery of receptors for reactive chemical. It is very important that precise and rapid detection, altering and monitoring of toxic gases should be available to prevent or minimize accidents involving poisoning and explosions.

Introduction - Noxious gases and other inhalation toxins are widely used and produced in the modern industrial world. The ease and low cost of manufacturing of these chemicals, their high toxicity and relatively short half-life, make them very beneficial as fumigants, nematicides, fungicides, disinfectants and sanitizers in agriculture, pest control, cleaning and water purification industries. Many toxic gases are important reactants in metallurgy and in the organic synthesis of plastics, pharmaceuticals, semiconductors and other materials. Chlorine gas is used for bleaching and chemical synthesis and large quantities of NH_3 and HNO_3 are used for production of fertilizers. These are created as byproducts of water purification, metal smelting and combustion as well as by the interaction combustion byproducts with UV light and oxygen in the air and water. This includes oxides and other toxins produced in welding and numerous other air pollutants from industry, automobiles, smelters, forest fires and volcanoes, cigarette smoke.

Due to elevated atmospheric pollution effective and inexpensive system for detection and quantification environmentally hazardous gases have been progressively more important. Currently, standard air pollution measurement is still based on time consuming and expensive analytical techniques such as optical spectroscopy and gas chromatography. Gas sensing properties of differently prepared metal oxides and loaded metal oxides towards environmentally hazardous gases have been individually compared and digested promising material for sensitive and selective detection of each hazardous gas have been identified.

Environmentally Hazardous Gases and Health Effects - Environmentally hazardous gases include toxic gases such as H_2S, CO and NH_3, greenhouse gases such as N_2O, CH_4 and CO_2, and special gases such as NO_2, NO and SO_2. HF, HCN, PH_3, Benzene, Formaldehyde, Methyl Bromide, Arsine, Phospine, Boranes, Silanes, Germane are found in wide variety of situations varying from industry, chemical, heavy petroleum, electronics, coal gas and mines. NO_2 and NO are toxic gases produced through combustion chemical plants and automobiles. NO_2 is most hazardous gas with a TLV of 3 ppm. It also plays major role in atmospheric reactions that produce ground level ozone, a major component of smog. NO causes acid rain, photochemical smog and production of ozone.

CO is a colourless toxic gas with no odor making it undetectable to human. It is produced due to incomplete combustion of fuels. The gas has been shown to bind reversibly to iron center of hemoglobin, the oxygen transport molecule, so oxygen can no longer be absorbed which causes damage to human body.

H_2S, the most dangerous manure gas, is classified as a chemical asphyxiant because it chemically interacts immediately with blood hemoglobin and blocks oxygen from being carried to body's vital organs and tissues.

SO_2 is a colourless gas. It smells like burnt matches. It can be oxidized to SO_3 which in the presence of water vapours is readily transformed to sulphuric acid mist. It can

*Professor (Chemistry) Govt. MVM, Bhopal (M.P.) INDIA

be oxidized to from acid aerosols. Health effects are caused by exposure to high levels of SO_2 including breathing problem leading to respiratory and cardiovascular disease. People with asthma or chronic lung and heart disease are most sensitive to SO_2. It also damages trees and crops. SO_2 along with Nitrogen oxides are the main precursors of acid rain.

NH_3 is a colourless gas with a characteristic pungent odor. It contributes significantly to the nutritional needs of terrestrial organisms by serving as precursor to food and fertilizers. It is also a building block for synthesis of any pharmaceuticals and used in cleaning products. Despite of usefulness it is both caustic and hazardous to humans especially when its concentration exceeds TLV value of 25 ppm.

CO_2 is colourless, odorless, non-flammable gas and the most prominent greenhouse gas in the earth's atmosphere with contribution of 76% in the earth's atmosphere besides Methane (13%), Nitrous Oxide (6%) and Fluoro Carbon (5%). It is recycled through the atmosphere by the process of photosynthesis which makes human life possible. It is emitted into the air as human exhales, burnt fossil fuels for energy and deforestation.

CH_4 is an odorless flammable gas. It is used primarily as fuel to produce heat and light. It is also used to manufacture organic chemicals. It can be formed by decay of natural materials and is common in landfills, marshes, septic system and sewers. It can form an explosive mixture in air at levels as low as 5%. It is powerful greenhouse gas produced both naturally and through human intervention.

N_2O laughing gas is extensively used for surgical operation as an anesthetic gas. It is not toxic like NO_2 and NO, but a greenhouse gas with a very global warming coefficient which is about 300 times as large as that of CO_2, causing serious ozone layer disruption.

Detectors for Toxic Gases - Over the past decades several kinds of gas sensors have been developed based on different sensing materials and various transduction platforms. The main class of gas sensing materials includes metal oxides semiconductors, catalytic field effect and catalytic gas sensors for the detection of toxic gases. In the past certain colour changing reagents were adopted to detect these gases by tedious and time consuming colorimetric, or more complicated chromatographic methods. However, in last two decades techniques have progressed rapidly and more sensors have been developed for the precise detection of various toxic gases.

Now highly sensitive catalytic sensor is being developed which will be able to detect accurately toxic gases in concentration ranging from as low as 100 ppm to several thousand ppm.

Most toxic gas monitoring systems integrate permanently installed gas detectors in fixed location throughout a facility. Portable gas detectors based on several technologies found in the analysis function component section, provide an important complimentary function to these permanently installed gas detectors. There are variety of gas detection technologies in use today for sensing or measuring the toxic gases. Among the most commonly employed are-

1. Electrochemical Sensors- Electrochemical sensors or cell are most commonly used in the detection of toxic gases like CO, Cl_{2-} and Nitrogen oxides. They function via electrode signals when a gas is detected. The sensitive film reacts with gases, triggering the device when toxic levels are present. Colorimetric sensors array has been developed for the rapid and sensitive detection of 20 toxic industrial chemicals and their permissible exposure limits. The colour changes in an array of chemically responsive Nano porous pigments provided facile identification of toxic gases with an error rate below 0.7%
2. Semiconductor Sensors- Conducting polymer gas sensors are semiconducting gas sensors where the resistance of porous pellets or thin film of metal oxides to certain gas monitoring applications. The development of a general, low cost and scalable method for synthesizing nano wire structure made of different material for use in the fast and accurate detection of toxic and inflammable gases is extremely important or monitoring environmental polluting gases. Different metal oxides nano wires made of titanium oxide, tin oxide, zinc oxide, copper oxide and tungsten oxide could be easily synthesized and were found to be suitable for gas sensor application.
3. Constant Potential Electrolysis Sensors- The constant potential electrolysis sensor has very high sensitivity and selectivity and can detect gases to the ppm level or lower.
4. Initially Catalytic Field Effect Sensors- They are used to detect hydrogen only, however, gases such as H_2S, NH_3, HCN can also be determined. In catalytic sensors the toxic gas is oxidized catalytically on a coiled noble metal wire, which releases heat and cause an increase in the resistance of wire.

Conclusion - A toxic gas can cause damage to living tissues, the central nervous system, severe illness or even death. Some toxic gases are not visible, cannot be smelled and/or thy may not have an immediate effect but can be the cause of fatality. The technology to recover natural gas and amount depends on undiscovered types of toxic chemicals. As discussed in this review in perspective, there are several important and potentially existing sensors arrays for selective and sensitive detection for each of the studied toxic gases. Therefore, such system can have a major impact on human health and safety for domestic use as well as various industrial and homeland security.

References :-

1. Dr. Chas and Srinivas, Mohan Kumar *"Toxic Gases Detection and Monitoring Utilizing Internet"* International Journal of Civil Engineering and Technology 8(12): 614-622 (2017)

अवयस्क और नाबालिग किशोरावस्था के विद्यार्थी जिन्हे राजनीति के भ्रष्टाचार से दूर रखना चाहिए। कुछ स्वार्थी राजनेता समाज–सुधारक इन्हें उठाने की बजाए और नीचे ढकेल रहे है।

उचित मार्गदर्शन क अभाव में किशोरों में घोर निराशा व अनुशासनहीनता पनप रही है। अत: वह अपना समायोजन नही कर पा रहे हैं, जिसके कारण उनके नैतिक मूल्य भी प्रभावित हो रहे है। किशोरावस्था के विद्यार्थियों को निराशा, अरूचि, अविश्वास पनप रहा है। वे कौन से कारण हैं, जिनके कारण किशोरावस्था के विद्यार्थी अपना उचित समायोजन नहीं कर पा रहे है। इसी जिज्ञासा के कारण मैनें यह निश्चय किया है कि उन तथ्यों को जानें, जिनके कारण किशोरों के सामने सामयोजन की विकराल समास्या उत्पन्न हो रही है।

परिभाषा – आइजनेक और उनके साथियों (1972) ने किशोरावस्था को परिभाषित करते हुए लिखा है कि 'किशोरावस्था वय संधि के बाद की वह अवस्था है, जिसमें व्यक्ति में आत्म उत्तरदायित्व का स्थापन होता है।'

किशोरावस्था को दो भागों में बाँटा गया है:–

1. **पूर्व किशोरावस्था –** यह अवस्था 13–14 वर्ष से लेकर 16–17 वर्ष तक की है। लड़कियों में यह अवस्था तेरह वर्ष की आयु से प्रारंभ होती है तथा लड़को में यह लगभग एक साल बाद प्रारंभ होती है।
2. **उत्तर किशोरावस्था –** यह सोलह या सत्रह वर्ष से इक्कीस वर्ष के बीच की अवस्था होती है। इस अवस्था में बालक–बालिकाओं में विषेष नयापन मूल्यत: शारीरिक परिवर्तन (योन, परिवक्कता) आता है, साथ में किशोरियों की अनेक समस्याएँ भी होती हैं। इस प्रकार के आयु के बच्चों को परिवार के साथ समायोजन, विद्यालय में समायोजन, संवेगात्मक तथा सामाजिक समायोजन की समस्याएँ आती है।

किशोरावस्था की प्रमुख विशेषतायें :

1. पूर्व किशोरावस्था के किशोर की स्थिति अस्पष्ट होती है।
2. यह कमुकता के जागरण की अवस्था है।
3. निश्चित विकास प्रतिमान।
4. किशोरावस्था एक परिर्वतन अवस्था है।
5. किशोरावस्था अस्थिरता की अवस्था है।
6. किशोरावस्था समस्या – बाहुल्य की अवस्था है।
7. यह विकसित सामाजिकता की अवस्था है।
8. यह एक उमंगपूवर्ण कल्पना की अवस्था है।
9. किशोरावस्था शैषवावस्था की पुनारावृत्ति है।
10. किशोरावस्था एक दु:खदायी अवस्था है।

किशोरावस्था में सामाजिक विकास का बहुत महत्व हौ। किशोर को समाज के आदर्शो और मूल्यों को समझने के साथ–साथ आवश्यक है कि वह समाज के विभिन्न व्यक्तियों के व्यवहारों, विचारों और भावनाओं को समझना सीखें।

जब तक वह इनको नही सीखेगा, तक तक उसके लिए समाज की विभिन्न परिस्थितियों में समायोजन करना कठिन होगा। यह समाज में सम्मान तभी प्राप्त कर सकता है, जब उसका व्यवहार समाज के आदर्शो और मूल्यों के अनुरूप हों तथा साथ ही साथ उसका व्यवहार समायोजित भी हो।

* सहायक प्राध्यापक (गृहविज्ञान) शास. श्या.सु.ना.मु. महिला महाविद्यालय, नरसिंहपुर (म.प्र.) भारत

समायोजित और समाज के अनुरूप व्यवहार करने के लिए आवश्यक है कि किशोर में सामाजिक परिपक्वता हो।

समायोजन– प्राय: जीवन के समस्त पहलुओं में समायोजन आवश्यक होता है। जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में शामिल होने के लिए व्यक्ति में स्वयं को भली–भांति समायोजित करने की क्षमात होना चाहिए।

तनावपूर्ण स्थितियों मे वह किस प्रकार शामिल है, इसका उसे ज्ञान होना चाहिए, उसे ऐसी परिस्थितियों से दूर करना चाहिए जो असमायोजन को प्रोत्साहन देती हो।

अन्य शब्दों में कहा जा सकता ह कि 'जीवन का दूसरा नाम ही समायोजन है।'

समायोजन की प्रक्रिया के मुख्य तत्व :

1. जीवन की आवश्यकता।
2. इन्हे प्रभावित करने वाली परिस्थिति (कारक)।

जीवन की आवश्यकता समाज–जनित, जैव–जनित, व्यक्तिगत, समूहगत किसी भी प्रकार की हो सकती है। व्यक्ति की अपनी शारीरिक एवं मानसिक स्थितियाँ, सामर्थ्य अभिरूचियाँ आदि इन आवश्यकताओं को प्रभावित करता है।

समायोजन की समस्या का उदभव प्राय: परिवेश में जन्म होता है। बालक अपने परिवेश में जिन व्यक्तियों, वस्तुओं, घटनाओं के सम्पर्क में आता है, उनसे रहन–सहन, बोल–चाल आदि सीखता है।

बोर्रिंग के अनुसार (1962) – 'समायोजन वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा जीव अपनी आवश्यकताओं और इन आवश्यकताओं की पूर्ति को प्रभावित करने वाली परिस्थितियों में सन्तुलन रखता है।'

आननेक के अनुसार – 'यह वह अवस्था है, जिसमें एक और व्यक्ति की आवश्यकताएँ तथा दूसरी ओर वातावरण के अधिकारों में पूर्ण संतुष्टि होती है अथवा यह वह प्रक्रिया है, जिसके द्वारा इन दो अवस्थाओं में सामजस्य प्राप्त होता है।'

समायोजन के प्रकार :

1. रचनात्मक समायोजन – इस प्रकार के समायोजन में व्यक्ति परिस्थितियों से पलायन नही करता है बल्कि ऐसे उपाय करते है कि कठिनाईयाँ दूर हो जाये।

2. स्थानापन्न समायोजन – यह समायोजन अस्थिर प्रकृति का होता है। इस प्रकार के समायोजन से यह संतोष प्राप्त नही होता , जो कि रचनात्मक समसयोजन से प्राप्त होता है।

3. मनोरचनायें समायोजन – कठिनाईयों के प्रति प्रतिक्रिया व्यक्त कारने का एक ओर सामान्य ढंग मनोरचनायें है।

समायोजन कई प्रकार के क्षेत्र है :–

1. पारिवारिक समायोजन
2. स्वास्थ्य समायोजन
3. शैक्षणिक समायोजन
4. सामाजिक समायोजन
5. संवेगात्मक समायोजन

1. पारिवारिक समायोजन – सर्वप्रथम घर में ही बालक का समायोजन आरंभ होता है। माता–पिता बालक में उनकी समस्याओं को खोजते हैं और उसको दूर करने का प्रयास करते है।

2. स्वास्थ्य समायोजन – बच्चो के शारीरिक समायोजन पर काफी अध्ययन किया गया, जो अच्छे स्वास्थ वाले होते है उनका शारीरिक समायोजन भी अच्छा होता है।

3. समाजिक समायोजन – टरमन ने 1919 में यह पाया कि जिन बच्चों की बुद्धि अच्छी है, उनमें निर्भरता की भावना काफी मात्रा में पाई जाती है। अच्छी बुद्धि वाले बालक समूह का नेतृत्व कर सकते हैं, जो मंद बुद्धि के बालक है, उनमें नेंतृत्व का अभाव पाया जाता है।

4. संवेगात्मक समायोजन – विभिन्न बौद्धिक स्तर पर संवेगात्मक विशेषताओं को जानने के लिए विभिन्न बौद्धिक स्तर वाले बालकों में ज्यादा ज्ञान होता है उनमें तर्क शक्ति अधिक होती है वे अपनी समस्याओं को खुद हल कर लेते है।

5. शैक्षिक समायोजन – जो बालक अच्छी बुद्धि के होते हैं, वे अपनी कक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करते हैं। उनका शैक्षिक समायोजन अच्छा होता है शिक्षकों के सामने जाने से कतराते है।

समायोजन को निम्न तत्व प्रमाणित करते है :–

1. आकांक्षा
2. सामाजिक आर्थिक स्तर
3. शहरी एवं ग्रामीण जीवन
4. चिन्ता
5. कुण्ठा
6. संवेगात्मकता
7. संरक्षकों की प्रतिष्ठा
8. पारिवारिक वातावरण
9. विद्यालय का वातावरण
10. व्यक्ति का स्वास्थ्य
11. मनसिक योग्यतायें
12. बुद्धि
13. शैक्षिक उपलब्धि
14. आत्म प्रत्यय

समायोजन की प्रक्रिया :

1. समायोजन की प्रक्रिया के व्यक्ति अपने जैविक एवं मनोवैज्ञानिक आवश्यकता की पूर्ति करने के लिए निरंतर प्रयत्नशील रहता है। उसकी जो प्राकृतिक एवं द्वितीयक आवश्यकता है वे उसके प्रयत्नों से पूरी होती है लेकिन यह तभी संभव है जबकि व्यक्ति को अपनी आवश्यकता के विषय में जानकारी हो।
2. व्यक्ति अपने लक्ष्य की प्राप्ति सरलता से नही कर पाता इसके कारण उसके मन में निराशा उत्पन्न होती है अनेक बाधाओं के कारण वह अपनी बाधाओं कारण वह अपने लक्ष्य की प्राप्ति नही कर पाता है। फलत: वह कुण्ठाग्रस्त हो जाता है व्यक्ति अपनी कुण्ठाओं को किस प्रकार दूर करता है।
3. यदि व्यक्ति की आंतरिक शक्ति एवं दृष्टिकोण परिस्थितियों के अनुसार है तो वह अपनी कुण्ठा एवं निराशा से मुक्त हो जाता है।

जब व्यक्ति में कठिन परिस्थितियों के कारण समायोजन की संभावना नही रहती तब व्यक्ति कुसमायोजित हो जाता है। और उसके व्यक्तित्व में असमानता दिखाई पडती है। लोग कुण्ठाओं एवं द्वन्दों के कारण मन:स्तापी बन जाते है और उनका व्यवहार सामाजिक दृष्टि से अवांछनीय माना जाता है।

श्रैष्ठ समायोजन के लक्ष्ण :

1. एक समायोजित व्यक्ति अपनी परिस्थिति का तिरस्कार नहीं करता है।

2. वह दूसरों के साथ सहानुभूति रखता है।
3. उसके विचार, प्रतिक्रियायें, भावनायें और व्यवहार एक समान्य व्यक्ति के अनुभव है।
4. वह अपनी समस्या के प्रति ध्यान केन्द्रित नही करता, वरन् अन्य बातों पर भी ध्यान देता है।
5. वह एक या दो व्यक्ति के सम्पर्क में नही रहता उसका सामाजिक क्षेत्र विस्तृत होता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. सीताराम जायवाल - 'समायोजनात्मक मनोविज्ञान'
2. डॉ. एच. के कपिल - 'अनुसंधान विधियां'
3. प्रीति वर्मा डॉ. एन. श्रीवास्तव - 'बाल मनोविस्सप एवं विकास'

****

बालश्रम एवं नियमन एक अलोचनात्मक एवं विश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. विश्वास चौहान* गीता परतेती**

प्रस्तावना – विश्व के विकसित देशों में तो इस समस्या पर एक सीमा तक तो काबू कर किया गया है लेकिन विकासशील देश अब भी इस समस्या से जूझ रहे हैं। भारत भी उन्हीं विकासशील देशों में से एक है जहाँ बाल श्रम की समस्या बड़े पैमाने पर विद्यमान है क्योंकि विश्व का सर्वाधिक बाल श्रम भारतवर्ष में पाया जाता है।

बाल श्रम समस्या एक विश्वव्यापी संवृत्ति है और कमोवेश सभी जगह पाया जाने वाला रोग है। अधिकांश बच्चे कृषि में कार्य करते हैं तथा बाल श्रम अधिनियमों का उल्लंघन भी होता है और बाल श्रमिकों का शोषण होता है, वे रोजगार की खतरनाक परिस्थितियों के जोखिम उठाते हैं। कई घण्टे काम करने के बदले उन्हें अल्प वेतन दिया जाता है। शिक्षा को छोड़ने के लिए बाध्य हँकर, अपनी आयु से कहीं अधिक दायित्वों का निर्वाह करते हैं, उस आयु में दुनियादार बनकर जब कि उनकी आयु के अन्य बालकों को अभी अपने माता-पिता की सुरक्षा के कवच को छोड़ना बाकी है, ये बच्चे कभी नहीं जान पाते कि बचपन क्या होता है।

संविधान में यह प्रतिष्ठापित है कि चौदह वर्ष के कम आयु के किसी बालक को किसी फैक्ट्री में काम करने के लिए या किसी जोखिम वाले रोजगार में नयुक्त नहीं किया जाएगा (धारा 24), बाल्यावस्था और किशोरावस्था को शोषण और नेतिक एवं भौतिक परित्यक्ता से बचाया जाएगा (धारा 39 (1) तथा संविधान के प्रारम्भ होने से 10 वर्षों की अवधि में सब बालकों की, जब तक वे 14 वर्ष की आयु को समाप्त नहीं कर लेते, राज्य नि:शुल्क और अनिवार्य शक्षा का प्रावधान करने का प्रयत्न करेगा (धारा 45)। इन सब प्रावधानों के बावजूद बाल श्रम आज भी आजादी के पश्चात् भारत की एक ज्वलंत समस्या बनी हुई है।

हमारे देश में बहुत से बच्चे आर्थिक परिस्थितियों के कारण विद्यालय नहीं जा पाते हैं और किसी न किसी काम-धन्धे में लग जाते हैं। ऐसा अनुमान है कि सम्पूर्ण देश में कामगार बच्चों की संख्या देश की कुल जनसंख्या का लगभग व भाग है अर्थात् यहाँ पर लगभग 30 मिलियन बच्चे विभिन्न प्रकार के व्यवसायों सेवाओं में कार्यरत हैं।

ये बच्चे घरों, होटलों, रेस्तरों, स्कूटर एवं मोटरसाइकिलों की कार्यशालाओं, कालीन उद्योग, काँच उद्योग, माचिस उद्योग, बीड़ी उद्योग, कसीदाकारी, कृषि कार्यों आदि में कार्य करते हुए देखे जा सकते हैं।

पण्डित जवाहर लाल नेहरू ने कहा था, 'हमारे बच्चे देश का भविष्य हँ।'

बाल श्रम का अभिप्राय बाल श्रम को दो प्रकार से परिभाषित किया गया है—

प्रथम, वैधानिक दृष्टि से तथा द्वितीय, अवैधानिक दृष्टि से, वैधानिक दृष्टि से बाल श्रम में उन बाल श्रमिकों को सम्मिलित किया जाता है जो न्यूनतम आयु के अवयस्क बच्चे होते हैं। कारखाना अधिनियम, 1948 के अनुसार 14 से 15 वर्ष के श्रमिकों को बालक तथा 15 से 18 वर्ष के व्यक्तियों को किशोर माना गया है। 14 वर्ष से कम व्यक्तियों की श्रम के क्षेत्र में नियुक्तियाँ निषेध की जाने के कारण इस आयु के व्यक्तियों को बाल श्रमिक नहीं कहा जा सकता। खदानों में 15 से 16 वर्ष के श्रमिकों को बाल श्रमिक कहा जाता है। बागानों में 12 से 15 व्यक्तियों को बाल श्रमिक कहा जाता है।

बाल श्रम (निषेध ओर नियमन) अधिनियम, 1986 के अनुसार एक बच्चे की परिभाषा इन शब्दों..... में दी गई है—

'वह जो 14 साल की उम्र से कम का हो,' इस प्रकार किसी उद्योग, खान, कारखाने आदि द में 14 वर्ष से कम आयु के मानसिक व शारीरिक श्रम करने वाले बच्चे बाल श्रमिक कहलाते हैं। चूँकि 5 वर्ष से कम आयु के बच्चे इतने बड़े नहीं होते हैं कि भुगतान या मुनाफे के लिए लाभदायक आधथिक गतिविधियों में लग सकें, इसलिए बाल श्रमिक 5-14 वर्ष आयु वर्ग के अन्तर्गत आते हैं।

बाल श्रमिक आर्थिक दृष्टि से लाभप्रद रोजगार को प्रकट करता है, जिससे परिवार की आय में वृद्धि होती है। भारतवर्ष अन्य देशों की नलना में निर्धन देश है, जहाँ प्रति व्यक्ति व प्रति परिवार औसत आय अत्यन्त कम है। परिणामस्वरूप बालकों को भी, जब उनकी आयु खेलने पढ़ने की होती है, कार्य पर लगाकर आय बढ़ाने का प्रयास किया जाता है। भारत में बच्चों को मजदूरी करने के लिए जो कारण मुख्य रूप से उत्तारदायी हैं, उनमें से निर्धनता, अशिक्षाय खेती की निम्न दशा, कुटीर उद्योगों का पतन, उद्योगपतियों की लाभकारी एवं मुनाफाखोरी की मनोवृत्ति तथा अधिनियमों एवं नियमों के पालन में शिथिलता आदि प्रमुख हैं।

श्रमिक उन बुराइयों अथवा शोषणों की अभिव्यक्ति है जोकि बालकों को रोजगार में लगाने के कारण पनपते हैं। आधुनिक समय में बाल श्रम शब्द सामाजिक बुराइयों को प्रकट करता है। जहाँ तक सामाजिक बुराई या दोष का सम्बन्ध है, वह प्रत्यक्ष रूप से बालक के व्यक्तित्व विकास से सम्बन्धित है। व्यक्तित्व के विकसित न होने का परिणाम यह होता है कि इससे व्यक्ति का खुद विघटन तो होता है, साथ ही समाज एवं राष्ट्र को भी विघटन की ओर मोड़ देता है। कहा भी गया हैं कि, 'विघटित व्यक्तित्व समाज एवं राष्ट्र के लिए कोढ़ है।'

भारत सरकार ने समय-समय पर श्रम आयोगों तथा समितियों का गठन किया है। जिन्होंने बाल श्रम के मुद्दों पर विस्तार से चर्चा कर उसके उन्मूलन के सम्बन्ध में सिफारिशें की है। संविधान के निम्नलिखित अनुच्छेद

* सहायक प्राध्यापक, शासकीय राज्य स्तरीय विधि महाविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (विधि) बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल (म.प्र.) भारत

बाल श्रम के उन्मूलन के लिए राष्ट्रीय सोच एवं संबद्धता पर प्रकाश डालते हैं—

अनुच्छेद 23 – जबरन मजूदरी एवं मानव के व्यवसाय पर रोक – भिक्षा मंगवाना एवं इसी प्रकार के जबरन मजदूरी तथा मानव के व्यवसाय पर रोक है तथा किसी भी प्रकार का प्रावधान गहन का पालन न करना कानून के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है।

अनुच्छेद 24 – कारखानें में बच्चों के रोजगार पर रोक – कोई भी बालक जिसकी उम्र 44 वर्ष से कम है उसे किसी भी कारखाने या खदान या कोई अन्य खतरनाक रोजगार में कार्य पर नहीं लगाया जा सकता है।

अनुच्छेद 36 (ई और एफ) – राज्य विशेषज्ञ रूप से अपनी नीति का इन उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए निर्देशित करेगा – कि श्रमिकों, पुरूषों और महिलाओं और सुकुमार उम्र के बच्चों के स्वास्थ्य औरश शक्ति के साथ दुर्व्यवहार नहीं हो और आर्थिक आवश्यकता के कारण नागरिकों द्वारा ऐसे व्यवसाय करने को बाध्य नहीं किया जाय जो उनकी आयु अथवा शक्ति के अनुकूल नहीं है बल्कि बच्चों को स्वस्थ्य तरीके और स्वाधीनता तथा गरिमापूर्ण परिस्थितियों में विकास करने के अवसर दिये जायें और बचपन तथा यौवन को संरक्षण मिले ताकि उनका शोषण और नेतिक तथा भौतिक परित्याग न होने पाये। अनुच्छेद 49 –राज्य 14 वर्ष की उम्र तक बच्चों को नि:शुल्क और अनिवार्य शिक्षा देने के लिए उचित उपाय करेगा और राष्ट्रीय श्रोतों की उपलब्धता के अनुरूप इस कार्य के लिए समयबद्ध कार्यक्रम चलाया जायेगा। स्कूलों में इस समय बच्चों की, खासतौर लड़कियों और कमजोर वर्ग के बच्चों की जो बरबादी और उनके विकास में जो ठहराव आ रहा है उसे कम करने के विशेष प्रयास किये जायेंगे। ऐसे ही वर्गों के बच्चों को स्कूल जाना शुरू करने से पहले अनौपचारिक शिक्षा देने का कार्यक्रम भी चलाया जायेगा।

अंतर्राष्ट्रीय शांति एवं सुरक्षा को बढ़ावा – राज्य यह उपाय करेगी कि अंतर्राष्ट्रीय कानूनों के लिए सम्मान की भावना जागृत करके संविदा आधारित उत्तरदायित्वों को संगठित लोगों के पारस्परिक व्यवहार रूप में संलिप्ट करेंगे।

बालश्रम कानूनों का इतिहास – कारखाना अधिनियम 1948 – कारखानों में रोजगारी की न्यूनतम आयु बढ़ाकर 14 वर्ष की गई।

बच्चो को रोजगार (संशोधन) अधिनियम 1949 – इस अधिनियम के अन्तर्गत स्थापित रोजगारों में न्यूनतम आयु रोजगार के लिए बढ़ाकर 14 वर्ष की गयी।

बच्चों को रोजगार (संशोधन) अधिनियम 1951 – अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के सम्मेलन में दिये गये उद्घोषणा नंवयुवाओं के रात्रि पाली में कार्य करने के क् सम्बन्ध में रेलवे तथा बंदरगाहों में 45 तथा 17 वर्ष के बच्चों को रोजगार पर प्रतिबंध लगाया गया तथा 17 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए रजिस्टर बनाने का प्रावधान भी किया गया।

बागान श्रमिक अधिनियम 1951 – 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का बागानों – में कार्य करने पर प्रतिबंध लगाया गया।

खदान अधिनियम 1952 – 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों का खदानों में कार्य करने पर प्रतिबंध लगाया गया। अधिनियम ने जमीन के नीचे कार्य करने के लिए दो शर्तें भी रखी :

1. 46 वर्ष की उम्र को पूर्ण करने की आवश्यकता।
2. किसी सर्जन से शारीरिक रूप से स्वस्थ होने का प्रमाण–पत्र।

कारखाना (संशोधन अधिनियम) 1954 – 17 वर्ष से कम उम्र के व्यक्तियों का रात्रि में रोजगार पर प्रतिबंध सम्मिलित किया गया। (रात्रि को लगातार 42 घंटे के समय के रूप में परिभाषित किया गया जिसमें रात्रि 10 बजे से सुबह 7 बजे तक के समय को सम्मिलित किया गया।)

जहाजरानी अधिनियम 1958 – 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को किसी भी प्रकार के तथा किसी भी जहाज पर कार्य में शामिल करने पर प्रतिबंध लगाया गया, किन्हीं विशिष्ट परिस्थितियों को छोड़कर।

प्रशिक्षु अधिनियम 1961 – 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे के अप्रेंन्टिसशिप प्रशिक्षण पर प्रतिबंध।

बीड़ी तथा सिगार श्रमिक (रोजगार की शर्त) अधिनियम 1966 — 14 वर्ष से कम उम्र के किसी भी बच्चे के किसी भी औद्योगिक स्थान पर सिगरेट तथा बीड़ी के उत्पादन के लिए रोजगार पर प्रतिबंध 44 तथा 48 वर्ष तक के बच्चों के रात्रि 7 बजे से सुबह 6 बजे तक कार्य करने पर प्रतिबंध।

बच्चो को रोजगार (संशोधन अधिनियम) 1978 – 15 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को रेलवे में कार्य करने पर प्रतिबंध लगाया गया। जैसे – राख के ढेर में काम करना या किसी निर्माण कार्य में जहां पर स्थापना की जा रही हो तथा कोई भी ऐसा कार्य जो कि रेलवे लाइन के समीप किया जा रहा है।

बाल श्रम (प्रतिषेध एवं नियमन) अधिनियम 1986 — यह अधिनियम बाल श्रम अधिनियमों के इतिहास में सर्वाधिक महत्वपूर्ण अधिनियम माना जाता है, इस अधिनियम के अंतर्गत ऐसे खतरनाक उद्योगों एवं प्रक्रियाओं में ऐसे बालकों का नियोजन प्रतिबंधित किया गया है, जिन्होंने अपने उम्र का 14वां वर्ष अभी पूरा नहीं किया है। संशोधनों के पश्चात् ऐसे 43 खतरनाक उद्योगों तथा 51 प्रक्रियाओं की पहचान की गयी है, जिसे इस अधिनियम के अन्तर्गत प्रतिबंधित किया गया है। इन उद्योगों में कालीन उद्योग, सीमेंट उद्योग, कपड़ा छपाई तथा रंगाई, इलेक्ट्रानिक उद्योग आदि प्रमुख है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डॉ. वी.सी. सिन्हा : आर्थिक संवृद्धि एवं नियोजन, साहित्य भवन पब्लिसर्स एण्ड डिस्ट्रीब्यूटर, 2008
2. दत्त एवं सुन्दरम् : भारतीय अर्थव्यवस्था, एस. चन्द्र एण्ड कम्पनी प्रा.लि., 2012–13
3. भारत 2015, प्रकाशन विभाग, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार, सूचना भवन, नई दिल्ली
4. कानूनी उपचार, ओझा सुरेश, सर्जना बीकानेर, 2012
5. नागरिक एवं मानव सुरक्षा अधिकार गाइड, हिन्दी अनुवाद मोहम्मद अली, एपीसीआर, 2010

****

मध्यप्रदेश के धार जिले में साक्षरता का एक भौगोलिक अध्ययन

प्रो. किरण मण्डलोई* डॉ. एम.एल. नाथ**

प्रस्तावना – प्राचीन समय से ही शिक्षा एक महत्वपूर्ण और सर्वव्यापी विषय के रूप में विकसित हुई है। शिक्षा व्यक्ति के सर्वांगीण विकास में एक अहम भूमिका निभाती है। प्रत्येक व्यक्ति की गुणवत्ता उसके विचारों, भावनाओं एवं कार्यो का विकास शिक्षा-शिक्षण के माध्यम से किया जा सकता है। शिक्षा विकास की प्रक्रिया है। वह मनुष्य का शारीरिक, बौद्धिक, आर्थिक, व्यवसायिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विकास करती है। शिक्षा का रूप अत्यन्त व्यापक है।

किसी भी देश के सामाजिक, आर्थिक, एवं राजनैतिक प्रगति उसके देश में निवास करने वाले नागरिकों की शिक्षा पर निर्भर करती है। शिक्षा ही व्यक्ति के सामाजिक तथा मानसिक पृथकव्य को भी समाप्त करती है। इसके अतिरिक्त शिक्षा जन्मदर, मृत्युदर, विवाह आयु, प्रवास तथा आर्थिक प्रतिरूपों को भी प्रभावित करती है।

राष्ट्र संघ के जनसंख्या आयोग के अनुसार किसी भाषा में एक साधारण संदेश को समझकर पढ़ व लिख सकने की क्षमता रखने वाले व्यक्ति को साक्षर कहा जाता है।

अध्ययन क्षेत्र – धार मध्यप्रदेश के पश्चिमी भाग का आदिवासी बाहुल्य जिला है। इस जिले का धरातल भौगोलिक संरचना की दृष्टि से बहुत ही असमानता लिए हुए है। यहां पर कहीं ऊँचे पर्वत, कहीं पठार, तो कहीं समतल मैदान है। जिले के उत्तर में मालवा का पठार, मध्य भाग पर्वतीय (विंध्याचल पर्वत श्रेणी) तथा दक्षिण में नर्मदा घाटी व निमाड़ का मैदान स्थित है।

धार जिला 20^0 से $23^0 10'$ उतरी अक्षांश से $74^0 28'$ से $75^0 42'$ पूर्वी देशांतर के मध्य में स्थित है। समुद्र तल से औसत उँचाई 588 मीटर है।

पूर्व शोध कार्य – सिन्हा अतुल कुमार (1881-82) प्राचीन भारतीय वैक्तिक एवं सामाजिक मूल्यबोध, विनीता नायर (1987) 'यूथ ऑफ द ब्रिक', एस.पी. गुप्ता (1995) आधुनिक मापन एवं मूल्यांकन, मेरे. जे. (2006) एटिट्यूड ऑफ सेकेण्डरी स्कूल स्टूडेन्ट्स टूवार्ईस द स्टडी ऑफ ज्यॉग्राफी एण्ड दियर एच्चीवमेंट एजुकेशन ट्रेक, इन्तखान अंसारी (2002) ए स्टडी ऑफ कम्प्यूटर एजुकेशन इन द साउथ गुजरात रीजन, अपीयर जर्नल ऑफ एज्यूकेशन एसोसिएशन फॉर द प्रमोशन ऑफ एज्युकेशन एक्टीविटीज एण्ड़ रिसर्च इलाहाबाद आदि शोध कार्यो एवं आलेखों द्वारा शिक्षा के लिए एक आधारशिला का कार्य किया।

उद्देश्य – आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में प्राचानी समय से ही शिक्षा का अभाव रहा है। धार जिले में शिक्षा के स्तर में आये परिवर्तनों का अध्ययन करना है।

विश्लेषण – प्राचीन समय से ही आदिवासी लोग पहाड़ों, जंगलों एवं गुफाओं में छुपकर रहते थे। और उनका संपर्क शहरी क्षेत्रों से अछूता था। यही कारण है कि आज भी धार जिले की 81 प्रतिशत जनसंख्या गावों में एवं 19 प्रतिशत जनसंख्या शहरों में निवास करती है। जिले की भौगोलिक असमानता एवं आर्थिक दृष्टि से पिछड़े होने के कारण शासन की विभिन्न योजनाओं से वर्तमान में साक्षरता में वृद्धि हुई है। धार जिले में वर्ष 2011 के अनुसार कुल साक्षर 1,077,338 व्यक्ति है। जिनमें से 638,479 पुरूष एवं 438,859 महिलाएँ है और कुल निरक्षर 1,108,455 व्यक्ति है। जिनमें से 474,246 पुरूष एवं 634,209 महिलाएँ है।

तालिका क्रमांक – 1 जिला धार : साक्षरता का विवरण (प्रतिशत में)

वर्ष	कुल	पुरूष	महिला	पुरूष-महिला साक्षरता में अंतर
1981	20.26	29.91	10.27	17.64
1991	34.54	47.62	20.71	26.91
2001	52.45	65.74	38.56	27.18
2011	59.00	68.95	48.77	20.18

स्त्रोत : जिला जनगणना पुस्तिका, धार 2009 एवं 2011

तालिका क्रमांक 1 से स्पष्ट है कि वर्ष 1981 में 20.26 प्रतिशत औसत साक्षरता थी जो बढ़कर 2011 में 59 प्रतिशत हो गयी है। विगत 40 वर्षो में जिले की औसत साक्षरता में लगभग 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पुरूष साक्षरता 1981 में 29.91 प्रतिशत से बढ़कर 2011 में 68.95 प्रतिशत हो गयी है। महिला साक्षरता 10.27 प्रतिशत से बढ़कर 48.77 प्रतिशत हो गई है। साक्षरता का स्तर धीर-धीरे बढ़ रहा है। वहीं पुरूष-महिला साक्षरता में अंतर भी कम हो रहा है।

धार जिले की कुछ 8 तहसीलों में शिक्षा के स्तर में परिवर्तन का अध्ययन किया गया है।

तालिका क्रमांक 2 जिला धार : तहसीलवार साक्षरता का वितरण, 2011

क्रं.	तहसील	कुल	पुरूष	महिला	पुरूष-महिला साक्षरता में अंतर
1	बदनावर	65.88	78.23	52.34	25.89
2	सरदारपुर	53.25	65.05	41.2	23.85
3	धार	68.55	78.43	57.81	20.62
4	गंधवानी	43.27	50.15	36.5	13.65
5	कुक्षी	51.42	59.3	43.6	15.7
6	डही	46.02	53.21	38.77	14.44
7	मनावर	59.05	69.33	48.69	20.66

* सहा. प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बड़नगर (म.प्र.) भारत
** पूर्व निर्देशक, उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान, भोपाल (म.प्र.) भारत

8	धरमपुरी	64.08	73.4	54.51	18.89
	जिला धार	59.00	68.95	48.77	20.18

स्त्रोत : जिला जनगणना पुस्तिका, धार, 2011

उपर्युक्त तालिका क्रमांक – 2 से स्पष्ट है कि वर्ष 2011 में औसत साक्षरता 59.00 प्रतिशत है। कुल पुरूष साक्षरता 68.95 प्रतिशत एवं कुल महिला साक्षरता 48.77 प्रतिशत है। तहसीलवार अध्ययन में बदनावर (65.55 प्रतिशत), एवं धार (68.55 प्रतिशत) तहसील पठारीय भाग में स्थित होने के कारण यहां की मिट्टी ऊपजाऊ तथा आर्थिक दृष्टि से सम्पन्न होने से साक्षरता भी अन्य तहसीलों की तुलना में अधिक है। वहीं मनावर (59.05 प्रतिशत) एवं धरमपुरी (64.08 प्रतिशत) तहसील मैदानी भागों में स्थित होने के कारण यहां की साक्षरता भी अधिक है, परंतु सरदारपुर (53.25 प्रतिशत), गंधवानी (43.27 प्रतिशत), कुक्षी (51.42 प्रतिशत) एवं डही (46.02 प्रतिशत) तहसील पहाड़ियों एवं घाटियों में स्थित होने तथा आर्थिक दृष्टि से पिछड़ी तहसीलों के कारण साक्षरता का स्तर बहुत कम है।

साक्षरता में कमी के कारण एवं प्रभावित करने वाले कारक – रूढ़ीवादी समाज, गरीबी, अंधविश्वास, आर्थिक स्थिति, रहन–सहन का स्तर, बोली एवं भाषा का अंतर, बिखरे आवास, शिक्षण संस्थाओं का असमान वितरण, आवागमन के साधनों का अभाव आदि कारणों से जिले में कुछ तहसीलों में साक्षरता कम है, परंतु शासन की विभिन्न नीतियों और योजनाओं जैसे – माध्यमिक स्तर तक नि:षुल्क शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अनुसूचित जातियों एवं जनजातियों के बच्चों को छात्रवृत्ति, नि:शुल्क पुस्तकें एवं गणवेश, छात्रावास, साइकिल वितरण आदि योजनाओं के माध्यम से जिले में साक्षरता में आशातीत वृद्धि हुई है।

अंत में कहा जा सकता है कि मानव जीवन में शिक्षा का कार्य समाज के सदस्यों की उन सब शक्तियों, क्षमताओं और गुणों का विकास करना है, जो उनमें है, जिससे कि वे निर्दिष्ट लक्ष्य की ओर बढ़ सके। एमरसन ने उचित ही लिखा है – 'शिक्षा इतनी विशद होनी चाहिए, जितना कि मनुष्य। उसमें जो भी शक्तियां है, शिक्षा को उन्हें पोषित और प्रदर्शित करना चाहिए।'

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. त्यागी डॉ. गुरसनदास एवं डॉ. विजय कुमार नन्द : उदीयमान भारत में शिक्षा–अग्रवाल पब्लिकेशन्स आगरा, 2009
2. कुमार डॉ. प्रमिला एवं शर्मा डॉ. श्रीकमल : मध्यप्रदेश : एक भौगोलिक अध्ययन– मध्यप्रदेश हिन्दी ग्रंथ अकादमी, भोपाल, 2015
3. कहार रितेश कुमार – 'आदिवासी एवं सामान्य क्षेत्रों में स्वास्थ्य एवं शिक्षा का विकासात्मक परिवर्तन : मध्यप्रदेश के छिन्दवाड़ा जिले के संदर्भ में एक भौगोलिक अध्ययन' 2018
4. जिला जनगणना पुस्तिका, धार, 2009 एवं 2011

****

पत्रकारिता : अर्थ और स्वरूप

डॉ. दाशरथी बेहेरा*

शोध सारांश – आज 'पत्रकारिता' शब्द हमारे लिए कोई नया शब्द नहीं है। सुबह होते ही हमें अखबार की आवश्यकता होती है, फिर पूरे दिन रेडियो, दूरदर्शन, इंटरनेट एवं सोशल मीडिया के माध्यम से समाचार प्राप्त करते रहते हैं। साथ ही साथ रेडियो, टीवी और सोशल मीडिया सुबह से लेकर रात तक हमारे मनोरंजन के अतिरिक्त अन्य कई जानकारियों से परिचित कराते हैं। इसके साथ ही विज्ञापन ने हमें उपभेक्ता संस्कृति से जोड़ दिया है। कुल मिलाकर पत्रकारिता के विभिन्न माध्यम जैसे समाचार पत्र, पत्रिकाएँ, रेडियो, टेलीविजन, इंटरनेट, सोशल मीडिया ने व्यक्ति से लेकर समूह तक और देश से लेकर सारे विश्व को एकसूत्र में बांध दिया है। इसके परिणाम स्वरूप पत्रकारिता आज राष्ट्रीय स्तर पर विचार, अर्थ, राजनीति और यहाँ तक कि संस्कृति को भी प्रभावित करने में सक्षम हो गई है।

शब्द कुंजी – पत्रकारिता अर्थ, स्वरूप, परिभाषा, कर्म, पत्रकारिता और पत्रकार, पत्रकार की योग्यता एवं उत्तरदायित्व, पत्रकारिता का क्षेत्र।

प्रस्तावना – मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। वह अकेला नहीं रह सकता है। वह संप्रेषण के जरिए ही समाज से जुड़ता है। उसे व्यक्तिगत जरूरत पूरी करने, व्यक्तिगत संबंध स्थापित करने, सूचना प्राप्त करने, आपस में बातचीत करने, किसी के प्रति किसी चीज के लिए आग्रह पैदा करने तथा मनोरंजन यानि हँसना, हँसाना, दूसरे के दुख-सुख में हिस्सा लेना के लिए संप्रेषण की जरूरत पड़ती है। यह संप्रेषण एक प्रक्रिया के तहत काम करता है। इसमें नौ तत्व होते हैं-स्रोत, वक्तृत्व क्षमता, संदेश, माध्यम, प्राप्तकर्ता, संदेश प्राप्ति, प्रतिक्रिया, संदर्भ एवं जीवन मूल्य और दृष्टिकोण।

स्रोत किसी भी संदेश को जन्म देता है। यह स्रोत कोई भी व्यक्ति हो सकता है। वह अपने विचारों को अभिव्यक्त करना चाहता है। इसके लिए वह अपने अनुभव और भाषा ज्ञान का उपयोग करता है। स्रोत या व्यक्ति अपने विचारों को शब्दों में ढ़ालता है। मौखिक संप्रेषण के संदर्भ में इस स्रोत को वक्ता कहते हैं। लिखित संप्रेषण के संदर्भ में इस स्रोत को लेखक, पत्रकार, रचनाकार कहते हैं। संचार माध्यम के संदर्भ में इस स्रोत को रेडियो, टेलीविजन, चलचित्र, समाचार पत्र-पत्रिकाएँ, होर्डिंग, बिल, इंटरनेट, टेलीफोन, मोबाइल, विज्ञापन, यातायात संकेत आदि इसके कई रूप हैं।

भाषा एक तरह का संचार माध्यम ही है। जब हम किसी दूसरे व्यक्ति तक अपना संदेश पहुँचाना चाहते हैं तो भाषा की सहायता लेते हैं। भाषा का पहला प्रयोग बोलकर ही किया गया होगा। उसे लिखकर भी प्रयोग किया जा सकता है। इसी से लिपि का आविष्कार हुआ होगा। आज बोलने और लिखे जाने के इस काम को समय और स्थान दोनों स्तरों पर सुरक्षित रखा जा सकता है, उसका पुनरू निर्माण किया जा सकता है। इसी उपलब्धि ने संचार माध्यमों को जन्म दिया है। जब रेडियो का आविष्कार हुआ तो बोली जानेवाली भाषा उसी रूप में सुरक्षित रखकर उसे एक स्थान से दूसरे स्थान और एक समय से दूसरे समय तक ज्यों का त्यों भेजना मुमकिन हो सका। समाचार पत्र-पत्रिका, रेडियो, टेलीविजन, होर्डिंग, बिल, पैम्फलेट, इंटरनेट, मोबाइल, सोशल मीडिया, कंप्यूटर, फिल्म, वीडियो आदि ने संचार की प्रक्रिया को इतना व्यापक बना दिया है कि अब केवल मुद्रित रूप ही नहीं बल्कि आवाज और दृश्य रूप में भी संदेशों को संप्रेषित किया जा सकता है। कंप्यूटर एवं स्मार्ट फोन ने हर तरह के संचार माध्यमों को एक ही स्थान पर उपलब्ध करा दिया है। संचार के क्षेत्र में जो भी बदलाव देखने को मिला है उसने लेखन को भी प्रभावित किया है। यहाँ तक कि लेखन का एक नया क्षेत्र भी खोल दिया है।

पत्रकारिता का अर्थ, परिभाषा, कर्म, पत्रकारिता और पत्रकार, पत्रकार की योग्यता एवं उत्तरदायित्व, पत्रकारिता का क्षेत्र के द्वारा ही पत्रकारिता के स्वरूप को समझा जा सकता है। तो आइए पत्रकारिता के अर्थ, परिभाषा और क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानें।

पत्रकारिता का अर्थ – अपने रोजमर्रा के जीवन की स्थिति के बारे में थोड़ा गौर कीजिए। दो लोग आसपास रहते हैं और कभी बाजार में, कभी राह चलते और कभी एक-दूसरे के घर पर रोज मिलते हैं। आपस में जब वार्तालाप करते हैं उनका पहला सवाल क्या होता है? उनका पहला सवाल होता है क्या हालचाल है? या कैसे हैं? या क्या समाचार है? रोजमर्रा के ऐसे सहज प्रश्नों में कोई खास बात नहीं दिखाई देती है लेकिन इस पर थोड़ा विचार किया जाए तो पता चलता है कि इस प्रश्न में एक इच्छा या जिज्ञासा दिखाई देगी और वह है नया और ताजा समाचार जानने की। वे दोनों पिछले कुछ घंटे या कल रात से आज के बीच में आए बदलाव या हाल की जानकारी प्राप्त करना चाहते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि हम अपने मित्रों, पड़ोसियों, रिश्तेदारों और सहकर्मियों से हमेशा उनकी आसपास की घटनाओं के बारे में जानना चाहते हैं। मनुष्य का सहज प्रवृत्ति है कि वह अपने आसपास की चीजों, घटनाओं और लोगों के बारे में ताजा जानकारी रखना चाहता है। उसमें जिज्ञासा का भाव प्रबल होता है। यही जिज्ञासा समाचार और व्यापक अर्थ में पत्रकारिता का मूल तत्व है। जिज्ञासा नहीं रहेगी तो समाचार की जरूरत नहीं रहेगी। पत्रकारिता का विकास इसी जिज्ञासा को शांत करने के प्रयास के रूप में हुआ है जो आज भी अपने मूल सिद्धांत के आधार पर काम करती आ रही है।

इस जिज्ञासा से हमें अपने पास-पड़ोस, शहर, राज्य और देश दुनिया के बारे में बहुत कुछ सूचनाएँ प्राप्त होती है। ये सूचनाएँ हमारे दैनिक जीवन के साथ साथ पूरे समाज को प्रभावित करती हैं। ये सूचनाएँ हमारा अगला कदम

* अतिथि अध्यापक (हिंदी) गंगाधर मेहेर विश्वविद्यालय, अमृत विहार, संबलपुर (ओड़िशा) भारत

क्या होगा तय करने में सहायता करती है। यही कारण है कि आधुनिक समाज में सूचना और संचार माध्यमों का महत्व बहुत बढ़ गया है। आज देश दुनिया में क्या घटित हो रहा है उसकी अधिकांश जानकारियाँ हमें समाचार माध्यमों से मिलती है।

विभिन्न समाचार माध्यमों के जरिए दुनियाभर के समाचार हमारे घरों तक पहुँचते हैं चाहे वह समाचार पत्र हो या टेलीविजन और रेडियो या इंटरनेट या सोशल मीडिया। समाचार संगठनों में काम करनेवाले पत्रकार देश-दुनिया में घटनेवाली घटनाओं को समाचार के रूप में परिवर्तित कर हम तक पहुँचाते हैं। इसके लिए वे रोज सूचनाओं का संकलन करते हैं और उन्हें समाचार के प्रारूप में ढालकर पेश करते हैं। इस पूरी प्रक्रिया को ही 'पत्रकारिता' कहते हैं।

व्यक्ति को, समाज को, देश-दुनिया को प्रभावित करनेवाली हर सूचना समाचार है। यानी कि किसी घटना की रिपोर्ट ही 'समाचार' है। या यूँ कहें कि समाचार जल्दी में लिखा गया इतिहास होता है।

पत्रकारिता शब्द अंग्रेजी के 'जर्नलिज्म' का हिन्दी रूपांतर है। शब्दार्थ की दृष्टि से 'जर्नलिज्म' शब्द 'जर्नल' से निर्मित है और इसका अर्थ है 'दैनिकी', 'दैनन्दिनी', 'रोजनामचा' अर्थात जिसमें दैनिक कार्यों का विवरण हो। आज जर्नल शब्द 'मैगजीन', 'समाचार पत्र', 'दैनिक अखबार' का द्योतक हो गया है। 'जर्नलिज्म' यानी पत्रकारिता का अर्थ समाचार पत्र, पत्रिका से जुड़ा व्यवसाय, समाचार संकलन, लेखन, संपादन, प्रस्तुतीकरण, वितरण आदि होगा। आज के युग में पत्रकारिता के अभी अनेक माध्यम हो गये हैं, जैसे-अखबार, पत्रिकाएँ, रेडियो, दूरदर्शन, वेब-पत्रकारिता, सोशल मीडिया, इंटरनेट आदि।

हिंदी में भी पत्रकारिता का अर्थ भी लगभग यही है। 'पत्र' से 'पत्रकार' और फिर 'पत्रकारिता' से इसे समझा जा सकता है। वृहत हिंदी शब्दकोश के अनुसार 'पत्र' का अर्थ चिट्ठी, कागज, वह कागज जिस पर कोई बात लिखी या छपी हो, वह कागज या धातु की पट्टी जिस पर किसी व्यवहार के विषय में कोई प्रामाणिक लेख लिखा या खुदवाया गया हो(दानपत्र, ताम्रपत्र), किसी व्यवहार या घटना के विषय का प्रमाण रूप लेख(पट्टा, दस्तावेज), यान, वाहन, समाचार पत्र, अखबार है। 'पत्रकार' का अर्थ समाचार पत्र का संपादक या लेखक। और 'पत्रकारिता' का अर्थ पत्रकार का काम या पेशा, समाचार के संपादन, समाचार इकट्ठे करने आदि का विवेचन करनेवाली विद्या। वृहत शब्दकोश में साफ है कि पत्र का अर्थ वह कागज या साधन जिस पर कोई बात लिखी या छपी हो जो प्रामाणिक हो, जो किसी घटना के विषय को प्रमाण रूप पेश करता है। और पत्रकार का अर्थ उस पत्र, कागज को लिखनेवाला, संपादन करनेवाला। और पत्रकारिता का अर्थ उसका विवेचन करनेवाली विद्या।

उल्लेखनीय है कि इन सभी माध्यमों से संदेश या सूचना का प्रसार एक तरफा होता है। सूचना के प्राप्तकर्ता से इनका फीडबैक नहीं के बराबर है। यानी सभी माध्यमों में प्रचारक या प्रसारक के संदेश प्राप्तकर्ता में दोहरा संपर्क नहीं स्थापित कर पाते हैं। प्राप्तकर्ता से मिलनेवाली प्रतिक्रिया, चिट्ठियों आदि के माध्यम से संपर्क नहीं के बराबर है। पिछले कुछ सालों में जनसंचार के अत्याधुनिक पद्धतियों के प्रचलन से दोहरा संपर्क रखा जाने लगा है।

पत्रकारिता की परिभाषा – किसी घटना की रिपोर्ट समाचार है जो व्यक्ति, समाज एवं देश दुनिया को प्रभावित करती है। इसके साथ ही इसका उपरोक्त से सीधा संबंध होता है। इस कर्म से जुड़े मर्मज्ञ विभिन्न मनीषियों द्वारा पत्रकारिता को अलग-अलग शब्दों में परिभाषित किया गया है। पत्रकारिता के स्वरूप को समझने के लिए यहाँ कुछ महत्वपूर्ण परिभाषाओं का उल्लेख किया जा रहा है।

(क) पाश्चात्य चिंतन

1. **न्यू वेबस्टर्स डिक्शनरी :** प्रकाशन, संपादन, लेखन एवं प्रसारणयुक्त समाचार माध्यम का व्यवसाय ही पत्रकारिता है ।
2. **विल्वर श्रम :** जनसंचार माध्यम दुनिया का नक्शा बदल सकता है।
3. **सी.जी. मूलर :** सामयिक ज्ञान का व्यवसाय ही पत्रकारिता है। इसमें तथ्यों की प्राप्ति, उनका मूल्यांकन एवं ठीक-ठाक प्रस्तुतीकरण होता है।
4. **जेम्स मैकडोनल्ड :** पत्रकारिता को मैं रणभूमि से ज्यादा बड़ी चीज समझता हूँ। यह कोई पेशा नहीं वरन पेशे से ऊँची कोई चीज है। यह एक जीवन है, जिसे मैंने अपने को स्वेच्छापूर्वक समर्पित किया।
5. **विखेम स्टीड :** मैं समझता हूँ कि पत्रकारिता कला भी है, वृत्ति भी और जनसेवा भी । जब कोई यह नहीं समझता कि मेरा कर्तव्य अपने पत्र के द्वारा लोगों का ज्ञान बढ़ाना, उनका मार्गदर्शन करना है, तब तक उसे पत्रकारिता की चाहे जितनी ट्रेनिंग दी जाए, वह पूर्ण रूपेण पत्रकार नहीं बन सकता।

इस प्रकार न्यू वेबस्टर्स डिक्शनरी में उस माध्यम को जिसमें समाचार का प्रकाशन, संपादन एवं प्रसारण विषय से संबंधित को पत्रकारिता कहा गया है। विल्वर श्रम का कहना है कि जनसंचार माध्यम उसे कहा जा सकता है जो व्यक्ति से लेकर समूह तक और देश से लेकर विश्व तक को विचार, अर्थ, राजनीति और यहाँ तक कि संस्कृति को भी प्रभावित करने में सक्षम है। सीजी मूलर ने तथ्य एवं उसका मूल्यांकन के प्रस्तुतीकरण और सामयिक ज्ञान से जुड़े व्यापार को पत्रकारिता के दायरे में रखते हैं। जेम्स मैकडोनल्ड के विचार अनुसार पत्रकारिता दर्शन है जिसकी क्षमता युद्ध से भी ताकवर है। विखेम स्टीड पत्रकारिता को कला, पेशा और जनसेवा का संगम मानते हैं।

(ख) भारतीय चिंतन

1. **हिंदी शब्द सागर :** पत्रकार का काम या व्यवसाय ही पत्रकारिता है ।
2. **डॉ. अर्जुन तिवारी :** ज्ञान और विचारों को समीक्षात्मक टिप्पणियों के साथ शब्द, ध्वनि तथा चित्रों के माध्यम से जन-जन तक पहुँचाना ही पत्रकारिता है। यह वह विद्या है जिसमें सभी प्रकार के पत्रकारों के कार्यों, कर्तव्यों और लक्ष्यों का विवेचन होता है। पत्रकारिता समय के साथ साथ समाज की दिग्दर्शिका और नियामिका है।
3. **रामकृष्ण रघुनाथ खाडिलकर :** ज्ञान और विचार शब्दों तथा चित्रों के रूप में दूसरे तक पहुँचाना ही पत्रकला है। छपने वाले लेख-समाचार तैयार करना ही पत्रकारी नहीं है। आकर्षक शीर्षक देना, पृष्ठों का आकर्षक बनाव-ठनाव, जल्दी से जल्दी समाचार देने की त्वरा, देश-विदेश के प्रमुख उद्योग-धंधों के विज्ञापन प्राप्त करने की चतुराई, सुंदर छपाई और पाठक के हाथ में सबसे जल्दी पत्र पहुँचा देने की त्वरा, ये सब पत्रकार कला के अंतर्गत रखे गए ।
4. **डॉ.बद्रीनाथ कपूर :** पत्रकारिता पत्र-पत्रिकाओं के लिए समाचार लेख आदि एकत्रित करने, संपादित करने, प्रकाशन आदेश देने का कार्य है ।
5. **डॉ. शंकर दयाल शर्मा :** पत्रकारिता एक पेशा नहीं है बल्कि यह तो जनता की सेवा का माध्यम है । पत्रकारों को केवल घटनाओं का विवरण ही पेश नहीं करना चाहिए, आम जनता के सामने उसका विश्लेषण भी करना चाहिए। पत्रकारों पर लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करने और शांति एवं भाईचारा बनाए रखने की भी जिम्मेदारी आती है ।

6. इन्द्र विद्यावाचस्पति : पत्रकारिता पाँचवां वेद है, जिसके द्वारा हम ज्ञान–विज्ञान संबंधी बातों को जानकर अपना बंद मस्तिष्क खोलते हैं।

हिंदी शब्द सागर में पत्रकार के कार्य एवं उससे जुड़े व्यवसाय को पत्रकारिता कहा गया है। डॉ. अर्जुन तिवारी के अनुसार ज्ञान और विचार को कलात्मक ढंग से लोगों तक पहुँचाना ही पत्रकारिता है। यह समाज का मार्गदर्शन भी करता है। इससे जुड़े कार्य का तात्विक विवेचन करना ही पत्रकारिता विद्या है। रामकृष्ण रघुनाथ खाडिलकर मानते हैं कि यह एक कला है जिसके माध्यम से पत्रकार ज्ञान और विचारों को शब्द एवं चित्रों के माध्यम से आकर्षक ढंग से प्रस्तुत करता है। डॉ.बद्रीनाथ कपूर का कहना है कि समाचार माध्यमों के लिए किए जानेवाले कार्य समाचार संकलन, लेखन एवं संपादन, प्रकाशन कार्य ही पत्रकारिता है। डॉ.शंकर दयाल शर्मा मानते हैं कि यह सेवा का माध्यम है। यह एक ऐसी सेवा है जो घटनाओं का विश्लेषण करके लोकतांत्रिक परंपराओं की रक्षा करने के साथ ही शांति एवं भाईचारा कायम रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निर्वाह करती है। इंद्र विद्यावाचस्पति का मानना है कि पत्रकारिता वेदों की तरह है जो ज्ञान–विज्ञान के जरिए लोगों की मस्तिष्क को खोलने में काम करता है। इन सभी परिभाषाओं के आधार पर पत्रकारिता को निम्नलिखित शब्दों में परिभाषित किया जा सकता है :–

यह एक ऐसा कलात्मक सेवा कार्य है जिसमें सामयिक घटनाओं को शब्द एवं चित्र के माध्यम से जन जन तक आकर्षक ढंग से पेश किया गया हो और जो व्यक्ति से लेकर समूह तक और देश से लेकर विश्व तक के विचार, अर्थ, राजनीति और यहाँ तक कि संस्कृति को भी प्रभावित करने में सक्षम हो। उस कला का विवेचन ही पत्रकारिता है।

पत्रकारिता के मूल्य – चूंकि यह एक ऐसा कलात्मक सेवा कार्य है जिसमें सामयिक घटनाओं को शब्द एवं चित्र के माध्यम से पत्रकार रोज दर्ज करते चलते हैं तो इसे एक तरह से दैनिक इतिहास लेखन कहा जाएगा। यह काम ऊपरी तौर पर बहुत आसान लगता है लेकिन यह इतना आसान होता नहीं है। अपनी पूरी स्वतंत्रता के बावजूद पत्रकारिता सामाजिक और नैतिक मूल्यों से जुड़ी रहती है। उदाहरण के लिए सांप्रदायिक दंगों का समाचार लिखते समय पत्रकार प्रयास करता है कि उसके समाचार से आग न भड़के। वह सच्चाई जानते हुए भी दंगों में मारे गए या घायल लोगों के समुदाय की पहचान नहीं करता। बलात्कार के मामलों में वह महिला का नाम या चित्र नहीं प्रकाशित करता है ताकि उसकी सामाजिक प्रतिष्ठा को कोई धक्का न पहुँचे। पत्रकारों से अपेक्षा की जाती है कि वे पत्रकारिता की आचार संहिता का पालन करें ताकि उनके समाचारों से बेवजह और बिना ठोस सबूत के किसी की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को नुकसान न हो और न ही समाज में अराजकता और अशांति फैले।

सामाजिक सरोकारों को व्यवस्था की दहलीज तक पहुँचाने और प्रशासन की जनहितकारी नीतियों तथा योजनाओं को समाज के सबसे निचले तबके तक ले जाने के दायित्व का निर्वाह ही सार्थक पत्रकारिता है।

पत्रकारिता को लोकतंत्र का चौथा स्तंभ भी कहा जाता है। इसने लोकतंत्र में यह महत्चपूर्ण स्थान अपने आप हासिल नहीं किया है बल्कि सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति पत्रकारिता के दायित्वों के महत्व को देखते हुए समाज ने ही यह दर्जा दिया है। लोकतंत्र तभी सशक्त होगा जब पत्रकारिता सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति अपनी सार्थक भूमिका निर्वाह करे। पत्रकारिता का उद्देश्य ही यह होना चाहिए कि वह प्रशासन और समाज के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी की भूमिका निर्वाह करे।

समय के साथ पत्रकारिता का मूल्य बदलता गया है। इतिहास पर नजर डालें तो स्वतंत्रता के पूर्व की पत्रकारिता का मुख्य उद्देश्य स्वतंत्रता प्राप्ति ही लक्ष्य था। स्वतंत्रता के लिए चले आंदोलन और स्वतंत्रता संग्राम में पत्रकारिता ने अहम और सार्थक भूमिका निभाई है। उस दौर में पत्रकारिता ने पूरे देश को एकता के सूत्र में बांधने के साथ साथ पूरे समाज को स्वाधीनता की प्राप्ति के लक्ष्य से जोड़े रखा।

आजादी के बाद निश्चित रूप से इसमें बदलाव आना ही था। आज इंटरनेट और सूचना अधिकार ने पत्रकाकारिता को बहु आयामी और अनंत बना दिया है। आज कोई भी जानकारी पलक झपकते उपलब्ध कराई जा सकती है। पत्रकारिता वर्तमान समय में पहले से कई गुना सशक्त, स्वतंत्र और प्रभावकारी हो गया है। अभिव्यक्ति की आजादी और पत्रकारिता की पहुँच का उपयोग सामाजिक सरोकारों और समाज की भलाई के लिए हो रहा है लेकिन कभी कभार इसका दुरुपयोग भी होने लगा है।

आर्थिक उदारीकरण का प्रभाव भी पत्रकारिता पर खूब पड़ा है। विज्ञापनों से होनेवाली अथाह कमाई ने पत्रकारिता को एक व्यवसाय बना दिया है। और इसी व्यावसायिक दृष्टिकोण का नतीजा यह हो चला है कि उसका ध्यान सामाजिक जिम्मेदारियों से कहीं भटक गया है। आज पत्रकारिता मुद्दा के बदले सूचनाधर्मी होता चला गया है। इंटरनेट एवं सोशल मीडिया की व्यापकता के चलते उस तक सार्वजनिक पहुँच के कारण उसका दुष्प्रयोग भी होने लगा है। इसके कुछ उपयोगकर्ता निजी भड़ास निकालने और आपत्तिाजनक प्रलाप करने के लिए इस माध्यम का गलत इस्तेमाल करने लगे हैं। यही कारण है कि इस पर अंकुश लगाने की बहस छिड़ जाती है। लोकतंत्र के हित में यही है कि जहाँ तक हो सके पत्रकारिता को स्वतंत्र और निर्बाध रहने दिया जाए। पत्रकारिता का हित में यही है कि वह अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का उपयोग समाज और सामाजिक जिम्मेदारी निर्वाह के लिए ईमानदारी से निर्वहन करती रहे।

पत्रकारिता और पत्रकार – अब तक हमने जान लिया है कि पत्रकारिता एक ऐसी कला है जिसे शब्द और चित्र के माध्यम से पेश किया जाता है। इसे आकार देनेवाला पत्रकार होता है। ऊपर से देखने से यह एक आसान काम लगता है लेकिन यह उतना आसान नहीं होता है। उस पर कई तरह के दबाव हो सकते हैं। अपनी पूरी स्वतंत्रता के बावजूद उस पर सामाजिक और नैतिक मूल्यों की जवाबदेही होती है।

लोकतंत्र में पत्रकारिता को चौथा स्तंभ माना गया है। इस हिसाब से न्यायपालिका, कार्यपालिका, विधायिका जैसे तीन स्तंभ को बांधे रखने के लिए पत्रकारिता एक कड़ी के रूप में काम करती है। इस कारण पत्रकार की भूमिका महत्वपूर्ण होती है। उसके सामने कई चुनौतियाँ होती है और दबाव भी। सामाजिक सरोकारों को व्यवस्था की दहलीज तक पहुँचाने और प्रशासन की जनहितकारी नीतियों तथा योजनाओं को समाज के सबसे निचले तबके तक ले जाने के दायित्व का निर्वहन करना पत्रकार और पत्रकारिता का कार्य है।

एक समय था भारत में कुछ लोग प्रतिष्ठित संस्था एवं व्यवस्था को समाज के विकास में सहायक नहीं समझते थे। यह लोग अपने नए विचारों के प्रचार प्रसार के लिए पत्र–पत्रिकाओं का प्रकाशन करते थे। यह उनकी प्रकृति एवं प्रवृत्ति को लोगों तक पहुँचाने का माध्यम बना था। तकनीकी विकास एवं उद्योग एवं वाणिज्य के प्रसार के कारण एक दिन यह एक कमाऊ व्यवसाय में परिवर्तित हो जाएगा की बात उन्होंने सपनों में भी नहीं सोचा था। समाज के कल्याण, नए विचार के प्रचार प्रसार के लिए पत्रकारिता को समर्पित माना जाता था। यह एक दिन पेशा में बदला जाएगा और इसके

लिए डिग्री, डिप्लोमा के पैमाने पर योग्यता एवं दक्षता मापा जाएगा यह कोई सोचा भी नहीं होगा।

लोकतंत्र व्यवस्था में पत्रकारिता भाव की अभिव्यक्ति के लिए आवश्यक माध्यम के रूप में स्वीकृत है। इसलिए पत्रकारिता या मीडिया को राष्ट्र का चौथा स्तंभ कहा जा रहा है। लेकिन खुली हवा के अभाव में इसका विकास भी अवरूद्ध हो सकता है।

आजादी के बाद लोकतांत्रिक राष्ट्र के रूप में भारत आगे बढ़ने के कारण समाचार पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन, प्रसारण में वृद्धि हुई है। इसका सामाजिक सरोकार होने के बावजूद यह एक उद्योग के रूप में परिवर्तित हो चुकी है। पत्रकारिता ने एक विकसित पेशा के रूप में शिक्षित युवाओं को आकर्षित किया है। देश में जिन कुछ क्षेत्रों में प्रवृत्ति एवं वृत्ति यानी पेशा में मिलान एवं जुड़ाव की आवश्यकता है उनमें से पत्रकारिता अन्यतम है।

पत्रकारिता के लिए किताबी ज्ञान की तुलना में कुशल साधना की जरूरत अधिक होती है। क्योंकि यह एक कला है। साधना के बल पर ही कुशलता हासिल किया जा सकता है। किताब पढ़कर डिग्री तो हासिल की जा सकती है लेकिन कुशलता के लिए अनुभव की जरूरत होती है। इसके बावजूद चूंकि यह अब पेशे में बदल चुकी है इसलिए योग्यता का पैमाना विचारणीय है। उस प्राथमिक योग्यता एवं सामान्य ज्ञान के लिए इस विषय में कुछ सामान्य नीति नियम जानना और समझना अत्यंत जरूरी है।

एक बात और अतीत में जितने भी पत्रकारों ने श्रेष्ठ पत्रकार के रूप में ख्याति प्राप्त की है उन्होंने किसी विश्वविद्यालय से पत्रकारिता विषय में कोई डिग्री या डिप्लोमा हासिल नहीं किया है। उन्होंने प्रवृत्ति के आधार पर और साधना के बल पर पत्रकारिता के क्षेत्र में शीर्ष स्थान हासिल किया है।

पत्रकारिता कर्म – प्रारंभिक अवस्था में जब पत्रकारिता को एक उद्योग के रूप में नहीं गिना जाता था तभी पत्रकारिता को एक पेशा या कर्म के रूप में नहीं समझा जाता था। जब डाक एवं तार, परिवहन व्यवस्था में विकास नहीं हुआ था, विज्ञापन से सामान्य आय हुआ करता था, शिक्षा का प्रसार नहीं हुआ था तब एक सप्ताह में या पंद्रह दिन में एकबार एक समाचार पत्र एवं पत्रिकाओं का एक संस्करण प्रकाशित करने का कुछ लोगों में जुनून था। कुछ खास नीति एवं आदर्श के प्राचार हेतु एवं सीमित लक्ष्य हासिल के लिए पत्रकारिता को एक माध्यम समझकर कुछ लोग इसके लिए असीम शक्ति एवं समय लगा देते थे। उन लोगों ने यह सपने में भी नहीं सोचा होगा कि उनका जुनून एक दिन कमाऊ व्यवसाय बन जाएगा। तकनीकी विकास, परिवहन व्यवस्था में विकास, उद्योग एवं वाणिज्य के प्रसार के कारण आज यह एक उद्योग बन चुका है। पत्रकारिता आज की स्थिति में केवल प्रवृत्ति या जुनून न होकर एक पेशा बन गया है। जिसके हृदय में समाज के प्रति संवेदना का भाव है और समाज का कल्याण चाहता है और नए विचार का प्रचार प्रसार करना चाहता है तो वह इस पेशे से जुड़ सकता है। दूसरी बात यह कि आज की स्थिति में हर क्षेत्र में चुनौती है। पत्रकारिता में भी पत्रकार को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। बावजूद इसके वर्तमान में पत्रकारिता एक पेशा या कर्म बन चुका है। यह एक पेशा में बदला चुका है और इसके लिए विभिन्न विश्वविद्यालयों द्वारा औपचारिक डिग्री, डिप्लोमा प्रदान किया जा रहा है।

पत्रकार की योग्यता और उत्तारदायित्व – समाचार पत्र-पत्रिकाएँ हो या अन्य माध्यम में कार्य कर रहे पत्रकारों को दुहरी भूमिका निर्वाह करनी पड़ती है। उसे अपने स्तर पर समाचार भी संकलन करना होता है और उसे लिखना भी पड़ता है। समाचारों के संकलन, व्याख्या और प्रस्तुतीकरण के लिए पत्रकार में गुप्तचर, मनोवैज्ञानिक और वकील के साथ साथ एक अच्छे लेखक के गुण होने चाहिए। प्रत्येक पत्रकार को अपने समाचार का क्षेत्र निर्धारित कर लेना चाहिए ताकि विशेषता हासिल होने पर वह समाचार को सही ढंग से पेश कर सकता है। पत्रकार में कुछ गुण ऐसे होने चाहिए जो उसे सफल पत्रकार बना सकता है उसमें सक्रियाता, विश्वासपात्रता, वस्तुनिष्ठता, विश्लेषणात्मक क्षमता और भाषा पर अधिकार।

1. **सक्रियता –** एक सफल पत्रकार के लिए अत्यंत जरूरी है कि वह हर स्तर पर सक्रिय रहे। यह सक्रियता उसे समाचार संकलन और लेखन दोनों में दृष्टिगोचार होनी चाहिए। सक्रियता होगी तो समाचार में नयापन और ताजगी आएगी। अनुभवी पत्रकार अपने परिश्रम और निजी सूत्रों से सूचनाएँ प्राप्त करते हैं और उन्हें समाचार के रूप में परिवर्तित करते हैं। वह पत्र और पत्रकार सम्मानित होते हैं जिसके पत्रकार जासूसों की तरह सक्रिय रहते हैं और अपने संपर्क सूत्रों को जिंदा रखते हैं।

2. **विश्वासपात्रता –** विश्वासपात्रता पत्रकार का ऐसा गुण है जिसे प्रयत्नपूर्वक प्राप्त किया जा सकता है। संपर्क सूत्र से पत्रकार को समाचार प्राप्त होते हैं। पत्रकार को हमेशा उसका विश्वासपात्र बने रहने से ही समाचार नियमित रूप से मिल सकता है। संपर्क सूत्र हमेशा यह ध्यान रखता है कि उसका जिस पत्रकार के साथ संबंध है वह उसके विश्वास को कायम रखता है या नहीं। अगर सूत्र का संकेत देने से उस व्यक्ति का नुकसान होता है तो उसे कभी भी उससे संपर्क नहीं रखना चाहेगा।

3. **वस्तुनिष्ठता –** वस्तुनिष्ठता का गुण पत्रकार के कर्तव्य से जुड़ा है। पत्रकार का कर्तव्य है कि वह समाचार को ऐसा पेश करे कि पाठक उसे समझते हुए उससे अपना लगाव महसूस करे। चूंकि समाचार लेखन संपादकीय लेखन नहीं होता है तो लेखक को अपनी राय प्रकट करने की छूट नहीं मिल पाती है। उसे वस्तुनिष्ठता होना अनिवार्य है। लेकिन यह ध्यान रखना होता है कि वस्तुनिष्ठता से उसकी जिम्मेदारी भी जुड़ी हुई है। पत्रकार का उत्तारदायित्व की परख तब होती है जब उसके पास कोई विस्फोटक समाचार आता है। आज के संदर्भ में दंगे को ही लें। किसी स्थान पर दो समुदायों के बीच दंगा हो जाता है और पत्रकार सबकुछ खुलासा करके नमक-मिर्च लगाकर समाचार पेश करता है तो समाचार का परिणाम विध्वंसात्मक ही होगा। ऐसी स्थिति में अनुभवी पत्रकार अपने विवेक का सहारा लेते हैं और समाचार इस रूप से पेश करते हैं कि उससे दंगाइयों को बल न मिले। ऐसे समाचार के लेखन में वस्तुनिष्ठता और भी अनिवार्य जान पड़ती है।

4. **विश्लेषणात्मक क्षमता –** पत्रकार में विश्लेषण करने की क्षमता नहीं है तो वह समाचार को रोचक ढंग से पेश नहीं कर पाता है। आज के पाठक केवल तथ्य पेश करने से संतुष्ट नहीं होता है। समाचार का विश्लेषण चाहता है। पाठक समाचार की व्याख्या चाहता है। समाचार के साथ विश्लेषण दूध में पानी मिलाने की तरह गुंथा हुआ रहता है। लेकिन व्याख्या में भी संतुलन होना चाहिए। पत्रकार की विश्लेषण क्षमता दो स्तर पर होता है – समाचार संकलन के स्तर पर और लेखन के स्तर पर। समाचार संकलन में पत्रकार की विश्लेषण क्षमता का उपयोग सूचनाओं और घटनाओं को एकत्र करने के समय होता है। इसके अलावा पत्रकार सम्मेलन, साक्षात्कार आदि में भी उसकी यह क्षमता उपयोग में आता है। दूसरा स्तर लेखन के समय दिखाई देती है। जो पत्रकार समाचार को समझने और प्रस्तुत करने में जितना ज्यादा अपनी विश्लेषण क्षमता का उपयोग कर सकेगा, उसका समाचार उतना ही ज्यादा दमदार होगा। इसे व्याख्यात्मक रिपोर्टिंग भी कहा जाता है।

उदाहरण के लिए, सीधी खबर है कि भारत सरकार ने किसानों का

कर्ज माफ करने का निर्णय लिया है। योजना लागू करने की तिथि की घोषणा अभी नहीं की गई है। किंतु पत्रकार अपने स्रोतों से पता करता है कि यह कर्ज माफी किस दबाव के तहत किया जा रहा है और इससे देश की अर्थ व्यवस्था पर क्या असर पड़ेगा। समाचार का यह रूप व्याख्यात्मक रिपोर्टिंग का रूप होगा।

चुनावी वादा निभाने किसानों का कर्ज माफ – भारत सरकार ने किसानों के विकास का ध्यान रखते हुए उनका कर्ज माफ करने का निर्णय लिया है। इससे राजकोष पर अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। सूत्रों के अनुसार यह निर्णय पार्टी द्वारा चुनाव के समय किए गए वायदे को पूरा करने के लिए लिया गया है।

5. भाषा पर अधिकार – समाचार लेखन एक कला है। ऐसे में पत्रकार को लेखन कला में माहिर होना होगा। उसे भाषा पर अधिकार होना चाहिए। इसके साथ ही पत्रकार को यह भी ध्यान रखना होगा कि उसके पाठक वर्ग किस प्रकार के हैं। समाचारपत्र में अलग अलग समाचार के लिए अलग अलग भाषा दिखाई पड़ते हैं। जैसे कि अपराध के समाचार, खेल समाचार या वाणिज्य समाचार की भाषा अलग अलग होती है। लेकिन उन सबमें एक समानता होती है वह यह है कि सभी प्रकार के समाचारों में सीधी, सरल और बोधगम्य भाषा का प्रयोग किया जाता है। इसमें एक बात और है कि पत्रकार को एक क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता निर्धारित कर लेना चाहिए। इससे उससे संबंधित शब्दावली से पत्रकार परिचित हो जाता है और जरूरत पड़ने पर नए शब्दों का निर्माण करना आसान हो जाता है। इसबारे में विस्तृत रूप से आगे चर्चा की गई है।

पत्रकारिता के क्षेत्र – आज की दुनिया में पत्रकारिता का क्षेत्र बहुत व्यापक हो गया है। शायद ही कोई क्षेत्र बचा हो जिसमें पत्रकारिता की उपादेयता को सिद्ध न किया जा सके। इसलिए यह कहना अतिशयोक्ति न होगी कि आधुनिक युग में जितने भी क्षेत्र हैं सबके सब पत्रकारिता के भी क्षेत्र हैं, चाहे वह राजनीति हो या न्यायालय या कार्यालय, विज्ञान हो या प्रौद्योगिकी हो या शिक्षा, साहित्य हो या संस्कृति या खेल हो या अपराध, विकास हो या कृषि या गाँव, महिला हो या बाल या समाज, पर्यावरण हो या अंतरिक्ष या खोज। इन सभी क्षेत्रों में पत्रकारिता की महत्ता एवं उपादेयता को सहज ही महसूस किया जा सकता है। दूसरी बात यह कि लोकतंत्र में इसे चौथा स्तंभ कहा जाता है। ऐसे में इसकी पहुँच हर क्षेत्र में हो जाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. मीडिया के विविध आयाम, योगेश कुमार गुप्ता, आविष्कार पब्लिशर्स, जयपुर, राजस्थान
2. रेडियो और दूरदर्शन पत्रकारिता, डॉ. हरिमोहन, तक्षशिला प्रकाशन, दिल्ली
3. समाचार लेखन और संपादन, एनसी पंत, कनिष्क पब्लिशर्स, डिस्ट्रिब्यूटर्स, दिल्ली
4. हिंदी पत्रकारिता, कृष्ण बिहारी मिश्र, भारतीय ज्ञानपीठ, नईदिल्ली
5. मीडिया लेखन के सिद्धांत, एनसी पंत, तक्षशिला प्रकाशन, नईदिल्ली
6. पत्रकारिता की कालजयी परंपरा, कमलेश्वर, बीबीसी हिंदी
7. मीडिया लेखनरू सिद्धांत और व्यवहार, डॉ. चंद्रप्रकाश मिश्र, संजय प्रकाशन, दिल्ली
8. गाँधी जी, पत्रकारिता और स्वतंत्रता आंदोलन, मीडिया का मैजिक
9. भाषा शिक्षण, रवीन्द्रनाथ श्रीवास्तव, वाणी प्रकाशन, नई दिल्ली, 1978
10. जनसंचार माध्यमों का सामाजिक चरित्र, जवरीमल्ल पारख, अनामिका प्रकाशन, दिल्ली
11. The ecology of language, Stanferd University Press, E, Haugen, 1972

****

Institutionalization of Social Audit and its impact on MNREGA in Himachal Pradesh- A case study of Kangra and Hamirpur district

Dr. Shivani Sabharwal* Naresh Kumar**

Introduction - In the present scenario unemployment is become the main reason of poverty in rural areas of India. Therefore Govt of India has always been making efforts to ameliorate the lives of unskilled labourers by creating infrastructure and establishing institutional set up for removal of poverty in rural areas. To achieve the objective, government of India has implemented many rural development schemes such as, MANREGA, The work for food programme, The Sampoorna Gramin Rojgar Yojna etc. Some of these programmes could not yield the desired results due to inconsistencies between aims of schemes, poor quality of infrastructure, lack of resources and manipulation of the records in few schemes. Now people of the country demanded from governments for more transparent, accountable and socially responsible programmes and the people are becoming more assertive about their rights to be informed which influence government's decision making process. People of the country no longer want their role in the democracy to be limited to electing their representatives but want to participate in the process of policy making and governance. To overcome these problems the Mahatma Gandhi National Rural Employment Guarantee Act (MNREGA), 2005 was launched by Govt of India. This act provides for enhancement of livelihood security of the households in rural areas as well as urban area of the country by providing at least 100 days guaranteed wage employment. Such employment is generated in every financial year to year to every household whose adult members voluntarily offers to do unskilled manual work. Government of India is also promoting people's participation in the policy making through consultation at various stages and also in implementation of MNREGA through bottom-up participatory planning, community monitoring and social audit.

शोध सारांश – देश में कृषि विकास को विकसित करने एवं कृषको की आय को वर्ष 2022 तक दोगुना करने के लिए केन्द्र एवं राज्य सरकारों द्वारा विविध प्रकार की नीतियों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। इसी क्रम में कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा के साथ-साथ सूचना एवं संचार तकनीकी की उपयोगिता को समझते हुये कृषकों तक नवीनतम कृषि सम्बन्धी वैज्ञानिक जानकारियों के प्रचार-प्रसार हेतु कई महत्वपूर्ण तकनीकी पहल की गई है। वेब-आधारित पोर्टल का भी निर्माण किए गये हैं। आई0सी0ए0आर0 के संस्थानों के विषय में जानकारीयॉ प्रदान करवाने हेतु आई0सी0ए0आर0 पोर्टल एवं कृषि शिक्षा से सम्बन्धित महत्वपूर्ण सूचनाएँ देने के लिए एग्री यूनिवर्सिटी पोर्टल को विकसित किया गया है। उसके अलावा कृषि उत्पादों के बाजार भाव की सूचना प्रदान करने हेतु विकसित किया गया मोबाइल एप या फिर बीमा योजना से सम्बन्धित मोबाइल एप,सभी प्रकार की कृषि से सम्बन्धित सूचना आवश्यकताओं को पुरा करने के लिए सदैव तत्पर है। वास्तविकता तो अब यह है कि हमारे देश में कृषि विकास की कुंजी अब सूचना तकनीकी सृजित कर रही है। विभिन्न कार्यक्रमों एवं उदाहरणों से यह तो स्पष्ट है कि सूचना तकनीकी भविष्य में कृषि गवर्नेंस के मार्ग को ओर ज्यादा से ज्यादा आसान बना सकाती है।

शब्द कुंजी – कृषि विकास, किसान, ई-तकनीकी, योजनाएं।

प्रस्तावना – देश की आधी से भी ज्यादा जनसंख्या ग्रामीण अंचलों में रहती हैं जिसकी रोजी-रोटी तथा जीविको पार्जन का मुख्य साधन कृषि का कार्य है इसीलिए शायद भारत देश को कृषि प्रधान देश भी कहा जाता है। देश का विकास तथा खुशहाली का मार्ग ग्रामों से होकर गुजरता हैं। यदि भारत को खुषहाल बनाना है तो गाँव को विकसित करना होगा और गॉव तभी विकसित हो सकता हैं जब कृषि के विकास पर अत्याधिक बल दिया जायेगा। सामाजार्थिक विकास में सूचना प्रौद्योगिकी की भूमिका काफी अहम मानी गई है। परन्तु सूचनाओं का आदान-प्रदान सम्प्रेषण स्थापना तथा विविध युक्तियों में सूचना तकनीकी के अनुप्रयोग से विकास के सूत्रों की तलाष करना तब तक सम्भव नहीं, जब तक हम नवीनता को प्रोत्साहित नहीं कर लेते नवीनता को प्रोत्साहन एंव कृषि के आधुनिकीकरण से लेकर फसल सुरक्षा,कृषि विपणन और जागरूकता के प्रचार-प्रसार से सम्बन्धित कृषि एवं कृषिकों की तमाम समस्याओं के समाधान हेतु सूचना तकनीकी प्रभावी साबित हो सकती है।

कृषि विकास –किसी भी देश की अर्थव्यवस्था में कृषि क्षेत्र की महत्वपूर्ण योगदान होती है यदि इसे आर्थिक सिस्टम की रीढ़ की हड्डी कहा जाये, तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। वास्तविक रूप से कृषि क्षेत्र खाद्यान्न और कच्ची सामग्री तो उपलब्ध कराती ही हैं साथ ही यह आबादी के एक बड़े हिस्से को राजगार के अवसर भी प्रदान करती हैं। भारत में हमारी कार्यशील आबादी की प्रमुख व्यवसाय कृषि हैं। 125 करोड़ से अधिक आबादी वाले विशाल देश में अधिकांश कृषक आज भी परम्परागत खेती कर रहें हैं। खेती ही नहीं अधिक्तर कृषक वर्तमान दौर में पशुपालन और कृषि से सम्बन्धित अन्य बहुत से व्यवसाय परम्परागत तरीके से ही किये जा रहें है।

आधुनिक प्रौद्योगिकी एवं कृषि नवीन उपकरणें की उपलब्धता के बावजूद विशेषतौर पर तंग-हाल छोटे एवं मध्यम किसान उनका लाभ नही उठापा रहें हैं। वे घाटे की कृषि व्यवसाय करते हुये ऐसे दुष्चक्र में फसे हुये हैं कि नवीन ज्ञान और कौशल से वंचित रह जाते हैं। खेती तथा कृषि से जुड़े हुये अन्य व्यवसायों को समेकित रूप से अत्यधिक लाभकारी बनाने हेतु कौशल विकास पर सरकार संजीदा हैं। जरूरत इस बात ही हैं कि सरकारी योजनाओं तथा अनके लाभों की उन्हें सही और समय पर जानकारी उपलब्ध करायी जायें। कृषि उत्पादन में ज्यादा से ज्यादा वृद्धि करने के लिए उत्तम बीज की उपलब्धता, मृदा स्वास्थ्य प्रबन्धन हेतु मृदा स्वास्थ्य कार्ड, उर्वरकों से जुड़ी सरकारी नीतियाँ, विपणन,बीमा, लैंड लीजिंग और पूर्वोत्तर भारत पर अत्यधिक फोकस, विविध मदों में कृषिकों एवं ग्रामीण लोगों को डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डी बी टी) जैसे कार्यक्रमों के तहत कृषकों को लाभ पहुचाने की पहल की गई हैं। हमारें देश में कृषि विकास को बढ़ाने और किसान की आय को वर्ष 2022 तक डबल करने हेतु भारत सरकार एवं राज्य सरकारों द्वारा विभिन्न प्रकार की योजनाओं और नीतियों का क्रियान्वयन किया जा रहा हैं। सरकारों द्वारा निरन्तर जारी इन प्रयास के सकारात्मक परिणाम अब कुछ देखने को मिल रहें हैं। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता हैं कि वर्तमान सरकारों द्वारा पिछले कुछ वर्षो के दौरान कृषि क्षेत्र को निरंतर प्राथमिकता दी गई हैं। इस क्रम में सरकार द्वारा न सिर्फ कृषि विकास पर आधारित नवीन योजनाओं तथा कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया गया हैं बल्कि इस हेतु पर्याप्त धनराशि भी उपलब्ध करायी गयी हैं।

सारणी- 1 : क्षेत्रवार गत पाँच वर्षों के बजटीय आयोजन

*प्राध्यापक (वाणिज्य) शासकीय महाविद्यालय, अमरपाटन,सतना (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी (वाणिज्य) अवधेष प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

क्षेत्र	बजटीय आयोजन (करोड़ रू में)		वृद्धि प्रतिशत में
	2009-2014	2014-2019	
फसल बीमा	6,182	33162	436
कृषि यांत्रिकरण	254	2408	846
माइक्रो इरिगेशन	3193	12711	298
कृषि विस्तार उपमिशन	3163	4046	28
सॉयल हेल्थ मैनेजमेंट	162	1573	871
कृषि विपणन	2666	6150	131
वर्षा सिंचित क्षेत्र विकास	189	1322	700
कृषि शिक्षा अनुसंधान एवं विस्तार	12225	13746	12
नीली क्रान्ति	1772	2913	64

कृषि एवं सूचना तकनीकी –भारतीय अर्थव्यवस्था का मुख्य घटक कृषि मानी जाती हैं। भारत देश की लगभग 60 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या प्रत्यक्ष रूप से कृषि रूपी रोजगार में सम्मिलित हैं। देश में बढ़ते सूचना तकनीकी के उपयोगिता को कृषि से जोड़ना एक अतिमहत्वपूर्ण कार्य हैं। इसी क्रम में वर्तमान में केन्द्र सरकार की डिजिटल इण्डिया तथा ई-क्रान्ति जैसी योजनाएं सूचना प्रौद्योगिकी ग्रामीण अंचलों में विकास को सुनिश्चित कर रही हैं। डिजिटल मिडिया का कृषि विभाग द्वारा विस्तृत रूप से प्रयोग किया जा रहा हैं। विभाग द्वारा विभिन्न कृषि विकास सम्बन्धी ऑनलाइन पोर्टल संचालित किये जा रहें हैं। जिसके माध्यम से कृषि से जुड़ी विभिन्न जानकारियॉ किसानों को मुहैया कराई जा रही हैं। देश की विविध कृषि पुनर्वास कार्यक्रमों का डिजटलाइजेशन किया जा रहा हैं। साथ ही साथ नवीन योजनाओं को तकनीकी से जोड़कर लागू किया जा रहा हैं। आज इंटरनेट रोटी,कपड़ा और मकान के जैसे दैनिक जीवन की प्रमुख जरूरत बन चुकी हैं। इसी बात को ध्यान में रखते हुये ग्रामीण अंचलों को तीव्र गति से इंटरनेट से कनेक्ट किया जा रहा हैं। 'एम-किसान संदेश सेवा' हो या 'किसान कॉल सेंटर' सभी डिजिटल मिडिया की देन हैं। सूचना-संचार प्रौद्योगिकी के माध्यम से कृषि के समग्र विकास को सुनिश्चित करने हेतु राष्ट्रीय ज्ञान नेटवर्क के जरिए विभिन्न कृषि विज्ञान केन्द्रों को जोड़ा गया हैं। कृषि को तकनीकी से जोड़कर उन्नत फसल की पैदावार हेतु केन्द्र एवं राज्य सरकारों ने इससे सम्बन्धित विभिन्न योजनाओं का क्रियान्वयन प्रारम्भ किया हैं सरकार ने ई-गवर्नेंस प्लान इन एग्रीकल्चर सम्पूर्ण देश में लागू कर रही हैं। इस योजना का **उद्देश्य** सम्पूर्ण भारत में सूचना तकनीकी के माध्यम से कृषि विकास को गति प्रदान करना हैं।

कृषि विकास में ई-तकनीकी की बढ़ती उपयोगिता – कृषि सम्बन्धित पोर्टल अथवा वेबसाईट टेलीविजन,स्मार्टफोन,एप्लीकेशन इत्यादि की डिजिटल तकनीकी का कृषि में उपयोगिता लगातार बढ़ रही हैं। कृषि विकास,बागवानी, पशुपालन,कृषि शिक्षा, भूमि रिकार्ड जैसे प्रमुख क्षेत्रों में ई-तकनीकी का प्रयोग करके कृषि विकास को नवीनतम आयाम प्रदान किया जा रहा हैं। तकनीकी के बढ़ते निरंतर प्रचलन से देश के कृषि क्षेत्र में तीव्र गति से परिवर्तन देखने को मिल रहा हैं। कृषि को ई-तकनीकी से जोड़कर अच्छी फसल की पैदावार हेतु सरकार ने इससे सम्बन्धित कई महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का क्रियान्वयन भी इसी क्रम में प्रारम्भ किया हैं। यही नहीं, भारत सरकार द्वारा 'नेशनल ई गवर्नेंस प्लान इन एग्रीकल्चर' को राष्ट्रव्यापी स्तर पर लागू किया जा रहा हैं। इस योजना का **उद्देश्य** सम्पूर्ण देश में सूचना संचार तकनीकी के द्वारा कृषि विकास को तीव्र गति प्रदान करना हैं। इसके माध्यम से कई कृषि योजनाओं का डिजिटलीकरण किया जा रहा है। कृषि से जुड़े समस्त शोध कार्यो को अग्रसर करने हेतु सभी कृषि अनुसंधान संस्थानों को राष्ट्रीय ज्ञान नेटर्वक से कनेक्ट किया जा रहा हैं।

पूसा कृषि मोबाईल ऐप-केन्द्रसरकार के प्रयोगशाला से खेत (लैंब टू लैंड) तक के सपने को हकीकत करने हेतु पूसा कृषि मोबाईल ऐप कृषकों की सहायता के लिए प्रारम्भ किया गया। इससे भारती कृषि अनुसंधान संस्थान द्वारा विकसित तकनीकी के बारे में किसान जानकारी प्राप्त कर सकती हैं इसके अंतरर्गत विकसित एवं नवीनतम प्रौद्योगिकी को कृषकों तक पहुचाने के लिए जोर देने की आवश्यकता हैं जिससे किसान नवीन तकनीकी को अपना कर ज्यादा से ज्यादा लाभ कमा सकें तथा अपना जीवन निर्वाह खुशहाल पूर्वक कर सकें।

एम किसान पोर्टल –एम किसान पोर्टल कृषि विज्ञान संस्थानों द्वारा लाखों किसानों को परामर्श प्रदान किया जा रहा हैं। भारतीय मौसन विज्ञान विभाग द्वारा 100 कृषि विज्ञान केन्द्रों पर स्वचालित मौसन केन्द्र जोड़े गये हैं।

किसान कॉल सेंटर –सहकारिता तथा कृषि विभाग द्वारा सम्पूर्ण देश में किसानों की कृषि सम्बधित समस्याओं, जिज्ञासाओं के समाधान हेतु किसान कॉल सेंटर की शुरूआत की गई। प्रत्येक दिन प्रात: 6 बजे से रात्रि 10 बजे तक एक टोल फ्री न0 1800-180-1551 पर स्थानीय भाषा में किसानों की जिज्ञासा एवं समस्या का समाधान करने के लिए टेली एडवाइजर उपलब्ध रहते हैं। ये टेली एडवाइजर कृषि सम्बधित विषयों जैसे- कृषि इंजीनियरिंग , कृषि मार्केटिंग , जैव-प्रौद्योगिकी, बागवानी, पशुपान इत्यादी में दक्ष होते हैं।

इफ्को लाइव पोर्टल –कृषि से जुड़ी देश-विदेश की महत्वपूर्ण जानकारीयॉ इस पोर्टल के माध्यम से उपलब्ध कराई जाती हैं। यह पोर्टल यही तक सीमित नहीं है बल्कि यह कृषि से सम्बन्धित तस्वीरों, वीडियों और सफलता की कहानियों के द्वारा भी नई-नई तकनीकों को प्रोत्साहित किया जाता हैं।

फार्मर पोर्टल –इस पोर्टल के माध्यम से किसानो को स्मार्ट फोन पर संदेश द्वारा कृषि विषयों से जुड़ी समस्याओं का समाधान या उन्नत कृषि सुझाव तथा सूचानाऐं नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं। पोर्टल से केन्द्र सरकार, भारतीय कृषि अनुसांधान परिषद, कृषि तथा किसान कल्याण मंत्रालय, राज्य कृषि विश्वविद्यालय, मौसन विभाग आदि के अधिकारीयों तथा वैज्ञानिकों को जोड़ा गया हैं।

ई-नाम योजना की स्थापना –इलेक्ट्रॉनिक- राष्ट्रीय कृषि बाजार योजना का प्रारम्भ वर्ष 2016 में की गई जिसमें 585 मंण्डीयों को वर्ष 2018 तक इस योजना में जोड़ा जा चुका है। इनमें से कुछ मंडियों में ऑनलाईन कृषि बाजार व्यापार का भी कार्य संचालित हो रहा है। इसी तरह वर्ष 2018 के बजट में नवीन बाजार संरचना के विषय में विभिन्न ऐसे तथ्यों पर विशेष ध्यान दिया गया हैं और धनराशि भी उपलब्ध करावाई गई हैं। जिनकी काफी समय से मॉग हो रही थी। विशेष रूप से छोटे एवं सीमांत किसानों द्वारा उपज विक्रय की व्यवस्था नजदीकी मंडी में कर पाने हेतु रियायतों एवं सुविधाओं को बेहतर बनाने पर विभिन्न तरह के पहल की गई हैं।

फसल बीमा पोर्टल –यह पोर्टल फसल बीमा से सम्बन्धित समस्त जानकारीयों को कृषकों तक पहुचाने में सहायता प्रदान करता हैं। इससे सम्बन्धित फसल बीमा स्मार्ट फोन ऐप को भी प्रारम्भ किया गया हैं। जो बीमा सम्बन्धित समस्त सूचना जैसे- प्रीमीयम कैलकुलेटर, बीमित राशि

आदि का विवरण प्रदान करने में सक्षम है इतना ही नहीं नष्ट हुई फसलों की फोटो भेजकर दावा भी प्रस्तुत किया जा सकता हैं।

निष्कर्ष–वास्तविक रूप से यदि कृषि विकास की उपलब्धियों पर नजर डाला जाये तो यह स्पष्ट हो जाता हैं कि इस क्षेत्र में कई नये–नये कीर्तिमान् स्थापित किये गये हैं। ऐसे में कृषि सम्बन्धि योजनाओं का डिजिटलाइजेंशन एक महत्वपूर्ण कदम प्रतीत होता हैं। कृषि विकास के समावेशी रथ को गति देने हेतु भारत सरकार जहा एक तरफ इंटरनेट की पहुच को ग्रामीण अंचलों के दूर–दूर क्षेत्रों तक सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। वही दूसरी तरफ कृषि कार्य में इसके इस्तेमाल करने को सुनिश्चित किये जा रहें हैं। हाल ही में स्वीकार की गई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना हो या कृषि विभाग द्वारा चलाये जा रहें किसान कॉल सेंटर, सभी डिजिटल तकनीकी कृषि में अपनी योगदान को प्रदर्शित करते है। इसी क्रम में कृषि उत्पादों के बाजार भॉव की सूचना देने के लिए बनाया गया मोबाईल ऐप या बीमा योजना से सम्बन्धित मोबाइल ऐप सभी कृषि से जुड़ी सूचना आवश्यकताओं को पुरा करने के लिए तत्पर है। वास्तविकता तो यह कि देश में कृषि विकास की कुंजी अब ई– तकनीकी बन रही हैं। विभिन्न योजनाओं तथा उदाहरणों से यह तो स्पष्ट हैं कि डिजिटलीकरण भविष्य में कृषि विकास की राह को और अधिक सुलभ बना देगी।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. कुरूक्षेत्र, सूचना और प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली।
2. योजना, सूचना और प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली।
3. ओझा एस.के.(2018), कृषि एवं प्रौद्योगिकी, बौद्धिक प्रकाशन, इलाहाबाद उत्तर–प्रदेश।
4. अग्रवाल पी.के. (2003), भारतीय कृषि पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव, जर्नल ऑफ प्लॉट बायोलॉजी।
5. भटनागर एस.एण्ड श्वेयर आर.(2000), 'सूचना और ग्रामीण विकास में संचार प्रौद्योगिकी, केस स्टडीज भारत से', ऋषि प्रकाशन, नई दिल्ली।

****

नवीन कर प्रणाली जी.एस.टी. के स्वरूप का भारत के परिपेक्ष में अध्ययन

डॉ. देवेन्द्र प्रसाद पाण्डेय* आशीष सिंह**

प्रस्तावना – वस्तु एवं सेवाकर (GST) यह एक अप्रत्यक्ष कर है, जिसे विभिन्न केन्द्रीय एवं राज्य करों को मिलाकर एक कर बनाया गया है। जी.एस.टी. कर के कास्केडिंग प्रभाव को हटायेगा जैसे 'करों पर कर' और राष्ट्रीय बाजार में सामान्य तौर पर चुकाया जायेगा।

जी.एस.टी. भारत में अप्रत्यक्ष कर के लिए बड़ा परिवर्तन है और एक राष्ट्र एक कर जी.एस.टी. के लिए सही युक्ति है।भारत में वर्तमान अप्रत्यक्ष कर संरचना केन्द्रीय करों एवं राज्य करों का कठिन मिश्रण है। वर्तमान प्रणाली के अनुसार निर्माताओं पर उत्पादन कर, केन्द्रीय बिक्री कर लगाया जाता है जो माल की बिक्री एक राज्य से दूसरे राज्य में करते हैं। प्रवेश शुल्क राज्य द्वारा राज्य में माल के प्रवेश के समय पर लगाया जाता है। राज्य मूल्यवर्धित कर राज्य में बेचे जाने वाले माल पर लगाया जाता है तथा सेवा कर सेवाओं पर लगाया जाता है। यहाँ पर अलग–अलग चरणों पर अलग–अलग प्रकार के कर लगाये जाते हैं जिससे कि कर संरचना कठिन हो जाती है तथा अधिकांश करों का समायोजन नहीं होता है। इसका अर्थ है जैसे कि एक कर को दूसरे कर से समायोजित नहीं कर सकते हैं, जैसे – उत्पादन कर को केन्द्रीय बिक्री कर से समायोजित नहीं किया जा सकता है तथा इसे राज्य के मूल्यवर्धित कर से भी समायोजित नहीं किया जा सकता है। यह प्रणाली कर में कास्केडिंग प्रभाव को बढ़ाती है जैसे – करों पर कर जो उत्पाद तथा सेवाओं के मूल्य में वृद्धि करता है।

जी.एस.टी. के अंतर्गत अधिकांश कर, केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर, जैसे – उत्पादन कर, अतिरिक्त सीमा शुल्क, केन्द्रीय बिक्री कर, सेवा कर तथा विभिन्न प्रकार के राज्य के कर, जैसे – प्रवेश शुल्क, राज्य मूल्यवर्धित कर, लग्जरी कर आदि सभी को मिलाकर एक कर बना दिया गया है जो कि जी.एस.टी. है। जी.एस.टी. की विशेशता है कि व्यवसाय चक्र में एक चरण पर भुगतान करने पर इस कर को अगले चरण पर समायोजित किया जायेगा जिससे कि कर केवल मूल्य वृद्धि पर लगाया जायेगा जिससे करों का गुणन नहीं होगा।

जी.एस.टी. का इतिहास और इसकी अभी तक की यात्रा या स्थिति – राष्ट्रीय स्तर पर वस्तु एवं सेवा कर (जी.एस.टी.) का प्रस्ताव 1 अप्रैल 2010 को रखा गया, वित्तीय वर्ष 2006–07 में पहली बार बजट भाषण में इस पर विचार किया गया था। प्रस्ताव में यह भी शामिल था कि अप्रत्यक्ष कर केवल केन्द्रीय सरकार द्वारा ही नहीं लगाया जायेगा बल्कि राज्य सरकार द्वारा भी लगाया जायेगा। जी.एस.टी. लागू करने के लिए इसके डिजाइन तथा रोडमैप की तैयारी का उत्तरदायित्व एम्पावरड/अधिकृत कमेटी के राज्य वित्त मंत्री का था। एम्पावरड कमेटी ने भारत में वस्तु एवं सेवा कर के लिए मॉडल एवं रोडमैप की रिपोर्ट पेश की। जी.एस.टी. के डिजाइन तथा संरचना के बारे में कोन्टेनिंग बोर्ड ने अपनी अनुमति दी।रिपोर्ट के संदर्भ में आगम विभाग ने प्रस्तावित जी.एस.टी. के डिजाइन एवं संरचना के संबंध में कुछ सुझाव दिए।

देश के लिए जी.एस.टी. मॉडल एम्पावरड कमेटी द्वारा प्रस्तावित किया गया जिसे केन्द्र ने स्वीकार कर लिया।जी.एस.टी. मॉडल के अंतर्गत दो तत्व हैं – प्रथम, केन्द्रीय जी.एस.टी. केन्द्र द्वारा लगाया एवं संग्रहित किया जायेगा तथा दूसरा, राज्य जी.एस.टी., राज्य द्वारा लगाया एवं संग्रहित किया जायेगा। केन्द्रीय उत्पाद शुल्क, अतिरिक्त उत्पाद शुल्क, सेवा कर, अतिरिक्त सीमा शुल्क (उत्पादन के समकक्ष), राज्य मूल्यवर्धित कर, मनोरंजन कर, लॉटरी पर कर, जुआ और सट्टा कर एवं प्रवेश कर (स्थानीय निकाय द्वारा नहीं लगाए जायेंगे) ये सभी जी.एस.टी. में समाहित हो जायेंगे।

जी.एस.टी. की विशेशताएं :

1. माल के निर्माता पर कर की वर्तमान अवधारणा के विरूद्ध सेवाओं या माल की आपूर्ति पर जी.एस.टी. लागू होता है।माल के विक्रय के लिए उत्पादन कर, केन्द्रीय बिक्री कर/वैट या सेवाओं के प्रावधान पर सेवा कर।
2. कराधान के वर्तमान सिद्धान्त के प्रारंभ में आधार के विरूद्ध उपभोग कराधान आधार, विक्रय के अंतिम बिन्दु के सिद्धान्त पर जी.एस.टी. आधारित है।इसका अर्थ है कि कर वसूल करके कर को राज्य द्वारा वापस किया जहां पर माल या सेवा का अंतिम उपभोग हुआ है।
3. यह दोहरा जी.एस.टी. केन्द्र और राज्य द्वारा साथ–साथ सामान्य आधार पर लगाया जाता है।केन्द्र द्वारा लगाया जाने वाला जी.एस.टी. केन्द्रीय जी.एस.टी कहलाता है और राज्य (विधान के साथ संघ अधिकार क्षेत्र सहित) द्वारा लगाया जाने वाला जी.एस.टी. राज्य जी.एस.टी. कहलाता है। संघ अधिकार क्षेत्र द्वारा लगाया जाने वाला जी.एस.टी. संघ अधिकार क्षेत्र जी.एस.टी. (UTGST) कहलाता है।
4. एकीकृत जी.एस.टी. (IGST) राज्य के बाहर दी गई सेवाओं या अन्तर्राज्यीय माल की आपूर्ति (स्टॉक हस्तान्तरण सहित) पर लगाया जाता है।यह केन्द्र द्वारा वसूला जाता है जिससे कि क्रेडिट श्रृंखला नहीं टूटती है।
5. माल के आयात को अन्तर्राज्यीय आपूर्ति की तरह माना जाता है और यह सीमा शुल्क लागू होने के कारण आई.जी. एस.टी. (IGST) के अंतर्गत आता है।

* एसोसिएट प्रोफेसर, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.) भारत
** शोधार्थी, महात्मा गाँधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय, चित्रकूट (म.प्र.) भारत

6. आयात की गई सेवाएं भी अन्तर्राज्यीय सेवाओं की तरह ही मानी जाती हैं।यह भी आई.जी.एस.टी. (CGST) के अंतर्गत आती हैं।
7. जी.एस.टी. परिषद् द्धारा निर्धारित की गई दरों के अनुसार केन्द्र और राज्य सी.जी.एस.टी. (CGST) /यू.टी.एस.टी. (UTST) और आई.जी.एस.टी. (IGST) के रूप में लगाते हैं।
8. जी.एस.टी. में निम्नलिखित करों का समावेश किया गया है और यह केन्द्र द्धारा लगाया एवं वसूला जाता है :-

- केन्द्रीय उत्पाद कर
- केन्द्रीय बिक्री कर
- उत्पादन कर (मेडिक्लीनकल और टायलेट तैयारी पर)
- अतिरिक्त उत्पादन कर
- अतिरिक्त सीमा शुल्क
- विशिष्ट अतिरिक्त सीमा शुल्क
- सेवा कर

9. राज्य कर जिन्हें जी.एस.टी. में समाहित किया गया है -

- राज्य मूल्यवर्धित कर
- क्रय कर
- लग्जरी कर
- प्रवेश कर (सभी रूपों में)
- मनोरंजन कर (स्थानीय निकाय द्धारा लगाए जाने वाले कर को छोड़कर)
- विज्ञापर पर कर
- लॉटरी, जुआ और सट्टे पर कर

10. मनुष्यों द्धारा उपभोग की जाने वाली एल्कोहल को छोड़कर सभी मालों तथा सेवाओं पर जी.एस.टी. लागू होगा।
11. जी.एस.टी. द्धारा स्वीकृत तिथि से जी.एस.टी. पांच विशिष्ट पेट्रोलियम उत्पादो (फ्रूड, पेट्रोल, डीजल, ए.टी.एफ. और प्राकृतिक गैस) पर भी लागू होगा।
12. केन्द्रीय जी.एस.टी. और राज्य जी.एस.टी. पर सामान्य आरंभिक कर मुक्ति लागू होगी।करदाता जिनका वार्षिक एकीकृत आवर्त रू. 20 लाख (रू.10 लाख विशेष श्रेणी राज्य, उत्तर-पश्चिम राज्य, जम्मू-कश्मीर, हिमांचल प्रदेश आदि के लिए) जी.एस.टी. से करमुक्त होंगे।ऐसे करदाता जिनका वार्षिक आवर्त रू. 50 लाख तक है, उन्हें एक संयुक्त विकल्प (इनपुट कर क्रेडिट को छोड़कर एक फ्लैट रेट से कर चुकाने) का छोटे करदाताओं के लिए उपलब्ध होगा। आरंभिक कर मुक्ति और संयुक्त योजना वैकल्पिक होगी।
13. निर्यात पर 0% अर्थात् कोई जी.एस.टी. नहीं लगाया जायेगा यदि माल का निर्यात या सेवाओं का निर्यात किया जाता है।
14. इनपुट पर जी.एस.टी. (केन्द्रीय वस्तु एवं सेवा कर) के भुगतान के क्रेडिट का प्रयोग केवल आउटपुट पर भुगतान सी.जी.एस.टी. से किया जा सकता है और इनपुट पर एस. जी.एस.टी./यू.टी.जी.एस.टी. (राज्य वस्तु एवं सेवा कर/संघ अधिकार क्षेत्र) भुगतान के क्रेडिट का प्रयोग केवल आउटपुट पर भुगतान एस.जी.एस.टी./यू.टी.जी.एस.टी. के लिए किया जा सकता है।अन्य शब्दों में इनपुट क्रेडिट का उपयोग एक दूसरे के लिए (क्रास) नहीं किया जा सकता है (अन्तर्राज्यीय आपूर्ति भुगतान की दशा को छोड़कर) क्रेडिट को निम्न के लिए उपयोग करने की अनुमति है -

- सी.जी.एस.टी. एवं आई.जी.एस.टी. के भुगतान के लिए सी.जी.एस.टी. का इनपुट टैक्स क्रेडिट स्वीकृत है।
- एस.जी.एस.टी. एवं आई.जी.एस.टी. को भुगतान के लिए एस.जी.एस.टी. का इनपुट टैक्स क्रेडिट स्वीकृत है।
- यू.टी.जी.एस.टी. एवं आई.जी.एस.टी. को भुगतान के लिए यू.टी.जी.एस.टी. का इनपुट टैक्स क्रेडिट स्वीकृत है।
- आई.जी.एस.टी.,सी.जी.एस.टी. एवं एस.जी.एस.टी./यू.टी.जी. एस.टी. को भुगतान के लिए आई.जी.एस.टी. के इनपुट टैक्स क्रेडिट स्वीकृत हैं।

15. इनपुट टैक्स क्रेडिट बोर्ड के आधार पर बनाया जायेगा।यह कर भुगतान के संबंध में माल की आपूर्ति या सेवाओं पर उपलब्ध हैं और दोनो का उपयोग व्यवसाय के उद्देश्य के लिए योजना बनाकर किया जायेगा।
16. जी.एस.टी. में इलेक्ट्रॉनिक आय विवरणी दाखिल करने की उपलब्धता है, यहां पर कोई मैनुअल फाइलिंग नहीं होगी।
17. निश्चित व्यक्तियों, सरकारी विभागों, स्थानीय प्राधिकरण और सरकारी एजेन्सियों सहित, जो कि आपूर्ति के प्राप्तकर्ता हैं, उन्हें 1% की दर से कर की कटौती भुगतान करते समय करनी चाहिये।या रू. 2.5 लाख से अधिक होने पर यदि आपूर्ति का कुल मूल्य अनुबंध के अंतर्गत है, तब आपूर्तिकर्ता के खाते में क्रेडिट की जायेगी।
18. इलेक्ट्रानिक वाणिज्य संचालक (फ्लिक कार्ट, अमेजन, स्नैपडील आदि) पर कानूनी बाध्यता है कि उन्हें आपूर्ति के शुद्ध कर योग्य मूल्य पर 1% स्रोत पर कर की वसूली अपनी बेवसाइट के द्धारा करनी चाहिये।
19. पंजीकृत व्यक्ति स्वयं कर निर्धारण प्रणाली के द्धारा कर चुका सकेंगे।
20. रजिस्टर्ड व्यक्तियों को चार्टर्ड एकाउण्टेण्ट या लागत एकाउण्टेण्ट से अंकेक्षण करना होगा यदि उनका आवर्त रू.1 करोड़ से अधिक हो तब अधिनियम के प्रावधान के अनुसार अंकेक्षण कराना होगा।
21. एक गैर लाभ विशिष्ट वाक्य है जो यह सुनिश्चित करता है कि उपभोक्ता को सेवाओं और माल या दोनो का लेन-देनों पर कर कम करके लाभ को व्यवसाय के लिए प्राप्त किया जा सकता है। प्रत्येक चरण के लिए इनपुट टैक्स क्रेडिट की उपलब्धता होने पर जी.एस.टी. प्रणाली के अंतर्गत सेवाओं या उत्पादों की सम्पूर्ण कीमत में की जायेगी और करों के कास्केडिंग प्रभाव को हटाया जाता है। इस प्रकार,लाभ उपभोक्ता को दिया जा सकेगा और इसे बिजनेसमैन द्धारा अपने लिए नहीं रखा जा सकेगा।
22. हल्के परिवर्तन के लिए उपलब्धता की परिवर्तनों के प्रावधान की विस्तार से व्याख्या हुई है। यहां एक नया कानून है जो परिवर्तन के प्रावधानों की उपलब्धता वर्तमान कानून को नए कानून में परिवर्तन नहीं कर सकता और यही उपलब्धता जी.एस.टी. कानून में है जैसे वैट से मुक्ति, जी.एस.टी. से सेवा कर की उपलब्धता, वर्तमान वेट में स्टाक पर इनपुट टैक्स क्रेडिट को जी.एस.टी. कानून में उपलब्ध किया जा सकता है।

जी.एस.टी. के लाभ :-

उद्योग एवं व्यवसाय के लिए

1. **सरल अनुपालन** - भारत में जी.एस.टी. की बुनियाद की व्यवस्था या शासन प्रणाली के लिए आई.टी. प्रणाली का व्यापक एवं स्वस्थ (तगड़ा) होना आवश्यक है। इसलिए करदाताओं को उनकी सेवाओं के लिए पंजीयन,

विवरणी, भुगतान आदि की ऑनलाइन व्यवस्था उपलब्ध होगी जो कि आसान अनुपालन एवं पारदर्शी बनाई जायेगी।

2. कर की दरों एवं संरचना में एकरूपता – जी.एस.टी. से यह सुनिश्चत होगा कि पूरे देश में अप्रत्यक्ष कर की दरें एक समान होंगी जिससे कि व्यवसाय करना आसान तथा निश्चिततापूर्ण होगा। अन्य शब्दों में जी.एस.टी. देश में व्यवसाय के लिए सामान्य कर बनायेगा जिससे कि व्यवसाय को करने के स्थान का चयन करना भी आसान होगा।

3. कास्केडिंग प्रभाव का निराकरण/हटाना – राज्य की चारदीवारी के अंतर्गत और मूल्य श्रृंखला के द्वारा सीमलैस टैक्स क्रेडिट प्रणाली जो कर की कास्केडिंग को न्यूनतम करना सुनिश्चत करता है। यह व्यवसाय करने की छुपी हुई लागत को कम करेगा।

4. प्रतियोगिता को प्रोत्साहन – व्यवसाय के लेन-देन लागत को कम करके उद्योग एवं व्यापार के लिए प्रतियोगिता को प्रोत्साहित करेगा।

5. निर्माताओं एवं निर्यातकों को लाभ – जी.एस.टी. में केन्द्र और राज्य का मुख्य भाग होने से माल और सेवाओं के इनपुट का सम्पूर्ण एवं व्यापक समायोजन, केन्द्रीय बिक्री कर को बंद करना, स्थानीय माल और सेवाओं के निर्माताओं की लागत को कम करेगा। यह अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में भारत के माल और सेवाओं की प्रतियोगिता को बढ़ायेगा और भारतीय निर्यातकों को प्रोत्साहन देगा।देश में कर की दरों की एकरूपता और प्रक्रिया लागत को कम करने का अनुपालन करेगा।

केन्द्र और राज्य सरकार के लिए

1. प्रशासन के लिए सरल एवं आसान – विभिन्न केन्द्र और राज्य के अप्रत्यक्ष करों को हटाकर जी.एस.टी. द्वारा एक सुदृढ़ आय कर प्रणाली दी जायेगी।केन्द्र और राज्य द्वारा लगाए जाने वाले अन्य अप्रत्यक्ष करों के स्थान पर जी.एस.टी. को सरल एवं आसानी से प्रशासित किया जायेगा।

2. लीकेज पर उत्तम नियंत्रण – जी.एस.टी. ने उत्तम कर अनुपालन तथा आय कर इन्फ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने का परिणाम दिया।मूल्य वृद्धि की श्रृंखला में इनपुट टैक्स क्रेडिट का एक चरण से अन्य को हस्तान्तरण देय होगा।डीलर द्वारा कर अनुपालन को प्रोत्साहित करने के लिए जी.एस.टी. को अच्छी प्रणाली के लिए डिजाइन किया गया है।

3. उच्च आगम कार्य क्षमता – जी.एस.टी. से अपेक्षा है कि वह सरकार के कर आगम के संग्रह की लागत को घटा देगा इसलिए उच्चतम आगम कार्यक्षमता को बढ़ायेगा।

उपभोक्ताओं के लिए

1. माल और सेवाओं के मूल्य का अनुपातिक एकल एवं पारदर्शी कर – केन्द्र और राज्य द्वारा विभिन्न अप्रत्यक्ष करों के लगाए जाने के कारण आज देश में माल और सेवाओं की अधिकतम लागत, मूल्य वृद्धि के प्रत्येक चरण पर इनपुट टैक्स क्रेडिट अपूर्ण या उपलब्ध नहीं है।जी.एस.टी. के अंतर्गत उपभोक्ताओं को,निर्माताओं को केवल एक कर देना होगा।इससे अंतिम उपभोक्ता द्वारा कर चुकाने की पारदर्शिता बढ़ेगी।

2. सम्पूर्ण कर में राहत – कार्यक्षमता लाभ के कारण तथा लीकेज को रोकने के लिए सभी वस्तुओं पर एक कर लगाया जायेगा जिससे उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा।

शोध प्रविधि – यह शोध पत्र 'नवीन कर प्रणाली जी.एस.टी. के स्वरूप का भारत के परिपेक्ष में अध्ययन', एक प्रकार का द्वितीयक सामग्री का प्रयोग किया गया है।उपलब्ध स्त्रोतों को संकलित एवं अध्ययन करके उनका विश्लेषण करने का प्रयास किया गया है।अध्ययन के लिए शोध-जर्नल, पत्र-पत्रिकाओं, पुस्तकों, इंटरनेट से प्राप्त जानकारियों एवं विद्धानो का मागर्दशन लेते हुए, एक निश्चित निष्कर्ष पर पहुंचने का प्रयास किया गया है।

शोध -पत्र का उद्देश्य :

1. नवीन कर प्रणाली जी.एस.टी. के प्रति व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं में व्याप्त भ्रांतियों को दूर करने का प्रयास किया गया है ताकि किसी भी प्रकार की भ्रम की स्थिति न रहे।
2. जी.एस.टी. के स्वरूप को सरल एवं सारगर्भित रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है।
3. व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं द्धारा इस नवीन कर प्रणाली के सकारात्मक सोच के साथ अपनाया जाये, ऐसा प्रयास प्रस्तुत शोध में किया गया है।
4. जी.एस.टी. संबंधी विसंगतियों की ओर सरकार का ध्यानाकर्षित करने का प्रयास किया गया है।
5. विभिन्न विद्धानों एवं संस्थाओं का जी.एस.टी. के संबंध में क्या विचार है?उनके विचारों को प्रस्तुत शोध में प्रकट करने का प्रयास किया गया है।
6. जी.एस.टी. के क्रियान्वयन में आने वाली समस्याओं को प्रस्तुत शोध में प्रदर्शित करने का प्रयास किया गया है।

जी.एस.टी. का स्वरूप – 1 जुलाई 2017 से लागू इस कर प्रणाली के स्वरूप को मुख्यत: तीन भागों में बांटा गया है :-

1. सी.जी.एस.टी. – सी.जी.एस.टी. के अंतर्गत राजस्व की वसूली केन्द्र सरकार द्धारा की जाती है।

2. एस.जी.एस.टी. – राज्य में बिक्री के लिए राज्य सरकारों द्धारा राजस्व एकत्रित किया जाता है।

3. आई.जी.एस.टी. – अन्तर्राज्यीय बिक्री के लिए केन्द्र सरकार द्धारा राजस्व एकत्रित किया जाता है।

उदाहरण के लिए मध्यप्रदेश का कोई व्यापारी मध्यप्रदेश की सीमाओं के अंदर ही माल की बिक्री करता है तो ऐसी स्थिति में चूंकि माल राज्य की सीमाओं के अंदर विक्रय हुआ, इसलिए ऐसी स्थिति में माल के विक्रय पर सी.जी.एस.टी. और एस.जी.एस.टी. दोनो चार्ज किया जायेगा। यदि जी.एस.टी. की दर 12% है तो 6% CGST + 6% SGST लगाया जायेगा। यदि माल की बिक्री राज्य की सीमाओं के बाहर (अन्तर्राष्ट्रीय बिक्री) की जाती है तो ऐसी स्थिति में आई.जी.एस.टी. लगाया जायेगा।यदि GST की दर 12% हो तो 12% IGST लगाया जायेगा।

सम्बन्धित चार्ट क्रमांक -01(देखें अंतिम पृष्ठ पर)

GSTकी दरें – पूरे विश्व के अधिकांश देशों में जहां भी GST लागू है, ज्यादातर देशों में GST की केवल एक दर निर्धारित है।भारत एक विशाल एवं विविधताओं वाला देश है। यहां 28 राज्य और 8 केन्द्रशासित प्रदेश हैं।करों के स्वरूप में परिवर्तन करने के लिए इन राज्यों से सहमति एवं सुझाव की आवश्यकता होती है।GST की एक दर पर सहमति बनाना कठिन कार्य है क्योंकि राज्यों को प्राप्त होने वाली करों की राशि का प्रभाव इन दरों पर निर्भर करता है, यही कारण है कि भारत में GST की दरों को 5 भागों में बांटा गया है। 0%, 5%, 12%, 18% एवं 28%

कुछ महत्वपूर्ण उत्पादों पर जी.एस.टी. की दरें

शून्य दर के अंतर्गत माल – मीट, अण्डा, दूध, फूडग्रेन, मछली, प्राकृतिक शहद, ताजा एवं अप्रक्रियागत सब्जियां, शिक्षण पुस्तकें आदि।

5% दर के अंतर्गत माल – एमआरपी रू. 500 से कम के जूते, 1000 से कम के कढ़ाई किये गये वस्त्र, सब्जियों को अच्छी प्रकार से रखने के लिए दूध का व्यवहार आदि।

12% दर के अंतर्गत माल – रू. 1000 से अधिक के कढ़ाई किये गये वस्त्र, मोबाइल्स, फ्रूट जूस एवं सब्जियां, मार्बल एवं ग्रेनाइट ब्लाक्स, फाउन्टेन पेन, कलरिंग एवं ड्राइंग बुक्स आदि।

18% दर के अंतर्गत माल – कम्प्यूटर्स एवं लैपटॉप, प्रिंटर्स रू. 500 से अधिक एम.आर.पी. के जूते, कार्बन पेपर, नोट–बुक, शानदार कांच, कार्य अनुबंध सेवा एवं, वाणिज्यिक कोचिंग सेवाएं।

28% दर के अंतर्गत माल – च्वींगम एवं बबलगम, चॉकलेट्स, पान मसाला, सोफ्ट ड्रिंक्स, मार्बल एवं ग्रेनाइट के अतिरिक्त ब्लाक्स, पेंट्स एवं वॉर्निश, परफ्यूम्स, लग्जरी कार आदि।

विश्व बैंक ने मार्च 2018 में GST के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि भारत की वस्तु एवं सेवाकर (GST) प्रणाली दुनिया की सबसे जटिल कर प्रणालियों में से एक है।इसमें न केवल सबसे उच्च कर दर शामिल है बल्कि इस प्रणाली में सबसे अधिक कर के स्लैब भी हैं।वर्ल्ड बैंक ने आगे कहा कि भारत उच्च मानक GST दर मामले में ऐशिया में पहले एवं चिली के बाद विश्व में दूसरे स्थान पर है। वर्ल्ड बैंक ने अपनी रिपोर्ट में कहा, 'भारतीय जी.एस.टी. प्रणाली में कर की दर दुनिया में सबसे अधिक है, भारत में उच्चतम जी.एस.टी. दर 28% है। जो विश्व के 115 देशों में दूसरी सबसे ऊँची दर है।'

सम्बन्धित चार्ट क्रमांक –02(देखें अंतिम पृष्ठ पर)

विश्व के अन्य देशों में टैक्स की दरें – जुलाई 2017 से लागू होने के बाद भारत उन चुनिन्दा देशों में शामिल हो गया है जहां टैक्स का रेट उच्चतम स्तर पर है। कनाडा में लागू जी.एस.टी. को अपना रोल मॉडल मानते हुए भारत ने देश में इसे लागू किया।जहां कनाडा में टैक्स रेट बहुत कम है वहीं भारत में दर बहुत अधिक है।विश्व के कई देश जैसे आस्ट्रेलिया, आस्ट्रिया, कनाडा, जार्डन, मेक्सिको, न्यूजीलैण्ड, सिंगापुर आदि देशों में जी.एस.टी. की दर भारत के मुकाबले काफी कम है।जहां इन देशों में GST की दर 5% से लेकर 20% के बीच है और केवल एक दर है वहीं भारत में GST के 0–28% तक के स्लैब हैं जो इस प्रणाली को काफी जटिल रूप में प्रस्तुत करते हैं।

सम्बन्धित चार्ट क्रमांक –03(देखें अंतिम पृष्ठ पर)

नितिन कुमार (2014) में अपने शोध पत्र "Goods and Service Tax Reforms and Intergovernment in Considratator in India" में GST के बारे में विचार व्यक्त करते हुए कहा, "Goods and Service Tax - A Way forward", अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को GST एक नई दिशा देता है जो कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक अच्छा संकेत है यदि इसे सही तरीके से लागू किया जाये।पिंकी, सुप्रिया और ऋचा वर्मा ने अपने शोध पत्र में GST पर विचार प्रस्तुत करते हुए कहा है कि 'वस्तु एवं सेवाकर भारत में अप्रत्यक्ष कर प्रणाली के लिए पैनिया है' (Goods and Service Tax - Panacca for Indirect Tax System)

भारत सरकार का GST के प्रति सकारात्मक रूख है।हमारी अर्थव्यवस्था उपभोक्ताओं के लिए लाभप्रद है,यदि देश की आई.टी. संरचना को मजबूत कर दिया जाये।जी.एस.टी. के सही क्रियान्वयन के लिए आई.टी. की संरचना का मजबूत होना अति आवश्यक है।

आकांक्षा खुराना एवं आस्था शर्मा (2016) द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र "GST A Positive Reform for Indirect Taxtation System", में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि GST प्रणाली से निर्माता और उपभोक्ता को काफी राहत मिलती है।विभिन्न प्रकार की जटिल कर प्रणालियों से मुक्ति मिलेगी।हितेश के. प्रजापति द्वारा अपने शोध अध्ययन "Challenges and Implementation of GST in India", में GST के क्रियान्वयन में आने वाली चुनौतियों के विषय में विचार व्यक्त करते हुए कहा कि आई.टी. क्षेत्र में प्रगति न होने के कारण GST के क्रियान्वयन में समस्या का सामना करना पड़ रहा है।GST के क्रियान्वयन को गति नहीं मिल पा रही है।

भारत में जहां आधे से अधिक आबादी गावों में निवास करती है वहां आई.टी. का स्वरूप काफी कमजोर है।GST के क्रियान्वयन को गति तभी प्राप्त होगी जब हमारा आई.टी. का स्वरूप मजबूत होगा।

निष्कर्ष एवं सुझाव – स्वतंत्रता के बाद जी.एस.टी. भारत में एक बड़ी क्रान्ति है, इससे प्रणाली में पारदर्शिता आयेगी, सरल अनुपालन सुनिश्चित होगा, करों की क्रेडिट होगी, इसलिए एक निश्चित स्तर पर लागत को कम करेगा। जी.एस.टी. के लागू होने से व्यवसायियों में अनुशासन आयेगा।यह काले धन के विरूद्ध बहुत बड़ा हथियार है।जी.एस.टी. के लागू होने से भविष्य में देश की अर्थव्यवस्था विश्व में उच्चतम स्तर पर पहुंचने का अनुमान है। प्रस्तुत शोध में जी.एस.टी. का अध्ययन करने के पश्चात इसके निष्कर्षों को हम निम्न बिन्दुओं के माध्यम से समझने का प्रयास करेंगे –

1. जी.एस.टी. के बारे में गलत एवं भ्रामक प्रचार–प्रसार होने के कारण व्यापारियों को इसे लागू करने में कठिनाई उत्पन्न हो रही है। सरकार द्वारा हर व्यापारी को जी.एस.टी. के संबंध में प्रशिक्षण की व्यवस्था की जानी चाहिये।
2. प्रशिक्षित कर सलाहकारों एवं लेखापालों की कमी जी.एस.टी. के क्रियान्वयन में बाधा उत्पन्न कर रही है।वर्तमान समय में अधिकांश विद्वान इस कर प्रणाली की रूपरेखा से अनभिज्ञ हैं।कर प्रणाली के क्रियान्वयन में इनकी भूमिका महत्वपूर्ण है।
3. जी.एस.टी. का पूरा स्वरूप आई.टी. के माध्यम से क्रियान्वित होता है।भारत में आई.टी. का ढांचा शहरीय क्षेत्र में तो कुछ ठीक है किन्तु ग्रामीण क्षेत्र में इसकी स्थिति बहुत दयनीय है।जमीनी स्तर पर आई.टी. के ढांचे को सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है तभी हम जी.एस.टी. का सही प्रकार से क्रियान्वयन कर सकेंगे।
4. प्रस्तुत शोध की तालिका क्रमांक – 3 यह प्रदर्शित करती है कि अधिकांश देशों में जी.एस.टी. की एक दर है।जो इसके स्वरूप को सरल बनाती है जबकि भारत में जी.एस.टी. की दर 0%, 5%, 12%, 18%, 28% है, जो इसे लागू करने के उद्देश्य को ही समाप्त कर देती है।
5. सरकार द्वारा इसके प्रावधानों में समय–समय पर परिवर्तन किया जाता रहा है जिससे इसका स्वरूप दिन–प्रतिदिन और भी जटिल होता जा रहा है।एक निश्चित अंतराल में ही इसके नियमों में परिवर्तन किया जाना चाहिये।
6. भारत में जी.एस.टी. की ऊँची दर व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं के मन में नकारात्मकता उत्पन्न करती है।सरकार को इसके संबंध में विचार करना चाहिये।

अप्रत्यक्ष करों के मामले में भारत ने बहुत बड़ा कदम उठाया है जो आधुनिक भारत के विकास में मील का पत्थर साबित होगा।सरकार द्वारा समय–समय पर सकारात्मक कदम उठाये जाते रहे हैं।हमें सरकार की मंशा पर कोई संदेह नहीं है किन्तु उठाये गये कदम पर्याप्त नहीं हैं। सरकार, व्यापारी एवं उपभोक्ता तीनो को सकारात्मक भूमिका के साथ इस नवीन कर प्रणाली

को अपनाना चाहिये तभी राष्ट्र का सही प्रकार से नवनिर्माण कर सकेंगे।

उपसंहार – स्वतंत्रता के बाद जी.एस.टी. भारत में एक बड़ी क्रान्ति है, जिससे प्रणाली में पारदर्शिता आयेगी, सरल अनुपालन सुनिश्चित होगा, करों की क्रेडिट होगी, इसलिए यह निश्चित स्तर पर लगात को कम करेगा।जी.एस.टी. के लागू होने से व्यवसायियों में अनुशासन आयेगा।यह काले धन के विरूद्ध बहुत बड़ा हथियार है।प्रारंभ में इसके आने से कुछ कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा।वर्तमान सेवा कर के संबंध में माइग्रेशन, वैट डीलर्स का जी.एस.टी. पोर्टल, एक छोटे व्यवसायी को भी प्रत्येक वर्ष कम से कम 37 विवरणी जमा करनी होगी जो एक व्यवसायी पर अतिरिक्त भार होगा।जी.एस.टी. के लागू होने से हमारे देश की अर्थव्यवस्था विश्व में उच्चतर होगी जहां पहले से ही जी.एस.टी. लागू हो चुका है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Hitesh H. Prajapati - Research Paper "Goods and Service Tax Implementation of GST in India". Indian Journal Research 2016
2. C.A. Nikhil Gupta 'वस्तु एवं सेवा कर' (GST) Books, SBPD Publication 2017
3. htps://cleartaxin/s/GST-Law-2008 Service Tax
4. Nitin Kumar - Research Paper "Goods and Service Tax Reform and Inter Government Consideration in India". - Global Journal of Multidisplinar Studies" Vol-3, Issue 6, May 2014.
5. Pinki, Supriya Kamna, Richa Verma Reserach Paper, "Goods on Service Tax - Panacca for Indirect System in India", "Tactiful Management Reserach Journal", vol - 2, July 2014
6. https://blog.saginfotch.com/GST- India VS-foreign-gst.
7. Monika Sehrawat, Upasana, Danda, Research paper, "GST in India : A Key Tax Reform" International Journal of Researc - Granthaalayah - Vol-3 Dec - 2015
8. Ahansh Khuran, Astha Sharma, Reserach paper, "Goods and Services Tax in India - A positive reform for Indirect Tax System". External Journal of Advance Reserach, Vol - 1, 2016
9. Anant paliwal, Article, Amarujala.com, Date-19 Jun 2017

चार्ट क्रमांक –01 जी.एस.टी. का स्वरूप



चार्ट क्रमांक –02 जी.एस.टी. की दरें



चार्ट क्रमांक –03 विश्व के अन्य देशों में टैक्स की दरें



****

Human Rights And Terrorism

Mohammad Yusuf* Dr. Shyam Sunder Choudhary**

Introduction - The emergency, growth and development of organised 'terrorism – systematic use of terror during the last few decades has completely changed the thrust of the struggle for human rights. Terrorism and human rights cannot co-exist. They are mutually destructive of each other. Where there is terrorism, there can be no human rights. Where there are no human rights, there can be no respect for human dignity, life and democratic values. One must not the growing brutality of power in the form of state terror suppressing all dissent, and individual as well as group terrorism in destroying human values and human rights to a very great extent. The question is whether international terrorism and state terror on one hand and human rights on the other can co-exist in the present system of world order. There is a close link between human rights and terrorism. Terrorism obviously abuses the fundamental rights of its victims, whether it is individual terrorism or state terrorism. The victims of terrorism are arbitrarily deprived of the fundamental human rights of life and liberty. Terrorism, in all its forms is the greatest violator of human rights. It causes unlimited miseries to the hapless innocent and ordinary people in the form of death, injury and agony. It challenges the security of the state, undermines pluralistic civil societies and has adverse consequences on social and economic development of state.

At the same time it is also alleged that the human rights are being violated encounter terrorism operations. It is often alleged that many innocent persons have been killed in fake encounters and their dead bodies have not been returned to their bereaved families. Many innocent people have been kidnapped and abducted in unidentified vehicles by police and not produced before the court. Many people are missing and nobody knows where they are. The law of human rights does not permit the police to kill persons in custody or permit them to abduct or allow them to commit torture as the only method of interrogation.

We are, therefore faced with a delicate question as to what are the responsibilities of governments while responding to terrorist activities within their territories. It is interesting to note that human rights violation works both ways, for as well as against the government. In fact, the problem of accommodating the control of terrorism with the protection of human right is one of balance. The crucial question is that where car that balances be struck. Having seen the above, dilemma, let us examine the concept of human rights as applicable to armed forces.

Basic Concept - The concept of human rights devices from the dignity and worth inherent in the human person, who is the central subject of human rights and fundamental freedom. The evolution and crystallization of the concept has taken a long time. The term "human rights" was introduced in the united states declaration of independence in 1776 and the US Constitution embodied a bill rights. The French revolution gave birth to the declaration of rights of man and citizen in 1789. In 1929, the institution of international law, New York, USA, prepared a Declaration of Human Rights and Duties. In 1945, the inter American conference passed a resolution, seeking the establishment of an international forum for the furtherance of human rights of mankind.

The constitution of India, which came into effect in 1950, incorporated apart on "Fundamental Rights" However, the definition of the term, still eluded all. In India, we did not have any statutory organization dealing directly with human rights till the promulgation of the human rights ordinance 1993. Prior to this the supreme and high courts were tasked to act as watchdogs against human rights violations. In India, the 1993 protection of human rights act defined human rights as "rights relating to liberty, equality and dignity of the individual guaranteed by the Indian constitution as embodied in the fundamental rights and the international covenants". The relevant international covenants are:-

1. The Universal Declaration of Human Rights(1948)
2. The International Covenants on Civil and Political Rights (1966).
3. The International Covenants of Economic, Social and Cultural Rights(1966).
4. The Optional Protocol.

The promulgation of the constitution by the people of India in January 1950 is water shed in the history of development of the concept of human rights in India. The preamble, fundamental rights and the directive principles of state together provided the basic human rights for the people of India. The democratic socialism spelt out in the

*Research Scholar, BLP Govt PG College, Mhow (M.P.) INDIA
** Deptt. Of Military Science, SKP Govt PG College, Dewas (M.P.) INDIA

preamble and the Directive Principles are meant to provide the context in which fulfilment of fundamental rights has to be achieved. While fundamental rights stress on the existing rights. Directive Principle provide the dynamic movement towards the goals of providing human rights for all.

International Humanitarian Law - International Humanitarian law is not applicable outside armed conflicts. In peacetime, terrorist acts must and can generally be dealt with under the domestic laws of status. Only one set of problems must be solved by international law; the problems of international judicial cooperation in dealing with terrorism. One of these problems concerns question of the exemption from the extradition of those claiming a political motivation for their terrorist acts. The exemption from the extradition in favour of political offenders is a traditional principle recognized many municipal legal systems and in extradition treaties. But the concept of 'political crime' is not easy to define. Furthermore, there is no consensus as to what all categories fall under the exemption. However, there should be a broad consensus that perpetrators of terrorist acts should not be allowed to plead that exemption.

Dilemma - But the controversial question is how to define the terrorist acts which should not be covered by the exemption. It is precisely in this connection that consideration, by analogy, of a notion of international humanitarian law could be useful. The notion of grave breaches of international humanitarian law is commonly referred to as war crimes. War crimes include all grave violations of the laws of war committed by the agents of a belligerent state against citizens or property of the enemy. The terrorists attack civilians, launch indiscriminate attacks and take hostages. If committed in wartime by combatants, these acts would be war crimes; however, such a definition restricts the meaning of the term terrorist. It would have been justified has they been committed in wartime by combatants. Such acts, of crime which must be punished. But in so far as people have committed such crimes with a political motivation, they may fall under the exemption from extradition for political offenders (which of course does not mean that they must not be punished). Conversely, terrorist acts as defined above should never be acknowledged as political offences granting exemption from extradition. The legal foundation for this statement is that fact that in the Geneva Convention and in protocol I, States have formally undertaken either to prosecute or to extradite war criminals. Consequently, how could they refuse to prosecute or to extradite persons who, as private individuals, committed such acts in peacetime?

Politically such an exception to the exemption from extradition for political offenders should be justified even in the eyes of states which consider that the objectives pursed by the terrorists are to some extent legitimate. Indeed, one hundred and sixty two states have acknowledged being party to the Geneva Convention that not even a soldier's perfectly legitimate objective to defend his country can possibly justify war crimes, and they have even accepted the obligation to punish their own soldiers for their war crimes. Even from the terrorist's point of view, it should be perfectly justified that he, claiming to be engaged in a just war, is expected at least to comply with the laws of war, failing which he cannot expect any lenience because of his objectives.

Dealing with terrorism - International human laws are applicable both to international and non-international armed conflict. In the last few decades, a new type of conflict, which does not belong to either of these categories, has emerged. Cross-border terrorism has acquired the character of undeclared war between the sovereign imperial of the victim states and the organised militancy of international terrorism. Police and security forces called upon to deal with this kind of conflict are often under great pressure to achieve results. Unable to hit the unseen enemy, who is carrying on a campaign of attrition, they fall a victim to a sense of revenge and irrational impulses, consequently committing grave violations of human rights. The basic question posed by them is, are the human rights of outlaws more important than the human rights of the peace loving and law abiding citizens. The answer is that as agents of the state, security personnel are to uphold the constitution and the rule of law.

In addition to human right laws Common article 3 of the four Geneva Conventions and Protocol II lay down the parameters to be followed in all situations including proxy wars. They prohibit murder, torture, corporal punishment, outrage upon personal dignity, hostage taking, collective punishment, execution without regular trial and cruel or degrading punishment. Under the provisions of the international covenant on civil and political rights, when the security of the state is threatened, the state can declare a state of emergency and suspend, for a limited period, certain human rights. This can be done by the state following the procedure for "derogation" contained in article 4. While certain rights can be amended during the existence of the state of emergency, the following cannot be amended or taken away:-

1. Right to life.
2. Right against torture.
3. Right against slavery and servitude.
4. Right to be not imprisoned for the failure to meet contractual obligations.
5. Right to be spared from retroactive legislation.
6. Right to be recognized as a person before law.
7. Right to freedom of thought, conscience and religion.

Police and Security forces, by maintaining their legal and ethical standards and by observing the human rights of the people, will gain respect of the people. By constantly violating the rights and freedoms of the people, the outlaws lose the respect and support of the people. Their mask of idealism gets torn and their true colours as criminals will get exposed. It can be construed from the above, that terrorism can be combated and human right violations prevented effectively by religiously following the under

mentioned legal provisions available at the disposal of the counter terrorists:-

Legal Framework to combat terrorism - There are various legal legislations which are enacted by the country to combat terrorism. The legal acts available have been elaborated in part VI of this book.

Legal Framework of Human Rights - There are certain human right acts enacted at the international and national level which lays down the guidelines to be followed to promote and encourage respect for human rights and fundamental freedoms for all without distinction. All operations undertaken in counter terrorism environment should follow these guidelines to prevent violation of human rights. Few of the important acts as applicable to our country have been included in part VI of this book.

Human Rights Concerns of the Army - The importance on human rights is fully realised by the army and a number of actions have been taken to safeguard human and rights while undertaking operations. These actions include the following:-

Human Rights - A Special Army Training Manual No 29 has been issued which comprehensively covers all aspects of human rights training. The subject is taught in all appropriate courses of instruction and unit level training schedules starting from basic recruit training.

Do's and Don'ts - Instructions in the form of 'Dos' and Don't's to troops while operating under armed forces (special power act)

COAS Commandments - these are issued to each individual operating in the Low Intensity Conflict Environment.

Human Right Courses - Officers are sponsored on special courses on human rights and media management in the school of Criminology and Forensic Sciences and Institute of Mass communication.

Action on Human Rights Allegations - The Army takes serious courses on human rights allegations against members of the Armed Forces/Units. Some of the steps taken in this regards are:-

A human rights cell has been constituted in Army HQ (Adjutant General's Branch) to investigate, monitor, analyse and record all allegations of human rights.

Every human rights allegation is scrutinised, investigated and replied to.

On investigation , if the allegation are found to be true, exemplary punishment is meted out to the defaulters and redressal to the aggrieved, to the extent possible.

Invitation to independent bodies like the press council of India to investigate into the allegations.

Visit to the ICRC teams - Consequent to the signing of a memorandum of understanding between the government of india and the ICRC in 1995, the ICRC teams have been allowed to visit various detention camps in J&K including the Additional Police lockups that the army is manning on behalf of the local police. It was considered a positive step to exhibit the transparency of operations by the army and its concern for human rights. During the seven visits so far, the ICRC teams have been seemingly satisfied with the basic amenities and the health of the definess.

Travestly of justice - the apparent silence of many human rights activists and groups on the abuses and the excesses of armed political terrorists have led to the popular perception that human right bodies are aprtisan, unfair and sympathizers of the armed political groups. It is incorrect to brush away the excessess and violation of the human rights by the terrorist/insurgent groups in the name of revolution. The army has to perform its duties pertainig to the security of the country and some human rights problems arise because modern terrorist activities do not recognise clear boundaries and the absence of definition of combatants and non-combatants. During operations against armed terrorists, the army feel compelled in treating the entire population in their zone of operations as legitimate when civilian population provides protection and support to such terrorist groups. The issue related to human right abuses by terrorists/political oppostion groups are both real and pressing and it is essential that a broader consensue on the issues of political norms and accountability can be built up from both sides in clear terms.

Human rights violations by the army need to be seen in the proper national perspective and the supremacy of state sovereign authority over terrorists and criminals. It is better to performs one's duty even if some mistakes are commited than not to perform the duty at all. Human rights organisations have tohave a balanced outlook on human rights violations, for example, the spirit behind which the security force resort to 'extended detention' of apprehenders – operational exigencies and othe handicaps (terrain, mobility, chances of arbitrary releases) needs to be well understood. Moreover, we cannot continue to turn a blind eye to atrocities perpetrated by terrorists through indiscriminate violence against innocent civilians. Frequent visits and cross-training of human rights activits will prove benefical .

Reasons of human Right Violations - Human rights being dynamic, inalienable and invisible are fundamental to the dignified existence of individuals. They have direct impact on quality of life in society. Human rights ensure prospecrit in society by having satisfied and productive people. However is spite of all positive aspects violation of human rights occur in a society. The reasons for the same in india are as enumerated below:-

Feudalism - The mindset of an average indian is feudal. As feudalism believes in the inequality of man, the principles of human rights which uphold the universality of the human being are not acceptable to the higher echelons in society.

Colonial Past - Our colonial past has taught us to obey authority without question. The law enforcement functionaries and bureaucracy expect unquestionable submission to their authority by the citizen. When confronted with the basic principles of human rights and questioned about their legaity and justification. They react in anger and

used violence against people.

Social Mores - When lower castes, untouchables and the economically backward try to assert their rights, they face retribution and retaliation from the upper caste and the rich.

Poverty - the majority of indians live below poverty line when there is agrim stuggle for existence, many of the principles of human rights appear to them to be impractical and devoid of merit. Poverty aid s and abets the violation of human rights in making the viticms collaborate with the exploiters.

Illiteracy - It prevents proper appreciation of the egalitarian principles involved in human rights. Lack of awareness prevents people from exercising their rights.

Legal Procedures - Victims are unable to get quick redressal. Thus they loose faith in the profession and concern for human rights.

Instability - when stability is threatened, society sanctions the use of force to quell the dissidence. This invariably leads to violation of human rights.

The effects of violence - The reasons for violation of human rights as enlisted above have an adverse impact on society. The aim here is to describe the consequence of violence in humanitarian terms, from the point of view of the victim, leaving aside the question as to whether the violence is the result of lawful acts and who is responsible. As all form of violence does have adverse effects on the psychological integrity of the victims and their families. In general terms, and without claiming to be exhasustive, following effects may be identified:-

Physical Damage - It involves illness, disability or causing death.

Inhuman Treatment - Torture and ill-treatment of people.

Disappearances - These may be the result of adeliberate state policy, or the doing of para military groups or opposition movements. Those who disappear may be held captive at secret locations, more often than not, however, they are killed, either to terrorize the population or to avoid the stigma of national or international disapproval resulting from the arrest and detention of certain opposition figures.

Deprivation of freedom - The classic form of detention is incarceration in a closed place designed for the purpose (prisons, camps, or – in some countries – psychiatric hospital etc), but there are others, such as confinement to residence or in another region of the country, often far away, isolated and insalubrious.

Displaced Person - A person's inability to satisfy his vital needs (security, material survival, psychological needs), when he has lost his means of subsistence, has been displaced within the country or has had to seek refuge abroad.

Isolation - It involves separation of families, whose members are without news of their relatives on account of the hostilities or unrest.

In direct-sufferings - The suffering of individuals or communities indirectly affected by the strife, such as families with no means of support, communities whose precarious economic situation is threatened by the additional burden represented by refugees or displaced populations, and persons who are suspect on account of their kinship with someone involved in the violence.

Human Right Organisations in India - Till 1993,there was no statutory organization dealing directly with human rights. The supreme and high courts acted as watchdogs in consonance with our constitution. However, they were to speak only if their matter was brought before them for adjudication. The promulgation of the human rights ordinance of 1993 put and end to this. Thereafter organisations at central and state levels were created. The relevant provisions are given below:-

Aim - the aim of the national and state human rights commissions is to estabish statutory organs throughout the country for detection of human rights violations, protection and their enforcemnt.

Objective - National Human Rights commission at the national level and the state human rights commissions at the state level are for better protection of life, liberty, equality and dignity of an individual guaranteed by the constitution of india, which are further embodied in the international conventions to which india is a signatory.

Scope - The following aspects merit attention:-

1. The human rights ordinance of 1993 makes the constitution of the national human rights commission mandatory, while at the state level it is optional.
2. The powers of the NHRC and the SHRC are not absolute when dealing with the Armed Forces.
3. The commissions shall not enquire into any matter after the expiry of one year from the date of commissions.

Power of Human rights commissions - Salient aspects of the powers of the human rights commissions are enumerated below:-

1. They have the powers of a civil court trying a suit under Code of Civil Procedure 1908.
2. They enjoy the powers to summon and enforce the attendance of witnesses and examine them under oath.
3. Powers to visit any jail after informing the state govt.
4. Powers to review the safeguards provided by or under the constitution or any law in force for the protection of human rights and recommend measures for their implementation.
5. Power to review the functions including acts of terrorism, which restrict enjoyment of human rights.
6. Power to suggest recommendations on international institutes of human rights.

Restrictions - there are certain restrictions imposed on the human rights commissions when dealing with the security forces. They are :-

1. The human rights commissions can deal with armed forces, for an infringement of human rights only through the central government.
2. On receipt of a petition or complaint of violations of human rights by armed forces, it shall seek a report from the central government.

3. On receipt of the report, the commission will, if it decides to proceed against it, make recommendation to the central government within three months.
4. The aforesaid recommendations and action taken shall be published by the commission and a copy of such a report be provided to the petitioner or his representative.

Organisation - The organization of the various human rights commissions to deal expeditiously and effectively with proven cases of human right violations, exclusive human rights courts have been set up all over India and thus joined the advanced nations in implementing human rights in letter and spirit. In a country of continental dimensions with great diversity of language, traditions and practice, it will be unrealistic to expect and overnight change in attitudes congenial to employment of human rights. However, we have initiated steps towards making our nation and society more humane.

Conclusion - It is only through discipline, and by making the law enforceable, more visible, more identifiable, more practical , that we can regulate conduct in war like situations. It is only in conduct formation and acceptance of this conduct as binding that we can have humanitarian law applied and imposed. Enforcement is nevertheless difficult. Acceptance is the process of enforcement, because breaches are difficult to establish and redress.

Reference: -

1. KM Mathur – Law and Order Administration with special reference to terrorism.
2. Lt Col Smith Andrew – Combating Terrorism.
3. Lt Gen Vijay Oberoi – Security challenges of india.
4. B Raman – Terrorism, Yesterday, Today and Tomorrow.
5. DM Mitra – Understanding Indian insurgencies.
6. KPS Gill –Terror and Containment Perspective of India's Internal Security.
7. Dr AP Maheshwari – Craft of Counter insurgency.

****

महिलाओं में मद्यपान की प्रवृत्ति (उदयपुर जिले के संदर्भ में)

डॉ. सुनीता खण्डेलवाल*

प्रस्तावना – मद्यपान किसी एक व्यक्ति की ही नहीं अपितु एक परिवार की सामाजिक- सांस्कृतिक, स्वास्थ्य और विकास की समस्या है। यह एक उत्तेजक पेय पदार्थ है, जिस पर नियन्त्रण नहीं किया गया तो यह व्यक्तिक और शारीरिक विघटन का बहुत बड़ा कारक सिद्ध होगा। वर्तमान में इसके बढ़ते प्रयोग ने सभी का ध्यान इस ओर आकर्षित किया है। सामाजिक-धार्मिक उत्सवों, तीज-त्यौहारों, अतिथि-सत्कार, मित्र से मिलन या विदाई के दौरान, शुभकामनाएं प्रदर्शित करने आदि अवसरों पर तो मद्यपान करना आम होता जा रहा है, इसके अतिरिक्त भी व्यक्ति दिनभर की थकान मिटाने, तनाव दूर करने, हाथ-पैरों में कम्पन, कार्यक्षमता बढ़ाने आदि में भी एक उत्तोजक पेय पदार्थ के रुप में इसका उपयोग कर रहा है। मद्यपान न केवल मद्यसेवन करने वाले व्यक्ति को प्रभावित करता है अपितु सामाजिक परिस्थितियों और सांस्कृतिक परम्पराओं को भी प्रभावित करता है।

नियन्त्रित मात्रा में इसका प्रयोग किया जाए तो कोई नुकसान नही परन्तु अनियन्त्रित मात्रा व्यक्ति, पारिवारिक एवं सामाजिक समस्याएं उत्पन्न कर सकती है। मदिरा व्यवहार में स्व-नियन्त्रण को कम कर देती है। मदिरा सेवन करने वाला व्यक्ति स्वच्छन्द व्यवहार करने लगता है। कभी-कभी मद्यसेवन करने वाला व्यक्ति भी इसका आदी होने लगता है और प्रतिदिन इसका सेवन करने वाला और अधिक मात्रा में पीने लग सकता है। यह उसे शारीरिक, मानसिक व भावनात्मक रुप से प्रभावित कर सकती है, काम करने की क्षमता कम या नष्ट कर सकती है और उसके आत्मविश्वास को कमजोर कर सकती है। मदिरा व्यक्ति के पूरे जीवन को नष्ट कर सकती है।[1]

आज मदिरा लाखों स्त्री-पुरुषों की आवश्यकता बनती जा रही है। कुछ समाजों में इसे बुरा समझा जाता है तो कुछ समाजों में इसे आवश्यक रुप से स्वीकार किया जाता है। मद्यपान किसी जाति, धर्म, प्रान्त, व्यवसाय आदि तक ही सीमित नहीं है। अमीर-गरीब, ग्रामीण-शहरी, स्त्री-पुरुष बालक-बालिकाएं सभी श्रेणी के व्यक्ति इसकी ओर तेजी से आकर्षित हो रहें हैं। एक समय था जब धनाढ्य वर्ग, पूंजीपति, पश्चिमी सभ्यता का लबादा ओढ़े सम्भ्रान्त वर्ग ही मदिरा सेवन करते थे, मगर आज यही मदिरा उस छोटे से दायरे से होती हुई बड़े दायरे में फैल चुकी है। मदिरा पीना-पिलाना आज फैशन बनता जा रहा है। अभिजात्य वर्ग जो मदिरा पीता भी है और शान से जीता भी है, मगर गरीब तबका जो मदिरा खरीदकर पीने में समर्थ तो नहीं है मगर किसी तरह खरीदकर पी रहा है और बेमौत तिल-तिलकर मर भी रहा है। मद्यसेवन मादकता, उन्माद तो प्रदान करता ही है साथ ही व्यक्तित्व के विकास में कमी तथा निर्धनता व मृत्युदर में भी वृद्धि करता है। मद्यपान से व्यक्ति कुछ देर के लिए अपने आपको व समाज को भूल जाता है और अपराध की ओर आसानी से खींचा चला जाता है।[2]

अध्ययन की आवश्यकता – उदयपुर जिला जनजाति बाहुल्य क्षेत्र है। जनजातीय क्षेत्रों में अवैध रुप से मदिरा निर्माण किया जाता है। सरकार द्वारा निर्मित एवं वितरित मदिरा की तुलना में स्वयं द्वारा घर में बनी कच्ची देशी मदिरा सस्ती पड़ती है। अत: महिला-पुरुष द्वारा समान रुप से मद्यसेवन किया जाता हैं, जिसके कारण इनके जीवन पर सामाजिक, आर्थिक एवं शारीरिक प्रभाव स्पष्ट दृष्टिगोचर होते हैं। समाज में गरीबी, बेरोजगारी, विभिन्न तरह की बीमारियां, अपराध, अपहरण, बलात्कार जैसी गम्भीर समस्याएं भी मद्यसेवन के कारण बढ़ती जा रही हैं। महिलाओं में मद्यपान की प्रवृत्ति अत्यन्त चिन्ताजनक है। जबसे मदिरा अथवा शराब अस्तित्व में आई, तभी से महिलाओं ने इसका सेवन प्रारम्भ कर दिया था। सरकार एवं विभिन्न गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा दूरसंचार माध्यमों, विज्ञापनों, समाचार पत्र-पत्रिकाओं आदि के माध्यम से मदिरा के दुष्प्रभावों की जानकारी देने के उपरान्त भी कतिपय समाजों को छोड़कर अन्य सामाजिक समूहों में इसका प्रचलन बढ़ता जा रहा है, जिससे महिलाओं में तनाव, गर्भधारण में कठिनाई, कैंसर, खांसी आदि बीमारियां भी बढ़ती जा रही हैं, जो कि चिन्ताजनक है। महिलाओं में मद्यसेवन के दुष्परिणामों को दृष्टिगत रखते हुए उक्त शोध कार्य किया गया है। महिलाओं में मद्यपान के क्या कारण है, मद्यपान के लिए उन्हें कौन प्रेरित करता है, मद्यपान से उनके जीवन पर क्या प्रभाव व परिणाम पड़ता है, मद्यपान छोड़ने में उन्हें किन-किन समस्याओं का सामना करना पड़ता हैं, मद्यपान नियन्त्रण हेतु सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं के प्रयास सार्थक हैं अथवा नहीं आदि प्रश्नों के उत्तरों की प्राप्ति हेतु इस विषय का चयन अध्ययन हेतु किया गया है।

राजस्थान राज्य के 33 जिलों में से एक उदयपुर जिला है, जोकि आदिवासी बहुल्य जनजाति क्षेत्र से संबंधित है। 2011 की जनगणना के अनुसार उदयपुर की कुल जनसंख्या 3068420 है जिसमें 1566801 पुरुष एवं 1501619 महिलाएं है। उदयपुर जिले की कुल साक्षरता 62.74 प्रतिशत है जिसमें पुरुष साक्षरता दर 75.91 प्रतिशत तथा महिला साक्षरता दर 49.10 प्रतिशत है।3

अध्ययन के उद्देश्य

1. उत्तरदाता की सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक पृष्ठभूमि को जानना,
2. उदयपुर जिले में मद्यपान किए जाने की प्रवृत्तियों को जानना,
3. मद्यपान करने के कारणों को जानना,
4. मद्यपान के परिणामों का मूल्यांकन करना एवं
5. मद्यपान को बढ़ावा देने वाले कारकों का अध्ययन करना।

अध्ययन की प्राकल्पनाएं

1. अशिक्षित महिलाओं में शिक्षित महिलाओं की अपेक्षा मद्यपान की प्रवृत्ति

* पी.डी.एफ.,शोधार्थी, सामाजिक विज्ञान शोध अनुसंधान परिषद्, नई दिल्ली भारत

अधिक है।

2. गरीबी रेखा के नीचे जीवनव्यापन करने वाली महिलाओं में मद्यपान की प्रवृत्ति अधिक है।
3. अनुसूचित-जाति एवं जनजाति की महिलाओं में मद्यपान की प्रवृत्ति अधिक है।
4. कामकाजी एवं स्वरोजगार करने वाली महिलाओं में मद्यपान की प्रवृत्ति कम पाई जाती है।
5. मद्यपान रोकने हेतु सरकारी एवं गैर-सरकारी प्रयास सिर्फ वार्तालाप एवं कागजों तक ही सीमित है।
6. मद्यपान करने वाली महिलाओं की अपेक्षा मद्यपान नहीं करने वाली महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक स्थिति अधिक सुदृढ होती है।

शोध प्रविधि – प्रस्तुत अध्ययन महिलाओं में मद्यपान की प्रवृत्ति विषय से संबंधित हैं। स्नोबॉल निदर्शन प्रणाली द्वारा 300 मद्यपान करने वाली व 200 मद्यपान नहीं करने वाली उत्तरदाताओं का चयन किया गया है। उत्तरदाताओं के शिक्षित एवं अशिक्षित अथवा कम पढ़े-लिखे होने के कारण साक्षात्कार अनुसूची के माध्मम से तथ्य एकत्रित किए गए है। तथ्य संकलन प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों स्त्रोतों के माध्यम से किया गया है।

मद्यपान: कारण एवं अवसर – कार्य और कारण के बीच घनिष्ठ संबंध पाया जाता है। जब भी व्यक्ति कोई कार्य करता है तो उसके पीछे कोई न कोई कारण अवश्य निहित होता है। मद्यपान एक ऐसी आदत, लत या प्रवृत्ति है जिसके पीछे भिन्न-भिन्न कारण एवं प्रणालियां है। नियन्त्रित मात्रा में मद्यपान अपराध उत्पन्न नहीं करता परन्तु इसकी अनियन्त्रित मात्रा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तरीके से मानव व्यवहार को अपराध की ओर धकेलती है। प्रस्तुत शोध में क्षेत्रीय अध्ययन के दौरान महिलाओं में मद्यपान के निम्न कारण सामने आए-

सारणी संख्या 1 : मद्यपान के कारण

क्र.	महिलाओं में मद्यपान के कारण	संख्या	प्रतिशत
1	सामाजिक परम्परा	123	41.00
2	शारीरिक अथवा मानसिक थकावट	182	60.66
3	मनोरंजन अथवा आनन्द के लिए	166	55.33
4	फैशन अथवा शौक के लिए	84	28.00
5	पारिवारिक कलह	100	33.33
6	बीमारी के कारण	54	18.00
7	नशा करने की आदत	148	49.33
8	सस्ती और आसानी से उपलब्धता	172	57.33
9	कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु	139	46.33
10	सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्य	99	33.00
11	विज्ञापनों से प्रेरित होकर	132	44.00

स्त्रोत-क्षेत्रीय अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या 1 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि 300 मद्यपान करने वाली महिला उत्तरदाताओं में से 123 (41%) उत्तरदाताओं के परिवार अथवा समाज में शादी-विवाह, तीज-त्यौहारों पर, अतिथि सत्कार तथा जन्म से मृत्यु तक के संस्कारों आदि अवसरों पर मद्यपान करने की परम्परा है, 182 (60.66%) उत्तरदाता प्रतिदिन होने वाली शारीरिक व मानसिक थकावट दूर करने के लिए मदिरा का सहारा लेती है, 166 (55.33%) उत्तरदाता जीवन में मनोरंजन अथवा आनन्द पाने के लिए मद्यपान करती है, 84 (28%) उत्तरदाता फैशन अथवा शौक के लिए मद्यपान करती है ताकि वे अपने मित्रों के बीच सहज महसूस कर सकें, 100 (33.33%) उत्तरदाता पारिवारिक कलह के कारण मद्यपान करती है, 54 (18%) उत्तरदाता खांसी, जुकाम, बुखार आदि बीमारियों से निजात पाने के लिए मद्यपान करती है, 148 (49.33%) उत्तरदाताओं को नशा करने की आदत है जिसके कारण उन्हें मदिरा का सहारा लेना पड़ता है, 172 (57.33%) उत्तरदाता मदिरा की आसानी से उपलब्धता के कारण मद्यपान करती है, 139 (46.33%) उत्तरदाता कार्यक्षमता में वृद्धि हेतु मद्यपान करती है। मद्यपान के बाद वे अधिक सक्रियता से कार्य कर पाती है, 99 (33%) उत्तरदाता सामाजिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों के कारण मद्यपान करती है, 132 (44%) उत्तरदाता विज्ञापनों से प्रेरित होकर मद्यपान करती है। अध्ययन में सर्वाधिक 182 (60.66%) उत्तरदाता प्रतिदिन होने वाली शारीरिक व मानसिक थकावट दूर करने के लिए मदिरा का सहारा लेती हैं जबकि सबसे कम 54 (18%) उत्तरदाता खांसी, जुकाम, बुखार आदि बीमारियों से निजात पाने के लिए मद्यपान करती हैं।

सारणी संख्या 2 : परिवार में मद्यपान के अवसर

क्र.	मद्यपान करने के अवसर	उत्तरदाता	प्रतिशत
1	सामाजिक रीति-रिवाजों(जन्म से मृत्यु तक के संस्कारों में)	109	36.33
2	धार्मिक अवसरों पर उपयोग	55	18.33
3	मेलों/त्यौहारों पर उपयोग	88	29.33
4	अतिथि सत्कार पर उपयोग	48	16.00

स्त्रोत-क्षेत्रीय अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या 2 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि 300 मद्यपान करने वाली महिला उत्तरदाताओं में से 109 (36.33%) उत्तरदाता प्रतिदिन मद्यपान करती है, 55 (18.33%) उत्तरदाता धार्मिक अवसरों पर मदिरा सेवन करती है, 88 (29.33%) उत्तरदाता तीज-त्यौहार, मेलों आदि के अवसर पर मद्यपान करती है, 48 (16%) उत्तरदाताओं के परिवार में अतिथि-सत्कार मद्यपान के बिना अधुरा माना जाता है अत: वे घर में अतिथि के आगमन पर उनके सत्कार के दौरान मद्यपान करती हैं।

मद्यपान: प्रभाव एवं परिणाम – मदिरा न केवल व्यक्ति अपितू उसके परिवार के साथ-साथ समाज को भी भावनात्मक और आर्थिक रुप से प्रभावित करती है। प्रारम्भ में व्यक्ति इसे दुख, तनाव, शारीरिक एवं मानसिक थकावट दूर करने, मनोरंजन एवं आनन्द की प्राप्ति हेतु, मौज-शौक आदि में सेवन करता है किन्तु यह कब उसके जीवन में महत्वपूर्ण हो जाती है, उसे पता ही नहीं चलता। मदिरा आनन्द प्राप्ति की अपेक्षा बुराइयों को अधिक जन्म देती है। मद्यपान लड़ाई-झगड़ा, गाली-गलौंच, परिवार एवं समाज के वातावरण को दूषित करती है। आरम्भ में मद्यपान जोश, उत्साह व आनन्द की अनुभूति देता है पर भीतर ही भीतर व्यक्ति को खोखला करता जाता है जिससे वह दीन-हीन, कमजोर, तनावग्रस्त एवं विभिन्न प्रकार के मानसिक एवं शारीरिक रोगों से ग्रस्त होने लगता है।

सारणी संख्या 3 : मद्यपान के प्रभाव

क्र.	मद्यपान के प्रभाव	संख्या	प्रतिशत
1	कार्यों और प्रक्रियाओं पर प्रभाव	139	46.33
2	स्वास्थ्य पर प्रभाव	111	37.00
3	आर्थिक स्थिति एवं खान-पान पर प्रभाव	209	69.66
4	आपसी संबंधों पर प्रभाव	47	15.66

स्त्रोत-क्षेत्रीय अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या 3 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि 300 मद्यपान करने वाली महिला उत्तरदाताओं में से 139 (46.33%) उत्तरदाताओं के कार्य और प्रक्रियाएं मद्यपान करने के कारण प्रभावित होती है, उन्हें काम पर जाने में देरी हो जाती है तथा वे अपने कार्य को सुचारु रुप से नहीं कर पाती हैं। 111 (37%) उत्तरदाताओं के स्वास्थ्य पर मद्यपान का बुरा प्रभाव पड़ता है। अधिकांश उत्तरदाता टी.बी. से ग्रस्त है। इसके अतिरिक्त भी उन्हें भूख कम लगती है, नींद नहीं आती व कमजोरी महसूस होती है। 209 (69.66%) उत्तरदाताओं की आर्थिक स्थिति और खान-पान पर मद्यपान से प्रभाव पड़ा है। वे अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति करने में स्वयं को असमर्थ मानती हैं। 47 (15.66%) उत्तरदाताओं के अपने परिवार और रिश्तेदारों से अच्छे संबंध नहीं है। कभी-कभी अधिक मात्रा में मद्यसेवन करने के कारण वे अपने परिवार और रिश्तेदारों के साथ अभद्र व्यवहार करती हैं जिसके कारण उनके परिवार और रिश्तेदारों से संबंध अच्छे नहीं है। अध्ययन में सर्वाधिक 209 (69.66%) उत्तरदाताओं की आर्थिक स्थिति और खान-पान पर मद्यपान से प्रभाव पड़ा है।

सारणी संख्या 4 : मद्यपान के परिणाम

क्र.	मद्यपान के परिणाम	संख्या	प्रतिशत
1	गांव/परिवार में मृत्यु	219	73.00
2	लोगों से मिलने से बचना	136	45.33
3	आलोचना	97	32.33
4	घर में तनाव	126	42.00

स्त्रोत-क्षेत्रीय अध्ययन

उपरोक्त सारणी संख्या 4 के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि 300 मद्यपान करने वाली महिला उत्तरदाताओं में से 219 (73%) उत्तरदाताओं के परिवार अथवा गांव में मद्यपान के कारण मृत्यु हुई है, 136 (45.33%) उत्तरदाता मद्यपान के बाद लोगों से मिलने से बचती हैं। उन्हें भय रहता है कि उनके मद्यपान की आदत का लोगों को पता नहीं चल जाए अत: वे मद्यपान के बाद किसी से नहीं मिलती है, 97 (32.33%) उत्तरदाताओं की मद्यपान करने के कारण परिवार व समाज में आलोचना की जाती है, 126 (42%) उत्तरदाताओं के घर में मद्यपान के कारण तनाव का माहौल रहता है।

निष्कर्ष एवं सुझाव - मद्यसेवन अथवा मदिरापान आदिकाल से ही हमारे समाज में किसी-न-किसी रुप में प्रचलन में रहा है। मद्यसेवन करने वाला व्यक्ति अपने परिवार एवं समाज के लिए एक अभिशाप है क्योंकि उसकी इस प्रवृत्ति के कारण उसके परिवार की सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक स्थिति प्रभावित होती है। घर का वातावरण दूषित होता है, रिश्तेदारों से संबंध प्रभावित होते है तथा स्वास्थ्य पर भी विपरित प्रभाव पड़ता है। मदिरा के खतरनाक प्रभावों से परिचित होने के बावजूद भी गली, मौहल्लों व चौराहों पर शराब की दूकानों पर मद्यसेवन करने वाले व्यक्ति मदिरा खरीदते हैं और इसका सेवन इस प्रकार करते है जैसे कोई शीतलता प्रदान करने वाला पेय हो। सरकार एक ओर तो मदिरा पर प्रतिबन्ध लगा रही है और दूसरी तरफ अपनी राजस्व आय बढ़ाने के लिए नए-नए ठेकों के लिए आवेदन आमन्त्रित करती है। वर्तमान समाज में शराब को सामाजिक मान्यता प्राप्त होने के कारण युवावर्ग व महिलाएं मद्यसेवन की ओर अनायास ही आकर्षित हो रहे है। महिलाओं में मद्यपान की प्रवृत्ति एक गम्भीर चिन्ता का विषय है, चाहे मदिरा का सेवन कम मात्रा में किया जाए अथवा अधिक मात्रा में किया जाए। महिलाएं अपने मित्रों की संगत, फैशन अथवा शौक-शौक में मद्यपान करती है। यदि यह कहा जाए कि महिलाओं ने मद्यपान की प्रेरणा अपनी मित्र मण्डली से ग्रहण की है तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। बहुधा उन्हें हाई-फाई सोसायटी में, अपने मित्रों की पार्टियों में अनाड़ी, अशिष्ट एवं गवांर नहीं समझ लिया जाए इस हेतु अपनी शान-शौकत बनाए रखने के लिए वे मद्यसेवन करती है। कुछ समाजों में वंशानुगत परम्परा के कारण भी महिलाएं बचपन से ही मद्यसेवन की ओर अग्रसर होने लगती है।

मद्यपान: नियन्त्रण के सुझाव :

1. मदिरा के सार्वजनिक उत्पादन, भण्डारण एवं विक्रय पर सरकारी नियन्त्रण रखा जाना चाहिए।
2. वर्तमान शिक्षा पद्धति में सुधार कर युवा वर्ग को मद्यनिषेध हेतु जागरुक चाहिए।
3. मद्यपान की प्रवृत्ति को कम करने हेतु सरकारी स्तर पर जगह-जगह नशा मुक्ति हेतु चिकित्सा केन्द्र खोले जाएं, जहां पर पीड़ित व्यक्ति को मानसिक उपचार के साथ-साथ भविष्य में मादक द्रव्यों से दूर रहने के लिए जागरुक किया जावें।
4. वर्तमान युवा जनसंचार माध्यमों से प्रेरित होकर नशे की ओर उन्मुख हो रहा है अत: सरकार को नशें से संबंधित विज्ञापनों पर रोक लगाने के लिए कडे से कड़े कदम उठाने की आवश्यकता है।
5. शराब की कीमतों में वृद्धि करनी चाहिए ताकि इसको खरीदने में मुश्किलें आने लगें।
6. सार्वजनिक स्थानों पर बैठकर शराब पीना, शराब पीकर वाहन चलाना व काम पर जाना इत्यिादि कार्यो को गैर-कानूनी बनाकर कठिन से कठिन सजा का प्रावधान होना चाहिए।
7. शराब के दुरुपयोग की रोकथाम के लिए और युवाओं में मानसिक सेहत संबंधी समस्याओं में मदद के लिए माता-पिता के लिए दिशा-निर्देश दिए जाने चाहिए। माता-पिता व अन्य रिश्तेदारों को बच्चों के सामने मद्यपान नहीं करना चाहिए और न ही उन्हें बच्चों को मदिरा क्रय करने हेतु भेजा जाना चाहिए।
8. मनोचिकित्सा केन्द्रों में नशा विमुक्ति केन्द्र होते है जहां डी-टोक्सीफिकेशन द्वारा शराब छुड़ाने तथा उसके उपरान्त मोटिवेशनल थैरेपी, फिजियोथैरेपी तथा ग्रुप थैरेपी द्वारा इससे निजात पाने की कोशिश की जाती है। इसकी जानकारी आमजन को देनी चाहिए।
9. मनोरंजन के अन्य सस्ते साधन जैसे-सिनेमा, क्लबों आदि का उचित विकास भी मद्यपान निषेध में सहायक हो सकता है तथा सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा फीचर फिल्म एवं डॉक्युमेन्ट्री के द्वारा जनमानस को नशीलें द्रव्यों की बुराइयों की जानकारी देकर उन्हें नशा मुक्त होने के लिए प्रेरित करना चाहिए।
10. आबकारी विभाग और मद्यनिषेध विभाग को यदि अलग-अलग कर दिया जाए तो भी मद्यपान की प्रवृत्ति को कम किया जा सकता है।
11. मद्यनिषेध कार्यक्रम को अधिक प्रभावी बनाने के लिए वित्तीय बजट की राशि को बढ़ाया जाए ताकि मदिरा पीने से होने वाली बुराईयों के प्रचार-प्रसार और यशगान में कमी की जा सकें।
12. होली, दीपावली जैसे सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सप्ताह पूर्व सूखा दिवस घोषित किया जाना चाहिए तथा चोरी-छिपे मदिरा निर्माण एवं विक्रय पर औचक निरीक्षण किया जाना चाहिए।
13. मद्यपान नियन्त्रण हेतु विद्यालय से ही विद्यार्थियों को मद्यपान से होने वाले नुकसान की जानकारी दी जानी चाहिए। बालकों को आरम्भ से ही मद्य निषेध के संस्कारों से अवगत कराया जाना चाहिए।

14. राज्य सरकारों को बेरोजगारी, गरीबी, तनाव को कम करने का प्रयास करना चाहिए जिससे युवा वर्ग को अधिक से अधिक रोजगार प्रदान कर उनकी क्षमता को देशहित में प्रयोग किया जा सकें।
15. ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मद्यपान से संबंधित शोध कार्य किया जाना चहिए। शोध के द्वारा अधिक मात्रा में मद्यपान करने के कारण एवं प्रभावों की जानकारी प्राप्त कर उन्हें दूर करने का भरसक प्रयास किया जाना चाहिए।
16. मद्य निषेध हेतु प्रचार शिविर, पदयात्राओं, सभाओं आदि का आयोजन कर आमजन को मद्यपान के विरुद्ध प्रेरित किया जाना चाहिए।
17. विश्व मादक पदार्थ विरोधी दिवस 26 जून को ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नाटक, कव्वाली, कठपुतली, जादू आदि विभिन्न मनोरंजनात्मक विधाओं का प्रयोग कर मद्य निषेध का प्रचार-प्रसार करना चाहिए।
18. सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिग व होर्डिंग के द्वारा मद्य निषेध से संबंधित प्रेरक कार्य किया जाना चाहिए।
19. मद्य निषेध से जुड़ें व्यक्तियों एवं संगठनों से सहयोग कर ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों, मोहल्लों में नशा निषेध सतर्कता समितियों का गठन कर नशा मुक्ति हेतु सामाजिक, धार्मिक दबाव बना कर अंकुश लगाने का प्रयास किया जाना चाहिए।
20. विश्व स्तर पर की जा रही मादक द्रव्य तस्करी के लिए प्रख्यात देश जैसे-पाकिस्तान, अफगानिस्तान, चीन, ईरान, थाइलैण्ड, नेपाल और लागौस जैसे देशों से समुद्री मार्ग या अन्य मार्गों से आने वाले नशीलें पदार्थों पर रोक लगाई जानी चाहिए तथा जब्त नशीलें पदार्थों को नष्ट कर उनपर कठोर कार्यवाही की जानी चाहिए।
21. मद्यनिषेध से संबंधित न्याय प्रक्रिया को त्वरित किया जाना चाहिए ताकि अपराध एवं दण्ड के प्रति सामाजिक उपयोगिता बनी रहें।
22. 1985 में बना कानून 'द नारकोटिक ड्रग्स एण्ड साइकोट्रॉपिक सबस्टेंसेज एक्ट' कानून के उल्लंघन पर दो लाख रु जुर्माना तथा कठोर कारावास की सजा का प्रावधान है, उसे कड़ाई से लागू किया जाना चाहिए।
23. मद्यपान पर नियन्त्रण हेतु पुलिस विभाग को केशबार प्ररेणा शुल्क प्रदान करना चाहिए जिससे वे मद्यपान करने वालों पर नियन्त्रण रखने में अधिक से अधिक प्रेरित हो सके।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Jhonson,Elmer H. (1973)Socia Problems of urban man: The Dorsey press homewood illnois, p519
2. दीक्षित, पुष्पेन्द्र (2008), 'नशे में घुलता युवा भारत'
3. कार्यालय जिला सांख्यिकी अधिकारी, उदयपुर

****

बाग गुफाओं और भित्ति चित्र का पुरातात्विक महत्व – पर्यटन के संदर्भ में

प्रेमविजय पाटिल *

प्रस्तावना – मध्य प्रदेश के धार जिले के बाद क्षेत्र में प्राचीन बौद्ध गुफाएं स्थित है। यह बौद्ध गुफाएं कभी बौद्ध काल में अपने मठ, भित्त चित्र, मूर्तिकला और बौद्ध साधकों के निवास और साधना के मठ के रूप में विश्व विख्यात थी। अजंता की गुफाओं के समान ही उनका महत्व है। साथ ही यहां के भित्ति चित्र भी एक महान संस्कृति को बताते हैं। मध्यप्रदेश के आदिवासी बहुल धार जिले जहां मांडू जैसी ऐतिहासिक धरोहर है तो वहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर की गुफाएं भी है। पर्यटन का केंद्र बनने की संभावना वाली ये गुफाएं जानकारी के अभाव के दौर से गुजर रही है। जो बुद्ध सर्किल से जुड़ती है तो उसका एक अपना विशेष महत्व बढ़ जाएगा। वर्तमान में यहां पर कई तरह की सुविधाएं हैं।

लेकिन इन सुविधाओं में इजाफा करके पर्यटन को बढ़ावा दिया जा सकता है। न केवल स्थानीय पर्यटन बल्कि यहां पर बौद्ध धर्म के अनुयायियों देशों से आने वाले अंतरराष्ट्रीय जगत से भी एक नाता जोड़ा जा सकता है।

उद्देश्य :

1. बाग गुफाओं की वर्तमान दशा का अध्ययन किया जाना।
2. गुफाओं का राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर महत्व।
3. बाग में पर्यटन सुविधाओं की स्थिति स्पष्ट करना।
4. पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु आवश्यक सुझाव देना।
5. पर्यटन के क्षेत्र में बाग गुफाओं की संभावनाएं खोजना।

परिकल्पनाएं – मध्यप्रदेश में सांची स्तूप बौद्ध परंपरा की एक महत्वपूर्ण धरोहर है। इसी को सीधे मांडू और बाग से जोड़ा जा सकता है। हमें पाते हैं कि बाग गुफाओं के प्रचार प्रसार के अभाव में यह उपेक्षित है। जबकि यहां पर कई तरह की प्रबल संभावनाएं है। जब पर्यटक यहां पहुंचता है तो उसे स्थल सब खास देखने को मिलता है। जो कि प्राकृतिक रूप से एक बहुत ही समृद्ध स्थान के नजदीक प्राचीन इतिहास को जानने का मौका देता है।

क्षेत्र व सीमाएं – धार जिले के बाग क्षेत्र की गुफा।

अध्ययन – बाग गुफाओं की वर्तमान दशा के साथ प्राचीन महत्व के साथ— मध्य प्रदेश के धार जिले के बाग क्षेत्र में प्राचीनकालीन बाग की गुफाएं स्थित है। जो कभी बौद्धकाल में अपने मठ, भित्ति चित्र, मूर्तिकला और बौद्ध साधकों के निवास और साधना मठ के रूप में विश्व विख्यात थी।

इस धरोहर के समीप ही बाघनी नदी और विंध्य पर्वत के दक्षिणी ढलान भी स्थित है। इतिहासकारों के अनुसार ईसापूर्व तीसरी और सातवीं शताब्दी के मध्य जब भारत के पश्चिमी भारत के भाग में बौद्ध धर्म अपनी उच्च पारखी कला के लिए विख्यात था, उस समय चीन के बौद्ध धर्म के महान विद्वान् यात्री हुएनसांग, सुआनताई आदि लोगों ने इस स्थान पर का भ्रमण किया था।

पुरातत्व शास्त्रियों के अनुसार इन गुफाओं को यहां बलुआ पत्थर यानी सेंडस्टोन पत्थरों की विंध्य घाटियों पर तराश कर बनाया गया था। वैसे भी भारत के प्राचीन इतिहास में चट्टानों को तराश कर कई भव्य स्थलों का निर्माण किया गया था। जैसे एलोरा स्थित कैलाश मंदिर, महावलीपुर, बादामी गुफाएं आदि। पुरातत्वशास्त्री एस आप्टे के अनुसार गुफाओं के निर्माण के आदर्श मॉडलों को हम महाराष्ट्र की अजंता की गुफाएं, मध्य भारत की बाग गुफाएं, भीम बैठका के गुफाचित्र, दक्षिण की हिरेगुव और श्रीलंका देश की सिगिरि स्थल के माध्यम से गहराई से समझ सकते है। कुछ पुरातत्वशास्त्रियों ने बाग गुफा कि रंगमहल गुफा की छत पर मुर्गी के साथ चूजों के आकर्षक भित्तिचित्रों कि गणना भी कि है, जिसे पुरातत्वशास्त्रियों ने मन्डैन थीम का नाम दिया है।

प्रख्यात पेंटिग आर्टिस्ट और पुरातत्वशास्त्री अंकित कुमार हलदार ने बाग गुफाओं की वाल पेंटिग्स की प्रतिकृतियां बनाकर उन्हें सन 1926 में ग्वालियर में संरक्षित भी किया था।

ब्रिटिश काल में बाग गुफा और उसके वाल पेंटिग्स का गहन शोध ब्रिटिश पुरातत्वशास्त्री डंगर फील्ड ने लिटरेरी सोसाइटी ऑफ मुंबई के माध्यम से किया था। उसके बाद ब्रिटिश पुरातत्वशास्त्री डॉक्टर इम्पी ने रॉयल एशियाटिक सोसाइटी के माध्यम से किया। बाद में इंडियन एंटीक्वेरी के जनक सर कोलोनेल लुआर्ड ने भी बाग गुफा पर गहन शोध का कार्य किया था। बाग गुफाओं में बारिश, नमी, क्षरण आदि के कुप्रभाव से यहां स्थित भित्ति चित्रों को बहुत नुकसान पहुंचा था। इस कारण इनके रेस्टोरेशन और संरक्षण के लिए पुरातत्व विभाग ग्वालियर द्वारा यहां से वाल पेंटिग्स रूपी भित्त चित्रों को सावधानी पूर्वक निकालकर ग्वालियर स्थित म्यूजियम पर शिफ्ट कर दिया था।

इतिहासकार इन प्राचीन गुफाओं का निर्माण और संबंध 5–7वीं सदी के बीच यहां निवास करने वाली सांतवाहना साम्राज्य से भी दर्शाते है। जिनके समय बुद्ध धर्म उच्च कोटि के शिखर पर पहुंच गया था। बाग गुफाओं में नौ गुफाये है। जिनमें गुफा क्रमांक 1,7, 8,9 नष्टवान है। गुफा क्रमांक 2 पांडव गुफा के नाम से जानी जाती है। जबकि तीसरी गुफा हाथीखाना और चुटहि रंगमहल के नाम से जानी जाती है। इन गुफाओं का उपयोग 5 से 6टीं शताब्दी में बौद्ध भिक्षु चेतना, प्रार्थना, ध्यान आदि के रूप में एक मठ विहार के रूप में करते थे।

इंडियन सोसाइटी की रिपोर्ट के अनुसार बाघनी नदी से लगभग 150 फीट की उंचाई पर स्थित बाग की गुफाओं को सेंड स्टोन की घाटियों को तराश कर एक पंक्तिबद्ध ढांचे के रूप में स्थापित किया गया था। जहां अधिकतम बेसाल्ट चट्टानों की भरमार थी। इन गुफाओं में कुछ में बौद्ध साधकों

* रिर्सचर व पत्रकार, नईदुनिया, दैनिक समाचार पत्र, धार (म.प्र.) भारत

द्वारा पूजन स्थल के स्तूप, भित्ति चित्र, साधना करती हुई बुद्ध की वरदमुद्रा मूर्ति, आकर्षक खंभे आदि स्थित है।

इतिहासकारों के अनुसार बाघ गुफाओं में नौ गुफाएं कभी नौ कक्ष अस्तित्व में हुआ करती थी। वर्तमान में केवल छह गुफाएं ही अच्छी स्थिति में है। इसके प्रथम क्रमांक 1 वाले गुफा कक्ष को पुरातत्व शास्त्रियों ने गृह कक्ष का नाम दिया है। इसका बरामदा भी लगभग नष्टवान हो चुका था। जिसे पुरातत्व विभाग के रेस्टोरेशन द्वारा संरक्षित किया गया है। इसके पीछे स्थित बौद्ध चौंबर की लंबाइई लगभग 23.14 फीट की है। जो कि चार खंभो पर टिका हुआ है। इसके अगले कक्ष को पांडव या भीम की गुफा भी कहा जाता है। जो स्थानीय लोगो ने नाम दिया है। पुरातत्वशास्त्रियों के अनुसार इस गुफा के अंदर स्थित वाल पेंटिंग्स को धुंए और चमगादड़ों की बैट कॉलोनी द्वारा अधिक नुकसान पहुंचा था। जिससे कई प्राचीन वाल पेंटिंग्स नष्ट भी हो गई थी। बाग गुफा के कक्षों में चट्टानों को तराश कर बनाये हुए आकर्षक बरामदे, खिड़किया, प्रवेश द्वार, खंभे बहुत ही भव्य रूप में निर्मित है। यह प्राचीन बौद्धकाल के भिक्षु मठ और उनके आवास का एक अनमोल आयाम है। इस गुफा के अंदर हम एक गलियारों में चट्टानों को तराश कर बनाई गई पंक्तिबद्ध रूप से भगवान बुद्ध और बौद्धिसत्व की आकर्षक प्रतिमाएं भी देख सकते है। जो भगवान बौद्ध के परम उपासक माने जाते थे। इसके साथ ही इसमें बौद्ध भिक्षुओं द्वारा पूजा किए जाने वाले चक्रीय स्तूप भी निर्मित है। जिसे चौत्य भवन भी कहा जाता था। इससे आगे जाने पर कक्ष क्रमांक तीन की गुफा आती है। इसे हाथीखाना भी कहा जाता है। यह गुफा भी क्रमांक 2 वाली गुफा के समान ही बौद्ध मठवासियों के निवास करने का स्थान ही प्रतीत होती है। जिसमें बौद्धकाल की सुंदर वास्तुकला से सज्जित बरामदे, प्रवेश द्वार और खंभे देखे जा सकते है। इस गुफा के दक्षिण–पूर्वी स्थान पर हम एक धार्मिक कक्ष भी देख सकते है। जिसमें भगवान बुद्ध का दीवार पर एक भित्त चित्र का चित्रण था। जिसमे उनके अनुयाई उनको श्रद्धा पूर्वक नमन कर रहे है। इस कारण इसे बौद्ध पूजा स्थल का दर्जा भी दिया गया है। इस गुफा में कई प्रकार के आकर्षक भित्त चित्र स्थापित थे। जिसमे बोद्धिसत्व पदमिनी के चित्र को अजंता में स्थित गुफाओं की चित्रकला के रूप में एक आदर्श प्रतिमान के रूप में भी जाना जाता है। इसके आगे चलने पर गुफा क्रमांक 4 है। जिसे रंगमहल कहा जाता है। इस गुफा में कई प्रकार के आकर्षक भित्त चित्र स्थापित है। इसमें बोद्धिसत्व पदमिनी के चित्र को अजंता में स्थित गुफाओं की चित्रकला के रूप में एक आदर्श प्रतिमान के रूप में भी जाना जाता है।

इसके बाद गुफा क्रमांक पांच दिखाई देती है जो कि गुफा क्रमांक 4 से सीधे जुडी हुई है। इतिहासकारों के अनुसार इसमें बौद्ध उपासकों का प्रार्थना स्थल स्थित था। यह एक समकोणीय कक्ष है। जिसमे अलग अलग पंक्तियों में खंभे स्थित है। आगे चलने पर हम कक्ष कमांक 6 देख सकते है। जिसके अंदर जाने पर हमें छोटे –छोटे छह छोटे कक्ष दिखते है। जो सम्भवत: बौद्ध साधकों का साधना के स्थल हुए करते थे। इस गुफा की अग्रिम दीवार के सामने एक द्वार और दो खिड़कियां दिखाई देती है। जिससे बाहरी प्राकृतिक परिदृश्य भी देखे जा सकते है। इसमें छटवीं सदी के फूल पत्ति और बेलबूटों की अद्भुत संरचना भी देखी जा सकती थी। इन प्राकृतिक गुफाओं में प्राकृतिक हलचल, चट्टानों के दरकने और बारिश के प्रभाव से बाग गुफा क्रमांक 4 में कई भित्ति चित्रों को अत्याधिक नुक्सान पहुंचा है। जिसके कारण ग्वालियर स्थित म्यूजियम में यहां की नष्टवान चित्रकला को पर्यटकों के लिए बहुत समय सन 1982 में ही संरक्षित कर लिया गया था । धार जिले की बाग गुफा में प्रमुख रूप से बौद्धकाल की बोद्धिसत्व, मशरुम, पदमापनी, जातक, फूल, पत्तियों की पंखुड़ियों की आकृति, हाथी, घोड़े, गाय आदि के सुंदर भित्त चित्र रूपी म्यूरल्स एक अनमोल चित्रकला के प्रतिमान है। ब्रिटिश पुरातत्वशास्त्री इलियट के अनुसार बाग गुफा क्रमांक 4 में भी हम बौद्ध भगवान के अनुयायियों की एक आकर्षक भित्त चित्र रूपी वॉल पेंटिंग थी। जिसमें बौद्ध के उपासक श्रद्धापूर्वक झुक कर भगवान बुद्ध को कमल पुष्प समर्पित कर रहे है तो वहीं कुछ उनके अनुयायी चित्रण में हवन सामग्री पकडे हुए दिखाई देते है। जो कि प्राचीन महायान परंपरा की एक अनमोल कड़ी भी मानी जाती है।

बाग की गुफाओं के सन्दर्भ में ब्रिटिश पुरातत्वशास्त्री डॉक्टर इम्पी के अनुसार बाग गुफा क्रमांक 4 रंगमहल में दक्षिणी छोर पर स्थित भित्तिचित्र चित्रकला के बहुत ही सुंदर परिदृश्य देखने को मिलते है। जिसे उन्होंने विभिन्न प्लेट्स में विभाजित किया है। हालांकि उनका ये डॉक्यूमेंटेशन आजादी के पूर्व का है और वर्तमान में इन बाग गुफाओं में प्राकृतिक रूप से नुकसान हुआ है और कई भित्ति चित्रों को सन 1982 में आर्किओलॉजिकल म्यूजियम ग्वालियर द्वारा सावधानीपूर्वक निकालकर ग्वालियर स्थित म्यूजियम में संरक्षित कर लिया था।

ब्रिटिश पुरातत्वशास्त्री डॉक्टर इम्पी ने ब्रिटिशकाल के समय धार जिले में स्थित बाग की गुफाओं को विभिन्न प्लेट्स में विभाजित कर अपना डिस्क्रिप्शन दिया था। ब्रिटिश पुरातत्वशास्त्री डॉक्टर इम्पी के अनुसार बाग गुफा क्रमांक 4 में स्थित प्रारंभ की प्लेट ए में म्यूरल्स को बहुत ही अनमोल ढंग से चित्रित किया गया। जिसमे दो महिलाएं सुन्दर वस्त्रों को पहने हुए है और एक मंडप में बैठी हुई है। एक महिला ने दु:ख भरी मुद्रा धारण की हुई है। वहीं द्वितीय प्लेट ब में चित्रित भित्त चित्र में चार संभ्रात जन किसी विषय को लेकर संवाद करते हुए प्रतीत हो रहे है। जिनके हाथ और चेहरे कि मुद्रा भी इसी भाव में दिखाई दे रही है। यह सभी लोग एक गोल घेरे में आल्की–पालकी मारकर गोल, नीले और सफेद तकिये पर बैठे हुए है और धोती के अतिरिक्त अन्य कुछ भी धारण नहीं किया हुआ है। भित्तिचित्र में प्रदर्शित इन लोगों ने अपनी पदवी के अनुसार बहुमूल्य वस्त्र और रत्नों को भी धारण किए हुए थे।

तीसरी प्लेट सी के भित्तिचित्रों में मनुष्यों के दो पृथक समूह एक दूसरे के ऊपर नीचे दिखाई पड़ते है। इसमें ऊपर के समूह में पांच पुरुष ऊपर कि ओर उड़ते दिखाई देते है। जिसमे चौथा पुरुष बादलों की तरफ जा रहा है और एक प्रधान की भांति अपने समूह को निर्देशित करता हुआ दिख रहा है।

प्लेट सी में संगीतज्ञ महिलाओं के दो समूहों को पृथक रूप से भित्त चित्र में चित्रित किया गया है। इनमें दाहिने ओर में सात महिलाएं, एक महिला के आसपास घेरा बनाये हुए दिखाई देती है। जो एक नर्तकी है और एक विशेष वस्त्र को धारण किये हुए है। जिसमे लंबी बांह वाला सफेद वस्त्र और हरे रंग का कुर्ता भी दिखाई देता है। इसके साथ ही उसने नीले रंग के बहुमूल्य रत्न के आभूषण भी धारण किये हुए है। इस महिला समूह के भित्त चित्र में महिलाएं कई आकर्षक वाद्य यंत्रो जैसे नगाड़ा, मृदंग, मंजीरा, डंडी आदि को बजाते हुए चित्रण में प्रतीत होती है। पुरातत्वशास्त्रियों के अनुसार इस प्रकार के चित्रण के आभूषण न केवल सांची में देखे जा सकते है बल्कि ये अजंता गुफा के भित्ति चित्रों में भी देखा जा सकता है। इन प्लेट्स के अतिरिक्त ब्रिटिश पुरातत्व शास्त्री डॉक्टर इम्पी ने बाग गुफा की म्यूरल्स वाल पेंटिंगों में चित्रित एक परिदृश्य दर्शाया है। जिसमें एक आम के झाड़ के नीचे एक धर्म–चक्र दिखाई दे रहा है और यहां बुद्ध भगवान की साधना करती हुई आकृति दिखाई

दे रही है। जो कि उनके शिष्यों को धार्मिक शिक्षा प्रदान कर रहे है।

समस्याएं– वर्तमान में यह स्थान मध्य प्रदेश की आर्थिक राजधानी कहे जाने वाले इंदौर शहर से करीब 150 किलोमीटर दूर है। इंदौर में रेल सुविधा है, लेकिन वहां पहुंचने के लिए इस पहाड़ी वाले क्षेत्र में रेल सुविधाओं का अभाव है। आदिवासी अंचल के इस स्थान पर पहुंचने के लिए स्थानीय परिवहन व्यवस्था भी नहीं है। ऐसे में पर्यटकों को अपने खुद के द्वारा किराए से लिए गए वाहन से ही पहुंचना होता है। परिणाम स्वरूप एक ऐसा वर्ग है जो कि पर्यटन में रुचि रखता है। लेकिन आर्थिक रूप से बहुत अधिक खर्च नहीं कर सकता है, उसकी पहुंच से यह पर्यटन क्षेत्र बाहर हो जाता है।

भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग द्वारा इस ऐतिहासिक स्थान को बहुत ही आकर्षक रूप से सुरक्षित किया गया है। वहां पर पर्यटकों की आवाजाही कम होने के कारण स्थानीय स्तर पर गाइड का अभाव है। यदि गाइड की सुविधा उपलब्ध होती है तो पर्यटकों को उसकी महत्ता भी समझ में आएगी।

सुझाव – बाघ गुफाएं बुद्ध सर्किट के रूप में पर्यटक केंद्र बन सकती है :

1. धार जिले में स्थित बाग गुफाएं भी महाराष्ट्र के अजंता गुफाओं के समान ही पूरे विश्व के लिए बुद्धिज्म का एक बड़ा पर्यटन केंद्र बन सकती है। जिससे सांची आने वाले बौद्ध धर्म के लोग विशेषकर जापान, चीन, थाईलैंड, कम्बोडिआ, कोरिया, श्रीलंका आदि देशों के पर्यटक बाग गुफाओं की बौद्ध काल की कला और संस्कृति को निहारने इस स्थान पर आ सकते है। इससे यहां के सुदूर क्षेत्र में बसें ग्रामीण अंचल के लोगों को भी रोजगार का साधन इसी क्षेत्र में प्राप्त हो सकता है।
2. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग और स्थानीय प्रशासन के माध्यम से यहां लाइट एंड साउंड शो का भी संचालन भी किया जा सकता है। जिससे यहां की वॉल पेंटिंग्स और प्रतिमाओं के साथ ही बौद्ध साधकों के साधना मठों के विषय में भी पर्यटकों को जानकारी प्राप्त हो सकती है।
3. इसके साथ ही यह स्थल बौद्ध धर्म का एक विश्वविख्यात प्रतिमान अजंता की गुफाओं से भी पूर्व के समय से रहा है। इसलिए बाग गुफाओं का भी डोजियर बनाकर यूनेस्को को भेजकर इसे एक वर्ल्ड हेरिटेज साइट के रूप में बनाया जा सकता है। जिससे देश–विदेश के पर्यटक इन्हें निहारने के लिए अत्यधिक संख्या में यहां आ सकते है।
4. इन सब में यहां पर यातायात के साधन की बड़ी आवश्यकाता है। रेल मार्ग से इसकी दूरी 150 किलो मीटर है। धार जिला मुख्यालय से 90 किलो मीटर दूर इस स्थान पर पर्यटन विभाग या जिला प्रशासन के माध्यम से वाहनों यानी लोकल परिवहन उपलब्ध कराया जाना चाहिए।
5. यह स्थान बाग गुफा और बाग चित्रों के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि यहां की एक हस्तशिल्प कला दुनिया भर मे महत्वपूर्ण है। इस तरह से इन दोनों को संयोजित किया जाता है तो और भी महत्वपूर्ण हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. धार की प्राचीन गजेटियर।
2. भोज शोध संस्थान लाईब्रेरी पुस्तक संग्रह।

@ www.IndiTales.com



महामारी प्लेग का भारतीय जन-मानस पर प्रभाव

डॉ. वन्दना अग्निहोत्री *

प्रस्तावना – वर्तमान में सम्पूर्ण विश्व में कोरोना महामारी फैली हुई है। विश्व के अधिकांश देशों को इसने अपनी चपेट में ले रखा है। इसके पूर्व भी हमारे देश में प्राचीनकाल से अनेक महामारियों का संक्रमण होता रहा। जिसमें न जाने कितनी जाने गई। प्लेग, हैजा, चेचक, आदि।

प्लेग की महामारी 1896 में शुरू हुई और 1930 तक आते-आते एक करोड़ बीस लाख लोगों की जाने इसमे चली गई। भयानक रूप से फैली इस महामारी के राजनीतिक और सामाजिक परिणामो पर बहुत प्रभाव पड़ा, साथ ही समाज और संस्कृति पर भी इसका व्यापक प्रभाव दिखाई दिया। 'भारत में प्लेग से अगस्त 1896 में बम्बई मे पहली मौत हुई और तीन-चार वर्ष में यह रोग भारतीय समाज के हर सूबे में पहुँच गया।'[1] आरम्भिक वर्षो में इसकी पुष्टि नगरों व शहरों में केन्द्रित गहन प्लेग अभियानो से हुई, इसके रोकथाम के उपायो का भी प्रतिरोध किया गया 'शुरूआती दशको में यह भी कहा गया कि अधिकतर टीका-करण का महत्तर विरोध देहातो की अपेक्षा शहरो में हुआ।'[2] प्रशासनिय झिझक और चिकित्सा के अनिश्चय की छोटी अवधि के बाद भारत सरकार की शह पर बम्बई की प्रान्तीय सरकार ने कुछ कठोर कदम उठाये।

बम्बई नगर पालिका ने एक कानून पास किया जिसके अर्न्तगत छूतग्रस्त सम्पत्ति को नष्ट करने की योजना को मंजूरी दी गई। चार महिने बाद महामारी रोग कानून ने सरकार को यह अधिकार दिया कि वह ताउन (प्लेग) के संदिग्ध मरीजो को कैद और अलग-अलग कर सके, छूतग्रस्त सम्पत्ति को नष्ट कर सके, प्लेग की शंकावाले मकानों की जॉच पड़ताल कर सके, उन्हे तोड़ सके, मेलो और तीर्थ यात्राओं पर रोक लगा सके। सड़क और रेलयात्रियो की जॉच करा सके।'संक्षेप में वह सब कुछ कर सके जो चिकित्सको और अधिकारियो की राय में रोग को खत्म करने के लिए आवश्यक था।' [3] बम्बई, पूणे, कराची कलकत्ता जैसे शहरो में स्वास्थ्य और सफाई की जिम्मेदारी नगर-परिषदो से लेकर यूरोपीय डाक्टरो और प्रशासनिक अधिकारियो की छोटी-छोटी समितियो को सौप दी गई थी।

'बम्बई के नगर आयुक्त द्वारा 6 अक्टुबर 1896 को जारी की गई घोषणा में कहा गया कि ताऊन के सारे मरीज हस्पतालो में भरती किए जाऍ, और जरूरत हो तो इसके लिए बल का भी इस्तेमाल भी किया जाए। यह नही बतलाया गया कि रिश्तेदारो को मरीजो से मिलने की इजाजत दी जाएगी, न ही यह कि हस्पताल व्यवस्था मे जात-पाँत का सम्मान किया जाएगा।'[4]

यह ऐसा आक्रामक रोग था जिस पर नियन्त्रण नही किया गया तो यह वाणिज्य और उद्योग के लिए खतरा तो था ही भारतीय व्यापार पर यूरोप का प्रतिबन्ध लग सकता था।

चिकित्सा सिद्धान्त व्यवहार और अस्पताल में भर्ती करने की जो नीति थी उसके प्रति आम-जनता में घृणा का भाव था। 18 अक्टूबर 1898 को बम्बई के एक पत्र गुजराती ने लिखा 'सही या गलत, के खिलाफ देशज समुदाय की भावनाऍ बहुत प्रबल हैं। सामाजिक रीति-रिवाज, धाखमक भावनाऍ और स्नेह के मजबूत बन्धन सभी तो इसके खिलाफ हैं। किसी के अपने स्नेही बन्धु-बान्धवो से अलग कर दिए जाने और सामान्य धाखमक संस्कार किए बिना ही दुनियॉ से कूच कर जाने का विचार ही देशी जनमानस को कष्ट पहुँचाता है।'[5] जनता का यही विचार समाचार पत्रों के सम्पादकीय लेखों, सम्पादक के नाम पत्रवाले स्तम्भो और प्रार्थना पत्रो में व्यक्त किया गया। पश्चिमी इलाज और प्रशासन के कार्यो की उदासीनता से भारतीय जीवन-मूल्यों और भावनाओं को ठेस पहुँच रही थी।

अस्पतालों मे परिवार के व्यक्तियों, रिश्तेदारों के अलावा अन्य अजनबी लोगो के द्धारा देखभाल करना जनमानस स्वीकार नहीं कर पा रहा था। क्योकि अस्पताल खून-मल-मूत्र से दूषित, अशुद्ध, धर्म और पर्दे के लिए विनाशकारी स्थान था। छुआछूत का इतना डर था कि अस्पताल में मरीज कई-कई दिन सिर्फ दूध पीकर निकाल देते थे किसी अन्य के हॉथ का खाते नही थे। '6 अप्रेल 1897 में केसरी ने धर्मविरोध के लिए और 23 मई 1897 को, मराठा ने जात-पॉत के नियमो के उल्लंघन के बार में में लिखा।'[6]

जनता के विरोध की शक्ति को जब सरकार ने महसूस किया तब बम्बई और बाद में बड़े शहरो में विशेष अस्पतालों की स्थापना करके आपत्तियों और भय को दूर करने की कोषिष की। स्त्रियों को अस्पताल में भर्ती करने का तीव्र विरोध हुआ।

भारतीय प्लेग की बीमारी को ईश्वरीय प्रकोप समझते थे, और मानते थे कि इस विपत्ति में पश्चिमी दवाओं का प्रयोग विधर्मी होगा इसलिए वे पश्चिमी दवाओ का विरोध कर रहे थे। अस्पताल की असफलता के बाद कुछ लोगों ने इलाज के लिए आयुर्वेद और यूनानी चिकित्सा पद्धति का सहारा लिया। सबने रोग के अलग-अलग कारण बताये किसी ने तामसी भोजन, किसी ने नम बिस्तर, न जाने क्या-क्या प्लेग से पीड़ित शहरो और कस्बों से आए यात्रियों की जॉच पड़ताल विशेषकर स्त्रियों की, लोगो के विरोध का कारण थी। जब हिन्दुस्तानियों की संवदेनाऍ उग्र होकर सामने आई तब पर्दो का इंतजाम किया गया और महिला डाक्टरो की व्यवस्था की गई। सड़को पर सरे आम जॉच-पड़ताल और घरो की तलाशी से जनता का गुस्सा फूट पड़ता था। मुरादाबाद के निजामुल्क ने 16 अप्रेल 1900 को लिखा 'रेल्वे स्टेशन पर ताऊन के डाक्टरो को देखने भर से मुसाफिरो का खून खौल जाता था।'[7] उनके शरीर के अंगो को बेरहमी से टटोला जाना, उन पर पशुवत बर्ताव करना व प्लेग विरोधी उपायों को लागू करना जनता को पसंद नही आ रहा था।

* विभागाध्यक्ष (हिन्दी) माता जीजाबाई शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

प्लेग की महामारी में लाशों की जॉच–पड़ताल पर भी जोर दिया जा रहा था 'मरीज की लाश छूत का केन्द्र होती है। खासतौर पर तब जब मरीज हस्पताल के बाहर मरा हो। मतलब यह था कि तमाम धार्मिक कृत्यों और अनुष्ठानो पर जहॉ तक सम्भव हो, रोक लगाई जानी चाहिए।'[8] शव परीक्षण की इस नीति से भी भारतीयों में भारी क्षोभ पैदा हो रहा था। जब तक जॉच से यह न पता चले कि वह प्लेग से तो नही मरा उसका अंतिम संस्कार नही किया जा सकता था इसमें बहुत देरी हो रही थी अत: इनकी आलोचना और विरोध होता रहा।

'प्लेग के मरीज को तलाषी से बचाने के लिए किसी सुरक्षित क्षेत्र में भेज दिया जाता था या फिर अटारियों, अलमारियों, फर्नीचर के पीछे या गुप्त कमरो में छिपा दिया जाता था प्लेग से मरने वालो को कभी–कभी तो घर या अहाते के अन्दर भी दफन कर दिया जाता था।'[9]

भारतीय जनता में प्लेग विरोधी उपायों के विरोध का कारण यह भी था कि उन्हे अपनी सम्पति के नष्ट होने की चिंता भी थी साथ ही गरीबों को अस्पताल में भर्ती कर उसको सबसे अलग–थलग करने से वह वर्ग मजदूरी और रोजगार से भी हाथ धो रहा था। व्यापारी अपनी आवाजाही और अन्न भण्डारो पर लगी रोक, सम्पत्ति की तबाही से अप्रसन्न थे। किन्तु मुख्यत: शरीर पर होने वाले वास्तविक या काल्पनिक अतिक्रमण आम जनता के भय का कारण थे और यही छुपने–छुपाने और विरोध का आधार भी था। पाष्चात्य चिकित्सा, टीको और अस्पतालो के प्रति जनता में डर बैठ गया था।

भारतीय संस्कृति में प्लेग से जुड़ी अनेक अफवाहो में सबसे प्रमुख उनकी धार्मिकता थी उनका मानना था कि सरकार का इरादा जनता के धर्म और जाति में दखलंदाजी करना था, उनकी जाति और उनके धार्मिक रीति–रिवाजो को नष्ट करता है।

भारतीय लोक संस्कृति में अनेक प्रकार की अफवाहे फैली थी कि अस्पताल के कर्मचारी, डाक्टर व अन्य सरकारी माध्यमों द्वारा लोगो को जहर दिया जा रहा है। 21 फरवरी 1897 को पूना वैभार की रिर्पोट में लिखा था–'कुछ गॉवों मे लोग यह मानने लगे हैं कि सरकार अपनी प्रजा को वष से बाहर समझ कर उसकी तादाद कम करने के उपाय ढूँढ रही है। वे अकाल षिविरों में दी जानेवाली रोटियॉ भी लेने में हिचकते है कि कही रोटियो में जहर न मिलाया गया हो।'[10]

भारतीय जनता की यह सोच थी कि अस्पताल मे भर्ती कर के फिर शरीर की चीरफाड़ करने के लिए डॉक्टर उन्हे मार देगे वे अस्पताल को शैतानी स्थान मानते थे। अपने बचाव के लिए लोग एक स्थान से दूसरे स्थान भागने लगे थे। लोगो ने अस्पताल के सामने वाली सड़को से निकलना बंद कर दिया था। बम्बई से हजारों मिल मजदूर इसी डर से भाग गए थे। 14 मार्च 1897 को गुजरात मित्र ने लिखा कि 'सूरत जिले के उड़वाड कस्बे के अनपढ़ दुबाले (दुबले, एक आदिवासी समुदाये) इस विश्वास से ग्रस्त थे कि ताऊन के स्थानीय पृथक्करण वार्ड में मरीजो का जिगर, निकालकर ताऊन से हिफाजत के लिए बम्बई भेजा जा रहा था।'[11] कम वेतन पाने वाले सरकारी कर्मचारी उन्हे मनमाने ढंग से लूटने के लिए जबरन अस्पताल का डर दिखा रहे है जबकि उन्हे कोई ऐसी बीमारी है ही नहीं।

प्लेग की रोकथाम के लिए सन् 1897–98 मे हैफकिन टीका इस्तेमाल किया जाने लगा तब उसकी प्रकृति उद्देश्य और प्रभावो के बारे मे भी अनेक अफवाहे फैली– 'आपरेशन के फौरन बाद मर जाओगे, छ: माह बाद राम नाम सत हो जाओगे, मर्दो की मर्दानगी चली जाती है या औरते बाँझ हो जाती है।'[12] 'चारो और गहरी उत्तोजना थी कि क्या प्लेग के कारण उनके घरो मे जबरन घुस पैठ होगी उनकी बीबी–बेटियो को ब्रिटिश सैनिक ले जायेंगे, प्लेग–निरोध वाकई किया जायेगा। क्या सबको जबरन टीके लगाये जायेंगे।'[13]

जनता के मन में पाश्चात्य चिकित्सा पद्धति पर अनेक आशंकाएँ थीं। अस्पतालो, शल्यक्रिया, शव परीक्षा तथा टीका आदि ने भय और विरोध को जन्म दिया। लेकिन कुछ समय पश्चात् जब चिकित्सा के बारे में अधिक जानकारी मिली, प्रशासन का बल–प्रयोग कुछ कम हुआ तब अस्पताल व टीके का डर कुछ कम हुआ। लोक विमर्श तो ये भी था कि अंग्रेजो का साथ देनेवाले भारतीय भी उनके साथ हैं। प्लेग सम्बन्धी प्रतिबन्ध लगाकर शिवाजी और गणपति उत्सव बन्द कर दिए गए। महामारी कानून के अन्तर्गत नगर परिषद् को अनदेखा कर ब्रिटिश अधिकारी रैंड ने असामान्य शक्तियों के साथ तीन सदस्यों की एक समिति बनाई। ये ऐसे अलोकप्रिय कार्य थे जिसे करने के लिए कोई भी मध्यवर्गीय भारतीय आगे नही आना चाहता था इसलिये सफाई का कार्य यूरोपिय नियन्त्रण में था उन्हें डर था कि कही उनकी उपलब्धियॉ भारतीयों के निकम्मेपन से समाप्त न हो जाये।

गहन सुरक्षा के बावजूद भी महामारी चारो और फैल रही थी और प्लेग विरोधी कार्यो की अलोकप्रियता उनका प्रतिरोध तथा जनता के निष्चय के प्रमाण सामने आ रहे थे। 'प्रमुख नागरिकों, नगर पार्षदो, तथा जातियो व धर्मो के अगुवों के प्रतिनिधिमंडलो ने सरकार से भारतीय भावनाओं व प्रथाओं के प्रति और अधिक संवेदनशीलता दिखाने का आग्रह किया और चेतावनी दी कि अगर उनकी प्रार्थना स्वीकार नही की गई तो और अधिक विरोध और खून खराबा सम्भव है।'[14] जनता का असन्तोष और उथल–पुथल सरकार के लिए महामारी से भी गम्भीर समस्या बन रही थी। पुलिस और चिकित्सा विभाग के अधीनस्थों कर्मचारियों के द्वारा लोगो को परेशान करने के अनेक अवसर पैदा हो रहे थे। जिसका जनता द्वारा लगातार विरोध किया जा रहा था।

नागरिक प्रशासन और प्रमुख चिकित्सा सलाहकारों को भी सन्देह था कि प्लेग का शीघ्रता से कोई इलाज मिल सकता है। रोग पर धीरे–धीरे ही काबू पाया जा सकता है इसके लिए बल प्रयोग की बजाय सहयोग की आवश्यकता थी। भारत सरकार ने 1898–99 में जनता के प्रतिरोध, राजनीतिक प्राथमिकताओ और प्रशासनिक सीमाओं के पुर्न मूल्यांकन के पश्चात् महामारी की नीति में अनेक समझोते किए और रियायते की। प्रशासन ने माना कि बलप्रयोग हानिकारक हो सकता है इससे लोग उनसे छिपेगे और विरोध भी करेंगे इसके कारण चिकित्सा के उपाय बेकार हो जायेंगे। तदनुसार शासन ने अपेक्षाकृत अधिक बल आधारित प्रयोग अलोकप्रिय पक्षो, जैसे घरो और शरीर की जॉच पड़ताल, अनिवार्य पृथकरण, अस्पताल में भर्ती, शव–परीक्षण और सेना के प्रयोग आदि को या तो त्याग दिया था उनमें भारी बदलाव किया गया। ऐसे उपायो को आगे बढ़ाया जाये। जिनको जनता स्वेच्छा से अपनाने को तैयार थी। तिरस्कृत वैधों और हकीमो आदि पर भी भरोसा किया गया। गॉवो को अस्थायी रूप से खाली करवाने में भी कुछ सफलता मिली। घरों की इस तरह सफाई करवाई गई जो पाश्चात्य चिकित्सा के बजाय परम्परागत भारतीय विचार के अनुकूल हो टीकाकरण की अनिवार्यता से जोरदार इनकार करते हुए भी डाक्टरों और प्रशासको ने जनता को स्वेच्छा से टीके लगवाने के लिए तैयार करने की हर कोशिश की। खासकर पंजाब में 20 वीं सदी के पहले दशक तक हर साल हजारों लोग टीके लगवा रहे थे।'[15] ऐसे गणमान्य नागरिकों पर अधिक भरोसा किया

जाने लगा जो अपने प्रभाव से लोगों को प्लेग के बचाव के उपायो को स्वीकार करा सके। अब तलाशी दस्ते के बजाय ऐसे लोगो की सहायता ली जो मोहल्लो में अपना प्रभाव रखते थे और जो जनता को रोकथाम व इलाज के लिए प्रोत्साहित करे। इस नए हष्टिकोण के कारण जनता में भी परिवर्तन आया। महामारी के दूसरे दौर में अधिक विरोध नहीं देखा गया।

औपनिवेशिक राजसत्ता और भारतीय मध्यवर्ग के बीच तालमेल की सम्भावना हुई। अंग्रेज कॉफी हद तक भारतीय मध्यवर्ग के इस दावे को स्वीकार करने के लिए मजबूर हो गए कि देशी नेताओं के रूप में इन वर्गो की मध्यस्थता का सहारा लेकर ही वे जनता के शरीर तक कारगर ढंग से पहुँच सकते हैं। जनता पर प्रभाव रखने वाले राजाओ, जमीदारों अधिकारियों व अन्य नेताओं की सहायता और प्रभाव का उपयोग वैक्सीन के प्रयोग के लिये करना उनकी कार्यनीतियों का हिस्सा था।

- **रुचियों का विकास –** परिवार दोस्तों से बातचीत करे और उन्हें अपनी परेशानीयों के बारे में बताएँ जिससे आपको तनाव दूर करने में सहायता मीलेंगी।
- **सामाजिकरण –** कई बार बालिकाएँ अपनी समस्याओं के बारे में सोचकर अधिक तनाव ले लेती है जिससे वह उनके शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों की और ध्यान ही नहीं दे पाती है। अत: उन्हें अपने शरीर पर पड़ने वाले लक्षणों पर ध्यान देना चाहिए।

स्वयं की अभिव्यक्ति :

- पुस्तक पढ़ना
- भ्रमण
- संगीत सुनना
- दोस्तो के साथ समय व्यतित करना
- जिम जाना।

शोध पत्र का उद्देश्य – राजीव गांधी शोध छात्रवृत्ति की बालिका शोधार्थियों में तनाव के स्तर को ज्ञात करना।

शोध पत्र की उपकल्पना – राजीव गांधी शोध छात्रवृत्ति की बालिका शोधार्थियों में तनाव के स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं होगा।

शोध अध्ययन का क्षेत्र – शोध अध्ययन में इन्दौर शहर को लिया गया है जिसके अंतर्गत देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, माता जीजा बाई शासकीय कन्या महाविद्यालय, महारानी लक्ष्मी बाई कन्या महाविद्यालय की बालिका शोधार्थीयों का चयन किया गया है।

शोध अध्ययन का समय – इन्दौर शहर के देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, माता जीजाबाई शासकीय कन्या महाविद्यालय,महारानी लक्ष्मी बाई कन्या

महाविद्यालय में अध्ययनरत बालिका शोधार्थी जो राजीव गांधी शोध छात्रवृत्ति का लाभ ले रहे है को सम्मिलित किया गया।

निर्देशन चयन पद्धति –



शोध अध्ययन ईकाई का चयन निम्नलिखित मानको के अनुसार –

- शोधार्थी इन्दौर शहर में अध्ययनरत होना चाहिए।
- शोधार्थी देवी अहिल्या विश्वविद्यालय,माताजीजा बाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,महारानी लक्ष्मीबाई शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में अध्ययनरत हो।
- ऐसी बालिका शोधार्थी जो राजीव गांधी शोध छात्रवृत्ति का लाभ ले रहीं है।

शोध इकाई का चयन – शोध अध्ययन में ईकाई के रूप में कुल (40) बालिका शोधार्थियों का चयन उद्देश्यपूर्ण विधि द्वारा किया गया है।

उपकरण का चयन – राजीव गांधी शोध छात्रवृत्ति प्राप्त कर रही बालिका शोधार्थियों में तनाव स्तर का अध्ययन करने के लिए डॉ. प्रेरणा पुरी डॉ. तेजिन्दर कौर, प्रो.मंजू मेहता की तनाव मापनी का प्रयोग किया गया।

प्राप्त तथ्यों का विश्लेषण कर निम्नलिखित सारणी में प्रयुक्त किया गया है

क्रं.	तनाव का स्तर	संख्या प्रतिशत में
1.	निम्न स्तर	निरंक
2.	औसत से कम	निरंक
3.	औसत	90 प्रतिशत
4.	औसत से अधिक	10 प्रतिशत
5.	अति उच्च स्तर	निरंक

टी–टेस्ट सूत्र – $\frac{M_1 - M_2}{SED}$

M_1 – पहले प्रतिदर्श का माध्य

M_2 – दूसरे प्रतिदर्श का माध्य

SED – दोनों माध्यमानों के मध्य मानक त्रुटि

सार्थकता स्तर 0.01 पर स्वतन्त्रता डिग्री (FD) 1 पर T का मान 31.821 है जो वास्तविक T मान 16.72 से अधिक है अत: हमारी उपकल्पना 'राजीव गांधी शोध छात्रवृत्ति की बालिका शोधार्थियों में तनाव के स्तर में कोई सार्थक अन्तर नहीं होगा।' स्वीकृत की जाती है अर्थात प्रस्तुत शोध समतामूलक समाज और बालिका शोधार्थियों में तनाव के स्तर में अंतर पाया गया है।

अर्थात् राजीव गांधी छात्रवृत्ति की बालिका शोधार्थियों में तनाव का स्तर लगभग समान रूप से औसत 90 प्रतिशत पाया गया है अर्थात् उपकल्पना स्वीकृत की जाती है।

राजीव गांधी छात्रवृत्ति प्राप्त कर रहे बालिका शोधार्थियों को लगभग समान समस्या से जूझना पड़ता है। उनकी सामाजिक, मानसिक, आर्थिक एवं पारिवारिक दशायें समान रहती हैं अत: उनमें औसत तनाव स्तर पाया गया है। जबकि 10 प्रतिशत किशोर शोधार्थियों में औसत तनाव से अधिक तनाव स्तर देखा गया है।

निष्कर्ष – प्रस्तुत शोधपत्र में किये गये सर्वेक्षण के परिणाम से यह निष्कर्ष निकलता है कि वर्तमान समय में बालिका शोधार्थियों मे तनाव की स्थिति पायी गयी है। बालिकाओं मे 90 प्रतिशत औसत तनाव तथा 10 प्रतिशत औसत से अधिक तनाव की स्थिति देखी गई है। अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति की अधिकांश बालिका शोधार्थी ग्रामीण क्षेत्रो से संबंधित है तथा उनके परिवार कृषि करते है जिसके कारण बालिकाएँ शोध कार्य करने में असमर्थ होती है। कई बालिका शोधार्थियो को राजीव गांधी शोध छात्रवृत्ति संबंधी जानकारी न होने के कारण वह इस छात्रवृत्ति का लाभ नहीं ले पाती है जिसके कारण बालिका शोधार्थी शोध कार्य करने में असमर्थ होती है। इसके अलावा और ऐसे कई कारण है जिससे बालिकाओं में तनाव की स्थिति देखी गई है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. https://www.myupchar.com
2. https://www.lifealth.com
3. Research Methodology – C.R. Kothari & Gaurav Garg, Publication New Age International (P) LTD., Publishers.
4. https://www.webmd.com
5. https://www.helpguide.org.
6. अनुसंधान विधियाँ – डॉ. एन.के. सोलंकी, 2012, पृष्ठ क्रं.–69
7. सामाजिक शोध व सांख्यिकी – डॉ. रवीन्द्र नाथ मुखर्जी, 2014, पे. 283

****

HR Practioners Role : HR Specialists Deals with Job Satisfaction, Loyalty and Commitment

Dr. Saurabh Dubey*

Abstract - The HR managers have keen role in the effective Planning and implementation the policies and decisions that in tune with the business changes. They should act as strategic partners and be proactive in their role than mere reactive passive spectators. The HR managers should understand how far the decisions contribute to business surplus incorporating human competency and performance to the organization.
Key Words - Role, Human, Planning, Organization.

Introduction - HR managers need a change in their outlook from seeing themselves as relationship manager to strategic resource managers. Kossek (1987 , 1989) argues that major HRM innovations occur when senior management takes the lead and adoption of innovative SHRM practices is dependent on the nature of relationship of the HR Department with the CEO and the line managers Legge (1978) commenting on the actions of the personnel practitioner in the innovation process suggests that adoption of innovation by an organization depends largely on HR practitioners, credibility with information and resource providers, HR Department and HR managers in these innovative organizations play a strategic role (Ulrich, 1997) , linking the HR strategy with the business strategy of fit and flexibility. The degree of fit determines the human resource system's integration with organization strategy. It is the role of HR Managers to ensure this fit in between Human Resource System with the organization Strategy.

Factor Linkages of HR Plans and Strategies: Given diagram presents various factors that have an impact on HR plans and Strategy and how are they interlinked with each other. Their interactions and impact on each other. Their interactions and impact on each element and the resulting change in HR Plan and policy is also indicated clearly. The table given above takes into consideration two of the generic strategies and the strategic focus required to generate each of these competitive advantages along with HR strategy and activities needed to be done by HR Department to help the organization in generating these strategic. Advantages and to move successfully towards desired goals and objectives. To understand these linkages we can look at them as tasks and steps needed to be taken in order to complete the tasks. The selected strategic focus should be very clear and well integrated into organizational policy and clearly communicated to HR Department to help in drafting suitable HR strategy and last in carrying out all activities.

Liberalization and industrialization has paved an increasing pressure on organizations in India to change from indigenous, costly, sub-optimal levels of technology to performance based, competitive and higher technology provisions. The response to liberalization has created opportunities for technology upgrading and sophistication, resource mobilization from new sources, highly competitive input/output market, high growth and buoyant environment and HRM issues associated with strategic initiatives of diversification, mergers and acquisitions, restructuring, joint ventures, strategic alliances and for overall internationalization of the economy. An area that demands greater understanding is that of Strategic Human Resource Management (SHRM) .

SHRM is concerned with affecting firm performance; which is the objective of this stickle. Human resource role enhances productivity and the effectiveness of organizations. Their implementation in organizations has proven that when organizations employ such personnel practices (mentioned in this paper) they are more able to achieve their goals and objectives. This article first describes what the word strategy means and shifts its focus on HRM at a strategic level highlighting its importance in the present decay organizations. The paper then highlights what best practices (as a result of strategic planning) the organizations can adopt that would ensure them of success. Human resource management is a complex process which is constantly evolving and being studied and discussed by academics and commentators. Human Resource role is an area that continues to evoke a lot of debate as to what it actually embraces. Human resource role is a concept that integrates traditional human resource management activities within a fir's overall strategic planning and implementation, SHRM integrates human resource considerations with other physical, financial, and technological resources in the setting of goals and solving complex organizational problems SHRM also emphasizes the implementation of a set of policies and practices that will build employee pool of skill, knowledge, and abilities

*Jiwaji University, Gwalior (M.P.) INDIA

that solutions for solving organizational problems are provided and the likelihood that business goals of the organization will be attained is increased

Human Resource Management is an area that continues to evoke a lot of debate as to what it actually embraces. Organization to achieve its goals. Difference are considerable. Where in the first deference between these two seems subtle, the implications of the difference are considerable. Where in the first definition human resource management is a reactive management field in which human resource management becomes a tool to implement strategy, in the latter definition it has a proactive function in which human resource activities actually create and shape the business strategy HRM can be regarded as a general approach to the strategic management of human resources in accordance with the intentions of the organizational the future direction it wants to take. It is concerned with longer-term people issues and macro-concerns about structure, quality, culture, values, commitment and matching resources to future need, it has been defined as: All those activities affecting the behavior of individuals in their efforts to formulate and implement the strategic needs of business. The role of human resource developing the people intended to enable the forms to achieve its goals.

Approaches of the SHRM

1. Attempts to link Human Resource activities with competency based performance measures.
2. Attempts to link Human Resource activities with business surpluses or profit.

These two approaches indicate two factors in an organizational setting. The first one is the human factor, their performance and competency and the later is the business surplus An approach of people concerns based on the belief that human resources are uniquely important in sustained business success An organization gains competitive advantage by using its people effectively, drawing on their expertise and ingenuity to meet clearly defined objectives. Integration of the business surplus to the human competency and performance required adequate strategies. Here the role of strategy comes into picture. The way in which people are managed, mot5ivatede and deployed, and the availability of skills and knowledge will all shape the business strategy? The strategic orientation of the business then requires the effective orientation of human resource to competency and performance excellence.

1. To guarantee that individuals advancement issues are tended to methodically.
2. To supply data with respect to the organization's inside qualities and shortcomings.
3. To meet the desires for the clients adequately.
4. To guarantee high efficiency.
5. To guarantee business surplus through competency

Obstructions of SHRM Obstructions to effective SHRM execution are mind boggling. The principle reason is an absence of development procedure or inability to actualize one. Other significant obstructions are outlined as pursues:- • Inducing the vision and mission of the change exertion. • High obstruction because of resistance from the primary concern. • Interdepartmental strife. The duty of the whole senior supervisory crew. • Plans that incorporate inside asset with outer necessities. • Limited time, cash and the assets. • The statuesque methodology of workers. • Fear of incompetency of senior dimension administrators to make up vital strides. • Diverse work-force with focused ranges of abilities. • Fear towards exploitation in the wake of disappointments. • Improper vital assignments and administration strife over power. • Ramifications for power relations. • Vulnerability to authoritative changers. • Resistance that gets through the authentic work foundations. Presence of an activity worker's organization. Rapid auxiliary changes. • Economic and market weights affected the selection of vital HRM. • More various, outward looking methodology**.**

Conclusion - The HR role starts with laying functions in it, and it provides the basis for Manpower planning and internal mobility. The Manpower planning will lead to the function of acquiring right people for the right job and in accordance recruitment as well as selection exercise will be designed and tools selected. Perhaps the most radical change e in HR's job today is its developing association in creating and actualizing the organization's procedure. Involves adjusting activities including how individuals are made do with hierarchical mission and goals.

References :-

1. Chugh, Ritesh (January 2014). "Role of Human Resource Information Systems in an Educational Organization". Journal of Advanced Management Science.
2. "HRMS Software increase efficiency". artifyhcm.com. Retrieved 2020-06-05.
3. Schuler, R.S. 1992 strategic human resource management: linking people with the needs of the business. Organizational dynamics. Vol. 21, no 1. Pp 18-32.
4. "HRMS for recruitment: everything you need to know". www.hrmsworld.com. Retrieved 2018-09-12.
5. http://www.scribd.com/doc/39382840/HRM-in-Indian-Defence#scribd MohitKabra on Oct15, 2010
6. https://en.wikipedia.org/wiki/Indian_Armed_Forces
7. http://www.globalsecurity.org/military/library/report/2003/htar-chapter13.
8. http://www.globalsecurity.org/military/library/report/2003/htar-chapter13.pdf
9. Principals and practices of management SCDL, Pune
10. www.itsa.org
11. www.iteris.com
12. www.emotionalintelligence.com
13. www.tc.gc.ca
14. http://www.shrm.org
15. http://www.chforum.org

प्रवासी साहित्य की भाषा-शैली (मॉरीशस की विशेष संदर्भ में)

डॉ. ज्योति मिश्रा *

प्रस्तावना – प्रवासी शब्द 'वस' धातु में 'प्र' उपसर्ग लगाने से बनता है। 'वस' धातु का प्रयोग रहने के अर्थ में किया जाता है। प्रवास शब्द का अर्थ है विदेश गमन, विदेश यात्रा, घर पर न रहना, किसी दूसरे देश या बेगानी धरती पर वास करने वाला व्यक्ति प्रवासी है। शब्दकोशों में प्रवास शब्द के लिए वासी, प्रवासी, अप्रवासी, विदेशी, भारतवंशी और एन.आर.आई जैसे शब्दों का प्रयोग हुआ है, जैसे वासी 'Native' वासी वे हैं जो पीढियों से संबंधित ख्जन्म भूमि, धरती पर वास कर रहे हैं। इनकी जन्म भूमि ही इनका निवास स्थान है।'[1]

अप्रवासी – 'अप्रवासी व्यक्ति उस देश में रह रहा होता है जो उसका अपना नहीं है। यह स्थान उसकी जन्मभूमि से दूर होता है।'[2] 'वास्तव में अप्रवासी व्यक्ति वह होता है जो निश्चित समय के लिए अपना देश छोड़कर किसी दूसरे देश बेगाने देश में जाकर रहता है और समय बीत जाने के पश्चात पुन: लौट आता है।'[3] अप्रवासी व्यक्तियों के पास किसी बेगाने देश में रहने का कानूनी अधिकार नहीं होता। फ्रांसीसी भाषा में प्रवासी शब्द के लिए 'हंटरेजरम' शब्द का प्रयोग किया जाता है। इस शब्द का चार अर्थों में प्रयोग किया जाता है– विदेशी, अजनबी, बाहरवाला, बेगाना। प्रवासी की स्थिति अनिश्चित होती है। संबंधित धरती पर वह किसी न किसी उद्देश्य से आया है। प्राप्ति कर लेने पर उसका लौटना निश्चित होता है। प्रवासी शब्द से अर्थ उस व्यक्ति से है जो किसी देश में निवास करता है जबकि अप्रवासी से भाव उस व्यक्ति से है जो उस देश में प्रवेश करता है। प्रवास किसी एक व्यक्ति का या समूह के रूप में देश परिवर्तन है। अंतरराष्ट्रीय सांख्यकीय शास्त्री उस व्यक्ति को भी प्रवासी की श्रेणी में रख लेते हैं जो किसी बाहर देश में एक साल रहने की इच्छा जाहिर करता है। और प्रवास खानाबदोश, प्रवासी मजदूर और भ्रमण इन तीनों से पूर्ण रुप से अलग है।

बींसवीं सदी के प्रारंभ में भारतीय रोजगार तथा अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाने के लिए यूरोपीय और अमेरिकी महाद्धीपों के अतिरिक्त थाईलैंड, न्यूजीलैंड, वर्मा, मॉरिशस, फिजी, त्रिनिदाद और सूरीनाम आदि देशों की धरती को अपनाया। अपने प्रवास के दौरान ये अपनी आर्थिक स्थिति से ऊपर भी उठे। भारतीयों के प्रवास के संबंध में साक्षात्कार पत्रिका के प्रवासी विशेषांक में लिखा गया है– 'भारत का विदेशों से संबंध का इतिहास पुराना है। हजारों वर्षों से धर्म प्रचार तथा व्यापार के लिए भारतीय विभिन्न देशों में जाते रहे हैं, और विदेशी आक्रमणकारी लुटेरे, व्यापार और धर्म प्रचारक तथा यात्री इस देश में आते रहे हैं।'[4] 18वीं शताब्दी में भारत विदेशी शासन के अधीन था। उनके अत्याचारों से त्रस्त होकर भारतीयों को अपनी मातृभूमि छोड़कर दास रूपों में विदेशों में जाना पड़ा जिसमें मजदूर, खतों में काम करने वाले किसान और श्रमिक अधिक थे। ये अशिक्षित थे, कम पढ़े लिखे थे। इन्हें यह पता नहीं था कि वहां जाकर गोरे मालिकों के हाथ उन्हें बेच दिया जाएगा। धन और सोने का लालच देकर धोखे से विदेशी जातियाँ उन्हें अपने साथ ले गई और यही उनकी संघर्ष की यात्रा शुरू हो गई किंतु इनके बाद जिन लोगों का प्रवास शुरू हुए वे शिक्षित थे पढ़े लिखे थे। उनमें से अधिकांश डॉ.क्टर, इंजीनियर, वकील और विद्यार्थी थे। भारतीयों में किसी भी परिस्थिति में ढालने की अद्भुत शक्ति होती है। इन्होंने अपने आप को वहाँ की परिस्थितियों में अच्छी तरह से ढाल लिया। 1960 में पहले पहुंचे प्रवासियों को भाषा और संस्कृति से संबंधित समस्याओं का सामना करना पड़ा। इस प्रकार हम देखते हैं कि प्रवासी शब्द उन लोगों के लिए प्रयोग में लाया गया जो लोग शौकिया तौर पर या मजबूरी वश रोजगार की तलाश में या आर्थिक उच्चता के लिए अपने देश से बाहर विदेशों में गए।

प्रवासी शद्ध हिंदी साहित्य जगत में एक नई चेतना, एक नया मनोविज्ञान और अर्न्तदृष्टि को लेकर आता है। प्रवासी लेखकों का मनोविज्ञान एवं उनकी संवेदनाएँ अपने उस नए परिवेश को संस्कार के रूप में ग्रहण करती हैं। वह अपनी जन्मभूमि की मिही से अलग होकर एक भिन्न देश काल और वातावरण तथा परिवेश में चला जाता है उसी वातावरण में जीवन के रंगीन सपने देखता है। परिवेश बदल जाने के कारण उसके जीवन में अनेक जटिलताएँ और विशेषताएँ तो आती है लेकिन वह अपने आप को उन परिस्थितियों में ढाल लेता है फलस्वरुप उसके नए संस्कार, दृष्टिकोण, विचार, एक नई सोच नई मान्यताएँ बनने लगती है। वह पुरानी सोच और पुराने मूल्यों को एक नए दृष्टिकोण से सोचने लगता है। इन स्थानों में बसे हिंदी लेखक अपने इस बदले हुए नए परिवेश से प्रभावित भी होते हैं और अपने इस नए परिवेश में रचे-बसे विविध विषयों को अपने साहित्य का विषय बनाते हुए सहित का सृजन करते हैं। इनके द्वारा रचित साहित्य प्रवासी साहित्य कहलाता है। 'भारत में अंग्रेज, फ्रेंच, डच आदि शासक अपने-अपने उपनिवेश देशों में हजारों भारतीय मजदूरों को छल-कपट से गिरमिटिया मजदूर बनाकर ले गए और इन भारतीयों ने तुलसीदास की रामचरितमानस' 'हनुमान चालीसा' जैसे धार्मिक सांस्कृतिक ग्रंथों से अपने अस्तित्व और अस्मिता की रक्षा करते हुए अपने श्रम से कायाकल्प कर दिया यह भारतीय मजदूर जो 'इंडियन इंन्डेचर-लेबर सिस्टम' अर्थात शर्तबंदी प्रथा के अंतर्गत गए थे अधिकांश रुप से पूर्वी उत्तरप्रदेश, बिहार आदि प्रदेशों से गए थे, जिनकी मातृभाषा भोजपुरी थी और अवधि में रचि गई 'रामचरितमानस' श्वेत मालिकों की क्रुरता, अत्याचार और शोषण के बची जीवन शक्ति का अजस्र स्त्रोत थी।'[5]

आज विश्व की प्राय: सभी देशों में भारतीयों के चरण पड़े हैं और भारतीय चाहे जहाँ कहीं भी बसे क्यों न हो वे अपनी सभ्यता संस्कृति और भाषा को

* एसोसिएट प्रोफेसर (हिंदी) गंगाधर मेहेर विश्वविद्यालय, संबलपुर (ओडिशा) भारत

नहीं छोड़ते। इसलिए वे चाहे विश्व के किसी भी कोने में क्यों न चले जाएँ अपने लिए एक अलग व्यक्तित्व और अलग वातावरण का निर्माण कर लेते हैं। विश्व के उन देशो में जहाँ भारतीय बसते हैं वहाँ वे अपना एक समाज या समुदाय का निर्माण करते हैं जिसको देखकर एक लघु भारत की कल्पना मन में आकार लेने लगती है। प्रवासियों द्वारा हिंदी में ही साहित्य सृजन करने का कारण बताते हुए सुभाष पंत कहते हैं– 'लेखक साहित्य में उसी भाषा का चुनाव करता है जिस भाषा के साथ उसका आत्मीय रिश्ता हो और जिसमें वह अपने छोटे–बड़े और जटिल अनुभवों को सहजता और विश्वसनीयता के साथ व्यक्त कर सके। प्रवासी होने के बावजूद इन लेखकों की चेतना में आज भी वह भाषा धड़क रही है जिस भाषा के माध्यम से इस विराट जीवन को जाना और समझा था।'[6] नारायण कुमार लिखते हैं– 'हिंदी चूंकि संसार के सबसे बड़े लोकतंत्र की राजभाषा है अत: विश्व भर के बुद्धिजीवी वर्ग निश्चय ही इसे सम्मान की दृष्टि से देखता है। यही कारण है कि संयुक्त राष्ट्र अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, कनाडा, जपन, जर्मनी, चेकगणराज्य, रुस, नीदरलैंड, पोलैंड, रोमानिया, इटली, द्धंगरी तथा पूर्वी यूरोप के अनेक देशों के विश्वविद्यालयों में हिंदी में **अध्ययन**, अध्यापन एवं अनुसंधान हो रहे हैं। हिंदी को अंतरराष्ट्रीय स्वरुप प्रदान करने में उन भारत वाशियों की भूमिका महत्वपूर्ण रही है जो गिरमिटिया मजदूर के रूप में मॉरीशस (1834), गुयाना(1838), त्रिनिदाद(1845), सूरीनाम(1873), फिजी(1871), दक्षिण अफ्रीका(1860), गए तथा उन्होंने अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए निरंतर संघर्ष करते हुए हिंदी और भारतीय संस्कृति को औपनिवेशिक दासता के विरुद्ध लड़ने के लिए अमोध अस्त्र के रूप में इस्तेमाल किया।'[7] 'भारतीय चेतना से आल्पावित मॉरीशस के हिंदी साहित्य में स्वभावत: भारतीय संस्कार एवं जीवन मूल्य अंतर्निहित हो गए हैं।वर्षों पूर्व भारत भूमि से आए भारतीयों ने अपने संस्कारों से मॉरीशस के हिंदी साहित्य में विविध रंग भरे हैं।'[8] भारत की भांति ही 'मॉरीशस में भी विविध जाति, संस्कृति और भाषा के लोग रहते हैं।वहाँ साहित्य, संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का अद्भुत संगम। मॉरीशस के सतत् भौतिक विकास और सांस्कृतिक संरक्षण के परिप्रेक्ष्य में भारतीय भारतीय मजदूरों की तपस्या है। उसे सामाजिक सांस्कृति का देश भी कहा जाता है।'[9] मॉरीशस में सबसे पहले डच, पूर्तगाली, फ्रांसीसी और उसके बाद अंग्रेजी शासन रहा। जिस प्रकार भारत के विभिन्न प्रदेशों में अलग–अलग भाषाएँ बोली और लिखी जाती है। उन भाषाओं का अपना उत्कृष्ट साहित्य भी है ठीक उसी प्रकार मॉरीशस में अंग्रेजी, फ्रेंच, भोजपुरी, क्रियोल, चीनी, तमिल, गुजराती, मराठी आदि भाषाओं का प्रयोग होता है। किंतु बोलचाल और लिखने में फ्रेंच, अंग्रेजी और हिंदी इन तीन भाषाओं का बर्चस्व है।फ्रेंच उच्चवर्ग या आभिजात्य वर्ग की भाषा है। फ्रेंच भाषा का **अध्ययन** प्राथमिक कक्षाओं के लिए अनिवार्य है। मॉरीशस की सर्वाधिक पत्र–पत्रिकाएँ फ्रेंच भाषा में ही छपती हैं। इस दृष्टि से देखा जाय तो वहाँ फ्रेंच वहाँ के जन–जीवन में समृद्ध और सशक्त रूप में उपस्थित है। मॉरीशस की दूसरी प्रचलित भाषा फ्रेंच का ही तद्भव या बिगड़ा हुआ रूप क्रियोली है। क्रियोली ही फ्रांसीसी और अफ्रीका लोगों के बीच संपर्क भाषा के रूप में कार्य करती है। फ्रांसीसी जमीदारों और अफ्रीकी मजदूरों के बीच बोली जाने वाली यह भाषा फ्रेंच का अपभ्रंश रूप है।तीसरी प्रमुख भाषा भोजपुरी है। क्रियोली के बाद हिंदी की यह बोली सबसे अधिक प्रयोग में लाई जाने वाली जनभाषा है।भारतियों मूल के लोगों में पुरानी पीढ़ी के लोग भोजपुरी का और नई पीढ़ी के लोग क्रियोली भाषा का प्रयोग करते हैं। ठाकुर दत्ता पांडेय कि कथन है– 'भोजपूरी यहाँ की हिंदी की जननी है क्योंकि इसी बोली में हमारे अधिकांश लोग भोजपुरी ही बोलते हैं। एक तरह से कहा जा सकता है कि उसी के माध्यम से हम अपने अज्ञात रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान रूपी प्रकाश में आ गए हैं। आगेचलकर भोजपुरी का विकसित रूप ही हमारे यहाँ की हिंदी में परिणत हो गया।'[10]

मॉरिशस में अंग्रेजी को राजभाषा का दर्जा दिया गया है। शिक्षा का माध्यम भी अंग्रेजी ही है। मॉरिशस का अधिकांश हिंदी साहित्य खड़ी बोली में लिख आ गया है। रेडियो एवं टेलीविजन के माध्यम से खड़ी बोली हिंदी को बढ़ावा दिया गया। भारत के उच्चकोटि के साहित्यकार समय–समय पर अपने मॉरिशस प्रवास के दौरान हिंदी जगत को प्रोत्साहित किया। अनेक पत्र–पत्रिकाएँ जैसे बसंत, पंकज, आर्योदय, जनता, स्वदेश, आक्रोश आदि का प्रकाशन खड़ी बोली हिंदी में ही होता है। बीसवीं शताब्दी के प्रथम दशक में आर्य समाज के द्वारा खड़ी बोली का मॉरिशस में प्रचार–प्रसार हुआ। अन्य भाषाओं में तमिल, तेलगू, मराठी, गुजराती, चीनी एवं उर्दू भी प्रचलित हैं। इनमें चीनी भाषा बोलने वालों की संख्या सबसे अधिक है। प्राथमिक स्तर पर उर्दू मातृभाषा के रुप में पढ़ाई जाती है। उर्दू में साहित्य भी उपलब्ध है। मॉरिशस में तमिल भाषी लोग भी हैं और संध्याकालीन पाठशाला में तमिल भाषा भी पढ़ाई जाती है। मॉरिशस में गुजराती बोलने वालों की संख्या भी अधिक है। मॉरिशस के कहानियों में खड़ी बोली के अतिरिक्त भोजपुरी भाषा का भी सर्वाधिक प्रयोग हुआ है। यहाँ की कहानियों में परिष्कृत खड़ी बोली संस्कृत के तत्सम शब्द, देसज शब्द, फ्रेंच, क्रियोली, अंग्रेजी एवं उर्दू के प्रचलित शब्दों का प्रयोग मिलता है। कहानीकार अथवा उपन्यासकार भारत के जिस क्षेत्र विशेष संबंध रखते थे वहां अपने उसी बोली का प्रयोग करते थे फलस्वरूप उनकी कहानियों–उपन्यासों की भाषा में क्षेत्रीय बोली के शब्दों का प्रयोग भी दिखलाए पड़ता है। दूसरे शब्दों में कहें तो क्षेत्रीय भाषा की महक और मिही की खुशबू उनके साहित्य में दिखलाई पड़ता है। डॉ.. तनूजा चौधरी का कथन है– 'पूर्वी उत्तर प्रदेश एवं बिहार के बहुसंख्य गिरमिटिया मजदूरों की मातृभाषा भोजपुरी थी अतएव जब भी संवेदना को गहराई देने का अवसर आता है कहानीकारों ने भोजपुरी का प्रयोग किया है। शब्दों के देसज रूप, कहावतें, बिम्ब एवं सुंदर प्रतीकों की योजना कहानियों में मिलती है।'[11] भोजपुरी शब्दों के प्रयोग ने जहाँ एक ओर कहानी के संदर्भ को तथा कहानी के उद्देश्य प्राप्ति को गहराई प्रदान किया है वही अर्थ गाम्भीर्य को भी अत्यंत गहराई के साथ प्रकट किया है। ये कहानी कहानीकार के शब्द सामर्थ्य को भी प्रकट करते हैं। कुछ शब्द द्रष्टव्य हैं–

'छूंछा भात (केवल चावल)
मरनी अगोरना (मृत्यु की प्रतीक्षा)
पनछोछर (स्वादविहिन)
बिसार नहीं सकी (भूल नहीं सकी)
गावत रलहन (गाता था)
राधंना (भोजन बनाना)
गोड़ (पांव)
उकसावे ला (भडकाना)
किरया खाता हैं (कसम खाना)'[12]

इसी प्रकार भोजपुरी के विविध क्रिया रूपों, देशज शब्दों का प्रयोग भी मॉरिशस के कहानियों में मिलते हैं। संस्कृत निष्ठ शब्दों के प्रयोग, उर्दू एवं संस्कृत के प्रचलित शब्दों का प्रयोग, हिंदी के तत्सम शब्द के साथ हिंदी के अति प्रचलित कहावतों एवं मुहावरों का प्रयोग भी इन कहानीकारों ने किया है। भावों को विस्तार देने के लिए प्रचलित उक्तियों और सटिक

दृष्टांतों का प्रयोग भी कहानियों में मिलता है–
जैसे– 'आदमी को रसोई से रुसा फूली क्यों होनी चाहिए'
'घिमलीदा भी पन छोछर होता है।' (पसीने की कमाई)
'इज्जत से झुकजाना, बेइज्जत होकर झुकने से बेहतर है' (अभिमन्यु अनंत वह बीच का आदमी)
'गहरी सांठ गांठ थी' (जयदत्त जिउत, गिखी रखी आत्मा)
'सब्र का फल मीठा होता है (जयदत्त जिउत, गिखी रखी आत्मा)'[13]

इसी प्रकार अंधे की लाठी, ऊंट के मुंह में जीरा, घोंघे की चाल, समरथ को नहीं दोष गुसाईं, बिछुरत एक प्राण हरिले हीं जैसे अनेक मुहावरों का प्रयोग भी कहानीकारों ने किया है।
फ्रांसीसी प्रयोग–
'पा ब्लीये एकूत रोजा'
'को नू आ ले जोरजी' (अभिमन्यु अनंत मातम पुरसी)
'बोजूर ग्राँ मुसेय' (वेणी माधव रामखेलावन)[14]

इसी प्रकार बिम्ब एवं प्रतीकों का भी प्रयोग किया गया है। कहानियों के विषय वस्तु जीवन से संबंधित होने के कारण जीवंत बन पड़ी है। कुछ कहानियां आत्मकथात्मक शैली में लिखी गई है। छोटे–छोटे संवादों का प्रयोग किया गया है जो अत्यंत स्पष्ट होते हैं। इस प्रकार हम देखते हैं कि मॉरिशस के कथा साहित्य में खड़ीबोली के साथ–साथ अंय भाषाओं का प्रयोग कहावतें, मुहावरे, दृष्टांत, भोजपुरी भाषा के शब्द, वाक्य, चाक्षुक बिम्ब, सुंदर प्रतिकों का प्रयोग आदि अपने सहज और शुद्ध रुप में प्रयोग लाए गए हैं। डॉ. कमल गोयनका का कहना है – 'हिंदी का प्रवासी साहित्य हिंदी का ही साहित्य है, बस अंतर इतना है कि वह परदेश में रचा गया है।'[15] 'हिंदी के प्रवासी साहित्य का रंग रूप, उसकी चेतना और संवेदना भारत के हिंदी पाठकों के लिए एक नई वस्तू है, एक नए भाव बोध का साहित्य है, एक नई व्याकुलता और बैचेनी का साहित्य है जो हिंदी साहित्य को अपनी मौलिकता एवं नए साहित्य संसार में समृद्ध करता है।'[16] मॉरिशस का कथा साहित्य जिसकी रचना की भावभूमि विदेशी धरती है अगर पीड़ा के स्तर पर, या भावनाओं के स्तर पर इसका आकलन करें तो पता ही नहीं चलता की इसके रचनाकार प्रवासी भारतीय हैं। यही कारण है कि भारतीय त्यौहारों– महाशिवरात्रि, गणेश चतुर्थी, ईद, दीपावली, कावड़ी के दिन यहां आमतौर पर सरकारी अवकाश घोषित के जाते हैं। इस दृष्टि से देखा जाए तो प्रवासी भारतीयों ने मॉरिशस में हिंदी भाषा और संस्कृति को संरक्षित और संवर्धित किया है। मॉरिशस के रचनाकारों ने हिंदी साहित्य को फ्रेंच भाषा में अनुदित कर फ्रेंच भाषा भाषी देशों में पढ़ने के लिए उपलब्ध कराया। 'विश्व हिंदी सचिवालय' की स्थापना भी मॉरिशस में की गई है। मॉरिशस वासी अपनी भावनाओं को अभीव्यक्त करने के लिए अंग्रेजी को आवश्यक नहीं मानते। उनके खान–पान, रहन–सहन, रीति–रिवाज पर भारतीयता की स्पष्ट छाप दिखाई पड़ती है प्रवासी भारतीय चाहे दुनियाँ के किसी भी स्थान पर क्यों न हो भारतीय संस्कृति और सभ्यता के प्रति अटूट आस्था है। अभिमन्यु अनंत का कहना है–'संस्कृति न तो रातों रात बनती है और न ही रातों रात खत्म होती हैं। हम सभी प्रवासी भारतीय मूल रुप से दो देशों के नागरिक हैं एक तो जननी जन्मभूमि के और दूसरा अपनी संस्कृति भूमि के।'[17] मॉरिशस के कथा साहित्य में वहाँ के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक जीवन को प्रतिबिम्बित किया गया है। डॉ.. तनुजा चौधरी के शब्दों में– 'कहानियों ने मॉरिशस में बसे प्रवासी भारतीयों की पीड़ा, संघर्ष, बलिदान, शोषण, अत्याचार, घुटन और व्यथा, भारतीय संस्कार, रीति–रिवाज, अंधविश्वास, दासता से स्वतंत्र होने की लालसा इत्यादि को प्रस्तुत किया गया है।'[18] जीवन के कठीन से कठीन संघर्ष के समय में भी इन भारतीय प्रवासियों ने भारतीय धर्म, भाषा एवं संस्कृति की डोर पकड़े रखी। संघर्षों के बीच भी उन्होंने अपनी भाषा और संस्कृति को बचाए रखा। डॉ. अभिमन्यु अनंत लिखते हैं– 'आज मॉरिशस में हिंदुस्तानी तहजीव अगर घर–घर, आँगन–आँगन बुलंदी के साथ नजर आती है तो उसकी सबसे बड़ी वजह भाषा के प्रति समर्पण ही है। भारतीय जुबानों ने इस जजीरों में मजहब को जिंदा ही नहीं रखा बल्कि उनको विकसित भी करती रही है। मेरे द्विप में, हिंदी सभी भारतीय भाषाओं की रीढ़ की हड्डी है। मॉरिशस में जिस दिन हिंदी कमजोर होने लगेगी, उस दिन कोई भी भारतीय भाषा अपनी हिफाजत नहीं कर पाएगी।'[19] मॉरिशस की जमीन पर हिंदी कथा साहित्य उत्तरोत्तर विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मॉरिशस में हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार हेतु भारतीय धर्म और संस्कृति के संरक्षण हेतु दो विश्व हिंदी सम्मेलन कराए गए साथ ही हिंदी अध्यापक संघ, आर्य समाज, सनातन धर्म, हिंदी प्रचारिणी सभा, हिंदी लेखक संघ, हिंदी यूनियन एवं मॉरिशस साहित्य अकादमी, हिंदी पत्र–पत्रिकाएँ निरंतर प्रयास रत हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. डी एस.ऑक्सफोर्ड, एडवांस लर्सर्स डिक्शनरी, सांतवा संस्करण, 2005 पृ.–105
2. वही पृ.–776
3. अर्चना पैन्यूली रू प्रवासी हिंदी साहित्यरू अपेक्षाएँ वर्तमान साहित्य प्रवासी साहित्य विवरण–1 जनवरी–फरवरी 2016 पृ.–45
4. कमल किशोर गोयनकारू हिंदी का प्रवासी साहित्य,साक्षात्कार(अंक–329,330,331) प्रवासी भारतीय हिंदी लेखन विशेषांक, मई–जुलाई 2007 पृ.–13
5. कमल किशोर गोयनकारू हिंदी का प्रवासी साहित्य पृ.–13
6. संपादकीय से शद्ध योग (अंक–1) प्रवासी साहित्य विशेषांक अप्रैल–2008 पृ.4
7. गडानांचल, जुलाई–दिसम्बर 2007 पृ.35
8. मॉरिशस की कहानियों में भारतीय संस्कार–जीवन मूल्य, डॉ. तनुजा चौधरी, भूमिका हिंदी साहित्य अकादमी, आराधना ब्रदर्स, कानपुर उत्तर प्रदेश–2015
9. मॉरिशस का कथा साहित्य और अभिमन्यु अनंत, डॉ. सुनील विक्रम सिंह, प्राच्य प्रकाशन वाराणसी 2006 पृ.11
10. वही पृ.–13
11. डॉ. तनुजा चौधरी, मॉरिशस की कहानियों में भारतीय संस्कार–जीवन मूल्य, कानपुर पृ.84
12. वही पृ.–84
13. वही पृ.–85
14. वही पृ.–85
15. कल्पांत फरवरी 2009 पृ.–38
16. कल्पांत फरवरी 2009 पृ.–38
17. डॉ. तनुजा चौधरी, मॉरिशस की कहानियों में भारतीय संस्कार–जीवन मूल्य, कानपुर पृ.89 (वसंत–124 पृ.9)
18. डॉ. तनुजा चौधरी, वही पृ.–89
19. डॉ. तनुजा चौधरी, वही पृ.–87 (वसंत–124 पृ.9'

उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 का सामाजिक जागरुकता के साथ उसके बाधक तत्वों का विश्लेषणात्मक अध्ययन उज्जैन नगर के संदर्भ में

श्रीमती करुणा तिवारी *

शोध सारांश – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 उपभोक्ताओं के हित में बनाया गया एक सरकारी नियंत्रण है जिसका उद्देश्य उपभोक्ताओं के शोषण को रोकना, उसे बेहतर संरक्षण प्रदान करना व जागरुक संतुष्ट उपभोक्ता का विकास करना है जो अपने समाज में इस अधिनियम के आधार पर आमजन को प्राप्त अधिकारों के प्रति जागरुक हो। वर्तमान उपभोक्ता समाज में उपभोक्ताओं के सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक हितों की रक्षा में इस अधिनियम ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज उपभोक्ता निश्चित ही अपने अधिकारों के प्रति जागरुक हो कर उपभोक्ता फोरम में जाने से परहेज नहीं करता है। प्रस्तुत शोध अध्ययन से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ है कि, इस अधिनियम के लागू होने से उपभोक्ता में अपने अधिकारों के प्रति जागरुकता का प्रतिशत् बढ़ा है अधिनियम की व्यापकता में बाधक तत्वों ने भी अपनी भूमिका निभाई है पर इस अधिनियम के उपयोग से उपभोक्ता को सकारात्मक परिणाम प्राप्त हुए हैं।

शब्द कुंजी – उपभोक्ता, उपभोक्ता फोरम, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम, आवेदक, अनावेदक।

प्रस्तावना – सामाजिक जीवन से अलग स्वतंत्र मनुष्य की कल्पना ही नहीं की जा सकती है। समाज में वही मनुष्य जीवित रह सकता है जो अपनी मानवता का विकास समाज के सदस्य के रुप में रहकर कर सके, समाज में ही वह जन्म लेता है और समाज ही उसकापालन–पोषण करता है। समाज ही वह सामग्री और परिस्थितियां उपलब्ध करवाता है, जो मनुष्य के सर्वांगीण विकास के लिये उपयोगी ही नही वरन् महत्वपूर्णहै।

इसी को सरल और संक्षिप्त शब्दों में विश्व के महान दार्शनिक अरस्तु ने इस प्रकार बताया है कि,'मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है ' इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि, समाज के अभाव में मनुष्य की अवधारणा सार्थक नहीं है।

समाज के प्रत्येक वर्ग, समूह से सम्बन्धित हर उस व्यक्ति को जो अपने जीवन–यापन, सुख–सुविधाओं के लिये वस्तुओं एवं सेवाओं का, या तो उपभोग करता है, या अपनी दैनिक दिनचर्या में उपयोग में लाता है, उपभोक्ता की श्रेणी में आता है। व्यक्तियों का समूह मिलकर ही समाज का निर्माण करता है और समाज का प्रत्येक सदस्य अपनी दिनचर्या का प्रारम्भ करने से लेकर समाप्ति तक दैनिक उपयोग–उपभोग में आने वाली विभिन्न वस्तुओं और सेवाओं का क्रय करता है। इस प्रकार समाज का प्रत्येक सदस्य/ व्यक्ति जो अपने उपयोग–उपभोग के लिये वस्तुओं का क्रय करता है, उपभोक्ता कहलाता है।

मनुष्य अपनी दिनचर्या का प्रारम्भ ही एक उपभोक्ता के रुप में करता है और दिन के अंत तक भी वह उपभोक्ता होता है। अर्थात् वर्तमान परिदृश्य में उपभोक्ता के बिना समाज की अवधारणा निरर्थक ही कही जा सकती है।

उपभोक्ता वह व्यक्ति है जो वस्तुओं अथवा सेवाओं को अपने अथवा अपनी ओर से अन्य के प्रयोग अथवा उपभोग के लिये खरीदता है। वस्तुओं में दैनिक उपभोग की स्थाई वस्तुएँ सम्मिलित है वहीं जिन सेवाओं के लिये भुगतान किया जाता है, उसमें यातायात, बिजली, टेलीफोन, मोबाईल एवं सिनेमाघर आदि में सिनेमा देखना आदि सम्मिलित है।

समाज और उपभोक्ता के परिप्रेक्ष्य में किसी भी देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ यदि उपभोक्ता को कहा जाए तो इस बात में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी इसका कारण यह है कि, यदि समाज में उपभोक्ता ही नहीं रहेगा तो वस्तुओं का क्रय–विक्रय ही समाप्त हो जायेगा और यदि यह स्थिति निर्मित होती है तो अर्थव्यवस्था पर सीधा इसका प्रभाव होना निश्चित है।

जब कोई उपभोक्ता किसी उत्पाद का उपयोग करता है तो वह भी बाजार का एक भागीदार बन जाता है। उपभोक्ता के बगैर हम किसी भी उद्योग, व्यापार व कम्पनी के अस्तित्तव के विषय में कल्पना भी नहीं कर सकते है। उपभोक्ता ही वह व्यक्ति है, जो किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को नियंत्रित, अनियंत्रित या कहा जाए तो प्रभावित करने की सीधी शक्ति रखता है। अत: यह सर्वविदित है कि, उपभोक्ता ही अर्थव्यवस्था की रीढ़ की हड्डी है। उपभोक्ता के अभाव में अर्थव्यवस्था की कल्पना करना ही निरर्थक है। इस प्रकार उपभोक्ता, समाज और अर्थव्यवस्था एक दूसरे का पर्याय हैं।

राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने भी यह व्यक्त किया है कि,'उपभोक्ता हमारे पास आने वाला महत्तवपूर्ण आगन्तुक है। वह हमारे ऊपर निर्भर नहीं है। हम उस पर निर्भर है। वह व्यवसाय में बाहरी व्यक्ति नहीं है, बल्कि हमारे व्यवसाय का हिस्सा है। हम उसकी सेवा करके उस पर एहसान नहीं कर रहे है, बल्कि वह हमें सेवा का अवसर दे कर हम पर एहसान कर रहा है।'अर्थात् उपभोक्ता अर्थव्यवस्था की वह महत्तवपूर्ण कड़ी है जिसकी इच्छाओं का सम्मान करना उत्पादक एवं विक्रेता दोनों का ही मुख्य कर्तव्य है।

उत्पादन की नई तकनीकी और विकास के अवसरों के बढ़ने के साथ ही अनुचित लाभ प्राप्ति के उद्देश्यों की पूर्ति के लिये उपभोक्ताओं के शोषण को भी प्रोत्साहन मिला है। विपणन प्रक्रिया के दौरान विभिन्न कम्पनियां अपने अपने उत्पादन को लुभावनी योजनाओं के नाम पर, उपभोक्ताओं का शोषण करती हैं। उत्पादक जब अपने उत्पाद को उसके द्वारा बताए गये

* शोधार्थी (समाजशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय,उज्जैन (म.प्र.) भारत

मानक स्तर पर विक्रय नहीं करता है तो वही भी उपभोक्ता के साथ छल करता है।

आज उपभोक्ता भ्रामक विज्ञापन, जमाखोरी, कालाबाजारी, मिलावट, बिना मानक की वस्तुओं की बिक्री, अधिक दाम, ग्यारंटी के बाद सर्विस नहीं देना, हर जगह ठगी, कम नापतौल आदि संकटों से घिरा है। कभी-कभी इस शोषण के पीछे उपभोक्ता की स्वयं की अज्ञानता, अशिक्षा, उपभोक्ताओं का संगठित नहीं होना, वस्तुओं सेवाओं से संबन्धित आवश्यक तथ्य, गुणवत्ता का मापक स्तर व उसके मानक के साथ उपभोक्ताओं के स्वयं अधिकारों के पीछे उपभोक्ता की सचेतना का अभाव होता है। अत: उपभोक्ताओं को इस शोषण से निजात दिलाने व संरक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से एक ऐसे विशेष कानून की आवश्यकता थी जो उन्हे पूर्ण रुप से राहत प्रदान कर सके। उपभोक्ता शिक्षा एवं उपभोक्ता जागरुकता से उपभोक्ता को उसके अधिकारों के प्रति जागरुक कर, एक शक्तिशाली उपभोक्ता के रुप में पूंजीवादी अर्थव्यवस्था की विपणन की प्रक्रिया में लाना आवश्यक है। जिससे उपभोक्ता जागरुक हो कर ना केवल स्वयं का शोषण से बचाव कर सके बल्कि उत्पादक एवं विक्रेता की सभी स्थितियों को पारदर्शिता के साथ समझ भी सके। सरकार ने उपभोक्ता को आत्मनिर्भर बनाने के लिये समय समय पर सार्थक प्रयास किये हैं और निरन्तर इस दिशा में कार्यरत् हैं। इसी क्रम में उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 इसी दिशा में उठाया गया एक महत्वपूर्ण कदम है जिसका मुख्य उद्देश्य उपभोक्ताओं के शोषण को रोकना, उसे बेहतर संरक्षण प्रदान करना, उपभोक्ता को होने वाली आर्थिक क्षति की भरपाई करने के साथ ही जागरुक संतुष्ट उपभोक्ता का विकास करना है जो अपने अधिकारों के प्रति सजग हो। इस अधिनियम को उपभोक्ताओं के उपयोग हेतु सरल और सुलभता के साथ ही सशक्त बनाने के लिये आवश्यक्तानुसार सन् 1991, 1993 एवं 2002 में और अब 2019 में कई महत्वपूर्ण संशोधन भी किये गये है। उपभोक्ता के हित संरक्षण की दिशा में कई सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाऐं भी प्रयासरत् हैं जो उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक करने की दिशा में निरन्तर कार्य कर रही हैं।

शोध अध्ययन क्षेत्र के रुप में उज्जैन नगर का चयन कर, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986, सामाजिक जागरुकता के साथ ही इसके बाधक तत्वों का विशलेष्णात्मक अध्ययन किया है।

अध्ययन का उद्देश्य – उपभोक्ताओं की सामाजिक जागरुकता और उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की प्रभावशीलता में बाधक तत्वों का अध्ययन।

शोध कार्य की परिकल्पना – प्राकल्पना, शोधकर्ता के कार्य को दिशा प्रदान करती है व शोध के क्षेत्र को स्पष्ट करती है जिससे आगे का मार्ग व दिशा स्पष्ट होते हैं। शोधकार्य में शोधार्थी ने उद्देश्यों के आधार पर निम्नलिखित प्राकल्पना परीक्षण हेतु निर्धारित की गई थी।

उपभोक्ताओं की सामाजिक जागरुकता में कमी के पीछे उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 पर बाधक तत्वों की प्रभावशीलता का प्रभाव देखा गया है।

अध्ययन का क्षेत्र – शोधार्थी के द्वारा शोध अध्ययन हेतु क्षेत्र के रुप में उज्जैन नगर का चयन किया गया है।

अध्ययन की ईकाई – प्रस्तुत शोध कार्य में अध्ययन की ईकाई के रुप में उज्जैन जिला उपभोक्ता फोरम में दर्ज/निराक्रत याचिकाओं में से 300 उपभोक्ताओं का चयन किया गया है।

परिणाम एवं व्याख्या – आयु, शिक्षा एवं व्यवसाय के आधार पर प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से निम्न निष्कर्ष प्राप्त हुआ है जो इस प्रकार है –

तालिका क्रमांक 1 : आयु के आधार पर उपभोक्ता जागरुकता संबन्धित प्राप्त आंकड़ों की स्थिति का अध्ययन

क्र.	आयु	संख्या	प्रतिशत्
1	18-30	15	5 %
2	31-40	120	40 %
3	41-50	90	30 %
4	51-75	75	25 %
योग		300	100 %

आयु के आधार पर उपभोक्ता जागरुक्ता संबंधी प्राप्त आंकड़ों के अध्ययन से स्पष्ट होता है कि, 31-40 वर्ष तक की आयु वर्ग वाले उपभोक्ताओं में उपभोक्ता अधिनियम के प्रति सबसे अधिक जागरुकता देखी गई है। जिसका प्रतिशत् 40% है। इसके विपरीत 18-30 वर्ष तक की आयु वर्ग वाले उपभोक्ताओं में अधिनियम के प्रति सबसे कम जागरुकता देखी गई है जिसका प्रतिशत केवल 5% है। इसी क्रम में द्वितीय स्थान पर 41-50 वर्ष तक की आयु वर्ग वाले उपभोक्ताओं में जागरुकता का प्रतिशत् 30% और तृतीय स्थान पर 51-75 वर्ष तक की आयु वर्ग वाले उपभोक्ताओं में जागरुकता का प्रतिशत् 25 % रहा। आयु के आधार पर प्राप्त परिणामों को निम्न ग्राफ क्रमांक 1 के माध्यम से दर्शाया गया है।



तालिका क्रमांक 2 : शिक्षा के आधार पर उपभोक्ता जागरुकता संबन्धित प्राप्त आंकड़ों का अध्ययन

क्र.	शिक्षा का स्तर	संख्या	प्रतिशत्
1	अशिक्षित	30	10 %
2	12वीं तक	15	05 %
3	स्नातक एवं स्नात्कोत्तर	210	70 %
4	प्रोफेशनल	45	15 %
योग		300	100 %

शिक्षा के आधार पर उपभोक्ताओं में अधिनियम के प्रति जागरुकता का अध्ययन करने पर यह स्पष्ट होता है कि, स्नातक से स्नात्कोत्तर तक शिक्षा प्राप्त उपभोक्ता, अधिनियम के प्रति सर्वाधिक जागरुक है जिनका प्रतिशत् 70 % जबकि सबसे कम जागरुकता 12$^{वी}$ तक शिक्षा प्राप्त उपभोक्ताओं में देखी गई है जिनका प्रतिशत् मात्र 5 % है साथ ही अशिक्षित उपभोक्ताओं में जागरुकता का प्रतिशत् 10 % तथा प्रोफेशनल वर्ग में जागरुकता का प्रतिशत् 15 % रहा है। शिक्षा के आधार पर प्राप्त परिणामों को निम्न ग्राफ क्रमांक 2 के माध्यम से दर्शाया गया है।

ग्राफ क्रमांक – 2 शिक्षा के आधार पर प्राप्त आंकड़ों की स्थिति



तालिका क्रमांक –3 : व्यवसाय/कार्य के आधार पर जागरुक उपभोक्ताओं से प्राप्त आंकड़ों का अध्ययन

क्र.	व्यवसाय/कार्य	संख्या	प्रतिशत्
1	नौकरी	120	40 %
2	व्यापार	120	40 %
3	मजदूरी	15	05 %
4	प्रोफेशनल	45	15 %
योग		300	100 %

व्यवसाय एवं कार्य के आधार पर जागरुक्ता संबंधी प्राप्त आंकड़ों से स्पष्ट होता है कि, नौकरी एवं व्यापारी वर्ग में समान रुप से अधिनियम के प्रति जागरुकता देखी गई है। जिनका प्रतिशत् 40 % है इसी क्रम में प्रोफेशनल एवं मजदूर वर्ग में जागरुकता का प्रतिशत् क्रमश: 15 % एवं 5 % रहा है। कार्य/व्यवसाय के आधार पर प्राप्त परिणामों को निम्न ग्राफ क्रमांक 3 के माध्यम से दर्शाया गया है।

ग्राफ क्रमांक – 3 : व्यवसाय/कार्य के आधार पर प्राप्त आंकड़ों की स्थिति



समाजिक जागरुकता के परिप्रेक्ष्य में आयु, शिक्षा एवं कार्य व्यवसाय के उपर्युक्त अध्ययन से प्राप्त आंकड़ों से यह स्पष्ट है कि, 31 से 40 वर्ष की आयु वर्ग के व्यक्तियों में जागरुकता का सर्वाधिक प्रतिशत् देखा गया है वहीं शिक्षा के स्तर के आधार पर स्नातक एवं स्नात्कोत्तर स्तर तक शिक्षा प्राप्त समाज का वर्ग इस अधिनियम के प्रति अधिक जागरुक है इस आधार पर कार्य एवं व्यवसाय के आधार पर प्राप्त जानकारी के अनुसार नौकरी एवं व्यापार में संलग्नसमाज का वर्ग अधिनियम के प्रति अधिक जागरुक देखा गया है।

अधिनियम की प्रभावशीलता में बाधक तत्व – उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 उपभोक्ताओं के हितों के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु बनाया गया एक सशक्त व प्रभावशाली कानून है। 1991, 1993 तथा 2002 में इस अधिनियम में व्यापक संशोधन होने से इसकी जड़े और मजबूत हुई है फिर भी न्याय प्राप्ति हेतु उपभोक्ताओं को कानूनी प्रावधान व प्रक्रिया के मार्ग से गुजरना पड़ता है। हालांकि कई समस्याओं को दूर करने का प्रयास नवीन संशोधन 2019 में भी किया गया है जिसके परिणाम अभी देखने में नहीं आए हैं। उपर्युक्त संशोधनों के बाद भी उपभोक्ताओं को कभी–कभी विभिन्न प्रकार की समस्याओं का भी सामना करना पड़ता है जिससे न्याय प्राप्ति में अनावश्यक विलम्ब होता है। उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम की प्रभावशीलता में निम्न बाधक तत्वों को प्राय: देखा जाता है जो इस प्रकार हैं :–

1. जिला उपभोक्ता फोरम में एक अध्यक्ष एवं दो सदस्य होते है जिनकी नियुक्ति राज्य शासन के द्वारा की जाती है लेकिन कई बार ऐसा देखा गया है कि, सदस्यों के नियुक्तियां समय पर नहीं किये जाने से लम्बे समय तक उनके पद खाली पड़े रहते हैं, जिससे जिला उपभोक्ता फोरम का कार्य प्रभावित होने के साथ ही उपभोक्ताओं को न्याय मिलने में अनावश्यक विलम्ब होता है।
2. कई राज्यों में ऐसे भी जिले भी हैं जिनके उपभोक्ता फोरम के साथ संयुक्त रुप से अन्य जिले के फोरम को जोड़ा गया है। ऐसे में देखने में यह आया है कि, मुख्य जिले में तो नियमित रुप से सदस्यों को बैठने से मुख्य जिला तो प्रभावित नहीं होता है परन्तु संयुक्त जिले में फोरम की सुनवाई हेतु बैठक की तिथियां राज्य सरकार द्वारा निर्धारित किये जाने से वहां अल्प समय ही सुनवाई के लिये निर्धारित हो पाता है ऐसे में संयुक्त जिले के उपभोक्ताओं को न्याय मिलने में अनावश्यक विलम्ब का सामना करना पड़ता है।
3. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार जिला फोरम, राज्य एवं राष्ट्रीय आयोग में न्यायिक क्षेत्र से नियुक्त अध्यक्ष के अतिरिक्त अशासकीय सदस्य नियुक्त किये जाते हैं ताकि वे जनता या उपभोक्ताओं की समस्याओं का अनुभव कर सकें क्योंकि वे सीधे आम जनता अर्थात् समाज से सीधे आते हैं परन्तु वास्तविकता यह नहीं है, कई बार यह देखने में आता है कि, कुछ अशासकीय सदस्य जो उपभोक्ता समस्याओं के निराकरण में अपना हस्तक्षेप तो करने का प्रयास करते हैं पर उनकी आवाज को न्यायिक क्षेत्र से आए अध्यक्षों द्वारा दबा दिया जाता है क्योंकि फोरम या आयोग के अध्यक्ष एवं दोनों पक्षों के अधिवक्तागण न्यायिक एवं तकनीकी कार्यविधि में पारंगत होते है साथ ही इस संपूर्ण प्रक्रिया में अपनी अप्रत्यक्ष भूमिका का निर्वहन करने वाला पूरा कार्यालय भी कहीं न कहीं अपनी सहभागिता करता है, जो उपभोक्ता विवाद के निराकरण में विलम्ब करने में ही अपने कानूनी ज्ञान का दुरुपयोग करता है। कई बार यह भी देखने में आता है कि, पीड़ित उपभोक्ता, फोरम के समक्ष जाता तो बड़े उत्साह से है पर जैसे ही वह फोरम कार्यालय या वकीलों के संपर्क में आता है वह कानूनी पेंचीदगियों को देख कर निरुत्साहित हो जाता है।
4. उपभोक्ता संरक्षण अधिनिमय के अन्तर्गत जिला फोरम, राज्य आयोग तथा राष्ट्रीय आयोग के गठन में अशासकीय सदस्यों की नियुक्ति में जिसमें कि एक महिला सदस्य का होना आदेशात्मक है उनकी नियुक्तियों में, राजनीति का प्रभाव देखने में आता है जबकि अधिनियम के अंतर्गत सदस्यों के चयन के लिये योग्यता का वर्णन किया गया है।
5. कानूनी प्रक्रियाओं से अनभिज्ञ ग्रामीण अंचल का पीड़ित उपभोक्ता

इस अधिनियम की जानकारी के अभाव में, उसे प्राप्त अधिकारों का उपयोग नहीं कर पाता है और मिलने वाले लाभ से वंचित रह जाता है। हमारे देश में अनेकों ऐसे लोक कल्याणकारी कानून तो प्रभावशील है परन्तु उनका ज्ञान व तत्संबंधी शिक्षा जनपद तथा ग्राम पंचायतों के माध्यम से ग्रामीण अंचल तक नहीं पहुंच पाती है जिससे उन्हे इसका लाभ प्राप्त नहीं हो पाता।

6. शोध के दौरान सदस्यों से चर्चा करने तथा पीड़ित उपभोक्ताओं से चर्चा करने से एक महत्वपूर्ण तथ्य यह सामने आया है कि, प्रत्येक जिला स्तर पर शासन ने फोरम की स्थापना तो की है पर आज भी कई फोरमों में कर्मचारियों, पक्षकारों आदि के बैठने की उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने के साथ ही पर्याप्त संसाधनों जिनमें संचार साधन जैसे इंटरनेट, कम्प्यूटर, आधुनिक उपकरण एवं ऑनलाईन प्रकरणों को दर्ज करने की सुचारु व्यवस्था नहीं है।

7. अध्ययन से यह तथ्य सामने आया है कि, उपभोक्ता अपने हितों के प्रति निरुत्साहित है। उपभोक्ता अधिकांशत: दैनिक उपयोग की वस्तुओं की खरीद-फरोख्त करते है और देखने मे आया है कि, वे इस रोज-मर्रा की खरीदी में ठगे भी जाते है पर वे इस प्रकार की ठगी की स्थिति में उपभोक्ता जिला फोरम में संरक्षण प्राप्त करने का साहस नहीं दिखा पाते हैं क्योंकि जिला फोरम में दैनिक उपयोग की वस्तुओं के संबंध में न्यायिक प्रक्रिया की कानूनी पेंचीदगियों को देख कर, उपभोक्ता हतोत्साहित हो जाता है और सामग्री के मूल्य की तुलना में न्यायिक प्रक्रिया पर होने वाले व्यय और समयाभाव, अधिनियम से न्याय प्राप्ति की दिशा में बाधक बन जाता है।

8. शोध के दौरान किये गये अध्ययन एवं प्रकरणों के अवलोकन से यह तथ्य भी सामने आया है कि, ऐसे बहुत से मामले जिनका संबंध उपभोक्ता फोरम से नहीं होकर जो सिविल प्रकृति या सर्विस मेटर है उन्हे भी उपभोक्ता फोरम में आवेदकों के द्वारा प्रस्तुत कर दिया जाता है जिस पर कोई प्रारम्भिक रोक की व्यवस्था नहीं है। इस प्रकार फोरम में ऐसे भी मामले प्रस्तुत कर दिये जाते है जो अधिनियम के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आते हैं।

9. शोध के दौरान किये गये अध्ययन से यह महत्वपूर्ण तथ्य भी सामने आया है कि, जन साधारण उपभोक्ता फोरम की सुविधाजनक प्रक्रिया का दुरुपयोग भी करने का प्रयास करते है। प्रक्रियाओं का दुरुपयोग कर लाभ लेने की प्रवृत्ति के व्यक्ति जो यह जानते है कि, फोरम के माध्यम से कार्यवाही न्यूनतम शुल्क एवं कानूनी पैचीदगियों के अभाव में आसानी से हो जाती है ऐसे में वे सरकारी ऐजेन्सियों को फोरम में बुलवाकर अपने अहम कि तुष्टि करने में विश्वास रखते है। वहीं कुछ उपभोक्ता अपने अहम के चलते दुकानदारों को उपभोक्ता अदालत की धमकी दे कर अपने सामान को दो बार बदलवाने के बाद भी वारंटी बढ़ाने के लिये या वस्तु वापस करके उसे मूल्य वापस देने की मांग से भी फोरम के समक्ष जाने में विश्वास रखते हैं।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम और उपभोक्ता अधिकार संतोष खन्ना, प्रकाशन विभाग सूचना एवं प्रसारण, मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपभोक्ता संरक्षण-एक परिचय, वीरेन्द्र नाथ मिश्र एवं अमित कुमार सिंह, उपभोक्ता अध्ययन केन्द्र, भारतीय लोकप्रशासन संस्थान नई दिल्ली।
3. उपभोक्ता के अधिकार-एक विवेचन, संकलनकर्ता डॉ. ललित मोहन जोशी एवं वीरेन्द्र नाथ मिश्र, उपभोक्ता अध्ययन केन्द्र, भारतीय लोकप्रषासन संस्थान इन्द्रप्रस्थ एस्टेट, नई दिल्ली, 110002
4. उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986, राजस्थान लॉ हाउस, अनिल सचदेवा, 2004

****

अभ्यास शिक्षण के दौरान शिक्षण सहायक सामग्री का महत्व

डॉ. नीलम निगम* श्रीमती सुषमा शर्मा**

शोध सारांश – वर्तमान संचार क्रांति के युग में शिक्षक का कार्य केवल बालक को सूचनायें प्रदान करना था ज्ञान अभिवृद्धि ही नही है अपितु उसके व्यक्तित्व का सम्पूर्ण विकास करना है। शिक्षक अपने शिक्षण को प्रभावशाली बनाने हेतु नित नवीन साधनों का प्रयोग करता है। वे सभी साधन जो शिक्षण–प्रक्रिया को रोचक आकर्षक लाभप्रद ग्राह्य तथा प्रभावशाली बनाते है श्रव्य–दृष्य सामग्री कहलाते है। इनकी सहायता से शिक्षण–उद्देश्यों की अधिकतम प्राप्ति होती है। श्रव्य–दृष्य सामग्री न केवल शिक्षण को प्रभावशाली बनाते है बल्कि शिक्षण की प्रविधियॉ अथवा युक्तियों को भी प्रभावशाली बनाती है।

अधिगम की परिस्थितियों को उत्पन्न करने तथा अधिगम के उद्धेष्यों को प्राप्त करने के लिए सम्प्रेषण शिक्षण–युक्तियों तथा आव्यूह का चयन किया जाता है। इनको प्रभावशाली बनाने में दुष्य–श्रव्य सहायक सामग्री के प्रयोग से अधिगम की परिस्थितियों को अधिक प्रभावशाली रूप में उत्पन्न किया जा सकता है और उद्देश्यों की अधिकतम प्राप्ति की जा सकती है।ई.सी.डेन्ट के अनुसार– श्रव्य–दृष्य सामग्री का अर्थ उस समस्त सामग्री से है जो कक्षा में अथवा अन्य शिक्षण परिस्थितियों में लिखित अथवा बोली हुई पाठ्य–सामग्री को समझाने में सहायता देती है।

प्रस्तावना – एरिक एशबी ने 1967 में चार क्रातियों का उल्लेख किया तो उन्हें इस बात का आभास भी नही होगा कि चौथी क्रांति शैक्षिक क्षेत्र में पांचवी क्राति को जन्म देगी।

पहले मौखिक शिक्षा प्रचलित थी बाद में शिक्षा उपकरण के रूप में लिखित शब्दों का प्रयोग होने लगा। यह दूसरी क्राति थी जिसके फलस्वरूप स्कुलों में मौखिक शिक्षा के साथ लिखित शिक्षा ने भी स्थान बना लिया।

तीसरी क्राति मुद्रण के आविष्कार के साथ आई तथा पुस्तकें उपलब्ध होने लगी। इलेक्ट्रानिक्स तकनीकी के क्षेत्र में आए विकासशील परिवर्तन चौथी क्रांति के सूचक थे रेडियो तथा टेलीफोन आदि का प्रयोग शिक्षा के क्षेत्र में होने लगा।

कम्यूटर ई–मेल डिजिटल वीडियो तथा इटरनेट के आने पर शिक्षा क्षेत्र में एक नई क्रांति का सूत्रपात हुआ। इन साधनों ने शिक्षा के क्षेत्र में पुरानी अवधारणओं में आधुनिक संदर्भ के साथ अभूतपुर्व क्रांतिकारी परिवर्त्तन करके उन्हें एक नया स्वरूप प्रदान किया। लेकिन शिक्षण अधिगम प्रक्रिया को सहज सरल सक्षम तथा प्रभावशाली बनाने के लिए सहायक सामग्री का उचित प्रयोग उचित समय पर करना आवश्यक होता है। एडगर डेल द्वारा कोन के माध्यम से सहायक सामग्री के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया है इनके द्वारा बताया गया है कि मौखिक शब्दो का प्रभाव सबसे कम तथा प्रत्यक्ष साधनों का प्रभाव शिक्षण दौरान सबसे अधिक पडता है।

जीन पियाजे द्वारा भी बहुइन्द्रिय अनुदेशन द्वारा बताया गया है कि अधिगम प्रक्रिया दौरान प्रत्यक्ष वस्तुओं के उपयाग द्वारा विद्यार्थी उचित तरीके से अधिगम करते है प्रत्यक्ष वस्तुओं के द्वारा शिक्षक और छात्र दोनो के मध्य अन्त:क्रिया संभव होती है वर्तमान समय में कम्यूटर डिजिटल वीडियो तथा इटरनेट के प्रयोग से विद्यार्थी पढाई कर रहे है साथ ही वर्तमान में शिक्षण सामग्री चार्ट मांडल के स्थान पर स्मार्ट बोर्ड स्मार्ट कक्षा आदि का प्रयोग होने लगा है। लेकिन शिक्षण सहायक सामग्री का महत्व आज भी विद्यमान है क्योकि बी.एड. प्रशिक्षु शिक्षण सहायक सामग्री का प्रयोग कक्षा शिक्षण में प्रभावशीलता लाने के लिए आज भी कर रहे है क्योकि प्रत्येक समय प्रत्येक जगह स्मार्ट बोर्ड स्मार्ट कक्षा उपलब्ध नही हो सकती है।

वर्तमान संचार क्रांति के युग में शिक्षक का कार्य केवल बालक को सूचनायें प्रदान करना था ज्ञान अभिवृद्धि ही नही है अपितु उसके व्यक्तित्व का संपूर्ण विकास करना है शिक्षक अपने शिक्षण को प्रभावशाली बनाने हेतु नित नवीन साधनों का प्रयोग करता है। वे सभी साधन जो शिक्षण–प्रक्रिया को रोचक आर्कषक लाभप्रद ग्राह्य तथा प्रभावशाली बनाते है श्रव्य–दुष्य सामग्री कहलाते है इनकी सहायता से शिक्षण–उद्देश्यों की अधिकतम प्राप्ति होती है श्रव्य–दुष्य सामग्री न केवल शिक्षण को प्रभावशाली बनाते है बल्कि शिक्षण की प्रविधियॉ अथवा युक्तियों को भी प्रभावशाली बनाती है। इस हेतु ही शोधकर्त्ता द्वारा अभ्यास शिक्षण के दौरान बी.एड. प्रशिक्षु द्वारा शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग क्या शिक्षण को प्रभावशाली एवं ग्राह्य बनाता है जानने का प्रयास किया गया है।

उद्देश्य– अभ्यास शिक्षण के दौरान शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग करके शिक्षण की प्रभावशीलता में वृद्धि का अध्ययन करना।

1. क्या अभ्यास शिक्षण के दौरान शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग आवश्यक है।
2. शिक्षण सहायक सामग्री से शिक्षण में प्रभावशीलता आती है।
3. आर्कषक शिक्षण सामग्री से द्वारा विद्यार्थी शिक्षण के प्रति आकर्षित होते है।
4. स्मार्ट कक्षा द्वारा अध्ययन से विद्यार्थीयों की सीखने की क्षमता में विकास हो रहा है।

परिकल्पना :

* प्राचार्या, ग्रीन वैली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोपाल (म.प्र.) भारत
** सहायक प्राध्यापक, चौहान कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोपाल (म.प्र.) भारत

1. अभ्यास शिक्षण के दौरान शिक्षण सहायक सामग्री के महत्व का अध्ययन करना
2. अभ्यास शिक्षण के दौरान सहायक शिक्षण सामग्री का उपयोग करके शिक्षण की प्रभावशीलता में वृद्धि का अध्ययन करना।

प्रादर्श एवं प्रयोज्य–प्रादर्श के अंर्तगत बी.एड.के 100 विद्यार्थियों पर स्वनिर्मित प्रश्नावली के माध्यम से चर्चा की गई यदि उनके द्वारा प्रभावशाली सहायक सामग्री उपयोग की जाती हे तो उसका प्रभाव विद्यार्थियों पर किस तरह पडता है एवं नही की जाती तो उसका प्रभाव विद्यार्थियों पर किस तरह पडता है।

उपकरण–इस कार्य हेतु स्वनिर्मित मापनी का प्रयोग किया गया शिक्षण मापनी में 35 प्रश्नों को तैयार किया गया विषय विशेषज्ञों की जांच पश्चात् 25 प्रश्न सही पाए गए जिन्हें अध्ययन दौरान उपयोग किया गया।

प्रस्तावित समस्या–प्रस्तुत अध्ययन में अनुसंधान का प्रमुख लक्ष्य है कक्षा शिक्षण बिना सहायक सामग्री के उपयोग द्वारा करना एवं सहायक सामग्री के साथ करना एवं तत्पश्चात् यह देखना कि विद्यार्थियों की क्षमता में कितनी वृद्धि होती है।

प्रदत्तो का संकलन–प्रस्तुत शोध में प्रदत्तो का संकलन हेतु स्वनिर्मित मापनी का उपयोग किया गया।

अध्ययन चर– शिक्षण सहायक सामग्री

सांख्यिकीय प्रविधियॉ–सांख्यिकीय यदि देखा जाए तो शोध का मूल आधार होता है आंकडों के संकलन के पश्चात् ही अनुसंधानकर्त्ता विभिन्न चरो के मध्य संबंध स्थापित करता है प्रस्तुत अध्ययन में सहसंबंध सांख्यिकीय का प्रयोग किया गया है

तालिका क्रमांक 01 शिक्षण सहायक सामग्री के उपयोग के विभिन्न आयामों द्वारा शिक्षण की प्रभावशीलता में वृद्धि का अध्ययन करना।

कं	आयाम	प्रतिशत	
		हॉ	नही
1	अभ्यास शिक्षण के दौरान नवाचार का उपयोग	53%	47%
2	आर्कषक शिक्षण सहायक सामग्री के उपयोग से अधिगम का विकास	70%	30%
3	नवाचार से शिक्षण प्रभावशीलता में वृद्धि	65%	35%
4	स्मार्ट कक्षा द्वारा सीखने की क्षमता का विकास	56%	44%

उपयुर्क्त तालिका ये यह स्पष्ट होता है कि अभ्यास शिक्षण के दौरान नवाचार का उपयोग 53 बी.एड. प्रशिक्षु करना हेतु सहमति व्यक्त करते है लेकिन 47 प्रतिशत इसकी आवश्यकता पर जोर नही देते। आर्कषक शिक्षण सहायक सामग्री के उपयोग से अधिगम का विकास के लिये 70 प्रतिशत बी.एड. प्रशिक्षु सही मानते है लेकिन 30 प्रतिशत कहते कि इसके उपयोग से अधिगम का विकास नही होता। नवाचार से शिक्षण प्रभावशीलता में वृद्धि हेतु 65 प्रतिशत बी.एड. प्रशिक्षु कहते है कि निम्न प्रकार की शिक्षण सामग्री के उपयोग से प्रभावशीलता में वृद्धि होती है जबकि 35 प्रतिशत कहते है कि इससे फर्क नही पडता। स्मार्ट कक्षा द्वारा सीखने की क्षमता का विकास के बारे में 56 प्रतिशत बी.एड. प्रशिक्षु कहते है कि विद्यार्थियों की क्षमता का विकास होता है। लेकिन 44 प्रतिशत कहते है कि यदि जहॉ स्मार्ट कक्षा नही होती तो क्या विद्यार्थियों की क्षमता का विकास नही होता।

तालिका क्रमांक 02 प्रस्तुत अध्ययन में अनुसंधान का प्रमुख लक्ष्य है शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग करके शिक्षण की प्रभावशीलता में वृद्धि का अध्ययन करना।

चर	एन	सहसंबंध गुणांक	सहसंबंध गुणांक का विश्लेषण
शिक्षण सहायक सामग्री के साथ	100	0.886	सार्थक एवं उच्च धनात्मक सहसंबंध
प्रभावशाली कक्षा शिक्षण	100		

उपयुर्क्त तालिका ये यह स्पष्ट होता है कि प्रभावशाली कक्षा शिक्षण के लिए शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग करके अध्ययन द्वारा यह ज्ञात हुआ है कि इन दोनों में 0.886 धनात्मक सहसंबंध पाया गया जोकि यह सिद्ध करता है कि सहायक शिक्षण सामग्री के उपयोग द्वारा कक्षा शिक्षण प्रभावी होता है एवं विद्यार्थी की सीखने की क्षमता में वृद्धि भी होती

शौक्षिक महत्व–शोधकार्य से प्राप्त परिणाम द्वारा यह ज्ञात होता है कि सफल शिक्षण की कसौटी पाठ का बालकों की समझ में ठीक–ठाक आना है किसी भी पाठ को शिक्षको द्वारा विद्यार्थियों को समझाने के लिये दो प्रकार के साधन अपनाये जाते है प्रथम वह साधन जैसे–श्यामपटट् चांक डस्टर आदि दूसरा साधन –मॉडल चित्र चार्ट फूल पौधै पत्तियॉ स्मार्ट क्लास आदि। शिक्षण को प्रभावी बनाने की दृष्टि से दृष्य–श्रव्य सामग्री के प्रयोग से छात्र पाठ में अधिक रूचि लेते है और सीखने में बधिक रूचि लेते है।

निष्कर्ष–विश्लेषण एवं विवेचन से यह ज्ञात होता है कि शिक्षण सहायक सामग्री के उपयोग द्वारा परंपरागत तरीके से होने वाले अध्ययन की निरसता एवं बोझिलता की जगह प्रभावशाली कक्षा शिक्षण रोचकता खेल–खेल में सीखना आदि ने ले ली है साथ ही शिक्षण सहायक सामग्री का उपयोग किस तरह करना चाहिये यह भी महत्वपूर्ण है एक अच्छी शिक्षण सहायक सामग्री के गुण क्या होते है उपयुर्क्त समस्त बातों का ध्यान रखना अति आवश्यक है।

अच्छी शिक्षण सहायक सामग्री के गुण :

1. सहायक सामग्री पाठ की आवश्यकता के अनुरूप होनी चाहिए।
2. सहायक सामग्री विद्यार्थियों के मानसिक स्तर के अनुरूप होनी चाहिए।
3. सहायक सामग्री ऐसी होनी चाहिए जो सरलता से उपलब्ध हो सके।
4. सहायक सामग्री को प्रयोग में लाने का उद्देश्य स्पष्ट होना चाहिए।
5. सहायक सामग्री प्रेरणादायक होनी चाहिए।
6. सहायक सामग्री के प्रदर्शन की उचित व्यवस्था होनी चाहिए।
7. स्व निर्मित सहायक सामग्री का प्रयोग जहॉ तक सम्भव हो करना चाहिए।
8. विद्यार्थियों को भी इसके प्रयोग का अवसर प्रदान करना चाहिए।
9. सहायक सामग्री ऐसी जगह सेट हो जहॉ सभी विद्यार्थियों की दृष्टि जा सके तथा उससे सम्बन्धित प्रश्नों का वे उत्तर दे सके।
10. सहायक सामग्री में विविधता होनी चाहिए।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. प्रीति गुप्ता /क्रान्ति वर्मा, सूक्ष्म शिक्षण, 2018, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा।
2. स्मिता श्रीवास्तव, कम्प्यूटर एवं संचार तकनीकी, अग्रवाल पब्लिकेशन्स, आगरा।
3. आर.ए.शर्मा, शिक्षा के तकनीकी आधार, 2004, आर.लाल. बुक डिपो मेरठ।
4. बी.एन.शर्मा, हिन्दी शिक्षण, साहित्य प्रकाशन आगरा।

भारत में महिला शिक्षा एवं रोजगार

डॉ. ए.के. पाण्डेय *

प्रस्तावना – संस्कृत में एक प्रसिद्ध श्लोक है– 'नास्ति विद्यासमं चक्षुर्नास्ति मातृ समोगुरू' इसका अर्थ यह है कि इस दुनिया में विद्या के समान नेत्र नहीं है और माता के समान गुरू नहीं है। यह बात पूरी तरह सत्य है। बालक के विकास में प्रथम और सबसे अधिक प्रभाव माता का ही पड़ता है। माता ही अपने बच्चो को पाठ पढ़ाती है, बालक का यह प्रारंभिक ज्ञान पत्थर पर बनी अमिट लकीर के समान जीवन का स्थायी आधार बन जाता है। इस प्रकार प्रत्येक विकसित समाज के निर्माण में स्त्री एवं पुरूष दोनों की सहभागिता आवश्यक है। भावी पीढ़ी के रूप में व्यक्ति से लेकर परिवार, समाज तथा राष्ट्र तक के चहुमुंखी विकास की जिम्मेदारी में पुरूषों के साथ स्त्रियों की अपेंक्षाकृत अधिक भागीदारी है। इस भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए ही परिवार की धुरी महिला का सशक्तिकरण जरूरी है और सशक्तिकरण के लिए शिक्षा।

शिक्षा आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण के लिए पहला और मूलभूत साधन है। शिक्षा ही वह उपकरण है जिससे महिला समाज में अपनी सशक्त, समान व उपयोगी भूमिका दर्ज करा सकती है। दुनिया के जो भी देश आज समृद्ध और शक्तिशाली हैं, वे शिक्षा के बल पर ही आगे बढ़े हैं। इसलिए आज समाज की आधी आबादी अर्थात महिलाएं जो कि विकास की मुख्य धारा से बाहर हैं, उन्हें शिक्षित बनाना हमारी पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। इस संदर्भ में राधाकृष्णन् आयोग ने कहा है कि– 'स्त्रिों के शिक्षित हुए बिना किसी समाज के लोग शिक्षित नहीं हो सकतें। यदि सामान्य शिक्षा स्त्रियों या पुरूषों में से किसी एक को देने की विवशता हो, तो यह अवसर स्त्रियों को ही दिया जाना चाहिए, क्योंकि ऐसा होने पर निश्चित रूप से वह शिक्षा उनके द्वारा अगली पीढ़ी तक पहुंच जाएगी। इसी प्रकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह बात स्वीकार की गई है कि महिला शिक्षा का महत्व न केवल समानता के लिए, बल्कि सामाजिक विकास की प्रक्रिया को तेज करने के लिए भी जरूरी है।

भारत में स्वतंत्रता के बाद सन् 1947 में 'विश्वविद्यालय शिक्षा आयोग' का गठन किया गया। जिसकी मुख्य सिफारिश महिला शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना था। भारत सरकार ने महिला साक्षरता के लिए साक्षर भारत मिशन की शुरूआत की। इस मिशन में महिलाओं की शिक्षा दर को ऊपर लाने की कोशिश की गई। महिलाओं की स्थिति में महत्वपूर्ण सुधार स्वतंत्रता पष्चात् विशेषकर 1991 से आर्थिक उदारीकरण के पश्चात् आया। देश में सरकार, महिला संगठनों, महिला आयोगों आदि के प्रयासों से देश में महिला समाज के लिए तेजी से विकास के द्वार खुले, शिक्षा का प्रसार बढ़ा, जिससे उनमें जागृति आई, और उनके भीतर आत्मविश्वास उत्पन्न हुआ।

चुनौतियां – आज महिलाएं राजनीति, समाज सुधार, शिक्षा, पत्रकारिता, साहित्य, विज्ञान, उद्योग, व्यावसायिक प्रबंधन, शासन–प्रशासन, चिकित्सा, इंजीनियरिंग, पुलिस, सेना, कला, संगीत, खेलकूद आदि क्षेत्रों में पुरूषों के साथ कंधे से कंधे मिलाकर कार्य कर रही हैं। एक ओर यह परिदृष्य अत्यधिक उत्साहवर्धक है परंतु वर्तमान शैक्षिक परिदृष्य पर दृष्टि डाले तो पता चलता है कि आज भी शिक्षा के क्षेत्र में महिलाओं की स्थिति संतोषजनक नहीं है।

आज भी देश में महिलाओं की आधी आबादी शिक्षा जैसी बुनियादी अधिकार से वंचित है। आजादी के पश्चात् महिला साक्षरता में वृद्धि हुई है किंतु यह संतोषजनक नहीं रही है। महिला साक्षरता की स्थिति को निम्न सारिणी में प्रदर्शित किया गया है–

महिला साक्षरता की स्थिति

वर्ष	महिला साक्षरता (प्रतिशत में)	महिला साक्षरता में दशक वृद्धि
1951	8.86	—
1961	15.34	6.48
1971	21.97	6.63
1981	29.29	7.88.
1991	39.29	9.44
2001	54.16	14.87
2011	65.46	18.12

स्त्रोत–कुरूक्षेत्रय, अगस्त 2013

उपरोक्त सारिणी से स्पष्ट है, कि महिला शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन उदारीकरण (1991) के पश्चात् आया। जब साक्षरता (1991–2001) 39.29 प्रतिशत से बढ़कर 54.16 प्रतिशत हो गई। अर्थात् दशक वृद्धि 9.44 प्रतिशत से बढ़कर 14.87 प्रतिशत (5.43 अंको) हुई। जबकि 1961 से 1991 की तुलना में अर्थात् 30 वर्षो में यह वृद्धि मात्र 2.96 प्रतिशत रही।

उदारीकरण, निजीकरण एवं वैश्वीकरण के पश्चात् भारतीय समाज का बुनियादी ढ़ांचा भी तेजी से बदलने लगा। सामाजिक वर्जनाएं टूटने लगी। परम्पराओं एवं रूढ़ियों की पकड़ ढीली पड़ने लगी थी। जिसका प्रमुख कारण बाजारवाद का प्रसार तथा आधुनिक तौर–तरीके एवं पश्चिमीकरण रहा है। ऐसी स्थिति में महिलाओं की शिक्षा, उनकी कार्यक्षमता एवं उन्हें रोजगार के साधन (मानव साधन) के रूप में देखने का नजरिया तेजी से बदलने लगा। जिसका प्रभाव महिला शिक्षा एवं रोजगार के प्रति महिलाओं की बढ़ती रूचि एवं आत्मविश्वास के रूप में भी देखा गया।

1991 के पश्चात् महिलाओं की साक्षरता दर में वृद्धि एवं महिलाओं में आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के प्रति बढ़ते रूझान का प्रभाव महिला रोजगार

* प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या महाविद्यालय, सतना (म.प्र.) भारत

पर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। 1991 से 2010 के मध्य देश में संगठित और असंगठित दोनों क्षेत्रों में महिलाओं में रोजगार के प्रतिशत में वृद्धि हुई है। जिसे निम्न सारिणी में प्रदर्षित किया गया है –

सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में महिलाओं में रोजगार परिदृष्य

वर्ष	सरकारी क्षेत्र में महिला रोजगार (प्रतिशत में)	निजी क्षेत्र में महिला रोजगार (प्रतिशत में)
1991	23.47	14.34
2000	28.57	20.66
2004	28.90	20.44
2006	30.03	21.18
2008	30.4	24.72
2009	30.91	24.98
2010	31.96	26.63

स्त्रोत– श्रम एवं रोजगार मंत्रालय, आर्थिक समीक्षा 2011–21

उपरोक्त सारिणी से स्पष्ट है कि 1991 से 2010 के मध्य सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों में महिला रोजगार (प्रतिशत में) में वृद्धि क्रमश: (+ 8.49 प्रतिशत एवं क्रमश: + 12.29 प्रतिशत) हुई है। जबकि इसी अवधि में दोनों क्षेत्रों में पुरूषों में रोजगार की दर में गिरावट हुई है। आज देश में महिलाएं पारम्परिक वर्जनाओं को ताड़ते हुए लैंगिक मान्यताओं को चुनौती देते हुए आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता की राह में तेजी से आगे बढ़ रही हैं।

उदारीकरण के पश्चात् ही बालिका शिक्षा में उत्साहजनक परिणाम आए हैं। जिससे लिंग भेद सूचकांक (GPI) की प्राथमिक स्तर पर 0.94 प्रतिशत तथा उच्चतर, माध्यमिक स्तर पर 0.92 प्रतिशत की वृद्धि हुई। प्राथमिक स्तर पर तथा उच्चतर प्राथमिक स्तर पर लड़कियों का नामांकन पिछले वर्षो की तुलना में बढ़ा है। 5–14 वर्ष के आयु समूह में विद्यालयों में लड़कियों की संख्या 2004–05 में 79.6 प्रतिशत से बढ़कर 2009–10 में 87.7 प्रतिशत हो गई। इसी प्रकार 15–19 वर्ष के आयु समूह में शिक्षा प्रणाली में लड़कियों की संख्या 40.3 प्रतिशत से बढ़कर 54.6 प्रतिशत हो गई। तथा 20–24 वर्ष के आयु समूह में इसी अवधि के दौरान 7.6 प्रतिशत से बढ़कर 12.8 प्रतिशत हो गई। प्राथमिक स्तर के मुकाबले उच्च प्राथमिक स्तर पर उपस्थिति कम थी। इसलिए चुनौती उच्च नामांकन को उच्च उपस्थिति दरों में परिवर्तित करने की है।

राष्ट्रीय सारक्षरता मिशन अथवा साक्षर भारत में स्त्री साक्षरता के लक्ष्य को महिला सशक्तिकरण हेतु एक महत्वपूर्ण साधन माना है। इससे महिलाओं में साक्षरता दर 53.67 प्रतिशत (2001) से बढ़कर 65.46 प्रतिशत (2011) हो गई। पहली बार इस दशक के दौरान 217.70 मिलियन साक्षरों में महिलाओं की संख्या (110.07 मिलियन) पुरूषों से अधिक है। महिला साक्षरता में नगरीय और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी असमानता दिखाई देती है। नगरीय क्षेत्र की महिला साक्षरता 72.99 प्रतिशत तथा ग्रामीण क्षेत्रों में 46.58 प्रतिशत है। इसी प्रकार प्राथमिक स्तर पर प्रवेश लेने वाली बालिकाओं में से 24.82 प्रतिशत कक्षा 5 तक की पढ़ाई पूरी नहीं कर पाती और उन्हें विद्यालय छोड़ना पड़ता है। उच्च प्राथमिक स्तर पर 50.76 प्रतिशत बालिकाओं को बीच में ही विद्यालय छोड़कर घरेलू कार्यो में संलग्न होना पड़ता है जिसका मुख्य कारण स्कूल का दूर होना, यातायात की अनुपलब्धता, घरेलू काम, छोटे भाई–बहनों की देखरेख, आर्थिक व विभिन्न सामाजिक समस्याएं आदि कुछ ऐसे कारण हैं जो कि बालिका शिक्षा की राह में बाधा उत्पन्न करते हैं।

समाधान – आज देश में बालिका शिक्षा का प्रसार ग्रामीण क्षेत्रों में करने की महती आवष्यकता है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से इस दिषा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। देश की विकासषीलता के परिवेष में यह विचार करना आवश्यक है कि महिलाओं की शिक्षा किस प्रकार की हो ? महिलाओं को मात्र साक्षर न बनाया जाए बल्कि उन्हें ऐसी व्यावसायिक शिक्षा देनी चाहिए जो उन्हें अपने पैरों पर खड़े होने में मददगार सिद्ध हो। यदि महिलाएं शिक्षित होकर आत्मनिर्भर होगी तो उनको स्वयं का महत्व समझते देर नहीं लगेगी तथा धीरे–धीरे दूसरों की नजरों में भी उनका स्थान महत्वपूर्ण हो जाएगा। शिक्षित, आत्मनिर्भर एवं सशक्त महिलाओं के द्वारा ही भारत का एक सशक्त व विकसित देश के रूप में निर्माण कर पाना सम्भव हो सकेगा।

शिक्षा प्राप्त करके आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर होने का अर्थ यह नहीं है कि नारी शिक्षित होकर पुरूष को अपना प्रतिद्वन्दी मानते हुये उसके सामने ही मोर्चा लेकर खड़ी हो जाये। बल्कि वह आर्थिक क्षेत्र में भी पुरूष के बराबर समानता का अधिकार प्राप्त करके उसके साथ मैत्रापूर्ण सम्बन्ध बनाए। जिस प्रकार शरीर को भोजन की आवश्यकता होती है उसी प्रकार मानसिक विकास के लिए शिक्षा आवश्यक है। अगर नारी ही शिक्षित नहीं होगी तो वह न तो सफल गृहणी बन सकेगी और न ही कुशल माता। समाज में बाल–अपराध बढ़ने का कारण बालक का मानसिक रूप से विकसित न होना है। अगर माँ ही अशिक्षित होगी तो वह अपने बच्चों का सही मार्गदर्शन करके उनका मानसिक विकास कैसे कर पाएगी ? और एक स्वस्थ्य समाज का निर्माण एवं विकास सम्भव नहीं हो सकेगा। अत: हम कह सकते हैं कि शिक्षित नारी ही भविष्य में निराशा एवं शोषण के अंधकार से निकलकर परिवार, समाज व राष्ट्र के विकास एवं उत्थान में अपना दायित्व सही अर्थो में स्थापित कर पाएगी।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. मिश्र एवं पुरी, 'भारतीय अर्थव्यवस्था' हिमालया पब्लिशिंग हाउस, नई दिल्ली, 2009।
2. डॉ0 माहेश्वरी पी0डी0 एवं डॉ0 गुप्ता शीलचंद, 'भारतीय आर्थिक नीति', कैलाश पुस्तक सदन, 2006।
3. प्रतियोगिता दर्पण 'भारतीय अर्थव्यवस्था' विशेषांक 2013।
4. आर्थिक समीक्षा 2011–12
5. आर्थिक समीक्षा 2010–11
6. मानव विकास रिपोर्ट 2011–12,
7. कुरूक्षेत्र, अगस्त 2013

****

बी एड. प्रशिक्षणार्थियों द्वारा नवाचार एवं अच्छी आदतों के उपयोग का अध्ययन

डॉ. नीलम निगम*

प्रस्तावना – वर्तमान शिक्षा प्रणाली पुर्नरचना के दौर में है उसका उद्देश्य मात्र कक्षा उन्नति रह गया है कक्षा की शैक्षिक सामग्री को आत्मसात करना नही है। हमारे अधिकांश विद्यार्थियो की उपलब्धि क्या है और क्या होनी चाहिए इसके बारे में किसी की भी सोच नही है समस्त शिक्षक पाठय–पुस्तकों में जो भी लिखा है उसे पढाने रटाने में सतत क्रियाशील है बस विद्यार्थी रटन्त प्रक्रिया को अपना लें और कक्षा में टॉप कर लें। लेकिन उसने क्या सीखा इस पर किसी का ध्यान नही है अभिभावक भी चाहते है कि उनका बच्चा आई.ई.एस डॉक्टर आदि बने। शिक्षा को भी रटन्त प्रक्रिया से पुर्ण किया जा रहा है कुछ नवाचार किया जाए संस्कार रोपित किए जाये इन सभी बातों पर किसी का भी ध्यान नही गया है।

यदि देखा जाये तो शिक्षा के क्षेत्र में सर्वप्रथम महात्मा गॉधी द्वारा बेसिक शिक्षा का प्रारूप तैयार किया गया था महान वैज्ञानिक रूसो ने भी कहा था करके सीखो वर्तमान समय में विद्यार्थियो में कौशल का विकास करना चाहिए उनकी बेसिक शिक्षा मजबूत होना चाहिए इस पर ध्यान देना चाहिए लेकिन हम बरसों पुरानी मैकाले पद्धित को ही हम अपनाकर चल रहे है बाबू तैयार करना।

विश्व में हो रही गतिविधियों पर यदि नजर जाती है तो पता चलता है कि विद्यार्थी वर्ग संस्कारविहिन गुस्से वाला चिडिचिडा होता जा रहा है आखिर क्यों क्या कारण है बात–बात पर आपा खो देना जरा सी बात पर आत्महत्या जैसे कदम उठा लेना आदि। आखिर किन मनौवैज्ञानिक कारणों से विद्यार्थी जूझ रहा है मानसिक स्वास्थ्य की स्थिति भी ठीक नही है उक्त अनेकानेक कारणों की खोज हेतु ग्रीन वैली कॉलेज के विद्यार्थियों पर एक केस स्टडी की गई पहले कक्षा में उन्हें नवाचारिक प्रयोग करने हेतु प्रोत्साहित किया गया दैनिक जीवन में अच्छी आदतों के इस्तेमाल करने के बारे में पढाया गया सिखाया गया तत्पश्चात् बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों द्वारा अभ्यास शिक्षण के समय नवाचारिक प्रयोग एवं अच्छी आदतों का उपयोग करते हुए शिक्षण कार्य करने कहा गया।

उपयुर्क्त विषय हेतु निम्नांकित उद्देश्यों का निर्माण किया गया एवं इन्ही के आधार पर अध्ययन किया गया।

उद्देश्य:

1. नवाचारिक प्रयोग द्वारा शिक्षण एवं परांपरागत तरीको से शिक्षण करने वालो का अध्ययन करना।
2. अच्छी आदतों का उपयोग सिखाने से मानसिक स्वास्थ्य एवं संस्कारों में परिवर्तन का अध्ययन करना।

परिकल्पना:

1. नवाचारिक प्रयोग द्वारा शिक्षण एवं परांपरागत तरीको से शिक्षण करने वालो में कोई सार्थक अंतर नही है।
2. अच्छी आदतों का उपयोग सिखाने से मानसिक स्वास्थ्य एवं संस्कारों के परिवर्तन में कोई सार्थक अंतर नही है।

अध्ययन का न्यादर्श– ग्रीन वैली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के 50 प्रशिक्षणार्थियों को केस स्टडी हेतु चुना गया।

शोध विधि– ग्रीन वैली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के 50 प्रशिक्षणार्थियों को अभ्यास शिक्षण द्वारा अवलोकन किया गया केस स्टडी प्रत्येक प्रशिक्षु की कि गई यह देखा गया कि नवाचारिक प्रयोग एवं परांपरिक पद्धित से पढाने में क्या परिणाम दृष्टिगोचर होते है। अभ्यास शिक्षण के दौरान बी.एड. प्रशिक्षणार्थियों द्वारा विभिन्न शालाओं में शिक्षण कार्य किया गया प्रत्येक प्रशिक्षु की कक्षाओं को अवलोकन किया गया कि उनकी द्वारा किस तरह के नवचारिक प्रयोगों का उपयोग किया जा रहा है साथ ही कौन सी अच्छी आदतों को सिखाया जा रहा है।

ऑकडों का मूल्यांकन–शोध का मूल आधार सांख्यिकीय विष्लेषण होता है आंकडों के संकलन पश्चात् चरों के मध्य संबंध स्थपित करके विश्लेषण करता है। प्रस्तुत अध्ययन में टी सांख्यिकीय का प्रयोग किया गया है।

परिकल्पना क्रमांक– 1

सारणी क्रमांक – 1

समूह	प्रतिदर्श	मध्यमान	मानक विचलन	मुक्तांश	टी स्तर	सार्थकता
शिक्षण के समय नवा–चारिक पद्धति प्रयोग करने वाले प्रशिक्षु	25	17.98	3.80	48	2.1	सार्थक अंतर
शिक्षण के समय पुरातन पद्धति प्रयोग करने वाले प्रशिक्षु	25	13.56	2.50			

उपरोक्त सारणी क्रमांक 1 से स्पष्ट है कि शिक्षण के समय नवाचारिक पद्धति प्रयोग करने वाले प्रशिक्षु एवं शिक्षण के समय पुरातन पद्धति प्रयोग करने वाले प्रशिक्षु का मध्यमान 17.98 एवं 13.56 पाया गया। शिक्षण के समय नवाचारिक पद्धति प्रयोग करने वाले प्रशिक्षु का मानक विचलन 3.80

* प्राचार्या, ग्रीन वैली कॉलेज ऑफ एजुकेशन, भोपाल (म.प्र.) भारत

तथा शिक्षण के समय पुरातन पद्धति प्रयोग करने वाले प्रशिक्षु का मानक विचलन 2.50 है अन्तर की सार्थकता के लिए निकाले गए टी अनुपात का मान 2.1 है जो 0.05 विश्वास के स्तर के लिए न्यूनतम निर्धारिक मान 1.99 से अधिक है। अत: इन दोनो समूहो में सांख्यिकी दृष्टिकोण से सार्थक अन्तर है अत: गणना के आधार पर यह कहा जा सकता है कि शिक्षण के समय नवाचारिक पद्धति प्रयोग करने वाले प्रशिक्षु अधिक है इस प्रकार उक्त परिकल्पना असत्य है एवं अस्वीकृत होती है।

परिकल्पना क्रमांक–2

सारणी क्रमांक –2

समूह	प्रतिदर्श	मध्यमान	मानक विचलन	मुक्तांश	टी स्तर	सार्थकता
शिक्षण के समय अच्छी आदतें सिखाने वाले प्रशिक्षु	25	19.6	3.54	48	3.75	सार्थक अंतर
शिक्षण के समय अच्छी आदतें नही सिखाने वाले प्रशिक्षु	25	15.54	2.02			

उपरोक्त सारणी क्रमांक 2 से स्पष्ट है कि शिक्षण के समय अच्छी आदतें सिखाने वाले प्रशिक्षु एवं शिक्षण के समय अच्छी आदतें नही सिखाने वाले प्रशिक्षु का मध्यमान 19.6 एवं 15.54 पाया गया। शिक्षण के समय अच्छी आदतें सिखाने वाले प्रशिक्षु का मानक विचलन 3.54 तथा शिक्षण के समय अच्छी आदतें नही सिखाने वाले प्रशिक्षु का मानक विचलन 2.02 है अन्तर की सार्थकता के लिए निकाले गए टी अनुपात का मान 3.75 है जो 0.05 विश्वास के स्तर के लिए न्यूनतम निर्धारिक मान 1.99 से अधिक है। अत: इन दोनो समूहो में सांख्यिकी दृष्टिकोण से सार्थक अन्तर है अत: गणना के आधार पर यह कहा जा सकता है कि शिक्षण के समय अच्ठी आदतें सिखाने से विद्यार्थियो के मानसिक स्वास्थ्यआदतों कार्यो में परिवर्तन दृष्टिगोचर होता है इस प्रकार उक्त परिकल्पना असत्य है एवं अस्वीकृत होती है।

परिणाम

नवाचार – नवाचार नई रीति नई विचारों का प्रचलन या नवप्रर्वतन है नवाचार के दो रूप होते है। समस्या समाधान नवाचार स्थापित प्रणाली में सुधार लाना उत्पन्न समस्या के निराकरण में किसी नवीन पद्धति विधि तकनीक का प्रयोग किया जाता है।

द्वितीय रूप के अंर्तगत शिक्षा के किसी उपकरण विद्यालय के शिक्षकों से विचारकों के समुदाय आदि के विचारार्थ या वाद–विवाद से किसी नवाचार की जानकारी शामिल की जाती है।

नवाचारिक प्रयोग–सी.बी.एस.ई. दिल्ली द्वारा भी कहा गया है कि विद्यार्थियो को क्रिटिकल थीकिग सिखाये सी.बी.एस.ई. ने सुझाव दिया है कि क्लासरूम एक्टिविटीज में हफते में कोई ऐसा सवाल बच्चों को दें जिसका उत्तर वें मिलकर ढूढे। सप्ताह के अंत में उन्हें सही जबाब बताया जायें ताकि जिन बच्चों के जवाब गलत थे वे इस पर चर्चा करें और समझें कि आखिर इस सवाल के जवाब तक किस तरह पहुचना था।

इसी प्रकार ग्रीन वैली कॉलेज के बी.एड. प्रशिक्षु द्वारा नवाचारिक शिक्षण के प्रयोग दौरान विद्यार्थियों को आकार के बारे में पढाना है तो कक्षा में विभिन्न तरह के आकार ढूढंकर बतायें उदा.1–ब्लैक बोर्ड की लं.चौ. बतायें ।उदा.2–यदि कक्षा में कलर करना है तो कितने पेंट के डिब्बे लगेगें इस तरह विद्यार्थी लं.चौ. क्षेत्रफल के बारे में अच्छी तरह सीखेंगें इसी तरह यदि हिन्दी में व्याकरण पढाना है तो विद्यार्थियों को जैसे डांस पेंटिग आपस में चर्चा करना आदि कार्य को करवाना और फिर पूछना कि आप यह क्या कर रहे थे विद्यार्थियों ने बताया कि क्रिया कर रहे थे तो आज हम व्याकरण में क्रिया पढेगें।

इसी तरह विज्ञान में बल चुबंकीय तत्व के बारे में पढाने हेतु कुर्सी उठाना भारी वस्तु में बल लगाना गैस के बारे में पढाना तो अगरबत्ती के धुऐ के द्वारा बताना सजीव निर्जीव वस्तुओं के बारे में बताना तो पर्ची बनाकर उनमें सजीव निर्जीव नाम लिखकर विद्यार्थीयों से पूछना कि क्या लिखा है इस तरह विभिन्न तरह के सजीव निर्जीव के बारे में विद्यार्थियों को खेल–खेल में सिखा दिया साथ ही पर्यावरण के बारे में बताने पर पोस्टर /पेंटिग आदि का आयोजन किया उदा.ओजोन लेयर के नुकसान के बारे में।

कहानी पढाते समय चार्ट पर इस प्रकार कहानी के विभिन्न भागों के चित्र बनायें फिर कहानी बनानें कहा गया।

इस प्रकार नवीन प्रयोगों का उपयोग करके पाया कि विद्यार्थी अच्छे से सीख रहे है उन्हें उक्त विषय अतिशीध्र समझ आ रहा है।

अच्छी आदतें (Best Practices) हेतु बी.एड. प्रशिक्षु को अभ्यास शिक्षण के पहले अच्छी आदतों के बारे में चर्चा की गई और उन्हें प्रेरित किया गया कि अच्छी आदतें बताने का प्रयास करें प्रतिदिन कक्षा प्रारंभ करने के पहले एक अच्छी आदत (Best Practices) को सिखाना है। जैसे–

1. योगा–प्राणयाम ध्यान
2. स्वच्छता–अपने आस–पास सफाई रखना कचरा डस्टबिन में डालना खाने के पहले शौच के बाद साबुन से हाथ धोना। स्वये की सफाई पर ध्यान देना स्वच्छ वस्त्र और स्वत: की सफाई पर भी ध्यान देना।
3. पानी व्यर्थ न बहायें –उन्हें एक नारा दिया **कि पानी बचाया जा सकता है बनाया नही जा सकता** कही भी नल चालू देखें बंद करें।
4. बिजली बचायें–बिजली घर–बाहर व्यर्थ जलते हुए देखे तो बंद करे।
5. कागज को व्यर्थ न फेके–एक तरफ खाली पेपर का भी उपयोग करें।
6. Single Use Plastic का उपयोग न करें।
7. गाडी चलाते समय मोबाइल का उपयोग न करें।
8. बुर्जुगों का सम्मान करें।
9. असहायों की मदद करें।
10. महिलाओं की इज्जत करें।
11. सोशल मीडिया /मोबाइल से दुरी पर चर्चा की गई।
12. कक्षा में आपस में समायोजन/सामंजस्य बनाना सिखाया गया।
13. परीक्षा के डर पर भी चर्चा की गई।

उक्त प्रकार से नवाचारिक पद्धति एवं अच्छी आदतें सिखाने के बाद परिणामस्वरूप में यह पाया गया कि इस तरह के प्रयासों द्वारा विद्यार्थी मन लगाकर सीख रहे है क्योकि कुछ रोचक प्रभावशाली कार्य उन्हें मिल रहा है जिससे उनकी क्षमताओं में वृद्धि हो रही है रटन्त प्रक्रिया की जगह समझने की प्रक्रिया का विकास हो रहा है अच्छी आदतों को प्रतिदिन सिखाने के कारण यह पाया गया कि कुछ अच्छी आदतें अभ्यास करवाने के कारण उनमें रोपित कर सकें है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

Skills Related Physical Fitness Variables of Tribal School Children

Ramadhar Pipladiya*

Introduction - Prevention of diseases is the main emphasis of any fitness programs which emphasized should be on health-related fitness and as these are skill-related fitness is crucial for success in sports and athletics, and it also contributes to wellness Physical fitness or defined as a physiological state of well-being that the foundation for the tasks of daily living, it also helps two protect against hypo kinetic disease, and a prepare a base for Health Physical Education, Recreation and Dance which includes non performance components of physical fitness that relate to system that are influenced by one's level of habitual physical activity. Children are the wealth of any nation as they constitute one of the important segments of the population. Children in the age group of 5-14 years are often considered as school age. United Nations Educational Scientific and Cultural Organization (UNESCO) since1972, for the purpose of statistics consider 6-11 years as primary school age and 12-17 years as secondary school age. It is recorded that in India one fifth population comprises of children between 5-14 years, the age group covering primary and secondary school age. The foundation of good health and sound mind is laid during the school age period. So it is basic milestone in the life of an individual and responsible for many changes that take place during later life.

Measurement of Skill Related physical fitness Component

Speed- 50mts dash in 1/ 10th of a sec., **Agility**- Shuttle run in 1/10th of a sec, **Dynamic Balance –** Modified based test., **Reaction time -**Nelson hand reaction test, **Power -** Standing broad jump in meters.

Statistical Analysis

1. According to objectives of the study to gathering the data Analysis of descriptive statistics were used. (Mean Standard Deviation)
2. One-way Analysis of variance (ANOVA) was applied with the help of Post Hoc Test (Schaffer test) Mean Difference (MD), Critical Difference (CD) were applied for SPSS-21 software to analyze and compare of the skill relative and among the various groups (under nutrition, normal nutrition and over nutrition) of school boys of 16 to 20 years from Govt. school of Alirajpur and Jhabua district tribal students of Madhya Pradesh the level of significant was set at 0.05

Results and finding of the study:

Descriptive statistics tables.

Findings and Results of the Study

Table 1 (see in last page)

Graph 1 (see in last page)

Graphically Representing. For Mean and Standard Deviation of speed Government School of Tribal District, Madhya Pradesh.

Table 1 shows skill related physical fitness component speed of Government School of Tribal District, Madhya Pradesh. with the help of descriptive statistics (Mean and standard deviation) of all three groups Under nutritional group, Normal nutritional group and Over nutritional group forthis study. Skill related physical fitness component of speed were **7.7007±.48477, 7.7444±82361, 7.7439±.54011.**

Table 2 (see in last page)

Graph 2 (see in last page)

Graphically Representing. For Mean and Standard Deviation of agility Government School of Tribal District, Madhya Pradesh.

Table 2 shows skill related physical fitness component speed of Government School of Tribal District, Madhya Pradesh. with the help of descriptive statistics (Mean and standard deviation) of all three groups Under nutritional group, Normal nutritional group and Over nutritional group forthis study. Skill related physical fitness component agility were **8.3769±.61823, 8.3982±.56966, 8.6084±.63073.**

Table 3 (see in last page)

Graph 3 (see in last page)

Graphically Representing. For Mean and Standard Deviation of Balance **Government School of Tribal District, Madhya Pradesh.**

Table 4 (see in last page)

Graph 4 (see in last page)

Graphically Representing. For Mean and Standard Deviation of Reaction Time **Government School of Tribal District, Madhya Pradesh.**

Table 4 shows skill related physical fitness component speed of Government School of Tribal District, Madhya

***Research Scholar, School of Physical Education, DAVV, Indore (M.P.) INDIA**

Pradesh. with the help of descriptive statistics (Mean and standard deviation) of all three groups Under nutritional group, Normal nutritional group and Over nutritional group forthis study. Skill related physical fitness component Reaction Time were **.0943±.00827, .0942 ±.00868, .0945±.00828.**

Table 5 (see in last page)

Graph 5 (see in last page)

Graphically Representing. For Mean and Standard Deviation of power Government School of Tribal District, Madhya Pradesh.

Table 6 shows skill related physical fitness component speed of Government School of Tribal District, Madhya Pradesh. with the help of descriptive statistics (Mean and standard deviation) of all three groups Under nutritional group, Normal nutritional group and Over nutritional group forthis study. Skill related physical fitness component power were**2.3859±.16492, 2.3536±.15001, 2.4829±.12170.**

Table 6 (see in last page)

Table-6 It was reveal that the calculated f- value **(.017)** was greater than the tabulated value is **3.05** (2, 177), so there was no significant difference between the skill related physical fitness variable **(Reaction time)** and all three groups Under nutritional group, Normal nutritional group and Over nutritional group forthis study of government school Children of Tribal District of Madhya Pradesh.

Table 7 (see in last page)

Table-7 It was reveal that the calculated f- value **(9.292*)** was less than the tabulated value is **3.05** (2, 177), so there was significant difference between the skill related physical fitness variable **(power)** and all three groups Under nutritional group, Normal nutritional group and Over nutritional group forthis study of government school Children of Tribal District of Madhya Pradesh

Discussion of findings - It was found to have a significant difference in all three groups under nutritional, normal nutritional and over nutritional from govt. schools of Alirajpur and Jhabua district students of Madhya Pradesh, India. in their skill related physical fitness and skill related physical fitness variables. The reason of these differences can be associated with above results this is probably due to the different nature of the physical components training and pre-requisite for students. Number of participation and level of participation. The reason may be attributed that the physically trained student or level of achievements and taken deferent types nutrition food. These results may be due to a small sample of size and other factors such as different types of body, differences in body composition. These results may be nutrition diet schedule deference. The reason may be psychological variables stress, anxiety, aggression, fear, motivation confidence, attention concentration etc. Multiple Comparisons between the skill related and skill related physical fitness variables Balance, power, flexibility, muscular strength, Abdominal muscular strength, and IQ leveland all three groups Under nutritional group, Normal nutritional group and Over nutritional group of government school Children of Tribal District of Madhya Pradesh.

Conclusions:-

According to objectives of the study the following conclusions were drawn:

1. The govt.school boys students of under nutrition, normal nutrition and over nutrition groups from Alirajpur and Jhabua district of Madhya Pradesh, all three groups showed significant mean difference in their skill related physical fitness variables namely balance and power variables.
2. To camper the skill related physical fitness variable and govt. boys students of Alrajpiuand and Jhabua, district of Madhya Pradesh. all three groups (under nutrition, normal nutrition and over nutrition) showed a significant difference theirskill related physical fitness variables of power.
3. To camper the skill related physical fitness variable and govt. boys students of Alrajpiuand and Jhabua, district of Madhya Pradesh. all three groups (under nutrition, normal nutrition and over nutrition) showed a significant difference their skill relatedphysical fitness variables of balance.

References:-

1. Agarwal, K. N., Agarwal, D. K., Upadhyaya, S. K., 1995, **Impact of chronic malnutrition on higher mental functions in Indian boys aged 10-12 years.***ActaPediatr*, 84 : 1340-1360.
2. Agarwal, D. K., Upadhayaya, S. K., Tripathi, A. M., Agarwal, K. N., 1987, **Nutritional status,physical work capacity and mental function of school children**. Scientific report 6, Nutritional Foundation of India.
3. Bnefice E, gamier, D, Diaya GN (2008). Assement of physical activity among rural Senegalese adolescent girls influence of age sexual maturation and body composition journal of adolescent health volum 28.
4. E.A. Rice, J.L. Hutchison and M. Lee; A Brief History of Physical Education (New York: Ronald Press, 1958), p. 73.
5. H. Kraus and R.P. Hirschland, “Minimal Muscular Fitness Test in School Children”, Research Quarterly 25 (1954): 177-88.
6. J.F. Kennedy, “The Soft American”, Sports Illustrated (December 1960): 15.
7. Lecturer, Physical Education Department, Malwa College of Physical Education, Bhatinda, Punjab, INDIA.
8. Philip Carter, THE COMPLETE BOOK OF INTELLIGENCE TESTS(2005). P.1-7
9. Researchonline.nd.eu
10. www.health.govt. in

Table- 1: Descriptive Statistics Mean and Standard Deviation for the all three groups Under nutritional, Normal nutritional and over nutritional Government School of Tribal District, Madhya Pradesh.
Table 1 : Speed

S.	Groups	N	Mean	Std. Deviation	Minimum	Maximum
1	Under nutritional group	70	7.7007	.48477	7.00	9.10
2	Normal nutritional group	72	7.7444	.82361	6.34	11.20
3	Over nutritional group	38	7.7439	.54011	7.05	9.10



Table- 2: Descriptive Statistics Mean and Standard Deviation for the all three groups Under nutritional, Normal nutritional and over nutritional Govt. School of Tribal District, Madhya Pradesh.
Table- 2 : Agility

S.	Groups	N	Mean	Std. Deviation	Minimum	Maximum
1	Under nutritional group	70	8.3769	.61823	7.07	10.00
2	Normal nutritional group	72	8.3982	.56966	7.10	10.10
3	Over nutritional group	38	8.6084	.63073	7.77	10.77



Table- 3: Descriptive Statistics Mean and Standard Deviation for the all three groups Under nutritional, Normal nutritional and over nutritional Govt. School of Tribal District, Madhya Pradesh.
Table- 3 : Balance

S.	Groups	N	Mean	Std. Deviation	Minimum	Maximum
1	Under nutritional group	70	86.8857	2.40496	2.40496	10.00
2	Normal nutritional group	72	88.0139	2.88997	2.88997	10.10
3	Over nutritional group	38	85.7105	4.70140	4.70140	10.77



Table- 4: Descriptive Statistics Mean and Standard Deviation for the all three groups Under nutritional, Normal nutritional and over nutritional Govt. School of Tribal District, Madhya Pradesh.
Table- 4 : Reaction Time

S.	Groups	N	Mean	Std. Deviation	Minimum	Maximum
1	Under nutritional group	70	.0943	.00827	.08	.11
2	Normal nutritional group	72	.0942	.00868	.08	.11
3	Over nutritional group	38	.0945	.00828	.08	.11



Table- 5: Descriptive Statistics Mean and Standard Deviation for the all three groups Under nutritional, Normal nutritional and over nutritional Govt. School of Tribal District, Madhya Pradesh.
Table- 5 : Power

S.	Groups	N	Mean	Std. Deviation	Minimum	Maximum
1	Under nutritional group	70	2.3859	.16492	1.40	2.67
2	Normal nutritional group	72	2.3536	.15001	2.10	2.70
3	Over nutritional group	38	2.4829	.12170	2.27	2.74



TABLE -6 Analysis Of Variance For Skill Related Component For (Reaction Time) Triable Children On The Basis of Nutrition

Source of Variance	SS	DF	MSS	Calculated F-value	Tabulated F- value
Between Groups	.000	2	.000	**.017**	**3.05**
Within Groups	.013	177	.000		

N=180 *Significant at .0.05 Level

TABLE -7 Analysis Of Variance For Skill Relatedcomponent For (Power) Triable Children On The Basis of Nutrition

Source of Variance	SS	df	MSS	Calculated F- value	Tabulated F- value
Between Groups	0422	2	.211	**9.292***	**3.05**
With in Groups	4.022	177	.023		

N=180 *Significant at .0.05 Level

****

The Significance of Teaching English Language to the Students of Hospitality and Tourism Industry

Ms. Monika Choudhary*

Abstract - Many multi-linguistic and multi ethnic countries are there in all over the world. Promoting tourism has taken a vital place in nation's economy policy. English has become a global language for communication in trade and media. This language has joined whole world in the form of a family. It plays a very vital role in the delivery of quality service in the hospitality and tourism industry. Improper knowledge of the communication skills results in miscommunication between employees and the employers which causes a big drawback of this Industry. Communication skill is an integral element in providing a high set of service. Unluckilyfocus of teaching English languageis stillvery less in hospitality and tourism industry. It needs manyaffirmative changes and up gradation in this direction for advancement of this industry's services.

Key Words - global language, Communication skills, tourism, hotel industry, employee - employer behavior, English.

Introduction - There are many career opportunitiesin Hospitality and tourism industry but most of the times they cannot be taken unless or until a person who is practicing them is a proficient and a confident user of English language. Verghese has rightly said, "It is the common means of communication between the persons of different nations."[1]English is universally accepted global language and easy to learn in comparison to other languages.Once someone becomesskillful in English language, no matter where is he working, chancesof promotion in job will be more. English language is a medium which allows to interact with people from different countries. Students studying hospitality and tourism management should give more emphasize to communication skills (Listening, speaking, reading, writing) in English language.

Oral communication has more importance than written communication but still written communication should also be given importance because all the international correspondence isdone in English language. An exam in English language is conducted to study in foreign universities or to get a study visa.

English is a language of entertainment, tourism and business etc. Today 75 percent of information is provided by newspapers, books, radio, television etc is in English only. Verghese has rightly said, "…world's knowledge is enshrined in English."[2] All the instruction manuals are in English. On internet 90 percent of the information is in English language only.

According to *Journal of Hospitality and Tourism Education,* "…possessing English language skills are seen as highly relevant to working in tourism and hospitality industry."[3]Bilingualismassists to outshine the opportunities in these sectors. Tourism and hospitality industry's supply and demand departments need effective communication skills in order to supply quality service. That's why communication skills should be given more importance.

Some obstacles in teaching and learning English language to the hospitality and tourism management students:-

1. Communication skills is not considered as an important part of academic education by the students and do not realize a need to improve their communication skills.
2. English is taught to the students but special attention is not given to spoken partwhichleads to separation of learning and use.
3. Those students who are good in written English language and grammar also do not have assurance in speaking English language owing to not getting any chance to use their communication skills that's why they be hesitant in using English in front of others.
4. The students do not get propermotivation to improve their English language.
5. In many private institutions of hospitality and tourism management English subject has been allotted very less time. Only one or two semesters have this subject. That's why students do not be able of learning proper English.
6. In India English is a second language and while speaking English mother tongue interference take a major role
7. The students who try to speak in English and speak wrong English, are mocked by other students and sometimes by teachers also, so the students who are not good at English hesitate and do not even try to

***Research Scholar, JRNVU, Udaipur (Raj.) INDIA**

speak in English.

Some ways to defeat the difficulties of improving English language skills:

1. It is advised to start specialEnglish spoken courses for the students of hospitality and tourism management in the institutions. The course should be comprehensive and interrelated to the respective managements so that the students also take interest.
2. Interaction in the classroom should also be restricted in English language only. The students must useEnglish language as much as possible, so they can get aplace to use their communication skills with teachers and other students.
3. Students should be motivated to use English language because it not only improves one's skill but also makes one a confident speaker.
4. "Council on Hotel, Restaurant and Institutional Education" also opines about English language advantages, "…other anticipated advantages were to get exposure to western thinking, industry and an appealing life style." [4]
5. Students must be motivated to increase vocabulary in English. They should try to use the vocabulary in day to day life and at work place also to improve the English language.
6. Spoken part should be emphasized more than written English language and grammar.
7. Reading improves the speaking skills to a great extent. Newspaper, Journal and magazines in English language should be provided to the students by the institutions itself.
8. Role plays and literary activities should also be organized to improve the language.
9. Competitions like debate, extempore, poem writing and recitation, slogan writing, essay writing on topics of hospitality and tourism sector should be organized by the English teachers to arise interest in the students towards English language.
10. Renowned hotel managers of international hotels, experts from industry and managers of tourist agencies should be welcomed to the institution and their boosting speech on the importance of English in the industry should be held by the English professors.

As mentioned in the *Current Issues in Hospitality and Tourisms*, -"Ability of foreign language use could be linked to likes and dislikes towards the language." [5]By implementing these ways a teacher can create interest in the students for English language.

References :-

1. C. Paul Verghese, *English as a Second Language*, (New Delhi: Sterling Publishers Private Limited, 2007), p. 01.
2. C. Paul Verghese, p.02.
3. *Journal of Hospitality and Tourism Education*, (Council on Hotel, Restaurant and Institutional Education, 2008), Vol. 20-21, p 35.
4. *Journal of Hospitality and Tourism Education*, p. 35.
5. A. Zainal, S. M. Radzi, R. Hashim and C.T. Chik eds. *Current Issues in Hospitality and Tourism: Research and Innovations*, (London: Taylor and Frances Group, 2012), p. 637.

✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻✻

अवनद्ध वाद्य तबले का विकास

डॉ. प्रवीण कुमार शर्मा *

प्रस्तावना – वर्तमान युग में 'तबला' शब्द, हिन्दुस्तानी संगीत में दो ऊर्ध्वमुखी वाद्यों की जोड़ी के रूप में दोनों हाथों की उँगलियों व हथेलियों के आघात से बजाए जाने वाले एक उन्नत अवनद्ध वाद्य या कभी-कभी उसके दाहिने भाग के लिये व्यवहार किया जाता है।

उत्तर भारत में साधारणत: ऐसा जनप्रवाद है कि मध्ययुग में मृदंग अर्थात् पखावज को बीच से काट कर दो हिस्सों में ऊर्ध्वमुखी स्थिति में रखकर बजाने से तबला वाद्य की उत्पत्ति हुई है। इस तरह पखावज दो भागों में बँट कर भी नए वाद्य के रूप में बजाया जाना सम्भव हुआ। अर्थात् पखावज दो भागों में बँट कर भी नए वाद्य के रूप में बोला। अतएव 'तब भी बोला' शब्दों का अपभ्रंश होकर तब (भी) + बोला = तबबोला तब्बोला तबोला तबला शब्द की व्युत्पत्ति हुई है। इस परिकल्पना के अनुसार यह हिन्दी भाषा का देशज शब्द सिद्ध होता है।

यह ऐतिहासिक तथ्य है कि तबला वाद्य की वादन प्रक्रिया के विकास में मध्ययुग के अनेक पखावज वादकों का बहुत योगदान रहा है। तबला वाद्य के आविष्कारक के रूप में समझे जाने वाले सुधार खाँ ढाढ़ी को भी लोग मूलत: पखावजी ही मानते हैं। इसके अतिरिक्त तबले के पंजाब बाज की शाखा का प्रारम्भ भी लगभग अठारहवीं शताब्दी में भवानी दास पखावजी के शिष्य फ़कीर मुहम्मद द्वारा माना जाता है। सुप्रसिद्ध पखावज वादक कुदऊसिंह ने अवध के तत्कालीन शासक वाजिद अली शाह के लगनऊ दरबार में आबिद अली ढाढ़ी तबलिए के संदर्भ में तबला वादकों को पखावज वादकों का 'गुलाम व सिख्याकार (शिष्य)' कहा था।

तबला वादन प्रक्रिया के विकास में पखावज वादकों का विशेष योगदान होने पर भी पखावज को दो भागों में विभक्त करके तबला वाद्योत्पत्ति और 'तबबोला' से 'तबला' शब्द की व्युत्पत्ति का तर्कसंगत वैज्ञानिक समाधान नहीं होता। क्योंकि बनावट की दृष्टि से पखावज को दो भागों में काट देने पर उसका प्रत्येक भाग, विदेशी अवनद्ध वाद्य 'बांगो' के दोनों भागों की भाँति नीचे से खुला होना चाहिए, जबकि वस्तुत: तबला वाद्य के पूर्वरूप 'तब्बोला' या 'तबोला' नाम के किसी अवनद्ध वाद्य का किसी भी संदर्भ में कहीं कोई उल्लेख नहीं मिलता। बल्कि उसके स्थान पर 'तब्ल' या 'तबल' शब्दों का उल्लेख मध्यकालीन संस्कृत, फारसी, हिन्दी, असमिया और उर्दू साहित्य में अवश्य मिलता है। अतएव इन आधारों पर पखावज को दो भागों में काट कर तबले की उत्पत्ति और 'तब (भी) बोला' शब्दों से 'तबला' शब्द की व्युत्पत्ति एक काल्पनिक किंवदंती मात्र सिद्ध होती है। उल्लेखनीय है कि आज के सुप्रसिद्ध तबलावादक पं. किशन महाराज भी पखावज (मृदंग) को काट कर दो भाग करने से तबला वाद्योत्पत्ति की धारणा को असंगत मानते हैं।

मध्य एशिया में, दजला और फ़रात नदियों के मैदानी भाग में स्थित मेसोपोटेमिया (वर्तमान ईराक) की प्राचीन सुमेरियन, बैबिलोनियन, असीरियन इत्यादि सम्यताओं के साहित्य में 'बलग' और अक्कादियन साहित्य में उसके पर्याय (बलग्गू) नाम के एक महत्वपूर्ण अवनद्ध वाद्य का उल्लेख मिलता है, जो कि लगभग दो हजार वर्ष ईसा पूर्व के प्राचीन युग में 'इया' अथवा 'इन-की' नामक देवता के मंदिर में विशेष अवसरों पर बजाया जाता था।

'बलग' या 'बलग्गू' शब्दों का पहला अंश 'बल' क्रियापद है, जिसका अर्थ 'प्रहार करना या पीटना' होता है। अत: बहुत सम्भव है कि प्रहार से या पीटकर बजाए जाने के कारण, उस अवनद्ध वाद्य का नाम 'बलग' या 'बलग्गू' पड़ा होगा। संस्कृत भाषा में 'बल' का अर्थ 'शक्ति' होता है, जो कि प्रहार या पीटने की क्रिया के लिए अनिवार्य है। अत: इस दृष्टि से 'बलग' शब्द के अन्य अर्थ हर्ष, आनंदपूर्ण कोलाहल ध्वनि, चिल्लाना, गुर्राना या गर्जना है।

इससे श्री अरिवन्द मुलगाँवकर ने अपने ग्रंथ 'तबला' में उच्चार व अर्थसाम्य के आधार पर 'बलग' शब्द के प्रथम और 'तबल' शब्द के अंतिम अंश 'बल' क्रियापद अथवा 'बलाग' शब्द के प्रथम और 'तबला' के अंतिम अंश 'बला' क्रियापद को शब्द विकास की मूल कड़ी मानते हुए, 'बल' से 'तबल' या 'बला' से 'तबला' शब्द के व्युत्पत्ति की संभावना अभिव्यक्त की है। श्री मुलगाँवकर की यह परिकल्पना ध्वनि के उच्चारण और अर्थसाम्य पर आधारित होने पर भी, उसमें भाषा वैज्ञानिक दृष्टि से 'बल' या 'बला' क्रियापद के पूर्व 'त' उपसर्ग के योग व अर्थ विकास का कोई निश्चित और प्रामाणिक आधार नहीं मिलता। अत: 'बल' या 'बला' से 'तबल' या 'तबला' शब्द की व्युत्पत्ति होने की संभावना संदेहास्पद प्रतीत होती है।

ईरान (फारस) में तब्ल बलदी, तुर्की, तब्ल जंग, तब्ल, सामी, तब्ल मिगरी, तब्ल अल-मरक़ब, तब्ल अलगाविग या तब्ल अल साविस और तब्लो अलम नामक अनेक अवनद्ध वाद्य प्रचलित हैं, जो ऊर्ध्वमुखी रूप में बजाए जाते हैं।

अतएव अनेक विद्धान 'तबला' शब्द की व्युत्पत्ति फ़ारसी भाषा का न होकर अरबी भाषा का शब्द है और यह शब्द अरबी भाषा से फ़ारसी भाषा में आकर प्रचलित हुआ।

एक किंवदंती के अनुसार अरबी संगीत परंपरा के सुप्रसिद्ध व्यक्ति 'लमक' के पुत्र 'टुबल (तुबल)' ने 'तब्ल' वाद्य का आविष्कार किया। अत: उससे सम्बद्ध होने के कारण इस अवनद्ध वाद्य का नाम 'तब्ल' पड़ा। अनबी 'तब्ल' के विषय में अरबी संगीत के सुप्रसिद्ध विद्धान डॉ. हेनरी जॉर्ज फार्मर का कथन है कि बैबिलोनियन-असीरियन अवनद्य वाद्य 'तब्बुल' की तुलना अरमेक-हिब्रू 'तिबेला' और अरबी 'तब्ल' से की जा सकती है। अत: इन शब्दों में पारस्परिक सम्बंध और उनसे अरबी 'तब्ल' शब्द के विकास की

*अतिथि विद्वान (संगीत) शासकीय टी. आर. एस. महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.) भारत

संभावना हो सकती है।

कोलंबिया यूनिवर्सिटी में ओरियंटल डिपार्टमेंट के भूतपूर्व अध्यक्ष डॉ. जेफ्रे के मतानुसार 'तब्ल' या 'तबुल्' शब्द वस्तुत: अरबी मूल का शब्द न होकर लैटिन 'टेबुल' (Tabula) शब्द से लिया गया है। इस प्रकार अरबी भाषा के 'तब्ल' शब्द का विकास भी मूलत: लैटिन शब्द 'टेबुल' (Tabula) शब्द से हुआ है, जिसका अर्थ चिकना चौरस व समतल होता है।

इस विषय में एक विशेष तथ्य यह है कि अधिकतर यूरोपीय भाषाओं के विकास का सम्बंध लैटिन भाषा से रहा है। अत: अंग्रेजी, फ्रेंच, जर्मन, इटैलियन तथा स्पैनिश इत्यादि भाषाओं में चौरस, चिकने, समतल या लकड़ी की चौरस, समतल मेज के अर्थ में इस्तेमाल होने वाले 'टेबल' (Table) शब्द या उसके विभिन्न शब्द रूपों के मूल विकास का सम्बंध भी लैटिन भाषा के 'टेबुल' (Tabula) शब्द से है। इसीलिए यूरोपीय भाषाओं में 'टेबल' (Table) या उससे ध्वनिसाम्य वाले समानार्थी शब्द प्राय: ऊर्ध्वमुखी समतल वस्तुओं के लिए इस्तेमाल किए जाते हैं।

मलिक मुहम्मद जायसी कृत 'पद्मावत' महाकाव्य के उल्लेखों से ज्ञात होता है कि उस समय, अर्थात् सोलहवीं शताब्दी तक धौंसा या नक़्क़ारानगाड़ा जैसे एक वृहद् ऊर्ध्वमुखी अवनद्ध वाद्य को लोकभाषा में 'तबल' कहा जाता था, जो कि प्राय: युद्ध के अवसर पर बजाया जाता था। चूँकि 'तबल' शब्द, अरबी 'तब्ल' शब्द का ही अपभ्रंश है। अत: वाचनाचार्य सुधाकलश, गुरु नानकदेव और मलिक मुहम्मद जायसी के उल्लेखों के आधार पर ज्ञात होता है कि प्राय: चौदहवीं शताब्दी से लेकर सोलहवीं शताब्दी तक युद्ध में मुस्लिम वादकों द्वारा बजाए जाने वाले दुंदुभि, धौंसा या नगाड़ा जैसे एक अनुन्नत, ऊर्ध्वमुखी अवनद्ध वाद्य के लिए 'तब्ल' या 'तबल' शब्द का इस्तेमाल होता रहा। आगे चलकर लगभग सत्रहवीं शताब्दी से उत्तर भारत के कलात्मक संगीत में दो हिस्सों की जोड़ी के रूप में हाथों से बजाए जाने वाले एक सुप्रसिद्ध उन्नत अवनद्ध, ऊर्ध्वमुखी अवनद्ध वाद्य का नाम 'तबला' मिलता है। आज भी उर्दू भाषा में बड़े नगाड़े के अर्थ में 'तब्ल' और तबला नामक वाद्य के अर्थ में 'तब्ल: (तब्ला)' शब्द व्यवहार किया जाता है। 'तबला' शब्द, मूलत: अरबी शब्द 'तब्ल' से विकसित 'तब्ल: = तब्लह्' शब्द का अपभ्रंश रूप है, जो कि भारतीय भाषाओं में प्रचलित है।

अतएव ऐतिहासिक दृष्टि से विचार करने पर विदित होता है कि भारत में ऊर्ध्वमुखी अवनद्ध वाद्य के अर्थ में 'तब्ल' व 'तबल' शब्द लगभग छह सात सौ वर्षों से प्रचलित हैं। प्रारंभ में ये शब्द युद्ध या उत्सव के अवसर पर एकत्रित विशाल जनसमूह को प्रभावित करने के लिए बजाए जाने वाले धौंसा या नगाड़ा जैसे अविकसित ऊर्ध्वमुखी अवनद्ध वाद्यों के लिए इस्तेमाल किए जाते थे। परंतु बाद में मनोरंजन प्रधान देशी संगीत की कलात्मक विधाओं के साथ दो नगों की जोड़ी के रूप में हाथों से बजाए जाने वाले एक विशेष अवनद्ध वाद्य के लिए 'तबला' शब्द का प्रयोग किया जाने लगा। आज भी यह शब्द इसी अर्थ में प्रचलित है।

उत्तर भारत कलात्मक संगीत में जोड़ी के रूप में बजाए जाने वाले एक विशेष अवनद्ध वाद्य के अर्थ में 'तबला' शब्द का प्रयोग अभी तक प्राप्त उल्लेखों के अनुसार लगभग सत्रहवीं अठारहवीं शताब्दी से मिलता है और आज भी इसी अर्थ में प्रचलित है। अतएव इस आधार पर यह कहा जा सकता है कि भारत में 'तबला' शब्द अपने वर्तमान अर्थ में प्राय: ढाई–तीन सौ वर्षों से प्रचलित है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. संगीत समयसार,
2. ताल प्रकाश
3. The History of Musical Instrument

****

जल का उपयोग एवं माँग: रीवा जिले के संदर्भ में एक भौगोलिक अध्ययन

डॉ. भास्कर प्रसाद तिवारी *

प्रस्तावना – भारत वर्ष का हृदयस्थल मध्यप्रदेश के उत्तरी पूर्वी किनारे में 24°18' से 25°12' उत्तरी अक्षांश एवं 810 2१ पूर्वी देशान्तर से 82°20' पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। रीवा जिले का नामकरण नर्मदा नदी के प्राचीन नाम 'रेवा' पर आधारित है। रीवा जनपद का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 6287.5 वर्ग किमी0 है, प्रशासकीय दृष्टि से इस जिले में 11 तहसील एवं 9 विकासखण्ड है।

राजनीतिक सीमांकन :– रीवा जिले के उत्तरी सीमा में उत्तर प्रदेश का इलाहाबाद एवं बॉदा जिले, दक्षिण में मध्यप्रदेश का सीधी जिला तथा पूर्व में उत्तर प्रदेश का मिर्जापुर जिला एवं पश्चिम में मध्यप्रदेश राज्य का सतना जिला सीमा निर्धारित करते हैं।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि :– सफेद शेरों की जननी के नाम से विश्व प्रसिद्ध रीवा जिला प्राचीन रीवा रियासत की राजधानी तथा वर्तमान में रीवा संभाग का संभागीय मुख्यालय है। ईसा पूर्व एवं दूसरी एवं तीसरी शताब्दी में यह क्षेत्र मौर्य शासकों के आधीन रहा। इस क्षेत्र में कई राजवंशों ने शासन किये जिसमें कल्चुरी, परिहार, राजपूत, एवं बघेल प्रमुख रहे। स्वतंत्रता के पूर्व रीवा बघेल के अधीन रहा। स्वतंत्रता के बाद रीवा रियासत म0प्र0शासन को सौप दी गयी और एक जिला के रूप में तब्दील हो गया।

जल का उपयोग :– जल एक अमूल्य संसाधन है जिसके बिना वनस्पति, जीव एवं वातावरण की कई क्रियाएँ संभव नहीं हैं। मानव का इतिहास जल प्राप्ति एवं अप्राप्ति पर निर्भर करता है। मानव की मूलभूत आवश्यकताओं में वायु के पश्चात जल द्वितीय अनिवार्यता है। जिसका उपयोग विविध रूपों में किया जाता है। जल का घरेलू उपयोग मुख्यत: पीने, नहाने, खाना बनाने, कपड़ा धोने, सिंचाई, पशुपालन, उद्योग आदि कार्यो में किया जाता है। अध्ययन क्षेत्र में दैनिक उपयोग में अपनाने वाला जल कुआ, तालाब, ट्यूवबेल, नहर एवं नदियों में पूर्ति होती है।

अध्ययन क्षेत्र में प्रति व्यक्ति प्रतिदिन ग्रामीण क्षेत्रों में 55ली0 एवं नगरीय क्षेत्रों में 70 से 135 ली0 प्रति व्यक्ति प्रतिदिन उपभोग का आधार मानकर गणना की गयी है।

सारणी क्रमांक–1.1 : रीवा जिले में जल की वार्षिक मांग घरेलू उपभोग के लिए वर्ष 2012 (मि0ली0)

क्रं.	तहसील	ग्रामीण क्षेत्रो में	नगरीय क्षेत्रों में	कुल उपयोग
1	हुजूर	4084.45	4929.33	9013.78
2	गुढ़	1917.30	317.96	2235.26
3	सिरमौर	8125.03	1128.87	9253.90
4	सेमरिया	4025.02	303.02	4328.04
5	त्योंथर	7405.40	622.19	7467.59
6	जवा	3540.03	415.2	3955.23
7	नईगढ़ी	2540.3	310.2	2850.23
8	रायपुर कर्चु0	2335.66	214.03	2549.69
9	हनुमना	3827.98	380.02	4207.98
10	मउगंज	5294.66	811.36	6106.02
11	मनगवां	3047.32	613.2	3660.52
	योग–	–	–	55627.88

स्रोत–कार्यालय अभियंता– लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी रीवा

शहरी क्षेत्रों में जल आपूर्ति विभिन्न संस्थाओं यथा नगर–निगम, नगर पालिका, लोक स्वास्थ्य अभियॉत्रिकीय, नलकूप विभाग एवं अन्य निजी क्षेत्रों से होती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्रों में निजी कुएं, सरकारी एवं निजी नलकूप एवं अन्य संस्थाओं द्वारा की जाती है। अध्ययन क्षेत्र में सकल जल भाग 55627.88.मी.ली. है। कुल मॉग का 85% सतही एवं शेष भाग भूमिगत जल से होती है। जनसंख्या वृद्धि के साथ जल की माँग भी बढ़ती जाती है।

सिंचाई के रूप में :–आधुनिक युग में कृषि के विकास में सिंचाई के साधनों का महत्वपूर्ण योगदान है। जिले में विभिन्न सिंचाई क्षमता लगभग 87600हे0 है। प्रति हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के लिए जल की 0.008 मि0 क्यू0मी0 जल की आवश्यकता होती है। आधार मानकर गणना की गई है।

सारणी क्रमांक–1.2

रीवा जिले में विभिन्न स्रोत्रों से सिंचित क्षेत्र एवं जल की वार्षिक खपत

क्रं.	विवरण	2000	2002	प्रतिशत	जल की खपत मि0क्यू0मी0
1	नहर	12000	17800	17.52	122.46
2	नलकूप	19550	21850	27.34	191.60
3	कुआ	27950	27950	30.34	215.60
4	तालाब	3370	3370	3.38	27.20
5	नदी नाले	18100	18100	20.49	143.60
6	योग	**67925**	**89070**	**100.00**	**700.46**

स्रोत– कार्या0 उपसंचालक, कृषि विभाग रीवा (म0प्र0)

उपरोक्त सारणी से स्पष्ट है कि कुल सिंचित क्षेत्र का सर्वाधिक सिंचाई नलकूप से 27.34% एवं सबसे कम सिंचाई तालाबों से 3.88% होती है। जबकि अध्ययन क्षेत्र में समस्त सोत्रों से सिंचाई में उपयुक्त जल 700.46 मी0 क्यू0मी0 है। जो सारणी क्रं0–1.2 से स्पष्ट है।

* अतिथि विद्वान (भूगोल) शासकीय महाविद्यालय, सेमरिया, रीवा (म.प्र.) भारत

पशुपालन में जल का उपयोग :– रीवा जिले में समस्त प्रकार के पशुधन की संख्या 1113436 है। क्षेत्रीय अर्थव्यवस्था एवं कृषि के सहायक उद्यम के रूप में पशुपालन किया जाता है। अत: दुग्ध उत्पादन, भारवाहन, मॉस, रोमे, खाल के लिए पशुओं का विशेष महत्व है। पशुधन के लिए प्रतिदिन प्रति पशुधन भैस वंशीय पशुओं के लिए 155ली0 एवं गोवंशीय पशुधन के लिए 135 ली0, बकरे वकरियों के लिए 8 ली0, घोड़े, टट्टू , ऊँट, खच्चर आदि के लिए प्रतिदिन 45 ली0 मान कर गणना की गई है। इस प्रकार अध्ययन क्षेत्र में प्रतिवर्ष जल की वार्षिक खपत 5145470 मि0ली0 है। जो कुआ, तालाब, नहर, नदी नाले आदि से पूर्ण होती है।

सारणी क्रमांक–1.3 : रीवा जिले में पशुधन के लिए जल की वार्षिक खपत 2001

क्रं.	विवरण	पशुधन	खपत
1	गौवंशीय पशु	835742	411811.00
2	भैस वंशीय पशु	166334	94103.00
3	बकरे–बकरियॉ	169687	4954.00
4	घोड़े, टट्टू, खच्चर	22403	3679.00
5	अन्य पशुधन	14306	514547.00

अन्य जल कृषि :–तालाबों में मत्स्य पालन के अतिरिक्त जलज कृषि का प्रचलन है । जलज कृषि के अन्तर्गत सिंघाड़ा, मखाना, की कृषि की जाती है। जबकि तालाबों की मेढ़ में पान की खेती की जाती है। सिंघाड़ा, पान, मखाना आदि के लिए जल की आवश्यकता होती है। जिसकी आपूर्ति तालाबों, नदी–नालों से की जाती है।

उद्योग में जल का उपयोग :– रीवा जिले में बढ़ते हुए औद्योगीकरण के साथ स्वच्छ जल का महत्व भी दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। जिले में विद्यमान प्राय: समस्त उद्योग यथा सीमेंट उद्योग, कत्था निर्माण उद्योग, टमस फैक्टरी, ईट निर्माण, मोटर साइकिल सर्विस सेन्टर, डेयरी उद्योग आदि के लिए बड़ी मात्रा में जल की आवश्यकता होती है। इन संसाधनों के जल की आपूर्ति हेतु कई महत्वपूर्ण जलाशयों, नहर–नदियों एवं अन्य साधनों से की जाती है।

जल शक्ति के रूप में उपयोग :– जल ऊर्जा का स्थायी स्त्रोत है। जैसा कि ज्ञात है कि यदि 12 घनफिट जल को प्रति सेकेण्ड की गति से मात्र एक फुट उचाई से गिराया जाय तो उससे एक किलोवाट ऊर्जा उत्पन्न होगी।1 जिले में कई नदियाँ हैं जिस पर जलाशयों के निर्माण से इन संभावनाओं को सकार किया है। जिले में सिरमौर तहसील में टोन्स जल विद्युत परियोजना 1991 से संचालित है। 'इस विद्युत गृह से 108 मेगावाट विद्युत का उत्पादन किया जाता है।' विद्युत ऊर्जा उत्पन्न करने के लिए कुल जल की खपत 1414.8 टन प्रति घंटा है। इस प्रकार मात्र 108 मेगावाट विद्युत ऊर्जा तैयार करने में प्रति घंटा 369.36 टन जल की आवश्यकता होती है। इतना ही नहीं अपितु इस वाष्प को ठन्डा करने के लिए 100 गुना जल की आवश्यकता होती है। अर्थात् 369.36 टन जल वाष्प को ठण्डा करने के लिए 36936 टन जल की खपत प्रतिघंटे हैं। अत: इस विद्युत गृह केन्द्र में 37305.36 टन की प्रतिघंटे की खपत है।

संदर्भ ग्रंथ सूची:–

1. बी0एस0नेगी, संसाधन भूगोल केदारनाथ रामनाथ मेरठ, दिल्ली पृ0 128
2. Highsnlth. R.M. and Jan. Son. J.G. Gto of Ecomodify Production J.B. Lippicatl. Co. Chicogo 1958 PP. 272
3. गौतम शिवानन्द – बाघेलखण्ड पठार के संसाधनों का मूल्यांकन एवं क्षेत्रीय नियोजन, अप्रकाशित शोध प्रबंध अ0प्र0वि0वि0 रीवा, 1990
4. जिला सांख्यिकी पुस्तिका जिला रीवा 2001
5. कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियॉत्रिकीय, रीवा।

****

ग्रामीण जीवन के विविध आयाम

डॉ. आर. एस.वाटे *

प्रस्तावना – इस संसार में सबसे पहले–पहल सिर्फ प्रकृति का ही अस्तित्व था, जब से जीव–जंतु निर्मित हुए, प्रकृति ही उनकी आश्रय स्थल बनी, आज भी हम देखते हैं कि कई पशु–प्राणी वनों का आश्रय लेकर अपना उदर–निर्वाह करते हैं, इस प्रकार की स्थिति पहले सभी प्राणियों की थी, लेकिन इनमें से मनुष्य प्राणी अलग होने के कारण उसने प्रकृति को संस्कार दिया अर्थात् उसने विश्राम के लिए लकड़ियों की कुटी बनाई, वह कुटियों में रहने लगा, इस प्रकार के विश्राम स्थल जगह–जगह पर निर्मित हुए और मनुष्य अपना उदर–निर्वाह करने लगा। मनुष्य ने जहाँ कुटिया बनवाई थी उसके आस–पास वह खेती करने लगा। इस प्रकार की स्थिति में परिवर्तन हुआ और अनेक स्थानों में गाँवों की निर्मिति हो गई, यही मूल रूप आज के गॉवों का है।

मुंशी प्रेमचंद का मानना है कि – दब्बूपन भारतीय किसान के व्यक्तित्व का स्वाभाविक गुण नही है, बल्कि समकालीन समाज व्यवस्था के लम्बे अनुभव से किसान इसी निष्कर्ष पर पहुंचता है कि उनकी कुशलता दबे रहने से ही है। वास्तव में सम्पूर्ण समाज व्यवस्था किसान के साहस का संगठित रूप में विरोधाभासी है। इस विरोध से किसान का साहस दब जाता है लेकिन साहस की यह ज्योति बुझते हुए दीपक के समान होती है। किसान की यथार्थ की समझ इसे यही कहती है कि उसके जीवन में बहादुरी के लिए कोई स्थान नहीं है।

किसानों की विद्यमान चेतना तो असमानता की परम्परागत संस्कृति को वैध मानती है। अपनी बदहाली की जिम्मेदारी अपने भाग्य पर डालकर संतोष कर लेती है। इस तरह अपने शोषको को दुश्मन के रूप में नहीं पहचान पाती। प्रेमचंद के कहानी का पात्र 'होरी' इसलिए विद्रोह नहीं करता कि उसे अपना शोषण अन्यायपूर्ण नहीं लगता, उसे वह वैध मानता है। शोषण की अवैधता पर बल देने के लिए राष्ट्रीय और जनतांत्रिक चेतना की जरूरत पड़ती है।

प्रेमचन्द ने समकालीन किसान की जो समवेत प्रतिमा खड़ी की है उसमें किसान इसी कारण विद्रोही नहीं। किसान चेतना में परिवर्तन की आवश्यकता पर बल देने के लिए उसके इस 'मानसिक पिछड़ेपन' को उभारकर सामने रखा गया है। इस तरह उन्होंने यह दिखाया है कि परिवर्तन की शुरुआत कहाँ से की जा सकती है। उन्होंने जिस परिवर्तनशील रूप मे ग्रामीण जीवन को उपस्थित किया है उससे यह भी लगता है कि यह ग्रामीण जीवन की तस्वीर तो है लेकिन शाश्वत तस्वीर नहीं है। ग्रामीण जीवन में पीड़ा सहने की जितनी शक्ति है वह पीड़ा को दूर करने के संगठित संघर्ष में भी लग सकती है। अभी समानता का प्रचार ग्रामीणों में होना अभी बाकी है। और इसके प्रचार से भारतीय ग्रामीण जीवन के व्यक्तित्व में परिवर्तन होगा।

समकालीनता के संदर्भ में डॉ0 जूही शुक्ला ने प्रो0 राजेन्द्र कुमार के व्याख्यान का उद्धरण करते हुए यह मानती हैं कि – 'समकालीनता संवाद के मौके प्रदान करती है। रचनाकारों का आपस में सम्बन्ध स्थापित करती है। सूरदास और तानसेन का संबंध आगे पीछे का है, लेकिन भीमसेन जोशी और हुसैन एक ही मंच पर जुगलबंदी प्रस्तुत करते हैं वे एक साथ ही एक ही क्षण में गा रहे हैं और ब्रश चला रहे हैं। यह रिश्ता समकालीनता का उद्घाटन है जबकि मध्यकाल में ऐसा संभव नहीं था।'

काल के स्तर पर सूरदास और तानसेन में समकालीनता थी परन्तु एक दरबार के बाहर का था और दूसरा दरबार के भीतर का। उनमें अन्तर था। वे एक मंच पर एक साथ नहीं जा सकते थे। परन्तु हुसैन या जोशी एक मंच पर एक साथ होने से इन्कार नहीं कर सकते। यह रिश्ता समकालीनता का है।

कहना न होगा कि 'साहित्य समाज का दर्पण है' यह कहावत जितनी प्राचीन है उससे कहीं अधिक सत्य है। हर सहित्य में अपने समय की परछाई ही नहीं होती बल्कि समय स्वयं को जीता भी है। रचनाकार अपनी रचनाओं में अपना भोगा हुआ यथार्थ, अपनी कल्पनाएँ ही नहीं अपना अतियथार्थ भी प्रस्तुत करता है। समकालीनता से तात्पर्य है अपने समय का। परन्तु यदि कोई आज के समय में मध्यकालीन जीवन मूल्यों को जीता है तो उसको हम वैचारिक रूप से समसामयिक कदापि नहीं मान सकते।

संवेदनाएँ हर युग में होती हैं। यदि इंसान है तो संवेदनाएँ रहेंगी। यह अलग बात है कि आज के युग को या जिस युग में हम जी रहे हैं उसे संवेदना शून्य या कठोर युग कह सकते हैं। मानव संवेदनाओं का सीधा संबंध मशीनों के साथ हो रहा है मसलन अपने बच्चे को डिलीवरी तक कैमरे में प्रसूता देख पा रही है। या फिर भावनाओं का आदान–प्रदान इलेक्ट्रानिक मशीनों पर तेजी से हो रहा है। लेकिन इस दौरान एक दूसरे की नि:स्वार्थ मदद करना या मानवीय जीवन मूल्यों का सर्वथा अभाव दिखता है। आज के समय की सबसे बड़ी विडंबना और चुनौती है, मानव का मशीन का गुलाम होना। इस संदर्भ में कल्लोल चक्रवर्ती का यह कथन उल्लेखनीय है कि – 'पृथ्वी में मानव विकास जिस हद तक सम्भव हुआ है, वह मनुष्य के ही पुरुषार्थ से हुआ है। मनुष्य ने पत्थरों में प्राण फूँके, असमान में चिड़ियों की तरह उड़ाने भरीं, समुद्र के नीचे की दुनिया को खंगाल डाला। और तो और क्लोनिंग जीनोम डिकोडिंग के जरिये वह ईश्वर के क्रिया कलापों में भी सेंध लगा चुका है। लेकिन सबसे पहले वह कभी अपने ही विकास का बंधक नहीं बना था, जिस तरह आज है।'

गैर तलब है कि इस तरह की घटनाओं की बयानी भी आज के साहित्य का मुख्य विषय बन चुकी है। स्त्री शोषण एवं दलित शोषण से उपजी संवेदनाएँ किसी न किसी रूप में हिन्दी साहित्य के साहित्यकारों का प्रिय विषय प्रारम्भ से ही रही हैं। बीसवी शताब्दी के उत्तरार्द्ध से लेकर आज तक किसी न किसी

* सहायक प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय महाविद्यालय, जैतहरी, जिला–अनूपपुर (म.प्र.) भारत

रूप में स्त्री अधिकारों की बात, जाति, धर्म, भेद, राजनैतिक दंगे आदि से जुड़ी संवेदनाओं को साहित्य में प्रस्तुत किया जाता रहा है। परन्तु वर्तमान का सबसे बड़ा खतरा अपनों का अपनों से दूर हो जाना और बच्चों का समय से पूर्व बूढ़ा होना है।

साहित्य ने इन खतरों को जब पहचाना होगा, तभी सहित्य की प्रमुख चिन्ता दुनिया भर की कोमलता बचा लेने की है। यह बात अलग है कि अब कविता के बच्चे, पेड़, माँ, पिता, गाँव आदि मूल संवेदना प्राय: नहीं रहे, बल्कि ज्यादातर मुहावरे या फैशन में बदल गये हैं। मूल पर नकल बड़ी जल्दी हावी हो जाती है। अच्छादन की प्रक्रिया के जारी रहते हुए भी एक उम्मीद मनुष्य नहीं छोड़ता कि संभव है कहीं न कहीं यह संवेदन मूल में भी बचा हो।

कोई भी साहित्य अपने समय की अवज्ञा नहीं कर सकता। साहित्य के सामने तो सबसे बुनियादी जिम्मेदारी रहती है कि वह इस बात पर गौर करे कि हमारे समय में मनुष्य किस हाल में है और जिस हाल में है, उस हाल में क्यों है? मनुष्य में अनेक परिवर्तन हुए। सामाजिक प्राणी होने से लेकर टेक्नोलॉजिकल प्राणी और फिर साइबर प्राणी बना। इतनी परिभाषाओं में उसे घेरा गया। यह मनुष्य है कि हर परिभाषा को छोटा करता जाता है और आगे बढ़ता जाता है। कई असम्भव सम्भव हो गये। अब किसी असम्भव का सम्भव बनना विस्मय का विषय नहीं बनता, बल्कि सूचना मात्र बनकर सामने आता है।

प्रो0 राजेन्द्र कुमार का मानना है कि किसी भी काल का साहित्य हो, उसकी इतनी चिन्ता तो रहती है कि थोड़ा विस्मय अपने समाज के लिए चुरा कर रखे। हम विस्मय विहीन समाज की ओर बढ़ रहे हैं। विस्मृत होने की संवेदना ही चुक गयी है। सूचनाओं के इतने आदी हो गये हैं कि यह सोचने की फुरसत ही नहीं है कि हम कहाँ पहुचे हैं? गालिब का शेर है कि –

'हम वहाँ हैं जहाँ से हमको भी अब हमारी खबर नहीं आती।'

आज हम चाँद पर पहुँच गये हैं। जमीन पर पानी का संकट है, पर चाँद पर पानी ढूँढ रहे हैं। एक जिम्मेदारी आन पड़ी है साहित्य पर कि आज मनुष्य विकास के जिस छोर तक पहुँच गया है, उस मुकाम पर ठहर कर सोचे कि वह आदमी कितना बड़ा बन सका है।

वरन् अब तो ज्ञान भी कृत्रिम हो गया है। भूमण्डलीकरण के जादू के कारण कृत्रिमता के सामने समर्पण करना पड़ रहा है। अवधारणों का विस्फोट चल रहा है। मनुष्य निर्भिक प्राय: प्राणी बनता जा रहा है। ऐसे में भारतीय समाज के साहित्यकारों की दिक्कत है कि उनकी प्रेरणाएँ तात्कालिकता के प्रति हैं। अविच्छिन्नता समाप्त हो गयी है। हमारी सुदीर्घता उजाड़ हो चुकी है।

हमारे इतिहास–ज्ञान–व्यवहार का रोज चीरहरण हो रहा है, तो क्या हमारा साहित्य हमारी असहायता का शोक–गीत बनकर रह जाएगा या असहायता को सेलीब्रेट करने लगेगा। यों दोनों स्थितियाँ नकारात्मक हैं। इस बदलाव को चुनौती के रूप में संवेदना के पक्ष में कैसे मोल्ड किया जाए, संवेदनशीलता से कैसे जोड़ा जाए, इन प्रश्नों से जो लड़ेगा वही समकालीन साहित्य होगा। उसमें जो संवेदना होगी वह मनुष्यता के पक्ष में होगी। इस बदलते हुए समय में अपने इन्सान होने को बनाये रखने का प्रयास जो साहित्य करेगा वही समकालीन होगा।

समकालीनता की अवधारणा और उसके स्वरूप को विस्तृत फलक में समझाते हुए शैलजा जी कहती हैं कि – 'समकालीनता' सामान्य अर्थ प्रसंग में कालवाचक लगता है। है भी। समय से वह बहुत दूर तक जुड़ा हुआ भी है। लेकिन साथ ही यह एक अवधारणा भी है। इतिहास–प्रवाह में, युग–विश्लेषण में यह उसी तरह सहायक होता है जैसे मध्ययुगीनता, पुनर्जागरण और आधुनिकता। यह ऐतिहासिक या इतिहस की अवधारणा जब साहित्य और कला में आती है तो इसके अर्थ आयाम विराट हो जाते हैं। युग बोध की ऐतिहासिकता के साथ ही इसका संबंध मनुष्य और उसके जीवन कर्मों से प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जुड़ जाता है। भविष्य दृष्टि से सम्पृक्त होकर यह अवधारणा यहाँ अन्य सभी अवधारणाओं से अधिक सार्थकतावाची हो जाती है।

'समकालीनता' और 'समसामयिकता' को आधुनिकता के संदर्भ में विविध रूपों में व्याख्यायित किया गया है। कहीं–कहीं तो इसे आधुनिकता का पर्याय भी माना गया है। अपने मूल अर्थ में 'समकालीनता' और 'समसामयिकता' अंग्रेजी के 'कन्टेम्पोरेनिटी' तथा 'कोइबल' शब्दों का समतावाची है, जिसका अर्थ है उसी समय या कालखंड में होने वाली घटना या प्रवृत्ति या एक ही कालखण्ड में जी रहे व्यक्ति। यही भ्रम हो जाता है कि एक ही काल में साथ रहने वाले लोग समकालीनता के दायरे में आते हैं। इससे यह प्रश्न खड़ा होता है कि क्या जड़ या अचेत व्यक्ति को भी समकालीनता की संज्ञा–क्षेत्र में स्थान दिया जाएगा?

समकालीनता एक काल में साथ–साथ जीना नही है। समकालीनता अपने काल की समस्याओं और चुनौतियों का मुकाबला करना है। समस्याओं और चुनौतियों में भी केन्द्रीय महत्व रखने वाली समस्याओं की समझ से समकालीनता उत्पन्न होती है।

इस प्रकार समकालीनता तात्कालिकता नहीं है। समकालीनता में मानवीय हित और प्रगतिशील चेतना समाहित रहती है। समय–सत्य की परख रखने वाला व्यक्ति ही समकालीन हो सकता है। जड़ व्यक्ति अपने काल अपने समय के व्यक्ति और प्रवृत्तियों की परवाह नहीं करता। वह एक गतिहीन मूर्च्छा में जीता रहता है। जड़ता या अबोधता से यह भी संभव है कि वह किसी संस्कार के बल पर, वर्तमान काल में रहकर भी भूतकाल में ही जी रहा हो। वे अपने काल में अपनी स्थितियों और व्यवस्थाओं की स्थितियों के कष्ट से अपने को बचाये रखते हैं। भविष्यजीवी, किसी सुनहरे खयाल में डूबे रह सकते हैं। सचेतन समकालीन व्यक्ति का कालबोध, देशबोध, व्यक्ति और समूहबोध संग्रथित बोध होता है। वह काल के किसी बिंदु को निरपेक्ष और अलग–अलग नहीं मानता। इसलिए समकालीन सचेतन व्यक्ति ही अपने युग के अंतर्विरोध–असंगतियों को उजागर कर सकता है।

डॉ0 नरेन्द्र मोहन समकालीनता को काल परक अर्थ में इसलिए नहीं मानते है कि वह तात्कालिक हो जाएगी।'समकालीनता का अर्थ किसी काल–खंड या दौर में व्याप्त स्थितियों और समस्याओं का चित्रण, निरूपण या बयान भर नही है, बल्कि उन्हें ऐतिहासिक अर्थ में समझना, उसके मूल स्रोत तक पहुँचना और निर्णय ले सकने का विवेक अर्जित करना है।' समकालीन सच्चाई बिना राजनीतिक ज्ञान के अप्रामाणिक और अधूरी होगी। राजनीति ने आज आम आदमी के बीच इतना जहर बो दिया है कि सारा समाज विषाक्त हो गया है।

'समकालीनता राज्य विरोध में है क्योंकि राज्य ही आम आदमी के हितों के विरुद्ध खाल–उल–खास के स्वार्थो की पूर्ति में लगा हुआ है। और इस प्रक्रिया का संगठित विरोध होने पर राज्य अपनी साम्राज्यवादी परंपरा का उत्तराधिकारी होने के नाते नृशंश दमन और जनोत्पीड़न का मार्ग अपना रहा है।' राजनीतिज्ञों के भ्रष्ट आचरण ने आज शासन तंत्र और व्यवस्था प्रत्येक स्तर पर भ्रष्टाचार को व्यापक रूप से पनपने का अवसर प्रदान किया है। इस प्रकार के दमन और जनोत्पीड़न का विरोध समकालीनता ही कर सकती है। आशय यह कि समकालीनता एक प्रकार से बोध भी है, दर्शन

भी है। मनुष्य जाति की बेहतरी की दिशा में किये जाने वाले प्रयत्नों की विचार प्रणाली है–समकालीनता। इसकी सोद्देश्यता मनुष्य जाति के विकास की दिशा में किये जाने वाले सार्थक प्रयासों के लिए अपार संभावनाओं का द्वार खोलती है।

गाँवों के उदय के संदर्भ में कहा जाता है – प्रारंभ में ग्राम का आदि रूप 'कुल' था। मनुस्मृति से विदित होता है कि बारह बैलों और दो हलों से जितनी पृथ्वी जोती जाती थी 'कुल' कहलाती थी। दस ग्रामों का अधिपति एक 'कुल' का भोग करने का अधिकारी था और बीस ग्रामों का अधिपति पाँच 'कुलों' के भोग का अधिकारी था। कुछ समय पश्चात कुल से ग्राम, ग्राम से विश और विश से जन का विकास होकर राष्ट्र ने रूप धारण किया।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. अनिल विश्वनाथ काले – रामदरश मिश्र के उपन्यासों मे ग्रामीण परिवेश
2. प्रो. रामबक्ष – प्रेमचंद और भारतीय किसान
3. विष्णु प्रभाकर श्रोत्रिय – सौंदर्य का तात्पर्य
4. विश्वभरनाथ उपाध्याय – समकालीन सिद्धान्त और साहित्य

****

हिन्दी कविता में आदिवासी स्त्रियों के सवाल और संघर्ष चेतना

डॉ. त्रिभुवन कुमार साही *

प्रस्तावना – झारखण्ड आधारित हिन्दी कविता में आदिवासी स्त्रियों के प्रष्न पिछले कुछ वर्षों से लगातार यह चर्चा का विषय बनता जा रहा है कि आदिवासी साहित्य में आदिवासी स्त्रियों के सवाल उपेक्षित क्यों हैं ? आदिवासी समाज में स्त्री पुरुष समानता के बावजूद उनके संबंध में मौलिक लेखन आज भी काफी कम मात्रा में मौजूद है। झारखंड समेत देश दुनिया के कई हिस्सों में आदिवासी समाज पितृसत्तात्मक है इस नाते स्त्रियां पुरुष की तुलना में कमतर आंकी जाती हैं। इसलिए अपने उपर आरोपित इस कमतरी की भावना के खिलाफ हर जगह पर स्त्रियां संघर्षरत हैं चाहे वह आदिवासी समाज हो या फिर गैर आदिवासी समाज। उनका यह संघर्ष पितृसत्तात्मक मनोसंरचना को उखाड फेंकने का रुख अख्तियार किए रहता है। आदिवासी स्त्री विमर्श देह केंद्रित विमर्श नहीं है बल्कि पुरुष को अपने समकक्ष रखकर स्त्री–विमर्श चलाने के दायित्वों का निर्वहन करती है। आलोचना के इस टूल्स के आधार पर हम झारखण्ड आधारित हिन्दी कविता में आदिवासी स्त्रियों के कुछ प्रश्नों से रुबरु होंगें।

आदिवासी समाज में नशाखोरी की प्रताड़ना सबसे ज्यादा आदिवासी स्त्रियाँ ही झेलती हैं। नशे में धुत होने के कारण पुरुष काम नहीं कर पाता है और गृहस्थी का सारा बोझ स्त्री पर आ पड़ता है। नशाखोरी गृहस्थी में ऐसा जड़ जमा लेता है कि कई सारी छोटी–छोटी समस्याएँ इससे पैदा होने लगती हैं। आदिवासी समाज में पुरुष नशाखोरी का शिकार तो है ही इसमें कुछ हद तक महिलाएँ भी हैं और कहीं न कहीं नशे के व्यापार में सबसे बड़ा हाथ महिलाओं का ही है। आप झारखण्ड के बाजारों या सड़क के किनारे महिलाओं को हंड़िया बेचते देख पाएंगे। आदिवासी कवयित्री निर्मला पुतुल की कविताएँ उन निगाहों को पहचानती हैं जो आदिवासी स्त्रियों को वस्तु में बदलने को आतुर है। आदिवासी समाज की विकृतियों से टकराती हुई ये कविता जब सजोनी किस्कू की व्यथा–कथा कहती ह तो पूरा का पूरा झारखण्ड चिंतित हो जाता है और चुड़का सोरेन के पिता को हंड़िया पीकर बेखबर होने के खतरों से सचेत करती है –

'तुम्हारे पिता ने कितनी शराब पी यह तो मैं नहीं जानती
पर शराब उसे पी गयी यह जानता है सारा गाँव।'[2]

आदिवासी समाज में जो बुरी लत है उससे दूर रहने कि कवयित्री हिदायत देती है। आदिवासी समाज में नशे की लत है जो वर्त्तमान समय में आदिवासियों के लिए एक अभिशाप है जो उनकी कमर तोड़ रहा है। नशा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी तक असर डालती है। बाप और बेटा दोनों को एक साथ तबाह कर सकती है जैसा की हर कोई जानता है कि नशा परिवार को बर्बाद कर देता है जिसके घर में दो–चार पीने वाले हो गए तो समझो कि उसका घर का खैर नहीं। यह मैं इसलिए कह रही हूँ क्योंकि आदिवासी समाज में परिवार के अधिकांश लोग पीते हैं इसमें महिलाएँ भी शामिल हैं। सच कहें तो आदिवासी समाज में नशे का सारा कारोबार महिलाएँ ही संभालती हैं हंड़िया और शराब लेकर महिलाएँ सड़क के किनारे और बाजारों में बैठी मिलेंगी जो अपने बच्चों के उम्र तक के लड़कों को हंड़िया पिलाती हैं। महिलाएँ हंड़िया बेचने को आय का स्रोत मानती हैं। यह बात उनके दिमाग में कभी नहीं आता है कि जिसे वह आय का स्रोत मानती हैं वह कारोबार अपने ही समाज को बर्बाद कर रहा है। नशे का प्रभाव समाज में इतना विकराल है कि आदिवासी गाँव में कोई भी काम होता है तो जब–तक नशा–पान की व्यवस्था न हो तब–तक वह काम होता ही नहीं है, चाहे वह छोटा काम हो चाहे बड़ा काम, लोग घर का छप्पर छाने तक के लिए हंड़िया–दारू की व्यवस्था करते हैं। इस नशाखोरी से सबसे ज्यादा कोई प्रभावित होता है तो वे बच्चे–बच्चियाँ हैं। स्कूल जाने की उम्र में जब उनका दिमाग पूरी तौर पर निर्मल होता है उन्हें जो कुछ पढ़ाया, बताया जाए वे सीख सकते हैं। इस सीखने की उम्र को नशा दूषित करने लगता है। पिये हुए माँ–बाप, भाई, पड़ोसी आदि की लड़ाई–झगड़ा और उनके द्वारा बनाए गए माहौल से बच्चे बुरी तरह प्रभावित होते हैं और अंत में यही बच्चे परिपक्व न होने के कारण खुद भी नशापान करने लगते हैं और नशा का सेवन करते ही उनकी सारी संभावनाएँ टूट जाती है यही लोग बड़े होकर या कच्चे उम्र में ही दिल्ली, मुम्बई भाग जाते हैं, जहाँ उनको अंतहीन कष्टों का सामना करना पड़ता है। नशा के चक्र में उनका खेत–खलिहान सब बिक जाता है खास कर शहरी क्षेत्र के आदिवासियों को इसी नशे का झांसा देकर बाहरी लोगों ने उनको उनकी जमीनों से बेदखल किया। शहरी क्षेत्र का आदिवासी इस नशा के चलते सबसे ज्यादा लूटा हुआ है। असल में आदिवासियों की दुर्दशा का बड़ा जड़ नशाखोरी है।

आदिवासी जीवन में स्त्री की सामाजिक स्थिति के साथ–साथ आर्थिक स्थिति का सजीव वर्णन भी आदिवासी कविताओं के माध्यम से हमें देखने को मिलता है। रोटी इन आदिवासियों के लिए शायद पहला और आखिरी प्रश्न है आज भी पुरुषों की तुलना में स्त्री को कम मजदूरी दी जाती है। पत्ताल बनाना, झाड़ू बनाना, चटाई बुनना, तेंदुपत्ता, महुआ चुनना उनका जीवन रोटी की खोज में भागता नजर आता है। आदिवासी जीवन की कठिनाई स्त्रियों को सामने रखकर देखा जा सकता है स्त्रियाँ बच्चों को पीठ पर बांध कर काम करती है। खेतों में काम करना हो या शहरों में सामान बेचने जाना हो छोटे बच्चे को पीठ पर बांध कर आदिवासी स्त्रियाँ काम करती हैं। आदिवासी क्षेत्रों में बड़े–बड़े खदानों के खुलने से वे महिलाएँ खदानों में जी तोड़ मेहनत करती है। माईन्स में विस्फोट होते रहते हैं और जान जोखिम में डालकर किस प्रकार मेहनत करती है ग्रेस कुजूर की कविता 'आग' इसे स्पष्ट करती है –

'एतवरिया सुन नहीं पाती,

* सहायक प्राध्यापक (हिंदी) सूरज सिंह मेमोरियल महाविद्यालय, रांची विश्वविद्यालय, रांची (झारखण्ड) भारत

अपनी चूड़ियों की खनक
नहीं बिठा पाती सही जगह,
पसीने से भींजी माथे की बिन्दी।'[3]

शहरीकरण और फिल्मी प्रभाव आदि के चलते आदिवासी स्त्री-पुरुषों के संबंध में जो दरारें पड़ रही है उसे भी आदिवासी कवयित्री पहचान रही है और अपनी कविता में दर्ज करने की कोशिश में है। आधुनिक समय में कॉलेजों में पढ़ाई-लिखाई, नौकरी जैसे कामों में आदिवासी स्त्री-पुरुष भी एक दूसरे के सामने आ रहे हैं। सूचनाक्रांति जिसमें एक बड़ा सहयोगी है। इन परिस्थितियों में शादी से पहले और शादी के बाद भी स्त्री-पुरुष कई रिश्तों में एक-दूसरे के सामने आ रहे हैं जो वैवाहिक संबंध में शक के रूप में बदल कर आते हैं। जो आपसी संबंधों के टकराहट का कारण बनते हैं। कभी पुरुष इन मनोग्रंथी से उलझकर रह जाता है तो कभी स्त्री। किन्तु ज्यादातर स्त्री ही इसका शिकार होती है जिसे समेटते-समेटते उसकी उम्र ही गुजर जाती है -

'हर सुबह उठकर वो
बिस्तर पर पड़ी सिलवटों से
टूटे रिश्तों के टुकड़े चुनती है।'[4]

आदिवासी स्त्रियों के जीवन की बहुत बड़ी हकीकत है। डर का अनाम साया उन्हें हर वक्त घेरे रहता है। कैसी हैवानियत की शिकार होती हैं ये स्त्रियाँ। घर का दरवाजा खोलकर सोने में डरती हैं। दरवाजे बंद होने पर भी बाहर की आवाजें असुरक्षा के बोध को कम नहीं होने देतीं। टेलीविजन और अखबार के पन्ने रंगे रहते हैं ऐसी वारदातों के बयान से। निर्मला पुतुल अपनी अनेक कविताओं में कभी सीधे कभी सांकेतिक रूप में ऐसी घटनाओं का वर्णन करती हैं। पीड़ा इस बात की है कि आततायियों के चेहरे अलग से पहचाने जाने वाले चेहरे नहीं हैं। कौन किस भेष में उनका सौदा कर देगा यह साफ नहीं। पूरी आदिवासी पट्टी के लिए ट्रैफिकिंग एक बड़ी समस्या है। जिसके तह में जाने पर कई कारण दिखाई देते हैं। आदिवासी समाज की अशिक्षा, गरीबी उनका सहज व्यक्तित्व किसी पर जल्द विश्वास कर लेने का गुण मानव तस्करी के मूल कारण हैं। पूरे आदिवासी पट्टी के हर गाँव से कोई न कोई आदिवासी युवती ट्रैफिकिंग का शिकार हुई है। यह भी सच है कि हर गाँव में एक-दो दलाल जरूर हैं जो इन क्षेत्रों से आदिवासी युवक-युवतियों को दिल्ली, बॉम्बे जैसे महानगरों तक पहुँचाने का काम करते हैं। इस संदर्भ में ध्यान देने योग्य बात है कि यह दलाल सिर्फ दिकू समाज का नहीं है। बल्कि आदिवासी समाज से भी ऐसे लोग हैं जो आदिवासी युवतियों को प्रलोभन देकर महानगरों तक पहुँचाते हैं। निर्मला पुतुल की कविता 'चुड़का सोरेन' की स्टेला कुजूर इसका उदाहरण है -

'दिल्ली के किस कोने में हो तुम माया ?
मयूर विहार, पंजाबी बाग या शाहदरा में?
कनाट प्लेस की किसी दुकान में
या किसी घरेलू कामगार महिला संगठन से जुड़कर
बन गई हो किसी के घर की आया?'[5]

अपने घर की तलाश करती-करती कवयित्री दिल्ली तक पहुँच जाती है क्योंकि जिसका घर है वो खुद घर में नहीं है और उसका घर में नहीं होना एक साथ कई सवालों को खड़ा करती है। एक मजबूरी एक प्रलोभन और एक धोखा धड़ी उस 'माया' के घर के चारों ओर विद्यमान है जो कभी लालच देकर तो कभी मजबूरी में उसे अपने घर से दूर ले जाती है दुख की बात है कि वह जहाँ जाती है वहाँ भी उसे वह सब-कुछ नहीं मिलता है जो सोचकर वह घर से निकली होती है। वहाँ उसे कई अमानवीय यातनाओं का सामना करना पड़ता है। कई ऐसे काम करने पड़ते हैं जो उसने कभी किया न हो और वह ऐसा करने की कभी सोच भी नहीं सकती है। लेकिन पेट की आग और षड्यंत्रों का शिकार में 'माया' क्या कुछ नहीं करती। उसे बहुत कम पैसों में थर्ड क्लास काम करने पड़ते हैं, कहीं टेलीफोन ऑपरेटर बनती है तो कहीं कॉसमेटिक दुकान में सेल्सगर्ल। इन कामों का प्रकृति-प्रिय स्वछंद आदिवासी युवती के लिए कोई समानता नहीं है। इन वादों और प्रलोभनों से गुजरती हुई माया कब किसी के घर की बंधक बन जाती है उसे खुद को भी पता नहीं चलता।

आदिवासी स्त्री की सामाजिक स्थिति दयनीय एवं करुण है। आर्थिक अभाव, अशिक्षा, अंधविश्वास के कारण उसे अत्यंत कठिन परिस्थितियों में जीवन-यापन करना पड़ता है। अशिक्षा, अज्ञान के कारण आदिवासी समुदाय में रूढ़ि-प्रथाओं के कारण स्त्री को त्रासदी का सामना करना पड़ता है। 'डायन प्रथा' आदिवासी समाज में व्याप्त ऐसी ही प्रथा है जिसके कारण आदिवासी स्त्री त्रको आर्थिक और शारीरिक, दोनों प्रकार के दण्ड दिए जाते हैं। जिस औरत को बच्चा नहीं होता है, जो औरत कई बार शादी करके विधवा हो चुकी हो, उसे डायन करार दिया जाता है। गांव में कोई हादसा हो जाने पर उसकी सारी जिम्मेदारी ऐसी ही किसी 'डायन' औरत के ऊपर मढ दी जाती है उसे इतना शारीरिक दण्ड दिया जाता है कि कभी-कभी उसकी मृत्यु तक हो जाती है। स्त्री जीवन की इस विडंबना को उभारती हुई निर्मला पुतुल कहती हैं.

विकास के नाम पर षड्यंत्रों का शिकार होते हुए इन आदिवासियों को बार-बार विस्थापन का दंश झेलना पड़ा है। निर्मला पुतुल अपनी कविताओं में आदिवासी समाज के अंतर्विरोधों को उकेरते हुए यथास्थिति के प्रतिकार के लिए कविता का अभियान छेड़ती हैं। वे अपने आदिवासी बहनों और भाइयों को विद्रोह के वीर इतिहास की याद दिलाती हैं। बार-बार सचेत करती हैं कि अपने शोषण को पहचानो एवं उदासीन समर्पण की राह छोड़कर संघर्ष की राह चुनो। इस सारे सामाजिक संघर्ष की पृष्ठभूमि में स्त्रियों की स्थिति और भी विकट है। जीवन के अभावों से सतत संघर्ष, कड़ी-मेहनत, दैहिक-आर्थिक शोषण, स्त्री को डायन बना देने वाली कुप्रथाओं का बोझ सब मिलकर स्त्री के लिए ऐसी व्यूह-रचना करते हैं कि उसका जीवित रहना भी मुश्किल जान पडता है।

निर्मला पुतुल एक जागरूक कवयित्री हैं उन्हें बदलते आदिवासी समाज की सही जानकारी है इसलिए वह आदिवासी समाज में पुरुष सत्ता की धमक को सुन पा रही है और एक जिम्मेदार कवयित्री होने के नाते समूचे आदिवासी स्त्री समुदाय का प्रतिनिधित्व कर रही है। और आदिवासी महिलाओं के संघर्ष, उनकी चीख, उसकी दर्द, मदद के लिए पुकारती आवाजें और उनके उठते सवालों को व्यापक चर्चा में बदल रही है -

'कटी-फटी देह की दरारों से झांकती
स्त्री की भींगी आँखे सवाल पूछ रही है
इंसानियत का धर्म जो भूल गए हैं
उनकी 'घर वापसी' कौन कराएगा?'[7]

यह कविता यौन दासियों की व्यथा-कथा कहती है। यौन कर्म में लगी स्त्री जो मजबूरी में यह किसी की झांसे में आकर किसी के द्वारा बेची गई महिलाएँ हैं। इन महिलाओं में बहुत सी आदिवासी स्त्रियाँ भी हैं जो देश के विभिन्न आदिवासी क्षेत्रों से दिल्ली, मुम्बई, कोलकात्ता जैसे महानगरों की अंधेरी कोठियों में पहुँचा दी गई हैं। इनमें से किसी को जब कोई एन.जी.ओ. या सरकार उन अंधेरी गलियों से खोज कर वापस अपने गाँव में लाती है तो

उसे लोग हिकारत की नजर से देखते हैं, उस पर कई तरह के कमेन्ट किए जाते हैं। उसका काम बाहर की दुनिया में जीने का कोई हक नहीं देती। लेकिन जब वह महिला वह काम कर रही होती है तब यही लोग उसका भरपूर उपभोग करते हैं। किन्तु जब वह उस काम को छोड़ देती है या वह वृद्ध हो जाती है तो यही लोग उससे घृणा करने लगते हैं। इस कविता में वही उपेक्षिता महिला समाज में अपनी और स्त्रियों के जैसा समानता का हक मांग रही है। वर्त्तमान आदिवासी कविताएँ क्रांतिदर्शी हैं। इनमें अंधविश्वास के प्रति विरोध है ये कविता पुरुषों की स्त्री विरोधी मानसिकता को बदलने में समर्थ हैं।

आदिवासी समाज की महिलाएँ अपने पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलती रही हैं। पुरुष अगर जंगल में काम से गया हो तो वे घर के और बाहर के पशु-पक्षी, खेती-बाड़ी से जुड़े सभी कामों को संभालती है। हाट-बाजार में महिला और पुरुष समान रूप से जाते हैं। इन सारी समानताओं के बावजूद भी कहीं न कहीं विषमता है –

'क्या इसी दिन के लिए इतने जतन से
घर-गृहस्थी संभाली तुम्हारी?
कि मन भर जाते ही फटे-पुराने धोती की तरह
उतार फेंको मुझे?'[8]

यह हमारे समाज का बहुत बड़ा दोष है कि बेटा और बेटी के बीच हमने बहुत अन्तर बना रखा है। इस तरह की जो कुप्रथाएँ हैं ये स्वस्थ समाज के लिए ठीक नहीं है। जैसा कि हम जानते हैं भारत विभिन्न सभ्यता, संस्कृतियों वाला देश है। ये सभ्यताएँ और संस्कृतियाँ एक-दूसरे को प्रभावित करती हैं इसलिए जब सभ्यता में कुरीतियाँ होंगी चाहे वह कोई भी समाज हो एक-दूसरे पर गलत प्रभाव डालेगा। इस तरह से स्त्रियों को लेकर भेद-भाव जो मुख्यधारा के समाज में कई स्तरों पर बना हुआ है वर्त्तमान समय में आदिवासी समाज पर भी गलत प्रभाव डाल रहा है। इसलिए आदिवासी समाज की सचेत कवयित्री वंदना टेटे उन समस्याओं की ओर ध्यानाकर्षण कराती है –

'इंसानियत से बेदखल
समाज कत्ल कर देता है तुम्हें
और जब जबान खुलती है तुम्हारी
तुम्हें बदचलन करार दे दिया जाता है।'[9]

आदिवासी संघर्ष में स्त्रियों ने वीरता का परिचय दिया है। संथाल हूल के नायक सिद्धो-कान्हू, चाँद-भैरव के साथ उनकी दो बहन फूलो और झानो ने योद्धा की भांति अंग्रेजों से मुकाबला किया। रात को तलवार लेकर निकली फूलो और झानो ने अंग्रेजों के शिविर जाकर इक्कीस सिपाहियों की हत्या की। आदिवासी अस्मिता का प्रश्न हो या जंगल, जमीन पर परंपरागत हक व सांस्कृतिक जीवन मूल्यों की रक्षा का सवाल या फिर साम्राज्यवाद विरोध की अगुवाई का मुद्दा आदिवासी स्त्रियों ने उलगुलान में बराबर की भूमिका निभाई-

'भोगनाडीह में तुम दोनों ने कसमें खायी
तुमने महाजनों सुदखोरों के अत्याचार को नहीं सहा
तुमने दोनों हाथों से तलवार उठायी
अंग्रेजों व दरोगा के जुल्म के खिलाफ आवाज उठायी।'[10]

क्रांतिकारी कहने से प्रचलित रूढ़ि के अनुसार पुरुष व्यक्ति का बोध होता है किन्तु आदिवासी समाज में क्रांति का एक पाठ आदिवासी महिलाएँ है जिनकी शक्ति और स्वर प्रदर्शन से समाज अपने को सुरक्षित रखता रहा है। आदिवासी इतिहास उठाकर देखें तो इस मिशाल की कई घटनाएँ मिलेंगे, जहाँ आदिवासी महिलाओं ने बढ़-चढ़ कर क्रांति का बिगुल फूंका था। इनको पूर्ण सफलता भले नहीं मिली लेकिन इन आन्दोलनों ने आदिवासी महिला नेतृत्व की धाक जमा दी। आदिवासी महिलाएँ पुरुष से किसी भी मामले में कमतर नहीं हैं।

ग्रेस कुजूर आदिवासी महिलाओं के युगांतकारी क्रांतिकारी भूमिका को याद दिलाते हुए वर्त्तामान समय में दुहराने की बात कहती है। अपने पुरुष साथी से वर्त्तामान की कुव्यवस्थाओं के खिलाफ आवाज बुलन्द करने को कहती है ठीक वैसे जैसा कभी उसने शेरशाह के जुल्म के खिलाफ विद्रोह के लिए प्रेरित किया था और आदिवासी पुरुषों के हार जाने पर महिलाओं ने कमान संभाला था ऐसा ही वह वर्त्तामान समय में शोषण के खिलाफ लड़ने के लिए तैयार दिखती है –

'और अगर अब भी तुम्हारे हाथों की अंगुलियाँ थरथराई
तो जान लो मैं बनूंगी एक बार और 'सिनगी दई'
बांधूंगी फेंटा और कसेगी फिर से 'बेतरा' की गाँठ।'[11]

इस कविता की सबसे बड़ी विशेषता है कि इसका बिम्ब विधान बहुत ही बेजोड़ है आदिवासी महिला का फेंटा बांधना, पीठ में बच्चा को बेतराना हमारे सामने एक संघर्षशील महिला की तस्वीर पेश करती है। वह वीरता और स्त्री सुलभ ममता से सराबोर है। सिर में पगड़ी और हाथों में तीर-धनुष उसकी वीरता के सूचक हैं और पीठ में बेतरा बांधा हुआ बच्चा स्त्री हृदय का विस्तार। जब भी कोई झाँसी की रानी को याद करता है तो उसके अन्दर शौर्य का समन्दर उफान मारता है। वैसे ही 'सिनगी दई' की कहानी उसकी वीरता के किस्से स्त्री-पुरुष दोनों में एक समान शोषण के खिलाफ जयघोष करती है।

कोयला खदान में काम करने वाली आदिवासी महिलाओं की दयनीय स्थिति पर रमणिका गुप्ता की बेहतरीन कविता है, उनकी कविता 'मैं जीऊंगी' इस समस्या की ओर हमारा ध्यान आकर्षण कराती है। आदिवासी महिला को अपने परिवार का भरण-पोषण के लिए कोयला खदान जैसे खतरनाक जगहों में काम करना पड़ता है। चाहे उसे चोट लगे, चाहे बीमार हो उसे काम करना ही पड़ता है क्योंकि उसके पति का कमाई से पूरे परिवार को चलाना मुश्किल होता है इसलिए वह परिवार की आर्थिक बोझ को हल्का करने के लिए खुद भी श्रम करने लगती है। श्रम कोई बुरी बात नहीं है। परिश्रम करना ही चाहिए लेकिन जिस तरह से जिन जगहों पर आदिवासी महिलाओं से काम कराया जाता है, वह कतई भी ठीक नहीं है। इस श्रमिक महिलाओं के प्रति मुंषी और ठेकेदार का रवैया बहुत ही बेरहम होता है। इन तमाम मजबूरियों को रमणिका गुप्ता ने रेखांकित किया है –

'नौकरशाही लालफीतों का मुंशी
तेरी चोट-खाई रीढ़ को नहीं पहचानता
वह तो जानता है केवल
तूने कितने झोडे क़ोयला उठाया, कितने झोड़े गिराया
तू कराहती है फिर भी खटती है
झुकती नहीं, टूटती नहीं तू।'[12]

यह पंक्ति एक आदिवासी मजदूरीन की व्यथा-चित्र पाठक के सामने उकेर देती है चाहे वह ईट-भट्टा हो चाहे कोयला खदान या फिर पत्थर तोड़ने का साईट, सभी जगहों पर आदिवासी महिलाएँ काम करती हैं। इनमें से कई महिलाएँ बीमार और काम करते-करते चोट खाई होती हैं, फिर भी वे मजबूरी में काम करती हैं। काम करने में उसकी असमर्थता ठेकेदार को दिखाई देता है फिर भी वह इसका परवाह नहीं करता। उसे अपना काम निकालने से मतलब रहता है वह सिर्फ अपना फायदा देखता है काम होना चाहिए। इन महिलाओं

की पीड़ा चाहे बड़ी चाहे छोटी इसका वह हिसाब नहीं रखता है।

जसिंता केरकेट्टा की एक महत्वपूर्ण काव्यपंक्ति है –

'मुझे गोद में लेकर उस दिन
माँ ने बस इतना कहा–
'हम लड़ रहे हैं, अपनी जमीन
और अपना वजूद बचाने के लिए
मेरे बाद तुम्हे भी लड़ना होगा'
अगले दिन माँ तीर कमान लिए निकल पड़ी फिर...।'[13]

जसिन्ता केरकेट्टा की यह कविता पाठकों में उलगुलान का शोला भर देती है। यह कविता आदिवासी संघर्ष में स्त्रियों की भागीदारी के उत्साह को दर्शाती है। शोषण के खिलाफ लड़ती महिला अपनी आने वाली पीढ़ी के लिए भी संघर्ष का मशाल जलाते जाती है। कविता में दो लोग हैं एक 'माँ' और एक 'बच्ची'। माँ किसी मोर्चा पर रोज–दिन संघर्ष करने जाती है। एक दिन वह दिकूओं के औजार से चोट खा कर लहुलूहान घर आती है उसे देखकर घर में रह रही उसकी बच्ची के मन में भी विद्रोह का भाव उमड़ने लगता है। उस बच्ची के मन में लहू का उतर आना स्वाभाविक है। माँ, घर–परिवार में विद्रोह का बीज तैयार करती है और वह अपनी बच्ची से कहती है कि मेरे बाद तुम्हें लड़ना होगा। और ऐसे ही एक दिन उसकी माँ अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए निकलती है सो फिर लौट कर नहीं आती है। यहाँ ध्यान देने योग्य बात है कि माँ तो लौट कर नहीं आती है। वह वहीं वीर गति को प्राप्त होती है किन्तु मारे जाने से युद्ध खत्म नहीं होता है उसके आगे की पीढ़ी युद्ध को बनाये रखती है। यह आदिवासी जीवन संघर्षो की विशेषता का सूचक है।

आदिवासी समाज के इतिहास में स्त्रियों के कई सवाल हैं और संघर्ष के कई उदाहरण भी जिसे आदिवासी स्त्रियाँ हरदम जिंदा रखती हैं क्योंकि सवाल ही पहला आंदोलन है और उस सवाल को जिंदा रखना उलगुलान की चिंगारी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. निर्मला पुतुल – 'नगाड़े की तरह बजते शब्द' भारतीय ज्ञानपीठ, लोदी रोड नयी दिल्ली, प्र. स. –2005, पृ. सं. –19
2. वही. पृ. सं. –17
3. जसिन्ता केरकेट्टा – 'अंगोर', आदिवाणी प्रकाशन, कोलकाता, प्र. सं. –2016, पृ. सं. –130
4. निर्मला पुतुल – 'नगाड़े की तरह बजते शब्द', भारतीय ज्ञानपीठ, लोदी रोड नयी दिल्ली, प्र. सं. –2005, पृ. सं. –19
5. सं. रमणिका गुप्ता – 'कलम को तीर होने दो', वाणी प्रकाशन, दरियागंज नयी दिल्ली, प्र. सं. –2015, पृ. सं. –85, 86
6. जसिन्ता केरकेट्टा – 'अंगोर', आदिवाणी प्रकाशन, कोलकत्ता, प्र. सं. –2016, पृ. सं. –136
7. निर्मला पुतुल – 'अपने घर की तलाश में', रमणिका फाउनडेशन, शाहदरा दिल्ली, प्र. सं. –2004, पृ. सं. –31
8. जसिन्ता केरकेट्टा – 'अंगोर', आदिवाणी प्रकाशन, कोलकाता, प्र. सं. –2016, पृ.सं. –130
9. जसिन्ता केरकेट्टा – 'जड़ों की जमीन', भारतीय ज्ञानपीठ, लोदी रोड नयी दिल्ली, प्र. सं. –2018, पृ. सं. –104
10. निर्मला पुतुल – 'अपने घर की तलाश में', रमणिका फाउनडेशन, शाहदरा दिल्ली, प्र. सं. –2004, पृ. सं. –37, 38
11. वंदना टेटे – 'कोनजोगा', प्यारा केरकेट्टा फाउनडेशन, राँची, प्र. सं. –2015, पृ. सं. –50, 51
12. केदार प्रसाद मीणा – 'क्रांतिकारी आदिवासी', साहित्य उपक्रम, दिल्ली, प्र. सं. –2012, पृ. सं. –131
13. सं. रमणिका गुप्ता – 'कलम को तीर होने दो', वाणी प्रकाशन, दरियागंज नयी दिल्ली, प्र. सं. –2015, पृ. सं. –101
14. रमणिका गुप्ता – 'भीड़ सतर में चलने लगी हैं', रमणिका फाउनडेशन, हजारीबाग (झारख.ड), प्र. सं. –2002, पृ. सं. –12
15. जसिन्ता केरकेट्टा – 'अंगोर', आदिवासी प्रकाशन, कोलकत्ता, प्र. सं. –2016, पृ.सं. –60

****

कलचुरियों का विंध्य भूमि से सम्बन्ध

डॉ. सरोज सिंह *

प्रस्तावना – स्वतंत्रता के पश्चात बनाये गए विंध्य प्रान्त का इस रूप में अस्तित्व इस भाग के ऐतिहासिक या प्रागैतिहासिक काम में कहीं नहीं मिलता। वर्तमान रूप में तो तत्कालीन राजनैतिक स्थिति के कारन प्राप्त हुआ था। इसका उद्देश्य था , इस छेत्र के देशी राज्यों का शासकीय दृष्टि से एक समूह में बांधना। मुस्लिम इतिहासकारों ने विंध्य भूमि के बघेलखण्ड छेत्र को भाटा या भटगोरा और बुंदेलखंड छेत्र को कालिंजर सरकार का नाम दिया है। इसके पहले यह महाकौशल चेदि देश और डाहल देश के एक भाग के रूप में रहा आया है।

कलचुरि नरेशों का इस छेत्र पर अधिकार ईशा की दशवी शताब्दी के प्रारम्भ से पाया जाता है। कृष्णराज कलचुरि (550 –575)के शासनकाल से इस सत्ता का सूत्रपात हुआ। उसके शासनकाल में दक्षिणी बघेलखण्ड का अधिकांश भू –भाग त्रिपुरी राज्य में शामिल था।

कोकलदेव (850 –890) और उसके पुत्र मुग्धतुंग ने इस देश के इस देश के अधिकांश भू –भाग पर अधिकार कर लिया।

वामराजदेव ने भी कालिंजर के किले को जीत लिया था। इसके बाद पुन: इन नरेशों ने उस पर अधिकार किया। युवराज देव प्रथम ने गुर्गी और उसके पुत्र लक्ष्मणराज प्रथम ने चन्देह में शिवमठो और देवालयों का निर्माण कराया। बैजनाथ (रीवा सतना रोड पर रीवा से 8 मील दूर पर) में भी उसने एक शिवमठ की स्थापना की और उसकी व्यवस्था के लिए गावों की आमदनी लगा दी थी। उसके पश्चात लक्ष्मणराज द्वितीय ने गुर्गी के वृहद् मंदिरो का भी निर्माण कराया।

गांगेयदेव (1015 –1041) जो एक महान पराक्रमी राजा था का एक शिलालेख (सिरमौर तहसील में) दूसरा सन 1020 (कलचुरि संवत 772) का मुकुंदपुर में हुआ है। इनसे यह जानकारी प्राप्त होती है कि यह प्रदेश गांगेयदेव के राज्य का भाग था। इसके शासनकाल में मंदिर आदि अमरकंटक सोहागपुर और महई आदि में बने हुए हैं।

गांगेयदेव के पुत्र कर्णदेव (1041 –1073) ने कालिंजर के किले पर पुन: अधिकार कर लिया ,जो इस बीच में चंदेल राजा कीर्तिवर्मा के हाथ में चला गया था। इसका एक ताम्रपत्र सन 1041 (कलचुरि संवत 793) का प्राप्त हुआ है। जिससे पता चलता है कि अमरकंटक का कर्णमंदिर जो तत्कालीन स्थापत्यकला का एक अच्छा उदहारण है, उसी का बनवाया हुआ है, इतना ही नहीं इसके ही द्रव्य से बहन ने ठुंडेश्वर महादेव (रीवा से 6 मील दूर) के महान मंदिर का निर्माण कराया था, जो आज बहुत ही अस्त व्यस्त दशा में है, फिर भी आश्रय की अतीत विशालता, सभ्यता और मेहनत का परिचायक है। साढ़े पांच मील के घेरे में 12 फुट भाता परकोटा खिंचवाकर इसने गुर्गी में एक विशाल दुर्ग और अनेक भव्य महलों का निर्माण कराया।

कर्ण के पश्चात यश कर्ण ,जगकरणदेव,नरसिंग देव ,जय सिंह ,विजय सिंह तथा अजय सिंह हुए जो विक्रमी सम्वत की 12 वी और 13 वी शताब्दी में इस क्षेत्र में शासन करते रहे। इस बीच कालिंजर का किला पुन: इनके हाथ से निकल गया।

14 वी शताब्दी के आते आते कलचुरियो का शासन इस क्षेत्र से छट गया, पर दक्षिण में रत्नपुर और रायपुर में यह अक्षुण्य रहा। वहीं की एक शाखा के संदल कलचुरी ने जो रत्नपुर के कलचुरी राज्य के अंतर्गत एक भाग सोहागपुर का शासक था, अपनी पुत्री यश कुँवरि का विवाह गुजरात के बघेल नरेश कर्णदेव से करके बांधवगढ़ का अपना किला दहेज में दे दिया। इस प्रकार कलचुरि सम्बन्ध के कारन इस क्षेत्र में बघेलों के राज्य की नीव पड़ी।

इस शताब्दी के अंतिम भाग में तत्कालीन रत्नपुर नरेश परवत सिंह देव के चचेरे भाई नीलकंठ देव राज्य की शासन व्यवस्था से असंतुस्ट होकर अपने परिवार और साथियों सहित रत्नपुर छिड़कर सोहागपुर की ओर चले आये।

तत्कालीन रीवा नरेश महाराज भाव सिंह ने उन्हें रहने के लिए रीवा से 9 मील पश्चिम वर्त्तमान रीवा सतना मार्ग के निकट मालगढ़ गांव दिया। इसी बीच महाराज भाव सिंह के देहांत के पश्चात उनके दत्तक पुत्र महाराज अनिरुद्ध सिंह को यहाँ के सेंगर ठाकुरों ने मार डाला। राज्य की स्तिथि दयनीय हो गयी। उनके पुत्र अवधूत सिंह को जो केवल 6 महीने के शिशु थे, राजमाता लेकर अपने मायके प्रतापगढ़ चली गयी। राज्य का प्रबंध चित्रकूट के राजा हृदयराम सुरकी को सौपा हुआ था, अवसर पाकर महाराज छत्रसाल के पुत्र हृदयशाह बुंदेले ने रीवा पर आक्रमण कर दिया। रीवा की ओर से कोई प्रतिरोध नहीं हुआ और बिना युद्ध के ही यहाँ के किले पर हृदयशाह बुंदेले ने अधिकार कर लिया और अपनी विजय स्मृति स्वरुप स्वर्गीय बुंदेला का दरवाजा बनवाने लगा। पर वह पूरा न हो पाया था तभी उसे महाराज छत्रासाल का आदेश पन्ना लौटने को मिला। फलत: वह एक हजार सैनिकों को किले पर अधिकार जमाये रखने के लिए छोड़कर चला गया।

कलचुरियों का बुंदेलों से सम्बन्ध – नीलकंठ देव कलचुरि अपने परिवार के साथ मोलगढ़ गांव में रह रहे थे। उन्हें रीवा नरेश और उनके परिवार की इस दयनीय दशा का समाचार मिला। उन्होंने अपने चारों पुत्रों (हिम्मतराय, साहेबराय, चिन्तामणिराय और हिमंचालशाह) पौत्र तथा अन्य साथियों को स्थिति का अध्ययन करके राज्य की रक्षा का प्रयत्न करने के लिए रीवा भेजा। उन्होंने स्थिति का अध्ययन किया और अचानक छापा मारकर किले पर अधिकार करने का निर्णय किया। यह घटना सन 1703 की है।

* अतिथि विद्वान, शासकीय महाविद्यालय सेमरिया, रीवा (म.प्र.) भारत

इन वीरों की 46 आदमियों की एक टुकड़ी सूर्योदय से पहले कुठुलिया की ओर से बिछिया नदी पार करके महामृत्युंजय महादेव मंदिर के पास के दरवाजे से किले में घुसी और बुंदेले सैनिकों पर जिनकी संख्या एक हजार के लगभग थी, टूट पड़ी, भीषण युद्ध हुआ। पर अंत में बुंदेले सैनिकों के पैर उखड गए। वे लड़ते हुए किले के बाहर निकल आये और वर्त्तमान घोघर मोहल्ले वाले मार्ग से चले। बीहड़ नदी के किनारे वर्त्तमान लाल भारत शरण सिंह आदि के मकान के पीछे के मैदान में फिर से घमासान युद्ध हुआ। जिसमे आये सभी कलचुरि वीर गति को प्राप्त हुए और बुंदेले सैनिक रीवा छोड़कर प्रत्यावर्तन कर गए।

इस युद्ध में साहेबराय के बड़े पुत्र मर्दनशाह जो एक दिन पहले ही विवाह करकर लौटे थे ,किले के वर्त्तमान उत्तर दरवाजे के भीतर वीरगति को प्राप्त हुए थे। इनकी स्मृति में बानी छतरी अब भी इस फाटक के भीतर दाहिनी ओर विद्यमान है। यह उल्लेखनीय है कि किले के भीतर यही एक छतरी है ,बाकी वीरों में से हिम्मतराय, साहेबराय और चिन्तामणिराय कि छतरियां घोघर मुहल्ले में वर्त्तमान विवेकानंद मार्ग के दाहिनी ओर कालिंदी प्रसाद ज्योतिषी के घर के निकट बनी हुई हैं।

बुंदेलों को खदेड़कर साहेबराय के पुत्र सुमेरूशाह राजकुमार अवधूत सिंह और राजमाता को प्रतापगढ़ से लाये और पुन: गद्दी पर बिठाया। साहेबराय और उनके साथी बड़े उच्चकोटि के वीर थे। साहेबराय कि अच्चयुत वीर वृत्ति का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि उनकी मृत्यु के समय उनके शरीर में 72 घाव लगे थे।

तत्कालीन शासन ने इन वीरों की बलिदान की स्वीकृत के रूप में उनके वंशजों का बड़ा सम्मान किया और मानदेय के रूप में उनके रहने के लिए जोन्ही, रायपुर, खुज और डिहिया के गांव दिए तथा राज्य की तत्कालीन स्थिति के अनुसार जागीरें भी प्रदान की। इस प्रकार चार शताब्दियों के पश्चात कलचुरि एक बार पुन: विंध्य क्षेत्र में पहुंचे। यद्यपि इस बार ये शासन के रूप में नहीं, बल्कि आश्रय की खोज में भटकते हुए वीर सैनिक के रूप में आये। परन्तु अपनी वीरता की छाप जमाकर राज्य में महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लिया।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. पंडित गया प्रसाद त्रिपाठी -ग्राम रायपुर (रीवा से प्राप्त हस्तलिपि , परिशिस्ट प्रथम
2. डॉ. वा. वि. मिराशी, कलचुरि नरेश और उनका काल, पृष्ट 13 ,18
3. गुरु रामायारे अग्निहोत्री -रीवा राज्य का इतिहास, पृष्ट 30
4. पंडित गया प्रसाद त्रिपाठी -ग्राम रायपुर (रीवा) से प्राप्त हस्तलेख , सरस्वती मासिक पत्रिका के तत्कालीन अंक में प्रकाशित (परिशिस्ट खसटम)
5. गुरु रामायारे अग्निहोत्री -रीवा राज्य का इतिहास , पृष्ट 65

****

हिंदी कविता के विकास में दलितों और गैर- दलितों की भूमिका

कल्पना शेवाळे *

प्रस्तावना – हिंदी दलित कविता का मूल स्वर वर्ण व्यवस्था से पीड़ित समुदाय की वेदना है। जिसका तेवर कविता आंदोलन की चेतना के स्तर पर बहुत गहराई से जुड़ा है, जिसकी जड़ में सदियों से अन्याय, अत्याचार और शोषण का इतिहास है। इसलिए हिंदी की दलित कविता समय के दौर में दलित आंदोलन को स्थायित्व प्रदान करनेवाली कविता है। यह वर्ण व्यवस्था के सामाजिक, संस्कृति एवं राजनीतिक वर्चस्व के खिलाफ प्रतिशोधात्मक रूप में अपना नया मोर्चा निर्मित करती है। यह सदियों की यातना है जो आक्रोश एवं विद्रोह के रूप में फूट रही है। दलित कविता अपने यातनाओं के अतीत के साथ अपने समसामयिक जीवन और परिवेश के साथ गहराई से जुड़ी है। जिससे उसकी प्रासंगिकता और अधिक बढ़ गई है। आए दिन होने वाले अत्याचारों, जुल्मों को वह बखूबी से पेश करती है। भक्ति काल में संतों की महत्वपूर्ण भूमिका रही जो दलित थे। भक्ति आंदोलन में निम्न जातियों के संतों और कवियों द्वारा चलाया गया आंदोलन था। जिसका मुख्य स्वर जातिवाद-विरोध और अपनी अस्मिता की छटपटाहट थी। यह कहना गलत ना होगा कि भक्ति काल के संत कवियों ने अपनी रचना के माध्यम से तथाकथित दलितों में जागृति लाने का प्रयास किया। भले ही इन की वाणी में भक्ति का स्वर प्रधान रहा हो, लेकिन उसके साथ ही जाति व्यवस्था को तोड़ने का अनुरोध और समानता का भाव भी रहा है। इन संतो को हिंदी समाज में पर्याप्त सम्मान मिला। हिंदी साहित्य इतिहास में भी इन्हें गर्व के साथ मरण किया जाता है। तुलसीदास भी इस चेतना से सम्पृक्त दिखाई देते हैं। निषाद के गले मिलना, नारी-उद्धार तथा समाज से उपेक्षितों-तिरस्कृतों की सेना द्वारा राम की विजय इनमें स्वाभिमान-आत्मसम्मान का भाव तो जागृत करता ही है, साथ ही इन्हें मानव-समानता का संदेश भी दे जाता है।

भक्तिकाल के बाद का काल दलित लेखन के लिए शून्य ही कहलाएगा। 14 वी सदी में कवि रैदास का ही उल्लेख प्राप्त होता है। डॉ.एन.सिंह ने रैदास को दलित कविता का आदि कवि कहां है, इस संदर्भ में उनके विचार द्रष्टव्य है। – 'रैदास पहले दलित कवि ही नहीं है, वह दलित चेतना के प्रथम कवि भी है।'[1] डॉ.प्रेमशंकर ने राहुल जी का हवाला देते हुए कहा है- 'चौरासी तीस शुद्र कवि थे जो अपनी ओजस्वी वाणी द्वारा जाति व्यवस्था एवं संस्कृति के विरोध में संघर्षरत थे। यह तीस सिद्ध कवी इस प्रकार है- ककालिया, मनिपा, चमरिपा, खड़गपा, घगनपा, शांतिपा, छत्रपा, तंतपा, कुचिपा, महिपा आदि। इन शुद्र सिद्ध कवियों ने अपने इस संघर्ष के द्वारा साधनात्मक एवं सांस्कृतिक रूप से निम्न-जातियों के परवर्तीकाल के लिए एक ठोस जमीन तैयार की थी।'[2] आधुनिक युग में दलितों का चित्रण करने वाली रचना कुछ अंश में प्राप्त होती है। इसी क्रम में महावीर प्रसाद द्विवेदी के संपादन में निकलने वाली पत्रिका 'सरस्वती' में 1914 में हीरा डोम की कविता 'अछूत की शिकायत' छपी थी, जो मूलत: भोजपुरी बोली में थी, जो विषमता परक समाज पर चोट भी करती है। जिसे हिंदी की पहली दलित कविता माना जा सकता है। हिंदी नवजागरण के समय प्रेमचंद, निराला, राहुल सांकृत्यायन ऐसे साहित्यकार हुए हैं, जिन्होंने अपने लेखन और चिंतन में हिंदी क्षेत्र की दलित समस्या को चित्रित करने की कोशिश की है। लेकिन उसे हम सहानुभूति का ही साहित्य मानते हैं। विमल थोरात लिखती है की- 'दलित कविता व्यक्तिगत अनुभवों से सम्पृक्त होने के साथ ही समूह-मन के अनुभवों की अनुभूति भी है।'[3]

आज दलित कविता का साहित्य के क्षेत्र में लेखन, पठन-पाठन प्रचुर मात्रा में हो रहा है। इन दलित कवियों तथा गैर-दलित कवियों ने अपनी कविताओं में परंपरागत रूप से चली आई वर्ण व्यवस्था, जाति व्यवस्था, हिंदुओं के धार्मिक कर्मकांड, दलितों और सवर्णो के बीच की असमानता के प्रति दलित तथा गैर-दलित कवि आक्रोश व्यक्त करता है। इनकी कविताओं में दलितों का उत्पीड़न सामाजिक,आर्थिक तथा धार्मिक और इस व्यवस्था के प्रति खुला विद्रोह व्यक्त हो रहा है। आम आदमी की समस्याओं को लेकर दलित वर्ग के द्वारा अभी तक बहुत कम लेखन हुआ है पर अब दलित वर्ग की व्यथाओं एवं समस्याओं का कथ्य बनाकर प्रचुर मात्रा में कविताएं लिखी जा रही है। दलित कविताओं में जहां तक एक ओर व्यवस्था के प्रति आक्रोश दिखाई देता है वहीं दूसरी ओर व्यवस्था को बदलने के लिए दलित कवि आह्वान करता है और उसी के लिए संघर्षरत है।

दलितों की दशा पर ध्यान केंद्रित करने वाले कवियों में नाथूराम शंकर, रूपनारायण पांडेय, रामचंद्र शुक्ल, मैथिलीशरण गुप्त, सुभद्रा कुमारी चौहान, सोहनलाल द्विवेदी, गया प्रसाद शुक्ल सनेही, भगवती शरण वर्मा, सियारामशरण गुप्त, जगन्नाथ प्रसाद मिलिंद, बालकृष्ण शर्मा 'नवीन' तथा माखनलाल चतुर्वेदी आदि अनेक कवियों तथा लेखकों ने दलितों पर रचनाएं की है। छायावादी तथा प्रगतिवाद के दौर में निराला, पंत, महादेवी वर्मा, दिनकर आदि की रचनाओं में दलित भावनाओं की अभिव्यक्ति हुई है। इसी दौर में प्रेमचंद, यशपाल, अमृतलाल नागर, भैरव प्रसाद गुप्त आदि ने दलित जीवन को केंद्र में रखकर रचनाएं की है। दलित चेतना वर्ण और जाति व्यवस्था और तद्जनित मान्यताओं के विरोध की बात करती है। और मानती है कि गैर-दलित चाहे कितने भी प्रगतिशील हो, उनमें दलितों के भोगे हुए यथार्थ की पीड़ा और अनुभूति की प्रामाणिकता नहीं आ सकती। ऐसे में बुद्ध और महावीर जो स्पष्टत: गैर-दलित (क्षत्रिय) थे। इन्हें तो दलित चेतना अपना मसीहा मान लेती है, पर गांधी को नहीं। गांधीजी को गुजरात की परंपरा में भले ही सवर्ण मान लिया जाए, किंतु भारतीय वर्ण व्यवस्था उन्हें वैश्य ही मानती आयी है। जाहिर है, वैशो की सहानुभूति दलितों के प्रति उच्च शीर्ष पर विराजमान ब्राह्मण और क्षत्रिय वर्णों की अपेक्षा अधिक रही है। फिर क्या कारण है कि गांधी दलित-विरोध के मुख्य टारगेट है, पर बुद्ध दलितों के बड़े

*शोधार्थी, हिंदी विभाग, मुंबई विश्वविद्यालय, कलिना,सांताक्रूझ (पूर्व),मुंबई (महा.) भारत

मसीहा?

यदि अनुभूति और भोगे हुए यथार्थ की बात की जाए, तो महावीर और बुद्ध तो राज परिवार से आते थे। उनके पास कौन-सी भोगी हुई पीड़ा का यथार्थ और अनुभूति की प्रामाणिकता की? उन्होंने तो केवल दृष्ट की सहानुभूति को लेकर ही इतना बड़ा परिवर्तन कर डाला। इसके विपरीत गांधी ने श्वेतों द्वारा अश्वेत भावना की त्रासद पीड़ा और प्रताड़ना दी थी और 'रंगभेद' तथा छुआछूत के खिलाफ जबरदस्त आंदोलन चलाया था। फिर गांधी के प्रति दलितों की टेढ़ी दृष्टि का कारण क्या है ? ऐसे सहानुभूति और स्वानुभूति का सवाल बेमानी-सा लगता है। स्वतंत्रता पूर्व काल में कई दलित साहित्यकारों ने भी दलित साहित्य को आगे बढ़ाने में सहयोग दिया, जिनमें बिहारी लाल हरित, बुद्ध संघ प्रेमी, जैसराम गौतम, चंद्रिका प्रसाद, गया प्रसाद प्रशांत, स्वामी बोधानंद, बदलूराम,संत रामन्यायी,गोकरन लाल, नंदलाल जैसव, छेदीलाल साथी आदि ने काव्य के साथ-साथ अन्य विधाओं में भी दलित साहित्य लिखा।

शोध के परिणाम एवं उनकी व्याख्या – शोध कार्य हेतु शोधार्थी द्वारा स्वनिर्मित प्रश्नावली के माध्यम से संमको का संकलन किया गया था। जिसमें कुल 20 प्रश्नों का निर्माण किया गया था। इस शोध का मुख्य उद्देश्य मध्य प्रदेश के विभिन्न शासकीय महाविद्यालयों के शैक्षणिक कर्मचारियों के कार्य-निष्पादन पर कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव एवं परिवर्तन की संभावनाओ का आंकलन करना था। शोध के निम्न परिणाम सामने आये जिनकी व्याख्या इस प्रकार है- शोध कार्य में कुल 15 प्राध्यापक, 13 सह प्राध्यापक, 34 सहायक प्राध्यापक एवं 31 अतिथि विद्वानों ने भाग लिया। जिनकी उम्र 20 से 65 वर्ष के मध्य थी। प्रश्न क्रमांक 05 के उत्तर में सर्वाधिक 08 उत्तरदाता मधुमेह रोग से ग्रस्त पाये गये। प्रश्न क्रमांक 06 के उत्तर में 48.4% कर्मचारियों ने संक्रमण के बचाव पर अधिक ध्यान देने हेतु अपनी स्वीकृती प्रदर्शित की। प्रश्न क्रमांक 07 के उत्तर में 56.8% कर्मचारियों का मानना है कि उनकी कार्य के प्रति निष्ठा पूर्ववत ही रहेगी। प्रश्न क्रमांक 08 के उत्तर में 27.4% कर्मचारियों का मानना था कि उनकी कार्य कि गुणवत्ता पर कोरोना वायरस महामारी का सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। प्रश्न क्रमांक 09 के उत्तर में 55.8% कर्मचारियों का मानना है कि उनके कार्य का समय रोस्टर के अनुसार होना चाहिए। प्रश्न क्रमांक 10 के उत्तर में 43.2% कर्मचारियों का मानना है कि वह कोरोना वायरस महामारी से बचाव हेतु व्यक्तिगत सुरक्षात्मक साधनों को अपनाते हुए अपने कार्य के साथ सामान्जस्य स्थापित करने में उन्हें लगभग 30 दिनों का समय लग जायेगा। प्रश्न क्रमांक 11 के उत्तर में 27.4% कर्मचारियों का मानना है कि वे कोरोना वायरस महामारी से बचाव हेतु सुरक्षात्मक तरीकों को ध्यान में रखकर कार्य कर सकेगें। प्रश्न क्रमांक 12 के उत्तर में 82.1% कर्मचारियों का मानना है कि यदि उनके सहकर्मी में सर्दी, खासी व जुकाम आदि के लक्षण दिखाई देते है तो वह उन्हें चिकित्सकिय सलाह हेतु प्ररित करेगें। प्रश्न क्रमांक 13 के उत्तर में 71.6% कर्मचारियों का मानना है कि वे संकाय विकास कार्यक्रमों में सुरक्षात्मक परिस्थितियों को ध्यान में रखकर सहभागिता करेगें। प्रश्न क्रमांक 14 के उत्तर में 45.3% कर्मचारियों का मानना है कि महाविद्यालय में आयोजित होने वाले सेमिनार, वर्कशॉप, सिंपोजियम आदि का आयोजन ऑनलाईन आधार पर करेगें। प्रश्न क्रमांक 15 के उत्तर में 77.9% कर्मचारियों का मानना है कि एनएसएस, एनसीसी, वार्षिकोत्सव आदि गतिविधियों का आयोजन कोरोना वायरस महामारी को दृष्टिगत रखते हुए पुर्ण करवाना चुनौतिपुर्ण होगा। प्रश्न क्रमांक 16 के उत्तर में 56.8% कर्मचारियों का मानना है कि महाविद्यालय में छात्र हित हेतु कि जाने वाली शासन कि विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन में समय अधिक लगेगा। प्रश्न क्रमांक 17 के उत्तर में 82.1% कर्मचारियों का मानना है कि छात्रों की अधिक संख्या, सामाजिक दुरी के नियमों व तय समय में कार्य को पुर्ण करना चुनौतिपुर्ण होगा। प्रश्न क्रमांक 18 के उत्तर में 41.1% कर्मचारियों का मानना है कि वे अपना मुल्याकंन कार्य घर पर रहकर पुर्ण करना पसंद करेगें। प्रश्न क्रमांक 19 के उत्तर में 52.6% कर्मचारियों का मानना है कि पाठ्यक्रम को पुर्ण करने हेतु उन्हें ऑनलाईन कक्षाएं भी संचालित करना पडेगी। प्रश्न क्रमांक 20 के उत्तर में 68.4% कर्मचारियों का मानना है कि वे विद्यार्थियों की समस्या का समाधन सोशल मिडिया के माध्यम से करेगें। प्रश्न क्रमांक 21 के उत्तर में 38.9% कर्मचारियों का मानना है कि कोरोना वायरस महामारी के प्रभाव से बचने के लिए विद्यार्थियों से सुरक्षा संबंधी तरीकों का पालन करवाना अत्यधिक कार्य होगा।

शोध का निष्कर्ष : शोध के परिणाम को देखे तो कोरोना महामारी के प्रभाव से शैक्षणिक कर्मचारीयों के कार्य-निष्पादन पर प्रभाव एवं परिवर्तन अवश्य देखे गए हैं। शैक्षणिक कर्मचारीयों में अधिकतर किसी रोग से ग्रसित नहीं होने के कारण संक्रमण का खतरा उन पर कम होगा परन्तु कर्मचारियों को कार्य के दौरान मनोवैज्ञानिक रूप से संक्रमित होने का भय रहेगा जो उनके कार्य-निष्पादन को प्रभावित करेगा। कर्मचारियों के कार्य के प्रति निष्ठा पर भी प्रश्न खड़े हो रहे हैं, साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से कर्मचारी रोस्टर के अनुसार महाविद्यालय में कार्य करना चाहते है जिसके कारण उनका कार्य का समय कम हो जाएगा। इसी प्रकार कर्मचारियों का सभी सुरक्षात्मक साधनों का प्रयोग करते हुए कार्य से सामंजस्य स्थापित करने के साथ-साथ सुरक्षा में चूक होने की संभावना भी बनी रहेगी। कर्मचारियों को महाविद्यालय में सेमिनार, वर्कशॉप, सिंपोजियम आदि करवाने के लिए नए तरीकों का प्रयोग करना होगा। इसी प्रकार संकाय विकास कार्यक्रमों में भी सुरक्षा व परिस्थिति को ध्यान में रखकर ही उपस्थित हो पाएंगे जो संकाय विकास को प्रभावित करेगें। इसी प्रकार प्रवेश, परीक्षाएं, छात्र हित की विभिन्न योजनाएं, एनसीसी, एनएसएस, वार्षिकोत्सव आदि को सुरक्षा की दृष्टि से पूर्ण करने में कर्मचारियों को अत्यधिक चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। इसी प्रकार छात्रों की समस्याओं का समाधान करने के लिए सुरक्षा का ध्यान एवं छात्रों से सुरक्षात्मक साधनों का प्रयोग करवाना आदि कर्मचारियों के लिए अतिरिक्त कार्यभार होगा। अत: उपरोक्त नवीन परिस्थितियों में कार्य करना कर्मचारियों के लिए अत्यधिक चुनौतीपूर्ण है। इस कारण उनके कार्य-निष्पादन पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की संभावनाएं अधिक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

किताबें :

1. डॉ. अवस्थी, अमरेश्वर एवं महेश्वर, श्रीराम, (2011), लोक प्रशासन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल प्रकाशन, आगरा.
2 मित्तल, राकेश कुमार (2009), लोक प्रशासन सिद्धांत एवं व्यवहार, अनामिका पब्लिकेशन, नई दिल्ली.
3. पुनिया, किरण (1997), भारत में प्रशासनिक अभिजन, क्लासिक पब्लिकेशन, जयपुर.

पत्र-पत्रिकाएं :

1. 2020, मार्च 30, इंडिया टुडे.
2. 2020, अप्रेल 02, दैनिक भास्कर.

वेबसाइट्स :

1. www.who.int
2. www.mp.health.gov.in

****

दबाव समूहों का बदलता स्वरूप

देवेश कुमार*

शब्द कुंजी – राजनीतिक दल, अनौपचारिक, संस्थागत एवं संगठनिक।

प्रस्तावना– राजनीतिक भागीदारी एवं राजनीतिक चेतना का विकास हो जाने के कारण जनता राजनीति का केन्द्र हो गयी है। इसके लिए हमें संस्थाओं के साथ–साथ विभिन्न राजनीतिक प्रक्रियाएं है जो व्यक्ति को शासन के साथ जोड़ती है। यहाँ व्यक्ति का मतलब समूह से होता है। बहुलवादियों ने सर्वप्रथम समूहों का महत्व बताया है। हित समूह शब्द का प्रयोग आमण्ड करते हैं। आमण्ड हर समूह का आधार एक विशेष हित मानते हैं। इसलिए हित समूह नाम अच्छा है। ओ0बी0 की दबाव समूह शब्द का प्रयोग ज्यादा ठीक मानते हैं क्योंकि ये समूह ज्यादा दबाव डाल रहे हैं। ये ज्यादा ठीक मानते हैं ओ0बी0 की। फाइनर दबाव समूह एवं हित समूह दोनों को ठीक मानते हैं यह कार्यपरक है। दबाव समूह ज्यादा राजनीतिक सक्रियता दिखाते हैं जबकि हित समूह एक निश्चित कार्य करते हैं। दबाव समूह सिर्फ दबाव डालते है वे शासन में भाग लेने की चेष्टा नही करते हैं। राजनीतिक दल भी समग्रित रूप है दबाव समूहों को। दबाव समूह एक विशेष औपचारिक एवं अनौपचारिक रूप से संगठित हो सकते हैं। ये मुख्यतया अपने विशेष हितों के संरक्षण के लिए समूह वैधानिक एवं अवैधानिक तरीके अपनाते हैं। राजनीति में दबाव डालना मुख्य कार्य है। सारे दबाव समूह हमेशा गलत रास्ता नही उठाते हैं। दबाव समूह सार्वत्रिक प्रकृति के होते हैं क्योंकि व्यक्ति अकेले में नही रह सकता वह सामाजिक होता है। कुछ बड़े मुद्दे लेकर बनते हैं उन्हें हम स्वार्थी नही कह सकते। कुछ का क्षेत्र संकीर्ण होता है। कुछ एक हित उठाते हैं, हित खत्म होने पर वे खत्म हो जाते हैं। दबाव समूह प्रकृति, परिस्थिति, संस्थिति के आधार पर गठित होते हैं। इनकी विशेषतायें निम्नलिखित है:–

1. दबाव समूह हित रखते हैं जबकि राजनीतिक दल शासन की नीति बनाते हैं।
2. राजनीतिक दल के पीछे कई दबाव समूहों का हाथ होता है।
3. कुछ राजनीतिक दल अप्रत्यक्ष रूप से दबाव समूहों द्वारा बनते–बिगड़ते रहते हैं। फाइनर ने विधायिका के पीछे अज्ञात विधायिका की बात की है।

वर्गीकरण– आमण्ड और बाल निम्नलिखित आधार मानते है:–

1. संरचना।
2. सदस्यों के बीच सम्बन्ध।

क्या मतलब है?

काण्डेल का वर्गीकरण:–

1. साम्प्रदायिक – जिसका आधार सामुदायिक साामाजिक आधार होते हैं, ये जाति के आधार पर है।

2. सांगठनिक औपचारिक समूह – ये औपचारिक रूप से गठित होते है, इनमें लक्ष्य, सदस्यता इत्यादि होते हैं।

(1) परम्परागत– परम्परा पर आधारित।

(2) संस्थागत– संख्या पर आधारित

(इ) सांगठनिक संगठन:

(1) संरक्षणात्मक–हितों की सुरक्षा, शिक्षक समूह, विद्यार्थी समूह, मजदूर समूह।

(2) उत्थानात्मक– गांव, महिला, आदिवासी, जानवरों का समूह।

आमण्ड का वर्गीकरण–यह निम्नलिखित है:–

1. संस्थात्मक/संरचनात्मक– विभिन्न संस्थाओं में सक्रिय होते हैं। वे विभिन्न संस्थाओं के कार्यो को प्रभावित करते हैं।

2. सांगठनिक– सदस्यों के आपसी सम्बन्धों के आधार पर बनते हैं। ये औपचारिक/ अनौपचारिक होते हैं।

3. गैर–सांगठनिक– इसमें लक्ष्य प्रमुख होता है विशेष उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए ये संगठित होते हैं।

4. चमत्कारी समूह– ये चमत्कारिक रूप से राजनीति को प्रभावित करते हैं। ये विशेष मुद्दे पर हावी होते हैं। ये व्यापक रूप से राजनीति पर प्रभाव डालते हैं। ये अकस्मात् ढंग से गायब भी हो जाते हैं। यह आमण्ड की आलोचना का कारण बना है क्योंकि विभिन्न समूह का जो गलत कार्य है उनकों विधान प्रदान कर रहे हैं। यह समूह नही है यह तो दबाव डालने का एक तरीका है।

राबर्ट बोन का वर्गीकरण–समूह की प्रकृति, कार्य करने का तरीका, सदस्यों का दृष्टिकोण के आधार पर दो तरीके में बांटा–

1. परिस्थितिजन्य– ये अपने सदस्यों की परिस्थिति में सुधार लाने की चेष्टा करते हैं।

2. अभिवृत्तिजन्य– ये एक विशेष दृष्टिकोण रखते हैं इसी के आधार पर वे पूरे समाज को प्रभावित करने का कार्य करते हैं।

उदाहरणार्थ– मानवाधिकार, महिलाधिकार, ट्रेड यूनियन राजनीतिक दल भी दबाव समूह से जुड़ जाते हैं।

दबाव समूह के तरीके– ये निम्नलिखित हैं:

(क)शान्तिपूर्ण तरीके:

1. प्रचार, मीडिया।
2. सम्पर्क।
3. मंच/गोष्ठी एवं
4. लाबिंग–ये व्यवस्थापिका के अन्दर होती है। ये कानून निर्माण को प्रभावित करती है।

(ख)अशान्तिपूर्ण तरीके–

1. धरना

* राजर्षि नगर कॉलोनी, ब्रह्मचारी का कुँआ, मीरजापुर (उ.प्र.) भारत

2. हड़ताल एवं
3. भूख हड़ताल

(ग) आतंकवादी तरीके – बमबारी, किडनैप इत्यादि।

आतंकवादियों का लक्ष्य नागरिक होते हैं जबकि नक्सवावदियों का लक्ष्य शोषक वर्ग होता है।

डेविड ट्रूमैन – ये व्यवहारवादी विचारक है। ये समूह की भूमिका एवं समूह के व्यवहार पर ज्यादा जोर दिया है। हमें राजनीतिक समूह को समझने के लिए समूह को समझना होना। प्रक्रिया इन्हीं समूह की गतिविधियों के समुच्चय को कहते हैं। आज हम राज्य से ज्यादा आशा नही करते हैं आज समूह की भूमिका बढ़ जाती है। आज युद्ध से भी राज्य की शक्तियों में वृद्धि हो रही है। जैसे:-

1. कार्यपालिका पर अविश्वास ध्यान रोको प्रस्ताव, कटौती प्रस्ताव इत्यादि रोक लगाये जाते हैं।
2. व्यवस्थापिका में समितियों में भी दबाव समूह प्रभावित करते हैं। वे कुछ समितियों के सदस्यों को अपनी तरफ कर लेते हैं। लाबिंग प्रविधि से वे अपना हित साधती है।
3. न्यायपालिका में दबाव समूह याचिका द्वारा कानून को प्रभावित करते हैं। वे जजों को खरीदते भी हैं। वे न्यायाधीशों के 'सीनियर्टीज' को भी प्रभावित कर पदोन्नति को करवाते हैं।
4. लोक सेवक एक विशाल कानून का क्रियान्वयन करते हैं। प्रदत्त व्यवस्थापन, निर्णय लेना एवं विधि बनाना इत्यादि को भी प्रभावित करते हैं। कार्यों को क्रियान्वित करते हैं। वे नौकरशाही से सहयोग आसानी से पा जाते हैं। वे भ्रष्ट तरीकों से भी प्रभावित करते हैं।
5. राजनीतिक दलों के चुनाव प्रक्रिया में दबाव समूह, धर्म प्रचार एवं वोटों के लिए राजनीतिक दल प्रभावित करते हैं। वे प्रत्याशियों के चयन को प्रभावित करते हैं।
6. जनमत को दबाव समूह अपने पक्ष में करने के लिए मीडिया, मीटिंग/ गोष्ठी, संचार एवं विभिन्न माध्यमों से जनता से सम्पर्क बनाये रखते हैं।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि दबाव समूह की भूमिका महत्वपूर्ण है यह दो प्रकार की होती है-

- नकारात्मक एवं
- सकारात्मक।

आज दबाव समूह नकारात्मक तरीके ज्यादा अपनाते हैं। दबाव समूह क्षेत्रीय, संकीर्ण हितों के प्रणेता एवं खण्डित राजनीति को प्रेरणा देते हैं। वे जनहित, राष्ट्रहित की अवहेलना करते हैं। अस्थिर शासन, शासक को बदलना इनका मुख्य है। वे आज गतिरोध ज्यादा डालते हैं। ये जातिवाद, साम्प्रदायिकता, भ्रष्टाचार फैलाते हैं। ये हिंसा की राजनीति को बढ़ावा देते हैं। ये लोकतंत्र के भक्षक हो सकते हैं।

दबाव समूह के बिना राजनीति में सक्रियता संभव नही है। सरकार बनाना, निरंकुश बनने से रोकना एवं जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना इनका कार्य है। ये शासन एवं जनता के बीच सम्प्रेषण का कार्य करती है। ये विकासात्मक कार्य को प्रोत्साहित करते हैं। ये शासन की शक्तियों को संतुलित करते हैं। वे शक्तियों का बंटवारा करवा दे तो ये शासन में भूमिका निभाती है। सभ्य समाज की कल्पना दबाव समूहों के बिना संभव नही है।

ये सरकार को प्रभावित, बिना सामना किये करते हैं। राजनीति से ज्यादा वे औद्योगिक समाज में सक्रिय है। लोकतंत्र में भी वे सक्रिय हैं। अमरीका में इन्हें/इसे अदृश्य सरकार या अनौपचारिक सरकार कहते हैं। ये राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर भी काम करते हैं। जाति, धर्म, क्षेत्र में भी पाये जाते है। अर्थस्टीन एवं एण्टर कहते हैं कि जितना ही समाज आधुनिक होगा दबाव समूह उतना ही महत्वपूर्ण होता जायेगा।

दबाव समूह की प्रकृति एवं विशेषतायें :

1. जब से हमने असंगठित एवं फैले हुए राजनीतिक दल को पाया है तब से दबाव समूह ज्यादा फैल गये हैं। यह भारत में पाया जाता है। महत्व कम ज्यादा बढ़ता रहता है। टूट एवं नयी प्रकृतियां चलती रहती है। उनकी भक्ति बदलती रहती है। मायरन वीनर कहते हैं कि 'राइबल यूनियनिज्म' पाया जाता है कभी-कभी बाहरी तत्व भी प्रभावित करते हैं। वीनर ट्रेड यूनियन को अनिश्चित टूटे हुए मानते है।
2. कम्यूनिस्ट्स के सिवाय लोग ट्रेड यूनियन को गैर-राजनीतिक कहते हैं। उद्योगपति, मजदूर एवं सभी लोग ट्रेड यूनियन को सक्रिय रखते हैं। राजनीति को लोग ठीक नही मानने लगे हैं।

   दबाव समूह का राजनीतिक व्यक्तित्व में राजनीतिक ढि-संस्कृति काल पाया जाता है। अर्थात् कुछ परम्परागत चीजों के कारण राजनीतिक संघर्ष कमजोर पड़ा है। आधुनिकता एवं परम्परागत पाया जाता है। भारतीय समाज में एक साथ दो विचारे चलती है। यद्यपि दबाव समूह अपने लाभ के लिए आधुनिक तरीके अपनाते हो एवं मांगों में कमजोरी आ जाती है।
3. राजनीतिक सहभागिता एवं सिद्धान्त की कमी तथा नीतिगत विश्वास तथा नीतियां समस्या पैदा करती है। उद्योगपति ज्यादातर चुनी सरकार को सहयोग करती हैं। 'बिजनेस ग्रूप' भी भारत में बिखरे रहे हैं। ट्रेड यूनियन कभी-कभी ज्यादा जोश दिखाते हैं परन्तु समझौते बहुत कम पर कर लेते हैं। अराजकता का भी निर्माण नीतिगत आधार पर किया जाता है। भारत में समझौते प्रथम चरण में ही हो पाते हैं। अन्य जगहों में चर्चा के बाद ही बन्द होती है जबकि भारत में बन्द तुरन्त हो जाता है। खास लक्ष्य की प्राप्ति नही हो पाती है।
4. दबाव समूहों के अस्तित्व स्वतंत्र नही हैं। कृषकों का ग्रूप कुछ ज्यादा ही कमजोर है जबकि बिजनेस एवं ट्रेड यूनियन की कुछ ठीक है। ये प्रत्यक्षत: राजनीतिक दलों को सपोर्ट या विरोध करें यह निश्चय नही कर पाते हैं जबकि कम्प्यूनिस्ट के ग्रूप ज्यादा ठीक हैं। कांग्रेस का यूनियन 10-15 सालों में कमजोर पड़ा है। दबाव समूहों का ज्यादा योगदान नही रहा है। ये भी दल-बदल की राजनीति करने लगे हैं दबाव समूह छोटे लाभ के लिए बड़ा लाभ खो देते हैं।

कृषक समूह – भारत किसानों का देश है। यहाँ किसान गांवों में रहते हैं लगभग 60 प्रतिशत लोग गांवों में रहते हैं लेकिन उनका राजनीतिक संस्कृति कमजोर है। इनका राष्ट्रीय स्तर पर कोई बड़ा समूह नही है। बड़े किसान सिर्फ अपने हितों के लिए खुद को संगठित करते हैं। प्रथम लोकसभा में लगभग 1/7 ही कृषक थे। दूसरी में 1/3 हो गयी है। जो किसान लोकसभा में जा रहे हैं वे बड़े अमीर है। जो खुद चुनाव लड़ सकते हैं। जबकि 70-80 प्रतिशत उद्योगपति हैं। बड़े किसान राज्य स्तर पर भी ज्यादा संगठित नही है। ये राजनीतिक दलों को ज्यादा सहयोग भी नही कर पाते हैं। 'सीलिंग' एवं कराधान बचाना बड़े किसानों का लक्ष्य होता है।

ये समूह ज्यादा राजनीति में सक्रिय भी नही थे। ये आजादी में उद्योगपतियों की अपेक्षा अंग्रेजों के ज्यादा प्रिय थे। उद्योगपतियों ने ज्यादा सक्रियता रखी थी। जबकि जमींदार उतने सक्रिय नही रहते थे। सिर्फ कुछ

सूझबूझ वालों ने ही राजनीतिक दलों का साथ दिया था। कांग्रेस ने जमींदारी हटाने की योजना शुरू से ही रखी थी। जमींदारी उन्मूलन इस दल को पहला धक्का था। जमीदारों को हटाकर कांग्रेस ने जनमत प्राप्त किया। कांग्रेस ने इनको मिलाने का भी कार्य किया। बड़े जमींदार भूमि 'सीलिंग' पर दबाव डालने लगे। जमींदार सीलिंग को परिवार के ऊपर व्यक्ति को इकाई मानकर प्रत्येक व्यक्ति को देने की मांग की। तथा कराधान को भी हटाने की मांग की। बागवान, सहकारी फार्म इत्यादि में भी जमीन को छुपाने का प्रयास किया। एक तरह से जमींदारी उन्मूलन ठीक से लागू नही हुआ। छोटा किसान पहले काफी प्रभावित हुआ कांग्रेस से परन्तु बाद में कांग्रेस ने इसे ठीक से लागू नही किया। विभिन्न दासों के नाम भी जमीन कर दी गयी। डेयरी, बागवानी, सहकारी फर्मो का सारा लाभ बड़े किसानों ने पाया। कांग्रेस गरीब की बात पर खरी नही उतरी। अपनी 'गरीबी हटाओं' के अनुसार कांग्रेस कानून को लागू न करवा सकी। 'ज्वांइट कोआपरेटिव' पर सीलिंग कानून नही बनाया गया।

राल्फ सी वीयर ने उ0प्र0, बिहार का अध्ययन करके बताया कि सहभागी कृषि सिर्फ कानूनी बात है। यह सिर्फ 20 प्रतिशत ही लागू हुआ 80 प्रतिशत दुरूपयोग ही हुआ है। पंजाब, हरियाणा, गुजरात, महाराष्ट्र में यह सफल रहा है। हरित क्रांति के कारण भी जमींदारों को काफी फायदा हुआ। 1980 में सीमान्त कर भी लगाया गया। सरकार को अरबों का घाटा हुआ था क्योंकि सरकार की अवधारणा थी कि संसद, विधानसभा में जमींदार ही होता है क्योंकि वही चुनाव जीत पाते हैं। मोरारजी देसाई, निजलिंगथा इत्यादि को सिंडीकेट कहा जाता था जो कांग्रेस को नियंत्रित करते थे। इंदिरा गांधी द्वारा विभिन्न 'प्रिवीपर्स' राष्ट्रीयकरण किया गया। भूमि वितरण पुन: शुरू किया गया राज्य सूची के बिगड़े विषयों पर केन्द्र सूची में डालने की बात कही। परन्तु जमींदारी उन्मूलन में कोई भी परिवर्तन करने में सफल नही रही। पश्चिम बंगाल में भूमि वितरण काफी प्रभावी रहा है। मध्य भूमि जमींदार ज्यादा भ्रष्टता फैलाते हैं। स्थानीय स्तर के किसान भूमिहीन तथा संगठनहीन है। सरकार कृषि क्षेत्र में कम से कम छूट दी जा रही है। जिसकी पोल अब खुल रही है। परन्तु भारत में यह अब छूट कम होती जा रही है।

संदर्भ ग्रन्थ सूची :–

1. फ्रैक टी0 मुंगर, फ्रैक जे0 मुंगर एण्ड फ्रैंक वेबर मुगर : रीडिंग इन पॉलिटिकल पार्टीज एण्ड प्रेशर ग्रूब्स, 1964
2. क्रिस्टी डब्ल्यू कीफर, जी0 राल्फ फाल्कारी, माग्रेट ए0 मैक्कीन : सोशल चेंज एण्ड कम्यूनिटी पॉलिटिक्स इन अर्वन जापान, 1976, इन्स्टीट्यूट फार रिसर्च इन सोशल साइंस।
3. क्रिस्टी डब्ल्यू कीफर : हेल्थ वर्क विथ द पूवर : ए प्रैक्टिकल गाइड, रूटगर यूनिवर्सिटी प्रेस, 2000
4. यूसिटो किनोसीटा : रिक्यूज ऑफ द आनर्ड, यूनिवर्सिटी ऑफ कैलिफोर्निया, 1993
5. क्लार्क सी0 गिब्सन : पीपुल एण्ड फारेस्ट एम0आई0टी0 प्रेस, 2000

****

आत्मा की अमरता के विविध आयाम

के. के. सिंह*

मूल शब्द– अमरता, धार्मिक, गीता एवं नैतिकता।

भूमिका– आत्मा की अमरता एक महत्वपूर्ण धार्मिक विश्वास है जो जीवन और जगत के प्रति धार्मिक व्यक्ति के एक विशिष्ट दृष्टिकोण को इंगित करता है। आत्मा को प्राय: शरीर, इंद्रिय, बुद्धि आदि से भिन्न अभौतिक स्वतंत्र आध्यात्मिक सत्ता के रूप में स्वीकार किया जाता है। अत: शरीर इंद्रिय आदि के विनाश के पश्चात् भी आत्मा की निरन्तरता या सत्यता का बने रहना ही आत्मा की अमरता है। यहाँ एक उल्लेखनीय है कि सेमेटिक धर्म (इस्लाम, ईसाई, यहूदी) में आत्मा की अवधारणा अंतिम रूप में भी शरीर के साथ जुड़ी हुई है। यही कारण है कि सेमेटिक धर्म मृत्यु के उपरान्त शरीर को सुरक्षित रखने का प्रयास किया जाता है ताकि 'न्याय दिवस' के अवसर पर आत्मा को शरीर जन्नत या जहन्नुम भेजा जा सके। स्पष्ट है कि सेमेटिक परम्परा में शुद्ध आत्मा का अवधारणा में विश्वास नही किया गया है।

यहाँ आत्मा की अमरता के संबंध में ध्यातव्य (ध्यान रखने योग) बात यह है कि आत्मा की अमरता का आशय केवल भविष्य में जीवन का बने रहना मात्र नहीं है। बल्कि उच्चतर एवं परम् जीवन से है। जिसमें सत्य, शुभ और सौन्दर्य की प्राप्ति होती है।

पाश्चात्य दर्शन में आत्मा की अमरता का समर्थकों का तर्क देकार्त, लाइबनित्ज आदि है। जबकि भारतीय दर्शन में चार्वाक एवं बौद्ध को छोड़कर समस्त भारतीय दर्शन आत्मा की समरता का समर्थन करते हैं।

आत्मा की अमरता के संबंध में निम्नलिखित तर्क दिखाई देते

तत्वमीमांसी तर्क– प्लेटो के अनुसार आत्मा सरल है सरल होने के कारण आत्मा निवयव है निरवयक होने के कारण सह अविनाशी है अजर है, अविभाज्य है और अविभाज्य होने के कारण अविनाशी है, अमर है। प्लेटों के इस मत का समर्थन देकार्त भी करते हैं। यह इस तर्क में पहले से ही यह मान लिया गया है कि आत्मा एक सरल द्रव्य है। यहाँ इसे सिद्ध करने के प्रयास नहीं किया गया है। प्लेटो अपनी पुस्तक 'फीडो' में कहते हैं कि मनुष्य जीवन और मृत्यु का समन्वय (संयोग) है यहाँ जीवन का स्रोत आत्मा है जबकि मृत्यु शरीर से संबंधित है अत: मृत्यु से केवल शरीर का नाश होता है उसके विरोधी आत्मा का नही।

यहाँ दो परस्पर विरोधी तत्वों की (जीवन, मृत्यु) एक साथ एक ही तत्व (जीवन शरीर) में स्वीकार किया गया है। परन्तु इन परस्पर विरोधी तत्वों को एक ही समय में स्वीकार नहीं किया जा सकता। उपरोक्त दोनों तर्क तत्वमीमांसीय तर्क है।

ज्ञानमीमांसीय तर्क – प्लेटो के अनुसार आत्माज्ञाता है और वही ज्ञान का भंडार है ज्ञान नित्य शाश्वत एवं अपरिवर्तनशील होता है। ऐसे ज्ञान का आधार कोई नित्य शाश्वत एवं चेतन तत्व ही हो सकता है। यह चेतन तत्व आत्मा है। प्लेटों यहाँ स्पष्ट रूप से कहते हैं कि हमारा समस्त ज्ञान पूर्व जन्म के ज्ञान का अनुश्रमरण मात्र है। यह तर्क सर्वप्रथम आत्मा ने किस प्रकार ज्ञान प्राप्त किया इसकी विवेचना नही करता क्योंकि सर्वप्रथम ज्ञान अर्जित करते समय कोई पुर्नजन्म नहीं था।

नैतिक तर्क– समीक्षावादी दार्शनिक कांट के अनुसार परम शुभ की प्राप्ति नैतिकता का आदर्श है इसे किसी एक जीवन के प्रयासों के कारण नही पाया जा सकता अत: परम सुख की व्याख्या करने के लिए आत्मा को अमरता को मानना आवश्यक है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि कांट यद्यपि शुद्ध बुद्धि के आधार पर आत्मा की अमरता का सिद्ध करने वाले तर्कों का खंडन करते हैं परन्तु व्यवहारिक बुद्धि की माँग के अनुयप नैतिकता की पूर्व मान्यता के रूप में आत्मा की अमरता को स्वीकार करते हैं।

परामनोवैज्ञानिक तर्क– परामनोविज्ञान मनोविज्ञान की एक शाखा है जिसमें–

1. मृत व्यक्ति की आत्माओं से सम्पर्क।
2. कुछ बालकों द्वारा पूर्व जन्म की बातों को बताया जाना।
3. कुछ बच्चों का कुछ विशेष कार्यों में निपुणता।

आदि के आधार पर आत्मा की अमरता को सिद्ध करने का प्रयास किया जाता है।

शक्ति या ऊर्जा पर आधारित तर्क– इस तर्क के अनुसार शक्ति का कभी विनाश नहीं होता आत्मा भी एक अध्यात्मिक शक्ति (ऊर्जा) है।

मूल्यों के संरक्षण के दृष्टिकोण से– दया करूणा, प्रेम, त्याग इत्यादि मूल्यों को शाश्वत एवं नित्य माना जाता है इन मूल्यों का आधा कोई अनित्य अथवा भौतिक तत्व नहीं हो सकता। कोई नित्य शाश्वत मूल्यपूर्ण चेतन तत्व ही इसका आधार हो सकता है। यही चेतन तत्व आत्मा है, इस रूप में आत्मा की अमरता सिद्ध है।

गीता में आत्मा के सिद्धि हेतु तर्क– गीता के अनुसार आत्मा अजर–अमर अविनाशी है। इस आत्मा का शरीर के साथ अनिवार्य संबंध नहीं है। गीता में आत्मा की अमरता के संबंध में निम्नलिखित तर्क है–

1. नासतो विद्यते भावों नाभावो विद्यते सत्
   नासतो त्र न + असतो
   नाभावो त्र ना + अभावो

अर्थ– जो असत्य है उसका कभी भाव (अस्तित्व) नहीं हो सकता है और जो सत्य है उसका कभी अभाव नहीं हो सकता। आत्मा सत्य है अत: उसका कभी अभाव नहीं हो सकता और इस रूप में आत्मा अमर है।

2. न जायते म्रियते वा कदाचित्
   नायं भूत्वा भविता वा न भूय।

* परियोजना निदेशक, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

अजो नित्य शश्वतोऽयं पुराणो
न हन्यते हन्यमाने शरीरे।।

अर्थात यह आत्मा कभी जन्म ग्रहण नहीं करता या मरता भी नहीं अथवा ऐसा भी नहीं है कि एक बार होकर फिर नहीं होता जन्म रहित मृत्यु रहित नित्य तथा सनातन यह आत्मा देह के हित (नष्ट) होने पर अर्थात नष्ट होने पर भी हत नहीं होता है इस रूप में आत्मा की अमरता सिद्ध है।

3. नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहाति पावक:।
न चैन क्लेदयन्त्योपो न शोषयति मारुत:।।

अर्थात शस्त्र इस आत्मा को काट नहीं सकते, अग्नि इस आत्मा को जला नही सकती तथा जल इसे गीला नही कर सकता, वायु इस आत्मा को सुखा नही सकती।

कर्म नियम पर आधारित तर्क– कर्म नियम की सम्यक रुपेण व्याख्या करने के लिए भी आत्मा की अमरता को स्वीकार किया जाता है। कर्म नियम के अनुसार अच्छे कर्म का अच्छा और बुरे कर्म का बुरा फल अवश्य मिलता है। परन्तु व्यवहारिक जीवन में व्यक्ति के एवं उनके कर्मफल के मध्य विरोधाभास की स्थिति दिखाई देती है। यहाँ धार्मिक व्यक्ति विभिन्न व्यक्तियों में भिन्नता तथा उनके कर्म एवं उनके कर्मफल में विरोधाभास की व्याख्या आत्मा की अमरता को मानकर करता है। वहीं आत्मा जिसमें अतीत जीवन में अच्छा कर्म किया था वर्तमान जीवन में बुरे कर्मों को करते हुए भी अच्छा फल पा रहा है। यहाँ धार्मिक व्यक्ति साथ ही यह भी कहता है कि भविष्य में उसके वर्तमान जीवन का फल अवश्य मिलेगा।

आलोचना– ये निम्नलिखित हैं:–

1. चार्वाकों के अनुसार शरीर से भिन्न स्वतंत्र आत्मा का अस्तित्व नही है। शरीर विनाश से आत्मा का भी विनाश हो जाता है।
2. बौद्ध दर्शन के अनुसार आत्मा पंच स्कंधो (रूप, वेदना, संज्ञा, संस्कार) का संघात है जिसमें प्रतिक्षण परिवर्तन हो रहा है।
3. पाश्चात्य अनुभववादी दार्शनिक ह्यूम भी आत्मा की सत्यता का समरता का खंडन करते हैं।
4. भाषा विश्लेषणवादियों के अनुसार आत्मा की अमरता को मानने में विरोधाभाष से इन दार्शनिकों के अनुसार मर जाना और बच जाना परस्पर विरोधी बाते हैं। अत: यह कहना है कि मृत्यु के पश्चात भी व्यक्ति की आत्मा जीवित रहती हैं व्याघात (विरोध) को जन्म देता।

गांधी का भी कहना है कि हम जितना शुद्धि का प्रयास करते हैं अपने को ईश्वर के उतना ही करीब पाते हैं।

ईसाई धर्म बनाम गीता

ईसाई धर्म	गीता
1 शुद्ध आत्मा की कल्पना नही है। इसमें अंतिम स्थिति में भी आत्मा को संदेही माना गया है।	1 शुद्ध आत्मा (विशुद्ध) की अवधारणा में विश्वास है गीता के अनुसार मानव का असली स्वरूप शुद्ध आध्यात्मिक है शरीर मानवीय आत्मा का वाह्य या आकस्मिक गुण है।
2 आत्मा में पुन: जन्म (पुर्नजन्म) की बात को स्वीकार नहीं किया गया है इसमें पुनरूथान अवधारणा है अर्थात न्याय दिवस के अवसर पर मृत्यु आत्माओं को एक बार पुन: शरीर के साथ जीवित कर उन्हें सदा के लिए जहंनुम या जन्नत में भेजने की बात की गई है।	2 गीता में पुर्नजन्म की अवधारणा है इसका आशय है कि आत्मा जब तक मोक्ष की प्राप्ति न कर ले पुन: जन्म धारण करती है।
3 ईसाई धर्म में 'मूल पाप' की अवधारणा है। यहाँ यह माना गया है कि आदम एवं ईव द्वारा किया गया पाप उनके वंशजों में संचारित हो गया है अत: पाप सार्वभौम है अर्थात सभी पापी हैं जन्म से।	3 गीता में भी यद्यपि ईश्वर के भक्ति की बात की गई है परन्तु यहां ज्ञान और कर्म के आधार पर भी समस्त बंधनों से छुटकारा पाने की बात बतायी गयी है।

समानता– गीता और ईसाई दोनों जगहों पर यह बताया गया है कि किस प्रकार मानव अपने वास्तविक स्वरूप से भटक गया है गीता में इस संदर्भ में अज्ञानता की बात की गयी है जबकि इसाई धर्म में मूल पाप की बात की गयी है। दोनों ही धर्मो में ईश्वर को अपने को पूर्णतया समर्पित कर देने से मानव अपने असली स्वरूप को जान लेता है। दोनों में ही यह स्वीकार किया गया है कि व्यक्ति के सीमित कर्म आत्मा की अमरता की प्रकृति को निर्धारित करती है।

दोनों यह मानते हैं कि आत्मा इहलौकिक (इस संसार में) में शरीर के साथ रहती है। अत: हम देखते हैं कि गीता और ईसाई धर्म में पर्याप्त अन्तर होते हुए भी कई जगह समानता विद्यमान है।

धार्मिक दृष्टिकोण से आत्मा की अमरता का महत्व–

1. कर्म नियम की सम्यक रूपेण व्याख्या करने के लिए।
2. पुर्नजन्म एवं पुर्नजन्म (अतीत जीवन) की व्याख्या करने के लिए।
3. सद्कर्मों के प्रोत्साहन एवं दुष्कर्मो में हतोत्साहन हेतु।
4. मोक्ष की व्याख्या हेतु।
5. मृत्यु के भय को कम करने के लिए के संदर्भ में।

नैतिकता के दृष्टिकोण से आत्मा की अमरता का महत्व–

1. कर्म नियम की रक्षा के दृष्टिकोण से।
2. मूल्यों (दया, प्रेम, करूणा) के संरक्षण के रूप में।
3. निश्चित एवं निर्भीक होकर कर्म करने के दृष्टिकोण से।
4. दुष्कर्मों के हतोत्साहन एवं सद्कर्मो को प्रोत्साहन के दृष्टिकोण।
5. नैतिक परिपूर्णता की प्राप्ति के दृष्टिकोण से।

आत्मा की अमरता एक सुखकर परन्तु अतार्किक अवधारणा है। तर्कता इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता। फिर भी इसका महत्व है।

अशारीरिक अमरता– भारतीय दर्शन में अधिकांश विचारक आत्मा को अशरीर और अमर मानते हैं। गीता में स्पष्ट रूप से लिखा गया है कि यह आत्मा अजन्मा, नित्य, शाश्वत और पुरातन है साथ ही शरीर के नाश होने पर भी आत्मा का नाश नही होता है। पुन: गीता में कहा गया है कि जिस प्रकार कोई व्यक्ति पुराने जीर्ण वस्त्रों को उतारकर नए वस्त्र पहन लेता है उसी प्रकार आत्मा पुराने शरीर को छोड़कर नए शरीर को धारण करती है जब तक उसे मोक्ष नही प्राप्त होता। पाश्चात्य दार्शनिक कांट ने भी आत्मा को अशरीरी और अमर कहा है। परन्तु भविष्य में सेमेटिक धर्म के प्रभाव में पश्चिमी ईश्वरवादियों के बीच देह विहीन आत्मा की कल्पना नही रही।

शारीरिक अमरता– शारीरिक अमरता को सेमेस्टि धर्म (नवी मूलक) में मान्यता मिली है। यूहदी, ईसाई, इस्लाम आदि धर्म परस्पर में ऐसा माना

गया है कि एक दिन न्याय दिवस आशावाद जिसमें सभी मृतकों को शरीर सहित जिन्दा किया जाएगा फिर उन्हें उनके कर्मो के अनुसार या तो स्वर्ग में भेजा जाएगा या उनके नरक में दु:ख भोगना होगा।

इस प्रकार हम देख सकते हैं कि सेमेटिक धर्म में आत्मा का अस्तित्व शरीर के सा ही अलग किया गया है जबकि भारतीय परम्परा में शरीर और आत्मा दोनों।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. सुभाष लखोटिया : आत्मा के लिए अमृत, 2017
2. प्रो0 राजेन्द्र प्रसाद : दर्शनशास्त्र की रूपरेखा, 2007, मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन, ISBN-812083206XI
3. जदुनाथ सिन्हा : भारतीय दर्शन, 2008, मोतीलाल बनारसीदास प्रकाशन, नयी दिल्ली, ISBN-978-81-208-2151-61
4. मैक्स मूलर : द सिक्स सिस्टम ऑफ इण्डियन फिलासफी, 2007, रीड बुक्स प्रकाशन।
5. थियोस बनार्ड : हिन्दू फिलासफी, 1999।

****

Mauryan Administration and It's Influence On Present Administrative System

Dr. Madhusudan Choubey*

Abstract - The Mauryan dynasty has an important place in the history of ancient India. the Mauryan Government was enlightened despotism. It was completely centralized and bureaucratic. The centralized monarchy became a paternal despotism under the able guidance of emperor Ashoka. Most of the Maurya emperors used their powers for the welfare of the subject. The emperor was the axis of Mauryan administration. He was assisted by a council of the ministers. There was a organized secretarial for the conduct of State affairs and a very well managed civil service to run the government smoothly. The criminal code of the Mauryas was very severe and was sternly administered. A large number of Gudhapurushas [detectives] kept a vigil over the entire administration. Maurya had a large army. Very big Maurya empire was divided in provinces for effective administration. The provinces were further divided into districts. There was local administration in cities and villages. After the war of kalinga, Ashoka introduced many reforms in administration and made it more liberal. Administration of today's India is having almost features of Mauryan era. The influence is clear and deep.

Tools - Reference books, Inscriptions, Administrative reports.
Key Words - nature of the Mauryan Government, despotism, centralized, bureaucratic, provinces, local administration.

Introduction - The Mauryan dynasty has an important place in the history of ancient India. With the help of Chanakya, Chandragupta Maurya established Maurya Empire in 322 BC. Total ten emperors ruled in this dynasty up to 187 BC. Chandragupta. Bindusara and Ashoka were main emperors of them. Brihadratha was the last king. The Maurya administration has earned a lot of praise from historians. Present administration system was established in 1947, and gradually it developed.

Nature Of The Government - The nature of the Mauryan Government was enlightened despotism. It was completely centralized and bureaucratic. The centralized monarchy became a paternal despotism under the able guidance of emperor Ashoka. Most of the Maurya emperors used their powers for the welfare of the subject. In independent India, we find the same motive of the government, which is welfare of people. Though monarchy has been replaced with democracy.

Structure Of Administration - Structure of the Mauryan administration had following parts:-

A. Central Administration.
B. Provincial Administration.
C. District Administration.
D. Local Administration.

The Constitution of India forms same administrative structure at present.

A. The Central Administration - The following were main parts of the central administration:-

1. The Emperor: - The emperor was the axis of Mauryan administration. He was taken to be the representative of God. He was the head of all powers. He was the head of the justice, law and army. Though the king had such extensive despotic powers, yet he was guided by the noblest ideals. He considered himself as the servant of the people. Patliputra was his capital.

2. Council of Ministers : - The king was assisted by a council of the ministers. Purohit, Senapati and Yuvraj were the most important ministers. The Purohit advised the king on the matters of Dharma and justice. Senapati was responsible for conducting battles. Yuvraj was the heir. Yuvraj had to stay in the capital for gaining administrative experience.

3. The Secretariat: - There was a organized secretarial for the conduct of State affairs. There were several departments and each was under and adhyaksha or superintendent. The adhyaksha were equated with the present secretaries. Chanakya or kautilya mentioned the duties of 32 adhyaksha in several departments. Some of them were- Koshadhyaksha, Lauhadhyaksha, Lavanadhyaksha, Swarnadhyaksha, Sitadhyaksha etc.

4. Civil Service : - There was a very well organized civil service to run the government smoothly. The officers were called Amatya. The Amatya were equated with the present civil servants. Main Amatyas were- Sannidhata [In charge of treasury], Samharta [Collector of revenue], Dandpala [Chief of police], Durgapala [Governor of the fort], Antapala

* Associate Professor (History) S.B.N. Govt. P.G. College, Barwani(M.P.) INDIA

[Governor of the frontier] etc.

5. Administration of Justice : - The king was the head of justice administration. There was two types of court-

I. Dharmasthiya- Civil court.

II. Kantaka Sodhan- Criminal court.

The judges of civil court and the criminal courts were called Vyavaharika and Pradestha respectively. The chief justice was called Dharmadhikarin.

The criminal code of the Mauryas was very severe and was sternly administered. Due to the harsh punishment the crimes were few. The security of life and property was guaranteed by the state.

6. Detective System : - A large number of Gudhapurushas [detectives] were posted all over the empire. They kept a vigil over the entire administration.

The detective system was divided into two parts –

I. Sansthan :- Used to stay at a place.

II. Sanchari :- Used to wander here and there.

Kautilya wrote about a number of detectives such as Vishkanya or poisonous girls, house holders, merchants, ascetics etc.

The spies had to perform their duties very carefully, secretly and skillfully.

7. Military organization : - Maurya had a large army. It consisted of 6 lacks infantry, 30 thousands cavalry, 9 thousand war elephants and 1 thousand chariots.

The king was the supreme commander of the armed force. He personally supervised the army in both peace and war.

The army was efficiently organized by a council of thirty members which was further divided into six boards.

8. Revenue System : - According to Kautilya, the most important duty of a king was to keep his treasury full at all time for all works. The chief source of revenue was the land tax, which varied from one sixth to one fourth of the produce. Other taxes were sales tax, municipal tax, taxes on liquor shops and gambling houses etc. several fines and presents to the king were other sources of revenue.

If we compare present central administrative system with above features, we find the existence of many of them. The prime minister has taken place of the emperor. The P.M. has many powers. President of India is a nominative chief of the administration. Council of ministers, secretariat, bureaucracy, revenue system are significant features of today's administrative structure. Of course we are living in 21st century and in a democratic world, so style of working has changed a lot, but structure has not.

B. The Provincial Administration - The Maurya empire was very big. It was not possible to rule effectively all over from central capital Patliputra. That is why the empire was divided in provinces. At the time of Ahoka there were five provinces-

1. Uttarapath [The Northern province], Capital – Taxila/ Takshshila.

2. Dakshinapath [The Southern province], Capital – Suvarnagiri.

3. Prachya [The Eastern province], Capital – Tashali/ Kalinga

4. Avantipath [The Western province], Capital – Avantika/ Ujjain.

5. Central Province, Capital – Patliputra.

Central province was looked after by the king himself.

Other provinces were under the princes of royal family. They were designated as 'Kumar'. Some times other official also became the head of the province and was known as 'Pradeshika'.

The heads of the provinces were bound to work according to the instructions of the emperor.

At present we have 28 states and 8 union territories. Center plays dominating role now a days too. States also have authority to make law on various subjects. They are not as dependent on central government, as they were in the past.

C. District Administration - The provinces were further divided into districts.

Rajka or Mahamatra was the head officer of the district.

Yuktas were the officers who carried on the administrative duties.

Today's states and union territories are also divided in many districts for effective administration. Collectors and other officials are ruling over the districts.

D. Local Administration - There was local administration in cities and villages-

I. Administration of City - The chief of city administration was called 'Nagrik'.

At Patliputra, a council of 30 members administered the city. Six boards were made for administration. Every board had 5 members.

1. First Board – Looked after commerce and industries.

2. Second Board – Took care of foreign ambassadors and other foreigners.

3. Third Board – Kept the record of birth and death.

4. Fourth Board – Looked after the weights and measures, buying and selling of goods.

5. Fifth Board – Responsible to stop mixing of goods.

6. Sixth Board – Responsible for education, sanitation etc.

II. Administration of Village - Village was the smallest unit of the administration. Following were responsible for its administration-

1. Gramik – Gramik was the head of village. He was elected. He did not receive salary.

2. Gramsabha – It used to assist Gramik and worked for the welfare for the people.

3. Gope – He was the officer appointed by the government. There were several villages under him.

By 72th and 73rd constitutional amendments, we have clear provisions for local administration at village, block and district levels.

Conclusion - We can say that the Mauryan administration was indeed the first attempt in India to do administrative centralization on an extended scale. The government worked for the welfare of people. The government devoted itself to control the productive and commercial activities. It

was a significant change from earlier systems. After the war of kalinga, Ashoka introduced many reforms in administration and made it more liberal. Present administrative system has adopted many characteristics of Mauryan administration.

References :-

1. Kautilya, Arthshastra, Penguin books, New Delhi, 2019.
2. Ancient India as described by Megasthenes and Arrian, Forgotten books, London, 2015.
3. Sharma R.S., India's ancient past, oxford University press, London, 2005.
4. Mahajan V.D., Ancient India, S. Chand, New Delhi, 1992.
5. Pandey J.N., Constitution of India, Central Law Agency, Pryagraj, 2020.
6. Fadia B.L., Public Administration, Sahitya Bhawan, Agra, 2012.
7. Bhandarkar D.R., Ashoka, S. Chand and Company, New Delhi, 1960.

****

आर्थिक विकास को अवस्थाएं तथा प्रक्रिया

डॉ. पी. डी. ज्ञानानी*

प्रस्तावना –अर्थशास्त्रियों का विचार है कि आर्थिक विकास की कुछ अवस्थाएँ होती हैं। जो एक–दूसरे के बाद क्रम से आती है। इसी को वे आर्थिक विकास की प्रक्रिया कहते हैं लेकिन अर्थशास्त्रियों में इस सम्बन्ध में एक राय नहीं है कि विकास की अवस्थाएँ कौन–कौन सी हैं या विकास प्रक्रिया का ढंग क्या है। कुछ अर्थशास्त्रियों का विचार है कि विकास की तीन अवस्थाएँ होती हैं: (1) वस्तु विनिमय अवस्था (2) मौद्रिक अवस्था (3) साख अवस्था।

कुछ अर्थशास्त्री आर्थिक विकास की अवस्थाओं का वर्णन जनसंख्या के पेशेवर विभाजन के आधार पर करते हैं और उनका कहना है कि आर्थिक विकास के साथ–साथ कृषि पर निर्भर रहने वाली जनसंख्या का प्रतिशत घटता जाता है और औद्योगिक जनसंख्या का प्रतिशत क्रमश: बढ़ता जाता है। अत: उनकी दृष्टि में कृषि आर्थिक पिछड़ेपन का द्योतक है जबकि उद्योग आर्थिक विकास का सूचक है।

प्रो. कॉलिन क्लार्क ने अपनी पुस्तक `Condition of Economic Progress' में आर्थिक विकास की तीन अवस्थाएं बतायी हैं: (i) प्रारम्भिक अवस्था, (ii) मध्यवर्ती अवस्था, व (iii) उन्नत अवस्था। लेकिन प्रसिद्ध अमरीकी अर्थशास्त्री प्रो. रोस्टोव ने अपनी पुस्तक `The Problems- of Economic Growth' में आर्थिक विकास की निम्न पाँच अवस्थाएं बतायी हैं :–

(1) परम्परावादी अवस्था – इस अवस्था में देश के अधिकांश साधन कृषि व्यवसाय में लगे होते हैं तथा उद्योग–धन्धे भी बहुत ही पिछड़ी हुई अवस्था में होते हैं। कृषि उत्पादन–साधन भी पुराने होते हैं तथा वैज्ञानिक साधनों को काम में नहीं लाया जाता है। इससे कृषि उत्पादन एक सीमा पर भी स्थिर रहता है। किसी भी क्षेत्र में विज्ञान एवं तकनीकी का उपयोग नहीं दिखायी देता है। समाज में राजनीतिक सत्ता बड़े–बड़े भूमपतियों के हाथ में केन्द्रित होती है। इन सबके परिणामस्वरूप इस अवस्था में (i) उत्पादन का स्तर निम्न एवं प्रति व्यक्ति आय न्यून होती है, (ii) समाज का संगठन जातिवाद एवं पारिवारिक सम्बन्धों पर आधारित होता है, (iii) देश की सम्पूर्ण अर्थ व्यवस्था दुर्बल एवं अविकसित स्थिति में होती है।

(2) आत्मस्फूर्ति से पूर्व की अवस्था – यह वह अवस्था है जिसमें समाज वैज्ञानिक विधियों एवं तकनीकों का प्रयोग करने लगता है और परम्परावादी विधियों को छोड़ने लगता है। इससे कुछ परिवर्तन स्पष्ट रूप से दिखायी देने लगते हैं। इस अवस्था में समाज द्वारा बचत करने, उसको विनियोग करने एवं लाभ वृद्धि करने का प्रयत्न किया जाता है। इससे वाणिज्य व व्यापार का विस्तार होता है। नये–नये निर्माण कार्य होने लगते हैं तथा नये–नये प्रकार की संस्थाएँ स्थापित होने लगती हैं। भूमिपतियों का प्रभुत्व कम होने लगता है। राजनीतिक चेतना आने लगती है। सामाजिक रुचियों में भी परिवर्तन होने लगते हैं।

प्रो. रोस्टोव के अनुसार, इस अवस्था में :–

1) पूंजी निवेश की मात्रा 10 प्रतिशत तक पहुँच जाती है तथा प्रति व्यक्ति उत्पादन भी बढ़ जाता है।
2) ग्रामीण जन संख्या सड़कों व अन्य साधनों में वृद्धि होने के कारण शहरों में आकर बसने लगती है।
3) इस अवस्था में खाद्यान्नों का उत्पादन आवश्यकतानुसार होने लगता है।
4) औद्योगिक कच्चे माल का उत्पादन भी बढ़ने लगता है।
5) कृषि क्षेत्र की बचत उद्योगों में विनियोजित होने लगती है।
6) सरकार द्वारा भी जन कल्याण के कार्यों में अधिक योगदान दिया जाने लगता है।

(3) आत्मस्फूर्ति अवस्था – यह आर्थिक विकास की तीसरी अवस्था है। प्रो. रोस्टोव के अनुसार, 'आत्मस्फूर्ति अवस्था को उस मध्यान्तर काल के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जिसमें विनियोग की दर इस प्रकार बढ़ती है कि जिसमें प्रति व्यक्ति वास्तविक उत्पादन में वृद्धि होती है। इस प्रारम्भिक वृद्धि के साथ उत्पादन विधियों में आमूल परिवर्तन होने लगते हैं तथा आय का विनियोग इस प्रकार प्रभावित होता है कि जिससे विनियोग की नवीन धाराएँ प्रभावित होती हैं तथा जिसके परिणामस्वरूप प्रति व्यक्ति उत्पादन में वृद्धि हो जाती है।' इससे यह बात साफ हो जाती है कि :–
इस अवस्था में क्रान्तिकारी परिवर्तन होते हैं तथा विकास अपने आप नहीं होने लगता है।

1) कृषि व उद्योग में विज्ञान का प्रभाव स्पष्ट दिखायी देने लगता है।
2) निर्माणी उद्योगों में विकास तेजी से होने लगता है।
3) देश के उत्पादन में वृद्धि तेजी से होती है।
4) राष्ट्रीय उत्पादन बढ़ता है।
5) प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय बढ़ती है।

प्रो. रोस्टोव के विचारों के अनुसार आत्मस्फूर्ति की अवस्था को प्राप्त करने के लिए निम्न बातों का पूरा होना आवश्यक है :

(i) शुद्ध विनियोग राष्ट्रीय आय के 10% या इससे अधिक होना चाहिए।
(ii) कृषि क्षेत्र की उत्पादकता में पर्याप्त वृद्धि होनी चाहिए।
(iii) निर्यातों में वृद्धि व आयातों में सीमितता होनी चाहिए।
(iv) आधारभूत एवं पूंजीगत उद्योगों का विकास होना चाहिए।
(v) परिवहन एवं शक्ति साधनों का विस्तार होना चाहिए।
(vi) उत्साही एवं साहसी वर्ग का विकास होना चाहिए जो जोखिम सहन

* प्राध्यापक (वाणिज्य) स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, नीमच (म.प्र.) भारत

करने को तैयार हो।

(vii) समाज की राजनीतिक, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक स्थिति में परिवर्तन होना चाहिए।

प्रो. रोस्टोव ने विभिन्न राष्ट्रों द्वारा आत्मस्फूर्ति अवस्था को प्राप्त करने की तिथियाँ इस प्रकार बतायी हैं ब्रिटेन 1783-1802, फ्रांस 1820-1860, अमरीका 1843-1860, जापान 1878-1900, रूस 1890-1914, कनाडा 1896-1914, भारत 1952।

(4) परिपक्वता की अवस्था – इस अवस्था को स्वप्रेरित विकास की अवस्था भी कहते हैं। इस अवस्था में साधनों का उपयोग इस सीमा तक होने लगता है कि देश में सभी आवश्यक वस्तुएँ पर्याप्त मात्रा में बनने लगती हैं और अन्य देशों पर निर्भरता समाप्त हो जाती है। देश का व्यवसाय आर्थिक आधार पर किया जाने लगता है। इसका अर्थ है कि आर्थिक दृष्टि से जिन वस्तुतों का उत्पादन लाभकारी होता है केवल उन्हीं वस्तुओं का उत्पादन किया जाता है शेष को आयात करके ही काम चलाया जाता है। इस अवस्था में विकास की औसत दर एक-सी रहती है। उद्योगों का पर्याप्त विकास होते व कृषि में आधुनिक तकनीकी को काम में लाते रहने के कारण कृषि पर जनसंख्या का भार कम हो जाता है तथा विदेशी व्यापार के स्वरूप में भारी परिवर्तन हो जाते हैं। अन्तर्राष्ट्रीय क्षेत्र में देश एक महत्वपूर्ण स्थान प्राप्त कर लेता है। इस अवस्था में 15 से 20 प्रतिशत तक राष्ट्रीय आय का विनियोजन किया जाता है। ग्रामीण जनसंख्या शहरी क्षेत्रों में रहना अधिक पसन्द करती है, अत: शहरी जनसंख्या में वृद्धि होती है। प्रो. रोस्टोव ने विभिन्न राष्ट्रों की परिपक्वता की ओर पहुँचने की तिथियाँ इस प्रकार बतायी हैं। ब्रिटेन 1850, फ्रांस 1910, अमरीका 1900, जापान 1940, रूस 1950।

(5) अधिकाधिक उपयोग की अवस्था – यह आर्थिक विकास की अन्तिम अवस्था है। इसमें जनता की सामान्य आवश्यकताएँ आसानी से पूरी हो जाती हैं और सामान्य उपभोग स्तर ऊपर उठ जाता है तथा समाज का प्रत्येक व्यक्ति उपभोग की उच्चतम सीमा पर पहुंचना एवं विशिष्ट वस्तुओं को काम में लाना चाहता है। इसी का परिणाम होता है कि इस अवस्था में आरामदायक व विलासिता की वस्तुओं का भरपूर उपभोग होता है तथा प्रत्येक व्यक्ति उन वस्तुओं के नये-नये मॉडल प्राप्त करने के लिए उत्सुक रहता है। इसका कारण यह होता है कि इस अवस्था में प्रति व्यक्ति आय काफी ऊँची होती है। इस अवस्था में वस्तुओं में अधिक तकनीकी सुधार करने की गुंजाइश नहीं होती है। सिर्फ सुविधाओं में वृद्धि की जाती है।

आर्थिक विकास की अवस्थाओं के सन्दर्भ में भारत की स्थिति – विद्वानों का कहना है कि भारत तृतीय अवस्था- आत्मस्फूति अवस्था में है। इसके लिए वे निम्न कारण देते हैं : (1) भारत में पूंजी निवेश की दर सम्पूर्ण राष्ट्रीय आय की 15.3 प्रतिशत है जो निश्चय ही इस बात का प्रमाण है कि भारत में आत्मस्फूर्ति अवस्था है। (2) कृषि व उद्योगों में विज्ञान का प्रभाव दिखायी देने लगा है जिसके परिणामस्वरूप कृषि उत्पादन एवं उद्योगों में उत्पादन बढ़ा है। (3) निर्माण उद्योगों में भी विकास हो रहा है। (4) कुल राष्ट्रीय उत्पादन बढ़ रहा है। (5) प्रति व्यक्ति राष्ट्रीय आय भी बढ़ रही है। (6) निर्यातों में भी वृद्धि हो रही है। (7) समाज के सामाजिक, राजनैतिक एवं मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण में भी परिवर्तन हुआ है। (8) उत्साही एवं साहसी वर्ग भी उठ रहा है जो जोखिम सहने को तत्पर है।

निष्कर्ष –यह निर्विवाद सत्य है कि भारत प्रथम अवस्था को पार कर चुका है तथा द्वितीय अवस्था में चलते हुए भी इसको लगभग 30 वर्ष हो चुके हैं। अत: ऐसा प्रतीत होता है कि यदि भारत तृतीय अवस्था में नहीं पहुँच पाया है तो निश्चय ही दूसरी अवस्था पार करके तृतीय अवस्था में प्रवेश करने की स्थिति में है। इसका कारण यह है कि अब भारत में तृतीय अवस्था की कुछ विशेषताएँ पायी जाने लगी है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. व्यक्तिगत शोध के आधार पर।

****

दक्षिणी राजस्थान वर्षा की प्रवृत्ति, कृषि भूमि का उपयोग का वर्गीकरण एक भौगोलिक विश्लेषण 2010–11

रोहित लौहार*

शोध सारांश – दक्षिण राजस्थान में आज भी वर्षा की अनिश्चितता, विरलता, अनियमितता के कारण कृषि भूमि उपयासेग में परिवर्तनशीलता देखने को मिल रही है। जिसका प्रभाव फसल प्रारूप पर पड़ रहा है। वर्षा ऋतु में अधिकांश जल व्यर्थ बहकर चला जाता है, उस व्यर्थ जल का प्रभावी उपयोग कृषि के अन्तर्गत किया जा सकता है। कृषि के विकास में उर्वरकों का उत्पादन बढ़ाना, प्रयोग में वृद्धि, गोबर और हरी खाद के उपयसोग को प्रोत्साहित किए जाने की आवश्यकता है। किस मिट्टी किस खाद की कितनी मात्रा की आवश्यकता है, इसका तकनीकी ज्ञान अधिकांश किसानों को नहीं है। उन्नत बीजों से अच्छी उपज की आशा की जा सकती है। दक्षिणी राजस्थान में विशेषकर बांसवाड़ा, डूँगरपुर, प्रतापगढ़ जिलों में मुख्य जीविकोपार्जन का साधन कृषि है, जो मुख्य रूप से वर्षा की प्रवृत्ति से प्रभावित रहती है। क्षेत्र में विषम भौगोलिक परिस्थितियों में जनसंख्या पहाड़ी, ढलू, असिंचित एवं कर्म उर्वरता वाली कृषि भूमि पर छोटे–छोटे खेतों में कृषि फसलों का उत्पादन करते हैं।

प्रस्तावना – राजस्थान के दक्षिण भाग में स्थिति भीलवाड़ा, चित्तौड़गढ़, राजसमंद, उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा एंव प्रतापगढ़ (2008) वाला यह क्षेत्र दक्षिणी राजस्थान के नाम से जाना जाता है। इस क्षेत्र को मेवाड़ के नाम से भी जानते हैं। क्षेत्र के पूर्व में मालवा पश्चिमी एवं उत्तरी सीमा पर अरावली पर्वतमाला फैली हुई है। क्षेत्र में बनास, माही एवं साबरमती नदियों का अपवाह तंत्र है। इस क्षेत्र में मध्य प्रदेश, गुजरात राज्यों की सीमा लगती है। अध्ययन क्षेत्र का विस्तार 230 1' 10''उत्तरी अक्षांशसे 260 1' 15'' उत्तरी अक्षांश तथा 730 1' 10'' पूर्वी देशान्तर से 750 43' 30'' पूर्वी देशान्तर तक स्थित है। क्षेत्रफल 47397 वर्ग किलोमीटर है। जनसंख्या सेन्सस 2011 के अनुसार 1,22,36,014 है। जो राजस्थान की कुल जनसंख्या (6,86,21,012) का 17.83 प्रतिशत हिस्सा है। क्षेत्र की पूर्व से पश्चिम की चौड़ाई 240 किलोमीटर है। जबकि उत्तर से दक्षिण की लम्बाई 210 किलोमीटर है। अध्ययन क्षेत्र में 2011 के अनुसार 54 तहसीलें सम्मिलित हैं।

कृषि भूमि उपयोग – अध्ययन क्षेत्र में कृषि के परम्परागत उपकरणों का ही प्रयोग किया जा रहा है क्योंकि यहाँ पर उबड़–खाबड़ धरातल हो के कारण खेतों का आकार बहुत छोटा है तथा ग्रामीण क्षेत्र में आधुनिक कृषि तकनीकी ज्ञान के अभाव के कारण यहाँ पर कृष्ज्ञि चकबन्दी प्रणाली का अभाव है। साथ ही साथ मिट्टी की उत्पादन क्षमता का भी ह्यस हो रहा है। जिसके पीछे मुख्य कारण क्षेत्र के किसानों की उदासीनता रही है। जिन क्षेत्रों में कृषि के लिए अतिरिक्त भूमि उपलब्ध नहीं है, वहाँ गहन कृषि द्धारा उर्वरकों, रासायनिक खाद, उन्नत बीजों, कीटनाशकों, जैवि खाद, हरी खाद (गोबर खाद) अधिक प्रयोग करके क्षेत्र में कृषि उत्पादन में वृद्धि की जा सकती है। साथ ही फसलों की सघनता का अध्ययन प्राकृतिक दशाओं, सामाजिक, आर्थिक क्रियाओं से प्रभावित एवं निर्धारित होता है। वर्षा की प्रवृत्ति के फलस्वरूप कृषि भूमि उपयोग, जोत क्षेत्र पर क्या प्रभाव पड़ा है, इसका अध्ययन किया गया है। वर्षा की प्रवृत्ति धनात्मक रहती है, तो कृषि जोत क्षेत्र बढ़ेगा। जिसमें खरीफ की फसलों का उत्पादन बढ़ेगा साथ ही भूमिगत जल स्तर ऊँचा रहने से रबी की फसलों का जोत क्षेत्र भी बढ़ेगा, क्योंकि भूमिगत जल स्तर ऊँचा रहने से सिंचाई की पर्याप्त सुविधा मिल जायेगी। कभी–कभी अतिवृष्टि होने से खरीफ की फसलों में मक्का, उड़द, ज्वार, अरहर की फसलों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। लेकिन साथ ही साथ चावल की फसलों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा क्योंकि चावल की फसल के लिए उसकी जड़ों में हमेशा पानी की आवश्यकता रहती है। रबी की फसलें विशेषकर गेहूँ, जौ एवं चना का जोत क्षेत्र भी बढ़ेगा, क्योंकि गेहूँ की फसल के लिए सिंचाई की पर्याप्त आवश्यकता होती है, जिसके लिए भूमिगत जल स्तर का ऊँचा हरना अतिआवश्यक है। वर्षा की प्रवृत्ति नकारात्मक रहती है, तब भी खरीफ की फसलों के साथ–साथ रबी की फसलों का जोत क्षेत्र तो घटेगा ही साथ ही साथ क्षेत्र की आर्थिक क्रियाएँ भी प्रभावित होगी।

यह पूरा क्षेत्र बनास नदी का प्रवाह क्षेत्र है, इसकी समुद्रतल से ऊँचाई 150 मीटर से 300 मीटर के मध्य है, ढाल पूर्व दिशा की ओर है। यह मैदानी भाग कहीं पूर्ण समतल है, तो कहीं कटा–फटा है। सम्पूर्ण क्षेत्र में जलोढ़ मृदा का जमाव है, जो कृषि पैदावार के लिए उपयुक्त है। यह क्षेत्र माही नदी का प्रवाह क्षेत्र है जो मध्य प्रदेश से निकलकर इस प्रदेश से गुजरती हुई खम्भात की खाड़ी में गिरती है। यहाँ पर धरातल असमतल एवं कीहं छोटी–छोटी पहाड़ियाँ है। पहाड़ियों के मध्य संकीर्ण घाटियाँ है।

अध्ययन के उद्देश्य – दक्षिणी राजस्थान में वर्षा की विषमता, विरलता, विविधता एवं अनियमितता का कृषि भूमि उपयोग पर पड़ने वाले प्रभावों ज्ञात कर दीर्घकालिक योजनायें बनाने में मदद मिल सकेगी।

1. दक्षिणी राजस्थान में वर्षा की प्रवृत्ति का विश्लेषण करना।
2. अध्ययन क्षेत्र में कृषि भूमि उपयोग के प्रारूप का अध्ययन करना।

विधि तंत्र – वर्तमान शोध कार्य दक्षिण राजस्थान के 7 जिलों के अंतर्गत 54 तहसीलों को आधार मानकर किया गया है। आंकड़ों का संकलन द्धितीयक स्त्रातों से किया गया है। आंकड़े जिला भू–अभिलेख, तहसील स्तर से लेकर राजस्व विभाग अजमेर, जिला सांख्यिकी रूपरेखा, अध्ययन में मुख्यतया द्धितीयक समंक का प्रयोग किया गया है। जो विभिन्न सरकारी

* सहायक आचार्य, शिवनारायण चौबीसा महाविद्यालय, सीमलवाड़ा, डूंगरपुर (राज.) भारत

प्रतिवेदनों भारत एवं राजस्थान सरकार कृषि विभाग, राजस्व विभग से प्राप्त किये है। सांख्यिकी उपागम द्वारा आंकड़ों का संकलन भू-राजस्व विभाग, मौसम विभाग, राजस्व विभाग अजमेर, योजना भवन जयपुर, जिला सांख्यिकी रूपरेखा से प्राप्त किये हैं।

दक्षिणी राजस्थान में वर्षा की प्रवृत्ति – अध्ययन क्षेत्र में विगत दशकों में वनों का अंधाधुंध, अनियंत्रित कटाई के कारण वर्षा की प्रवृत्तिर पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। प्रदेश की सामाजिक व्यवस्थाएँ भी कृषि जोत के आकार को लघु करती जा रही है। खातेदार की कृषि भूमि का बिखराव भी मानव श्रम व समय का उचित उपभोग करने में बाधक है। वर्तमान समय में कृषि प्रारूप का गहन विश्लेषण कर भविष्य की दीर्घकालीन योजनाएँ बनाई जा सकती है।

दक्षिणी राजस्थान में औसत वार्षिक वर्षा की प्रवृत्ति 1981 से 2011

क्र.	वर्ष	औसत वर्षा (से.मी.)	धनात्मक/ऋणात्मक
1.	1981	65-12	-0.97
2.	1982	51.92	-14.17
3.	1983	82.56	16.47
4.	1984	68.25	2.16
5.	1985	57.80	-8.29
6.	1986	48.21	-18.88
7.	1987	43.85	-22.24
8.	1988	63.11	-2.98
9.	1989	66.82	0.73
10.	1990	87.73	21.64
11.	1991	63.53	-2.56
12.	1992	76.66	10.57
स्वतंत्रता प्राप्ति के पश्चात् देश को इस क्षेत्र में अधिक विकास करने का अवसर मिला। जीवन-मूल्यों और मर्यादाओं में द्रुत गति से परिवर्तन परिलक्षित हुआ। इस परिवर्तन ने मानव जीवन को अनेक समस्याओं में उलझा दिया। पति-पत्नी के सम्बन्ध, पारिवारिक मार्यादाऍं, परम्पआएँ एक-एक करके विश्रृंखलित होने लगी। व्यक्ति ने अपने आपको बहुत एकाकी और टूटता हुआ महसूस किया।

हिन्दी नाटककारों ने जीवन के व्यापक स्तर पर इसी प्रकार की अनेक घटनाओं को अपनी कृतियों का प्रतिपाद्य बनाया, जहाँ जीवन की इस द्वन्द्वमूलक स्थिति के बीच ही इसका विकास निहित है।

नाटककार अपनी भावनाओं और मान्यताओं के अनुरूप कुछ कथागत चरित्रों में अपनी स्थापनाओं की छाप लगा देता है तो कुछ का निर्माण ही स्वतंत्र भित्ति पर समसामयिक परिप्रेक्ष्य में ही करता है। इन्हीं के साथ नाटक जीवन का परिदृष्य होने के कारण ऐसे मूल्यों का सृजन करता है जिनसे जीवन का दिशा बोध हो सके। इन्हीं मूल्यों के आधार पर उस काल की सांस्कृतिक, नैतिक एवं व्यक्ति चेतना का स्पर्श एवं ज्ञान सम्भव हो पाता है और अन्तत: इन्हीं मूल्यों का सफल निर्वाह नाट्य कृति को काल की सीमा से मुक्त कर कालातीत बना देता है। अत: आवश्यकता है कि नाटककारो के चरित्रगण दृष्टिकोण एवं जीवनगत मूल्यों के मूल में निहित भावनाओं का भी अवलोकन कर लिया जाए।

* एसोसिएट प्रोफेसर (हिन्दी) दिगम्बर जैन कॉलेज, बडौत (बागपत) (उ.प्र.) भारत

'चरित्र-स्थापन' से तात्पर्य यह है कि नाटककार पूर्व प्रतिपादित कथा-चरित्रों में अपनी भावना, विचारों और दूरदर्शी मेधा के बल पर एक नया रूप दे देता है तो वह चरित्र को एक नवीन रूप में स्थापित कर देता है, इस प्रक्रिया को आधुनिक नाट्य-शब्दावली में चरित्र-स्थापन की संज्ञा दी गई है। चरित्र की इस स्थापन प्रक्रिया के मूल में नाटककार का परिवेश, समसामयिक परिस्थितियाँ मुख्य होती हैं और उसकी सफलता इसी में है कि वह किस प्रकार इन सबका उपयुक्त समावेश कर पाता है। 'आवश्यकता इस बात की निरन्तर बनी रहती है कि उनके स्थापन में स्वाभाविकता का निर्वाह हो, जिससे प्रतीत हो कि उनका जीवन है और वह जीवन में अनुभव-साम्य व्यवहार करते हैं, जैसा कि अभिनय द्वारा अभिनेता दर्शाता है।'[3] नाटक चरित्र-चित्रण और जीवन्त पात्रों की रचना करने से जो हमें सदा परिचित लगे, नाटककार को सच्चे अर्थो में नाटककार बनाता है।[4] अत: स्पष्ट है कि चरित्रगत स्थापनाएँ जीवन्त हों और लगे कि उन सबके माध्यम से इसी लोक के अनुभवों का सम्प्रेषण हो रहा है क्योंकि कला का मूल्य उसकी सूक्ष्म सम्प्रेषणीयता में निहित है।'[5]

प्रसादोत्तर काल के नाट्य-साहित्य में चरित्र-स्थापन के माध्यम से समसामयिक सन्दर्भो का पर्याप्त निर्वाह दृष्टिगत होता है, विशेषकर ऐतिहासिक नाटक तो इसी पद्धति के निर्वाह का अनुगमन करते हैं। प्रसाद से पूर्व भी नाटककार भारतेन्दु के 'अन्धेर नगरी' के माध्यम से शासक वर्ग के अन्धे शासन एवं तत्पश्चात् स्वयं प्रसाद ने अपने ऐतिहासिक नाटकों में भारतीयता तथा स्वदेशी राष्ट्र स्थापना की भावना को व्यक्त किया है।

प्रसादोत्तर काल का नाट्य-साहित्य ऐतिहासिक और सामाजिक दो नाट्य-चेतनाओं पर संचरण करता है। ऐतिहासिक नाटकों में इतिहास प्रसिद्ध व्यक्तियों के जीवन में आधुनिक भाव बोध और विभिन्न सामयिक समस्याओं का नाटककारों ने अपनी दृष्टि के अनुरूप स्थापन किया है। वितस्ता की लहरेय में नाटककार ने पुरू के चरित्र की स्थापना भारतीय आदर्शो के अनुरूप की है और नाटककार ने तत्कालीन गांधीवादी प्रभाव के अनुरूप ही नाटक का अन्त भी किया है। नाटककार के शब्दों में, 'वितस्ता के तट पर दो विभिन्न जातियों और संस्कृतियों की टक्कर हुई थी जो अपने विधि-विधानों और जीवन-दर्शन में एक दूसरे के विपरीत थी। 'वन सैनिकों में विजय का उन्माद था तो पुरू और केकय जनपद के नागरिकों में देश के धर्म और पूर्वजों के आचरण की रक्षा का भार।'[6] वस्तुत: मिश्र जी का पुरू उस समय की एक चेतना है जो एक ओर बाह्य शक्तियों का मुकाबला करने के लिए कटिबद्ध है परन्तु वह अपने मानवीय संस्कारों को भी नहीं भूला है और नाटक का अन्त मित्रता और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होता है। 'कुछ ऐसा होता कि मानवता के घाव पर षीतल विलेपन लगे और वितस्ता की लहरों में अनुराग का जल हो।'[7] मिश्र जी के नाटक 'अशोक', 'गरूड़ध्वज', 'वत्सराज', 'दशाश्वमेघ' इत्यादि भी उनके इसी प्रकार के विचारों का प्रतिपादन करते हैं।

सेठ गोविन्ददास के 'हर्ष', 'शेरशाह' और 'शशिगुप्त' नाटक के प्रमुख पात्र अपनी-अपनी विशेषताओं के साथ युगीन सन्दर्भो से समन्वय स्थापन करते हैं। 'हर्ष' ने संगठन की भावना कुशल प्रशासन, सार्वजनिक हित, देश-विदेश के साथ पारस्परिक हित के हेतु सम्बन्ध और सम्पर्क स्थापन द्वारा आज की इस आवश्यकता पर बल डाला है।[8] शेरशाह कट्टर मुस्लिम युग का होते हुएभी हिन्दू-मुस्लिम एकता पर बल देता हुआ आज के जीवन में साम्प्रदायिक सद्भाव की आवश्यकता को पुन: पुष्ट करता है। 'शशिगुप्त' में सिकन्दर सम्बन्धी ऐतिहासिक खोजों को चुनौतियॉ देते हुएभी उसके माध्यम से राष्ट्रीय चेतना को फूंका है। 'कुलीनता' में राष्ट्रोद्धार की भावना प्रमुख है।

वृन्दावनलाल वर्मा ने भी अनेक अच्छे चरित्रों की स्थापना की जिनमें 'ललित विक्रम' का ललित और कर्पिजल, 'झांसी की रानी' की 'रानी' तथा काश्मीर का कांय का ब्रिगेडियर राजेन्द्र सिंह मुख्यत: स्मरणीय हैं। 'ललित विक्रम' जीवन में पुरूषार्थ की भावना को वैदिक काल से उठा आधुनिक काल में लाता है जहॉ आवश्यकता है देश को इस सत्य को आत्मसात् करने की, कि 'पुरूषार्थ दायें हाथ में हो, धर्म हृदय में हो तो विजय बायें हाथ में रहती है।'[9] कर्पिजल शूद्र होते हुएभी ऋषिपद का अधिकारी बनता है, यह तथ्य गांधी जी की कर्म में श्रेष्ठता का प्रतिपादन करते हुए आज वर्ण भेद के कारण बढ़ती हुई खाई को पाटने का भी सुन्दर प्रयास है। महादेवी वर्मा के शब्दों में 'हमारी संस्कृति-वाहिनी ऊपर से सम और शान्त है परन्तु उसके तल में अनेक ज्वालामुखियॉ जली बुझी हैं, असंख्य तूफान जागे सोये हैं। दर्शन, धर्म, साहित्य, कर्म सभी क्षेत्रों में विद्रोहियों की स्थिति रही है, पर तोड़ने वाले हथौडे क़ो मूर्तिकार की छेनी बना लेने की विशेषता हमारी अपनी है। इसी कारण विद्रोह ने हमारी जीवन-प्रतिमा को पूर्णता दी है। विद्रोही धौम्य ऋषि भावी पीढ़ी के शिल्पी हैं और विद्रोही रोमक वर्तमान है। उन दोनों के विद्रोह ने तत्कालीन रूद्ध जीवन को प्रशस्त क्षितिज देकर सफलता प्राप्त की। नाटक में भारतीय जीवन की मूलभूत विशेषताएँ सुरक्षित रह सकी हैं, इसका श्रेय नाटककार की सूक्ष्म परिलक्ष्य-बद्ध दृष्टि को दिया जाएगा।'[10]

ऐतिहासिक नाटकों के माध्यम से प्रेमी जी ने भी ऐसे चरित्रों की स्थापना की है जिससे राष्ट्रीय एकता, साम्प्रदायिक सद्भाव एवं राष्ट्र प्रगति के पथ पर अग्रसर हो सके। 'प्रेमी जी के इन चरित्रों में मूल-स्थापना प्रेरणा वर्तमान है। वर्तमान का निर्माण ही उनका उद्देश्य है, वर्तमान साध्य है, भूत साधन।'[11]

'इतिहास हमारा, भूत हमारा, बीता हुआ काल हमारे आज की बुनियाद है।.... बिना दृढ़ आधार के हमारा समाज, हमारी संस्कृति, हमारी राष्ट्रीयता और हमारी मानवता खड़ी कैसे रह सकती हैं मैं तो अपने राष्ट्र के पैरों को इतिहास का बल देना चाहता हूँ।'[12]

'हम अभी स्वतन्त्र हुए हैं और हमें अपनी स्वाधीनता की रक्षा करनी है, इसलिए हमें अपना इतिहास इस दृष्टिकोण से भी पढ़ना है कि हम अपनी दुर्बलाओं को जान सकें जिसके कारण हम पराधीन हुए थे, ताकि भविष्य में हम उन भूलों को न दुहरावें।'[13] एक अन्य स्थान पर कहते है 'भारतीय इतिहास के उन कथानकों पर जिनसे इस विशाल देश में राष्ट्रीय एकता स्थापित करने की प्रेरणा प्राप्त हो, कुछ नाटक लिखने का प्रयास मैने किया है।'[14]

इतिहास तो हमें बताता है कि हमें क्या करना चाहिए, क्या नहीं- किस तरफ जाने में पतन है, किधर जाने में उत्थान- कहाँ मरण है, कहाँ जीवन।'[15] इन सभी के आधार पर प्रेमी जी की राष्ट्रीय भावना से ओत-प्रोत दृष्टि स्पष्ट हो जाती है।

प्रेमी की कृति 'रक्षा बन्धन' हुमायूँ का जीवन सामाजिक एकता के प्रति समर्पित है वह कहता है 'हिन्दुस्तानी ही नहीं, इन्सान हैं, हमें उस दुनिया की हर किस्म की तब्दीली के खिलाफ जिहाद करना चाहिए हमारा काम भाई के गले पर छुरा चलाना नहीं, गले लगाना है।'[16] 'दारा' का चरित्र भी इसी प्रकार का है जहाँ नाटककार ने अपनी स्थापनाओं को व्यक्त करते हुए कहा कि दारा का जो स्वप्न था, वही कुछ परिष्कृत रूप में महात्मा गांधी का भी था। 'धर्म, जाति, सम्प्रदाय, देश और सामाजिक एवं राजनैतिक विचार धाआएँ और इसी प्रकार की अनेक बातें मानव को शत्रु बनाए हुए है .... मैं चाहता हूँ - हिन्दुस्तान ही नहीं सम्पूर्ण संसार स्वर्ग बन जाए'[17] इसी प्रकार के स्वप्नों को लेकर नाटककार ने अनेकानेक चरित्रों की स्थापना की है। जिसमें उन्हें

समसामयिक जीवन का स्वर बुलन्द करने में पूर्ण सफलता प्राप्त हुई है।

उपर्युक्त विवेचन का सारांश यह है कि चरित्र–स्थापन का निर्वाह ऐतिहासिक नाटकों में अधिक हुआ है क्योंकि नाटककार की दृष्टि इतिहास के संरक्षण पर भी उतनी ही जमी है जितनी कि उसकी चरित्र–स्थापना एवं कथाचयन में अपेक्षित रही है। इन स्थापनाओं के माध्यम से समसामयिक जीवन स्वतंत्रता–आन्दोलन, स्वतंत्रता प्राप्ति तथा उसके उपरान्त उत्पन्न समस्याएँ नाटकों में मूर्त हो पाई हैं। नाटककारों ने इस माध्यम से सृजक के दायित्व का कुशल निर्वाह किया है।

अत: कहा जा सकता है कि इस काल के नाटककारों ने बहुत ही कुशलता के साथ युगुधर्मिता का निर्वाह किया है और समकालीन युग को नाट्य सीमा में बद्ध कर सजीव अभिव्यक्ति प्रदान करते हुए सम्प्रेषणीय बनाया है जो निश्चित रूप से सार्थक एवं मूल्यवान है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची:–

1. History of Indian National Congrfss- Pattabi Sita Ramya, Vol. II, p.15
2. आधुनिक साहित्य– नन्ददुलारे वाजपेयी, पृ0 21 भारती भण्डार इलाहाबाद, 2013 वि0।
3. "... We must be careful that an judgement depends not on whether the character life like but as whether they serve to embody experience which actor has shown to be a true." – Drama From ibsen to Eliet – Raynold Williams, p.21
4. नाटक साहित्य का अध्ययन – ब्रेंडर मैथ्यूज, पृ0 81 (अनु0 इन्दुजा अवस्थी) आत्माराम एण्ड संस, संस्करण 1964
5. "All values of art depend upon the power of communication then making them wholly fell bresthing forcasts recepient. – Elements of Drama – J.L. Styan, p. 165
6. वितस्ता की लहरें – लक्ष्मीनारायण मिश्र, पृ0 ग, द्वितीय संस्करण – 1957
7. वही, पृ0 123, द्वितीय संस्करण – 1957
8. हर्ष – सेठ गोविन्ददास – भारती साहित्य मंदिर, 1957
9. ललित विक्रम – वृन्दावनलाल वर्मा, पृ0 117, संस्करण 1958
10. ललित विक्रम – वृन्दावनलाल वर्मा (दो शब्द : महादेवी वर्मा, पृ0 1–2)
11. हिन्दी नाटककार – जगन्नाथ नलिन – पृ0 138
12. शतरंज के खिलाडी – हरिकृष्ण प्रेमी, भूमिका, संस्करण – 1955
13. संरक्षक – हरिकृष्ण प्रेमी, भूमिका, संस्कारण – 1958
14. विदा – हरिकृष्ण प्रेमी, भूमिका, संस्कारण – 1958
15. शपथ – हरिकृष्ण प्रेमी, भूमिका, संस्कारण – 1951
16. रक्षाबन्धन – हरिकृष्ण प्रेमी, भूमिका, संस्कारण – 1940
17. स्वप्न भंग – हरिकृष्ण प्रेमी।

****

रणकपुर-पर्यटन स्थल :एक भौगोलिक अध्ययन

डॉ. उम्मेद कुमार चौधरी*

प्रस्तावना – भारत अपनी विविध जलवायु विशेषताओं और संस्कृतियों के लिए हर साल बड़ी संख्या में आगुंतुको के साथ दूनिया का आशाजनक पर्यटक स्थल बन गया है। पिछले दो दशकों में पर्यटन का नाटकीय विकास हुआ, यह सबसे उल्लेखनीय आर्थिक परिवर्तनों में से एक है।

भारत में पर्यटन अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण क्षेत्रो में से एक है। भारत अपनी भौगोलिक विविधता, समृद्ध इतिहास एवं संस्कृति इसकी सुंदरता हर साल दूनिया के कोने कोने से पर्यटकों को आकर्षित करती है। ऐतिहासिक व आध्यात्मिक पर्यटन के विश्व प्रसिद्ध स्थानों जैसे महलों, मंदिर, दुर्ग, किलों से लेकर गुफाओं और शिल्पकला तक, कश्मीर से कन्याकुमारी तक विश्व की सबसे उंची पर्वत चोटियों से लेकर मैदानों तक, इसके सबसे शुष्क स्थान, सबसे आर्द्र स्थान एवं सबसे गर्म और सबसे ठण्डे हिस्सो तक, अरब सागर से बंगाल की खाड़ी तक विशाल व सुन्दर समृदी तट, विशाल रेगिस्तानी भाग और भारतीयों की विविध संस्कृति परम्पराएं, रिति-रिवाज, मेले त्यौहार आदि दूनियां के लोगों के लिए भारत में पर्यटन की यात्रा का कारण प्रदान करता है। भारत के आर्थिक विकास और समग्र विकास के साथ पर्यटन का मजबूत संबंध है। यह न केवल देश के सकल घरेलू उत्पादन और विदेशी मृद्रा में महत्वपूर्ण योगदान देता है, बल्की देश की आर्थिक सवृद्धि और रोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

राजस्थान को पर्यटन के क्षेत्र में न केवल देश में अपितु विश्व पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से जाना जाता है। इसकी शानदार विरासत, ऐतिहासिक गौरव गाथा, रंगीन जीवित परम्पराऐ और जीवंत संस्कृति, तीर्थ स्थल, प्राकृतिक सौन्दर्य, वन्य जीव अभ्यारण्य आदि घरेलू और विदेशी पर्यटकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र है। राज्य के मूर्त ओर अमूर्त पर्यटन उद्योग के विकास की अपार संभावनाएं प्रदान करते हैं, अत: पर्यटन संसाधनों का विकास एवं बुनियादी सुविधाओं का विस्तार राज्य सरकार के लिए एक उच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र हैं।

अध्ययन क्षेत्र– रणकपुर राजस्थान राज्य के पाली जिले में सादड़ी शहर के समीप जोधपुर मार्ग प 25° 6'27'' उत्तरी अक्षांश से 78° 28'21'' पूर्वी देशांतर के मध्य स्थित हैं। यह अरावली पर्वत की घाटियों के बीच चारों ओर अपार प्राकृतिक सुंदरता से घिरा ऐतिहासिक व धार्मिक स्थल है। जहां प्रकृति को निहारने और मन की शांति के लिए प्रतिवर्ष लाखों पर्यटक यहां पहुंचते हैं। रणकपुर प्राचीन काल से (15वीं सदी) से ही पर्यटकों का आकर्षण केन्द्र रहा है। यहां प्रमुख पर्यटक स्थलों में भगवान ऋषभदेव का चतुर्मुखी मंदिर, सूर्य मंदिर, शक्ति माता मंदिर, नलवानिया बांध, रणकपुर बांध, इसके अलावा जंगल सफारी राज्य सरकार द्वारा आयोजित रणकपुर महोत्सव आदि।

शोध विधि तंत्र– रणकपुर पर्यटन स्थल के अध्ययन हेतु अवलोकन व वर्णानात्मक विधियों का उपयोग किया गया है, इसके साथ ही राज्य सरकार द्वारा प्रकाशित सूचना ब्रोशर, समाचार पत्र, अन्य दस्तावेज एवं पर्यटन विभाग की वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट 2013, 2016, 2020 में प्रकाशित द्वितीय साम्रगी को उपयोग में लिया गया है।

शोध के उद्देश्य– प्रस्तुत शोध का मुख्य उद्देश्य मानव समाज के लिए आर्थिक एवं सामाजिक लाभ प्राप्त कर रोजगार के अवसरों में वर्द्धि, आय का सृजन, राजस्व की प्राप्ति विदेशी विनिमय प्राप्त करना हैं। प्रस्तुत शोध के उद्देश्य इस प्रकार है।

1. पर्यटन क्षेत्र के वर्तमान स्वरूप का अध्ययन करना।
2. पर्यटन की दृष्टि से अछूते ऐतिहासिक, धार्मिक एवं सुरम्य प्राकृतिक स्थलों में पर्यटन की नई संभावनाओं का पता करना।
3. पर्यटन स्थल पर आने वाले घरेलू तथा विदेशी पर्यटकों से पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना।

प्रस्तुत शोध कार्य की चर्चा – रणकपुर प्राचीन काल से ही पर्यटन का आकर्षण केन्द्र रहा हैं, यहां के प्रमुख पर्यटन स्थलों में भगवान ऋषभदेव का चर्तुमुखी जैन मंदिर, सूर्य मंदिर, नलवनिया बांध, रणकपुर बांध प्रमुख हैं। इसके अलावा जंगल सफारी व राज्य सरकार द्वारा आयोजित रणकपुर महोत्सव आदि।

रणकपुर जैन मंदिर – राजस्थान में अरावली पर्वत की घाटियों के मध्य चारो और जंगलों से घिरे रणकपुर में भगवान ऋषभदेव का चतुर्मुखी जैन मंदिर है। भारत के जैन मंदिरो में शिल्प एवं विशालता की दृष्टि से सम्भवत: इसकी इमारत सबसे भव्य एंव विशाल है। यह गोडवाड़ के जैन पंचतीर्थों में प्रमुख माना जाता है। इसका निर्माण आज से करीब 600 वर्ष पूर्व महाराणा कुम्भा के काल में सेठ धरणशाह ने संवत 1446 ई. में प्रसिद्ध शिल्प विशेषज्ञ 'देपा' की देखरेख में करवाया था। सेठ धरणशाह ने कुम्भलगढ़ से मालगढ़ जाने वाले रास्ते में माद्रीपर्वत की छाया में बसे मादड़ी गांव को मंदिर निर्माण स्थल हेतु चुना, बाद में धरणशाह ने मादड़ी गांव का नाम बदलकर रणकपुर कर दिया। रणकपुर के इस चौमुखा मंदिर की इमारत का निर्माण लगभग 48000 वर्गफीट जमीन पर किया गया, जिसमें कुल 24 मण्डप, 84 शिखर और 1444 स्तम्भ है। इस मंदिर में चार कलात्मक प्रवेश द्वार है, मंदिर के मुख्य गृह में तीर्थंकर आदिनाथ की संगमरमर से बनी चार विशाल मूर्तियां है, करीब 72 इंच उंची ये मूर्तियां चार अलग अलग दिशाओं की ओर उन्मुख है। इसी कारण इसे चतुर्मुख मंदिर कहा जाता है। मुख्य मंदिर के चारों तरफ उत्कीर्ण मूर्तियों में जनजीवन की झांकिया दिखाई देती है, उंचे तोरणद्वार, सभामंडप गर्भ गृह, देवकुलिकाय, विभिन्न मुद्राओं में उत्कीर्ण नृत्यागनाएं

* सहायक आचार्य (भूगोल) राजकीय महाविद्यालय, बाली (पाली) (राज.) भारत

संगीत के विभिन्न वाद्य प्राकृतिक दृश्यावलिया, पौराणिक दृश्य समकालीन वेशभूषा आभूषण आदि अत्यंत सुंदरता के साथ प्रस्तुत किए गए है।

सूर्य मंदिर – यह जैन मंदिर के पास ही स्थित है, जिसे सूर्य नारायण मंदिर के नाम से भी जाना जाता है। इसमें नागारा शैली में सफेद चूने पत्थर से सूक्ष्म आभूषणों का काम किया गया है। 13वीं सदी में बने इस मंदिर के ध्वस्त होने के बाद 15वीं शताब्दी में इसका पुर्ननिर्माण किया गया। सूर्य मंदिर का मुख पूर्व दिशा की ओर है, जिसमें भगवान सूर्य की रथ पर सवार मूर्ति दिखाई गई है, मंदिर की दीवारों पर योद्धाओं, घोड़ो और स्वर्गीय पिंडों की अदभुत नक्काशी हुई है, जो विगत युग के लोगों की कलात्मक उत्कृष्टता का प्रतिनिधित्व करती है। मंदिर के गर्भ गृह से पहले एक अष्टकोणीय मण्डप है, जिसमें छ: बरामदे है, सूर्य मंदिर का प्रबंधन उदयपुर के शाही परिवार ट्रस्ट द्वारा किया जाता है।

शक्ति माता मंदिर – यह मंदिर रणकपुर व नलवानिया बांध के किनारे पर स्थित हैं, चारो ओर अरावली पर्वतमाला की पहाड़ियों के बीच मंदिर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। नवरात्रि के दिनों में यहां अच्छी खासी भीड़ व चहल पहल रहती है। सड़क के दोनों ओर हरियाली होने से यहां 'साइकिल ट्रैनिंग' का भी पर्यटक आनंद लेते हैं।

रणकपुर बांध – मघाई नदी पर बना रणकपुर बांध (सादडी बांध) पर्यटकों के लिए आकर्षण का केन्द्र है। इस बांध का निर्माण जोधपुर रियासत के महाराजा सर प्रतापसिंह ने वर्ष 1942–48 में अरावली पर्वतमाला की तलहटी में करीब छ: महाड़ियों को मिलाकर बनाया था। यह बांध सागरतल से 221 मीटर कि उच्चाई पर बना है, इसकी भराव क्षमता 62.70 फीट (205 MCFT) है। इस बांध पर शाम के समय सूर्यास्त का दृश्य प्राकृतिक सुंदरता के साथ पर्यटकों को आकर्षित करता है।

नलवानिया बांध – रणकपुर बांध के निकट ही नलवानिया बांध बना हुआ है, इसका निर्माण राज्य सरकार द्वारा 1979–83 में किया गया, 20.74 हेक्टेयर में फैले इस बांध की कुल भराव क्षमता 14.40 (50 MCFT) है। नलवानिया बांध पर्यटकों के आकर्षण का केन्द्र है, बांध की पाल पर मंच व पर्यटकों के बैठने के लिए स्थान बना है। यहां प्रतिवर्ष रणकपुर महोत्सव (फेस्टिवल) में 'दीपदान' कार्यक्रम आयोजित किया जाता है।

रणकपुर महोत्सव – पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित रणकपुर उत्सव राजस्थान के सबसे लोकप्रिय पर्वो में से एक है। आमतौर पर यह हर वर्ष 21 और 22 दिसंबर को आयोजित त्योहार स्थानीय संस्कृति और विरासत का सुंदर परिचय देता है। रोचक गतिविधियां जैसे योग, अरावली पर्वतमाला के जंगलों में प्रकृति की सैर पर चलना, रणकपुर जैन मंदिर के दर्शन हॉट एयर बैलून की सवारी, दिलचस्प गतिविधियों जैसे – टंग ऑफ वॉर, शानदार सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, सूर्य मंदिर में ओपन एयर एमपिथियेटर में प्रत्येक शाम आकर्षण लोक और शास्त्रीय प्रस्तुतिकरण और भी बहुत कुछ रणकपुर महोत्सव ऐसा रोमांच है जिसे लोग कभी भूला नहीं सकते हैं।

सारणी – 01 रणकपुर आये देशी विदेशी पर्यटकों का विवरण 2010–2019 (पर्यटकों की संख्या लाखों में)

क्र.	वर्ष	रणकपुर में आये देशी पर्यटक	रणकपुर में आये विदेशी पर्यटक	राज्य में आये देशी पर्यटक	राज्य में आये विदेशी पर्यटक
1	2010	6.14	1.07	25.54	12.78
2	2011	5.73	1.07	27.13	13.51
3	2012	6.16	1.10	28.61	14.51
4	2013	5.73	9.37	30.29	14.37
5	2014	5.56	1.22	33.07	15.25
6	2015	5.32	1.02	35.18	14.75
7	2016	5.25	1.14	41.49	15.13
8	2017	4.94	1.05	45.91	16.09
9	2018	4.93	1.17	50.23	17.54
10	2019	4.58	1.05	52.22	16.05

सारणी 01 में वर्ष 2010 से 2019 तक रणकपुर आने वाले घरेलू और विदेशी पर्यटकों के आकडों को दिखया गया है, जैसा की ऊपर दी गई सारणी से पता चलता है कि वर्ष 2010 से 2019 तक घरेलू पर्यटकों का आगमन 614 लाख से घटकर 458 लाख हो गया और विदेशी पर्यटको का भी उतार चढ़ाव रहा है। वर्ष 2010 में जहां विदेशी पर्यटकों की संख्या 107 लाख थी, और इसमें वर्ष 2012, 2014, 2016, 2018 में बढोतरी हुई, बाकी के वर्ष में पर्यटकों के आगमन में निरंतर कमी देखने को मिली।

सारणी 01 के आंकडो से पता चलता है कि जहां राजस्थान राज्य में वर्ष 2010 से 2019 तक घरेलू व विदेशी पर्यटकों के आगमन में निरंतर वृद्धि देखने को मिली, इसके विपरीत रणकपुर में पर्यटकों के आगमन में गिरावट के रूझान का पता चलता है, इसका प्रमुख कारण पर्यटक स्थल पर पर्यटकों के आवागमन की उत्तम परिवहन सुविधा का अभाव, पर्यटकों के ठहरने की दरों का अधिक होना, घरेलू और विदेशी पर्यटकों को बढ़ाने के लिए सरकारी प्रयासों में कमी प्रमुख कारण है।

सारणी 01 के आंकड़ो से पता चलता है कि पर्यटन को बढ़ाने के लिए सरकारी और स्थानीय प्रशासन व लोगों को पहल करने की बहुत आवश्यकता है। जिससे सरकारी राजस्व बढे स्थानीय लोगों के लिए रोजगार के अवसरों में बढ़ोतरी हो और पर्यटन हेतु बुनियादी सुविधाओं व ढ़ांचे का विकास हो सकें।

पर्यावरणीय प्रभाव – पर्यावरण में केवल प्राकृतिक घटक ही सम्मिलित नहीं है बल्कि मानव निर्मित उसकी कृतियां समाज अर्थव्यवस्था संस्कृति आदि सभी समाहित होते है। इस तरह पर्यावरण एवं पर्यटन में घनिष्ठ अंतर्संबंध पाया जाता है, प्रकृति तथा मानव कृति निर्माण पर ही पर्यटन आधारित है। इसी से किसी स्थान विशेष पर पर्यटन का विकास होता है, साथ ही मानव एवं प्रकृति निर्मित आकर्षण को सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र द्वारा संरक्षण के व्यापक एवं सुव्यवस्थित करने का प्रयास किया जाता है। पर्यटन स्थल पर होटलों का निर्माण, भौतिक सुख सुविधाओं के विकास के दौरान स्थानीय वनस्पति, जीव जंतुओं, मृदा, वायु, जल आदि के पारिस्थिकी में परिवर्तन होने लगता है यदि हम अध्ययन क्षेत्र की बात करें तो वहां पर्यटन गतिविधियों के पर्यावरणीय प्रभाव निष्कर्ष इस तरह देखा गया है।

1. पहले से स्थापित अच्छी प्राकृतिक दशाओं में बदलाव आया है मुख्य रूप से होटलों के निर्माण परिवहन मार्गो के विकास के कारण वहां प्राकृतिक भू दृश्य व भूमि उपयोग में स्वाभाविक परिवर्तन आया है।
2. रणकपुर पर्यटन स्थल सुरक्षित वन क्षेत्र में स्थित है जहां विभिन्न प्रजातियों की प्राकृतिक वनस्पति व वन्यजीवों का आवास स्थल है यहां पर पर्यटकों के आवागमन, परिवहन साधनों, जंगल सफारी, महोत्सव आदि के कारण जीव जंतुओं के जीवन में व्यवधान पैदा हुआ।
3. पर्यटन क्षेत्र में पर्यटकों द्वारा ले जाए जाने वाले सामान के अंतर्गत

पॉलीथिन कागज आदि के रूप में विभिन्न सामानों को छोडकर जाने की प्रवृति के फलस्वरूप स्थान विशेष पर कचरे आदि की समस्या भी पैदा हो रही है।

4. होटलों का सीवरेज, डिस्पोजल, आवागमन के लिए इस्तेमाल होने वाले वाहनों के धुएं से भी वातावरण में प्रदूषण पेदा हो रहा है।
5. पर्यटक पर्यटन नियमों की अवहेलना कर वन्यजीवों के आवास स्थल तथा विचरण क्षेत्र में व्यवधान पैदा करते हैं, इससे धीरे-धीरे स्थान विशेष पर जंगली जीव जंतुओं के अस्तित्व पर प्रश्नचिन्ह खड़ा होने लगा है।

समस्याएं:

1. राज्य के अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों की तुलना में विशेष रूप से पहिवहन और बेहतर संचार के साधनों का अभाव हैं, अधिकांश सार्वजनिक परिवहन हैं। रेलमार्ग का अभाव, सड़के बहुत खराब स्थिति में है, दुर्घटना की संभावना अधिक रहती हैं, जिस पर तत्काल ध्यान देने की आवश्यकता है।
2. दूरसंचार के बुनियादी ढ़ांचे का अभाव हैं, सीमित इंटरनेट पहुंच और अंतरराष्ट्रीय कॉलिंग की समस्याओं का सामना करना पड़ता है।
3. आवास व ठहरने की सुविधा का अभाव विशेष रूप से स्थानीय पर्यटक को हेतु उत्तम वह सस्ते सुविधाजनक आवस का अभाव हैं।
4. प्राय यह देखा गया है कि विदेशी पर्यटक विशेष रूप से प्राचीन वस्तुओं कलात्मक वस्तुओं और दैनिक उपयोग की चीजों से आकर्षित होते है, जैसे राजस्थानी वस्त्र गहने, हस्तशिल्प वस्तुओं आदि इनका पूर्ण अभाव देखने को मिलता हैं।
5. प्राकृतिक संपदा व भूद्श्य में आवश्यक परिवर्तन होटलों सीवरेज डिस्पोजल पॉलिथीन कचरे आदि की समस्या।
6. वन्यजीवों के आवास में व्यवधान से उनके प्राकृतिक विचरण में समस्या पैदा हो रही है।
7. उच्च शिक्षित प्रशिक्षित कुशल टूरिस्ट गाइड का अभाव हैं।

सुझाव – उपरोक्त समस्याओं से उबरने और पर्यटकों के प्रवाह को बढ़ाने के लिए यह आवश्यक है कि पर्यटन विभाग व स्थानीय प्रशासन पर्यटन सेवाओं को बेहतर बनाने का प्रयास करें। जिससे परिवहन और ठहरने की सुविधाओं के लिए उपर्युक्त रणनीति तैयार कर सकें।

1. पर्यटकों के आकर्षण हेतु रणकपुर बांध नलवानिया बांध व शक्ति माता मंदिर परिसर में पार्क स्थलों का विकास किया जाए।
2. रणकपुर बांध में बोट संचालन की अनुमति प्रदान करें जिससे पर्यटकों का आकर्षण बढ़े।
3. अजायबघर/चिड़ियाघर की स्थापना की जाए।
4. सड़क परिवहन का आधुनिकीकरण किया जाये।
5. होटल उद्योग को प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए इसके लिए सरकार को स्थानीय पर्यटकों हेतु छोटे आकर के व सस्ते होटल और लॉज के निर्माण के लिए सरकार को उपर्युक्त भूमि वित्तीय सहायता और अन्य सब्सिडी आवंटित करनी वाहिए।
6. उच्च शिक्षित प्रशिक्षित गाइड नियुक्त करें ताकि अपने पैसे के मापदंडों का पालन करें और पर्यटन क्षेत्र की प्राकृतिक व सांस्कृतिक जानकारियां सही उपलब्ध करा सके ताकि पर्यटक आकर्षित हो सके।
7. प्राकृतिक भूद्श्य संपदा में अनावश्यक परिवर्तन से बचा जाए।
8. होटलों की सीवरेज डिस्पोजल तथा पॉलिथीन कचरे के लिए राष्ट्रीय हेरिटेज के स्वस्थ मानको को अपनाया जाए वह राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नियमों को लागू किया जाए।
9. वन्य जीवो के प्राकृतिक आवास स्थलों में पर्यटकों के अनावश्यक विचरण को प्रतिबंधित किया जाए।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. डॉ. सरेश चंद्र बंसल (2016-17) पर्यटन भूगोल एवं यात्रा प्रबंधन, मीनाक्षी प्रकाशन मेरठ।
2. डॉ. राजेश कुमार व्यास (2011) सांस्कृतिक पर्यटन, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी जयपुर।
3. डॉ. राजेश कुमार व्यास (2013) पर्यटन उदव एंव विकास, राजस्थान हिन्दी ग्रंथ अकादमी जयपुर।
4. डॉ. मोहन लाल गुप्ता (2011) जोधपुर संभाग का जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, राजस्थानी ग्रंथाकार जोधपुर।
5. Dr. Laveena T. Dharmwani– Tourism in Rajasthan : challenges and opporturities, (University of Kota)
6. Dr. MD. Mahmood Alam– Tourism in rajasthan contrubution in it's economy, (Associate Professor of Economic D.S. College Aligarh)
7. M.S. Ranjana Tiwari– Sustainable rural development through tourism practices : A case of Ranakpur Rajasthan, (Research Scholer MLSU Udaipur)
8. Study on 20 year perspective plan for sustainable touism in Rajasthan – Ministry of tourism art and culture Govt. of India.
9. स्माचार पत्र दैनिक भास्कर 17 अक्टूबर, 2020
10. वार्षिक प्रतिवेदन रिपोर्ट (2013, 2016, 2020), पर्यटन विभाग जयपुर राजस्थान।

****

Physical Education Facility in Secondary Schools of Rajasthan

Pawan Kumar Regar* **Dr. B. S. Chauhan****

Introduction - Education, in the broad sense, means preparation for life, it aims at all round development of individuals. Thus education is concerned with developing optimum organic health and emotional vitality such as social consciousness, acquisition of knowledge, wholesome attitude, moral and spiritual qualities. Civilized societies have always felt the need for physical education for its members except during the middle ages, when physical education as is typically known today found almost no place within the meagre educational pattern that prevailed. The rapid development of physical education within the present century and the weighted influence accruing to some of its more spectacular activities suggest the imperative need, a clean understanding of unequal role, a well-balanced programme in the field may give rise to the optimum growth and development of the youth. Dissolution of the dichotomy of mind and body, and acceptance of the individual as a unified and respected personality, belong to an evolution of physical education that has used this programme to serve military ends as an instrument for the relief of tensions associated with academic pursuits and finally leading to the essential medium of complete development.

Objectives and Methodology - The present paper examines the physical education facilities in Secondary School of Rajasthan. For the fulfilling research objective, research work presented is mainly based on primary information. Primary information was collected from selected 20 schools across the State in respect of sports facilities available in secondary in the State of Rajasthan. This research work is analytical in the sports facilities available in secondary schools in the State. For this, information relating to physical education facilities from secondary schools of the State has been compiled. The analysed information are presented in tables and graphs.

Discussion - This part is based on result of analysis of collected information through five statements on physical education facilities in secondary schools govt. and private. The collected information analysed through the number and percentage. The analysed information represented in tables and diagrams.

Table 1 : Availability of Physical Education Facility in Sec. School Govt. and Private

S.	Statement	Responses in percentage	
		Govt.	Private
1	Availability of Athletic track in School	55.00	30.00
2	Availability of Kabaddi court in School	80.00	65.00
3	Availability of Kho-Kho field	80.00	50.00
4	Availability of sports infrastructure development committee in school	60.00	40.00
5	Availability Physical Education teacher	90.00	50.00

Figure: 1 (See in next page)

From the perusal of the table and diagram, it is clear that the availability of physical education facility has been indicated in selected Government Secondary Schools and Private Secondary Schools from the study area. From the perusal of the data, it is clear that athletic track is available only in 55 percent Government Secondary Schools and 30 percent private secondary schools. The Kabaddi Courts is plays an important role in a school for the physical education so information also collected and analysed. According to data represented in table that the availability of Kabaddi Courtsin 80percent Government Secondary Schools and 65percent Private Secondary Schools. Likewise kho-kho field also play a significant role in physical education. The study show that in 80 percent government secondary schools and 50 percent private secondary schools have kho-kho field is available. In any school sports infrastructure development committee playing the important role for the development of sport facility in the school. The data shown in table and graph indicated that there is 60 percent government secondary schools and 40 percent private secondary schools has sports infrastructure development committee is available. From the perusal of the data, it is clear that physical education teacher is available in 90 percentgovernment secondary schools and 50percent private secondary schools.

Conclusion- Analysis shows that the Govt. Schools have higher Physical education facility comparatively private schools at secondary level in terms of availability of all physical education facility. Comparatively speaking, the facility of physical education is more in government secondary schools as compared to private secondary

*Research Scholar (Physical Education) MLSU, Udaipur (Raj.) INDIA
** Principal, B.N. College of Physical Education, Udaipur (Raj.) INDIA

schools in selected schools.

References:-

1. Bhukar J.P. (2012), Survey Of Sports Facilities In Rajasthan State Universities, International Journal of Behavioral Social and Movement Sciences Vol. 01,Jan 2012, Issue 01
2. Dabas Chandra Sarkar"The survey of facilities and equipments of sports inengineering colleges in West Bengal", (Unpublished Master's Thesis, Jiwaji University, 1982).
3. J. P. Bhukar, "Survey of Sports Facilities In Rajasthan State Universities", International Journal of Behavioral Social and Movement Sciences, Vol.01, (Jan2012), Issue 01.

Figure: 1



****

वैश्वीकरण का भारतीय सभ्यता व संस्कृति पर प्रभाव

डॉ. विनीता मिश्रा *

प्रस्तावना – आज का युग वैश्वीकरण का युग है वैश्वीकरण भूमंडलीकरण को सामान्य अर्थ में परिभाषित किया जाए तो कहा जा सकता है कि समस्त संसार का एक साथ एक मंच पर इकट्ठा होना है। इस प्रक्रिया में समस्त देश परस्पर निर्भर हो जाते हैं और बीच की दूरियां सिमट जाती हैं। यदि आज के संदर्भ में कहा जाए तो इतनी विसंगतियों के बावजूद भी वैश्वीकरण एक अनिवार्य शर्त बन गया है और इसी वैश्वीकरण के प्रभाव को हम ग्लोबल संस्कृति की संज्ञा प्रदान कर सकते हैं। वैश्वीकरण को समझने के लिए उसके उद्भव को समझना आवश्यक है, 1970 के दशक के मध्य में दुनिया में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आर्थिक वर्चस्व की प्रतिस्पर्धा शुरू हुई इसके साथ ही राष्ट्रीय सीमाओं को आर्थिक आधार पर परिभाषित करने की परंपरा प्रारंभ हुई इसे भूमंडलीकरण का नाम दिया गया। दूसरे शब्दों में कहा जाए तो जिसमें दुनिया के सभी देश एक दूसरे से राजनैतिक व सांस्कृतिक रूप से जुड़े होते हैं जिससे विश्व में एकरूपता तथा क्षेत्रीयता की प्रवृत्ति बढ़ती है परंतु मुख्य तौर पर आर्थिक गतिविधियां ही विद्यमान रहती हैं। वैश्वीकरण के प्रभाव को जानने के लिए संस्कृति को परिभाषित करना आवश्यक हो जाता है।

संस्कृति एक मूलत: किसी समाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र रूप का नाम है जो तत्कालीन समाज के सोचने, विचार करने के स्वरूप में अंतर निहित होती है इसी प्रकार संस्कृति के चार अध्याय में रामधारी सिंह दिनकर ही लिखते हैं कि संसार भर में जो सर्वोत्तम बातें जानी या कही गई हैं उनसे अपने आपको परिचित करना संस्कृति है यह मानसिक व शारीरिक शक्तियों का प्रशिक्षण है, यह विकास अथवा उससे उत्पन्न अवस्था है, यह सभ्यता का भीतर से प्रकाशित हो जाना है। आगबर्ने व निमकाफ ने अपनी संस्कृति के दो प्रकारों की चर्चा की उनके अनुसार अभौतिक संस्कृति सामाजीकरण एवं सीखने की प्रक्रिया द्वारा एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में स्थानांतरित होती रहती है, इसका कोई मूर्त रूप नहीं होता जबकि भौतिक संस्कृति मापी जा सकती है इसका मूर्त रूप होता है, इसके उपयोग व उपयोगिता का और लाभ का मूल्यांकन किया जा सकता है। इस प्रकार हम भौतिक संस्कृति को सभ्यता का भी नाम दे सकते हैं। सभ्यता व संस्कृति एक दूसरे के पूरक होते हैं, सभ्यता शरीर है तो संस्कृति उसकी आत्मा है। भारतीय संस्कृति को दृष्टिगत रखते हुए यदि वैश्वीकरण की अवधारणा पर विचार करें तो हमारी प्राचीनतम संस्कृति में ही वसुधैव कुटुंबकम की भावना विद्यमान है। यजुर्वेद में लिखा गया है संघे शक्ति कलियुगे अर्थात सामूहिक शक्ति पर विश्वास जताया गया है। इसी प्रकार भक्तिकाल में कबीर, तुलसी, ज्ञानेश्वर भी विश्व की समस्त मानव जाति के लोक मंगल की बात को ही स्पष्ट करते हैं। इस भावना मे भी वैश्वीकरण या संपूर्ण पृथ्वी को एक गांव की तरह या एक परिवार की तरह माना गया है। गांधी जी ने भी कहा कि हर तरफ से खिड़कियों को खुली रखना चाहिए ना जाने किस रूप में नए विचार अंदर प्रवेश कर जाएं। यह विचार अध्यात्म के धरातल को आधार मानकर सोचे गए थे जिसमें मानवीय प्रेम मानवता को ही एक मात्र स्थान दिया गया।

17 वीं शताब्दी में पुर्तगाल का बड़े पैमाने पर अफ्रीका व भारतीय तटों पर विस्तार वैश्वीकरण का पहला प्रमुख व्यापार था। 17 वीं शताब्दी में ईस्ट इंडिया कंपनी पहला बहुराष्ट्रीय निगम था। यहीं से धीरे–धीरे उपनिवेशवाद फलने फूलने लगा जिसने हमारी संस्कृतियों को प्रभावित किया 19वीं शताब्दी को कभी–कभी वैश्वीकरण का प्रथम चरण भी कहा जा सकता है जिसका नेतृत्व इंग्लैंड ने दक्षिण एशिया में अपनी उपनिवेशवादी नीति को विस्तार करके किया। प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात वैश्वीकरण का दूसरा दौर प्रारम्भ हुआ जिसमें हिरोशिमा नागासाकी में बम वर्षा के पश्चात मानव अधिकारों के लिए अंतरराष्ट्रीय संघ एवं संस्थाओं की स्थापना हुई। इसी के पश्चात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 1960 में कनाडा साहित्य के आलोचक मार्शल लोहान ने वैश्विक ग्राम शब्द को लोकप्रिय बनाया और भारत भी इस महत्वपूर्ण ग्राम का सदस्य बन गया।

21 वीं शताब्दी तक आते–आते इंग्लैंड के जॉन किन्स व अमेरिका के जॉन व्हाइटन ने युक्ति निकाली जिसे उदारीकरण कहा गया। भूमंडलीकरण का मुख्य आशय आर्थिक गतिविधियों पर केंद्रित हो गया। इसीलिए इसे दो भागों में बांट कर देखा जा सकता है पहला उदारीकरण दूसरा निजी करण। उदारीकरण का अर्थ है एक ऐसी आर्थिक नीति जिसमें जिसमें देश के अंदर ऐसा वातावरण स्थापित हो जिससे उद्योग धंधों का उत्पादन व्यवसाय व वाणिज्य में कोई बाधा ना उपस्थित हो। उदारीकरण नई औद्योगिक नीति का परिणाम है जो लाइसेंस प्रणाली को समाप्त कर देता है। इसी के साथ निजी करण एक ऐसी प्रक्रिया है जिसमें क्षेत्रीय उद्योगों को सार्वजनिक क्षेत्र से निजी क्षेत्र में स्थानांतरित किया जा सकता है जिससे वह सरकारी नियंत्रण से मुक्त हो जाएं।

वैश्वीकरण का मुख्य उद्देश्य आर्थिक पहलू होते हुए भी इसने हमारे जीवन के सामाजिक सांस्कृतिक राजनीतिक पहलुओं को विशेष रूप से प्रभावित किया है जिसके सकारात्मक एवं नकारात्मक परिणाम उभर कर सामने आने लगे। नई सूचना तकनीक अंतरराष्ट्रीय सहायता केंद्र मानवाधिकार आयोग यूरोपीय संघ कॉमर्स को बढ़ावा मिला जिसमे व्यापार और वाणिज्य को सरल बना दिया गया। वैश्वीकरण ने कुछ अधिक कुशल कारीगरों को अधिक अवसर प्रदान किये हैं। रामशरण शर्मा लिखते हैं कि दूरसंचार प्रौद्योगिकी अर्थव्यवस्था से जुड़ी हुई है तब श्वेत देशों से यह उम्मीद कैसे न की जाये की वह अपने उत्पादों का प्रचार नहीं करेंगे। भूमंडलीकरण

* असिस्टेंट प्रोफेसर, मध्यकालीन इतिहास विभाग, एस.एस. खन्ना गर्ल्स डिग्री कॉलेज, प्रयागराज (उ.प्र.) भारत

के आर्थिक प्रभाव पर विवेचना करें तो संशयवादी वैश्वीकरण को मिथक मानते हैं। 19वीं शताब्दी में व्यापार में अधिक तेजी से राज्यों के एकीकरण का आर्थिक महत्व देते हुए इनका मानना है कि बाजार शासन नहीं करता बल्कि बाजार के नियमन का कार्य शासन करता है। भारत के संदर्भ में देखा जाए तो सकल घरेलू उत्पाद और सेवा क्षेत्र की बढ़ोतरी देख भारतीय अर्थव्यवस्था विकसित देशों की अर्थव्यवस्था प्रतीत होती है । परंतु, वैश्वीकरण के 20 साल बाद भी रोजगार के अवसर, किसानों की गरीबी, वह पूँजीनिर्माण आदि से निज़ात नहीं मिली । इन्हीं कमियों पर ध्यान आकर्षित करते हुए जॉर्ज सोरस ने लिखा कि अंतरराष्ट्रीय व्यापार संगठित लोकतंत्र की बजाय निरंकुश शासन व्यवस्था को अधिाक प्राथमिकता देता है इसीलिए इसका प्रभाव विपरीत पड़ सकता है, इसी प्रकार बहुराष्ट्रीय कंपनियां भी सार्वजनिक व्यय में प्राथमिकता देने तथा अल्प विकसित देशों की समस्याओं में सुधार करने की बजाय प्रबंधक वर्ग एवं वर्ग विशेष के कर्मचारियों को अधिक महत्व देती हैं।

वैश्वीकरण में भारत की जब बात आए तो यह जरूर जोड़ सकते हैं कि जैसे - जैसे सांस्कृतिक वैश्वीकरण हुआ उससे आर्थिक उदारीकरण को बढ़ावा मिला और 1991 के बाद हॉलीवुड फिल्मों के लिए भारतीय दूरदर्शन मीडिया सबसे सुरक्षित मंच मिल गया जिसमें अंतरराष्ट्रीय विज्ञापनों की होड़ होती थी। उदारीकरण संस्कृति में बाजार को बढ़ावा मिला व भारत में माल संस्कृति को बढ़ावा मिला इससे रोजगार के अवसर तो उपलब्ध हुए परंतु दूसरी ओर छोटे व्यापारी दुकानदारों के व्यापारिक व्यवसाय पर प्रश्न चिन्ह लग गया। मॉल संस्कृति ने मध्यमवर्गीय उपभोक्ताओं के शौक को जरूरत मे बदल दिया । भारतीय संस्कृति के अनुसार यदि कहा जाए तो उसके केंद्र में सबसे पहले नागरिक होता है परंतु वैश्वीकरण के प्रभाव में नागरिक को भूमंडलीय उपभोक्ता बना दिया इसमें उपभोक्ता पर नई सत्ता थोपी जा रही है। आशीष नंदी कहते हैं कि संस्कृति अपने आप में प्रतिरोध का दूसरा रूप है इसीलिए संस्कृति को वैसे ही साफ रखना चाहिए जैसे प्राणवायु को स्वच्छ रखा जाता है। हमारा पैर भूमंडलीय आंधी में टिक नहीं पा रहा है, भारत एक कृषि प्रधान देश है। आज आए दिन कर्नाटक, महाराष्ट्र, आंध्र में किसानों द्वारा आत्महत्या की घटनाएं सामने आ रही हैं और कृषि क्षेत्रों में कूटनीतिक तंत्रों का जाल बनता जा रहा है।

भूमंडलीयकरण का अमानवीय चेहरा रोजगार के क्षेत्र में स्पष्ट दिखाई देता है, इनका श्रम से कोई भावनात्मक लगाव नहीं होता, कारपोरेट जगत हायर और फायर की संकल्पना पर कार्य करता है जिससे वहां के कर्मचारी अपने रोजगार के भविष्य को लेकर असुरक्षा की भावना से पीड़ित रहते हैं।

वैश्वीकरण ने मानव जीवन में आधुनिकता लाने का प्रयास किया। बाजार में आई हर वस्तु अब मनुष्य को पसंद आने लगी है, उपभोक्तावाद ने चका चौंधभरी दुनिया व रंग बिरंगे दृश्य प्रस्तुत किए हैं। आधुनिकता बहुआयामी हो गई, इस आधुनिकता के दो पहलू थे विकास व विनाश, जो इन दोनों में सामानजस्य बैठा ले गया वह वैश्विक दुनिया में नई ऊंचाइयों को छू लेगा। वैश्वीकरण से भारतीय समाज में दो धाराएं चलती हुई नजर आ रही हैं, एक धारा में भू-उपग्रह, कंप्यूटर, पांच सितारा होटल, पिज़्ज़ा हट, हवाई जहाज, यातायात और इनसे जुड़ी आकांक्षाएं हैं तो दूसरी तरफ आजीविका व रोजमर्रा का जीवन जीने की समस्या और रैन बसेरे की तलाश अर्थात मजदूरों व गरीबों को अपनी आवश्यकताओं के लिए भी रोजगार उपलब्ध नहीं हो पा रहे हैं। कंप्यूटर ने श्रम की उपेक्षा की है और साथ ही इसने कला कौशल को भी बर्बाद कर दिया, खानदानी हस्तशिल्प बेकार हो गए हैं उनकी कीमत कम हो गई या उचित पारिश्रमिक ना मिलने से कलाकार मजदूरी करने के लिए विवश होने लगे हैं।

आज अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो भी आतंकवादी व अलगाववादी संगठन फल फूल रहे हैं उनके पीछे कहीं ना कहीं कारण वैश्वीकरण ही है। वैश्वीकरण की चकाचौंध भरी दुनिया और निजीकरण के कारण रोजगार के अवसर नहीं मिलते, जिससे मोटी तनख्वाह की लालच में युवा आतंकवाद की ओर मुड़ने लगा है, तथा सम्पूर्ण विश्व मे आतंकवाद वैश्विक समस्या बन गया है। इसी का परिणाम है कि आमजनता को कम व औद्योगिक प्रतिष्ठानों को ज्यादा महत्व दिया जा रहा है । सच्चिदानंद सिन्हा कहते हैं कि अलगाव वर्तमान वैश्वीकरण का अनिवार्य पहलू है और इसी अलगाववाद का परिणाम है कि आज पूरी दुनिया भर में बड़े नामी-गिरामी आतंकवादी संगठन उत्पन्न हो चुके हैं जैसे कि लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद, अलकायदा, बोको हराम इत्यादि आतंकवादी संगठन लगातार आतंकवादी घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। इसमें अधिकतर वही युवा हैं जो कहीं न कहीं बेरोजगारी - गरीबी के शिकार हैं। अमेरिकी समाजशास्त्री और फ़ास्ट फूड उद्योग के व्याख्याकार कहते हैं कि स्पीड जिसका अर्थ है कि तेजी से बाजार तक पहुंच जाना और ग्लोबल गतिशीलता को बढ़ावा देना। आज रुपए के तेजी से आवागमन ने पूंजीवाद की नई व्याख्या को प्रस्तुत किया है, यह वर्चुअल मनी ही तो स्पीड का उदाहरण है जिससे 24 घंटे में कुछ भी लेना-देना व्यापार और उद्योग चलता रहेगा और यही बाजारवाद का जीता जागता उदाहरण भी है । नई व्यवस्था ने सेवा, ज्ञान श्रम और पूंजी का निर्बाध गति से स्थानांतरण किया है। ग्लोबल मीडिया के जरिए अमेरिका उपभोक्ता संस्कृति की वर्षा हो रही है। 30,000 से ज्यादा मैक्डोनाल्ड की शाखाएं पूरे विश्व भर में स्थापित हो चुकी हैं और प्रतिदिन प्रतिवर्ष लगभग 2000 शाखाएं विश्व में खुलती जा रही हैं। वैश्विक तौर पर जितने हम सक्षम होते जा रहे हैं सामाजिक जीवन में हमारी उतनी ही असुरक्षा की भावना बढ़ती जा रही है । आत्म रक्षात्मक उपभोग की बाढ़ सी आ गई है, यह तार्किक है अथवा अतार्किक है यह बात बेमानी है ,इसका राजनीति से किस तरह का संबंध है किंतु बाजार की बिक्री सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण हो गई है, संपूर्ण भावनाओं का बाजारीकरण हो चुका है, सभी कुछ आर्थिक गणित के रूप में पेश किया जाता है और विशेषता यह है कि सामाजिक तौर पर विदेशी माल को खूब उछाला जाता है और उसे ऐसे फिनोमिना के रूप में पेश किया जाता है जिसका प्रबंधन भविष्य में कर लिया जाएगा।

नए विचारक कह रहे हैं कि हम पोस्ट ह्यूमन युग में दाखिल हो रहे हैं। समाजीकरण की ह्यूमन प्रक्रिया प्रसांगिक नहीं रह गई। श्रम सामुदायिकता वर्ग आज की पुरानी केटेगरी हो गई है। दक्षिणपंथी इन चीजों के बारे में खुलकर नहीं बोलते जबकि उदारवादी विचारधारा के व्यक्ति इसको मन में सोचते हैं और हम कह सकते हैं कि हमारे ही रोज के जीवन में एक रहस्य भर गया है । नए प्रतिमान रोज दाखिल हो रहे हैं, स्वतंत्रता में कमी आई है फिर भी कहा जा रहा है कि ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि नए किस्म की स्वतंत्रता आ रही है। आप अपने रोजगार को बदल रहे हैं, लंबी अवधि के कॉन्ट्रैक्ट पर काम कर रहे हैं, स्थाई नौकरी के आभाव मे भ्रम की स्थिति बन गई है।

ग्लोबलाइजेशन ने राष्ट्र राज्य की अवधारणा को कहीं ना कहीं प्रश्न चिन्ह लगाया है साथ ही सांस्कृतिक साम्राज्यवाद को भी जन्म दिया है इसका सबसे पहला मंत्र है स्थानीय संस्कृति को अपदस्थ करके पश्चिमी आधुनिकता को पेश करो। सांस्कृतिक साम्राज्यवाद चीजों को माल बनाता है तो हम सिर्फ माल ही नहीं खाते बल्कि समूची प्रकृति, जमीन, संस्कृति,

प्रस्तुतियां यहां तक कि मानवीय शरीर का भी उपभोग करते हैं, यह एक तरह का प्रतीकात्मक है जब हम सांस्कृतिक उपभोग कर रहे होते हैं तो आत्मसात कर रहे होते हैं और यही सांस्कृतिक साम्राज्यवाद का सबसे भयावह रूप है। इन सब से हमारे अंदर एक नैतिक भय पैदा हो रहा है। उस समय यह भय और बढ़ जाता है जब हम नई तकनीक के माध्यम से पोर्नोग्राफी देख रहे होते हैं।

वैश्वीकरण के सकारात्मक प्रभाव के रूप में देखा जाए तो महिलाओं की स्थिति में सुधार हुआ है और शिक्षा में वृद्धि हुई है परंतु दूसरी ओर उनके साथ एक नए तरह का शोषण आरंभ हो गया है अब महिलाओं को बाजार में एक सामान की तरह परोसा जाता है और उनको उपभोग की वस्तु माना जाता है जबकि हमारे यहां महिलाओं को पूजने की परंपरा रही है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि वैश्वीकरण ने भारत के सर्वजन हिताय और सर्वजन सुखाय की अवधारणा को किनारे रखते हुए उपभोक्तावाद को आगे बढ़ाया है। नव साम्राज्यवाद का यह नया रूप जिसे वैश्वीकरण का नाम दे सकते हैं इसके आर्थिक केंद्रीयकरण की प्रक्रिया के परिणाम स्वरूप औद्योगिक देश संपन्न हो गए हैं और गरीब देश अलग-थलग पड़ गए हैं। प्राकृतिक संपदा एवं पर्यावरण को लगातार नुकसान होता जा रहा है चाहे हम जितने भी सम्मेलन करते रहें जिसका उदाहरण हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के जंगल की आग और आने वाली प्राकृतिक अपदाएं हैं। वैश्वीकरण ने मानवता हमसे छीन ली है जिसका ताजा उदाहरण वैश्विक महामारी कोविड-19 है जिसे चीन ने जैविक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया और यह एक वैश्विक महामारी बन गया जिसने पूरे संसार की अर्थव्यवस्था को और सामान्य जनजीवन को ठप कर दिया। हमें अपने माननीय राष्ट्रपति के कथन को धयान में रखना होगा, अब आर्थिक वैश्वीकरण के साथ स्वास्थ्य वैश्वीकरण को भी ध्यान में रखना होगा पर अंत में एक प्रश्न और उभरकर आता है कि क्या इस महामारी के बाद वैश्वीकरण की अवधारणा को धक्का लगेगा यह आने वाला भविष्य तय करेगा।

References :-

1. Dinkar, Ramdhari, Sanskritikechaaradhyay, Lok Bharti Prakashan, 2017, Pg. 11
2. www.scottbuzz.org
3. www.7chapterbitsstream.com
4. www.wikipedia.com
5. Ibid
6. www.accountinghindi.com
7. vaishvikaran ka ek samanyaparichay,shodhganga
8. kaise aka jayevaishvikaranko,www.azadi.me
9. Chaturvedi J., Sinha S., Bhumandalikaran aur global media, Anamika Publication, 2008.
10. vaishvikaran ka ek samanyaparichay,shodhganga
11. Bhumandalikaran aur global media
12. Ibid

****

Non Performing Assets in Indian Banking Sector

Dr. Rajesh Shroff *

Abstract - The assets of the banks which don't perform are called nonperforming assets or bad loans. Banks assets are the loans and advances given to customers. If customers don't pay either interest or part of principal or both the loan turn into bad loans. At the annual review meeting of the Union Finance minister with the CEO of banks held in New Delhi (2015) concern were raised over the increase in non-performing assets which were impacting credit growth of banks. Banks improve the allocation of resources by landing money to many sector of the economy. In present time Indian banking sector facing the problem about Non-performing assets. In the wake of the financial reforms. Undertaken by the government of India based on the Narasimhan Committee report, prudential norms were introduced by reserve bank of India to address the credit monitoring process being adopted and pursued by the banks and financial institutions. The Reserve Bank has from time to time also issued regulatory guidelines on other areas such as Corporate Governance, Fit and Proper, Know Your Customer/Anti Money Laundering, Credit Information Sharing Services in addition to specific guidance on credit, market and operational risk management etc. to strengthen the over-all-risk management environment in Indian Banks.

Key Words- Lending Money, Monitoring, Bad Loans, resources, nonperforming assets.

Introduction - Today NPA's is the common problem of the Indian Banks. With the advent of liberalization and globalization, resulting in market development there has been tremendous change in the intermediation role of banks in India. The pace of transformation has been more significant in recent times with technology acting as a catalyst. Consequently, we re noticing the cut throat competition in the banking industry these days. NPA has assumed great importance terms of risk management. Bankers thus have realized to have effective NPA management on their priority list. Non performing assets are problematic for financial institutions since they depend on interest payments for income.

Literature Review - Many researchers have been studied to the issue of non performing assets in Indian banking sector.

1. Usha Arora, BhavnaVashisht & Monica Bansal (2009) in the research on "An Analytical Study of Growth of Credit Schemes of Selected Banks" analyzed and compared the performance (in terms of loan disbursement and non-performing assets) of credit schemes of selected banks for the last five years.
2. Narasimham Committee identified the NPAs as one of the possible effects of malfunctioning of public sector banks (Ramu, N., 2009).
3. It has been examined that the reason behind the falling revenues from traditional sources is 78% of the total NPAs accounted in public sector banks (Bhavani Prasad and Veena 2011)
4. The accounting treatment also failed to project the problem fo NPA, as interest on loan accounts were accounted on accrual basis (Siraj K.K. and P. Sudarsanan Pillai, 2012)
5. A Commiittee on Banking Sector Reforms known as Narasimham Committee was set up by RBI to study the problems faced by Indian banking sector and to suggest measures revitalize the sector. The committee identified NPA as a major threat and recommended prudential measures for income recognition, asset classification and provisioning requirements. These measures embarked on transformation of the Indian banking sector into a viable, competitive and vibrant sector. The committee recommended measures to improve 'operational flexibility" and "functional flexibility" and functional autonomy" so as to enhance "efficiency, Productivity and profitability" (Chaudhary, & Singh, 2012).

Objectives of Study :

1. To know about Gross 'NPA' in Indian Banks.
2. To know about Net 'NPA' in Indian Banks.
3. To comparison of NPA's of public and private sector banks.
4. To know about types of NPA's.

Research Methodology- Present study uses the available published secondary data for the year 2009-10 to 2013-14 from reports on trends and progress of Banking in India, se RBI reports, various research journals, news paper etc. The data has been analyzed using percentage method.

Concept of NPA - A Non-Performing Asset (NPA) is defined as a credit facility in respect of which the interest and /or installment of Bond finance principal has remained 'past

*Principal, Indore Indira School of Career Studies, Indore (M.P.) INDIA

due' for a specified period of time. NPA is used by financial institutions that refer to loans that are in jeopardy of default. Once the borrower has failed to make interest or principle payments for 90 days the loan is considered to be non-performing asset. are problematic for financial institutions since they depend on interest payments for income. Troublesome pressure from the economy can lead to a sharp increase in non-performing loans and often results in massive write-downs. Accordingly, with effect from March 31, 2004, a non-performing asset (NPA) is a loan or an advance where;

1. Interest and/or installment of principal remain overdue for a period of more than 91 days in respect of a term loan.
2. The account remains 'out of order' for a period of more than 90 days, in respect of an overdraft/cash credit (OD/CC).
3. The bill remains overdue for a period of more than 90 days in the case of bills purchased and discounted.
4. Interest and/or installment of principal remains overdue for two harvest seasons but for a period not exceeding two half years in the case of an advance granted for agricultureal purposes.
5. Any amount to be received remains overdue for a period of more than 90 days in respect of other accounts.
6. Non submission of Stock Statements for 3 continuous Quarters in case of Cash Credit Facility.
7. No active transactions in the account (Cash Credit/ Over Draft/EPC/PCFC) for more than 91 days.

Treatment of Accounts as NPS's :

1. Record of Recovery - The treatment of an asset as NPA should be based on the record of recovery. Banks should not treat an advance as NPA merely due to existence of some deficiencies which are of temporary in nature such as non-availability of adequate drawing power, balance outstanding exceeding the limit, non-submission of stock statements and the non-renewal of the limits on the due date, etc. Where there is a threat of loss, or the recoverability of the advances is in doubt, the asset should be treated as NPA. However, where the accounts of the borrowers have been regularized by repayment of overdue amounts through genuine sources (not by sanction of additional facilities or transfer of funds between accounts), the accounts need not be treated as NPAs. In such cases, it should, however, be ensured that the accounts remain in order subsequently and a solitary credit entry made in an account on or before the balance sheet date which extinguishes the overdue amount of interest or installment of principal is not reckoned as the sole criteria for treatment the account as a standard asset.

2. Treatment of NPAs – Borrowers-wise and not facility-wise :- In respect of a borrower having more than one facility with a bank, all the facilities granted by the bank will have to be treatd as NPA and not the particular facility or part thereof which has become irregular.

However, in respect of consortium advances or financing under multiple banking arrangements, each bank may classify the borrowable accounts according to its own record of recovery and other aspects having a bearing on the recoverability of the advances.

3. Agricultural Advances – Default in repayment fue to natural calamities :-

(i) Where natural calamities impair the repaying capacity of agricultural borrowers, as a relief measure, banks may decide on their own to :

(a) Convert the short-term production loan into a term loan or re-schedule the repayment period, and

(b) Sanction fresh short-term loans

Introduction - Poverty is a significant concern in India, and providing food subsidies forms a crucial component of the government's strategy to alleviate this problem. Chhattisgarh, recognised as one of the poorest states in India, has implemented various food subsidy programs to support households below the poverty line (BPL). This study seeks to evaluate the impact of food subsidies on poverty reduction among BPL households in Chhattisgarh, with the potential to provide valuable insights and solutions to this pressing issue.

Literature Review: Several research studies have investigated the effects of food subsidies on poverty alleviation. In Sharma's (2012) analysis of food subsidies in India, a regression model was employed to demonstrate that government-led operational factors significantly contribute to the increase in subsidies. Arora (2013) evaluated the food subsidy in India and critically assessed its alignment with the objectives that led to its implementation. The study revealed that the outreach of the Public Distribution System (PDS) in the country needs to be improved, with a concentration in the relatively developed states rather than in the states with higher poverty levels.

Methodology: The study adopts a descriptive research design and relies on secondary data from published reports and surveys. The dataset encompasses the trend and growth rates of food subsidies and the fiscal deficit in India. Primary statistical methodologies, such as trend analysis, ratio analysis, and percentage analysis, are employed to facilitate the examination of the compiled data.

Results: The data reveals a substantial increase in food subsidies in India over the years. From 1991-92 to 2018-19, the Central Government allocated a sum ranging from Rs. 2850 crore to Rs. 169323 crores for food subsidies. The escalating magnitude of food subsidies is evident in their growing share of the Gross Domestic Product (GDP). While food subsidies accounted for 0.42 per cent of GDP in 1991-92, this figure rose to 0.89 per cent by 2018-19.

Food Subsidy in Chhattisgarh up to 2018: The food subsidy bill for the fiscal year 2018-19 was projected to be approximately Rs 1,69,323 crore, marking a 10 to 15 per cent increase from the preceding year. The Centre's food subsidy bill was anticipated to see a 10 per cent upsurge to around Rs 1.60 lakh crore in the 2018-19 budget. The Government of India was set to disburse Rs 4,800 crore as food subsidy to Chhattisgarh. The state government, playing a crucial role, was slated to administer highly subsidised food grains to more than 80 crore individuals by the National Food Security Act.

Discussion: The research underscores the necessity of accurate targeting and reduction of subsidies to achieve sustained long-term growth and poverty alleviation. The analysis indicates that food subsidies have a limited impact on poverty alleviation among BPL (Below Poverty Line) households in Chhattisgarh. Consequently, the study proposes that subsidies may serve as a short-term intervention for addressing social challenges such as poverty. Nevertheless, self-sustained productive measures such as employment creation and educational empowerment will be indispensable in the long term.

Reasons for Providing Food Subsidy in Chhattisgarh: The provision of food subsidy in Chhattisgarh is warranted for a multitude of reasons:

1. **Poverty:** Chhattisgarh contends with a high incidence of poverty, leading to many households being unable to procure essential food items.
2. **Malnutrition:** The state grapples with considerable levels of malnutrition, particularly prevalent among children,

*Asst. Professor (Commerce) Kalyan Post Graduate College, Bhilai, Dist. Durg (CG) INDIA
**Asst. Professor, Govt. Daanveer Tularam P.G. College, Utai, Dist. Durg (CG) INDIA

women, and tribal communities.

3. Food insecurity: Numerous households in Chhattisgarh experience constraints in accessing dependable and nourishing food supplies.

4. Agricultural challenges: The state is susceptible to droughts, floods, and other agricultural adversities, impacting the availability and affordability of food.

5. Tribal population: Chhattisgarh is home to a substantial tribal populace, often deprived of mainstream resources and necessitating targeted assistance.

6. Economic inequality: Food subsidy narrows economic disparities among individuals, ensuring universal access to fundamental necessities.

7. Social welfare: Implementing food subsidies is a pivotal social welfare intervention, guaranteeing indispensable support for vulnerable demographics.

8. Food price volatility: Fluid food prices present challenges for economically disadvantaged households, making food procurement only possible with subsidies.

The government endeavours to reinforce food security, enhance health and well-being, and alleviate poverty and disparities in Chhattisgarh by providing a food subsidy.

Analysis of How Food Subsidies Help Poor Households in Chhattisgarh: An analysis of the economic condition of poor households receiving food subsidies in Chhattisgarh:

1. Improved food security: Food subsidies have ensured access to essential food items like rice, wheat, and pulses, reducing hunger and malnutrition.

2. Reduced expenditure: Subsidized food has decreased household expenditure on food, freeing up resources for other essential expenses like healthcare and education.

3. Increased purchasing power: Subsidized food gives poor households more disposable income to spend on other necessities, boosting their overall purchasing power.

4. Better health outcomes: Access to nutritious food has improved health outcomes, reducing morbidity and mortality rates.

5. Increased school enrolment: With food security ensured, poor households are more likely to send their children to school, improving educational outcomes.

6. Reduced poverty: Food subsidies have contributed to declining poverty levels in Chhattisgarh, with many households graduating from extreme poverty.

The Public Distribution System and Food Subsidy in Chhattisgarh: The Public Distribution System (PDS) in Chhattisgarh is crucial in providing food subsidies to vulnerable populations, but its effectiveness is subject to various limitations and challenges. Here is a critical analysis of the PDS system in Chhattisgarh

Strengths:

1. Wide reach: PDS covers a significant portion of the population, including rural and tribal areas.

2. Subsidized prices: PDS provides essential food items at subsidized rates, making them affordable for poor households.

3. Food security: PDS ensures a steady supply of food grains, reducing the risk of hunger and malnutrition.

Weaknesses:

1. Inefficiencies: PDS is often plagued by inefficiencies, including leakages, corruption, and mismanagement.

2. Limited coverage: Despite its broad reach, PDS still excludes many vulnerable populations, such as urban poor and migrant workers.

3. Quality issues: PDS food grains are often of poor quality, affecting their nutritional value and acceptability.

4. Inadequate funding: PDS funding is often insufficient, leading to shortages and irregularities in food supply.

5. Lack of transparency: PDS operations need more transparency, making tracking subsidies easier and ensuring accountability.

Challenges:

1. Infrastructure: PDS infrastructure, including storage facilities and transportation, needs to be improved.

2. Supply chain disruptions: Disruptions in supply chains, such as droughts or conflicts, can impact food availability.

3. Beneficiary identification: Identifying genuine beneficiaries and preventing fraud remains a significant challenge.

4. Political interference: PDS is often subject to political interference, influencing the selection of beneficiaries and allocation of resources.

Reforms:

1. End-to-end computerisation
2. Aadhaar linking for transparent beneficiary identification
3. Doorstep delivery
4. Quality improvement initiatives
5. Increased funding and infrastructure development

Conclusion: Food subsidies are vital in supporting households living below the poverty line in Chhattisgarh. Despite their significance, research indicates that these subsidies have limited effectiveness in reducing poverty. The study underscores the necessity of precisely targeting and decreasing subsidies to promote long-term sustainable growth and poverty alleviation. The findings imply that while subsidies can temporarily relieve social issues like poverty, sustainable solutions require a shift towards autonomous measures such as fostering employment opportunities and advancing educational empowerment.

In conclusion, while the PDS system in Chhattisgarh plays a vital role in providing food subsidies, various weaknesses and challenges could improve its effectiveness. Implementing reforms and addressing these issues can improve the efficiency and impact of the PDS system, ensuring that food subsidies reach those who need them most.

References:-

1. "Public Distribution System Reforms and Consumption in Chhattisgarh" (2022)
2. "The Impacts of Reforms to the Public Distribution

System in India" (no date)
3. "Food Price Subsidies and Nutrition: Evidence from State Reforms" (no date)
4. The Impacts of Reforms to the Public Distribution System in India's (no date)
5. Food subsidy bill may swell by 10 per cent in 2018-19 budget - The Siasat Daily – Archive. https://archive.siasat.com/news/food-subsidy-bill-may-swell-10-cent-2018-19-budget-1301242/
6. Where's My Money, Fool: Conditional Cash Transfers | Develop Economies. https://developeconomies.com/development-economics/wheres-my-money-fool-conditional-cash-transfers/
7. Pitch for CSS - The Startup Pitch. https://thestartuppitch.com/pitches/pitch-for-css/
8. Cryptocurrency Research Survey. https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScR6QImMyuc1EySwOPMpba0et5dSQfnOaGnyYh8aX8ub9I6jA/viewform?usp=sf_link
9. Sam, V. N. (2016). The Poverty Hypothesis and Intergenerational Transmission of Child Labor: Evidence from Ghana. https://core.ac.uk/download/478457599.pdf
10. Dasgupta, N., Baqui, M., Dhingra, S., Raman, P., Ahiduzamman, M., & Kishore, V. (2003). Benefits of improved rice husk combustion, Bangladesh (NRI report no. 2764). https://core.ac.uk/download/42390208.pdf

****

नयी कविता को मुक्तिबोध का प्रदेय

डॉ. डी.पी. चंद्रवंशी*

प्रस्तावना – छायावदी काव्य की वायवीयता एवं सौंदर्य बोध से शुद्ध मानवता बोध के लिए संघर्ष करने वाले तथाकथित प्रगतिशील कहलाने वाले तथ्यों ने हिन्दी कविता को राजनीतिक चैतन्य, जागरूकता, दलित और सर्वहारा वर्ग के प्रति सहानुभूति का आधार लिया, उसमें कुछ कम आग्रह एवं प्रतिबद्धता से हटकर शुद्ध साहित्यिक निष्ठा लेकर चलने वाले कवियों को 'प्रयोगावादी' की संज्ञा से विभूषित किया गया। किन्तु आज यह प्रश्न और अधिक स्पष्ट हो चुका है कि प्रयोगवादी काव्य कोई काव्य–धारा का मोड़ नहीं है। नयी कविता की पृष्ठभूमि का निर्माण करने का ऐतिहासिक महत्व उसका अवयव है। आज भी हिन्दी कविता जिस रूप में लिखी जा रही है, उसे हम 'नयी कविता' के नाम से अभिहित करते हैं। सन् 1958 के बाद से वह भी प्रयोगवादी नाम से पहचाने जाने वाले कवियों के द्वारा बोये गये बीजों के लिए ऋणी है, भले ही तीसरे सप्तक (1959) के प्रकाशन के पूर्व 'नयी कविता' का नाम लेबिल लग चुका था, किन्तु तीनों सप्तकों के कवियों को प्रयोगवाद के तहत् मान लिया जाता था। मुक्तिबोध का काव्य जिस प्रकार के आंदोलन के अंतर्गत आता है, उसका यदि 'नयी कविता' के लिए कुछ प्रदेय है तभी तो मुक्ति बोध का प्रदेय भी सिद्ध हो सकता है। अत: हम उस मूल प्रवृत्तियों की ओर संकेत करना है, जो प्रयोगवाद से आरंभ हुई और आज तक नयी कविता के रूप में अपने प्रभाव को अक्षुण्य बनाए हुए है।

मुक्तिबोध के काव्य में नये मानव की प्रतिष्ठा, अहंवादी मनोवृत्ति, अभिव्यक्ति शिल्प का नयापन नयी कविता के लक्षणों को इंगित करती हैं। मुक्ति बोध के काव्य में जिस आत्मसंघर्ष की अभिव्यक्ति है, वहीं नयी कविता की आधारशिला मानी जाती है। इसी प्रकार अभिव्यक्ति के क्षेत्र में भी वस्तु तत्व के साथ कथ्य शैली का जो नयापन मुक्तिबोध के काव्य में मिलता है, वही से नयी कविता के शिल्प को नयी पद्धतियों का प्रारंभ माना जा सकता है। आत्मचेतस् और विश्वचेतस का जो सामंजस्य मुक्तिबोध ने अपने काव्य संसार में किया है, वहीं नयी कविता के लिए नया द्वार खोलता है। मुक्तिबोध की कविता में जिस आत्मसंघर्ष की कहानी है वह वस्तुत: नये मानव की नियति हैं। मुक्ति बोध के काव्य से ही नये युग की नयी रचनाओं के मूल्यों का अध्ययन प्रारंभ होता है। डॉ. राजेश्वर दयाल सक्सेना ने गजानन माधव मुक्तिबोध को नयी कविता का आविष्कारक कहा है। शैलीगत नयापन का शुभारंभ भी वे मुक्तिबोध से मानते हैं। उनके शब्दों में 'मुक्तिबोध ने हिन्दी कविता में नये वस्तु तत्व का तथा नयी काव्य शैली का प्रयोग किया। नये काव्य की सामाजिक तथा तार्किक पृष्ठभूमि को निर्मित किया। नयी कविता के काव्य शास्त्र और नये ललित बोध के सौंदर्य शास्त्र का प्रारंभ मुक्तिबोध से होता हैं।'[1]

यदि हम किसी ऐसी काव्य धारा या उपधारा की खोज करना चाहे जिससे कि मुक्ति बोध को किसी उपधारा का उद्गम स्थल कह सके तो कई बार तो ऐसा लगता है कि आलोच्य कवि तो इतना निराला है कि न तो वह अपने से पहले के किसी कवि का अनुकरण कर सका और न अनुकरणीय ही बन सका। किन्तु फिर भी उनके काव्य में कुछ ऐसी प्रवृत्तियाँ मिल सकती हैं जो आज तक के कवियों में देखी जा सकती हैं। यदि परवर्ती कवि रघुवीर सहाय और श्रीकांत वर्मा के काव्य में देखकर मुक्तिबोध के द्वारा आविष्कृत नयी कथ्य पद्धति का परिचय प्राप्त किया जा सकता है, और नयी कविता में उनके प्रदेय को स्वीकार किया जा सकता है। श्री अशोक वाजपेयी मुक्तिबोध के इसी प्रदेय पर प्रकाश डालते हुए लिख हैं– '..... यह आकस्मिक नहीं है कि आज के महत्वपूर्ण युवा कवि रघुवीर सहाय और श्रीकांत वर्मा दोनों ने अपने ढंग से तुकों, व्यक्तिवाची, नामों, चत्मकारी संयोगों आदि का जो स्तेमाल किया है, इसका उद्गम कहीं न कही मुक्तिबोध में है। आज की महत्वपूर्ण युवा कविता मुक्तिबोध की कविता की तरह खुरदरी, विचलित करने वाली कविता है, चमकीली और प्रीतिकर कविता नहीं और मुक्तिबोध की कविता युवा कविता के लिए लगभग उद्गम काव्य हो गई हैं।'[2]

नयी कविता की एक सबसे बड़ी विशेषता यह मानी जा सकती है कि उसमें मानव–जीवन के लिए कुछ कर गुजरने की छटपटाहट है। छटपटाहट मुक्तिबोध के काव्य में अत्यंत सशक्त रूप से अभिव्यक्त हुई है। यही कारण है कि मुक्तिबोध के काव्य में नयी कविता की अनन्त संभावनाएं छिपी हैं, जिसका संकेत उनकी निम्न पंक्तियों से पता चलता है–

'नहीं होती, कहीं खतम कविता नहीं होती
वह आवेग त्वरित काल यात्री है
मैं उकसा नहीं कर्ता पिता–धाता।
कि वह कभी दुहित नहीं होती
परम स्वाधीन है वह विश्व शास्त्री है।
गहन गंभीर छाया आगामिष्यत की
लिए, वह जन–चरित्री है।'

कहना न होगा कि यह 'जन–चरित्री' काव्यधारा मुक्तिबोध से ही प्रारंभ हुई और आज तक नयी कविता मानवता के लिए ही लिखी जा रही है। मुक्तिबोध की कविता में बौद्धिक तंतुओं का ही ताना–बाना देखा जा सकता है। कवि वास्तव में चिन्तक, विचारक के रूप में भी प्रतिष्ठित है तो बौद्धिकता के बल पर ही। मुक्तिबोध काव्य में अपने युग के सामाजिक जीवन की विद्रूपता असंगति, मानव मूल्यों का ह्रास, यन्त्र युग के कारण उद्भूत वर्ग–संघर्ष की स्पष्ट ध्वनि मुखरित हुई है। तब नयी कविता के क्षेत्र में मुक्तिबोध के द्वारा किये गये प्रारंभ के लिए हमें उनका ऋण स्वीकारना पड़ेगा। नयी कविता की

* सहा. प्राध्यापक (हिन्दी) शासकीय जे.एम.पी. महाविद्यालय, तखतपुर (छ.ग.) भारत

लघु मानव की प्रतिष्ठा को भी मुक्तिबोध के काव्य में ऐसा बहुत कुछ मिल जाएगा, जिसके आधार पर मुक्तिबोध को नयी कविता का आदि आविष्कर्ता कहने में संकोच नहीं होना चाहिए।

'दिल को ठोकर
वह विकृत आइना मन का सहसा टूट गया
जिसमें या तो चेहरा दिखता था बहुत बड़ा फूला-फूला
या अकस्मात् विकलांग व छोटा-छोटा सा।'[3]

मुक्तिबोध ने लघु मानव की प्रतिष्ठा करने के लिए निरूप ब्रह्य की अस्वीकृति एवं उसके प्रति आस्था का चित्रण किया है और मानव के पौरूष एवं पराक्रम को महत्व प्रदान करके मानव के प्रयत्नों के प्रति आस्था एवं विश्वास व्यक्त किया हैं -

'मेरे इस सांवले चेहरे पर कीचड़ के धब्बे हैं,
दाग है
और इस फैली हुई हथेली पर जलती हुई आग हैं,
अग्नि विवेक की।
नहीं, नहीं, वह-वह तो ज्वलंत सरसिज्!
जिंदगी के दलदल कीचड़ में धंसकर वक्ष तक पानी में फंसकर
मैं वह कमल तोड़ लाया हूँ।'[4]

ओ काव्यात्मन फणिधर, कविता में मुक्तिबोध ने फणिधर कोई सर्प नहीं, स्वयं कवि की संवेदना का आत्मचेतस् ही हैं -

'जीवन के यथार्थ ज्वलनशील मूल्यों को खोज लेने की छटपटाहट
लहराओ, लहराओ नागात्मक कविताओं झाड़ियों में छिपो
उन श्याम झुरमुटों तले कई
मिले जाये कहीं
वे फेके गये रत्न ऐसे
ओ काव्यात्मन् फणिधर अपना फन फैलाओं
मणिगण को धारण करो, उन्हें
बल्मीक गुहा में ले जाओ,
एकत्र करो .....।'[5]

निष्कर्ष - इस प्रकार देखा जा सकता है कि नयी कविता के स्वर मुक्ति बोध में प्रारंभ से ही मुखरित हुए हैं चाहें वह नये मानव की प्रतिष्ठा हो या अहंवादी मनोवृत्ति या क्षण का महत्व या फिर लघुमानव की प्रतिष्ठा डॉ. राजेश्वर दयाल सक्सेना के द्धारा मुक्तिबोध के लघुमानव संबंधी वकतव्य उन्हें लघुमानव का प्रतिष्ठाकन सिद्ध करता हैं- ' तंत्रयुगीन पिण्डब्रह्य की धारणा की मिलती-जुलती तथा प्राणी-विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान सम्मत दृष्टि से मुक्तिबोध ने अपने रचना मानव की लघु विराट जीवन चेतना का, उसके शक्ति व्यवहार का जो विद्युत चित्र अंकित किया गया है, वही तो नया भाव बोध हैं। मुक्तिबोध में यंत्र कर्म की बौद्धिक संस्कृति के प्रतीक मानव को देखा जा सकता है, उसे विज्ञान युग की ब्रह्मराक्षसी प्रतिभा की देन कहना चाहिए।'[6]

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. लक्ष्मीदत्त गौतम संपादक 'गजानन माधव व मुक्तिबोध' पृ. 269
2. वाजपेयी अशोक 'फिलहाल' पृष्ठ 125
3. मुक्तिबोध गजानन माधव चांद का मुंह टेढ़ा है। 1964, पृ. 123
4. मुक्तिबोध गजानन माधव एक अरूप शून्य के प्रति चांद का मुंह टेढ़ा है, पृ. 190
5. मुक्तिबोध गजानन माधव ओ काव्यात्मन फणिधर चाँद का मुंह टेढ़ा है, 1964
6. सक्सेना डॉ. राजेश्वर दयाल, 'गजानन माधव मुक्तिबोध', संपादक डॉ. लक्ष्मीदत्त गौतम पृ. 263, 264

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed/ Peer Review Research Journal) ISSN 2320-8767,
E- ISSN 2394-3793, Impact Factor - 5.610 (2018) April to June 2020, E-Journal, Vol. I, Issue XXX

प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यो एवं नीतियों का विश्लेषण

मोहित कुमार नायक*

शोध सारांश – भारत में संसदीय व्यवस्था के तहत दो सदनों की व्यवस्था है जिसमें लोकसभा एवं राज्यसभा आती है। लोकसभा में प्रत्यक्ष मतदान के तहत सांसदों का चुनाव होता है जिस दल अथवा गठबंधन का लोकसभा में बहुमत होता है उस दल की देश में सरकार होती है एवं उसे दल के संसदीय दल के नेता को देश के प्रधानमंत्री पद पर आसीन किया जाता है। प्रधानमंत्री पद देश का सबसे महत्वपूर्ण एवं वास्तविक प्रमुख होता है। देश के सभी महत्वपूर्ण फैसले उनके नेतृत्व में ही सरकार द्वारा लिए जाते हैं। भारत के प्रशासनिक, राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास की चर्चा देश के वास्तविक प्रमुख पद प्रधानमंत्री के बिना बहुत मुश्किल है। देश की आजादी के बाद से देश के विकास के लिए कई प्रधानमंत्रीयो ने अपनी नीतियों के माध्यम से देश का विकास किया। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी एवं डॉ. मनमोहन सिंह देश के विकास के लिए कई प्रकार की नीतियों के माध्यम से चर्चा में रहे। इन दोनों प्रधानमंत्रीयो ने अपने कार्यकाल के दौरान देश के लिए अलग–अलग मुद्दों पर संसद में कानून बनाए।
शब्द कुंजी – प्रधानमंत्री, कार्यकाल, नीतिया, भारत, सरकार, परमाणु परीक्षण, उद्योग, ग्रामीण विकास, आर्थिक सुधार, अर्थव्यवस्था।

प्रस्तावना

अटल बिहारी वाजपेयी– विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत के तीन बार प्रधानमंत्री रहे कवि अटल बिहारी वाजपेयी अपनी संचार शैली के लिए प्रसिद्ध थे। कवि से एक राजनेता बनने का सफर बहुत ही ऐतिहासिक रहा। जनसंघ से भारतीय जनता पार्टी की स्थापना अटल बिहारी वाजपेयी के राजनीतिक जीवन का अहम हिस्सा रहा। उनके प्रधानमंत्रित्व कार्यकाल में देश के लिए कई ऐतिहासिक फैसले लिए गए जिसमें ऊर्जा नीति प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना परमाणु परीक्षण बहुत महत्वपूर्ण है।

डॉ. मनमोहन सिंह– प्रधानमंत्री बनने से पूर्व डॉ. मनमोहन सिंह नरसिंह सरकार में वित्त मंत्री रहते हुए देश में आर्थिक सुधारो में अपने योगदान के लिए आज भी याद किए जाते हैं। मनमोहन सिंह वर्तमान तक बने सभी प्रधानमंत्री में सबसे ज्यादा पढ़े–लिखे प्रधानमंत्री रहे उन्होंने पीएचडी की शैक्षणिक योग्यता प्राप्त की। 2004 में वे भारत के प्रधानमंत्री पद पर आसीन हुए। उनके कार्यकाल के दौरान आरटीआई, मनरेगा, आरटीई जैसे कई क्रांतिकारी फैसले लिए गए।

वाजपेयी के कार्य

1. **वाजपेयी की संचार नीति–** 1999 में तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने देश में राष्ट्रीय संचार नीति लागू की। संचार क्षेत्र को विकसित करने के लिए वाजपेयी ने कई संरचनात्मक सुधार लागू किया।TRAI एक्ट1997 में संशोधन किया इस संशोधन से पूर्व ट्राई की भूमिका कड़े नियामक के रूप में थी, जिसके कारण निजी क्षेत्र का संचार क्षेत्र में प्रवेश बहुत ही मुश्किल समझा जाता था। वाजपेयी ने संचार क्षेत्र के विवादों के निपटान के लिए अलग ट्रिब्यूनल बनाना प्रस्तावित किया जिसके तहत टेलीकॉम रेगुलेटरी अथॉरिटी ऑफ इंडिया की स्थापना 2000 में हुई एवं ट्राई को पूर्णतया एक बाहरी नियामक की भूमिका दी गई। वाजपेयी ने संचार क्षेत्र में आयात शुल्क काम किया जिससे भारत में संचार क्षेत्र में नए मोबाइल फोन एवं तकनीकी क्या आना हुआ आज हमारा देश विश्व का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है।

2. **खाद्य सुरक्षा से संबंधित नीतियां–** वाजपेयी ने देश की उन्नति में खाद्य सुरक्षा को एक महत्वपूर्ण आयाम माना। उन्होंने 2003 के राष्ट्रपति के धन्यवाद प्रस्ताव पर यह प्रश्न विचार गद्य रखा की जो लोग परिवार में नहीं है जिनके पास जीवन जीने का कोई साधन नहीं है उन सभी लोगों का पेट कैसे भरा जाए उसे पर विचार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अन्य का भंडार होते हुए भी लोगों को भूखे रहने की नौबत ना आए क्योंकि यह हमारे प्रबंधन की कमी को दर्शाता है। उन्होंने कृषि क्षेत्र में टेलीकॉम कनेक्टिविटी को बढ़ाने तथा किसानों को फसल का उचित दाम मिलने के लिए अपना ध्यान विजन 2020 के तहत केंद्रित किया। उनके कार्यकाल की सबसे महत्वाकांक्षी परियोजना प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना कृषि क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन था उनके अनुसार अगर कृषि का माल खेत से निकलकर मंडी में पहुंचे इसके लिए अच्छी सड़के भी चाहिए साधन भी चाहिए और इसी सोच के साथ प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना में गांव को नई सड़कों की सौगात मिली।

3. **प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना–** वाजपेयी की प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना को 25 दिसंबर 2000 को लागू किया। इस योजना का प्रमुख उद्देश्य सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों को सड़कों द्वारा जोड़ना एवं कनेक्टिविटी को विकसित करना था। प्रारंभ में यह योजना पूर्णता केंद्र प्रायोजित के रूप में प्रारंभ की गई क्योंकि इसका लक्ष्य केवल आवागमन नहीं था साथ ही यह सुदूर ग्रामीण इलाकों में गरीबों को समाप्त करने के लिए प्रधानमंत्री की दूर दृष्टि की सोच का परिणाम था। इस योजना में जिन गांवों में 500 संख्या तक लोग निवास करते थे उन सभी गांव को सड़कों से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया। इस तरह सड़कों के विकास के माध्यम से एक न्यूनतम रोड नेटवर्क जो आमजन के लिए आर्थिक एवं सामाजिक सेवाओं के तक पहुंच के लिए आवश्यक है विकसित किया जाएगा।

4. **ऊर्जा नीति–** ऊर्जा के क्षेत्र का विकास तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी बहुत ही महत्वपूर्ण मानते थे। उद्योगों के विस्तार के लिए

* शोधार्थी (लोक प्रशासन) मोहनलाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर (राज.) भारत

कृषि के विकास के लिए बिजली की आवश्यकता बहुत ही महत्वपूर्ण थी। वाजपेयी ने 2003 में विद्युत अधिनियम 2003 पारित किया। इसमें ऊर्जा क्षेत्र को बाजार आधारित तथा मांग के आधारित बनाने का निर्णय किया। उन्होंने बिजली के मामले में सभी दलों को एक साथ बैठकर एक नीति बनाने जैसी बात कही। नरसिम्हा राव की 1991 के आर्थिक सुधार की नीतियों को अटल बिहारी वाजपेयी ने आगे बढ़ाया।

5. वाजपेयी के समय राज्य सरकारों से संबंध– वह हमेशा से ही राज्य व केंद्र के संबंधों को स्वस्थ चाहते थे। उन्होंने दलगत राजनीति से प्रभावित होकर कभी भी किसी राज्य के लिए अहित का निर्णय नहीं लिया। राजस्थान गुजरात आंध्र प्रदेश में सुख के कारण गंभीर स्थिति पैदा हो गई थी तो वाजपेयी ने उनके लिए विशेष पैकेज की राशि बढ़ाने में तनिक भी संकोच नहीं किया, चाहे राज्यों में विपक्षी दल की भी सरकार रही हो उनके लिए राष्ट्रीय गीत सदैव ही सर्वोपरि रहा। अन्तर्राज्यीय विवाद को सुलझाने में भी वाजपेयी हमेशा आगे रहे जैसे कावेरी समझौते पर कर्नाटक व तमिलनाडु की सरकार के बीच सहमति लाना, पूर्वोत्तर राज्य में हो रही उत्तर–पुथल को संभालना, भारत में विभिन्न क्षेत्रों में उठ रही अलग राज्यों की मांग को भी अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्र की एकता अखंडता के साथ–साथ विभिन्न क्षेत्रों की आकांक्षाओं व प्रशासनिक कार्य कुशलता को देख निर्णय लिया। इसी क्रम में 1 नवंबर, 9 नवंबर, 15 नवंबर ,2000 को क्रमश: छत्तीसगढ़ उत्तराखंड व झारखंड नवीन राज्य बनाए गए। मध्य प्रदेश से अलग होकर छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश से अलग होकर उत्तराखंड, एवं बिहार से अलग होकर झारखंड राज्य बनाया।

6. धन शोधन निवारण अधिनियम–वाजपेयी सरकार ने काले धन के खिलाफ लगाम लगाने के लिए मनी लॉन्ड्रिंग ऐक्ट 2002 पारित किया। गैरकानूनी तरीके से प्राप्त आय को कानूनी बनाने के अनैतिक माध्यमों को अपनाना एक कानूनी अपराध है सरकार द्धारा लाया गया यह कानून मनी लॉन्ड्रिंग के विभिन्न साधनों जैसे फिक्शनल लोन्स, व्यापार लांड्रिंग,हवाला पैसों की बड़ी मात्रा में स्मगलिंग, रियल एस्टेट,जुआ आदि पर सरकार की लगाम लगाता है।वर्तमान मोदी सरकार द्धारा लागू की गई नोटबंदी भी इसी दिशा का एक कदम समझा जाता है। इस अधिनियम ने नियामक के तौर पर एनफोर्समेंट डायरेक्टरेट(ED) को नियुक्त किया। प्रशासक के तौर पर इस अधिनियम को एक सफलता के रूप में देखा जाता है।

7. पोखरण परमाणु परीक्षण– वाजपेयी परमाणु परीक्षण 1995 में करना चाहते थे लेकिन अमेरिकी सैटेलाइट द्धारा पोकरण में हलचल खंडेश्वर लगने की वजह से परीक्षण नहीं हो पाया। माय 1998 को पोखरण में परमाणु परीक्षण करके वाजपेयी ने पूरे विश्व को भारत की मजबूती संदेश दिया। परमाणु परीक्षण पर उठे सवालों का जवाब देते हुए वाजपेयी ने संसद में कहा की पोखरण में हुए परमाणु परीक्षण के दिन को राष्ट्र की एकता एवं मजबूती का प्रतीक बताया गया। 11 में को हुए इस परीक्षण के दिन को राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन भारत की ऊंची उड़ान का प्रतीक है। परीक्षण के पश्चात भारत एक परमाणु संपन्न राष्ट्र बन गया इसका प्रभाव दक्षिण एशियाई देशों पर भारत की मजबूती दिखी।

8. वाजपेयी की कश्मीर नीति– वाजपेयी के कार्यकाल में कश्मीर की नीति सबसे महत्वपूर्ण आंतरिक नीति का पहलू है। 2003 में उनके द्धारा दिया गया नारा कश्मीरीयत, इंसानियत व जम्हूरियतकश्मीरीयो के दिलो तक प्रभाव करने वाला था। कश्मीर में आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई कश्मीर में विकास की नई धारा बहाने का काम वाजपेयी सरकार ने किया।

डॉ. मनमोहन सिंह के प्रमुख कार्य

1. 1991 के आर्थिक सुधार–डॉ. मनमोहन सिंह भारत के वित्त मंत्री थे जिन्होंने देश के वित्तीय संकट के मद्देनजर 1991 के आर्थिक सुधारों की शुरुआत की थी। उनके सुधारों ने 18 उद्योगों को छोड़कर सभी में लाइसेंस राज को समाप्त कर दिया, अन्य चीजों के अलावा 51% तक विदेशी इक्विटी शेयर को पूर्व–अनुमोदित करके विदेशी निवेश को प्रोत्साहित किया। उदारीकरण ने भारतीय अर्थव्यवस्था के परिदृश्य को बदल दिया और आने वाले दशकों में उच्च विकास स्तर का मार्ग प्रशस्त किया, जबकि देश को तत्काल वित्तीय संकट से बचाया, जहां सरकारी खजाने लगभग खाली थे। डॉ. मनमोहन सिंह ने निजी क्षेत्र की भागीदारी को अधिकतम करने के लिए सार्वजनिक निवेश पर जोर दिया। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि निजी क्षेत्र की भागीदारी को केवल एक पूरक भूमिका के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे आने वाले वर्षों में बुनियादी ढांचे के विस्तार में एक प्रमुख योगदानकर्ता के रूप में देखा जाना चाहिए। उस समय भारत (केंद्र और राज्य) का संयुक्त राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 8% था (विकासशील देशों में सबसे अधिक)। जब डॉ. सिंह 2004 में भारत के प्रधान मंत्री बने, तो 1991 से उनके आर्थिक सुधारों ने सकारात्मक प्रतिक्रियाएँ दिखानी शुरू कर दीं। 2003 से, भारत की जीडीपी प्रति वर्ष 8% से अधिक बढ़ रही थी, जिससे बेरोजगारी दर, गरीबी आदि में कमी आई।

2. प्रधानमंत्री कार्यकाल (2004–2014)–2004 में कांग्रेस के नेतृत्व में आम चुनाव के बाद संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए)गठबंधन का गठन हुआ। संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (यूपीए)गठबंधन का नेतृत्व कांग्रेस ने किया। विभिन्न मुद्दों पर 59 सांसदों के साथ वाम दलों के बाहरी समर्थन के साथ होने के बाद मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री के लिए आश्चर्यजनक पसंद बन गए। 2009 के आम चुनाव में वाम दलों के बिना गठबंधन वापस सरकार में आ गया लेकिन कांग्रेस को ज्यादा ताकत मिली और इस बार प्रधानमंत्री के लिए मनमोहन सिंह स्वाभाविक पसंद थे। उनके एतिहासिक कार्यकाल के दौरान भारत ने आरटीआई, आरटीई, मनरेगा, परमाणु समझौता आदि जैसे कुछ क्रांतिकारी नीतिगत बदलाव देखे।

3. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (2005)–डॉ. मनमोहन सिंह सरकार ने अप्रैल 2005 में, ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं देने के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन (एनएचआरएम) की शुरुआत की। 2013 में इस योजना का नाम राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर दिया गया और शहरी क्षेत्रों में भी इसका विस्तार किया गया। यह योजना कमजोर वर्गों की बुनियादी स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करती है।

4. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन के कार्य –ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों पर बेहतर सुविधा के साथ मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर की संरचना कराना पब्लिक, प्राइवेट हेल्थमॉडल को फॉलो कर बेहतर स्वास्थ्य सेवा नागरिको को देना।

i. स्वास्थ्य मिशन में आवश्यक नियम, शर्ते एवं मापदंड को तय कर अमल करवाना इस तरह के मिशन के अंतर्गत सुगम सेवा के लिए सरकारी खर्च में बढ़ोतरी किया जायेगा। मिशन में लक्ष्य और कार्य प्रगति से संबंधित महत्वपूर्ण विवरण नागरिको के साथ साझा किया जायेगा।

5. मनरेगा (2005)–एक कल्याणकारी राज्य की सफलता की कल्पना इस तथ्य से लगाया जा सकता है कि वहाँ सामाजिक–आर्थिक व्यवस्था के अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति के विकास को सुनिश्चित करने के लिये क्या प्रयास किये गए हैं। समग्र उन्नति की इस पृष्ठभूमि में महात्मा गांधी राष्ट्रीय

ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम अर्थात् मनरेगा ने महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा की है। इस तथ्य से इनकार नहीं किया जा सकता कि कृषि संकट और आर्थिक मंदी के दौर में मनरेगा ने ग्रामीण किसानों और भूमिहीन मजदूरों के लिये एक सुरक्षा कवच के रूप में कार्य किया है।मनमोहन सरकार की एक प्रमुख योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना शुरुआत हुई यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति वर्ष 100 दिनों के काम की गारंटी देती है जो कुछ हद तक आजीविका सुरक्षा सुनिश्चित करती है।ग्रामीण भारत को 'श्रम की गरिमा' से परिचित कराने वाला मनरेगा रोजगार की कानूनी स्तर पर गारंटी देने वाला विश्व का सबसे बड़ा सामाजिक कल्याणकारी कार्यक्रम है।

6. सूचना का अधिकार (2005)-डॉ. मनमोहन सिंह सरकार का एक अन्य ऐतिहासिक कानून जो प्रशासनिक पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण कदम था सूचना का अधिकार अधिनियम 15 जून 2005 को राष्ट्रपति की अनुमति मिली तत्पश्चात की जून 2005 को यह अधिनियम राज पत्र में प्रकाशित हुआ। यह संपूर्ण भारत में जम्मू कश्मीर को छोड़कर में 12अक्टूबर 2005 को लागू हो गया। सूचना के अधिकार ने नागरिकों को सभी प्रकार की कानूनी सूचनाओ को जानने का अधिकार दिया जिससे प्रशासन पारदर्शी एवं इमानदार बन सके ।इस अधिनियम में कोई भी व्यक्ति कोई भी सूचना ईमेल प्रेस विज्ञप्ति आदेश रिपोर्ट नमूने इलेक्ट्रॉनिक आंकड़े निजी संस्थाओं से जुड़े कोई सूचना सरकारी संस्थाओं की कोई सूचना सरलता पूर्वक प्राप्त कर सकता है।

7. भारत-अमेरिका परमाणु समझौता (2008)- मनमोहन सरकार ने 2008 में, अमेरिका-भारत असैन्य परमाणु समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, जो अन्य बातों के अलावा असैन्य और सैन्य में भारत की परमाणु सुविधाओं को अलग करता था। भारत नागरिक सुविधाओं को अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की सुरक्षा के तहत रखने पर सहमत हुआ और अमेरिका भारत में नागरिक सुविधाओं में पूर्ण सहयोग करने पर सहमत हुआ। अमेरिका भारत को परमाणु आपूर्तिकर्ता समूह (एनएसजी) से छूट दिलाने में भी कामयाब रहा, जिसके बाद भारत अन्य देशों से परमाणु प्रौद्योगिकी और ईंधन प्राप्त कर सकता था।

8. शिक्षा का अधिकार (2009)-शिक्षा के अधिकार (आरटीई) के अंतर्गत 6-14 वर्ष के आयु वर्ग के बच्चों को मुफ्त और अनिवार्य शिक्षा सुनिश्चित हो।

- **शिक्षा के अधिकार अधिनियम 2009 के मुख्य उद्देश्य:**

1. इस अधिनियम के तहत शिक्षा निशुल्क एवं अनिवार्य होनी चाहिए।
2. शिक्षा प्रदान करने के लिए केंद्र एवं राज्य को अपनी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करना।
3. पाठ्यक्रम का निर्माण संविधान के अनुसार करना।
4. विद्यालय एवं शिक्षक की गुणवत्ता सुनिश्चित करना।
5. बाल श्रम पर रोक लगाना बालको का संरक्षण करना।

संदर्भ ग्रंथ सूची:-

1. द प्रॉमिस ऑफ इंडिया हाउ प्राइम मिनिस्टर नेहरू टू मोदी शेपड दी नेशन1947-2019,जैमिनी भगवती, पेंगुइन, इंडिया, 2019
2. गठबंधन की राजनीति,अटल बिहारी वाजपेयी, (सं.) ना. मा. घटाटे,प्रभात पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 2009
3. डॉ. मनमोहन सिंह-टैम्पसच्यूअस टैन्योर, आशे गुणे, शुजाय शास्त्री, के डी प्रिंट,2018
4. द अनटोल्ड वाजपेयी,एन पी उल्लेख,पेंगुइन, नई दिल्ली, 2018
5. अटल बिहारी वाजपेयी-अ मैन फॉर आल सीजन,किंगसुख नाग,रूपा पब्लिकेशन, इण्डिया,2016
6. राजनीति की रपटीली राहे अटल बिहारी वाजपेयी, चंद्रिका प्रसाद शर्मा, प्रवीण प्रकाशन, नई दिल्ली,2002
7. https://www.amarujala.com/columns/opinion/economic-reforms-that-changed-india-starts-in-1991-by-pv-narasimha-rao-and-his-finance-minister-manmohan-singh
8. 'भारत के प्रधानमंत्री',राशिद किदवई, राजकमल प्रकाश, नई दिल्ली, 2021

****

चित्रकला व मूर्तिकला के संगीकार

डॉ. राजीव शर्मा *

शोध सारांश – चित्रकला और मूर्तिकला भारतीय कला परंपरा के दो प्रमुख स्तंभ हैं, जो मानव अनुभव, धार्मिक भावनाओं और सांस्कृतिक पहचान को अभिव्यक्त करने के प्रभावशाली माध्यम रहे हैं। इन दोनों कलाओं का संगम, जिसे हम 'संगीकार' कह सकते हैं, कला की ऐसी समग्र दृष्टि प्रस्तुत करता है जहाँ दृश्य और स्पर्शात्मक अभिव्यक्ति एक साथ साकार होती है। चित्रकला, जहाँ रंगों, रेखाओं और आकृतियों के माध्यम से दृश्य जगत को दो आयामों में दर्शाया जाता है, वहीं मूर्तिकला त्रि-आयामी रूप में आकार, रूप और भाव को प्रस्तुत करती है। जब ये दोनों कलाएँ एक साथ आती हैं, तो वे एक-दूसरे के सौंदर्य को न केवल पूर्ण करती हैं, बल्कि दर्शक के अनुभव को भी अधिक गहराई प्रदान करती हैं। प्राचीन भारतीय मंदिरों में दीवारों पर बने चित्रों और पत्थर की मूर्तियों के मध्य यह समन्वय स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। अजन्ता-एलोरा की गुफाओं में चित्रकला व मूर्तिकला का अद्भुत संगीकार भारतीय कला की ऊँचाइयों को दर्शाता है।

आधुनिक युग में भी कलाकार इन दोनों माध्यमों को एक साथ प्रयोग में लाकर नए रूप और विचारों की खोज कर रहे हैं। समकालीन कला में चित्रित मूर्तियाँ या चित्रों में मूर्तिकला की गहराई का समावेश, एक नई दृश्य-भाषा का निर्माण कर रहा है। इस प्रकार, चित्रकला और मूर्तिकला का संगीकार न केवल सौंदर्यबोध को समृद्ध करता है, बल्कि यह कला की विभिन्न विधाओं के बीच सामंजस्य और सहयोग का प्रतीक भी है। यह दर्शाता है कि कला कोई एकांगी प्रयास नहीं, बल्कि विविध अभिव्यक्तियों का एक जीवंत संवाद है।

शब्द कुंजी – चित्रकला, मूर्तिकला, संगीकार, भारतीय कला, दृश्य अभिव्यक्ति, त्रि-आयामी कला, दो-आयामी कला, धार्मिक भावनाएँ, सांस्कृतिक पहचान, मंदिर कला, अजन्ता-एलोरा, गुफा चित्रकला, पत्थर की मूर्तियाँ, समकालीन कला, आधुनिक अभिव्यक्ति, रंग, रेखा, आकार, रूप, सौंदर्यबोध, कला समन्वय, दृश्य-भाषा, अभिव्यक्ति के माध्यम, भारतीय परंपरा, कलाकार, शैली, रचनात्मकता, जीवंत संवाद, सहयोग, सौंदर्य, प्रेरणा।

प्रस्तावना – भारतीय कला परंपरा में चित्रकला और मूर्तिकला का विशेष स्थान रहा है। ये दोनों कलाएँ प्राचीन काल से ही मानव भावनाओं, धार्मिक आस्थाओं और सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति के प्रमुख साधन रही हैं। चित्रकला जहाँ रंग, रेखा और रूप के माध्यम से दो-आयामी दृश्य प्रस्तुत करती है, वहीं मूर्तिकला त्रि-आयामी माध्यम द्वारा रूप, आकार और स्पर्श का जीवंत अनुभव कराती है। जब ये दोनों कलाएँ एक साथ प्रयोग की जाती हैं, तो उसे 'संगीकार' कहा जाता है – अर्थात कला का समन्वित रूप। चित्रकला व मूर्तिकला का संगीकार केवल सौंदर्यबोध का विस्तार नहीं है, बल्कि यह कलात्मक दृष्टिकोण की एक समग्रता भी है, जो दर्शक के अनुभव को अधिक प्रभावशाली और भावनात्मक बनाता है। भारतीय मंदिरों, गुफाओं, स्तूपों और धार्मिक स्थलों पर इन दोनों कलाओं का अद्भुत मेल देखने को मिलता है। अजन्ता और एलोरा की गुफाओं में चित्रित भित्तिचित्रों और उकेरी गई मूर्तियों का संयोजन इस संगीकार का श्रेष्ठ उदाहरण है।

अजंता गुफा अलंकृत चित्राकृति

एलोरा गुफा अलंकृत मूर्तिशिल्प

यह संगीकार केवल भूतकाल तक सीमित नहीं है, आधुनिक व समकालीन कला में भी इसका उपयोग निरंतर हो रहा है। कलाकार आज डिजिटल माध्यमों, मिश्रित तकनीकों और स्थापना कला के माध्यम से चित्र और मूर्ति का नया समन्वय (कृति) रहे हैं। इस प्रकार, चित्रकला और मूर्तिकला का संगीकार न केवल पारंपरिक कला की गरिमा को बढ़ाता है, बल्कि समकालीन अभिव्यक्ति के नए द्वार भी खोलता है। यह कला के विभिन्न रूपों के बीच संवाद स्थापित करता है, जिससे एक समृद्ध, सजीव और भावनात्मक कलात्मक अनुभव जन्म लेता है।

भारतीय चित्रकला की परंपरा – भारतीय चित्रकला की परंपरा अत्यंत प्राचीन, समृद्ध और विविधतापूर्ण रही है। इसकी जड़ें प्रागैतिहासिक युग की

* व्याख्याता (चित्रकला) राजकीय महाविद्यालय, खेरवाड़ा, उदयपुर (राज.) भारत

गुफा चित्रों में देखी जा सकती हैं, जहाँ मानव ने अपने अनुभवों, जीवनशैली और प्रकृति के प्रति भावना को दीवारों पर उकेरा। मध्य प्रदेश की भीमबेटका गुफाएँ इसका प्रमुख उदाहरण हैं, जहाँ शिकार, नृत्य और दैनिक जीवन के दृश्य चित्रित हैं। प्राचीन काल में धार्मिक भावनाओं की अभिव्यक्ति के लिए चित्रकला का व्यापक प्रयोग हुआ। मौर्य और गुप्त काल में चित्रकला ने विशेष उन्नति की। विशेषत: बौद्ध धर्म के प्रचार के साथ-साथ भित्तिचित्रों का विकास हुआ, जिसमें अजन्ता की गुफाओं के भित्तिचित्र विश्व प्रसिद्ध हैं। ये चित्र केवल सौंदर्य का प्रदर्शन नहीं करते, बल्कि कथा, भाव, रंग और रचना की दृष्टि से अत्यंत समृद्ध हैं। इन चित्रों में बुद्ध, बोधिसत्वों और जनजीवन से संबंधित कहानियों को अत्यंत जीवंत रूप में दर्शाया गया है। मध्यकालीन भारत में क्षेत्रीय चित्र शैलियाँ विकसित हुईं, जिनमें राजस्थानी, मुग़ल, पहाड़ी, पट्टचित्र, मधुबनी, कांगड़ा, और कलमकारी चित्रकला प्रमुख हैं। इन शैलियों में धार्मिक विषयों के साथ-साथ दरबारी जीवन, प्रेम प्रसंग, प्रकृति और लोक जीवन को भी चित्रित किया गया। मुग़ल काल में चित्रकला ने एक शाही रूप धारण किया, जहाँ यथार्थवाद, सूक्ष्मता और रंगों की गहराई का अद्भुत मेल देखने को मिलता है। आधुनिक काल में राजा रवि वर्मा, अमृता शेरगिल, नंदलाल बोस, जमिनी रॉय जैसे चित्रकारों ने परंपरा और आधुनिकता का सुंदर समन्वय किया। स्वतंत्रता के पश्चात भारतीय चित्रकला ने वैश्विक स्तर पर पहचान बनाई और समकालीन कलाकारों ने नए प्रयोगों से इसकी सीमाएँ और भी विस्तृत कीं। इस प्रकार, भारतीय चित्रकला की परंपरा न केवल ऐतिहासिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह देश की आत्मा, भावना और सौंदर्यबोध को भी दर्शाती है। यह परंपरा मूर्तिकला के साथ मिलकर एक समग्र कलात्मक अनुभव को जन्म देती है।

भारतीय मूर्तिकला की परंपरा –भारतीय मूर्तिकला की परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है और यह देश की सांस्कृतिक, धार्मिक एवं सामाजिक चेतना की सजीव अभिव्यक्ति रही है। इस कला के माध्यम से न केवल देवी-देवताओं का रूपांकन हुआ, बल्कि मानव जीवन, प्रकृति, पशु-पक्षी, नारी सौंदर्य और अध्यात्म के विभिन्न पक्षों को भी साकार रूप प्रदान किया गया। भारत में मूर्तिकला की शुरुआत सिंधु घाटी सभ्यता (2600-1900 ई.पू.) से मानी जाती है। इस युग की नर्तकी और पुरुष योगी जैसी कांस्य व पत्थर की मूर्तियाँ आज भी अद्धितीय कलाकृतियों के रूप में प्रसिद्ध हैं। मौर्य काल में अशोक द्धारा बनवाए गए स्तंभ और सिंहों की मूर्तियाँ राजकीय शक्ति और शिल्प सौंदर्य का प्रतीक हैं।

नटराज,कांस्य मूर्तिशिल्प

गुप्त काल (चौथी से छठी शताब्दी) को भारतीय मूर्तिकला का 'स्वर्ण युग' कहा जाता है। इस काल की मूर्तियाँ संतुलन, सौंदर्य और अध्यात्म का अद्भुत समन्वय दर्शाती हैं। बुद्ध, विष्णु, लक्ष्मी, शिव आदि देवी-देवताओं की मूर्तियाँ अत्यंत भावप्रवण एवं कलात्मक होती थीं। दक्षिण भारत में चोल वंश (9वीं-13वीं शताब्दी) के दौरान कांस्य मूर्तियों का उत्कर्ष हुआ। विशेषत: नटराज की मूर्ति विश्वविख्यात है, जो शिव के तांडव नृत्य का प्रतीक है। इन मूर्तियों में गति, लय और भाव की अभूतपूर्व छटा दिखाई देती है। मध्यकालीन भारत में मंदिरों की स्थापत्य कला में मूर्तिकला का विशेष स्थान रहा। खजुराहो, कोणार्क, एलोरा, होयसल और बेलूर के मंदिरों में शिल्पकारों ने पत्थरों को जीवंत कर दिया। इन मूर्तियों में धार्मिकता के साथ-साथ मानवीय भावनाओं, श्रृंगार, संगीत और नृत्य की झलक मिलती है। आधुनिक युग में मूर्तिकला ने पारंपरिक शैली से आगे बढ़कर नए प्रयोग किए हैं। रामकिंकर बैज जैसे मूर्तिकारों ने आधुनिक दृष्टिकोण से प्रेरित होकर मिट्टी, धातु, लकड़ी और मिश्रित माध्यमों में सामाजिक विषयों पर आधारित रचनाएँ कीं। इस प्रकार, भारतीय मूर्तिकला की परंपरा केवल धार्मिक प्रतीकों तक सीमित नहीं रही, बल्कि यह भारतीय जीवनदृष्टि, सांस्कृतिक विविधता और कलात्मकता की गहराई को दर्शाने वाली एक जीवंत परंपरा रही है। चित्रकला के साथ इसका संगीकार एक समग्र सौंदर्य और भावात्मक अनुभव प्रदान करता है।

मोहन जोदड़ो-नृतकी (कांस्य), योगी (प्रस्तर)

चित्रकला और मूर्तिकला का समन्वय – चित्रकला और मूर्तिकला, दोनों ही दृश्य कलाओं के प्रमुख अंग हैं, जिनका उद्देश्य मानव भावनाओं, धार्मिक विश्वासों और सामाजिक विचारों की अभिव्यक्ति करना है। जब ये दोनों कलाएँ एक साथ आती हैं, तो उनका समन्वय (संगीकार) एक ऐसी कलात्मक समग्रता उत्पन्न करता है, जो देखने वाले को न केवल सौंदर्य का अनुभव कराती है, बल्कि उसमें एक गहन भावात्मक प्रभाव भी उत्पन्न करती है। भारतीय कला में इस समन्वय की परंपरा अत्यंत प्राचीन है। अजन्ता और एलोरा की गुफाएँ इस कला संगम की श्रेष्ठ मिसालें हैं, जहाँ दीवारों पर चित्रित भित्तिचित्र और पत्थर में उकेरी गई मूर्तियाँ एक-दूसरे के पूरक के रूप में मौजूद हैं। इन गुफाओं में चित्रकला कथा को दृश्य रूप में प्रस्तुत करती है, जबकि मूर्तिकला उस कथा को स्पर्श योग्य, मूर्त और सजीव बनाती है। इस प्रकार, दोनों कलाएँ मिलकर एक समृद्ध धार्मिक और सांस्कृतिक वातावरण का निर्माण करती हैं। मंदिर स्थापत्य में भी चित्र और मूर्ति का गहरा तालमेल देखा जाता है। मंदिर की दीवारों, मंडपों और स्तंभों पर उकेरी गई मूर्तियाँ धार्मिक कथाओं, देवी-देवताओं, नृत्य, संगीत और लोक जीवन के दृश्यों को दर्शाती हैं, जबकि चित्रकला उन भावनाओं को रंगों और रेखाओं के माध्यम से गहराई प्रदान करती है।

समकालीन युग में यह समन्वय नए रूपों में उभर रहा है। कलाकार अब मिश्रित माध्यमों का प्रयोग करके चित्र और मूर्ति को एक साथ प्रयोग में ला रहे हैं-जैसे डिजिटल चित्रों के साथ स्थापित मूर्तियाँ, या सार्वजनिक स्थलों

पर बनाए गए 'इंस्टॉलेशन आर्ट' जो दृश्य और भौतिक दोनों अनुभव प्रदान करते हैं। इस प्रकार, चित्रकला और मूर्तिकला का समन्वय न केवल एक कलात्मक तकनीक है, बल्कि यह एक दार्शनिक दृष्टिकोण भी है, जो दर्शक को एक पूर्ण, सजीव और संवेदनशील अनुभव प्रदान करता है। यह समन्वय कला को बहुआयामी बनाता है और भारतीय कला परंपरा की गहराई को उजागर करता है।

सांस्कृतिक और धार्मिक अभिव्यक्ति – भारतीय चित्रकला और मूर्तिकला की परंपरा सदैव से सांस्कृतिक और धार्मिक अभिव्यक्ति का सशक्त माध्यम रही है। इन कलाओं के माध्यम से न केवल धार्मिक प्रतीकों और देवी–देवताओं का चित्रण हुआ है, बल्कि भारतीय समाज की सांस्कृतिक विविधता, जीवन मूल्य, आस्थाएँ और परंपराएँ भी अभिव्यक्त हुई हैं। चित्रकला में धार्मिक कथाओं को जीवंत रूप देने की परंपरा प्राचीन काल से रही है। अजन्ता की गुफाओं में बौद्ध जातक कथाएँ, भगवान बुद्ध के जीवन प्रसंग, करुणा, त्याग और ध्यान की भावना को रंगों व रेखाओं के माध्यम से अत्यंत संवेदनशीलता के साथ चित्रित किया गया है। इसी प्रकार, मुगल काल में धार्मिक विषयों के साथ–साथ सामाजिक जीवन को भी चित्रों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया। मूर्तिकला में यह धार्मिक अभिव्यक्ति और भी अधिक गहराई से देखी जा सकती है। हिंदू, बौद्ध और जैन धर्मों में देवी–देवताओं की मूर्तियाँ केवल पूजनीय नहीं, बल्कि एक गूढ़ दार्शनिक अर्थ की वाहक भी होती हैं। नटराज की मूर्ति शिव के सृजन, संहार और संतुलन की शक्ति का प्रतीक है, तो बुद्ध की ध्यानस्थ मुद्रा आत्मशांति और निर्वाण की ओर संकेत करती है। सांस्कृतिक अभिव्यक्ति के रूप में चित्र और मूर्तियाँ लोकजीवन, रीति–रिवाजों, उत्सवों, नृत्य, संगीत और दैनिक जीवन की झलकियाँ भी प्रस्तुत करती हैं। मधुबनी, वारली, पट्टचित्र जैसी लोकचित्र शैलियाँ स्थानीय सांस्कृतिक चेतना की अभिव्यक्ति हैं। मूर्तिकला में ग्राम्य जीवन, कृषक, नारी, पशु–पक्षी आदि के रूपांकन के माध्यम से संस्कृति को मूर्त रूप मिला है। इस प्रकार, चित्रकला और मूर्तिकला के संगीकार ने भारतीय धार्मिक और सांस्कृतिक विचारों को पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रखा है। यह संगीकार न केवल भक्ति और श्रद्धा का प्रतीक है, बल्कि भारतीयता की आत्मा को भी रूप और रंग प्रदान करता है।

नन्दलाल बॉस कृति शिव विषपान

सौंदर्यशास्त्र और कलात्मकता – चित्रकला और मूर्तिकला दोनों ही कला के ऐसे रूप हैं जो सौंदर्यशास्त्र के मूल सिद्धांतों पर आधारित होते हैं और कलात्मकता के विभिन्न आयामों को प्रस्तुत करते हैं। जब ये दोनों कलाएँ संगीकार के रूप में एक साथ आती हैं, तो वे न केवल दृश्य सौंदर्य को बढ़ाती हैं, बल्कि दर्शक के मन और भावनाओं पर गहरा प्रभाव छोड़ती हैं। सौंदर्यशास्त्र की दृष्टि से चित्रकला रंग, रेखा, छाया, बनावट और संयोजन के माध्यम से दृष्टिगत आनंद प्रदान करती है। इसमें रचनात्मकता का मुख्य आधार रचनाकार की कल्पना शक्ति और संवेदनशीलता होती है, जो वस्तुओं, भावों और विचारों को दो–आयामी सतह पर जीवंत कर देती है। चित्रकला की रेखाएँ और रंग भित्ति, कागज या कपड़े पर स्थिर रूप में मन को मोह लेते हैं। मूर्तिकला में सौंदर्यशास्त्र का अर्थ आकार, अनुपात, गति और सामंजस्य से होता है। मूर्तिकार त्रि–आयामी माध्यम में काले, संगमरमर, कांस्य या लकड़ी जैसे पदार्थों से जीवंत आकृति निर्मित करता है। मूर्तिकला में सौंदर्य की अनुभूति न केवल देखने से होती है, बल्कि स्पर्श, प्रकाश–छाया और स्थान की समझ से भी होती है। मूर्तियों में भाव, मुद्रा, और अभिव्यक्ति का संयोजन उन्हें जीवंत और प्रभावशाली बनाता है। जब चित्रकला और मूर्तिकला एक साथ संगीकार करते हैं, तो वे दोनों कला के तत्वों का ऐसा समन्वय करते हैं, जो संपूर्ण कलात्मक अनुभव प्रदान करता है। मंदिरों, गुफाओं या स्थापत्य कला में चित्र और मूर्तियाँ एक–दूसरे के पूरक बनकर सौंदर्य और अर्थ दोनों को समृद्ध करती हैं। यहाँ रंग और रूप की सामंजस्यपूर्ण संरचना, रेखाओं की सजीवता और आकृतियों की शारीरिक सुंदरता साथ–साथ महसूस होती है। इस प्रकार, चित्रकला व मूर्तिकला का संगीकार न केवल कलात्मकता की गहराई को दर्शाता है, बल्कि यह दर्शाता है कि कला में सौंदर्य के कई रूप मिलकर एक समग्र, जीवंत और प्रभावशाली अनुभूति उत्पन्न करते हैं। यह संयोजन भारतीय कला की विशेषता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक है।

जमीनी रॉय कृति संथाल महिला

महत्वपूर्ण कलाकार और उदाहरण – भारतीय कला की समृद्ध परंपरा में अनेक कलाकारों ने चित्रकला और मूर्तिकला के संगीकार को नए आयाम दिए हैं। इन कलाकारों ने पारंपरिक कलाओं का सम्मान करते हुए उन्हें आधुनिक दृष्टिकोण और तकनीकों के साथ जोड़कर भारतीय कला को विश्व मंच पर प्रतिष्ठित किया है। चित्रकला और मूर्तिकला के संगीकार में सबसे प्रमुख नामों में से एक हैं रवींद्रनाथ टैगोर। वे न केवल एक महान कवि और दार्शनिक थे, बल्कि कला के क्षेत्र में भी उन्होंने अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। टैगोर की चित्रकला में चित्र और मूर्तिकला का संयोजन और भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों की अभिव्यक्ति स्पष्ट देखने को मिलती है। उनकी कला में रंगों और आकृतियों का ऐसा समन्वय है जो भावनाओं को गहराई से व्यक्त करता है।

रामकिंकर बैज को आधुनिक भारतीय मूर्तिकला का जनक माना जाता है। उन्होंने पारंपरिक भारतीय मूर्तिकला की तकनीकों को आधुनिक कलात्मक

दृष्टिकोण के साथ मिलाकर नई शैली प्रस्तुत की। उनकी मूर्तियाँ न केवल स्थापत्य कला का हिस्सा हैं, बल्कि उनमें चित्रकला के रंग और रूप भी झलकते हैं, जो मूर्तिकला को और अधिक जीवंत बनाते हैं। बैज की प्रसिद्ध कृतियाँ जैसे 'कृष्ण लीला' और 'महात्मा गांधी की मूर्तियाँ' उनकी संगीकार की क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण हैं।

नंदलाल बोस और जमिनी रॉय जैसे चित्रकारों ने भी चित्रकला और मूर्तिकला के संगीकार में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इनके चित्रों में लोक संस्कृति और पारंपरिक कलाओं की झलक मिलती है, जो मूर्तिकला की शिल्पकारी से गहरे जुड़े हुए हैं। इन कलाकारों ने भारतीय लोक जीवन और धार्मिक भावनाओं को चित्रकला के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। प्राचीन काल के उदाहरणों में अजन्ता की गुफा चित्रकला और एलोरा की मूर्तिकला विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं। यहाँ भित्ति चित्र और शिल्प कला का ऐसा अनूठा संगम है, जो भारतीय कला की संगीकार परंपरा को दर्शाता है। इस प्रकार, भारतीय चित्रकला और मूर्तिकला के संगीकार में ये कलाकार और उनके कार्य न केवल कलात्मक अभिव्यक्ति के उत्कृष्ट उदाहरण हैं, बल्कि वे भारतीय सांस्कृतिक विरासत को भी विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करते हैं। इनके माध्यम से कला की सीमाएं विस्तृत हुई और संगीकार ने एक नया और सशक्त स्वरूप प्राप्त किया।

जमीनी रॉय कृति माँ और बच्चा, तीन पुजारिन

निष्कर्ष – चित्रकला और मूर्तिकला का संगीकार न केवल भारतीय कला परंपरा की गहराई और विविधता को दर्शाता है, बल्कि यह कलात्मक अभिव्यक्ति के समग्र दृष्टिकोण को भी उजागर करता है। जब रंग, रेखाएँ, आकार और त्रि-आयामी रूप एक साथ आते हैं, तो वे एक ऐसी सौंदर्यात्मक अनुभूति का निर्माण करते हैं जो दर्शक के मन-मस्तिष्क पर गहरी छाप छोड़ती है। प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक, इन दोनों कलाओं का समन्वय न केवल दृश्य सौंदर्य को समृद्ध करता रहा है, बल्कि सांस्कृतिक, धार्मिक और सामाजिक चेतना का भी संवाहक बना है। अत: चित्रकला व मूर्तिकला का यह संगीकार एक जीवंत परंपरा है, जो निरंतर विकसित होते हुए कला की नई दिशाओं को भी प्रश्रय देता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. 'भारतीय चित्रकला का इतिहास', डॉ. विद्यानीवास मिश्र, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत सरकार, 2005
2. 'भारतीय मूर्तिकला: एक अध्ययन', डॉ. कृष्णदेव, इंद्रप्रस्थ पब्लिकेशन्स, दिल्ली, 2003
3. 'भारतीय कला और संस्कृति', डॉ. कपिला वात्स्यायन, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, 1992
4. 'एस्थेटिक्स एंड इंडियन आर्ट', अनंद केंटिश कोमरस्वामी, मुनशीराम मनोहरलाल पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 1994 (पुन: मुद्रित)
5. 'एलोरा: कला और स्थापत्य', डॉ. आर. नागस्वामी, आर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, 1980

****

सल्तनत काल में दास प्रथा

डॉ. फिरोज मोहम्मद शेख *

प्रस्तावना – दास प्रथा या दासता वह संस्था हैं जिसमें एक व्यकित दूसरे के अधीन है। मनुष्य की यह प्रकृति रही है कि वह स्वयं को यथासम्भव श्रेष्ठ मानता है इसी प्रकृति के कारण समाज में छोटे–बड़े अमीर–गरीब, शासक–शासित, (मालिक–गुलाम) देखने को मिलते है और यह अन्तर हमें प्रत्येक युग में देखने को मिलता है, इसी का एक रूप दासता है।

दासता के मूल में यह है कि बाद में ऋण न चुकाने के कारण, शर्त हार जाने के कारण तथा अकाल में असमर्थ व्यक्ति एक दूसरे के दास बने।

मध्यकाल में दास :– मध्य काल में दासों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता था। उन्हें नाना प्रकार की यातनाएं दी जाती थी जिससे वह आत्म हत्या तक करने को उतारू हो जाते थे। रूपवती दासियों का कार्य वासना की तृप्ति मात्र था।

भारत में मुस्लिम आक्रमण से दासों की संख्या में भारी वृद्धि हुई। प्रारम्भिक तुर्क विधर्मियों का संतानों मे लिए उनके साथ दासवत आचरण किया जाता था। आगे चलकर शासकों व अमीरों ने अपने ऐश्वर्य व ऐशो आराम के लिए दास दासियाँ रखने लगे।

मध्यकाल में दासता का विकास कारण तथा विद्धानों के मत :–

1. डॉ. के.एम. अशरफ ने अमीरों के भोग विलास की तृप्ति तथा उसके ग्रह कार्यो को संपादित करने की ईच्छा को ही दास प्रथा का मूल माना है।
2. इलीयट– मुस्लिम आक्रमणों के कारण भारत को जो आर्थिक स्थिति घिर गई वही इस दासता का मूल कारण था। आर्थिक दृष्अि से गरीब व्यक्ति जीवन निर्वाह के लिए अमीरों के दास बने।
प्रथम विश्व युद्ध के कारण इन प्रयासों को धक्का लगा क्योंकि पर्यटन शान्तिमय स्थितियों में ही विकास करता है। प्रथम विश्व युद्ध के पश्चात् पर्यटन पुनरू विश्व युद्ध से पहले के स्तर को प्राप्त हो गया तथा लोगों ने अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन की प्रकृति में परिवर्तन एवं क्षेत्र में अभिवृद्धि की। द्वितीय विश्व युद्ध छिड़ जाने पर पुनः पर्यटन को धक्का लगा क्योंकि इस समय धन-जन की अपार क्षति हुई। धीरे-धीरे विश्व अर्थ व्यवस्था के साथ-साथ पर्यटन ने उद्योग का स्तर प्राप्त किया। आज पर्यटन विश्व के अनेक देशों में पर्यटन उद्योग के रूप में मान्यता प्राप्त कर चुका है। राजस्थान में पर्यटकों के आगमन का इतिहास विशेष रूप से ज्ञात नहीं हो सका है लेकिन जो कुछ भी जानकारी मिली है उससे पता चलता है कि विदेशी पर्यटक सिकंदर, हेनसांग और फाहियान जैसे चीनी यात्री बैराठ और माध्यमिका के बौद्ध विहारों को देखने के लिये राजस्थान में आये। इसके बाद अनेक पर्यटक आये गये होंगे लेकिन ऐतिहासिक तथ्य नहीं मिलते हैं। फिर भी कुछ पर्यटकों का आगमन अपना ऐतिहासिक महत्व रखता है जिनमें इटेलियन भाषा शास्त्री डॉ. टैस्सीटोरी मेरिया, जो राजस्थानी भाषा का अध्ययन करने आया। श्रीमती कैनेडी, श्री खुश्चेव और बुलगेनिन, महारानी एलिजाबेथ और उनके प्रति प्रिंस फिलिप, प्रसिद्ध इतिहासज्ञ डॉ. टेयनवी आदि प्रमुख है। अंग्रेज गवर्नर जनरल तथा अन्य यूरोपवासी अध्ययन क्षेत्र में भ्रमण के लिये अक्सर आते जाते थे। यहां की स्थापत्य कला को देखने मेहमाननवाजी तथा शिकार करने के उद्देश्य से जैसलमेर, गजनेर (बीकानेर), बालसमन्द खीचन (जोधपुर) में यूरोपवासी पर्यटक के रूप में आते थे। स्वतंत्रता के पश्चात् यह लोग यहां की संस्कृति, स्थलाकृति तथा ऐतिहासिक धरोहर को देखने के लिये आते हैं।

स्वतंत्रता से 1980 तक – पर्यटन की दृष्टि से भारत का विश्व में महत्वपूर्ण स्थान है। भारत के असीमित भण्डार में पर्यावरण सम्बन्धी मनमोहक सम्पदा, सुंदरता तथा अटूट सांस्कृतिक परम्पराओं की विविधता व निरन्तरता है। यहां की बदलती हुई ऋतुएं, जलवायु की विविधता, हिमाच्छादित पर्वतमालायें, रमणीय समुद्र तट, सदाबहार हरा-भरा केरल, रणबांकुरों और स्वाभिमानी राजाओं की भूमि राजस्थान, चार पवित्र धार्मों की भूमि, विभिन्न धर्मों और धार्मिक स्थलों का यह देश पर्यटन की दृष्टि से विश्वभर के पर्यटकों को सदा से ही आकर्षित करता रहा है। मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के अवशेष, मौर्यकालीन कैशाम्बी, वैशाली और उज्जैन, अशोक कालीन, पाटलिपुत्र और नालंदा, महाराष्ट्र में अजन्ता एलोरा और एलीफेण्टा की गुफायें, मध्य प्रदेश की खजुराहों मूर्तियाँ यहां के प्रमुख पर्यटन आकर्षण केन्द्र है। कुतुबमीनार, ताजमहल, फतेहपुर-सीकरी, लालकिला, सारनाथ, अजमेर शरीफ, बौद्ध गया, इलाहाबाद का संगम, गंगोत्री, यमनोत्री, आंध्र प्रदेश में भगवान तिरूपति की लाखों पर्यटकों को बरबस अपनी ओर खींच लेते हैं। अपनी प्राकृतिक, सांस्कृतिक, धार्मिक और आध्यात्मिक विरासत के कारण भारत ने स्वतंत्रता के बाद पर्यटन के क्षेत्र में बहुत वृद्धि की है। स्वतंत्रता से 1980 तक में पर्यटन एक उद्योग का रूप ले चुका है। पर्यटन के महत्व को देखते हुए आजादी के बाद सरकार ने 1952 में पर्यटन हेतु समुद्र पार न्यूयार्क में कार्यालय खोला। सन् 1961 में भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या 1,39,804 थी जो भारत-चीन युद्ध के कारण 1962 में घटकर 1,34,036 रह गयी। 1963 में तत्कालीन वित्ता सचिव एल.के. झा की अध्यक्षता में सरकार ने एक तदर्थ समिति का गठन किया। तत्कालीन पर्यटन महानिदेशक एस.एन. चौप को इस समिति का सचिव बनाया गया। इस समिति ने पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न सुझाव दिए। सन् 1965 में 'झा' कमेटी की सिफारिशों को लागू करने हेतु उच्च अधिकार सम्पन्न समिति की स्थापना की गयी जिसके आधार पर निम्न तीन निगमों की स्थापना का प्रावधान किया गया-

(अ) होटल कॉर्पोरेशन ऑफ इण्डिया लि.
(ब) इण्डिया टूरिज्म कार्पोरेशन लि.
(स) इण्डिया टूरिज्म ट्राँसपोर्ट अण्डरटेकिंग लि.

उपरोक्त तीनों निगम पर्यटकों के लिए आवास-सुविधा, खान-पान सुविधा, आवागमन के लिए ट्रेवल एजेंसियों की सुविधायें तथा अन्य बहुत सी सुविधाओं को उपलब्ध कराने में जुट गये लेकिन इन तीनों निगमों में तालमेल का अभाव रहा और वांछित परिणाम नहीं मिले। इस कमी को दूर करने के लिए एक नये निगम 'भारतीय पर्यटन विकास निगम' की स्थापना की गयी। राजस्थान में होटल व्यवसाय को स्वतंत्रता के बाद बहुत प्रोत्साहन दिया गया। राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की स्थापना 1 अप्रैल, 1979 को की गई। यह निगम पर्यटकों को आवास, भोजन, यातायात आदि सुविधाएं उपलब्ध कराता है। पर्यटकों के लिए निगम की ओर से 36 होटल, 15 मोटल, 7 कैफेटेरिया एवं 3 स्वतंत्र इकाइयां कार्यरत है। इन सभी इकाइयों में भोजन सुविधाएं उपलब्ध है। इनमें शाकाहारी एवं मांसाहारी भोजन के अतिरिक्त फास्टफूड, स्नैक्स एवं दक्षिण भारतीय भोजन उपलब्ध कराया जाता है। सभी इकाइयों में बीयर बार सुविधा भी उपलब्ध है। निगम पर्यटकों को सुगम एवं आरामदायक परिवहन सुविधा के अतिरिक्त पैकेज टूर भी संचालित करता है। स्वतंत्रता के पश्चात् प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में उत्तरोत्तार वृद्धि हो रही है। विशेषकर यूरोपवासी प्रदेश में पर्यटक के रूप में घूमने के लिए आते हैं। राज्य की मरूस्थली स्थलाकृति, ऐतिहासिक धरोहर, स्थपत्य कला, साहित्य व खानपान तथा संस्कृति से प्रभावित होकर पर्यटक इस क्षेत्र में आते है। प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र राज्य का पर्यटन का केन्द्र रहा है। विदेशी पर्यटकों में से 90 प्रतिशत पर्यटन मरू त्रिकोण क्षेत्र में आते है। स्वेदेशी पर्यटक भी राजस्थान को पर्यटक स्थल के रूप में वरीयता देते हैं। 1971 में देशी पर्यटक 8.81 लाख तथा विदेशी पर्यटक 0.43 लाख प्रदेश में आये इसकी संख्या में 1981 में वृद्धि होकर 29.33 लाख देशी पर्यटक तथा 2.08 लाख विदेशी पर्यटकों की संख्या हो गयी। पर्यटकों की संख्या में वृद्धि का कारण सरकारी योजनाएं तथा मरूस्थलीय क्षेत्र पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करना तथा आतंकवाद (अन्य राज्यों की तुलना में शान्ति प्रिय) का प्रभाव न होना इत्यादि प्रमुख है।

1980 से वर्तमान तक- 1980 के पश्चात् भारत में पर्यटन क्षेत्र में बहुत वृद्धि की है। वर्तमान में पर्यटन एक प्रमुख उद्योग का रूप ले चुका है। इससे पूर्व पर्यटन को शिक्षा का एक माध्यम समझा जाता था। पर्यटन उद्योग के साथ-साथ एक ऐसी शक्ति के रूप में सामने आ रहा है जो विश्व की सांस्कृतिक एकीकरण में एक मील का पत्थर साबित हो रहा है। 1985 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्री राजीव गांधी ने एक राज्य मंत्री के सहयोग से इस मंत्रालय का कार्यभार स्वयं सम्भाला। वर्तमान में पर्यटन विकास हेतु योजना, प्रकाशन, प्रचार, होटल विपणन, सर्वेक्षण, वन्य जीवन सर्वेक्षण एवम् आवास आदि प्रभाग पर्यटन विभाग के अधीनस्थ के रूप में कार्यरत है। वर्तमान में राजस्थान देश का प्रमुख पर्यटक स्थल है जहां विदेशी तथा स्वदेशी पर्यटक आते हैं। 1980 के पश्चात् प्रदेश में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न प्रकार की योजनाएं शुरू की गई तथा केन्द्र व राज्य सरकारें इसके लिए अलग से बजट का प्रावधान रख रही है। रेल मंत्रालय के सहयोग से राजस्थान पर्यटन विभाग ने शाही रेलगाड़ी (पैलेस ऑन व्हील्स) का संचालन किया। इस गाड़ी ने प्रथम यात्रा 26 जनवरी 1982 में की थी। इसके अलावा राज्य

में पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए राज्य सरकार ने 'ट्यूरिस्ट बंगलों' तथा 'मिडवे' इत्यादि खेले हैं। इसके अतिरिक्त राज्य के चुने हुए शहरों एवं परिवारों में 'पेईग गेस्ट' योजना भी चालू है, जहां परिवारों के साथ रहकर पर्यटक घर का सा आनन्द अनुभव करता है। 'फार्म ट्यूरिज्म' जैसी एक अनोखी योजना का सूत्रपात भी किया गया है।

दूरसंचार के क्षेत्र में राज्य में ही नहीं वरन् पूरे देश में क्रान्ति का सूत्रपात हुआ है। अब पर्यटक एस.टी.डी., आई.एस.डी., ईमेल सेवा, वेबसाइट एवं इंटरनेट वर्क सेवा से विश्व के मनचाहे स्थान पर तुरन्त सम्पर्क कर सकता है एवं समाचार प्राप्त कर सकता है। पर्यटक प्रकाशित सामग्री, पर्यटन स्थलों की जानकारी, रेल, सड़क, वायु, आरक्षण आदि की सुविधा भी आसानी से उपलब्ध हो जाती है। सहायक पर्यटन केन्द्र एवं विभिन्न एजेसिंया इस कार्य को सुचारू रूप से कर रही है। विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए राजस्थान विकास निगम दूरदर्शन द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय चौनल पर अपना प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। राजस्थान के ऐतिहासिक व प्राकृतिक पर्यटक महत्व के स्थानों के बारे में डोक्यूमेंटरी फिल्में तैयार की जा रही है। बीकानेर में गोल्फ की सुविधा, धार्मिक स्थलों पर कैम्प पर्यटन, झीलों एवं तालाबों में नौकायन तथा वाटर स्पोर्ट्स उपलब्ध कराये जायेंगे। ऊंट सफारी बीकानेर, जैसलमेर तथा जोधपुर में पर्यटकों के मध्य भी लोकप्रिय हो गई है।

आई.टी.डी.सी. (भारतीय पर्यटन विकास निगम) एवं आर.डी.डी.सी. (राजस्थान पर्यटन विकास निगम) पर्यटन निदेशालय, राजस्थान एवं अिन्य संस्थायें पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। आई.टी.डी.सी. नवीं पंचवर्षीय योजना में 410 करोड़ का निवेश किया गया। इसके अतिरिक्त पर्यटन विभाग द्वारा मरू त्रिकोण क्षेत्र (जोधपुर, बीकानेर एवं जैसलमेर) में पर्यटन के विकास की दृष्टि से करीब पौने तीन करोड़ रूपये की योजना बनाई गई है। यह योजना भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय के माध्यम से केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत की गई है।

चित्तौड़गढ़ में पर्यटन सांख्यिकी – चित्तौड़गढ़ में प्रतिवर्ष देशी-विदेशी पर्यटकों का आगमन तीव्र गति से बढ़ रहा है, जो निम्न सारणी में इस प्रकार है-

चित्तौड़गढ़ में पर्यटकों का आगमन (वर्ष 2002 से 2019 तक)

वर्ष	देशी पर्यटक	विदेशी पर्यटक
2002	230200	5312
2003	147829	7607
2004	261895	9827
2005	254988	12868
2006	289529	23663
2007	334901	25595
2008	324996	25791
2009	29478	35431
2010	156349	84632
2011	334998	26648
2012	488652	47644
2013	521619	40296
2014	612587	48374
2015	640688	38879
2016	791840	52340
2017	449091	3417
2018	731733	4673

स्त्रोत - जिला पर्यटन कार्यालय, चित्तौड़गढ़

पर्यटन विकास से शिक्षा पर प्रभाव – राज्य में प्रतिवर्ष कई स्वदेशी व विदेशी पर्यटक मेलों, उत्सवों या अन्य अवसरों पर आते हैं, ये पर्यटक पर्यटन केन्द्र के जिले की जनता के सामाजिक जीवन को कई रूपों में प्रभावित करते हैं। एक और देश के विभिन्न भागों से आने वाले पर्यटकों में अपनी भिन्न-भिन्न संस्कृति, भाषा, रहन-सहन, खान-पान, आदि सामाजिक लक्षण छलकते हैं वहीं दूसरी और विभिन्न देशों से आने वाले पर्यटकों में अपनी संस्कृति, आचार-विचार, भाषा, फैशन आदि सामाजिक लक्षण विद्यमान होते हैं।

अध्ययन क्षेत्र में पर्यटन के विकास से शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभावों के जानने हेतु अनुसंधानकर्ता द्वारा 50 उत्तरदाताओं के रूप में 50 शिक्षाविदों, 50 व्यवसायियों व 50 स्थानीय नागरिकों व 50 गाइड कुल 200 उत्तरदाताओं से प्रश्नावलियों के माध्यम से सर्वेक्षण किया गया। इन उत्तरदाताओं से पर्यटन का शिक्षा पर प्रत्यक्ष रूप से प्रभाव पड़ा उसकी जानकारी प्राप्त की गई।

पर्यटन से शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्गीकरण

क्र.	प्रभाव	शिक्षाविद्	व्यवसायी	स्थानीय नागरिक	गाईड	योग
1.	हाँ	30 (60.00)	25 (50.00)	45 (90.00)	35 (70.00)	135 (67.5)
2.	नहीं	20 (40.00)	25 (50.00)	05 (10.00)	15 (30.00)	65 (32.5)
	कुल	50 (100)	50 (100)	50 (100)	50 (100)	200 (100)



पर्यटन से शिक्षा पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्गीकरण – चित्तौड़गढ़ जिले में पर्यटन से पड़ने वाले प्रभावों में 60.00 प्रतिशत शिक्षाविद् इसका प्रभाव मानते है, जबकि 40.00 प्रतिशत कहते है अधिक प्रभाव नहीं पड़ता है और 50.00 प्रतिशत व्यवसायियों का कहना है कि कोई प्रभाव नहीं पड़ताहै, इसी प्रकार 50.00 प्रतिशत होटल व्यवसायी, 90.00 प्रतिशत स्थानीय नागरिकों व 70.00 प्रतिशत गाइडों का मानना है कि पर्यटन से शिक्षा पर प्रभाव पड़ता है जबकि 10.00 प्रतिशत स्थानीय नागरिकों व 30.00 प्रतिशत गाइडों के अनुसार इस पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

पर्यटन व्यवसाय जहाँ आर्थिक रूप से अर्थव्यवस्था में अपना योगदान देता है ठीक उसी प्रकार सामाजिक व्यवस्था को भी प्रभावित करता है। पर्यटन व्यवसाय का प्रभाव सामाजिक एवं सामाजिक प्रभावों का आंकलन पर्यटकों एवं राज्य के पर्यटन केन्द्रों के जिलों की जनता पर किये जाने वाली

सामाजिक स्थितियों के परिवर्तन की दिशा का बोध होता है। किसी भी जिले की समृद्ध प्राकृतिक, ऐतिहासिक, वास्तुकला एवं सांस्कृतिक धरोहर को सुरक्षित करने हेतु जिले के समृद्ध हस्तकलाओं एवं कुटीर उद्योगों की वस्तुओं की बिक्री के लिए समुचित बाजार का विकास करना, तीर्थ पर्यटन एवं मेले, त्यौहारों द्वारा अन्तर सांस्कृतिक भाई-चारे को बढ़ावा देना तथा पर्यटन व्यवसाय द्वारा राज्य के सामाजिक उत्थान में सहयोग प्रदान करना आवश्यक है। चूंकि पर्यटक जहां पर्यटन करने आता है दोनों ही एक दूसरे से सीखते हैं सम्पर्क में आते हैं एवं बदलाव को अपने में अंगीकार करने की कोशिश करते हैं।

निष्कर्ष एवं उपसंहार – प्रस्तुत अध्ययन से यह स्पष्ट होता है कि चित्तौड़गढ़ जिले में पर्यटन विकास ने शिक्षा के क्षेत्र पर सकारात्मक प्रभाव डाला है। पर्यटन केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक एवं शैक्षिक परिवर्तन का भी महत्वपूर्ण माध्यम बनकर उभरा है। अध्ययन के दौरान 200 उत्तरदाताओं (शिक्षाविदों, व्यवसायियों, स्थानीय नागरिकों एवं गाइडों) से प्राप्त आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि 67.5 प्रतिशत उत्तरदाता पर्यटन के शिक्षा पर प्रभाव को स्वीकार करते हैं, जबकि 32.5 प्रतिशत उत्तरदाता इसका विशेष प्रभाव नहीं मानते हैं।

पर्यटन के माध्यम से स्थानीय लोगों को विभिन्न संस्कृतियों, भाषाओं, रीति-रिवाजों एवं जीवन-शैलियों को जानने और समझने का अवसर प्राप्त होता है। इससे उनके ज्ञान, दृष्टिकोण एवं सामाजिक जागरूकता में वृद्धि होती है। पर्यटन स्थलों पर आने वाले देशी एवं विदेशी पर्यटकों के साथ संपर्क से स्थानीय युवाओं में विदेशी भाषाओं, इतिहास, संस्कृति तथा पर्यटन प्रबंधन के अध्ययन के प्रति रुचि बढ़ी है। साथ ही, पर्यटन से संबंधित रोजगार अवसरों के कारण व्यावसायिक एवं कौशल आधारित शिक्षा को भी प्रोत्साहन मिला है।चित्तौड़गढ़ जिले की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं स्थापत्य धरोहरें शिक्षा के व्यावहारिक स्रोत के रूप में कार्य करती हैं। विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों को इन स्थलों के माध्यम से इतिहास, संस्कृति, कला एवं वास्तुकला का प्रत्यक्ष ज्ञान प्राप्त होता है। पर्यटन विकास के कारण जिले में शैक्षिक जागरूकता, सांस्कृतिक आदान-प्रदान तथा ज्ञान-विस्तार की प्रक्रिया को बल मिला है।

अत: यह कहा जा सकता है कि पर्यटन विकास ने चित्तौड़गढ़ जिले में शिक्षा के स्तर, ज्ञानार्जन की संभावनाओं तथा सांस्कृतिक समझ को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भविष्य में यदि पर्यटन विकास योजनाओं को शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों से और अधिक जोड़ा जाए, तो यह जिले के समग्र सामाजिक एवं शैक्षिक विकास में और अधिक प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. आचार्य, राम (1981) : वर्ल्ड टुअरिज्म, नेशनल पब्लिकेशन, नई दिल्ली।
2. आनन्द, एम.एम. (1986) : टुअरिज्म एण्ड होटल इण्डस्ट्री इन इण्डिया : ए स्टडी ऑफ मैनेजमेन्ट, प्रेन्टिस, हॉल ऑफ इण्डिया, नई दिल्ली।
3. गुप्ता, मोहनलाल – राजस्थान का जिलेवार सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक अध्ययन, पृ.सं.48-49.
4. गोयल, सुनिल एवं सुरेश (2002-2003) : पर्यटकों का स्वर्ग – राजस्थान विवरण।
5. चौपड़ा, सुहिता (1992) : टूरिज्म डवलपमेन्ट इन इण्डिया, नई दिल्ली।
6. जॉन मी, के अनुसार (1986) : टूरिज्म मैनेजमेंट इन इण्डिया, आशीष पब्लिकेशन हाउस, नई दिल्ली।
7. मेडलिक, एस. (1993) : डिक्शनरी ऑफ ट्रेवल, टुअरिज्म एण्ड हॉस्पिलिटी, ऑक्सफोर्ड।
8. लोढ़ा, राजमल, माहेश्वरी, दीपक (2009) – औद्योगिक भूगोल, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, जयपुर, पृ.सं.198
9. व्यास एन. एन 1986 माही बजाज सागर एवं कडाणा बांध से विस्थापित आदिवासियों का विश्लेषण, मा. ला. व. आदिम जाति शोध संस्थान, उदयपुर, राजस्थान।
10. सिंह, कामेश्वर नाथ (2003) – परिवहन भूगोल, ज्ञानोदय प्रकाशक गोरखपुर
11. सेठ, धर्मराजन (1993) : टूरिज्म इन इण्डिया, ट्रेन्ड्स एण्ड इश्यूज, नई दिल्ली।

****

Eliot's 'The Waste Land' : A Reappraisal of its Timelessness

Dr. Radhashyam Dey*

Abstract: Born in the United States, T.S. Eliot settled in England in 1915 and became a British citizen in 1927. He was a poet, playwright and literary critic and dominated the literary scene of England in the twenties and thirties of the centuries. "The Waste Land" (published in 1922) which is Eliot's early but the best of his pen on the theme of squalor and boredom of modern age remains relevant even today. His poetry expresses the disillusionment of the years following the First World War. He takes his images from the squalid modern metropolis and its shabby sordid life. Eliot became the modern poet with the publication of "The Waste Land". It is timeless for its theme and texture. My paper is a reappraisal of "The Wade Land" while it is marching to celebrate its one hundred years.
Keywords: Squalor, disillusionment, reappraisal, dominance, timelessness.

Introduction - From the publication of "The Waste Land" Eliotdominated the literary scene in England and indeed to some extent in the world. He is one of the few poets who have won a continental reputation in their life time."The Waste Land" is going to celebrate its one hundred years in 2022, and the question that comes to our mind is whether it is of any relevance in today's life. It was written after the First World War, and the world of today is threatened by many wars across the world. Yes, I am talking of physical war and other war-like-crises like environmental challenges, Covid-19 pandemic, loss of moral values etc. To take a broad view of the past since the publication of "The Waste Land", the world witnessedanother large scale destruction during the Second World War. After the bombing on Hiroshima and Nagasaki, there began with greater vigour a questioning of everything that was held sacred in the past.

"The Waste Land" gave the world a mild shock, a shock that had a curative effect to a war crazy world. The immediate sense of ugliness, the emptiness and aimlessness of man's spiritual estate during in post-war years was the cause for the genesis of "The Waste Land". It tells us of a land which has been blighted by a curse so that it is arid and waterless and producing neither animal nor vegetable increase. The plight of the land is linked with that of the ruler, the Fisher King who as a result of illness or of a wound has become sexually incompetent. In the modern Waste Land there is nothing at all but three things - birth, copulation and death. Troubled by the restless ghost of present-day Civilization, Eliot is like Hamlet:"Indeed, indeed, Sirs, but this troubles me".

"The Waste Land" like Matthew Arnold's *Scholar Gipsy* offers a criticism of life in the sense of an interpretation of its problems. In both there is a painful consciousness of the sickness and the fever and the fret of contemporary civilization but "The Waste Land" goes beyond a mere diagnosis of the spiritual distempers of the age; it is a lament over man's fallen nature, a prophecy and a promise. The legend of the Holy Grail which originated in fertility cult tells how a questioning Knight saved the Waste Land from drought and barrenness, occasioned by the old age of the ruler, known as the Fisher King. The knight must restore the latter's youth by riding to the Chapel Perilous and there questioning the Lance and the Grail, symbol of male and female principles. Eliot's poem is anallegorical application of this story to modern society and religion. Our civilization is the Waste Land; we can obtain youth and life giving rain only by journeying far, questioning our condition and learning a hard lesson.

The best way to read "The Waste Land" is to regard it as a phantasmagoria of futility, a series of thoughts in the mind of a social observer. Eliot has introduced such a person in the character of Tiresias the seer who having been both man and woman suggests the characteristics of all humanity. Helen Gardner says that although "The Waste Land" may begin with the dilemma of the modern mind, it discovers that the modern dilemma is the historic dilemma;and to limit the poet's meaning to being primarily the expression of modern lack of faith is to mistake its form and scope. Its true subject is ageless, it discovers a radical defect in human life and makes clear the insufficiency of human enjoyments. Its contrasts in style and its historic references are used to demonstrate that beneath both beauty and ugliness there lark in all classes and in all ages boredom and terror; all wars are the same war, all love making the same love making, all homecomings the same homecoming. Therefore "The Waste Land" is timeless and

***Asst. Prof. (English) Yogoda Satsanga Mahavidyalaya (Affiliated to Ranchi University) Jagannathpur, P.O-Dhurwa, Ranchi (Jharkhand) INDIA**

ageless.

It has now been widely accepted that Indian Knowledge System is a time-tested one, and can challenge the contemporary problems. Eliot was profoundly. influenced by Indian philosophy and scriptures. The influence of the *Rig Veda*, the *Upanishads* and Buddhism is quite explicit in "The Waste Land". In thehird section of the poem Eliot wants to show that passion and lust are inherent elements in human nature and they are the source of suffering. Eliot finds the objective correlative for this theme in the *Fire Sermon* preached by Lord Buddha to the assembled priests. The section closes with the word of the Buddha "Burning".

In the fourth section "Death By Water" Eliot derives from the Indian philosophy:

A current under sea
Picked his bones in whispers. As he rose and fell
He passed the stages of his age and youth
Entering the whirlpool. ("The Waste Land")

Indian philosophy tells that the sense ridden soul is tied to the cycle of birth and rebirth through the endless ages. The allusion to water in 'Death by Water" takes us to the hymns of the *Rig Veda*. Miss Weston explains that tradition relates that the seven great rivers of India had been imprisoned by the evil giant, Vitra or Ahi who Indra slew, thereby releasing the streams from their captivity. The fifth section "What the Thunder Said" has allusions to *Brihadaranyaka Upanishad*. The prevailing section is aridity. Our hymns are related to our well being, and the fertility of our land. The reference to Sanskrit words like "Datta", "Dayadhvam" and "Damyata" shows that Eliot was well read in the *Upanishads*. The poem closes with the benediction – "Shantih, Shantih, Shantih" – from the *Upnishad*.

F. R. Leaviswrites that "The Waste Land" remains a great positive achievement, and one of the first importance for English poetry. The sudden changes of love and rapid succession of images are regarded as typical characteristic of modern poetry. Stephen Spender and W.H. Auden, Day Lewisand MC Neice were greatly influenced by Eliot. Eliot's allusion to Philomels and Tiresias also makes the poem universal. The modern Philomels do not try to change themselves into nightingales to sing their agony. They have surrendered themselves to the lust-driven male counter parts. The words of blind Tiresias are a kind of warning to one and all of the ages to come. Eliot is quite optimistic about the modern men that they will also be able to regain theirself through suffering and remorse like their ancestors. He believes that by obeying the triple commands of Prajapati"Give, Sympathize and Control" man can rehabilitate his lost grandeur.

To quote Harold Bloom, "The Waste Land" can be read as a testament to the disillusionment of a generation, an exposition of the manifested despair and spiritual bankruptcy of the years of World War 1" (Bloom). The havoc of the war was such that people lost their spiritual connect with the god who resulted into disillusionment, pessimism and disintegration of the modern society. It is evident that the poem "is an expression of negation, futility, and despair over the emptiness of life after World War 1" (Cuddy). The Unreal City according to Eliot is experiencing spiritual disintegration:

What are the roots that clutch, what branches grow
Out of this story rubbish? Son of man,
You cannot say, or guess, for you know only
A heap of broken images, where the sun beats,
And the dead tree gives no shelter, the cricket no relief
And the day stone no sound of water. (Eliot)

Contextually let me quote Eliot from his essay "Tradition and Individual Talent":

Tradition involves, in the first place, the historical sense... (which) involves a perception, not only of the pastness of the past, but of its presence; the historical sense compels a man to write not merely with his own generation in his bones, but with a feeling that... the whole of the literature of his own country has a simultaneous existence and composes a simultaneous order. This historical sense, which is a sense of the timelessness as well as of the temporal and the timeless and the temporal together, is what makes a writer traditional.(38)

"The Waste Land" is an exhibition of Eliot's own philosophy as stated above. The return to the past is not the poet's nostalgia. Its aim is to explore how to recover meaning emboided in literature, history, and mythology and apply it to effectively challenge the existing problems. Eliot believes that by reconnecting with cultural wisdom, contemporary civilization may heal and rejuvenate itself. What Eliot mourns foremost is the ananimity of the modern, his inability to be absent from the body. This is beautifully suggested by the quotation from St. Augustine and Buddha's "Fire Sermon". Sexual relationship between men and women, reducing it to the level of the beasts is the basis of the decay of modern civilization and it has caused the fertility of the land to be brought down. I.A. Richards suggested, the poetry of the "The Waste Land" is based on a very strong belief in Original Sin and the values of religion. Eliot's poem is on one level a protest against the vulgarization of love, as opposed to the idealization of it by ancients and on the other, is the result of the revulsion felt by Eliot's own reticent nature.

Eliot has said that his own poems have often taken their inception from some cadence running through his head. One of the most characteristic examples in Eliot's poetry of the power, of his auditory imagination, both for beauty of sound and richness of connotation, is the opening passage of "The Game of Chess". The allusion to Shakespeare's Cleopatraproduces the impression of Renaissance, splendour and luxuriance. Little by Little all the senses are bathed "in rich profusion". We are given a sensation of magnificence until at last the word 'synthetic' intrudes to break the spell. From that point onwards the picture of the modern cosmopolitan society with all its artificialities gradually emerges.

"The Waste Land" is a vivid picture of the dead or dying

civilization of England and the West. The people were weary and despairing. They felt their civilization had betrayed them. Their elders had glibly talked of science and democracy, peace and progress. Science, they discovered, meant only improved weapons of destruction. The war, they had been told was fought to end all wars, to make the world safe for democracy. They had won the war but lost the peace. The peace makers at Versailles had sown the seeds of another war. The people were bewildered. They wanted to forget the past which had cheated them and had nothing to look forward to in the future. They had no faith, nothing to believe in. In this predicament all they could do was to make the most of the fleeting present, to have a good lime, to give themselves upto sensual pleasure.

Though the solution to the problem is given at the end, the seriousness is disguised in a mask of mockery. The commandments are made to appear as the utterance of the mad Hieronymus of *The Spanish Tragedy*. This is done obviously to preserve in unity of impression - the impression of gloom and despair that marks the poem throughout "The Waste Land" is Eliot's *Inferno*.

Conclusion: Eliot is considered a socio-conscious artist. He believes that the duty of a writer is to portray the real picture of the society. He was deeply pained for the religious dryness in the modern people, and he believes this is the root cause ofall evils. To elaborate his point he has used allusions, myths and references from different sources. Eliot upholds tradition in high esteem. According to him our failure to respect the sacred beliefs of the past has made men lonely and isolated in a world populated by many creatures. Man's anthropocentric attitude has brought his own ruin and the world now treats man as an outsider. This analysis of "The Waste Land" shows its themes like emotional and spiritual barrenness, pervasive sense of disillusionment, cultural wars etc stand relevant to the present day society. Just as modern civilization felt broken and chaotic, the poem's structure is fragmented. Eliot uses a jarring montage of multiple voices, fleeting observations and diverse languages rather than a traditional narrative. The Urban life of the entire world is represented through the depiction of the London city. Eliot stacks historical and mythological fragments – from the *Upanishad* to Shakespeare – against modern life. This highlights both the grandeur of the past and the void of the present serving as a warning against cultural amnesia. This poem depicts the image of the modern world through the perspective of a man finding him hopeless and confused about the condition of the society. We the men of 21st century are equally confused like one in "The Waste Land". The obscurity of the poem is nothing but the representation of our confused state of mind. The poet's faith in the potential of literature to act as an agent of moral meaning is what has made the poem relevant across time. The poem ends with a positive note. The poet expresses faith that the world can recover from this fallen state. The escape is possible if the people realign themselves to humane values and undergo repentance for the wrongs committed. In simple "The Waste Land" is a bitter criticism of life which is hollow and rootless. Eliot was out and out a spiritualist. He identifies the modern problems and finds the cause is the disconnection of man from god. The concerns expressed by T.S. Eliot are rampart and hence "The Waste Land" is a timeless creation.

References:-

1. Bloom, Harold. *Eliot: Comprehensive Research and Study Guide.* Chelsia House, 1999.
2. Brower, ReuberA (edited). *Twentieth Century Literature in Retrospect.* Harvard University Press, 1971.
3. Cuddy, Lois A and David H. Hrinsch. Critical Essays on*T.S. Eliot's The Waste Land.*G.K.Hall, 1991.
4. Eliot, T.S. *The Waste Land and Other Poems*.Faber and Faber, 1999.
5. Matthiessen, *F.O. The Achievement of T.S. Eliot*. Oxford University Press, 1959.
6. Smidt, Kristian. *Poetry and Belief in the Works of T.S. Eliot*.Routledge, 1969.

****

'शेखर: एक जीवनी' में प्रतिरोध और पलायन का द्वंद्व : एक मनोविश्लेषणात्मक अध्ययन

डॉ. रमेश यादव*

शोध सारांश – सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' द्वारा रचित कालजयी उपन्यास 'शेखर: एक जीवनी' हिंदी साहित्य में आधुनिक संवेदना, अंतर्मुखी यथार्थवाद और व्यक्तिवादी चेतना का एक महत्वपूर्ण प्रस्थान बिंदु है। यह शोध आलेख उपन्यास के केंद्रीय और जटिल पात्र, शेखर के माध्यम से अभिव्यक्त होने वाले 'प्रतिरोध' और 'पलायन' के सतत अंतर्द्वंद्व का एक गहन और बहुस्तरीय विश्लेषण प्रस्तुत करता है। मनोविश्लेषणात्मक पद्धति व पूर्वदीप्ति शैली के आलोक में, यह आलेख यह स्थापित करता है कि शेखर का विद्रोह केवल एक सतही प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि यह पारंपरिक सामाजिक मानदंडों, पारिवारिक एवं पितातंत्रीय अनुशासन (विशेष रूप से पिता हरिदत्ता की दमनकारी व्यवस्था व माता के स्नेहविहीन व्यवहार), भाषाई एवं सांस्कृतिक दासता तथा औपनिवेशिक सत्ता के विरुद्ध एक सचेत, बौद्धिक और सक्रिय राजनीतिक प्रतिरोध है, जो उसे सशस्त्र क्रांति तक ले जाता है। इसके साथ ही, उपन्यास में अभिव्यक्त उसका पलायन किसी कायरता या हीन भावना का सूचक नहीं है, बल्कि वह अंतर्मुखता, रिश्तों के बंधनों से मुक्ति, प्रकृति की शरण और दार्शनिक अमूर्तता के माध्यम से अपनी आंतरिक स्वतंत्रता, अस्मिता और अस्तित्व की खोज का एक गहन माध्यम है। यह शोध पत्र सिग्मंड फ्रायड, अल्फ्रेड एडलर और कार्ल युंग के मनोवैज्ञानिक सिद्धांतों (विशेषकर ईडिपस कॉम्प्लेक्स, अहम और काम-वासना के द्वंद्व तथा मृत्युबोध) के आलोक में शेखर के इस मानसिक अंतर्द्वंद्व का मूल्यांकन करता है। अंततः, यह शोध आलेख यह निष्कर्ष निकालता है कि प्रतिरोध और पलायन एक-दूसरे के विरोधी ध्रुव न होकर शेखर के बहुआयामी व्यक्तित्व के पूरक और द्वंद्वात्मक तत्व हैं, जहाँ शशि का चरित्र उसके विक्षुब्ध मानस के लिए स्थिरता का केंद्र बनकर उभरता है।

शब्द कुंजी – अज्ञेय, शेखर: एक जीवनी, प्रतिरोध की चेतना, पलायन, मनोविश्लेषणवाद, व्यक्तिवाद, फ्रायड, ईडिपस कॉम्प्लेक्स, अंतर्मुखता, मृत्युबोध, शशि।

प्रस्तावना – हिंदी उपन्यास के विकासक्रम में बीसवीं शताब्दी का चौथा दशक एक युगांतरकारी मोड़ लेकर आया। जहाँ एक ओर प्रेमचंद युग सामाजिक यथार्थवाद और आदर्शोन्मुख यथार्थवाद की ठोस जमीन पर खड़ा था, वहीं दूसरी ओर अज्ञेय ने 'शेखर: एक जीवनी' (प्रथम भाग: 1941, द्वितीय भाग: 1944) के माध्यम से हिंदी जगत को अंतर्मुखी यथार्थवाद और मनोवैज्ञानिक अन्वेषण से परिचित कराया। अज्ञेय के साहित्य में व्यक्ति की अस्मिता, उसकी आंतरिक स्वतंत्रता और वैयक्तिकता सर्वोपरि है। वे समष्टि (समाज) की बलिवेदी पर व्यष्टि (व्यक्ति) की सहजता का बलिदान करने के धुर विरोधी हैं। इस संक्रमण काल में हिंदी उपन्यास बाह्य सामाजिक समस्याओं के चित्रण से आगे बढ़कर मनुष्य के आंतरिक मन की जटिलताओं और अवचेतन की परतों को टटोलने लगा, जिसने साहित्य को एक नई दार्शनिक और मनोवैज्ञानिक गहराई प्रदान की।

'शेखर: एक जीवनी' परंपरागत रैखिक कथा-शिल्प को तोड़ते हुए 'पूर्वदीप्ति शैली' में लिखा गया उपन्यास है। उपन्यास का प्रारंभ ही नायक शेखर को मिली फाँसी की सजा से होता है। फाँसी की प्रतीक्षा कर रहा शेखर अपनी जीवन-अंतिम रात में अपने अतीत का पुनरावलोकन करता है। इस संरचनात्मक विशेषता के कारण पूरा उपन्यास स्मृतियों के चेतना-प्रवाह के रूप में सामने आता है, जहाँ समय का प्रवाह रैखिक न होकर व्यक्तिपरक और मनोवैज्ञानिक गतिकी के अनुसार संचालित होता है।

शेखर का चरित्र समाज, परिवार, धर्म और राजनीति जैसी बाह्य सत्ताओं के विरुद्ध निरंतर 'प्रतिरोध' करने और साथ ही अपनी तीव्र आंतरिक बेचैनी, अकेलेपन व मृत्युबोध से मुक्ति के लिए 'पलायन' करने के सतत द्वंद्व पर टिका हुआ है। यह द्वंद्व केवल एक व्यक्ति की कहानी नहीं है, बल्कि आधुनिक युग के उस प्रबुद्ध मनुष्य की अंतहीन छटपटाहट का जीवंत दस्तावेज है जो हर प्रकार के बाह्य बंधनों को काटकर पूर्णतः स्वतंत्र होना चाहता है। यही कारण है कि यह उपन्यास पारंपरिक जीवन-मूल्यों को चुनौती देते हुए आधुनिक चेतना का एक महत्वपूर्ण प्रस्थान बिंदु बन जाता है।

सामाजिक और नैतिक रूढ़ियों का विरोध– शेखर समाज द्वारा निर्मित जातिगत, धार्मिक और पारंपरिक नैतिक मर्यादाओं को पूर्णतः ढोंग मानता है। वह किसी भी ऐसी मर्यादा, सामाजिक नियम अथवा थोपी गई व्यवस्था को स्वीकार करने के लिए कतई तैयार नहीं है जो व्यक्ति की प्राकृतिक सहजता, आंतरिक स्वतंत्रता और आत्म-अभिव्यक्ति को बाधित करती हो। अछूतोद्धार के कार्यों में उसकी गहरी रुचि और समाज के हाशिए पर धकेले गए शोषित लोगों के प्रति उसकी स्वाभाविक सहानुभूति उसकी स्थापित सामाजिक संरचनाओं को समूल तोड़ने की तीव्र इच्छा से प्रेरित है। वह पारंपरिक सामाजिक ढाँचे को चुनौती देते हुए विवाह, पवित्रता और पाप-पुण्य की रूढ़िवादी परिभाषाओं को अपने अकाट्य तर्कों से पूरी तरह छिन्न-भिन्न कर देता है और वैयक्तिक स्वतंत्रता को सर्वोपरि मानता है।

राजनीतिक प्रतिरोध और सशस्त्र क्रांति – युवावस्था में कदम रखते ही शेखर का वैचारिक विद्रोह केवल मानसिक स्तर पर सीमित न रहकर एक

* असि प्रोफेसर (हिंदी) राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कैराना, शामली (उ.प्र.) भारत

सक्रिय राजनीतिक प्रतिरोध का रूप धारण कर लेता है। वह तत्कालीन गांधीवादी अहिंसा के दर्शन से प्रभावित होने के बावजूद, उसकी सीमाओं को महसूस करता है और अंततः अधिक आक्रामक तथा सशस्त्र क्रांतिकारी आंदोलन का एक सक्रिय हिस्सा बनता है। ब्रिटिश साम्राज्यवादी औपनिवेशिक सत्ता को उखाड़ फेंकने के संकल्प के साथ बम बनाना, गुप्त क्रांतिकारी गतिविधियों में शामिल होना और व्यवस्था विरोधी अभियानों का संचालन करना उसके चरम राजनीतिक प्रतिरोध को दर्शाता है। उसके इसी उग्र और अथक संघर्ष के परिणामस्वरूप उसे दमनकारी राजकीय कानून द्वारा कारावास की कठोर यातनाएँ भुगतनी पड़ती हैं और अंततः उसे मृत्युदंड (फाँसी) का सामना करना पड़ता है।

पलायन की चेतनारू कायरता अथवा आत्म-खोज?

अज्ञेय के कल्पित संसार में 'पलायन' को किसी हीन भावना, कमजोरी या कायरता के रूप में नहीं देखा गया है, बल्कि इसे व्यक्ति की आंतरिक स्वायत्तता, अस्मिता और स्वतंत्रता की रक्षा के लिए एक 'सकारात्मक खोज' के रूप में व्याख्यायित किया गया है। जब बाह्य यथार्थ, कठोर सामाजिक नियम और दमनकारी व्यवस्थाएं व्यक्ति के अस्तित्व को कुचलने और उसकी सहजता को नष्ट करने का प्रयास करती हैं, तो पलायन ही वह सुरक्षात्मक ढाल बनता है जो उसकी वैयक्तिकता को बचाए रखती है। उपन्यास में शेखर के पलायन के विविध और मुख्य रूप उभरकर सामने आते हैं जो उसके अस्तित्व की खोज से जुड़े हैं।

पलायन की चेतनारू कायरता अथवा आत्म-खोज?

अज्ञेय के कल्पित संसार में 'पलायन' को किसी हीन भावना, आंतरिक कमजोरी या कायरता के रूप में नहीं देखा गया है, बल्कि इसे व्यक्ति की आंतरिक स्वायत्तता की रक्षा के लिए एक 'सकारात्मक खोज' के रूप में व्याख्यायित किया गया है। जब बाह्य यथार्थ व्यक्ति के अस्तित्व को कुचलने का प्रयास करता है और सामाजिक रूढ़ियाँ उसकी चेतना पर हावी होने लगती हैं, तो पलायन ही वह सुरक्षात्मक ढाल बनता है जो उसकी वैयक्तिकता और अस्मिता को बचाए रखती है। शेखर के जीवन में यह पलायन बहुआयामी है और इसके मुख्य रूप इस प्रकार हैं:

अंतर्मुखता और स्वयं के भीतर पलायन- जब शेखर बाहरी परिस्थितियों, जेल की अमानवीय यातनाओं या सामाजिक विसंगतियों से पूरी तरह थक जाता है, तो वह बाह्य समाज से प्रत्यक्ष लड़ना बंद करके अपने भीतर की एकांत गुफाओं में शरण ले लेता है। वह अपने अंतर्मन की गहराइयों में डूबकर निरंतर आत्म-विश्लेषण करने लगता है। यह अंतर्मुखता उसे बाहरी दुनिया के क्रूर और असहनीय प्रहारों से मानसिक सुरक्षा प्रदान करती है और उसे अपने विचारों तथा जीवन-दर्शन को नए सिरे से संगठित व सुदृढ़ करने का अमूल्य अवसर देती है।

रिश्तों के बंधनों से पलायन- शेखर एक ऐसा स्वतंत्र अस्तित्व चाहता है जो किसी भी प्रकार के सांसारिक, पारिवारिक या संस्थागत बंधन में न बंधे। वह स्त्रियों के प्रति गहराई से आकर्षित होता हैकृचाहे वह शारदा हो, शांति हो या शशि। विशेष रूप से शशि के प्रति उसका लगाव अत्यंत सघन, आत्मीय और पवित्र है। परंतु, जैसे ही कोई रिश्ता एक सामाजिक बंधन, नैतिक रूढ़ि या संस्थागत जिम्मेदारी का रूप लेने लगता है, शेखर के पैर तुरंत पीछे खिंच जाते हैं। वह एक अनिश्चितता, मुक्ति और बंधनरहित स्थिति में जीना पसंद करता है। उसका यह व्यवहार किसी धोखे या कायरता के कारण नहीं, बल्कि अपनी वैयक्तिक स्वतंत्रता खो देने के गहरे डर से उपजा बौद्धिक पलायन है।

बौद्धिक और दार्शनिक पलायन - जब यथार्थ की चोटें बहुत अधिक गहरी, मर्मभेदी और असहनीय हो जाती हैं, तब शेखर कठोर वास्तविकताओं का व्यावहारिक सामना करने के बजाय तर्क, अमूर्त दर्शन और पश्चिमी साहित्यों (जैसे कीट्स, रोसेटी, टेनिसन के काव्य) का सहारा लेकर यथार्थ से दूर भागने का सचेत प्रयास करता है। वह जीवन की विसंगतियों और दुखों को दार्शनिक चश्मे से देखकर उनके तात्कालिक प्रभाव को कम करने की कोशिश करता है, जो कि उसका एक शुद्ध बौद्धिक सुरक्षा तंत्र है।

प्रकृति और एकांतप्रियता - शेखर भीड़भाड़ वाले सामाजिक आयोजनों और बनावटी दुनिया से दूर भागता है। उसका अत्यधिक एकांतप्रिय होना ही इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि वह समकालीन कृत्रिम समाज से एक दूरी बनाए रखना चाहता है। प्रकृति की गोद में जाना, पहाड़ों, जंगलों और नदियों के किनारे अकेले समय बिताना उसके लिए सामाजिक दायित्वों से पलायन का एक अत्यंत सुंदर और रचनात्मक माध्यम है, जहाँ वह अपनी आत्मा के संगीत को सुन पाता है और अपनी चेतना को पुनर्जीवित करता है।

प्रतिरोध और पलायन का अंतर्संबंध: एक द्वंद्वात्मक संश्लेषण - शेखर के चरित्र में प्रतिरोध और पलायन दो विरोधी ध्रुव प्रतीत होते हैं, परंतु सूक्ष्मता से विचार करने पर यह स्पष्ट होता है कि दोनों के मध्य एक गहरा आंतरिक और द्वंद्वात्मक संबंध है। शेखर का पलायन अक्सर उसके सक्रिय प्रतिरोध की विफलता या उसकी चरम परिणति का ही परिणाम होता है।

जब शेखर सामाजिक, धार्मिक या राजनीतिक व्यवस्था को बदलने के लिए अपनी पूरी ताकत से 'प्रतिरोध' करता है और उसे लगता है कि स्थापित दमनकारी शक्तियाँ अत्यधिक मजबूत हैं जिन्हें वह अकेले तात्कालिक रूप से नहीं बदल सकता, तो वह हार मानकर व्यवस्था के सामने आत्मसमर्पण नहीं करता। इसके विपरीत, वह उस व्यवस्था को ही पूरी तरह त्याग देने (पलायन करने) का कठोर निर्णय लेता है। इस प्रकार, उसका व्यवस्था से भाग जाना भी उस व्यवस्था के प्रति उसके गहरे अविश्वास, तीव्र असंतोष और मूक विद्रोह का ही एक सशक्त रूप है।

इस पूरे अंतर्संबंध में शशि का चरित्र एक अत्यंत महत्वपूर्ण उत्प्रेरक की भूमिका निभाता है। शशि शेखर के विक्षुब्ध, चंचल और विद्रोही मानस के लिए श्स्थिरता का केंद्रश है। शशि के पावन सानिध्य में आकर शेखर का बाह्य सत्ताओं के प्रति तीखा और आक्रामक प्रतिरोध शांत हो जाता है, क्योंकि वहाँ उसे वह पूर्णता, शांति और सहज स्वीकार्यता मिल जाती है जिसकी खोज में वह जीवन भर भटक रहा था। जब वह शशि के साथ होता है, तो उसे अपनी अस्मिता की रक्षा के लिए न तो किसी से लड़ने (प्रतिरोध) की आवश्यकता होती है और न ही समाज से छिपने (पलायन) की। शशि उसके प्रतिरोध और पलायन के द्वंद्व को मिटाकर उसे आत्म-संतुलन प्रदान करती है।

मनोवैज्ञानिक परिप्रेक्ष्य: फ्रायडवादी दृष्टि और मृत्युबोध - 'शेखर: एक जीवनी' को हिंदी उपन्यास परंपरा में एक युगांतरकारी कृति माना जाता है क्योंकि यह बाह्य यथार्थ के चित्रण के स्थान पर चरित्रों के आंतरिक अवचेतन को उद्घाटित करता है। इस उपन्यास पर सिग्मंड फ्रायड के मनोविश्लेषणवाद, अल्फ्रेड एडलर की हीनता ग्रंथि और कार्ल युंग के सिद्धांतों का स्पष्ट प्रभाव देखा जा सकता है। शेखर के संपूर्ण विद्रोही व्यक्तित्व, उसकी अंतर्मुखता और उसकी पलायनवादी प्रवृत्तियों को केवल सामाजिक या राजनीतिक पृष्ठभूमि से नहीं, बल्कि उसके अंतर्मन की जटिल ग्रंथियों और अवचेतन की परतों के आलोक में ही पूरी गहराई से समझा जा सकता है।

अहम और काम-वासना का द्वंद्व- फ्रायडवादी दर्शन के अनुसार, मनुष्य का व्यवहार मुख्य रूप से उसकी दमित काम-वासना और उसके 'अहम' के पारस्परिक टकराव तथा सामाजिक वर्जनाओं से संचालित होता है। शेखर के जीवन में भी काम-वासना का विकास विभिन्न चरणों में दिखाई देता है। बचपन में अपनी बहन सरस्वती के प्रति उसका सहज व अबोध आकर्षण, किशोरावस्था में शारदा के प्रति उपजा उसका रूमानी प्रेम और अंतत: शशि के साथ उसका अत्यंत प्रगाढ़, संवेदनशील और रागात्मक संबंध ये सभी प्रवृत्तियां मूलत: काम-मूलक ऊर्जा की ही विभिन्न अभिव्यक्तियाँ हैं। जब पारंपरिक और रूढ़िवादी समाज इन स्वाभाविक मानवीय भावनाओं और अनुभूतियों पर 'पाप', 'वर्जना' और 'अनैतिकता' का कठोर ठप्पा लगा देता है, तो शेखर का अति-संवेदनशील 'अहम' गहरे आघात का अनुभव करता है। अपनी इसी काम-ऊर्जा की सामाजिक संतुष्टि और स्वीकृति न मिल पाने के कारण वह भीतर से विक्षुब्ध हो उठता है। फ्रायडवादी शब्दावली में कहें तो वह अपनी इस दमित काम-ऊर्जा का उदात्तीकरण करता है, जिससे उसकी यह ऊर्जा समाज के प्रति तीखे विद्रोह, कलात्मक सृजनशीलता और उग्र राजनीतिक प्रतिरोध के रूप में रूपांतरित हो जाती है।

ईडिपस कॉम्प्लेक्स की छाया - शेखर के बचपन में अपनी माँ के प्रति अत्यधिक विमुखता, घृणा और पिता के प्रति गहरा असंतोष फ्रायडवादी 'ईडिपस कॉम्प्लेक्स' के एक विशिष्ट और विकृत रूप की ओर संकेत करता है। वह अपनी माँ को एक दमनकारी, रूढ़िवादी शक्ति के रूप में देखता है जो उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता को बाधित करती है और उसे स्नेह से वंचित रखती है। इसके समानांतर, पिता की कठोर अनुशासनप्रियता और पितातंत्रीय सत्ता के प्रति उसका तीव्र विद्रोह वास्तव में इसी मनोवैज्ञानिक ग्रंथि का ही परिणाम है। वह बचपन से ही पिता की सत्ता को चुनौती देने का प्रयास करता है। माता-पिता के प्रति उपजा यह गहरा अविश्वास और विद्रोह भाव उसके वयस्क जीवन में भी विस्तारित हो जाता है, जिसके कारण वह जीवन भर किसी भी प्रकार की बाह्य सत्ता (चाहे वह राजकीय कानून हो, धार्मिक संस्थाएं हों या सामाजिक मर्यादाएं) को सहजता से स्वीकार नहीं कर पाता और सदैव एक शाश्वत विद्रोही की भूमिका मंर बना रहता है।

भय और मृत्युबोध - उपन्यास की संरचनात्मक शुरुआत ही फाँसी की कोठरी से होती है, जो शेखर को 'मृत्यु' के साक्षात, कठोर और आसन्न यथार्थ के सामने खड़ा कर देती है। इस भयावह और निश्चित मृत्यु के यथार्थ से उत्पन्न होने वाले मानसिक तनाव, अस्तित्ववादी संकट और भय से बचने के लिए शेखर का मानस एक रक्षात्मक रुख अपनाता है। वह वर्तमान के इस भयानक सच से बचने के लिए अपनी स्मृतियों के गलियारों में पलायन कर जाता है और अपने पूरे अतीत का पुनरावलोकन करता है। यह स्मृति-विहार या चेतना-प्रवाह कोई कायरतापूर्ण पलायन नहीं है, बल्कि जीवन के अंतिम क्षणों में अपने अस्तित्व को सार्थक सिद्ध करने, अपनी पहचान को खोजने और मृत्यु के सामने जीवन की विजय उद्घोषित करने का एक गंभीर कलात्मक व दार्शनिक प्रयास है।

निष्कर्ष - संक्षेप में कहा जा सकता है कि 'शेखर: एक जीवनी' केवल शेखर नाम के एक विद्रोही युवक की आत्मकथात्मक कहानी नहीं है, बल्कि यह आधुनिक युग के उस प्रबुद्ध मानव की अंतहीन छटपटाहट का जीवंत दस्तावेज है जो हर प्रकार के बंधनों को काटकर पूर्णत: स्वतंत्र होना चाहता है। उपन्यास की पूर्वदीप्ति शैली और चेतना-प्रवाह तकनीक उसके अवचेतन की जटिल परतों को टटोलने में मदद करती है, जो फाँसी की अंतिम रात में मृत्युबोध के साये में उभरती है।

शेखर के चरित्र का द्वंद्व ही उसे कालजयी बनाता है। जहाँ उसका 'प्रतिरोध' उसे स्थापित सामाजिक मानदंडों, पितातंत्रीय अनुशासन, भाषाई दासता और औपनिवेशिक व्यवस्था के विरुद्ध लड़ने वाला एक अदम्य 'नायक' घोषित करता है, वहीं उसका 'पलायन' उसकी आंतरिक कमजोरियों, भयों, रिश्तों के बंधनों से मुक्ति की चाह और संवेदनशीलताओं को उजागर कर उसे एक हाड़-मांस का 'मानवीय' पात्र बनाता है। उसका यह पलायन कोई कायरता नहीं, बल्कि अंतर्मुखता और दार्शनिक अमूर्तता के माध्यम से अपनी आंतरिक स्वायत्तता को बचाने की एक सकारात्मक खोज है।

अज्ञेय ने शेखर के माध्यम से यह दार्शनिक सत्य प्रतिपादित किया है कि पूर्ण स्वतंत्रता की खोज की राह बेहद पथरीली हैय इस यात्रा में व्यक्ति को समाज से बार-बार लड़ना (प्रतिरोध) भी पड़ता है और थककर खुद को समेटने के लिए एकांत, प्रकृति और स्वयं के भीतर वापस लौटना (पलायन) भी पड़ता है। इस मानसिक विक्षोभ और भटकाव के बीच शशि का चरित्र उसके लिए स्थिरता और आत्म-संतुलन का केंद्र बनकर उभरता है, जहाँ प्रतिरोध और पलायन का द्वंद्व विलीन हो जाता है। फ्रायडवादी दृष्टि, ईडिपस कॉम्प्लेक्स की छाया, अहम और काम-वासना का यही अंतहीन द्वंद्व इस उपन्यास को आधुनिक हिंदी साहित्य की एक कालजयी और अद्वितीय कृति बनाता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. अज्ञेय, सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन (2012). शेखर: एक जीवनी (भाग 1 और 2). नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन।
2. तिवारी, रामचंद्र (2014). हिंदी का गद्य साहित्य. वाराणसी: विश्वविद्यालय प्रकाशन।
3. नगेंद्र, डॉ. (संपादक) (2015). हिंदी साहित्य का इतिहास. नई दिल्ली: मयूर पेपरबैक्स।
4. राय, गोपाल (2016). हिंदी उपन्यास का इतिहास. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन।
5. सिंह, नामवर (2005). आधुनिक साहित्य की प्रवृत्तियां. नई दिल्ली: राजकमल प्रकाशन।
6. फ्रायड, सिग्मंड (जतंदे. 1920). बियॉन्ड द प्लीजर प्रिंसिपल (मनोविश्लेषण के सिद्धांतों के संदर्भ हेतु)।
7. वाजपेयी, नंददुलारे (2010). आधुनिक साहित्य. इलाहाबाद: लोकभारती प्रकाशन।

****